Encyclopaedia of Biological Terms

जिसमें

जन्तु विज्ञान (Zoology) और वनस्पति विज्ञान (Botany) के अतिरिक्त समस्त सम्बन्धित विज्ञानों जैसे चिकित्सा (Medical), आकारकी (Morphology), कार्यकी (Physiology) आदि के पारिभाषिक शब्द सम्मिलित हैं।

रचयिता

डॉ० महेश्वरसिंह सूद, एम० एस-सी०, पी० एच-डी०
जीव विज्ञान शास्त्री

एवं

डॉ० अरुणकुमार, एम० एस-सी० (प्री०) वनस्पति विज्ञान, एम० बी० बी० एस०, एम० एस०
प्रवक्ता
मेडीकल कालेज, उत्तर प्रदेश

प्रतिभा प्रतिष्ठान, नई दिल्ली

भूमिका

किसी राष्ट्र की उन्नति अथवा अवनति का वहाँ की सांस्कृतिक निधि से अटूट सम्बन्ध है। देश की प्रगति का विशाल भवन समृद्ध संस्कृति की सुदृढ़ नींव पर ही निर्मित होता है। राष्ट्रोत्थान के लिये यह अनिवार्य है कि हम अपनी राष्ट्र-भाषा का उत्थान करें तथा शीघ्रातिशीघ्र उसकी न्यूनताओं एवं त्रुटियों को दूर कर उसे विश्व की सर्वतोधिक उन्नत भाषाओं के स्तर पर लावें।

आज हिन्दी की जटिलतम समस्या, जो उसकी प्रगति के मार्ग को अवरुद्ध किये खड़ी है पारिभाषिक शब्दों की कठिनाई है। कला के क्षेत्र में तो यह समस्या पर्याप्त रूप से हल कर ली गई है और जो कुछ शेष है उसे भी शीघ्र ही समाप्त कर लिया जावेगा। किन्तु जहाँ तक विज्ञान का सम्बन्ध है अभी इस दिशा में प्रगति सन्तोषजनक नहीं कही जा सकती। यह भी निश्चित है कि जब तक वैज्ञानिक पारिभाषिक शब्दावलि अन्तिम रूप से स्थिर नहीं हो जाती, देश तथा मातृ-भाषा की प्रगति अवरुद्ध ही रहेगी और विज्ञान भारतीय विद्यार्थियों के लिये एक कष्ट-साध्य विषय बना रहेगा। अतः यह आवश्यक है कि वैज्ञानिक विषय भी मातृ-भाषा द्वारा उसी प्रकार बोधगम्य बनाये जायें जिस प्रकार वे अभी तक अँग्रेजी माध्यम के द्वारा समझे जाते रहे हैं।

इस सम्बन्ध में समय-समय पर अनेक विद्वानों के मत प्रकाशित होते रहे हैं और प्रायः सभी सहमत हैं कि वर्णनात्मक शब्दों का तो आँगुल भाषा से भारतीय भाषाओं में अनुवाद किया जावे परन्तु वर्गों, कुलों आदि के नाम और अस्थियों माँसपेशियों आदि के नाम लैटिन या अंग्रेजी में जिस रूप के हैं उसी रूप में अपना लिये जावें। लैटिन के स्थान पर संस्कृत या मातृ-भाषा के नाम गढ़कर एक और नाम देने से उसकी अन्तर्राष्ट्रीयता का लोप हो जावेगा और साथ ही विषय भी अधिक कठिन प्रतीत होगा। शब्दों को यथावत् ग्रहण करने से एक लाभ यह भी होगा कि हमें समस्त भारतीय भाषाओं के लिये भी एक समान शब्दावलि सुलभ हो सकेगी।

इसके विपरीत दूसरे मत में वे विद्वान आते हैं जो पारिभाषिक शब्दावलि के विषय में शुद्ध अँग्रेजी को ही बनाये रखने के पक्ष में हैं। उनका कथन है कि राष्ट्र-भाषा हिन्दी में शब्दावलि बनाने से हम लोग वैज्ञानिक दौड़ में पीछे रह जायेंगे। किन्तु वस्तुतः इस कथन में कुछ भी तथ्य प्रतीत नहीं होता क्योंकि समस्त विश्व में सम्पर्क स्थापित करना केवल अन्वेषकों का कार्य है। इसके लिये उन्हें केवल अँग्रेजी ही नहीं अपितु जर्मन, फ्रैंन्च, रूसी, जापानी आदि अन्य भाषायें भी सीखनी होंगी जिसमें उस विशिष्ट शाखा की प्रख्यात रचनायें हैं। उन्हें विदेशी भाषायें सीखने के कष्ट से परित्राण नहीं मिल सकता। वे जहाँ अन्य भाषाओं का ज्ञान अर्जन करेंगे वहीं उस शृङ्खला में अँग्रेजी को भी जोड़ा जा सकता है। अतः यह कथन युक्ति-संगत प्रतीत नहीं होता कि पारिभाषिक शब्दावली में परि-वर्तन ही न किया जाय। हमें अन्तर्राष्ट्रीय शब्दों का थोक-रूप से प्रयोग नहीं करना है अपितु उनमें चुनाव करना है। हमारे लिये उपयुक्त यह होगा कि जो शब्द हमारे अनुकूल हों उन्हें हम ग्रहण करलें और शेष को अर्थ पूर्ण पर्याप्य मिलने पर छोड़ दें। शब्द अपने अन्दर निहित भावों तथा विचारों का प्रतिनिधित्व करता है। कोई भी शब्द भाषा में तभी चल सकेगा जब वह सरल तथा यथार्थ आशय को व्यक्त करने वाला हो और भाषा की आत्मा के साथ सामञ्जस्य रखता हो।

जहाँ तक नवीन शब्दों के निर्माण का सम्बन्ध है इसमें कोई दो मत नहीं हो सकते कि हमारे लिये सर्वतोधिक उपयुक्त स्रोत संस्कृत ही है। संस्कृत सभी भारतीय भाषाओं की जननी है और जिस प्रकार लैटिन और ग्रीक समस्त यूरोपियन भाषाओं का आधार है उसी प्रकार समस्त भारतीय भाषायें संस्कृत पर आधारित हैं। अतः जो शब्द इससे बनेंगे वे सम्पूर्ण देश की भाषाओं में समान रूप से ग्राह्य होंगे और शीघ्र ही भारत, ब्रह्मदेश, स्याम आदि देशों में प्रचलित होकर अन्तर्राष्ट्रीय स्थिति प्राप्त कर सकेंगे।

प्रस्तुत कोश, जो अनेक वर्षों के कठिन परिश्रम का फल है, इन्हीं मूल-भूत सिद्धान्तों को ध्यान में रखकर लिखा गया है। इसके अन्तर्गत समाविष्ट ४०,००० शब्द जीव-विज्ञान तथा अन्य सम्बन्धित विज्ञानों के लगभग समस्त क्षेत्र को पूर्ण करते है। शब्द निर्माण में निम्नलिखित आधारों को प्रयुक्त किया गया है।

(१) आँग्ल-भाषा के वे शब्द जो एक-पदी (monosyllable) हैं तथा सरलता से बोलचाल की भाषा में अपनाये जा सकते हैं, यथावत् ग्रहण कर लिये गये है जैसे gill (गिल), fin (फिन), cusp (कस्प), keel (कील), barb (बार्ब), Barbel (बार्बेल), velum (वीलम), valve (वाल्व) आदि। यह ध्यान रखा गया है कि ग्रहणशीलता तथा अभिवृद्धि एक जीवित भाषा के आवश्यक गुण है। भाषा अबाध-गति से अग्रसर होती हुई एक महान सरिता है जिसे उसकी शाखायें निरन्तर समृद्धिशालिनी बनाया करती हैं। कोई भी भाषा जो विकास की दिशा से मुँह मोड़ती है, अवनति की तरफ अग्रसर होने लगती है। उपर्युक्त शब्द उसी प्रकार सरलतापूर्वक ग्रहण किये जा सकते हैं जिस प्रकार अँग्रेजी के 'रेल', 'टिकट', 'स्कूल', आदि शब्द, और जिस प्रकार आज अशिक्षित वर्ग भी इन शब्दों को सहज-रूप से प्रयुक्त कर लेता है उसी प्रकार शीघ्र ही जीव-विज्ञान के ये शब्द भी हमारी भाषा का एक अभिन्न अंग बन जायेंगे।

(२) यह भी ध्यान रखा गया है कि जो शब्द सर्वसाधारण में पहले से ही प्रचलित हो चुके हैं उन्हें भी यथावत् रखा जाय। सभी पारिभाषिक शब्द अन्ततोगत्वा जन-साधारण के लिए ही निर्मित किये जाते हैं। अतः किसी शब्द को केवल इसीलिये तिरस्कृत नहीं किया गया क्योंकि वह मूलतः 'विदेशी' है अथवा शास्त्रीय संस्कृत से मेल नहीं खाता। यदि कोई शब्द भाषा का अविभाज्य अङ्ग बन चुका है और यदि वह यथार्थ आशय लिए हुए हैं तो विदेशी होते हुए भी उसे ग्रहण कर लिया गया है।

(३) केवल उन्हीं प्रचलित शब्दों को ग्रहण किया गया है जो देश के समस्त क्षेत्रीय भाषाओं में भी एक ही अर्थ रखते हैं। वे शब्द जिनका मूल तो संस्कृत है किन्तु देश के विभिन्न भागों में, विभिन्न अर्थों में प्रयुक्त होते हैं, छोड़ दिये गये हैं।

(४) जिन शब्दों को ग्रहण किया गया है उनके लिप्यन्तर के साथ-साथ उनकी ग्रीक अथवा लैटिन धातु भी दी गई है।

(५) नवीन शब्दों का निर्माण संस्कृत-धातुओं से किया गया है और उनमें उच्चारण की सुविधा तथा शब्द के माधुर्य का विशेष ध्यान रखा गया है। ऐसे संयुक्त शब्द नहीं बनाये गए हैं जिनके उच्चारण करने में कठिनाई हो तथा सुनने में अप्रिय लगें। अतः शब्दों की सन्धि करके उनको संयुक्त करने की अपेक्षा उनको पृथक ही रखकर हाइफन (-) विराम-चिन्ह से संयुक्त किया गया है।

(६) प्रत्येक विदेशी उपसर्ग तथा प्रत्यय के लिये भाषा का एक ही उपसर्ग तथा प्रत्यय ग्रहण किया गया है जैसे ab-प्रतिकूल, sub- उप, a-ऊन, निर, para-परा, ad-आसन्न, proto-पुरा, supra-सुपरा, ऊर्ध्व, आदि तथा blast- ज. clast-नाशक़, genesis-जनन, phore-धारी।

(७) कठिन शब्द की अपेक्षा सरल, सुबोध तथा सुस्पष्ट शब्द को प्राथमिकता दी गई है। किन्तु यह ध्यान रखा गया है कि ऐसा करने में उसके यथार्थ आशय का हनन न होने पावे।

(८) एक शब्द के लिए अनेक पर्यायवाची शब्द उपलब्ध होने पर उन सभी शब्दों को, यदि उनका आशय सर्वथा एक है, दे दिया गया है ताकि अपनी रुचि के अनुसार किसी भी शब्द को प्रयुक्त किया जा सके। सुविधा के हेतु प्रधानता उस शब्द को दी गई है जिससे तज्जनित शब्द (derivatives) बनाने में सहायता मिले जैसे Intestines के लिए 'अन्त्र', 'आंत' तथा 'अँतड़ी' में से 'अन्त्र' तथा Fish के लिए 'मत्स्य', 'मीन' तथा 'मछली' में से 'मत्स्य' इत्यादि।

(९) पारस्परिक सामञ्जस्यपूर्ण शब्दों को हिन्दी में भी उसी प्रकार सामञ्जस्यपूर्ण रखा गया है जिस प्रकार कि वे अँग्रेजी में हैं ताकि उनका पारस्परिक सम्बन्ध स्पष्ट हो सके और उनके अँग्रेजी पर्याय को सरलता से पहचाना जा सके जैसे eocene—नवोदय, oligocene—ऊन-नव, miocene—नव, pliocene—नवतर, pliestocene—नवतम, or holocene—आधुनिक तथा ametabola—अरूपान्तरी, paurometabola—क्रमिक रूपान्तरी, hemimetabola—अंश रूपान्तरी, holometabola—पूर्ण-रूपान्तरी आदि।

(१०) प्रत्येक शब्द के साथ उसका हिन्दी अनुवाद तथा उसका मूल उद्गम दोनों ही दिये गये हैं।

(११) जहाँ मूल ग्रीक अथवा लैटिन धातु उस वस्तु का यथार्थ आशय नहीं देती जिससे उस शब्द का सम्बन्ध है वहाँ नवीन शब्द के निर्माण में समानता तथा अनुकरण के स्थान पर यथार्थ-आशयता को प्रधानता दी गई है और एक भिन्न शब्द का निर्माण किया गया है।

(१२) जहाँ तक अन्तर्राष्ट्रीय शब्दावलि का सम्बन्ध है यह ध्यान रखा गया है कि इस शब्द की एकाङ्गीयता तथा इसके संकुचित अर्थ दोनों से ही बचा जाय। किसी शब्द को न तो केवल इसीलिये ग्रहण किया गया है कि वह 'अन्तर्राष्ट्रीय' है और न केवल इसीलिये कि वह संस्कृत व्याकरण के अनुसार शुद्ध है। अपितु दोनों सीमाओं के प्रति एक उदार निष्पक्षता की नीति ग्रहण कर दोनों के समन्वय के आधार पर एक नवीन शब्दावलि का निर्माण किया गया है जिसमें व्यापकता, ग्रहणशीलता, परिवर्तनशीलता तथा यथार्थ-आशयता हो।

यह भी ध्यान रखा गया है कि केवल अँग्रेजी, फ्रेंच, तथा जर्मन भाषाओं के शब्द ही 'अन्तर्राष्ट्रीय' नहीं हैं। वस्तुतः वे केवल पश्चिमी यूरोप में ही व्यवहृत होते हैं। किसी भी शब्द के पूर्ण रूप से अन्तर्राष्ट्रीय होने के लिये यह आवश्यक है कि वह शब्द रूस, चीन, जापान आदि अन्य उन्नत देशों में भी प्रयुक्त होता हो। अन्यथा उसकी 'अन्तर्राष्ट्रीयता' कोई अर्थ नहीं रखती और यदि हम उसे केवल पश्चिमी यूरोप में प्रयोग के ही आधार पर ग्रहण कर लेते हैं तो वह केवल हमारी भावुकता है।

अतः जहाँ तक मूर्त वस्तुओं का सम्बन्ध है उनके प्रचलित नाम को ही ग्रहण किया गया है किन्तु अमूर्त वस्तुओं के लैटिन अथवा ग्रीक मूल के आधार पर नवीन शब्द का निर्माण किया गया है और यह ध्यान रखा गया है कि नवीन शब्द लैटिन अथवा ग्रीक का अन्धानुकरण मात्र न हो।

प्रस्तुत कोश की शब्दावलि के आधार पर विद्यालयों में सफलतापूर्वक शिक्षा दी जा रही है तथा जीव-विज्ञान की पाठ्य-पुस्तकों में भी इसका प्रयोग किया जा चुका है जिससे यह प्रयोग की कसौटी पर परखी जा चुकी है। आशा है इससे न केवल सम्पूर्ण जीव-विज्ञान की उच्चतम शिक्षा ही दी जा सकेगी अपितु यह शिक्षकों, अन्वेषकों तथा विज्ञान में रुचि रखने वाले सभी व्यक्तियों के लिये लाभदायक सिद्ध होगी। यदि यह पुस्तक इस महान् उद्देश्य की पूर्ति में तनिक भी सहयोग देती है तो हम अपना प्रयास सफल समझेंगे।

—महेश्वरसिंह सूद
—अरुण कुमार

जीव विज्ञान बृहत् कोश

A

A cells—ए-कोशिकायें—लैंगरहैन्स के द्वीपों (islets of Langerhans) की ऐल्फा (alpha) कोशिकायें।

a disc—ए-विम्ब—पेशीतन्तुक (myofibrillae) का दोहरा अपवर्तनिक (doubly refracting) या विषम-दैशिक (anisotropic) पट्टी या वैन्ड (band)।

abactinal—(L. *ab*, from; Gk. *aktis*, ray) पाद-प्रतिकूल ! कंटक-देहियों—एकाईनोडरमस (Echino derms) में पाया जाने वाला वह प्रदेश (region) जिसमें नलिकापाद (tube feet) नहीं होते। [पाद शब्द का अर्थ संस्कृत में ,चरण और किरण दोनों होता है, इस कारण 'aktis' के लिये 'पाद' शब्द का प्रयोग विशेपतया उपयुक्त है ।]

abambulacral—(L. *ab*, from, *ambulare*, to walk) पाद-प्रतिकूल।

abapical—(L. *ab*, fıom; *apex*, summit) अधः ध्रुवीय या अधः ध्रुव स्थिति।

abaxial—(L. *ab*, frcm, *axis*, axle) अपाक्ष; (१) केन्द्रच्युत या उत्केन्द्रक (excentric); (२) किसी संरचना क वह तल जो अक्ष (axis) से परे हो।

abaxile—(L. *ab*, from; *axis*, axle) अपअक्षीय; अपाक्षीय; ऐसा भ्रूण (embryo) जिसका अक्ष (axis) वीज की अक्ष की दिशा में नहीं होता है।

abbreviated—(L. *ab*, intensive, and *brevis*, short) संक्षिप्त ।

abdomen—(L. abdomen, belly) उदर। (१) कशेरुकों में वक्ष (thorax) और वस्ति (pelvis) के वीच का भाग, जिसमें आमाशय (stomach), अन्त्र, (intestine), यकृत (liver), क्लोम (pancreas), प्लीहा (spleen), वृक्क (kidney) आदि स्थित होते हैं। (२) सन्धिपाद (ऑर्थोपोडा) में शरीर का लम्वा खण्डों का वना पश्च (पिछला) भाग।

abdominal—उदर सम्वन्धी; उदर; उदरस्थ; उदरीय।

abdominal air sec—उदरीय वायु-कोष।

abdominal cavity—उदर-कोटर।

abdominal pores—उदर-छिद्र।

abdominal regions—उदर के वे नौ क्षेत्र जो दो क्षैतिज (horizontal) और दो उर्ध्वाधर (vertical) कल्पित रेखाओं से विभक्त होकर वनते हैं। जैसे

हाइपोकांड्रियक (hypochondriac) दो;
कटि (lumbar) दो;
वंक्षण (inguinal) दो ;
अधिजठर (epigastric) एक ,
नाभि (umbilical) एक ;
अधोजठर (hypogastric) एक ;

abdominal ribs—उदर-पर्शुका; उदरस्थ पसली।

abducen or abducent nerve—(L. *abducere*, to lead away) ऐवड्युसेन्ट तंत्रिका (नाड़ी); अपसारिणी तंत्रिका; अपचालिनी तंत्रिका; छटवीं मस्तिष्कीय तंत्रिका जो चक्षुगोलक (eye ball) के रेक्टस एक्सटर्नस (rectus externus) पेशी से लगी होती है।

abductor—(L. *abducere*, to lead away) अपसारिणी; वहिर्नायनी; [अपवर्तनी] किसी भाग को मध्याक्ष

(median axis) से दूर खींचकर ले जाने वाली पेशी (muscle) को अपसारिणी या अपंवर्तनी या बहिर्नायनी पेशी कहते हैं।

aberrant—(L. *aberare*, to wander away) आदर्श च्युत; विपथी; आदर्श भ्रष्ट; विपथन। वे जाति (species) जिनके लक्षण अपने आदर्श (type) के अनुसार नहीं होते, आदर्श च्युत कहे जाते हैं।

absience—(L. *abire*, to depart) प्रतिक्रिया वर्जन; उत्तेजना-निवर्तन; किसी उत्तेजना या प्रतिक्रिया (reaction) से अलग हटना।

[देखिये—adience प्रतिक्रिया प्रगम]

abiogenesis—(Gk. *a*, not, *bios*, life; *genesis*, birth) स्वतंत्रोपादन; आजीव जीवोत्पत्ति; अजीवात् जनन; स्वयंमुत्पत्ति (spontaneous generation)। जीवों की निर्जीव पदार्थों से उत्पत्ति हो सकती है— यह मत।

abiology—(Gk. *a*, not; *bios*, life) निर्जीव विज्ञान।

abomasum—(L. *ab*, from, *omasum* pouch) एवोमैसम; जठरान्त; चतुर्थ आमाशय; रोमंथशीलों (ruminants) में पाया जाने वाला आमाशय (stomach) का चतुर्थ भाग।

aboral—(L. *ab*, from *as*, *oris*, mouth) मुख-प्रतिकूल; अपमुख।

abortion—(L. *abortus*; birth premature) गर्भस्राव; गर्भपात; वृद्धिरोध।

abortive—(L. *ab*, from, *orirs*, to rise) (1) अपूर्ण कालज; अपूर्णज (2) निष्फल; विफल; (3) वर्धनावरुद्ध (arrested in development) (4) अवरुद्धवृद्धि।

abranchiate—(Gk. *a*, without; *branchia*, gills) (without gills) गिलहीन।

abrupt—(L. *abrumpere*, to break off) विच्छिन्न; अपान; असंबंध, असंलग्न, खंडित सिरे पर कटा हुआ या टूटा हुआ प्रतीत होना।

abruptly-acuminate—उदग्र स्थल—ऐसी विस्तृत परा कोटि जिसमें नवीन पर्ण अथवा शाखा निकले।

abscission—(L. *abscindere*, to cut off) विलगित।

absorption—(L. *absorbere*, to suck in) शोषण; अवशोषण; अवचूषण; सोखना। वह क्रिया जिससे पचा हुआ (digested) भोजन झिल्ली में से होकर रक्त में जा मिले।

abstriction—(L. *abstringere*, to cut off) स्पोर या बीजाणु पृथकीकरण; जैसे फफूंदीयों (mildews) में बीजाणुघर (sporophores) के सिरों के गोलाकार होने पर स्पोर या बीजाणु (spores) पृथक होते हैं।

abterminal—(L. *ab*, from; *terminus*, end) अन्तअभयान्तरी। अन्त (end) से अन्दर की ओर (inwards) जाना।

abysmal, abyssal—(Gk. *abyssos*, bottomless) अगाध-सामुद्रिक; नितलीय; वितलीय।

acanaceous—(Gk. *akanos*, thistle) सकंटक; सशूकी; काँटे युक्त।

acanthat—(Gk. *akantha*, thorn) काँटा; शूल-प्रवर्धन (spinous process)।

acanthaceous—(Gk. *akantha*, spine) सकंटकी; सशूली; काँटेदार।

acanthin—(Gk. *akautha*, thous) एकेन्थिन; कुछ रेडियोलेरिया (Radiolaria) में अस्थि बनाने वाला पदार्थ।

acanthion—(Gk. *akantha*, thorn) एकेन्थियोन; अग्रनासा शूल (nasal spine) का उन्नत विन्दु (prom inent point)।

acanthocarpous—(Gk. *akantha*, thorn; *karpos*, fruit) कंटक-फलीय; सकंटकी या काँटे दार फल (fruit) वाला।

acanthocephala—(Gk. *akantha*, thorn; *kephale*, head) एकेन्थोकिफैला; कंटक शीर्ष। कंटक-शीर्ष। सूत्र देही या नीमेटहैलमिन्थीज संघ (Phylum Nemathel

minthes) का एक क्लास या वर्ग class)। इस वर्ग में आन्तरिक परजीवी (internal parasites) होते हैं जिनका शुन्ड या प्रोथ (proboscis) निःसरण शील या वहिःसारी (prousible) और कटंक-धारी होता है।

acanthocept—(Gk. *akantha*, thorn; *klados*, branch) कंटक-शाखीय।

acanthocyst—(Gk. *akantha*, thorn; *kystis*, bladder) कंटक-कोषीय; निर्मटिया (Nemertea) जन्तुओं का कोष (sac) जिसमें पार्श्व (lateral) शूकिकायें (stylets) होती हैं।

acanthodei—अकैन्थोडिआई; मत्स्यवर्ग (class pisces) के उपास्थिमीन (इलास्मोब्रैंकाई-Elasmobranchi) उप वर्ग (subclass) का एक गण (order) जिसमें विलुप्त (extinct) मछलियाँ हैं।

acanthopore—(Gk. *akantha*, thorn; *phesein*, to bear) कंकट-धारी।

acanthopore—(Gk. *akantha*, thorn; *poros*, passage) नलिकाकार शूल।

acanthopteri—अकैन्थौप्टरी। मत्स्य वर्ग (class pisces) में पाये जाने वाले अस्थिमत्स्य उपवर्ग (sub-class osteichthyes) के अन्तर्गत ऐक्टिनौप्टेरिजी (Actino pterygii) गण (order) के टिलियौस्टिआई (teleostei) उपवर्ग की एक श्रेणी (Grade)।

acanthozooid—(Gk. *akantha*, thorn; *zoon*, animal; *eidos*, form) पुच्छीय मुकुल; सेस्टोडा (cestoda) के प्रोस्कोलैक्स (proscolex) का पुच्छीय भाग [देखिये cystozooid-कोशिकीय मुकुल]

acapnia—(Gk. *akapnos*, without smoke) एकेपनिया; रक्त में कार्बन डाई आक्साईड की कम मात्रा होने की दशा।

acarida—अकैरिडा। अरेकनोइडा (arachnoida) वर्ग (class) का एक गण (order), जिसमें चीचड़ी, वीर वहूटी आदि सम्मलित हैं।

acaulescent—(Gk. *a*, without; *kaulos*, stalk) लघु स्तम्भी(तना); छोटे तने वाला।

acauline—(Gk. *a*, without; *kaulos*, stalk) अस्तम्भी (तना); बिना स्तम्भ या तने वाला।

accelerator—(L. *accelerare*, to hasten) गति वर्धक; त्वरक; त्वरित्र।

acceptor—(L. *accipere*, to accept) ग्राही; वह शरीर या पदार्थ जो वाहर से प्रवेश कराये हुए किसी पदार्थ को अपने में ग्रहण कर लेता है।

accessorious—(L. *accedere*, to go to) (१) सहायी पेशी; वह पेशी जो किसी अन्य पेशी के कार्य में सहायता करती है। (२) ग्यारहवीं मस्तिष्कीय तंत्रिका (eleventh cranial nerve)।

accessory—सहायी; सहकारी; सहगामी; गौण; अतिरिक्त; सहायक।

accessory bud—अपर कलिका; अधिक कलिका।

accessory chromosomes—लिंग परम्परा सूत्र (क्रोमोसोम)।

accessory genital organ—सहकारी (गौण) जननेन्द्रियाँ।

accessory gland—सहगामी ग्रन्थियाँ; जनन वाहिनियों (genital ducts) से सम्वन्धित ग्रन्थियाँ।

accessory pulsatory organs—सहायी स्पन्दनीय अंग; कीटों में विविध स्थिति कोषाकार (sac like) स्वतन्त्र स्पन्दनीय अंग।

acclimation—(L. *ad* to; *climae*, climate) पारिस्थितिक अनुकूलन।

acclimatisation—(L. *ad*, to; *clima*, climate) पारिस्थितिक अनुकूलन (मानव द्वारा पारिस्थितियों का नियंत्रण करने से)।

accomodation—(L. *ad*, to; *commodus*, fitting) संधान क्षमता; संधान; समंजन। नेत्रों की विविध दूरी की वस्तुओं के देखने के लिये एक व्यवस्था।

accrescent—(L. *accrescere*, to increase) अभिवृद्धिक; (१) ऐसे पौधे जो पुष्पित होने के वाद भी वढ़ते रहते हैं। (२) परागण (pollination) के पश्चात कैलिक्स (calyx) का आना।

(median axis) से दूर खींचकर ले जाने वाली पेशी (muscle) को अपसारिणी या अपवर्तनी या बहिर्नायनी पेशी कहते हैं।

aberrant—(L. *aberare*, to wander away) आदर्श च्युत; विपथी; आदर्श भ्रष्ट; विपथन। वे जाति (species) जिनके लक्षण अपने आदर्श (type) के अनुसार नहीं होते, आदर्श च्युत कहे जाते हैं।

absience—(L. *abire*, to depart) प्रतिक्रिया वर्जन; उत्तेजना-निवर्तन; किसी उत्तेजना या प्रतिक्रिया (reaction) से अलग हटना।

[देखिये—adience प्रतिक्रिया प्रगम]

abiogenesis—(Gk. *a*, not, *bios*, life; *genesis*, birth) स्वतंत्रोपादन; आजीव जीवोत्पत्ति; अजीवाद् जनन; स्वयंमुत्पत्ति (spontaneous generation)। जीवों की निर्जीव पदार्थों से उत्पत्ति हो सकती है— यह मत।

abiology—(Gk. *a*, not; *bios*, life) निर्जीव विज्ञान।

abomasum—(L. *ab*, from, *omasum* pouch) एबोमैसम; जठरान्त; चतुर्थ आमाशय; रोमंथशीलों (ruminants) में पाया जाने वाला आमाशय (stomach) का चतुर्थ भाग।

aboral—(L. *ab*, from *as*, *oris*, mouth) मुख-प्रतिकूल; अपमुख।

abortion—(L. *abortus*; birth premature) गर्भ-स्राव; गर्भपात; वृद्धिरोध।

abortive—(L. *ab*, from, *orirs*, to rise) (1) अपूर्ण कालज; अपूर्णज (2) निष्फल; विफल; (3) वर्धनावरुद्ध (arrested in development) (4) अवरुद्धवृद्धि।

abranchiate—(Gk. *a*, without; *branchia*, gills) (without gills) गिलहीन।

abrupt—(L. *abrumpere*, to break off) विच्छिन्न; अप्रान; असंबंध, असंलग्न, खंडित सिरे पर कटा हुआ या टूटा हुआ प्रतीत होना।

abruptly-acuminate—उदग्र स्थल—ऐसी विस्तृत परा कोटि जिसमें नवीन पर्ण अथवा शाखा निकले।

abscission—(L. *abscindere*, to cut off) विलगित।

absorption—(L. *absorbere*, to suck in) शोषण; अवशोषण; अवचूषण; सोखना। वह क्रिया जिससे पचा हुआ (digested) भोजन झिल्ली में से होकर रक्त में जा मिले।

abstriction—(L. *abstringere*, to cut off) स्पोर या बीजाणु पृथकीकरण; जैसे फफूंदीयों (mildews) में बीजाणुघर (sporophores) के सिरों के गोलाकार होने पर स्पोर या बीजाणु (spores) पृथक होते हैं।

abterminal—(L. *ab*, from; *terminus*, end) अन्तअभयान्तरी। अन्त (end) से अन्दर की ओर (inwards) जाना।

abysmal, abyssal—(Gk. *abyssos*, bottomless) अगाध-सामुद्रिक; नितलीय; वितलीय।

acanaceous—(Gk. *akanos*, thistle) सकंटक; सशूकी; काँटे युक्त।

acanthat—(Gk. *akantha*, thorn) काँटा; शूल-प्रवर्धन (spinous process)।

acanthaceous—(Gk. *akantha*, spine) सकंटकी; सशूली; काँटेदार।

acanthin—(Gk. *akautha*, thous) एकेन्थिन; कुछ रेडियोलेरिया (Radiolaria) में अस्थि बनाने वाला पदार्थ।

acanthion—(Gk. *akantha*, thorn) एकेन्थियोन; अग्रनासा शूल (nasal spine) का उन्नत विन्दु (prominent point)।

acanthocarpous—(Gk. *akantha*, thorn; *karpos*, fruit) कंटक-फलीय; सकंटकी या काँटे दार फल (fruit) वाला।

acanthocephala—(Gk. *akantha*, thorn; *kephale*, head) एकेन्थोकिफैला; कंटक शीर्ष। कंटक-शीर्ष। सूत्र देही या नीमेटहैलमिन्थीज संघ (Phylum Nemathel

minthes) का एक क्लास या वर्ग class)। इस वर्ग में आन्तरिक परजीवी (internal parasites) होते हैं जिनका शुन्ड या प्रोथ (proboscis) निःसरण शील या वहिःसारी (prousible) और कटंक-धारी होता है।

acanthocept—(Gk. *akantha*, thorn; *klados*, branch) कंटक-शाखीय।

acanthocyst—(Gk. *akantha*, thorn; *kystis*, bladder) कंटक-कोषीय; निर्मटिया (Nemertea) जन्तुओं का कोष (sac) जिसमें पार्श्व (lateral) शूकिकायें (stylets) होती हैं।

acanthodei—अकैन्थोडिआई; मत्स्यवर्ग (class pisces) के उपास्थिमीन (इलास्मोब्रैंकाई-*Elasmobranchi*) उपवर्ग (subclass) का एक गण (order) जिसमें विलुप्त (extinct) मछलियाँ हैं।

acanthopore—(Gk. *akantha*, thorn; *phesein*, to bear) कंकट-धारी।

acanthopore—(Gk. *akantha*, thorn; *poros*, passage) नलिकाकार शूल।

acanthopteri—अकैन्थौप्टरी। मत्स्य वर्ग (class pisces) में पाये जाने वाले अस्थिमत्स्य उपवर्ग (sub-class osteichthyes) के अन्तर्गत ऐक्टिनौप्टेरिजी (Actino pterygii) गण (order) के टिलियौस्टिआई (teleostei) उपवर्ग की एक श्रेणी (Grade)।

acanthozooid—(Gk. *akantha*, thorn; *zoon*, animal; *eidos*, form) पुच्छीय मुकुल; सेस्टोडा (cestoda) के प्रोस्कोलैक्स (proscolex) का पुच्छीय भाग [देखिये cystozooid–कोशिकीय मुकुल]

acapnia—(Gk. *akapnos*, without smoke) एकेपनिया; रक्त में कार्बन डाई आक्साईड की कम मात्रा होने की दशा।

acarida—अकैरिडा। अरेकनोइडा (arachnoida) वर्ग (class) का एक गण (order), जिसमें चीचड़ी, वीर वहूटी आदि सम्मलित हैं।

acaulescent—(Gk. *a*, without; *kaulos*, stalk) लघु स्तम्भी(तना); छोटे तने वाला।

acauline—(Gk. *a*, without; *kaulos*, stalk) अस्तम्भी (तना); बिना स्तम्भ या तने वाला।

accelerator—(L. *accelerare*, to hasten) गति वर्धक; त्वरक; त्वरित्र।

acceptor—(L. *accipere*, to accept) ग्राही; वह शरीर या पदार्थ जो वाहर से प्रवेश कराये हुए किसी पदार्थ को अपने में ग्रहण कर लेता है।

accessorious—(L. *accedere*, to go to) (१) सहायी पेशी; वह पेशी जो किसी अन्य पेशी के कार्य में सहायता करती है। (२) ग्यारहवीं मस्तिष्कीय तंत्रिका (eleventh cranial nerve)।

accessory—सहायी; सहकारी; सहगामी; गौण; अतिरिक्त; सहायक।

accessory bud—अपर कलिका; अधिक कलिका।

accessory chromosomes—लिंग परम्परा सूत्र (क्रोमोसोम)।

accessory genital organ—सहकारी (गौण) जननेन्द्रियाँ।

accessory gland—सहगामी ग्रन्थियाँ; जनन वाहिनियों (genital ducts) से सम्वन्धित ग्रन्थियाँ।

accessory pulsatory organs—सहायी स्पन्दनीय अंग; कीटों में विविध स्थिति कोषाकार (sac like) स्वतन्त्र स्पन्दनीय अंग।

acclimation—(L. *ad* to; *climae*, climate) पारिस्थितिक अनुकूलन।

acclimatisation—(L. *ad*, to; *clima*, climate) पारिस्थितिक अनुकूलन (मानव द्वारा पारिस्थितियों का नियंत्रण करने से)।

accomodation—(L. *ad*, to; *commodus*, fitting) संधान क्षमता; संधान; समंजन। नेत्रों की विविध दूरी की वस्तुओं के देखने के लिये एक व्यवस्था।

accrescent—(L. *accrescere*, to increase) अभिवृद्धिक; (१) ऐसे पौधे जो पुष्पित होने के वाद भी वढ़ते रहते हैं। (२) परागण (pollination) के पश्चात कैलिक्स (calyx) का आना।

accretion—(L. *accrescere*, to increase) अभिवृद्धिता; बाहर से नवीन पदार्थों के संयुक्त होने के कारण वृद्धि (growth)।

accumbent—(L. *accumbere*, to lie on) प्रतिस्थित; ऐसा भ्रूण जिसमें बीजपत्र (cotyledons) मूलांकुर (radicle) की ओर घूमे होते हैं जैसे क्रूसिफेरी (cruciferae) में।

acentric—(Gk. *a*, without; *kentron*, centre) अकेन्द्री; अगुणसूत्रबिन्दुहीन; सेन्ट्रोमियर हीन; ऐसे क्रोमोसोम जिनमें सेन्ट्रोमियर नहीं होता है।

acentrous—(L. *a*, without; *centrum*, centre) सेन्ट्रमहीन (कशेरू); अकेन्द्रक (कशेरू); अमूल कशेरूक।

acephalous—(Gk. *a*, not; *kephale*, head) एकिफेलस; शिरविहीन; अशीर्षी; शिर-हीन; मुंडकहीन।

acerate—(L. *acer*, sharp) सूचिकाकार; सूच्याकार, एक ओर नुकीला जैसे एकाक्ष कंटिका (monaxon spi cule) या तीक्ष्ण कंटिका (oxeote spicule) आदि।

acerose—(L. *acer*, sharp) सूच्याकार; पतली और आगे से नुकीली जैसे चीड (pine) की पत्ती।

acervuline—(L. *acervus*, heap) ढेर; इकठ्ठा किया हुआ।

acetycholine—एस्टीकोलाइन; किन्ही तन्त्रिका सूत्रों के छोर पर उत्तेजना के पहुंचने पर स्त्रावित पदार्थ। यदि तंत्रिका सूत्र अंतग्रन्थन या सिनेप्स (synapse) पर समाप्त होता है जैसाकि संवेदी (sympathetic) और परासंवेदी (parasympathetc) गैंगलियाँ (ganglia) में होता है, एस्टिकोलाइन (ACh) ऐसा वाहक (agent) होता है जो समीप की तंत्रिका कोशिका को उत्तेजित करता है। और इस तरह उत्तेजना को संचारित करता है। इसी तरह जबकि तंत्रिका सूत्र प्रभावक (effector) से जुड़ा होता है जैसा कि तंत्रिका-पेशी सन्धि में होता है एस्टिकोलाइन (ACh) शीघ्र ही कोलीनेसट्रिरेस (cholinesterase) ऐन्जाइम से एसीटेट और कोलाइन में छिन्न कर नष्ट कर दिया जाता है। यह कोलाइन (chol ine) का एसीटिल (Acetyl) एस्टर (ester) होता है।

acetabulum— L. *acetabulum*, vinegar cup) ऐसीटैबुलम।

(१) श्रोणि-उलूखल; वस्तिगर्त। बस्ति की हड्डी अर्थात् पेलविस (pelvis) अस्थि पर स्थिति गड्ढे जैसा वह भाग जिसमें जाँघ की हड्डी फीमर जुड़ती है।

(२) षटपाद या कीट (insects) वर्ग में "पाद गर्त" धड़ का वह स्थान जिसमें पैर लगे होते हैं।

(३) सेफेलोपोडा या क्फिेलोपोडा (cephalopoda) वर्ग में 'भुजा-चूषक'; भुजाओं (arms) पर पाये जाने वाले चूषक (suckers)।

(४) रौमन्यशीलों या रोमन्थीयों (ruminants) में कमल या अपरा (प्लेसेन्टा-placenta) का एक ग्राहक गुच्छ' (cotyledon)।

(५) जोंको (leeches) में वृहद् 'पश्च-चूषक' (posterior sucker)।

(६) पट्ट-कृमि (प्लैटीहेल्मिन्थीज-platyhelminthes) में 'अधरचूषक' (ventral sucker)।

(७) इकीनोइड (echinoids) में कटक (spine) के समीपस्थ छोर (proximal end) पर का 'गड्ढा'।

achaetous—(Gk. *a*, without; *chaite*, hair) सीटीहीन; शूक (bristle) हीन।

acheilary—(Gk. *a*, without; *cheilos*, lip) अओष्ठकी; अवर्द्धित औष्ठकी (labellum)

achene—(Gk. *a*, not; *chainein*, to gape) एकीन; एक बीज वाला, सूखा, अस्फुटनशील (indehiscent) फल।

achlamydeous—(Gk. *a*, without; *chlamys*, cloak) वाह्यदलपुंज या कैलिक्स (calyx) व दलपुंज या कोरोला (corolla) हीन।

achondroplasia—न्यूनोपास्थि रोग; उपास्थि अविकसन। इस रोग में उपास्थि (cartilage) की न्यूनता (कमी) के कारण शरीर बौना और हाथ पाँव छोटे-छोटे रह जाते हैं; परन्तु धड़ यथावत् बना रहता है।

achroglobin—(Gk. *a*, not; *chros*, colour; *globos*, sphere) एक्रोग्लोबिन; कुछ कंचुकित (tuuicates) और

कवची (molluscs) का रंगहीन श्वसन वर्णक (pigment)।

achromasie—(Gk. *a*, not; *chroma*, colour) क्रोमेटिन (chromatin) स्त्राव; क्रोमेटिन का केन्द्रक से बाहर निकालना। [देखिये chromasie न्यूक्लियोलस स्त्राव]

achromatic—(Gk. *a*, without; *chroma*, colour) प्रकाशप्रवाही; प्रकाशोत्पादक; वह न्यूनतम उत्तेजना जो प्रकाश या चमक ला देती है।
[देखिये–chromatic वर्णक]

achromation—(Gk. *a*, without; *chroma*, colour) ऐक्रोमेटिन; अक्रोमेटिन; रंगाक्षय। न्यूक्लियस (nucleus) में पाया जाने वाला पदार्थ विशेष, जो रंग नहीं पकड़ता।

achroous—(Gk. *a*, without; *chros*, complexion) रंगहीन; अवर्णी।

acicle—(L. *acicula*, small needle) लघुकंटक।

acicular—(L. *acicula*, small, needle) सूच्याकार; शूकी।

aciculum—(L. *acicula*, small, needle) ऐसिक्युलम; रोमिका; ऐनेलिडा (annelida) खण्ड देहियों में पार्श्वपादों या प्रपादों (पैरापोडिया) के मूल में पाई जाने वाली सख्त शूक या रोमिका या सीटा (seta)।

acidic—(L. *acidus*, sour) अम्लीय।

acidophil—(L. *acidus*, sour; Gk. *philein*, to love) तीव्र अम्लरंगी; शीघ्र (गूढ़) अम्ल वर्णी।
[देखिये–oxyphil]

acinaciform—(L. *acinaces*, short sword; *forma*, shape) असिकार (sword like)

acinarious—(L. *acinus*, berry) चक्राशयी; गोलाकार आशय युक्त; जैसे कुछ शैवाल (algae)।

aciniform—(L. *acinus*, berry; *forma*, shape) द्राक्षाकार। मकड़ियों (spiders) में एक प्रकार की कौशेय (silk) ग्रन्थि।

acinus—(L. *acinus*, bery) एसाइनस; गुच्छीय; रसभरी (raspberry) जैसा फल।

acme—(Gk. *akme*, prime) परम विकास; यौवन; जाति विकास और व्यक्ति विकास के जीवन में सबसे उच्च स्थिति। [देखिये–epacme–परमोन विकास
paracme–अवसाद (अवपात)

acoelomate—(Gk. *a*, without; *koilos*, hollow) सीलोम हीन; गव्हर-हीन; देहगुहाहीन, एसीलोमेटा, निष्कोटर (जन्तु विशेष)। वे जन्तु जिनमें सीलोम या देहगुहा या कोटर (coelom) नहीं होती, जैसे स्पन्ज (sponge), हाइड्रा (Hydra) आदि।

acoeluous—(Gk. *a*, without; *koilos*, hollow) अगुहिक या अगर्ती (कशेरू)।

acondylous—(Gk. *a*, without; *kondylos*, knuckle) असंधिक; अकांडी।

acone—(Gk. *a*, without; *konos*, cone) अक्रिस्टिलीय शंकु; ऐसा कीट संयुक्त नेत्र जिनमें शंकु कोशिकाओं में क्रिस्टलीय या तरल स्राव नहीं होता है।

acontia—(Gk. *akontion*, small javelin) ऐकोंन्शिया; दंशक-सूत्र। प्रसून-काय या ऐक्टीनोजोआ (actinozoa) वर्ग के जन्तुओं में पाये जाने वाले, दंशककोशिकाओं (stinging-cells) से युक्त-डोरे-जैसे अवयव।

acotyledon—(Gk. *a*, without; *kotyledon*, a cup shaped hollow) अबीज पत्री; अबीज पर्णी; ऐसा पौधा जिसमें बीज पत्र या पर्ण (cotyledon) नहीं होते हैं।

acoustic—(Gk. *akouein*, to hear) श्रावणिक; ध्वनिक; ध्वानिक।

acoustic spot—श्रवण विन्दु।

acquired—(Gk. *ad*, to and *querere*, to seek) उपार्जित; उपलब्ध। (वे बातें) जो वंशागत (inherited) न हों, परन्तु व्यक्ति के जीवनकाल में ही उपार्जित (उत्पन्न) की गई हों।

acquired characters—उपार्जित लक्षण। शरीर के वे परिवर्तन (modifications) जो व्यक्ति (individual) के जीवन-काल (life-time) में रोग, चोट, प्रयोग (use) अनुप्रयोग (disuse), वातावरण (environment) के प्रभाव आदि कारणों से उत्पन्न हो जाएँ।

acraspedote—(Gk. *a*, without; *kraspedon*, an edge or border) निरंचल [निर+अंचल] नीलम-हीन; अविच्छद ।

acrania—(Gk. *a*, without; *kronion* the head) ऐक्रेनिया ; अकपाली । कॉर्डेटा (chordata) फाइलम का एक उपफाइलम या उपसंघ (sub-phylum) ।

acroblast—(Gk. *akros*, tip; *blastos*, bud) एक्रोब्लास्ट; शिरस्पिण्डजन; अग्रकोरक; वीर्याणुक (spermatid) में एक पिण्ड जो शुक्राग्रशीर्ष (acrosome) को जन्म देता है ।

acrobryous—(Gk. *akros*, tip; bryein, to swell) छोरप्रभव; छोरज । केवल छोर (tip) पर ही बढ़ने वाले (growing) ।

acrocarpic—(Gk. *akros*, tip; *karpos*, fruit) अक्षांतफली । अक्ष (axis) पर फल लगने वाले जैसे शैव (mosses) ।

acrocentric—(Gk. *akros*, tip; *kentron*, centre) एक्रोसेन्ट्रिक; शिखरस्थ केन्द्री; शिरस्पिरम्परा सूत्री; अग्रविन्दुक ।

acrochordal—(Gk. *akros* tip; *chorde*, card) एक्रोकोर्डल; पक्षियो की अयुग्मिक ललाटीय (frontal) उपास्थि ।

aerocoracoid—(Gk. *akros*, tip; *korax*, crow; *eidos* form) एक्रोकौराकोइड; अग्रतुंडाग्र प्रवर्ध; पक्षी के कोराकाइड के पृष्ठ छोर पर स्थिति एक प्रवर्धन (process) ।

acrocyst—(Gk. *akros*, tip; *kystis*, bladder) अग्राशय; जनन कोशिकाओं के परिपक्वता पर बना एक गोलाकार आशय ।

acrodont—(Gk. *akros*, tip; *odous*, tooth) अग्रदन्ती; शिखरस्थ ,दन्त या दाँत) ।

acrodrome—acrodromous—(Gk. *akros*, tip; *dromein*, to run) शिरासंनिपाती; अभिसारी शिरा युक्त पत्ती; ऐसी पत्तीयाँ जिनमें शिरायें अग्रछोर पर अभिसारी (संनिपात) वाली होती हैं ।

acrogenous—(Gk. *akros*, tip; *genos*, offspring) अग्रवर्धी ।

acromegaly—(Gk. *akros*, tip; *megalon*, great) महाकायता; अग्रातिकायता; अतिकायता; दैत्यपन । पिट्यूटरी (pituitary) ग्रन्थि के एक भाग की अधिक क्रियाशीलता के कारण उत्पन्न महाकायता (gigantism) ।

acromial—(Gk. *akros*, summit; *omos*, shoulder) एक्रोमियन सम्बन्धी धमनी, लिगामेंट, प्रवर्ध आदि ।

acromion—(Gk *akros*, summit; *onos*, shoulder) एक्रोमियन या अक्रोमियन; अंसफलक कूट (scapular spine) की अधर वितति (prol·ngation) ।

acron—(Gk. akros, tip) मुखाग्र क्षेत्र । कीट (insects) में मुख के पूर्व का क्षेत्र ।

acropetal—(Gk. *akros*, summit; L. *petere*, to seek) तरूण शीर्षी; अग्रोच्छाय; अग्रतरूणी । ऐसे पत्ती, फूल आदि जो अक्ष से इस प्रकार उद्भिद होते है कि सबसे छोटे (youngest) अर्थात् तरूण शिखर (apex) पर होते है ।

acrophyte—(Gk. *akron* peak; *phyton*, plant) उच्च उत्सेधी वृक्ष; ऊँचाई पर पाये जाने वाले वृक्ष जैसे चीड़ (alpine) आदि ।

acropodium—(Gk. *akros*, tip; pous, foot) पादाग्र । [देखिये–metapodium पादपश्च]

acrorhagus—(Gk. *akros*, summite; *rhax*, grape) एक्रोरैगस; कुछ एकटीनियेरिया (actiniaria) के तट के समीप स्थिति ग्रन्थि जिनमें विशिष्ठ दंशक कोशिकायें (nematocysts) होती है ।

acrosarc—(Gk. *akros*, summit; *sarx*, flesh) एक्रोसार्क; सरस वेरी (berry) जो कैलिक्स (calyx) और डिम्वाशय (ovary) के संलय से बनता है ।

acroscopic—(Gk *akros*, tip; *skopein*, to view) शीर्षसंमुखी; अग्रोन्मुख ।
[देखिये basiscopic–अधरसंमुखी]

acrosome—(Gk. *akros*, tip; some, body) ऐक्रो-

सोम; अग्रपिंडक; वेधकशीर्ष; शिरस्पिण्ड; शुक्राणु शीर्ष ।

acrospire—(Gk. *akros*, tip; *sperira*, something twisted) प्रांकुर; शिखरघूर्णी; शिखर आकुंचक ।

acrospore—(Gk. *akros*, tip; *sporos*, seed) अग्रबीजाणु ।

acroteric—(Gk. *akroterion*, top most point) शिखरस्थ; किसी भी अंग का सबसे ऊँचा बाहरी भाग ।

acrotonus—(Gk. *akros*, tip; *tonos*, brace) शीर्ष संलग्नी; शीर्ष पर जुड़े पराग कोष वाले । [देखिये–basitonous अधरसंलग्नी]

acrotrophic—(Gk. *akros*, tip; *trophe*, nourish ment) शिखरपोषी; अग्रपोषी; ऐसे अण्डाशयक युक्त जिन में पोषक कोशिकायें (nutritive cells) शिखर पर होती हैं तथा जो डिम्बक (oocytes) से पोषक रज्जु द्वारा जुड़ी होती हैं । [देखिये–telotrophic अंतपोषी]

actinal—(Gk. *aktis*, ray) मुखदिशी; मौखिक ।

(१) फाइलम एकाईनोडरमेटा में "पादधारी तल", वह तल (surface), जिसमें नालिका पाद (tube feet) पाये जाते हैं ।

(२) ऐक्टीनियेरिया (actiniaria) वर्ण में "मौखिक-प्रदेश" जिस पर स्पर्शक या स्पर्शतन्त्र (tentacles) लगे होते हैं ।

actine—(Gk. *aktis*, ray) एकटाइन; तारा आकृतिक या तारेनुमा स्पीक्यूल ।

actinenchyma—(Gk. *aktis*, ray; *en*, in; *akein*, to pour) तारोपम ऊतक । ऐसा कोशिकीय ऊतक जो तारेनुमा दिखाई देता है ।

actiniaria—ऐक्टिनियेरिया । फाउलम सोलेन्ट्रेटा का एक आॅर्डर या गण (order) ।

actinobiology—(Gk. *aktis*, ray; *bios* life; *logos*, discourse) विकिरण प्राणिविज्ञान । सजीव पर विकिरण (radiation) का प्रभाव अध्ययन सम्बन्धी प्राणि विज्ञान ।

actinoblast—(Gk. *aktis*, ray; blastos, bud) दृढ़ाजात; वह मातृ कोशिका जिससे स्पीक्यूल (दृढ़ा) वर्धित होता है ।

actinocarpous—(Gk. *aktis*, ray; *karpos*, fruit) अर-फली; ऐसे पौधे जिनमें फूल व फल अरीय (radially) लगे होते हैं ।

actinodrome—(Gk. *aktis*, ray; *dromos*, course) हस्ताकार शिरी; ऐसी आकृति जिनमें शिरा (veins) हस्ताकार (palmately) होती हैं ।

actinogonidial—(Gk. *aktis*, ray; *gonos* offspring) अर-जननेंद्रिक; अरजननांगी; ऐसे प्राणी जिनमें जननेन्द्रियाँ (genital organs) अरीय क्रम से लगी होती है ।

actinoid—(Gk. *aktis*, ray; *eidos*, shaped) तारोपम; किरणी ।

actinomere—(Gk. *aktis*, ray; *meros*, part) अर खण्ड; अरांश ।

actinomorphic—(Gk. *aktis*, ray; *morphe*, shape) अर-सम्मितिक; अर-समांशी ।

actinorpharynx—(Gk. *aktis*, ray; *pharynx*, gullet) अर-कण्ठी; जैसे सी ऐनीमोन (sea-anemone) जन्तु का फॅरिंक्स (कण्ठ) ।

actinopterygii—एक्टिनोप्टेरिजी । मत्स्य वर्ग के अन्तर्गत अस्थिमत्स्य उपवर्ग (subclass osteichthyes) का एक आॅर्डर या गण (order) ।

actinosome—(Gk. *aktis*, ray; *some*, body) ऐक्टिनोसोम; तारापिण्ड ।

actinostome—(Gk. *aktis*, ray; *stoma*, mouth) तारोपम मुखी; (१) सीऐनीमोन का मुख; (२) स्टार फिश (star-fish) का पंचकिरणी मौखिक छिद्र (oral aperture) ।

actinotrichia—(Gk. *aktis*, ray; *thrix*, *hair*) तारोपम रोम ।

actinotrocha—(Gk. *aktis*, ray; *trochos*, wheel) ऐक्टिनोट्रोका; चक्रार्डिभक; चक्रार्भक । फोरोनिस (phoronis) जन्तु का स्वतन्त्र तैरने वाला डिंभक या लारवा (larva) ।

actinozoa—(Gk. *aktis*, ray; *zoon* animal)

ऐक्टिनोजोआ । प्रसूनकाय । सीलेन्टरेटा (coelenterata) फाइलम का एक वर्ग (class) ।

actinula—(Gk. *aktis*, ray) एक्टिनुला । हाइड्रो मेड्युसायों में पाई जाने वाली डिंभक या लारवल (larval) स्थिति ।

activator—(L. *activus*, active) क्रियाशीलक; सक्रियक; प्रोत्साहक । वह पदार्थ या रसायन जो एन्जाइम क्रिया को क्रियाशील या सक्रिय करता है ।

aculeate—(L. *aculeus*, prickle) तीक्ष्णवर्धी; दंशी; तेज (तीक्ष्ण) काँटे युक्त ।

aculeiform—(L. *aculeus*, prickle; *forma*, shape) तीक्ष्ण वर्धोपम; दंशोपम; काँटे के आकार का ।

aculeus—(L. *aculeus*; prickle) (१) काँटा; छाल (bark) से उगने वाला काँटा जैसे गुलाब का; (२) डंक (sting); (३) अणुरोम (microtrichium) ।

acuminate—(L. *acumen*, point) तीक्ष्णाग्र ।

acuminiferous—(L. *acumen*; point; *ferre*, to carry) तीक्ष्ण कन्दुकी ।

acuminulate—(L. *acuminulus*, *dim. of acumen*, point) शुंडाकृति; आगे से नुकीली आकृति ।

acute—(L. *ocutus*, *sharpened*) तीव्र, निशिताग्र ।

acyclic—(Gk. *a*, without; *kyklos*, circle) अचक्रीय; ऐसे पुष्प जिनमें पुष्प पत्र सर्पिल (spiral) लगे होते हैं ।

adamantoblast—(L. *adamas*, diamond; Gk. *blastos*, bud) इनेमल कोशिका; इनेमल कोरक (ameloblast) ।

adambulacral—(L. ad, to; ambulare, to, walk) वीथिनिकटस्थ; पादासन्न (पाद+आसंन्न) ।

adam's apple—टेंटुआँ या टेटुआ । (मानव में) गले का बाहरी उभार ।

adaptation—(L. ad, to; *aptare*, to fit) उपयुक्तता; अनुकूलन; अनुकूलता । प्राणी की रचना, क्रिया और स्वभाव में परिवर्तन कर देने वाली वह प्रक्रिया (process) जिसके कारण वह अपने वातावरण (environment) या जीवन-विधि (mode of life) के अनुकूल या उपयुक्त बन जाता है ।

उपयुक्ततायें निम्न हो सकती हैं—

(१) विकासीय (evolutionary)

समष्टि उपयुक्ता—जीवित अंगी का वह लक्षण जो उन्हें वातावरण के प्रति उत्तर जीविता के हेतु अधिक अवसर प्रदान करता है । ऐसे लक्षण संतति में भी पहुँचते हैं । अतः प्राकृतिक वरण समिष्ट में उपयुक्तता लाता है ।

विशिष्ट लक्षण उपयुक्तता—जीवित अंगी का कोई ऐसा विशिष्ट लक्षण प्राप्त करना जिससे वह विनाश से बचाव कर सके ।

विशेष क्रिया उपयुक्तता—जैसे उडान—अंगी का उड़ान जैसा लक्षण अपनाया जाना, जिससे उत्तर जीविता प्राप्त होती हो ।

(२) कार्यकीय (physiological)—

अंगी में ऐसे परिवर्तन जो किन्हीं वातावरणीय दशाओं के प्रति अधिक से अधिक प्रतिक्रिया करने हेतु उपयुक्त कर देवें । ऐसी उपयुक्तता कार्य की उपयुक्तता होती है ।

(३) संवेदीय (sensory)—

किसी निरन्तर उत्तेजना के प्रति संवेदीय अंग का संवेदना के प्रति उदासीन या उपयुक्त हो जाना यद्यपि वही संवेदी अंग तीव्र उत्तेजना प्राप्त होने पर पुनः क्रियाशील होते हैं । जैसे स्पर्शग्राही ।

adaptive modification—उपयोगी परिवर्तन; अनुकूल परिवर्तन ।

adduction—(L, *ad*, to; *ducere*, to lead) मध्याक्षवर्तनी; मध्याक्ष की ओर गति ।

adductor—(L. *ad*, to; *ducere*, to lead) अभिवर्तनी; समीपकर्षी; दो भागों को खेंच कर परस्पर निकट लाने वाली (पेशी) ।

adeciduate—(L. *a* away from; *de*, from; *cadere*, to fall) अपतनशील अपरा या नाल या कमल (प्लैसेन्टा–placenta)

adelocodonic—(Gk. *adelos*, concealed; *kodon*, bell) अव्यक्त मुकुल ।

[देखिये–phanerocodonic व्यक्त मुकुल]

adelomorphic—(Gk. *adelos*, concealed; *morphe*, shape) अनिश्चिताकार; जैसे, पेप्टिक ग्रन्थियों की केन्द्रीय कोशिकायें।

adelphogamy—(Gk. *adelphos*, brother; *gamos*, union) जनक-संतति युग्मन, भ्रातृ-भगिनी संगम; जैसे कुछ चीटीयों में भाई-बहिन का संगम (mating)।

adelphous—(Gk. *adelphos*, brother, संघी; जैसे पुंकेसर (stamens) के पुंतंतु (filament) के बण्डल।
[देखिये–monadelphous एक संघी]
[diadelphous–द्विसंघी]

adendritic—(Gk. *a*, not; *dendron*, tree) अद्रुमिका; अशाखीय।

adendroglia—(Gk. *a*, not; *dendron*, tree; *gloia*, glue) अशाखीय तंत्रिकाश्लैष्म।

adenine—(Gk. *aden*, gland) ऐडेनीन या एडिनाइन; कोशिकाओं में पाया जाने वाला एक यौगिक जिसका जल अपघटन (hydrolysis) एडीनेस (adinase) से हाइपोजेनथीन (hypoxanthine) $C_5 H_5 N_5$ में हो जाता है।

adenoblast—(Gk. *aden*, gland; *blastos*, bud) एडोनोब्लास्ट; भ्रूणिक ग्रन्थीय कोशिका।

adenocheiri—(Gk. *aden*, gland; *cheir*; Land) एडीनोकिरी; टरबीलेरिया (Turbellaria) के विस्तृत सहायी मैथुनांग (copulatory organs)।

adenohypophysis—(Gk. *aden*, gland; *hypo*, under; *physis*, growth) एडीनोहाइपोफाइसिस; पिटयूटरी ग्रन्थि की ग्रन्थिल पाली (lobe)।

adenoid—(Gk. *aden*, gland; *eidos*, shape) एडिनौइड।

adenophore—(Gk. *aden*, gland; *pherein*, to carry) ग्रंथिधर; पुष्पासव (nectar) ग्रन्थि डन्ठल (stalk)।

adenophyllous—(Gk. *aden*, gland; *phyllon*, leaf) ग्रन्थिल पर्णी; ग्रन्थियुक्त पत्तीयों (पर्ण) वाला।

adenopodous—(Gk. *aden*, gland; *pous*, foot) ग्रन्थिलवृन्ती; ग्रन्थि युक्त वृन्त (petioles)।

adenose—(Gk. *aden*, gland) ग्रन्थिल; ग्रन्थियुक्त; ग्रन्थिमान।

adenostemonous—(Gk. *aden*, gland; *stemon*, spun thread) ग्रन्थिल पुंकेसरी; ग्रन्थि युक्त पुंकेसर (stamens)।

adequate—पर्याप्त; क्षम; तुल्य।

adermine—ऐडरमीन; विटामिन B_6, पाइरीडोक्सिन।

adesmy—(Gk. *adesmos*, unfettered) खंड्डन, भंज्जन; किसी अंग में प्रायः सम्पूर्ण टूट या विभाजन।

adfrontal—(L. *ad*, to; *frons*, forehead) उपललाट; कुछ कीट डिम्कों में ललाटिका (frons) के पास पाई जाने वाली तिरछी पलेट।

adherent—(L. *ad*, to; *haerere*, to stick) आसंजित।

adhesion—(L. *ad*, to; *haerere*, to stick) आसंजन; किन्हीं भागों का मिल जाना जो सामान्यतः पृथक होते हैं। [देखिये—cohesion संसक्त]

adhesive cells—संलग्नशील कोशिकायें; आसंजी कोशिकायें; चिपक जाने वाली कोशिकायें; आसंजक कोशिकायें।

adhesive cushions—(L. *ad*, to; *haerere*, to stick) संलग्नशील, उपधान (गद्दियाँ); चिपक जाने वाली गद्दियाँ।

adhesive papilla—संलग्नशील कूट; आसंजक पैपिला।

adience—(L. *adire*, to approach) प्रतिक्रिया प्रगम; प्रचुद; किसी प्रतिक्रिया की ओर बढ़ना।
[देखिये abience प्रतिक्रिया वर्जन]

adipocyte—(L. *adeps*, fat; Gk. *kytos*, hollow) वसाकोशिका; कीटों में वसा बनाने वाली एक कोशिका।

adipoleucocyte—(L. *adeps*, fat; Gk. *leukos*, white; *kytos*, hollow) वसाश्वेताणु।

adipose—(L. *adeps*, fat) वसामय; मेदोमय।

adipose bodies—वसा-पिण्डक; मेदोमय पिण्ड।

adipose tissue—वसा-ऊतक ।

aditus—(L. *aditus*, entrance) प्रवेशाकृति; किसी भाग में प्रवेश करती हुई संरचना (anatomical structure) ।

adjustor—व्यवस्थापक; समायोजनी ।

adlacrimal—(L. *ad*, to; *lacrima*, tear) एडलेक्रीमल; सर्पक (reptiles) की लेक्रीमल अस्थि ।

adminiculum—(L. *adminiculum*, support) गतिकूट ।

adnasal—(L. *ad*, to; *nasus*, nose) एडनेजल; उपनासास्थि; किन्हीं मत्स्यों में प्रत्येक नेजल अस्थि के आगे एक छोटी अस्थि ।

adnate—(L. *ad*, to; *gnatus*, born) संलग्न; संहत; सश्लिष्ट; ऐसी दशा जिसमें वृंत (petiole) या स्तम्भ (stalk) से जुड़ी हुई आकृतियाँ-उपपर्ण (stipules) या पर्ण (leaves) होती हैं ।

[देखिये conjointed संश्लिष्ट]

adnexa—(L. *ad*, to; *nectere*, to bind) अनुवन्धित ।

adnexed—(L. *ad*, to; *nectere*, to bind) स्तम्भ स्पर्शी; स्तम्भ तक पहुँचतो हुई आकृति ।

adolescaria—(L. *adolescere*, to grow up) एडोलस्केरिया; मेटासरकेरिया; ट्रिमेटोडा (trematoda) जन्तुओं की एक अर्भक अवस्था ।

adoral—(L. *ad*, to; *os*, mouth) अभिमुखीय ।

adpressed—(L. *ad*, to; *pressus*, pressed) अधिलग्न; तल (surface) से चिपकी हुई संरचना ।

adradius—ऐडरेडियस; गौण व्यासार्द्ध; गौण त्रिज्या । सीलेन्ट्रेटा जन्तुओं में वह अर्ध-व्यास जो मुख्य व्यासार्द्ध (per-radius) और उप मुख्य व्यासार्द्ध (inter-radius) के वीचों वीच हो ।

adrectal—(L. *ad*, to; *rectum*, rectum) गुदासन्न (गुदा+आसन्न) ।

adrenal—(L. *ad*, to; *renes*, kidneys) ऐड्रिनल ग्रन्थि (gland); उपवृक्क । वृक्क (kidney) के पास स्थिति हार्मोन (hormone) उत्पन्न करने वाली ग्रन्थि विशेष ।

adrenalin—ऐड्रिनेलिन; उपवृक्क रस । ऐड्रिनल ग्रन्थि का हार्मोन या उद्दीपक रस । यह रस भय या क्रोध की दशा में अधिक मात्रा में निकलता, शर्करा (sugar) को वढ़ाता और हृदय की गति को वलिष्ठ और तीव्र करता है ।

adrenergic—(L. *ad*, to; *renes*, kidney; Gk. *ergon*, work) सहस्त्रावी; ऐड्रीनलीन वर्धी ।

adrostral—(L. *ad*, to; *rostrum*, beak) उपचंचुक ।

adsorption—(L. *ad*, to; *sorbere*, to suck in) अधिशोषण; अधिचूषण ।

aduncate—(L. *aduncus*, hooked) हुकोपम; अंकुशनत; हुक (hook) के समान झुका हुआ ।

adult—(L. *adultus*, to grow) प्रौढ़; वयस्क ।

advehent—(L. *advehere*, to carry to afferent) अन्तर्गामी या अभिवाही; किसी अंग की ओर ले जाने वाले ।

adventitia—(L. *adventitius*, extraordinary) वाह्य छद; रक्त वाहिनीयों का वाह्य-वन्धक ऊतक (connective tissue) स्तर ।

adventitious—(L. *adventitius*, extraordinary) अपस्थानिक; ऐसे ऊतक और अग जो आकस्मिक स्थानों में पाये जाते हैं ।

aecidiospores—(L. *aecidium*, cup; Gk. *sporos*, seed) इसीडियोस्पोर; इसीडियम वीजाणु ।

aecidium—(L. *aecidium*, cup) वीजाणुधर ।

aedeagus—aedocagus—(Gk. *aidoia*, genitals) नरप्रवेशांग, नर प्रवेशक (कीटों का) ।

aegithognathous—(Gk. *aegithos*, hedge-sparrow; *gnathos*, jaw) चटकहन्वी; इजिथाग्नैथस; पक्षीयों में पाया जाने वाला एक प्रकार का तालु (palate) । इसमें मैक्सिलो-पैलेटाइन प्रथक होती हैं वोमर आगे से

बीच में घुसी होती है तथा पीछे से व्युत्क्रम (diverge) होती है ।

aeolian—(L. *Aeolus*, God of the winds) वायूढ़; वायु संचित; वायु जात ।

aerenchyma—(Gk. *aer*, air; *engchyma*, infusion) ऐरेन्काइमा; वायूतकीय ।

aerobiosis—(Gk. *aer*, air; *biosis* manner of life) वातापेक्षजीवन, आक्सीजनजीवी; आक्सीजन की उपस्थिति में जीवित रहने वाले प्राणी ।

aerocyst—(Gk. *aer*, air; *kystis*, bladder) वातपुटी; वात कोषिका; शैवाल (algae) में पाया जाने वाला वात-कोषिका (air vesicle) ।

aerophyte—(Gk. *aer*, air; *phyton*, plant) वायुपादप; वातोद्भिद्; ऐसा पादप या पौधा जो अन्य पौधे के वायवी भाग पर उगता है।

[देखिये epiphyte अधिपादप]

aeroplankton—(Gk. *aer*, air; *plangktos*, wandering) वायुप्लवक । ऐसे सजीव (वीजाणु, वैक्टीरिया, परागकण या निर्जीव कण) जो वायु के साथ उड़ते हैं ।

aerostat—(L. *aer*, air; *stare*, to stand) वातकोश; जैसे कीट शरीर में अथवा पक्षी अस्थियों में ।

aerostatic—(L. *aer*, air; *stare*, to stand) वातिल; अवयानिकी ।

aerotaxis—(Gk. *aer*, air; *taxis*, arrangement) वात विन्यास; वातानुचलन ।

aerotropic—(Gk. *aer*, air; *trope*, turn) वातानुवर्तनी ।

aerotropism—(Gk. *aer*, air; *trope*, turn) वातानुवर्तन; गैस मुख्यतः आक्सीजन प्रतिक्रिया ।

aesthacyte—(Gk. *aisthesis*, sensation; *kytos*, hollow) चेतन कोशिका; आद्य जन्तुओं (primitive animals) की चेतन कोशिका (sensory cell) ।

aesthesis—(Gk. *aisthesis*, sensation) संचेतनता ।

aesthetasc—(Gk. *aisthesis*, sensation; *asthein*, to exercise) घ्राणग्राही; घ्राणक ।

aesthetes—(Gk. *aisthetes*, perceiver) ज्ञानेन्द्रियाँ; वेदनांग; चेतनांग ।

aerial—(L. *aer*, air) ऐरियल; वायव; वायु; वायु सम्वन्धी; वायुमय ।

aerobe—(Gk. *aer*, air; *bios*, life) वायुजीवी; वे जीव या जन्तु जो वायु की उपस्थिति में जीवित रहते हैं।

[देखिये anaerobe अवायुजीव]

aerobic—(Gk. *aer*, air; *bios*, life) वायु जीवी ।

aerobiology—(Gk. *aer*, air, *bios*, life; *logos*, discourse) वायुजीवी विज्ञान; वायु जैविकी; वायुप्लवक विज्ञान; वायु (आक्सीजन) में जीवित रहने वाले प्राणियों सम्बन्धी विज्ञान ।

aestival—(L. *aestivuos*, summer) ग्रीष्मज ।

aestivation—(L. *aestivus*, pertaining to summer) ग्रीष्म तन्द्रा; ग्रीष्म निष्क्रियता; पुष्पदल-विन्यास ।

aetiology—etiology—(L. *aitia*, cause; *logos*, discourse) निदान; रोगों आदि के कारण का अध्ययन ।

afferent—(L. *afferre*, to bring) अन्तंगामी; अभिवाही ।

afferent fibres—अभिवाही तंत्रिका सूत्र, वे तंत्रिका सूत्र जो उत्तेजना को केन्द्र की ओर ले जाते हैं ।

affinity—(L. *affinis*, related to) सगोत्रता; सजातीयता; सजातित्व वन्धुता; वैकासिक सम्वन्ध, जो मुख्य अंगों की समानता से प्रकट होता है ।

aflagellar—(Gk. *a*, without; L. *flagellum*, a whip) कशातन्त्रहीन; कशाभिकाहीन ।

afterbirth—(A. S. *aefter*, behind; *beran*, to bring forth) आँवल, जेर ।

aftershaft—(A. S. *aefter*, behind; O. E. *sceaft*, shaft) अनुपिच्छ; रोमउपगुच्छ; पक्ष के उर्ध्व छिद्र (superior umbilicus) के समीप स्थिति लघुरोम, उपगुच्छ या अनुपिच्छ ।

agamete—(Gk. *a*, without; *gametes*, spouse)

अयुग्मनी; कोई अमीबिक या जनन कोशिका जो बिना संयुग्मन (syngamy) के प्रौढ़ बन जाता है।

agemetoblast—(Gk. *a*, not; *gametes*, spouse; *blastos*, bud) कोशिकांश, अजन्युज।

agamic or agamous—(Gk. *a*, without; *gamos*, marriage) अयुग्मनी; अलैंगिक; अनिषेकज; युवा।

agamobium—(Gk. *a*, without; *gamos*, marriage; *bios*, life) निर्लिंगावस्था। उत्पत्ति विपर्यय (alternation of generations) में किसी जन्तु की दशा, जिसमें लिंगावयव (sexual organs) नहीं होते।

agamogenesis—(Gk. *a*, without, *gamos*, marriage; genesis, generation)=parthenogenesis अनिषेक जनन; अनिषेक (अमैथुनी) उत्पत्ति; अलिंगीजनन।

agamogenetic—(Gk. *a*, without; *gamos*, marriage; *genesis*, descent)—अलैंगिक।

agamogony—(Gk. *a*, without; *gamos*, marriage; *gonos*, generation) अयुग्मजनन; खण्ड विभंजन; स्फोटजनन।

agamont—(Gk. *a*, without; *gamos*, marriage; *on*, being) स्फोटी।

agamospecies—(Gk. *a*, without; *gamos*, marriage; L. *species*, particular kind) अनिषेकजाति।

agar—(Mal. *agar-agar*, a sea weed) ऐगार, एक श्लैष्म पदार्थ जो लाल शैवाल (red algae) द्वारा स्त्रावित होता है।

agglomerate—(L. *ad*, to; *glomus*, ball) स्तवक; गुल्मीय जैसे फूलों का गुच्छा (गुल्म)।

agglutination—(L. *ad*, to; *glutinare*, to glue) समूहन; संपिडकता।

agglutin—(L.*ad*, to; *glutinare*, to glue) समूहनिन; समूहीकारक; एग्लुटिन; वह पदार्थ या प्रतिरक्षी (antibody) जो संपिडता लाता है।

agglutinogen—(L. *ad*, to; *glutinare*, to glue; Gk. *genos*, descent)—एग्लुटिनोजन; समूहीकारकजन। वह पदार्थ या प्रति रक्षज (antigen) जो समूहनिन (agglutlin) उत्पन्न करते हैं।

aggregate—(L. *ad*, to; *gregare*, to collect into a flock) पुंज—; पुंजफल; पुंजग्रन्थि।

(१) कुछ मकडीयों (spider) में कौशेय (silk) ग्रन्थि।

(२) रसवेरी (raspberry) फल।

aggregation—(L. *ad*, to; *gregare*, to collect) पुंजता;

(१) विभिन्न अंगीयों का पुंजीकरण।

(२) संवेदीय पादपों के स्पर्श श्रृंग (tentacle) या प्रतान कोशिका (tendril cell) में प्रोटोप्लाज्म की गति, जिससे स्पर्श श्रृंग या प्रतान उत्तेजित विन्दु की ओर झुकता है।

aggressin—(L. *aggressus*, attacked) एग्रेसिन; आक्रामक रसायन; रोगाणु अंगीयों द्वारा उत्पन्न विष पदार्थ जिनसे पोषक में रक्षणीय प्रक्रियायें होती हैं।

aggressive characters—हिंसार्थक लक्षण; हिंसात्मक लक्षण; हिंसकगोपी लक्षण; आक्रामक लक्षण। हिंसक जन्तु के आकार, रंग आदि में पाये जाने वाले वे लक्षण जिनका अभिप्राय उसको अपने खाद्यजन्तु (prey) से छिपाये रखना हो—उदाहरण अनेक केकड़ावंशी (crustaceans) जन्तु।

aglomerular—(Gk. *a*, without; L. *glomerare*, to form into a ball) अगुच्छीय; अकेशिकागुच्छीय।

aglossate—(Gk. *a*, without; *glossa*, tongue) अजिह्वकी; बिना जीभ या जिह्वा का जन्तु।

agminated—(L. *agmen*, herd) संघी; गुच्छीय; स्तवकी।

aglossa—(Gk. *a*, without; *glossa*, tongue) अजिह्वक। निष्पुच्छ (ऐन्यूरा-anura), अम्फीबिया (amphibia) जन्तुओं का एक उपगण (suborder)।

agnatha—(Gk. *a*, without; *gnathos*, jaw) निर्हनु; ऐग्नेथा; कशेरूक या व्रटीब्रेटा या कशेरुदण्डक (vertebrata) उप फाइलम (sub-phylum) का एक वर्ग,

जिसमें मुख गोलाकार होता है और जबड़े (jaws) नहीं होते। इस वर्ग में गोल मुख मछलियाँ-साइक्लोस्टोम (cyclostome) होती है।

agnathostomatous—(Gk. *a*, without; *gnathos*, jaw; *stoma*, mouth) निहनु; अहनु जन्तु।

a‑n—(Gk. *agon*, contest) एगोन; एन्जाइम का क्रिया शोल तत्व।

agonist—(Gk. *agonistes*, champion) मुख्य कार्यकी।

agranulocyte—(Gk. *a*, without; L. *granulum*, small grain) लसीकीश्वेताणु; अकणी श्वेताणु।

agrestal—(L. *agrestis*, rural) कृष्य पादप; कृषिगत भूमि पर उगने वाले पौधे।

agriotype—(Gk. *agrios*, wild, *typos*, image) वनजात।

agrostology—(Gk. *agrostis*, grass; *logos*, discourse) घास विज्ञान; वनस्पति विज्ञान का वह अंश जो घास (grass) सम्बन्धी होता है।

aglypha—अछिद्र विपदन्ती; ऐग्लाइफा। साँपों के काल्युब्राइड्री कुल (colubridae family) की एक श्रेणी (series) जिसके जन्तुओं के सारे दाँत बिना विष प्रणाली के होते हैं।

air bladder—(L. *air*, air; A.S. bladre, bladder) वायु-आशय; वायुकोष। मत्स्यों (fishes) में पाया जाने वाला प्लावी (swim) आशय (कोष-bladder)।

air cells—वायु-कूपिकायें-वायु-गर्तिकायें। (१) झर्झरास्थि (ऐथमोइड-ethmoid) या मैस्टोइड (mastoid) की ‑टरें या गुहिकायें (cavities) (२) फुप्फुस (lung) की वायु गर्तिकायें (कूपिकायें)।

air passages—वायुपथ; वायुमार्ग।

air sacs—वायु-आशय, वायुकोप।

air sinus—वायु-कुल्या (साइनस)।

air space—वायु-स्थल; वायु कोटर (अंडों में पाया जाता है)।

aitionastic—(Gk. *aitios*, causing; *nastos*, close-pressed) प्रेरित वक्रत्वा; विसरित (diffuse) उत्तेजना द्वारा प्रेरित (induced) पौधे के किसी भाग की वक्रता (curvature)।

akaryote—(Gk. *a*, without; *karyon*, nut) अन्युक्लिक कोशिका (non-nucleated cell); ऐसी कोशिका जिसमें न्युक्लियोप्लाज्म (nucleoplasm) न्युक्लियस (nucleus) नहीं बनाता है, ऐसी दशा केवल आद्यजीवी प्रोटिस्टा (protista) में पाई जाती है।

akinesis—(Gk. *a*, not; *kinesis*, movement) गतिहीनता; अगतिक्रम।

akinete—(Gk. *a*, not; *kinein*, to move) सुप्त कोशिका; किन्हीं हरीत शैवाल (green algae) की सुप्त कोशिका जो कुछ समय बाद जनन करती है।

ala—(L. *ala*, wing) पक्षक; पक्ष।

alar—(L. *ala*, wing) पक्षकोपम; पक्षाकार; पक्षोपम; पक्षाभ।

alary—(L. *ala*, wing) पक्षाकार; पक्षीय; पक्षकी; पक्ष—; पक्ष सम्बन्धी।

alate—(L. *alatus*, winged) सपक्ष; पक्षक।

(१) वृंत (petiole) या स्तम्भ (stem) जो पक्ष सदृश फैलाव लिये होते हैं।

(२) पृथल औष्ठीय (broad-lipped)।

albescent—(L. *albescere*, to grow white) आपांडु; शुक्लीय; धवलीय; श्वेतप्राय:।

albinism—(L. *albus*, white) धवलता; रंगहीनता; रंजकहीनता।

albino—(Sp. *albino*, white, from L. *albus*, white) धवल; रंजकहीन जन्तु। ऐसा जन्तु जिसमें जन्म से ही त्वचा, रोम, चक्षु आदि में रंग की कमी हो।

albumen—(L. albumen, white of an egg) ऐल्युमेन; अंडे की सफेदी, अण्डश्वेत; श्वेतक।

albuminous—(L. *albumen*, white of an egg)। अण्डश्वेती, श्वेतकी।

alcyonacea—ऐल्सियोनेसिया; प्रसून काय-एक्टिनोजोआ (actinozoa) वर्ग का एक गण (order)।

alcyonaria—ऐल्सियोनेरिया; प्रसून काय-ऐक्टिनोजोआ वर्ग का एक-उपवर्ग (subclass)।

alecithal—(Gk. *a*, without; lekithos yolk) डिम्बान्नहीन, डिम्बाहारहीन, योक हीन; अपीतकी।

aleurone—(Gk. *aleuron*, flour) ऐल्यूरोन, प्रोटीन कण।

(१) प्रोटोप्लाज्म में पाये जाने वाले प्रोटीन कण जिनका प्रयोग आरक्षित खाद्य के रूप में होता है।

(२) एक दालीय (monocotyledons) बीजों का प्रोटीन स्तर, बीजपोष स्तर।

aleurospore—(Gk. *aleuron*, flour) एल्यूरियोबीजाणु। त्वचा के कवक परजीवी (fungous parasites) का पार्श्व कोनीडियम (conidium) स्पोर।

alexine—(Gk. *alexein*, to ward off) एलेक्सिन; रक्त सीरम का एक पदार्थ।

algesis—(Gk. *algesis*, sense of pain) दर्द वेदना।

algin—(L. *alga*, sea-weed) ऐल्जिन; किन्हीं शैवाल (algae) से प्राप्त श्लैष्मिक पदार्थ।

algoid—(L. *alga*, sea-weed; Gk. *eidos*, shape) शैवाल सदृश; शैवालसम।

algology—(L. *alga*, sea-weed; Gk. *logos*, discourse) शैवाल विज्ञान; समुद्री शैवाल के अध्ययन सम्बन्धी विज्ञान।

Algonkian—(*algonquian*, tribe of Indians) एलगोन्कियन; एक भारतीय जाति जो पुरायुग (proterozoic era) में पायी जाती थी।

alima—(Gk. *halinos*, pertaining to sea) एलाईमा; कुछ केकड़ावंशियों (क्रस्टेशिया) की एक डिंभक (लारवा) अवस्था।

alimentary—(L. alere, to nourish) अन्न-सम्बन्धी; भोजन सम्बन्धी।

alimentary canal—भोजन नली; आहार नाल; पाचन नली; अन्न प्रणाली।

alimentary system—आहार तन्त्र; पाचक तन्त्र; पोषक तंत्र।

alisphenoid— L. *ala*, wing; Gk. *sphar*, wedge; *eidos*, from) ऐलिस्फेनाइड; पक्षजनुक; कपालीय अस्थि स्फेनाइड (sphenoid) का पक्षोपम (wing like) भाग।

alitrunk—(L. *ala*, wing; *truncus*, trunk) एलीट्रन्क; संगलित वक्ष; कीटों की ऐसी वक्ष जो उदर (abdomen) के प्रथम खण्ड से संगलित (fused) होती है।

alkaloid—(Ar. *al*, the; qali, ash; Gk. *eidos*, form) ऐल्केलॉइड; अधारी नाइट्रोजन युक्त शाकीय पदार्थ, सम्भवतः नाइट्रोजन उपापचय की अन्तिम उत्पाद जैसे—स्ट्रिकनीन (strychnine) निकोटीन (nicotine) कुनीन (quinine) मोरफीन (morphine) आदि।

alkaline—क्षारीय; खारमय।

alkaline medium—क्षारीय माध्यम; खार-माध्यम।

allantoin—(Gk. *allas*, sausage) एलेनटोइन $C_4H_6O_3N_4$; प्यूरिन (purine) उपापचय का अन्तिम पदार्थ जो किन्हीं स्तनी के मूत्र में पाया जाता है।

allantois–(L. *allas*, sausage) एलेन्टोइज; अपरापोषिका; भ्रूण पोषक; भ्रूणीय कला। भ्रूण (embryo) में पाया जाने वाला एक झिल्लीदार आशय (membranous bag) जिसका प्रयोजन स्वास प्रक्रिया (respiration) या पोषण (nutrition) या यह दोनों होते हैं। यह अंग उच्चकोटि के वर्टिब्रेटा-कशेरूकों (vertebrates) में पाया जाता है और आहार नाल के पिछले भाग से उत्पन्न होता है।

allassotonic—(Gk. *allassein*, to change; *tonos*, strain) आयस; उत्तेजना प्रेरित; जैसे उद्भिद या प्रवुद्ध वृक्षों की गति।

[देखिये–auxotonic वृद्धि प्रेरित]

allele = allelomorph = allelomorphic characters (Gk. *allelon*, one another; *morphe*, form) युग्म विकल्पी या ऐलील; युग्मक लक्षण; मेंडल सिद्धान्त (mendelism) के अनुसार वंश परम्परा (inheri-

tance) में अध्ययन किये जाने वाले वैकल्पिक (altern-native) लक्षणों में से कोई एक।

allelopathy—(Gk. *allelon*, one another; *pathos*, suffering) ऐलीलोपैथी; एक जीवित वृक्ष का दूसरे जीवित वृक्ष पर प्रभाव।

allergen—(Gk. *allos*, other; *ergon*, activity; *genos*, descent) ऐलर्जीकारक; प्रत्यूर्जताकारक; असामान्य व्यवहार उत्पन्न करने वाले पदार्थ।

allergy—(Gk. *allos*, other; *ergon*, activity) ऐलर्जी; प्रत्यूर्जता; अतिअनुभूति; एक प्रकार की शारीरिक दशा जिसमें शरीर असामान्य व्यवहार करता है।

alliaceous—(L. *allium*, garlic) लहसुन गंधी, लहसुन सदृश खुशबू वाले।

allocarpy–(Gk. *allos*, other, karpos, fruit) पर-निषेकफलद, ऐसा फल जो पर निषेक के फलस्वरूप बनता है।

allochthonous—'Gk. *allos*, other; chthon, the ground) विदेशी, अपर स्थानिक।
[देखिये विलोम (opposite) autochthonous-देशीय]

allocortex—(Gk. *allos*, other; L. *cortex*, bark) परवल्क।

allogamy–(Gk. *allos*, other; gamos, marriage) परनिषेक, परनिषेचन (cross fertilisation)।
[देखिये स्वकयुग्मन–autogamy]

allogene–(Gk. *allos*, other; *genos*, descent) ऐलोजीन; संवृत युग्म विकल्पी (ऐलील)।

allogenic—(Gk. *allos*, other, *genos*, descent) ऐलोजेनिक, परगत; वाह्य कारकों द्वारा उत्पन्न संवृत (recessive) युग्म विकल्पी (ऐलील)।
[देखिये–विलोम autogenic स्वगत]

alloiogenesis—(Gk. *alloios*, different; *genesis*, descent)—alternation of generation—उत्पत्ति-विपर्यय।

allometry—(Gk. *allos*, other; *metron*, measure) वृद्धि मापन; वृद्धि अध्ययन।

allopatric—(Gk. *allos*, other; *patra*, native land) भिन्न देशीय। [देखिये-sympatric, एक देशीय]

allopelagic—(Gk. *allos*, other; *pelagos*, sea) भिन्न अगाधी।

alloplasm—(Gk. *allos*, other; *plasma*, mould) निअगी प्ररस। कोशिका प्ररस का वह भाग जो कोई अग निर्माण नहीं करता है।

alloplast—(Gk. *allos*, other; *plastos*, formed) भिन्न-आकारी। (देखिये-homoplast—सम-आकारी)

allopolyploid—(Gk.*allos*, other; polys, many; aploos, onefold; eidos, form) भिन्नगुण सूत्री, भिन्न परम्परा सूत्री। दो से अधिक भिन्न गुण या परम्परा सूत्रों से युक्त अंगी जो सकरी करण के कारण दो विभिन्न जातियों से आये हों।

allosematic—(Gk. *allos*, other; *sema*, sign) भिन्न भ्रमकारी-चिन्ह या वर्ण।

allosome—(Gk. *allos*, other; *soma*, body) देहातिरिक्त परम्परा सूत्र; देहातिरिक्त गुण सूत्र (क्रोमोसोम) अर्थात् देह गुण सूत्र से भिन्न गुण सूत्र। (क्रोमोसोम)

allostoses—(Gk. *allos*, other; *osteen*, bone) कलाअस्थि।

allosyndesis—(Gk. *allos*, other; *syndesis*, a binding together) ऐलोसिन्डेसिस; परसूत्रयुग्मन; विजनक समजात गुण सूत्रों का युग्मन।

allotherm—(Gk. *allos*, other; *therme*, heat) पर उष्णी; ऐसा अगी जिसके शरीर का तापक्रम वातावरण पर निर्भर रहता है।

allotrophic—(Gk. *allos*, other; *trophe*, nourishment) परपोषी; इतरपोषी; अन्य अगी से पोषण प्राप्त करने वाला।

allozygote(Gk. *allos*, other; *zygon*; yoke) पर युग्मज; ऐसा समयुग्मज (homozygote) जिसमें संवृत्त लक्षण (recessive characters) होते हैं।

alluvial—(L. *allure*, to wask to) कछार; जलोढ़।

alpha(a)cells—ए-कोशिकायें; लेंगहैन्स के द्वीपों (islets of Langerhens) की ऐल्फा कोशिकायें ।

alpine—उच्च पर्वतीय वनस्पति ।

alsinaceous—(Gk. *alsine*, chick weed) एलसीनेसियस; ऐसा बहुफूल पत्रक (polypetalous) वाह्यदल (corrolla) जिसकी पंखडियों (petals) के बीच-बीच में स्थान होता है ।

alternate—(L. *alternus*, one after another) पर्याय; एकान्तर ।

alternation of generations—उत्पत्ति-विपर्यय । किसी प्राणी के जीवन में निर्लिंगी (asexual) और लिंगी (sexual) अवस्थाओं का एक के वाद एक का प्रकट होना ।

alterne—(L. *alternus*. one after another) प्रत्यावर्तित वनस्पति; पर्यावरण (environment) में आसाधारण आकस्मिक परिवर्तनों के कारण किसी क्षेत्र में अन्य क्षेत्रों की वनस्पतियों का दृष्टिगोचर हो जाना ।

alternipinnate—(L. *alternus*, one after another *pinna*, wing) पत्रक-पिच्छक विपर्यय; मध्य शिरा (midrib) के दोनों ओर पत्रक (leaflets) और पिच्छकों (pinnae) का एक के वाद एक लगा होना ।

altrices—(L. *altrix*, nourisher) जन्माश्रित । वह चिड़ियें, जिनके बच्चे असहाय अवस्था में उत्पन्न होते हैं और माता पिता के आश्रय से ही भोजन और उष्णता प्राप्त करते हैं—जैसे कबूतर आदि के बच्चे ।

alula—(L. *alula*, *dim*, *of ala*, wing) पक्षिका; कूट पक्ष (पक्षियों में) । किन्हीं कीटों में पक्ष के आधार से पश्च तट पर लगी हुई एक छोटी पृथक आकृति ।

alveola—(L. *alveolus*, small cavity) कूपिका; गर्तिका ।

alveolar—(L. *alveolus*, a small pit) कूपिका—; गर्तिका—; गर्तिका सम्बन्धी ।

alveolar theory—(L. *alveolus*, a small pit) वुदवुद मत । इस मतानुसार प्रोटोप्लॉज्म (protoplasm) के दोनों भाग झाग (froth) या पायस अर्थात् इमलशन (emulsion) के रूप में मिले रहते हैं । इनमें से एक भाग (पदार्थ) आधार देने वाला द्रव वनाए रहता है और दूसरा इसके अन्दर बुलबुलों या बुदबुदों (bubbles) के रूप में भरा रहता है ।

alveolar tissue—(L. *alveolus*, a small pit) कूपिका ऊतक; बुदवुद ऊतक ।

alveolate—(L. *alveolatus*, pitted) मधु कंकती; गर्ती ।

alveolus—(L. *alveolus*, a small pit) कूपिका; गर्तिका; दंत गर्तिका; फुफ्फुस वात कोशिका; ग्रन्थि गर्त ।

alveus—(L. *alveus*, cavity) स्वेत स्तर; हिप्पोकैम्पस (hippocampus) के तल पर सूत्रों का एक स्वेत स्तर ।

amacrine—(Gk. *a*, not; *makros*,long; *is*, fibre) सूत्राक्षहीन । ऐसी कोशिकायें जिनमें सूत्राक्ष (axon)नहीं होता; जैसे रेटिना की कुछ एक कोशिकायें ।

ambiens muscle—(L. *ambirc*, to go round) ऐम्बियेन्स पेशी, सादि पेशी; पक्षीओं के जाँघ की माँस पेशी जिसके कारण पक्षी यष्टि (perch) पकड़ पाता है ।

ambient—(L. *ambire*, to go round) परिवेशक ।

ambiparous—(L. *ambo*,both; *parere*, to beget) उभयधारी; उभय कलिका । ऐसी कलिका (bud) जिसमें फूल और पत्ती दोनों हों ।

ambisexual—(L. *ambo*, both; *sexus*, sex) उभय लिंगी ।

ambisporangiate—(L. *ambo*, both; Gk. *sporos*, seed; *anggeien*, box) उभयस्पोरक; ऐसे पौधे जिनमें बीजाणुधारी में दोनों प्रकार के दीर्घ और लघु स्पोर होते हैं ।

ambital—(L. *ambire*, to go round) ऐम्बिटल; एस्टेरोइड (asteroid) तथा ओफ्यूरोइड (ophiuroid) का अस्थि पट्ट ।

ambitus—(L. *ambire*, to go round) ऐम्बिटस; बाहरी तट; परिरेखा।

ameba—देखिये amoeba अमीवा, एक कोशिकीय जन्तु विशेष।

ambosexual—(L. *ambo*, both; *sexus*, sex) सर्व-लिंगी। दोनों अर्थात् नर व मादा उद्दीपकों या हारमोन्स (hormones) में सक्रिय होने वाले।

amboceptor—(L. *ambo*, both; *capere*, to take) विदलनात्मक; विशिष्ट प्रतिरक्षी।

ambulacral—(L. *ambulare*, to walk) वीथी; नलिकापाद। एकाइनोर्डम (echinoderm) के गतिकारी नलिका पाद।

ambulacral area—वीथी क्षेत्र; नलिकापाद क्षेत्र।

ambulacral groove—वीथी खाँच; नलिकापाद धारी परिखा।

ambulacral ossicle—वीथी अस्थिका; नलिका पादीय अस्थिक; नलिका पादास्थिक।

ambulacral pore—वीथी छिद्र; नलिकापाद छिद्र।

ambulacral ridge—वीथी-कटक; नलिका पादीय मेड़।

ambulacral spine—वीथी-कंटक; नलिका पादीय कटक।

ambulacral system—वीथी तन्त्र; नलिका पाद तन्त्र।

ambulacral zone—वीथी प्रदेश, नलिकापाद प्रदेश।

ambulacralia—(L. *ambulare*, to walk) नलिका-पादीपट्ट; वह पट्ट जिसमें से होकर नलिकापाद वाहर निकलते हैं।

ambulacriform—(L. *ambulare*, to walk; *forma*, shape) नलिकापादोपम।

ameiotic—(Gk. *a*, without; *meion*, smaller) ह्रास विभाजन हीन; निह्रास विभाजनी। ऐसा अनिषेक जनन (parthenogenesis) जिसमें ह्रास विभाजन या अर्ध सूत्रण (meiosis) नहीं होता है।

amelification—(M. E. *amell*, enamel; L. *facere*, to make) इनेमिल निर्माण। दन्तवल्क का निर्माण।

ameloblast—(M. E. a well enamel; Gk. *blastos*, bud) इनैमल कोरक; इनैमिल कोशिकज।

amentaceous-amentiferous—(L. *amentum*, thong; *ferre*, to carry) कैटकिनी।

ametabolic—(Gk. *a*, without; *metabole*, change) अकायातरणी; रूपान्तर रहित; रूपान्तर हीन।

ametabole—(Gk. *a*, without; *metabole*, change) अकायातरण; अरूपान्तरी।

amicron—(Gk. *a*, without; *mikros*, small) अणु-तत्व; अतिसूक्ष्म तत्व; अमाइक्रोन।

amicronucleate—(Gk. *a*, without; *mikros*, small; L *nucleus*, kernel) अलघुकेन्द्रकी।

amine—(Gk. *ammoniakon*, resinous gum) ऐमीन; यह पौधों द्वारा अथवा अमीनो अम्ल पर वैक्टीरिया प्रभाव से उत्पन्न नाइट्रोजन युक्त यौगिक होता है, जो अमोनिया (NH_3) का व्युत्पन्न (derivative) हाइड्रोजन के हटने से बनता है।

aminoacids—अमीनोअम्ल; यौगिक जिसमें एमीनो (NH_2) और कार्वोक्सिल (COOH) ग्रुप होते हैं। यह प्रोटीन के जल-विघटन द्वारा बनते हैं।

amitosis=amitotic division—(Gk. *a*, without; *mitos*, thread) अमाइटोसिस; असूत्री विभाजन सरल या असूत्र विभाजन (कोशिका का)।

ammonites—ऐमोनाइट्स। एक प्रकार का लुप्त (extinct) जन्तु।

amnion—(Gk. *amnion*, foetal membrane) एम-नियान; उल्व; जरायु (भ्रूणावरण)। स्तनपायी या स्तनी (mammals), पक्षी birds) और सर्पक (reptiles) वर्गों (classes) के भ्रूणों पर पाई जाने वाली एक झिल्ली जिसके अन्दर जरायु-रस या उल्व तरल (amniotic fluid) रहता है और जो भ्रूण को घेरे रहती है।

amniota—जरायुज; उल्वीवर्ग; ऐम्नियोटा।

amniotic—उल्वी; उल्व—; उल्व सम्बन्धी।

amniotic fluid—उल्व तरल।

amoeba—(Gk. *amoibe*, change) अमीवा। फाइलम प्रोटोज़ोआ का एक जन्तु।

amoebadiastase—(Gk. *amoibe*, change; *dia*, through *histanai*, to set) अमीवाडायसटेज; अमीवा स्त्रावित पाचक क्षोभक (ferment)।

amoebiform—(Gk. *amoibe*, change; L. *forma*, shape) अमीवायभ; अमीवोपम; अमीवा सदृश।

amoebism—(Gk. *amoibe*, change) अमीवा समान रूप अथवा बर्ताव।

amoebocyte—अमीवोसाइट; अमीवा कोशिका; अमीवीय कोशिका।

amoeboid cells—अमीवाकार सेल; अनिश्चिताकार कोशिका; अमीवीय कोशिका। ऐसी कोशिकाएँ जो अमीवा का सा रूप या गति रखती हैं।

amoeboid movement—अमीवीय गति।

amoebula—(Gk. *amoilu*, change) अमीब्यूला; अमीवक; आद्यजीवी का क्षणिक पाद युक्त स्पोर समूह— (देखिये pseudopodiospore)

amorphous—(Gk. *a*, without; *nurphe*, shape) आकारहीन; असमरूपक; अक्रिस्टलीय; रवेहीन।

amphiapomict—(Gk. *amphi*, both; *apo*, away; *miktos*, mixed) उभयसमजीवी; उभय प्रतिरूपी; समजीवी संतति के सामूहिक रूप से समस्त व्यक्ति।

amphiarthrosis—(Gk. *amphi*, both; *arthron*, joint) बन्ध समवायता; समवाय; (symphysis) या बन्ध समवायता (syndesmosis) प्रकार की सन्धि।

amphiaster—(Gk. *amphi*, both; *bios*, life) ऐम्फिऐस्टर; द्वितारक या ताराद्वय आकृति (सूत्रीविभाजन में)।

amphiastral—(Gk. *amphi*, both; *aster*, star) उभयतारक प्रारूप; यथार्थ तारा द्वय आकृतिक; वह सूत्री विभाजन जिसमें तर्कु-ध्रुवों (spindle poles) पर यथार्थ ताराद्वय आकृति होती है।

amphibia—(Gk. *amphi*, both; *bios*, life) ऐम्फिबिया; द्विधाजीवी; जलस्थलचर; जलथलवासी कशेरुक (vertebrata) जन्तुओं का एक वर्ग (class)।

amphibious—amphibion—(Gk. *amphi*, both; *bios*, life) उभयचर; जल-स्थलचर।

amphiblastic—(Gk. *amphi*, both; *blastos*, bud) असम विभाजी। वे अंडाणु या डिम्ब (ova) जिनमें खण्डीभवन या विभाजन (segmentation) द्वारा एकसी नाप वाली कोशिकाएँ नहीं बनती; कुछ बड़ी और कुछ छोटी होती हैं, असम विभाजी कहलाते हैं।

amphiblastula—ऐम्फीब्लास्टुला; उभकोरक। फाइलम पोरीफिरा (phylum porifera) में पाया जाने वाला डिम्भक या लारवा (larva), जिसके अग्रछोर पर कपाधारी कोशिकाएँ (flagellate cells) तथा पश्च छोर पर आद्य कोशिकाएँ (archaeocytes) होती हैं।

amphibolic—(Gk. *amphi*, both; *ballein*, to throw) परावर्तक; उभयवर्तक। आगे पीछे दोनों ओर को मुड़ जाने वाली; जैसी कुछ चिड़ियों में बाहरी उँगली होती हैं।

amphicarpous—(Gk. *amphi*, both; *karpos*, fruit) उभयफली; द्विरूपफली; दो प्रकार के फल उत्पन्न करने वाला।

amphicoelous (vertebra)—(Gk. *amphi*, both; *koilos*, hollow) उभयगर्तधारी (कशेरु); ऐम्फीसीलस।

amphicondylous—(Gk. *amphi*, both; *kondyles*, knob) उभयार्बुदी। दो कपालार्बुद (occipital condyles) वाला।

amphicone—(Gk. *amphi*, both; *konos*, cone) उभय शंकु; लुप्त स्तनी के चर्वक (molar) का एक शिखर।

amphicytes—(Gk. *amphi*, both; *kytos*, hollow) उभय कोशिकाएँ; अन्तरछद् की सम्वर्धन कोशिकाएँ।

amphidelphic—(Gk. *amphi*, both; *delphys* womb) उभयगर्भाशयिक, द्विगर्भाशयिक, कुछ निमेटोड जिनमें युग्मक (paired) गर्भाशय (uterus) होता है।

amphidetic—(Gk. *amphi*, both; *detos*, bound) द्विक बन्धी;

(देखिए opisthodetic—पश्चबन्धी)

amphidiploid—(Gk. *amphi*, both; *diploos*, double) द्वैध द्विगुणित (double diploid)।

amphidisc—(Gk. *amphi*, both; *diskos*, round plate) उभय पट्टिका; उभय बिम्बी; स्वच्छजल बहुछिद्रदेहियों (porifera) का एक प्रकार का स्पीक्यूल (दृढ़ा) विशेष।

amphids—(Gk. *amphi*, both) एम्फिड्स; निमेटोड (nematode) के दो अग्र पार्श्व वेदनांग (anterior lateral sensory organs)।

amphigastria—(Gk. *amphi*, both; *gaster*, stomach) अधः पर्णिका; लिवरवर्ट्स (liverworts) में पत्तियों की निचली सतह पर पाई जाने वाली अल्प विकसित (rudimentary) पत्तियाँ (पर्ण)।

amphigenesis—(Gk. *amphi*, both; *genesis*, descent) लैंगिक जनन।

amphigonic—(Gk. *amphi*, both; *gene*, seed) उभयजन्युज; विभिन्न व्यक्तियों में पृथक आद्यजनन कोशिकाओं (gonia) में नर और मादा जन्यु का उत्पादन (production)।

amphigony—(Gk. *amphi*, both; *gonos*, offspring) लैंगिक जननता; दो प्राणियों द्वारा उत्पादन।

amphikaryon—(Gk. *amphi*, both; *karyon*, nut) उभयकेन्द्रक; ऐसा न्यूक्लियस (केन्द्रक) जिसमें दो अयुग्म सूत्री गुणसूत्र (क्रोमोसोम होते हैं।

amphimict—(Gk. *amphi*, both; *miktos*, mixed) अपरिहार्य यौनिगांगी;।

amphimixis—(Gk. *amphi*, both; *mixis*, mingling) उभयमिश्रण। निषेक (fertilization) में नर और मादा पूर्व केन्द्रक (pronucleus) के संयोग द्वारा पैतृक (paternal) और मातृक (maternal) लक्षणों का मिश्रण।

amphinucleolus—(Gk. *amphi*, both; L. *nucleolus*, a small kernel) उभयउपकेन्द्रक; ऐसा उपकेन्द्रक (nucleolus) जिसमें क्षाररंगी (basiphil) और अम्लरंगी (oxyphil) दोनों प्रकार के घटक होते हैं।

amphioxus—ऐम्फिऑक्सस। फाइलम कॉर्डेटा (chordata) के शिरोदण्डक-सिफेलोकोर्डेटा (cephalochordata) उपफाइलम की एक जाति।

amphiodont—(Gk. *amphi*, both; *odous*, tooth) उभयदन्त; बीटल (beetle) में मैन्डिबिल के वर्धन की मध्यावस्था।

amphiont—(Gk. *amphi*, both; *on* being) उभय युग्मनज; ऐम्फिऑन्ट। दो व्यक्तियों के एक साथ आने से बना युग्मनज (zygote)।

amphiplatyan—(Gk. *amphi* both; *platys*, flat) अगुहिक; उभय समतली; आगे पीछे-दोनों ओर से सपाट या समतल (flat) सेन्ट्रम (centrum) वाला कशेरू।

ampineustic—(Gk. *amphi*, both; *phein*, to breathe) द्विधास्वासी; गिल और फुफ्फुस दोनों के द्वारा स्वास लेने वाला।

amphineura—ऐम्फीन्यूरा। फाइलम मौलस्का का एक वर्ग जिसमें काइटन (chiton) जन्तु होती है।

amphipoda—(Gk. *amphi*, both; *pous*, foot) ऐम्फीपोडा। वर्ग क्रस्टेशिया (class crustacea) का एक गण (order)।

amphipodous—(Gk. *amphi*, both; *pous*, foot) ऐम्फीपोडा; द्विधापादी; चलने व तैरने वाले पाँव वाला।

amphipyrenin—(Gk. *amphi*, both; *pyren*, fruit stone) एम्फीपाइरेनिन; वह पदार्थ जिसका केन्द्रकला (nuclear membrane) बना होता है।

amphirhinal—(Gk. *amphi*, both; *rhis*, nose) द्विविदीर्णनासी; उभयनासीय ।

amphisarca—(Gk. *amphi*, both; *sarx*, flesh) एम्फीसारका, एक प्रकार का फल जो अन्दर से सरस तथा बाहर से सख्त होता है ।

amphispermous—(Gk. *amphi*, both; *sperma*, seed) उभयभित्तिक बीज । (pericarp) से घिरा हुआ बीज ।

amphispore—(Gk. *amphi*, both; *sporos*, seed) उभयबीजाणु: उभयस्पोर; ऐम्फीबीजाणु किन्हीं शैवाल (algae) का उत्पादीय स्पोर जो विश्राम-स्पोर के सदृश कार्य करता है ।

amphistomatic—(Gk. *amphi*, both; *stoma*, mouth) द्विमुख छिद्री; द्विरंध्री, ऐसी पत्तियाँ जिनके दोनों तलों पर मुख छिद्र या रन्ध्र (स्टोमेटा) होते हैं ।

amphistomous—(Gk. *amphi*, both; *stoma*, mouth) उभय चूषकी; ऐसे कृमि (worms) जिसके दोनों छोरों पर चूषक (suckers) होते हैं ।

amphistylic skull—(Gk. *amphi*, both; *stylos*, pillar) द्विस्तम्भीकपाल; उभयनिलम्बित । इस प्रकार के कपालों में निचला जबड़ा (lower jaw) खोपड़ी से हायड (hyoid) और क्वाड्रेट (quadrate) से या हॉयड और पलेटोक्वाड्रेट (palatoquadrate) के द्वारा जुड़ा रहता है ।

amphitene—(Gk. *amphi*, both; *tainia*, band) सूत्र युग्मता । (देखिये zygotene)

amphithecium—(Gk. *amphi*, both; *thekion*, box) परिवेशीस्तर; ऐम्फीथीसियम; मॉस (moss) के बीजाणुधारी (sporangia) की परिवेशी कोशिका स्तर ।

amphitrichous—(Gk. *amphi*, both; *thrix*, hair) ध्रुवकपीय; द्विकषीय; प्रत्येक ध्रुव पर कषायुक्त जैसे बैक्टीरिया ।

amphitoky—(Gk. *amphi*, both; *tokos*, birth) द्विअनिषेकोत्पन्न नर और मादा दोनों का ही अनिषेकोत्पादन (parthenogenetic reproduction) ।

amphitrocha—(Gk. *amphi*, both; *trochos*, wheel) द्विचक्रक, उभयकशामी; ऐम्फी या खण्ड देही ट्रोका । ऐनेलिडा फाइलम में पाया जाने वाला, स्वतन्त्र तैरने वाला एक प्रकार का लारवा (larva) जिसमें तंत्रों की दो पंक्ति पाई जाती हैं ।

amphitropous—(Gk. *amphi*, both; *trope*, turning) अधोमुखी बीजी; ऐसा अधोमुखी बीज वाला जिसका गढ़ा (hilum) एक पार्श्व के मध्य में होता है ।

mphogenic—(Gk. *amphi*, both; *genesis*, offspring) द्विजनज; ऐसी सन्तति जनने वाले जिनमें नर और मादा दोनों प्रकार के बच्चे होते हैं ।

mphophil—(Gk. *ampho*, both of two; *philein*, to love). द्विरंजक; ऐसी सेल (कोशिका) जो दोनों क्षारीय और अम्लीय प्रकार के रंजकों से रंग जाते हैं ।

amplexus—(L. *amplexus*, embrace) मैथुनी आलिंगन (मेंढक आदि में) ।

amphoteric—(Gk. *amphotere*, in both ways) द्विलक्षणी; विलोमलक्षणी; अम्लीय तथा क्षारीय दोनों लक्षणों युक्त ।

amplectant—(L. *amplecti*, to embrace) आलिंगक; स्तम्भालिंगक । किसी आलंब support) से चिपटे हुए जैसे प्रतान (tendrils) आदि ।

amplexicaul—(L *amplecti* to embrace; *caulis*, stem) स्तम्भालिंगक ।

ampliate—(L. *ampliatus*, made wider) उन्नत बाह्यतटी; ऐसा कीट जिनके पक्ष का बाहरी तट उन्नत या प्रमुख होता है ।

amplification—(L. *amplificatio*, enlargement) स्फीतता; प्रवर्धकता ।

ampulla—(L. *ampulla*, flask) ऐम्पुला; तुंबिका; फलिघाकर कोशिका ।

१—अंतः कर्ण की अर्ध चन्द्राकार नलिकाओं के सिरे पर फूला हुआ भाग ।

२—वीर्य प्रणाली (vas deferens) का मूत्राशय के अंगमूल (fundus) के पास का फूला हुआ भाग।

३—ऐकाईनोर्डमेटा (echinodermata) जन्तुओं के जलनलिका मण्डल (water vascular system) की मुद्रा नलिका (ring canal) पर स्थिति अंतः कुण्ड (internal reservoir)।

४. उपास्थि मत्स्यों (elasmobranchs) के संवेदीय नालिकाओं के अंतस्थकोशिकाये (terminal vesicle)।

ampullaceous—(L. *ampulla*, flask) तुंविकीय; पलिघाकार; जैसे लघुवेदनांग (sensillae)।

ampullary—ऐम्पुला सम्बन्धी।

ampullula—(Dim. of L. *ampulla*, flask). ऐम्पुल्यूला; लघुऐम्पुला; पलिघाकार (तंविकोपम) लघुकोषिका।

amyelinic—(Gk. *a*, without; *myelos*, marrow) असूत्रच्छद; पिधानहीन तंत्रिका सूत्र।

amygdala—(L. *from*, Gk. *amygdale*. round) गुटिका (१) कोई एक तालव्य गुटिका (palatal tonsil); (२) प्रमस्तिष्क (cerebellum) के पार्श्व में स्थिति एक गोलपाली (lobe)।

amygdalin—(Gk. *amygdale*, almond) एमिग्डेलिन, कड़वे बादाम का एक रसायन ($C_{20}H_{27}O_{11}N$)।

amylase—(L. *amylum*, starch) एमिलेस; एमाईलेज; एक क्षोभक विशेष। यह क्षोभक माड़ी (starch) को शर्करा (sugar) में वदल देता है।

amyloid—(L. *amylum*, starch; Gk. *eidos*, from) ऐमिलॉइड; माडी सदृश; स्टार्चोपम।

amyloid bodies—ऐम्लिॉइड काय; स्टार्चोपम पिण्ड; प्रौढ़ की पौरूष ग्रन्थि (prostate gland) की गर्तिकाओं में पायाजाने वाला सम्वन्धित पिण्ड।

amylomie—(L. *amylum*, starch) स्टार्ची; माडीयुक्त।

amyloplast—(L. *amylum*, starch; Gk. *plastos*, formed) नीरंगकण; मडलवक; पौधों में रंगहीन स्टार्च बनाने वाले कग।

amylolytic—(L. *amylum*, starch, Gk *lysis*, loosing) माड़ी पाचक (क्षोभक)।

amylopsin—(L. *amylum*, starch; Gk. *pepsis* digest) एमाईलोपसिन; स्टार्च पाचक; माडी पाचक; मॉड क्षोभक।

amylose—(L. *amylum*, starch) एमाईलोस; स्टार्च या माडी निर्माण करने वाला पदार्थ।

amylostatolith—(L. *amylum*, starch; Gk. *statos*, stationary; *lithos*, stone) निश्चेष्ठकण संतुलनाश्य;।

amylum—(L. *amylum*, starch) माडी, स्टार्च: $(C_6H_{10}O_5)x$

anabiosis—(Gk. *ana*, up, *bios*, life) प्रसुप्त जीवन; पुर्नजागरण।

anabolism—(Gk. *ana*, up; *ballein*, to throw) उपचय; वृद्धि प्रक्रिया; अविवृद्धि; निर्मित प्रक्रिया; सजीव प्राणियों में पाई जाने वाली वे निर्माणकारी (constructive), रासायनिक (chemical) प्रक्रियायें जिनके द्वारा भोजन-पदार्थ प्रोटोप्लाज्म में वदलता है।

anabolite—(Gk. *ana*, up; *bole*, throw) एनावोलाइट; उपचय पदार्थ, वृद्धि प्रक्रिया या उपचय (anabolism) मे भाग लेने वाला पदार्थ।

anacrogynous—(Gk. *ana*, not; *akros*, apex; *gyne*, female) अनग्रजायांगी; कुछ लिवरवर्टस (liverworts) जिनमें मादा उत्पादक पिण्ड प्ररोह (shoot) पर या समीप नहीं होते हैं।

anadromous—(Gk. *ana*, up; *dromein*, to run) समुद्रापगामी; स्वच्छजलोपगामी, सरितोपगामी। यह शब्द उन मछलियों के लिये उपयुक्त होता है, जो प्रतिवर्ष समुद्र से असामुद्रिक जल की ओर पर्यटन (migration) करती हैं। (देखिये catadromous)

anaerobe—(Gk. *an*, without; *aer*, air; *bios*,

life) अवायु जीव; निर्वायुजीव । वे जन्तु जो वायु की अनुपस्थिति में जीवित रह सकते हों ।

[देखिये aerobe वायुजीव]

anaerobiosis—(Gk. *an*, without; *aer*, air; *biosis*, life) निर्वायुजीवता ।

anaesthesis—(Gk. *an*, without; *aer*, aisthesis, feeling). वेदनशून्यता ।

anagenesis—(Gk. *ana*, again; *genesis*, descent) तन्तु (ऊतक) पुनरुत्पादन; उत्तरोत्तर विकास ।

anakinetic—(Gk. *ana*, up; *kinein*, to make) पुनः शक्ति प्रदाता; वह प्रक्रिया जिससे पुनः शक्ति आ जाती है ।

anakinetomeres—(Gk. *ana*, up; *kinein*, to move; *meros*, part) शक्तिकण ।

an l—(L. *anus*, anus) गुदा; गुदा सम्बन्धी।

anal cerci—गुदालूम; गुदा-पुच्छावयव; गुदा सरसाई ।

anal filament—गुदासूत्र ।

anal fin—गुदाफिन ।

anal gland—गुदा-ग्रन्थि ।

anal respiration—गुदा-श्वासन ।

anal spot—गुदा विन्दु ।

anal style—गुदा सूचि; गुदा शूक ।

anal vesicles—गुदा-कोशिका; गुदा आशय ।

analysis—(Gk. *ana*, up; *lyein*, to loose) विश्लेषण ।

analogues=analogous structures—(Gk. *analogia*, proportion) अनुरूप या समकार्य अंग । विविध जन्तुओं के वे अंग जिनके कार्यों में परस्पर समानता हो; जैसे कीट वर्ग (class insecta) और पक्षी वर्ग (class aves) के पंख समकार्य हैं ।

analogy—(Gk. *analogia*, proportion) अनुरूपता; समकार्यता ।

anamnia—(Gk. *a*, not; *amnion*, foetal membrane) एनैम्निया; अतुल्वी; जरायुहीन; निर्जरायु । वरटीब्रेटा (vertebrata) के वे जन्तु जिनमें जरायु नहीं होता ।

anamniote—(Gk. *a*, not; *amnion*, foetal membrane) अतुल्वी, जरायुहीन, निर्जरायु ।

anamorpha—(Gk. *ana*, backwards; *morpha*, form) अपूर्णवयवी, वे लारवा जिनमें प्रोद्भ (hatching) के समय सब अवयव विद्यमान नहीं होते ।

(देखिये—epimorpha)

anamorphosis—(Gk. *ana*, throughout; *morphosis*, shaping) क्रमिक विकास ।

anangian—(Gk. *a*, without; *anggeion*, vessel) रक्तवाहक हीन कृमि, ऐसे कृमि जिनमें रक्त वाहक तंत्र नहीं होता ।

anaphase—(Gk. *ana*, up; *phasis*, appearance) ऐनाफेज; पश्चावस्था; गति स्थिति । विषम कोशिका विभाजन की वह स्थिति, जिसमें नवजनित गुणसूत्र (क्रोमोसोम) एक दूसरे से अलग चले जाते हैं । अर्थात् विचलन (divergence) करते हैं ।

anaphylaxis—(Gk. *ana*, up; *phylax*, guard) ऐनाफाइलेक्सिस; प्रोटीन अति संवेदन शीलता । विदेशीय प्रोटीन या सीरम के प्रति अति संवेदनशील होने की दशा ।

anaplast—(Gk. *ana*, up; *plastos*, formed) श्वेतलवक (प्लैस्टिड) ।

anapophysis—(Gk. *ana*, up; *apo*, from; *phyein*, to grow) उर्ध्व प्रवर्द्धन; पश्च वर्ध ।

anapsid—(Gk. *ana*, up; *apsis*, arch) अछिद्र खोपड़ी; अछिद्र कुटली; वह खोपड़ी (skull) जिसमें कोई भी छिद्र नहीं होता है ।

(देखिये-stegocrotaphic छिद्र कुटली)

anaptychus—(Gk *ana*, throughout; *ptych*,; plate) एकल प्रच्छद; एक पट्टीयप्रच्छद (ढक्कन) ।

anarthrous—(Gk. *a*, without; *arthron*, joint) सन्धिहीन; निर्सन्धिक ।

anastral—(Gk, *an*, not; *aster*, star) अतारक

तारविन्यासहीन। निर्तारविन्यासी; ऐसा विषम कोशिका विभाजन (mitosis) जिसमें तारविन्यास (aster) का निर्माण नहीं होता है।

anaschistic—(Gk. *ana*, upto; *schistein*, to split) द्विभक्तचतुष्टय; द्विचतुष्टय; विचतुष्कीय; ऐसे चतुष्टय जो ह्रास विभाजन (meiosis) में दो बार अनुदैर्घ्य प्रकार से बटते हैं।

anastates—(Gk. *ana*, upto; *statos*, standing) उपपदार्थ; कई पदार्थ जो कोशिका उपापचय (metabolism) में तरल पदार्थों से संयुक्त पदार्थ बनने में बनते हैं।

anastral—(Gk. *an*, not; *aster*, star) अतारक; ताराहीन सूत्री विभाजन; ऐसा सूत्री विभाजन जिसमें तारविन्यास (aster) नहीं होता है।

anatomy—(Gk. *ana*, up; *tome*, cutting) शरीर; रचना विज्ञान।

anatrepsis—(Gk. *anatrepein*, to turn over) द्रुति गति; त्वरत।

anatropous—(Gk. *anatrope*, overturning) नियत (बीज); प्रतीप ; ऐसे बीज जिनमें नाभिका (हाइलम-hilum) और अणुछिद्र (micropyle) साथ तथा निभाग (chalaza) दूसरे छोर पर होता है।

anaxial—(Gk. *a*, without; *axle*, axle) असमांश; अक्षहीन।

ancestor—पूर्वज; पुरखा।

anchor—(Gk. *ancora*, abend) लंगर रूपी दृढ़ा (spicule) जो होलोथोरिया (Holothuria) में पाये जाते हैं।

anchylosis—(Gk. *angkylosis*, stiffness) संसक्ति दो या अधिक हड्डियों या सख्त भागों का परस्पर संयुक्त होकर एक हो जाना।

ancient—(L. *antianus*, old) प्राचीन; पुरातन।

anconeal—(L. *ancon*, elbow) कुहनी सम्बन्धी।

anconeus—(L. *ancon*, elbow) ऐकोनियस; कुहनी-पेशी; कफोणी पेशी। कुहनी पर स्थिति एक छोटी सी प्रसारक (extensor) पेशी (muscle)।

andrase—(Gk. *aner*, male) ऐन्ड्रेस; नरकारक; किसी एन्जाइम या हॉरमोन में नर निर्धारण कारक।

androconia—(Gk. *aner*, male, *konia*, dust) ऐन्ड्रोकोनिया; पुंआकर्षक शल्क, तितलियों के ऐसे पक्ष शल्क जिनमें नर को आकर्षित करने वाली गन्ध रहती है।

androcyte—(Gk. *aner*, male, *kytos*, hollow) पुंकोशिका; पौधों की वृद्धि में ऐसी कोशिका जो पुंजायांगी (androgonium) से नर लैंगिक कोशिकाओं का निर्माण पुंधानी (antheridium) में होता है।

androdioecious—(Gk. *aner*, male; *dis*, two; *oikos*, house) भिन्नोभय पुंपुष्पी; नर और उभयलिंगी पुष्पों का भिन्न पौधों पर पाया जाना।

androecium—(Gk, *aner*, male; *oikos*, house) पुमंग; पुंकेसरों (stamens) की पिंडी या समुदाय; पौधों के नर उत्पादक अंग।

androgametangium—(Gk. *aner*, male; *gametes*, spouse; *anggeion*, vessel) पुंयुग्मकधानी; पुंधानी। नर लैंगिक कोशिकाओं का उत्पादन करने वाली संरचना पुंधानी (antheridium)।

androgen—(Gk. *aner*, male; *genos*, descent) पुंसोद्दीपक; पुंजन।

androgenesis—(Gk. *aner*, male; *genesis*, descent) पुंसोत्पादक; केवल पितृय गुण सूत्रों द्वारा ही डिम्ब का वर्द्धन होना।

androgenic—(Gk. *aner*, male; *genesis*, descent) पुंसोत्तेजक; पुंजनीय; नर लक्षणों को उत्तेजित करने वाला।

androgenous—(Gk. *aner*, male; *genesis*, descent) पुंजनक।

androgonidia—(Gk. *aner*, male; *genos*, offspring; *idion*, dim.) एन्ड्रोगोनिडिया; पुंतत्व, वोल्वोक्स (volvox) के नर लैंगिक तत्व।

androgonium—(Gk. *aner*, male; *gonos*, offspring) पुंजयांगी; पौधों में शुक्राणु कोशिकाओं के निर्माण की आद्य स्थिति।

androgynal—(Gk. *aner*, male; *gyne*, female) उभयलिंगी; पुंत्रिकेसरी; पुंजायांगी; एक ही पुष्पक्रम (inflorescence) में पुंगकेसरी (staminate) और स्त्री केसरी (pistillate) पुष्पों का होना।

androgynary—(Gk. *aner*, male; *gyne*, female) जायापुंलिंगता; ऐसा पुष्प जिनमें पुंगकेसर (stamens) और स्त्रीकेसर (pistils) पंखडियाँ (petal) बने होते हैं।

androgynism—(Gk. *aner*, male; *gyne*, female) पुंत्रिकेसरता; उभयलिंगता। पुष्प में पुंगकेसर और स्त्रीकेसर दोनों होने की दशा।

andromerogony—(Gk. *aner*; male; *meros*, part; *gone*, generation) पितृ गुणसूत्रता; पितृगत क्रोमोसोम।

andromonoecicus—(Gk. *aner*, male, *monos*, loane; *oikos*, house) अभिन्तोभयपुंलिंगी। ऐसे पौधे जिनमें नर और उभय लिंगी दोनों प्रकार के पुष्प एक ही पौधे में होते हें।

androphore—(Gk. *aner*, male; *phora*, carrying) पुंधर, पुंगकेसरधर।

androphyle—(Gk. *aner*, male; *phyllon*, leaf) पुंबीजाणुपर्ण; लघुबीजाणु-पर्ण नर; या लघु स्पोर धारण करने वाली पत्ती (पर्ण)।

androsporangium—(Gk. *aner*, male; *sporos*, seed; *anggeion*, vessel) पुंबीजाणुधानी। पुंबीजाणु (androspore) युक्त बीजाणुधानी (sporangium)।

androspore—(Gk. *aner*, male; *sporos*, seed) पुंबीजाणु; लघुबीजाणु; पराग (pollengrain); ऐसा अलैंगिक (asexual) चल बीजाणु (zoospore) जिससे नर बौना पौधा (male dwarf plant) बनता है।

androsterone—(Gk. *aner*, male, *stear* suet) एन्ड्रोस्टीरोन; एन्ड्रोटीन; $C_{19} H_{30} O_2$। मूत्र से प्राप्त होने वाला नर उद्दीपक।

anelectrotonus—(Gk *ana*, up; *elektron*, amber; *tonos*, tension) विद्युत आतति; (विद्युत+आतति)।

anellus—(L. *anellus*, little ring) मुद्रापट्ट। तनुपक्षकों (lepidoptera) में पाया जाने वाला मुद्राकार या त्रिकोण पट्ट (plate) जो कपाटों (valves) या बन्धक बाँधों से लगा रहता है।

anemophilous—(Gk. *anemos*, wind; *philein*, to love) वायुपरागित।

anemophily—(Gk. *anemos*, wind; *philein*, to love) वायुपरागण।

anemotaxis—(Gk. *anemos*, wind; *taxis*, arrangement) वातानुचलन; वातानुगति।

anemotropism—(Gk. *anemos*, wind; *trepein*, to turn) वाताभिमुखी धृत्ति। हवा या वात की गति के अनुसार शरीर को व्यवस्था देने वाली प्रक्रिया।

anencephaly—(Gk. *an*, not; *engkeppalon*, brain) मस्तिष्कहीनता।

anenterous—(Gk. *an*, not; *enteron*, gut) अन्नप्रणाली हीन।

aner—(Gk. *aner*; male) नरकीट; विशेषतः चींटियों या पिपीलिकायों (ants) के।

aneuploid—(Gk. *a*, without; *eu*, well; *aploos*, onefold) भिन्नएकाकी सूत्री; भिन्न अगुणक सूत्री; अगुणक सूत्री (haploid) संख्या के गुणक (multiple) से न्यून अथवा अधिक गुण सूत्रों की संख्या वाला।

aneurine—(Gk. *a*, without; *neuron*, nerve) एन्यूरिन; विटामिन बी १; थायमनीन; ।
($C_{12} H_{16} O N_4 S$)

aneuronic—(Gk. *a*, without; *neuron*, nerve) अतंत्रीय; अशिरीय; वर्णनियंत्रणी; ।

१—उद्दीपकों द्वारा रंग कोशिकाओं का नियंत्रण।
२—विना तंत्रिका विन्यास के।

anfractuose—(L. *anfractus*, bending) लहरदार; लहरी; कुल्यी।

angienchyma—(Gk. *anggeion*, vessel; *engchein*, to pour) द्रववाहक ऊतक (तन्तु)।

angioblast—(Gk. *anggeion*, vessel; *blastos*, bud) द्रववाहक कोशिका कोरक (कोष्ठज); वाहिका-कोरक।

angiocarpous—(Gk. *anggeion*, vessel; *karpos*, fruit) आवृतफलीय।

angiology—(Gk. *anggeion*, vessel; *logos*, discourse) रक्तवाहक विज्ञान। रक्त (blood) तथा लसीका (lymph) वाहक तन्त्रों सम्बन्धी विज्ञान।

angiospermous—(Gk. *anggeion*, vessel, *sperma*, seed) आवृतवीजी; पुष्पीपौधे; डिम्बाशय में बन्द (आकृत) वीज वाले।

angiosporous—(Gk. *anggeion*, vessel, *sporos*, seed) आवृतस्पोरी; संपुटीस्पोर। संपुट (capsule) में बन्द स्पोर वाले।

angiostomatous—(Gk. *anggeion*, vessel, *stoma*, mouth) संकीर्ण मौखिकी; अविस्तीर्ण मुखी; ऐसे कवची (molluscs) या सर्प (snakes) जिनका मुँह न फैलने वाला होता है।

angstrom—(A. J. Angstrom—Swedish physicist) एन्डसट्रोम इकाई; A; एक मिलीमीटर का सौलाख वाँ (१/१००,०००,०) भाग।

angular—(L. *angulus*, corner) ऐंगुलर; कोणास्थि; अधिकांश कशेरुकों (vertebrates) के निचले जबड़े की हड्डी।

angular process—ऐंगुलर प्रवर्द्धन; कोणास्थि प्रवर्द्धन।

angulo-splenial—ऐंगुलोस्पलीनियल; ऐम्फिविया या द्विधाजीवी (amphibia) में पांई जाने वाली एक हड्डी।

angustifoliate—(L. *angustus*, narrow; *folium*; leaf) तनुपर्णी; संवाध पर्णी; संकुचित पर्णी।

angustirostrate—(L. *angustus*, narrow; *rostum*, beak) संवाध; चंचुवी; संकुचित थूथनकी; पतली चोंच या थूथन वाला।

anholocyeclic—(Gk. *an*, not; *holos*. whole *kyklos*, circle) स्थायी अनिषेकज; ऐसा संतति विपर्यय (alternation of generation) जिसमें लैंगिक भाग नहीं होता है।

animal—(L.*anima*, air; life) जन्तु; पशु; जानवर। इस शब्द के लिये 'प्राणी' या 'जीव' शब्द का प्रयोग अनुचित है; क्योंकि प्राणी या जीव (living being) प्रत्येक जीवधारी को, चाहे वह जन्तु हो या वनस्पति (plant) कह सकते हैं।

animal kingdom—जन्तु जगत; जन्तु राष्ट्र।

animal pole—जन्तु ध्रुव।

animal psychology—जन्तु मनोविज्ञान; आचरण विज्ञान।

animate—(L. *animatus*, animate) सजीव; चेतन।

anion—(Gk. *ana*, up; *ienai*, to go) ऋणायन; वह ऋण (—) कण या आयन (ion) जो धनात्मक (+) ध्रुव की ओर जाता है।

anisocarpous—(Gk. *anisos*, unequal; *karpos*, fruit) न्यून अण्डपी; असमअण्डपी; ऐसा फल जिसमें अण्डप असमान होते हैं।

anisocercal—(Gk. *a*, not; *isos*, equal; *kerkos*, tail) असमदल (पुच्छ)। ऐसी पूँछ जिसमें पुच्छ-क्षेपणि (tail fin) के दल छोटे बड़े हों; असमदल कहलाती हैं।

anisochela—(Gk. *a*, not; *isos*, equal; *chele*, claw) असमदल चुंगुल (chela)

anisodactylous—(Gk. *a*, not; *isos*, eqnal; *daktylos*, finger) असमांगुलीय; ऐसे पक्षी जिसमें सव अँगुलियाँ (toes) अर्थात् पादांगुलियाँ वरावर की न हों। पक्षी वर्ग के एक पुराने वर्गीकरण (classifica tion) में प्रयुक्त शब्द।

anisogamete—(Gk. *anisos*, unequal; *gametes*, spouse) असमयुग्मक; असम जन्यु। ऐसा युग्मक या जन्यु (gamete) जो माप (sise) व आकृति (form) में भिन्न हो।

anisogamy—(Gk. *a*, not; *isos*, equal; *gamos*, marriage) असमयुग्मन; असम जन्यु संयोग; असम निषेकाणु संयोग; असमाणु संयोग। ऐसी संयोजिता या संयुग्मन (conjugation) जिसमें सयुक्त होने वाले युग्मक या निषेकाणु (geamete) एक से न हों।

anisognathous—(Gk. *a*, not; *isos*, equal; *gnathos*, jaw) असम-हनुदंतीय। (वे जन्तु) जिनमें ऊपर और निचले हनु या जवड़ों (jaws) में एक से दांत न हों।

anisomerous—(Gk. *anisos*, unequal; *meros*, part) असमानखण्डी; असमान दल चक्री, पुष्प दल चक्रों में असमान संख्या के भागों का होना।

anisophylly—(Gk. *anisos*, unequal; *phyllon* leaf) असमपर्णी।

anisopleural—(Gk. *anisos*, unequal; *pleura*, side) असमपार्श्वीय।

anisopleure—(Gk. *anisos*, unequla; *pleura*, side) असमांशी सृपीपाद।

(देखिये gastropoda गैस्ट्रोपोडा)

anisopoda—(Gk. *a*, not; *isos*, equal; *pous*, foot) असमपाद।

anisopogonus—(Gk. *anisos*, unequal; *pogon*, beard) असमजालपादी।

anisopterus—(Gk. *anisos*, unequal; *pteron*, wing) असमपक्षीय।

anisospore—(Gk. *anisos*, unequal; *sporos*, seed) असमवीजाणु; द्विरुपीस्पोर; ऐसा स्पोर या वीज जिसमें दो विभिन्न माप के लिंगी कारक हों।

anisostemonous—(Gk. *anisos*, unequal; *stemon*, spun thread) असम पुंकेसरी;।

anisotropic—(Gk. *a*, not; *isos*, equal; *trepein*, to turn) विषमदैशिक; असमघूर्णी; निश्चताक्ष; निश्चित ध्रुवी। (वे डिम्ब) जिसमें पहले से ही अक्ष रेखाये (axes) निश्चित हों। (देखिये isotropic—समघूर्णी)।

ankle—टखना; गुल्फ।

ankylosis=anchylosis—q.v. संसक्ति; अस्थि-समेकन।

anlage—(Gk. *anlage*, predisposition) मौल; मूलांग। वृद्धि-शील भ्रूण (developing embryo) में पाया जाने वाला वह कोशिका प्रवृति अंग संचय (accumulation of cells); जिसको किसी रचना (structure) अंग(organ) या भाग (part) का प्राथमिक मूल समझा जा सकता है।

annectent—(L. *annectere*, to bind together) मध्यवर्ती; संवद्ध। किन्हीं दो जीनस या वंश (genus) या जाति (species) के बीच के सम्बन्धियों को मध्यवर्ती कहते हैं।

annellida=annulata—(L. *annulus*, ring; Gk. *eidos*, resemblance। ऐनेलिडा; मुद्राखण्डो, अकशेरूक का एक फाइलम।

annotinous—(L.*arnnus*, yea) गतवर्षज; एकवर्षीय ; पिछले एक वर्ष में वृद्धि।

annual—(L. *annus*, year) वार्षिक।

annular—(L. *annulus*, ring) मुद्राकार, वलयाकार।

annulate—(L. *annulus*, ring) मुद्राकार; मुद्राखण्डी; मुद्राकार खण्डों वाला।

annulus—(L. *annulus*, ring) मुद्राखण्ड; वलय वलयिका।

anoestrus—(Gk. *an*, not; *oistrous*, gadfly) अस्यैति, अजननकाल; सम्भोग की इच्छा न होना।

anomaly—(Gk. *a*, not; *homalos*, even) असंगति; नियम-विरोध; नियम-च्युति; नियम-भ्रष्टता; आदर्श-विरोध; आदर्श-भ्रष्टता; आदर्श-च्युत।

anomophyllous—(Gk *anomalos*, irregular; *phyllon*, leaf) असंगत पर्णी; अक्रमिक पर्णी; बिना क्रम के पत्तियाँ का लगा होना ।

anomura—ऐनोम्यूरा; क्षीणोदर; क्रस्टेशिया (केकडा-वंशी) वर्ग का एक उपगण (suborder); जिसमें उदर (abdomen) अत्यन्त क्षीण (reduced) होता है ।

anorganology—(Gk. *a*, not; *organon*, instrument; *logos*, discourse) अप्राणी विज्ञान; निर्जीव अध्ययन ।

anosmatic—(Gk. *a*, without; *osme*, smell) निघ्राणी ।

anosmia—(Gk. *a*, without; *osme*, smell) घ्राण संवेदना) हीन ।

anostraca—(Gk.*a*, not, *ostrakon*, shell) ऐनॉस्ट्रेका; क्रस्टेशिया (केकड़ा-वंशी) वर्ग का एक गण (order) जिसमें कवच (carapace) नहीं होता ।

anoxybiotic—(Gk. *a*, not; *oxys*, sharp, *biotos*, means of life) निर्वायु जीवी—
देखिये (anaerobic निर्वायु जीवी)

ansa—(L. *ansa*, handle) सिक्त ।

anserine—(L. *aner*, goose) ऐन्सेरिन; पक्षियों की पेशी का एक घटक (constituent)—
($C_6 H_{16} O_3 N_4$) ।

ansiform—(L. *ansa*, handle; *forma*, shape) सिक्तोपम ।

antagonist—(Gk. *antagonistes*, adversary) विरोधी; मुख्य गति देने वाली पेशी के विरोध में कार्य करने वाली पेशी ।

antambulacral—(Gk. *anti*, against; *brachium*, arm; L. *ambulare*, to walk) अपाददेशीय ।

antapex—(Ck. *anti*, opposite; L. *apex*, tip) मेखलापश्च शिखर; डाइनोफ्लैजिलैटा में मेखलापश्च (hypocone) का शिखर ।

antapical—(Ok: *anti*, opposite; L. *apex*, tip) शिखर अभिमुखी क्षेत्र ।

antebrachinm—(L. *ante*, before; *brachium*, arm) अग्रबाहु; प्रकोष्ठ; अधोबाहु ।

anteclypeus—(L. *ante*, before; *clypeus*, shield) अग्रक्लाइपियस (देखिये postclypeus पश्चक्लाइपियस)।

antecubital—(L. *ante*, before; *cubitus*, elbow) कोफणी अग्र; अग्रकुहनी; कुहनी से आगे का भाग ।

antedorsal—(L. *ante*, before; *dorsum*, back) पृष्ठाग्र ।

antefrous—(L. *ante*, before, *frons*, forehead) ललाटिका अग्र; किन्हीं कीटों में ललाटिका (fr ons) का श्रृंगिका या स्पर्शक (antenna) के अधो भाग के आगे का भाग ।

antelabrum—(L. *ante*, before; *labrun*, lip) अग्रोष्ठ अग्र; ।

antemarginal—(L. *ante*, before; *marge*, edge) तटीबीजाणुधानी पुंज; फर्न पत्र (frond) के तट पर स्थिति बीजाणुधानी पुंज (sori) ।

antenna—(L. *antenna*, a sail yard) श्रृंगिका; स्पर्शतन्त्र; स्पर्शक; कीट (iusect) और क्रस्टेशिया (केकड़ावंशी) जन्तुओं के सिर पर स्थिति, जोड़दार स्पर्श ज्ञानेन्द्रियाँ।

antennary—स्पर्श तन्त्रीय ।

antennule—(Dim. of *anterior*) लघु स्पर्श तन्त्र स्पर्शोपतन्त्र लघु श्रृंगिका; प्रश्रृंगिका ।

antepetalous—L. *ante*, before, Gk. *petalon*, leaf) पखुडी अग्र; दलाभिमुखी; ।

anteposed—सम्मुख ।

anteposition—(L. *ante*, before, to place) उपस्थिति ।

antepronotum—(L. *ante*, before Gk. *pro*, before; *noton*, back) अग्रपृष्ठिका अग्र; पूर्याग्र पृष्ठक ।

anteriad—अग्र दिशी ।

anterior—(L. *antenna*, former) अग्र; अग्रवर्ती; अग्रस्थ; अग्र भागस्थ ।

anterior abdominal vein—अग्र उदर शिरा; निम्नोदर शिरा।
anterior border—अग्रवर्ती किनारा; अग्रतट।
anterior commissure—अग्र संधावनी; अग्र सम्बन्धक।
anterior end—अग्र या अग्रिम छोर।
anterior fontanelle—अग्ररन्ध्र; ब्रह्मरन्ध्र।
anterior nares—अग्रनासाद्वार; नासा पुरोद्वार।
antero-dorsal—अग्रपृष्ठस्थ।
antero-lateral—अग्रपार्श्वीय।
antero-inferior—अग्राधरस्थ; अग्रोधोवर्ती।
antero-superior—अग्रोर्ध्व।
antero-ventral—अग्रोधर।
anthecology—(Gk. *anthein* to bloom; *logos*, discourse) पुष्पपारिस्थिति की।
anthela—(Gk. *anthein*, to bloom) ऐन्थेला; एक प्रकार का ससीमाक्षी पुष्पक्रम (cymose inflorescence)।
anther—(Gk. *anthos*, flower) परागकोश, पुंकेसर (stamen) का वह भाग जिसमें पराग कण होते हैं।
anther lobe—परागकोशक।
antheridial cell—(Gk. *anthos*, flower; *idion*, *dim.*; L. *cella*, compartment) पुंधानी कोशिका।
antheridiophore—(Gk. *anthos*, flower; *idion*, *dim.*, *pherein*, to bear) पुंधानीधर; पुंयुग्मकधारी; एक युग्मकधारी जिसमें पुंधानी (antheridia) होते हैं।
antheridium—(Gk. *anthos*, flower; *idion*, dim.) पुंधानी; क्रिप्टोगैम (cryptogams) का अंग या धानी जिसमें नर लैंगिक कोशिकायें उत्पन्न होती हैं।
antherozoids, antherozooids—(Gk. *anthos*, flower, *zoon*, animal; *eidos*, form) पुंधानीनर कोशिकायें; पुमणु।
anthesis—(Gk, *anthos*, flower) प्रफुल्लन; कलिका विवृतिता; पुष्प कलिका (कोरका) के खुलने का समय या काल।
anthobian—पुष्पभक्षी।
anthoblast—(Gk. *anthos*, flower, *blastos*, bud) पुष्पज।
anthocarpous—(Gk. *anthos*, flower; *karpos*, fruit) संग्रथित फल; समस्त पुष्प क्रम में संपरिवर्तन से बना फल; जैसे सोरोसिस (sorosis)—कटहल, अनन्नास, शहतूत; और साइकोनस (syconus) जैसे बरगद, पीपल अंजीर, गूलर आदि।
anthocaulis—(Gk. *anthos*, flower; L. *caulis*, stem) एन्थोकॉलस; अबिम्ब यष्टि; मेड्रीपोर (madreporc) वर्धन की अन्नापाचक मुकुल (trophozooid) का यष्टि (pedicle)।
anthocodia—(Gk. *anthos*, flower; *kodeia*, head) ऐन्थोकोडिया; अल्सायोनेरिया (Alcyonaria) जन्तुओं में जन्तु कलिका (zooid) का दूरस्थ भाग (distal portion) जिस पर मुंह और टेन्टिक्लि (tentacle) होते हैं।
anthocyanin—(Gk. *anthos*, flower; *kyanos*, dark blue) ऐन्थोसाइएसिन; फूल पत्ती और तनों का नीला या बेजनी रंग।
anthocyathus—(Gk. *anthos*, flower; *kyathos*, cup) जन्तुमुकुल मुकट; मेड्रीपोर (madrepore) वर्धन में जन्तु मुकुल (trophozooid) का बिम्बीय मुकट (discoid crown) स्थिति।
anthodium—(Gk. *anthos*, flower; *eidos*, form) ऐन्थोडियम; मुण्डक; कम्पोजिटी कुल (compositae family) का पुष्प क्रम।
anthogenesis—(Gk. *anthos*, flower; *genesis*, descent) नरमादा उत्पादन; अलैंगिक प्रकार से नर और मादा दोनों का पैदा होना जैसे, कुछ ऐफिड्स (aphids) में।
anthomedusae—(Gk. *anthous*, flower; *medusa*

बैक्टीरिया और वाइरस के आक्रमण से रक्षा करना होता है। प्रतिरक्षी और प्रतिजन मिलकर परजीवियों का नाश करते हैं। प्रतिरक्षी रुधिर में रहते हैं तथा इनका निर्माण लसीकाणु (lymphocytes) प्लाज़्मा कोशिकाओं (plasma cells) और सम्भवतः वृहत् भक्षकाणु (macrophages) से जटिल विधि से होता है। एक बार निर्मित हो जाने पर यह रुधिर में बने रहते हैं जिससे इसी प्रकार के परजीवी से रोधक्षमता बनी रहती है। विषाणुरोपण (vaccination) या निवेशन (inoculation) रोगों के प्रति रोधक्षमता प्रतिरक्षीयों द्वारा ही प्राप्त होती है।

antibrachium = antebrachium—(Gk. *anti*, against; L. *brachium*, arm) अग्रबाहु; प्रकोष्ठ।

anticipation—(L. *antc*, before; *capere*, to take) पूर्ण ज्ञान।

anticlinal—(Gk. *anti*, against; *klinein*, to bend) अपनतिक; ऋजुकूटक वक्षीय कशेरु; सीधी कूट युक्त वक्षीय कशेरू।

anticoagulin—(Gk. *anti*, against; L. *coagulum*, rennet) प्रतिस्कन्दक; अथक्कीय (पदार्थ); रक्त का थक्का बनने से रोकने वाला पदार्थ जैसे हिरुडिन (hirudin)।

anticryptic—(Gk. *anti*, against; *kryptos*, hidden) अगोपक।

antidromic—(Gk. *anti*, against; *dromos*, running) प्रतिगमन; प्रति चलन; विपरीत चलन; सामान्य दिशा के विपरीत चलन जैसे उत्तेजना का अक्षक (axon) से तंत्रिका कोशिका की ओर चलन।

antidromy—(Gk. *anti*, against; *dromos*, running) प्रतिगामी।

antienzyme—(Gk. *anti*, against; *en*, within; *zyme*, leaven) अक्षोभक; प्रतिऐन्जाइम।

antigem—(Gk. *anti*, against; *genos*, birth) ऐन्टीजन; प्रतिरक्षज; प्रतिजन; वह पदार्थ जो शरीर के तरल में क्रमिक कार्य की रसायनिक (physiologico-chemical) परिवर्तन लाने हैं जिससे शरीर में प्रतिरक्षी बनते हैं।

antihelix—(Gk. *anti*, against; *helix*, convolution) नतोत्तुंग; कान के हेलिक्स (helix) के समक्ष एक मुड़ी हुई उत्तुंग।

antihormones—(Gk. *anti*, against; *hormao*, I excite) एन्टीहार्मोन; अउद्दीपक; उद्दीपक ह्रासक।
(देखिये-chalones उद्दीपकह्रासक)

antipepsin—(Gk. *anti*, against; *pepsis*, digesting) पेपसिन नाशक (ह्रासक)।

antimere—(Gk. *anti*, against; *meros*, part) अरांश; प्रतिखण्ड।

antineuritic—(Gk. *anti*, against; *neuron*, nerve) प्रतितंत्रिकी; विटामिन बी. 1 इस की कमी से पोलीन्यूराइटिस (polyneuritis) नामक रोग होता है।

antipepsin—(Gk. *anti*, against; *pepsis*, digesting) पेप्सिन प्रतिरोधी; आमाशय का स्राव जिससे पेप्सिन की क्रिया अवरुद्ध हो जाती है।

antipetalous—(Gk. *anti*, opposite; *petalon*, petals) प्रति पंखुडिक; प्रति दलपुंजक; ऐसे पुष्प जिनमें पंखुडियों के सम्मुख पुंकेसर (stamens) होते हैं।

antipodal—(Gk. *anti*, against; *pous*, foot) प्रतिव्यासांत।

(१) भ्रूणाशय (embryosac) में कलाजा (chalaza) छोर पर तीन कोशिकाओं का समूह।

(२) तरकुट (spindle) सूत्रों के अविमुख तारा-किरणों (astral rays) का एक शंकु (cone)।

antipygidial—(Gk. *anti*, against; *pygidion*, narrow rump) प्रतिपश्च परिकीय कच; पिस्सुओं (fleas) में सातवें उदर खण्ड के कच (bristles) जो पश्च पटिका (pygidium) तक फैले होते हैं।

antirachitic—(Gk. *anti*, against; *rhachis*, spine) एन्टीरेकिटिक: प्रति शिथिल संधिक; विटामिन

'डी' जिसकी कमी से अस्थि शिथिल संधि (rickets) नामक रोग होता है।

antiscorbutic—(Gk. *anti*, against, L.L. *scorbutus*, scurvy) प्रतिस्कर्वी; विटामिन सी'; एस्कोरविक अम्ल; इसकी कमी से स्कर्वी (scurvy) नामक रोग होता है।

antisepalous—(Gk. *anti*, opposite; F. *sepale*, from L. *separare*, to separate) प्रतिवाह्यदली; ऐसे पुष्प जिनमें पुंकेसर (stamens) वाह्यदल (sepals) के अभिमुखी होते हैं।

antiseptic—(Gk. *anti*, against; *sepsis*, putrefaction) विपाणुनाशक; प्रतिरोधी।

antispadix—(Gk. *anti*, against; *spadix*, palm branch) प्रति-स्पोडिक्स; नोटिलस (Nautilus) जन्तु के आन्तरिक पार्श्व दलों में चार परिणत (modified) स्पर्शकों का समूह।

antisquama—(Gk. *anti*, against; *squama*, wing) प्रतिशल्किका; स्क्वेमा ऐलेरिस

antistyle—(Gk. *anti*, against; L. *stilus*, pricker) प्रतिशूकिका;।

antitegula—(Gk. *anti*, against; L. *tegula* tile) प्रतिशल्किका।

antithetic—(Gk. *antithesis*. opposition) पीढ़ी-एकान्तरण; (१) दुगुणित (डिप्लाइड) और अर्धसूत्री (haploid) संततियों का विपर्यय । (२) स्पोरधारी (वीजाणु-उद्भिद) और युग्मकोद्भिद (gametophyte) संततियों का विपर्यय।

antithrombin—(Gk. *anti*, against; *thrombos*, clot) थक्कारोधक।

antitoxin—(Gk. *anti*, against; *toxicon*, poison for arrows) प्रतिजीव विष; विषनाशक।

antitrochanter—प्रतिशिखरक; एन्टीट्रोकैन्टर; पक्षीओं में इलियम (ileum) पर पाया जाने वाला सन्धि तल (articular surface) जिसमें फीमर का ट्रोकेन्टर (trochanter) घूमता है।

antitropic—(Gk. *anti*, against; *trope*, turn) असमान वृत्ती; अभिमुख दिशी।

antitropous—(Gk. *anti*, against; *trope*, turn) विलोमी; विलोमदिकी; ऐसे भ्रूण (embryos) जिनमें मूलांकुर (radicle) नभिका (hilum) से उलटी दिशा में होती है।

antilia—(L. *antlia*, pump) ऐन्टीलिया; उत्तूल। शल्कीपक्षक (लेपिडॉप्टेरा—lepidoptera) का चक्राकार (spiral) चूपक (suctorial) शुंड (proboscies)।

antlers—सींघ, शाखाओं वाले सींघ, जैसे वारहसिंघा में होते हैं।

antlia—(L. *antlia*, pump) चक्राकार तुण्ड; तनुपक्षक (lepido,:tera) में पेचदार घूमने वाली ग्रोथ या तुण्ड।

antorbital—(L. *ante*, before; *orbs*, circle) नेत्र-गुहाग्र; नेत्रगुहा के आगे स्थित; अग्राक्षि।

antrum—(L. *antrum*, cavity) गह्वर; गुहा (cavity) या कुल्या (sinus) जैसे मैक्सीलरी (maxillary) कुल्यां (sinus), पाइलोरस गुहा (cavity)।

anura—(Gk. *a*, without; *aura*, tail) निष्पुच्छ; ऐम्फीविया वर्ग का एक उपवर्ग (subclass) या गण (order), जिनमें प्रौढ़ जन्तु (adult animal) विना दुम वाला होता है, जैसे मेंढक।

anus (anal aperture)—गुदा; पायु; मलद्वार; भोजन नली (alimentary canal) का पिछला द्वार, जिससे विष्ठा (faeces) निकलती है।

aorta—(Gk. *arte*, the great artery) आयोटा; वृहद्धमनी; महाधमनी।

aortic arch—महाधमनी चाप; वृहद्धमनी वलय; वृहधमनी सम्बन्धी वलय।

apatetic—(Gk. *apatetikos*; fallacious) भ्रमकारी; वचक; छद्म (रंग या आकार)।

aperiodic—अनावर्ती।

aperture—छिद्र; रंध्र।

aperispermic—(Gk. *a*, without; *peri*, around;

sperma, seed) पुष्टि ऊतकी हीन; अपुष्टि ऊतकी बीज; ऐसे बीज जिनमें पोषण ऊतक (nutritive tissue) का अभाव होता है।

apetalous—(Gk. *a*, without; *petalon*, petal) अदली, दल (petal) हीन।

apex—(L. *apex*, summit) शीर्ष; शिखर; शिखाग्र; चोटी; मूर्धा; ऊपरी भाग; शिखा।

aphanipterous—(Gk. *aphanes*, unseen; *pteron*, wing) अदृष्टपक्ष।

apheliotropism—(Gk. *apo*, away; *helios*, sun; *trepein*, to turn) प्रकाश-पराङ्गमुखी वृत्ति; प्रकाश की ओर से हटाने वाला स्वभाव।

aphodal—(Gk. *apo*, away; *hodos*. path) निर्गमिका मय।

aphodus—(Gk. *apo*, away; *hodos*, path) निर्गमिका।

aphotic—(Gk. *a*, without; *phos*, light) प्रकाश हीन; निष्प्रकाशी।

aphyllous—(Gk. *a*, without; *phyllon*, leaf) अपर्णी; विना पत्ती वाले; पत्तीहीन।

aphylly—(Gk. *a* without; *phyllon*, leaf) पत्ती हीनता; अपर्णता।

apical—(L. *apex*, summit) मूर्धन्य; शिखरस्थ; शिखाग्र।

apical plate—शिखाग्रपट्ट; मूर्धन्य पट्ट।

apical system—मूर्धन्य तन्त्र; शिखाग्र तंत्र।

apiculate—(*Dim*, of L. *apex*, summit) साग्रक।

apiculus—(*Dim*, of L. *apex*, summit) शिखान्तक; पर्णाग्र; स्पोरान्तक।

apilary—(Gk. *a*, not; *pilos*, felt cap) उर्ध्वोष्ठहीन।

apiloxin—(L. *apls*, bee; Gk. *toxikos*, poison) एपीटोक्सिन; मुख्यविष; प्रधान विष; मधु मक्षिका विष का प्रधान तत्व।

apituitarism—(L. *a*, away; *pitiuta*, phlegm) पिट्यूटरी स्राव हीनता; पिट्यूटरी ग्रन्थि के स्राव में कमी हो जाना या बिल्कुल बन्द हो जाना।

aplacental—(L. *a*, not; *placental*, flat cake) कमलहीन; निष्कमल।

aplacophora—(Gk. *a*, not; *plax*, aplate; *pherein*, tobear) निष्पट्ट; फाइलम मौलस्का (कवचधारी) के ऐम्फ़ीन्यूरा (amphinur॰) वर्ग (class) का एक गण (order)।

aplanogametangium—(Gk. *a*, not; *planos*, wandering; *gametes*, spouse; *anggeion*, vessel) अचलयुग्मकज; ऐसी कोशिका जिसमें अचल युग्मकों का निर्माण होता है।

aplanogamete—(Gk. *a*, not; *planos*, wandering; *gametes* spouse) अचल युग्मक।

aplanospore—(Gk. *a*, not; *plamos*, wandering; *sporos*, seed) अचल स्पोर; शैवाल (algae) का गति हीन विश्रामिक स्पोर।

aplerotic—अल्पसंभृत; अपरिपूरक,

aplasia—(Gk. witho t; *plassein*, to mould) अवरूद्ध वर्धन; अवर्द्धन।

aploperistomatous—(Gk. *aploos*, single; *peri*, around; *stoma*, mouth) दन्त परिमुखी; एक पंक्ति दंन्त परिमुखी; एक पंक्ति दन्त युक्त परिमुख (peristome) जैसे मॉस (moss) में।

aplostemonous—(Gk. *aploos*, single; *stemon*, spun thread) एक पंक्ति पुंकेसरी।

apneustic—(Gk. *a*, without; *pneustos*, breath) आच्छेदवातछिद्री; बन्द या अनुपस्थिति बात छिद्री, जैसे कीटों के जलीय लारवा (larva)।

apocarpous—(Gk. *apo*, away; *karpos*, fruit) वियुक्तांडपी।

apocarpy—(Gk. *apo*, away; *karpos*, fruit) विमुक्तांडपता; बहुअंडपता।

apochlorosis—(Gk. *apo*, away; *chloros*, grass green) अहरीत; क्लोरोफिल हीन। कषाधारियों (flagcllata) में क्लोरोफिल का न होना।

apogeny—(Gk. *apo*, away; *genesis*, descent) अपजनन ।

apogyny—जायांगवन्धयता ।

apolysis—प्रमोचन ।

apocrine—(Gk. *apo*, away; *krinein*, to seperate) ऐपोक्राइन; अशस्रावी; ऐसी ग्रन्थि जो केवल कोशिका के आंशिक तत्वों का निर्माण करते हैं ।

(देखिये- holocrine होलोक्राइन-पूर्णस्रावी)

apocyte—(Gk. *apo*, away; *kytos*, hollow) बहुनाभिक कोशिक; बहुअष्टिक कोष्ठ ।

apoda—(Gk. *a*, without; *pous*, foot) अपादी । ऐसे पक्षी व सर्प जाति के जन्तु जिनके पैर या पूँछ मे पर न हो तथा मत्स्य जिनके अधर फिन न हों ।

apodal=**apodus**—(Gk. *a*, without; *pous*, foot) अपादी, अपाद ।

apodema=**apodeme**—(Gk. *apo*, away; *demos*, body) ऐपोडीमा; आर्थोपोडा-सन्धि पादों में अन्तःअस्थि प्रवर्द्धन ।

binary nomenclature = binominal nomenclature—द्विपद; द्विशब्दीय नामकरण। जन्तुओं और पौधों की जाति या स्पीशीज (species) के नाम देने की वर्तमान विधि। जब किसी नवीन अंगी का पता चलता है, तो उसका वर्णन सर्वप्रथम अधिकतर लेटिन (latin) भाषा में छापा जाता है और उसका नाम भी लेटिन में ही दिया जाता है। नाम दो पदों (भागों) में होता है। एक स्पीशीज का द्योतक तथा दूसरा वंश (genus) का द्योतक होता है। वंश का नाम बड़े अक्षर से तथा जाति का नाम बाद में छोटे अक्षर से लिखा जाता है जैसे Rana tigrina या Rana temporaria आदि। यह वैज्ञानिक नाम इटेलिक (italics) टाइप में लिखे जाते हैं। उस वैज्ञानिक का नाम अधिकतर सक्षिप्त जो जाति का वर्णन करता है द्विपद के अन्त में लिखा जाता है जैसे Rana tigrina Daiid.; canis lupus linn. [Daud=Daudin; & Linn=Linnaeus] नाम दिये जाने या बदले जाने की देख-भाल एक अन्तर्राष्ट्रीय कमेटी द्वारा होती है। द्विपद नामकरण विधि आरम्भिक प्राणिविज्ञान वेत्ताओं द्वारा आरम्भ की गई थी। पर सर्वप्रथम अठारहवीं शताब्दी के मध्य में लीनियस (Linnaeus) द्वारा विधिवत प्रयोग में लाई गई। इसी कारण लीनियस द्वारा अपनी पुस्तक Species Plantarum (1753) में प्रयोग में लाये गये नाम और Systema Naturae (1758) के दसवें संस्करण में प्रयोग में लाये गये नाम वनस्पतियों और जन्तुओं के नामों का आधार बने हुए हैं।

binate—(L. *bini*, two by two) द्विपत्रक-पर्ण; युगल प्रभवी; युग्मी ।

binocular—(L. *bini*, pair; *oculus*, eye) सम्पर्क-दृष्टि; त्रिविम दृष्टि ।

binomial—(L. *bis*, twice; *nomen*, name) द्विशब्दीय ।

binomialism—(L. *bis*, twice; *nomen*, name) द्विशब्दीय नामकरण पद्धति ।

binovular—(L. *bini*, pair; *ovum*, egg) द्वि-निषिक्त डिम्बी, जैसे जुडवाँ आदि ।

binuclear=**binucleate**—द्विनाभिक; द्विकेन्द्रक; द्वि अष्टिक; दो न्युक्लियस युक्त ।

bioblast—(Gk. *bios*, life) वायोब्लास्ट; जीवज; जैवज; एक काल्पनिक इकाई ।

biocatalyst—(Gk. *bios*, life; *katalysis*, dissolving) ऐन्जाइम, क्षोभक; (जैव) उत्प्रेरक ।

biocellate—(L. *bis*, twice; *ocellus*; dim. of oculus, eye) द्विनेत्रिका युक्त ।

biochemistry—(Gk. *bois*, life; *chemos*, juice) जीव रसायन विज्ञान; प्राणी सम्बन्धी रसायन विज्ञान ।

biochore—(Gk. *bios*, life; *choris*, seperate) जैवसीमा; वनस्पति या जन्तु समूह क्षेत्र की सीमा ।

biochrome—(Gk. *bios*, life; *chroma*, colour) जैववर्णक; वनस्पति और जन्तुओं का कोई भी प्राकृतिक वर्ण (रंग) ।

biocoenosis—(Gk. *bios*, life; *koinos*, common) भोजन क्षेत्र संगति ।

biocycle—(Gk. *bios*, life; *kykos*, place of assembly) जैव चक्र; जीव मण्डल के तीन मुख्य विभाजनों में से एक—सामुद्रिकी या स्वच्छ जलवासी, या भौमिक ।

biodynamics—(Gk. *bios*, life; *dynamis*, power) जीव गतिकी ।

bioelectric—(Gk. *bios*, life; *elektron*, amber) जैव विद्युत; जैव या जीवितों में विद्युत द्वारा उत्पन्न विद्युत धारा ।

bioenergetics—(Gk. *bios*, life; *eenergia*, action) जीवोर्जा विज्ञान; जीवितों (अंगीयों) द्वारा उर्जा रूपान्तरों का अध्ययन ।

biogen, biogene—(Gk. *bios*, life; *genos*, descent) वायोजीन; एक जैव परमाणु; एक काल्पनिक इकाई ।

biogenesis—(Gk. *bios*, life; *genesis*, birth) जीवात् जीवोत्पत्ति; परतन्त्रोत्पादन; परतन्त्रोत्पत्ति । जीव जीवों से ही उत्पन्न हो सकते हैं—यह मत ।

(देखिये abiogenesis)

biogenetic law=**recapitulation theory**—प्रजाति-आर्वतन नियम; पुनरावलोकन वाद या मत ।

(देखिये recapitulation theory)

biogenous—(Gk. *bios*, life; *genos*, offspring) जीव-जीवी; जीवित पर जीवित का रहना; परजीवी ।

biogeny—(Gk. *bois*, life; *genesis*, birth) जीव-विकास सिद्धान्त; जीवोत्पत्ति विज्ञान । इस विज्ञान में व्यक्तिवर्धन विज्ञान (autogeny) और जाति विकास विज्ञान (phylogeny) दो शाखाएँ सम्मिलित हैं ।

biogeochemistry—(Gk. *bios*, life, *ge*, earth; *chymos*, juice) जीव भू रसायन; रसायनिक तत्त्वों का जीवितों में वितरण आदि का भौगोलिक परिस्थितियों के साथ अध्ययन ।

biogeography—(Gk. *bios*, life; *ge*, earth; *graphein*, to write) जीवभूगोल; जैवभूगोल; जीव प्रसार विज्ञान । इसके अन्तर्गत दो शाखाएँ हैं—(१) जन्तु भूगोल (zoogeography) और (२) वृक्ष भूगोल (phytogeography) ।

biological—(Gk. *bios*, life; *logos*, discourse) जैव; जैविक; जीव (या प्राणी) वैज्ञानिक; जीव (या प्राणी) शास्त्रीय; प्राणी विज्ञान सम्बन्धी ।

biologist—(Gk. *bios*, life; *logos*, discourse) जीव

या प्राणी विज्ञानवेत्ता: जीव वैज्ञानिक; जीव या प्राणी शास्त्री।

biology—(Gk. *bios*, life; *logos*, discourse) जीव विज्ञान; जैविकी; प्राणी विज्ञान।

bioluminescence—(Gk. *bios*, life; L. *luminescere*, to grow light) जैवी संदीप्ता; जैव प्रकाशोत्पन्नता; कुछ बैक्टीरिया, फंजाई तथा कुछ अन्य जन्तुओं द्वारा प्रकाश उत्पन्न करना।

biolysis—(Gk. *bios*, life; *lysis*, loosing) जैव अपघटन; जीवितों द्वारा उत्पन्न कार्बनिक पदार्थों का अपघटन।

biomass—(Gk. *bios*, life; *massein*, to squeeze) जैवभार; जीवभार; जैवमात्रा; अंगीयों का एक इकाई क्षेत्र पर भार।

biome—(Gk. *bios*, life) जैवजाति; जैवादर्श; जीवोम।

biometeorology—(Gk. *bios*, life; *meteoroiogia*, treatise on the heavenly bodies) जैव-मौसम विज्ञान; वनस्पति और पौधों पर पर्यावरण के प्रभावों का अध्ययन।

biometrics—(Gk. *bios*, life; *metron*, measure) जैवसांख्यिकी; बायोमेट्रिक्स।

biometrics=biometry—(Gk. *bios*, life; *metron*, measure) जीवमाप विज्ञान; जन्तु (जीव) मापनशास्त्र; जीव सांख्यिकी।

bion, biont—(Gk. *bion*, living) बायोन; अनाश्रितांगी। (देखिये morphon-अश्रितांगी)

bionergy—(Gk. *bios*, life; *energeia*, action) जैव शक्ति; प्राण भूत बल; शौर्य; पराक्रम।

bionomics—(Gk. *bios*, life; *nomos*, law) जीवपारिस्थति की; परिस्थतिकी विज्ञान; जन्तुओं के व्यवहार या वातावरण सम्बन्धी अध्ययन।

(देखिये ecology)

biophore—(Gk. *bios*, life; *pherein*, to carry) जीवधर; एक काल्पनिक इकाई।

biophotogenesis—(Gk. *bios*, life; *phos*, light; *genesis*, origin) जैव प्रकाशोत्पन्नता; वनस्पतियों और जन्तुओं द्वारा प्रकाश की उत्पत्ति (production) तथा उद्गार (emission)।

biophyte—(Gk. *bios*, life; *phyton*, plant) जीव पादप।

bioplasm—(Gk. *bios*, life; *plasma*, mould) जीवद्रव्य; जीव प्ररस; प्रोटोप्लाज्म।

bioplast—(Gk. *bios*, life; *plastos*, formed) जैव कण; जीवित प्रोटोप्लाज्म का वह छोटी से छोटी मात्रा जो स्वतः उत्पादन करने की क्षमता रखता हो।

biopsy—(Gk. *bios*, life; *opsis*, sight) जीवऊतक परीक्षा; जीवूति परीक्षा; बायाप्सी।

biorgan—(Gk. *bios*, life; *organon*, instrument) जैव अंग; कार्यकी अंग; ऐसा अंग जो कार्य की इकाई हो।

bios—(Gk. *bios*, life) जीवन; प्राणी; वृद्धिकारकों का समुदाय।

bioseries—(Gk. *bios*, life; L. *series*, row) जैवश्रेणी; आनुवंशिक लक्षण के क्रमिक परिवर्तन।

biosomes—(Gk. *bios*, life; *soma*, body) जैवकण; जैव पिण्ड; कोशिका द्रव्य (साइटोप्लाज्म) के संरचनक (structural) एवं कार्यकारी (functional) पिण्ड जैसे गोलाकारपिण्ड (chondriosomes); रंज्योपकणिका (chromidia) स्रावकण (plastids) आदि।

biosphere—(Gk. *bios*, life; *sphaira*, globe) जीव मण्डल; जैवभूमण्डल।

biostatics—(Gk. *bios*, life; *statos*, stationary) जीवसंरचना कार्यकी विज्ञान; वह विज्ञान जिसके अन्तर्गत जीव की संरचना का कार्य के सम्बन्ध के साथ अध्ययन किया जाता है।

biosystematics—वर्गीकरण विज्ञान।

biota—(Gk. *bios*, life) जैव समुदाय; प्राणी समुदाय; किसी क्षेत्र के जन्तु और वनस्पति समुदाय।

biotic—(Gk. *biotikos, pert,* life) प्राण-सम्बन्धी, जीवन सम्बन्धी; जीवीय ।

biotin—(Gk. *bios*, life) बायोटिन; विटामिन "एच" (H); $C_{10}H_{16}O_3N_2S$; यकृत मे पाया जाने वाला पदार्थ जो ईस्ट (yeast) की वृद्धि करता है।

biotonus—(Gk. *bios*, life; *tonos*, tension) जीव-सुस्थता; जीव के स्वांगीकरण (assimilation) और अपचय (dissimil-tion) का अनुपात।

biotope—(Gk. *bios*, life; *topos*, place) जैव-वास; ऐसा स्थल जहाँ जीव जीवित रह सकता है।

biotype—(Gk. *bios*, life; L. *typus*, image) जैवादर्श; समान समजीवी (genotype) के समस्त व्यक्ति।

biovulate—(L. *bis*, twice; *ovum*, egg) द्विबीजांडी; द्विबीजाणु; द्विडिम्बी ।

bipaleolate—(L. *bis*, twice; *palea*, chaff) द्विवेष्टनी; द्वितुपक; द्विपेलयुक्त ।

bipalmate—(L. *bis*, twice; *palma*, palm of hand) द्विपाणिवत; दलोउप; दल पर दल ।

biparietal—(L. *bis*, twice; *paries*, wall) द्विभित्तिक ।

biparous—(L. *bis*, twice; *parere*, to bear) यमसू; द्विप्रसवनी; एक वार में दो वच्चे देने वाली; द्विभाजी शाखीय ।

bipartite—(L. *bis*, twice; *partite*, to divide) द्विखण्डी ।

ipectinate—(L. *bis*, twice; *pecten*, comb) उभय-कंकती; उभयतल कंकती ।

biped—(L. *bis*, twice; *pes*, foot) द्विपादी; द्विपदी ।

bipenniform—(L. *bis*, twice; *penna*, feather; *forma*, shape) पिच्छोपम ।

bipetalous— L. *bis*, twice; Gk. *petalon*, leaf) द्विदली; द्विपंखुडिक ।

bipinnaria—(L. *bis*, twice; *pinna*, feather) द्विमेखला; एक प्रकार का डिंभक—जैसे ऐस्टेरोइड डिंभक ।

bipinnate—(L. *bis*, twice; *pinna*, feather) द्विपिच्छकी; युगलद्विपत्रक ।

bipinnatifid—(L. *bis*, twice; *pinna*, feather; *findere*, to cleave) द्विखण्डपर्णी; द्विविभक्त पर्णी; ऐसी पत्ती वाले जो वटी हों तथा वटी हुई पुनः वटी हों ।

bipinnatipartite—(L. *bis*, twice; *pinna*, feather; *partiri*, to divide) द्वि अंश खण्ड-पर्णी; (खण्डन मध्य-शिरा के समीप तक)।

bipinnatisect—(L. *bis*, twice; *pinna*, feather; *secare*, to cut) द्वि अंश खण्ड-पर्णी (खण्डन मध्य शिरा तक)।

biplicate—(L. *bis*, twice; *plicare*, to fold) द्विभांजी ।

bipocillus—(L. *bis*, twice; *pocillus*, little cup) द्विप्यालिका लघु कटिका ।

bipolar—(L. *bis*, twice; Gk. *polos*, pivot) द्विध्रुवीय; द्विध्रुवी ।

bipolarity—(L. *bis*, twice; Gk. *polos*, pivot) द्विध्रुवता ।

biradial—(L. *bis*, twice; *radius*, ray) द्विअरी; द्विअरसमांशी ।

biramose=biramous—(L. *bis*, twice; *ramus*. branch) द्विशाखी ।

birds—पक्षी; चिड़िया (see aves.) ।

birostrate—(L. *bis*, twice; *rostrum*, beak) द्वि चचुक प्रवर्धनी ।

birth pore—गर्भाशय छिद्र ।

biseptate—(L. *bis*, twice; *septum*, fence) द्विपटयुक्त; द्विव्यवधानी; द्विविभाजी।

biserial—(L. *bis*, twice; *series*, series) द्विपंक्तिक; द्विक्रमिक ।

biserrate—(L. *bis*, twice; *serra*, saw) द्विक्रकची; द्विदतुरी।

bispinose—द्विशूली।

bispore—द्विबीजाणु।

bisexual—(L. *bis*, twice; *sexus*, sex) द्विलिंगी; उभयलिंगी; वे जीव जिनके शरीर में नर (पुल्लिंग) तथा मादा (स्त्रीलिंग) दोनों प्रकार की जननेन्द्रियाँ (reproductive organs) एक साथ विद्यमान हों।

bistephanic—(L. *bis*, twice; Gk. *stephanos*, crown) बाईस्टीफैनिक; द्विबिन्दु स्पर्शी सेवनी।

bistipulate—(L. *bis*, twice; *stipule*, stem) द्वि-अनुपर्णी।

bistratose—(L. *bis*, twice; *stratum*, layer) द्विस्तर कोशिकीय; दो स्तरों में लगी कोशिकायें।

bisulcate—(L. *bis*, twice; *sulcus*, groove) द्विसीता युक्त; द्विपरिखी।

bitemporal—(L. *bis*, twice, *tempore*, temples) द्विशंखास्थियी; दो कनपटी (temporal) अस्थि युक्त।

biternate—(L. *bis*, twice; *terni*, three by three) द्वित्रिविभक्ती; दो बार तीन-तीन में विभक्त।

bivalent—(L. *bis*, twice; *valere*, to be strong) युगली; दुहरा; द्वैध।

bivalve—(L. *bis*, twice; *valvae*, folding doors) द्विकपाटी।

biventral—(L. *bis*, twice; *venter*, belly) द्वि-अधरीय।

bivittate—(L. *bis*, twice; *vita*, band) द्विधारीक, द्वितैलपात्री।

bivium—(L. *bis*, twice; *via*, way) बाइवियम; भुजाद्वय; द्विभुजी; एकाईनोटर्मेटा (echinodermeta) में यह दो किरण जिनके मध्य में जनन पट्ट (madreporite) रहता है।

bladder—(A. S. *placdre*, bag) थैली आशय।

bladder worm—ब्लैडरवर्म; स्योतिसिस्टोड; टेपवर्म जन्तुओं का डिंभक विशेष।

blade—फलक।

blade (shoulder)—फलक (अंसफलक)।

blandin's glands—(*P. F. Blandin*, French surgeon) ब्लानडिन्स ग्रन्थि; नूहन (Nuhn) ग्रन्थि; अग्रजीभी ग्रन्थियाँ।

blastaea—(Gk. *blastos*, bud) प्रकोरक; सिलिया युक्त प्लेनेरिया; (planarea); विकास की एक काल्पनिक स्थिति।

blastelasma—(Gk. *blastos*, bud; *elasma*, plate) मध्यजनन स्तर; एपीब्लास्ट और हाइपोब्लास्ट के बाद की बनने वाली कोई भी जनन स्तर।

blastemma—blastemata (pl) (Gk. *blastemma*, bud) बलास्टीमा; अकुर; अंग मूलांग; अडे या डिम्ब का निर्माणकारी भाग।

blastic—(Gk. *blastos*, bud) ब्लास्टिक; प्रकोरकी।

blastocarpous—(Gk. *blastos*, bud; *kerpos*, fruit) फलभित्तिक वर्धन; ब्लस्टोकारपस; फलभित्ति (pericarp) से घिरे होने पर भी वर्धन।

blastocheme—(Gk. *blastos*, bud; *ochema*, vessel) अन्तः मेडुसी उत्पादी; मेंडुसी के अन्दर उत्पादी व्यक्ति।

blastochyle—(Gk. *blastos*, bud; *chylos*, juice) एक स्तरगुहा रस; एक स्तर भ्रूण-ब्लास्टुला के गुहा के अन्दर पाया जाने वाला द्रव (fluid)।

blastocoel—(Gk. *blastos*, bud; *koilos*, hollow) ब्लास्टोसील; कोरकगुहा। एक स्तर गुहा; विभाजन कोटर या गुहा (segmentation-cavity)।

blastocolla—(Gk. *blastor*, bud; *kolla*, glue) कोरक चेप।

blastocone—(Gk. *blastos*, bud; *konos*, cone) कोरक शंकु; किन्हीं डिम्बों के विखण्डन में प्रथम परिधि विभाजन (circumferential division) की बाह्य दीर्घ कोशिका।

blastocyst—(Gk. *blastos*, bud; *kystis*, bladder) ब्लासटोसिस्ट; जनन कोषिका।

blastocyte—(Gk. *blastos*, bud; *kytos*, hollow) कोरक कोशिका।

blastoderm—(Gk. *blastos*, bud; *derma*, skin) ब्लासटोडर्म; कोरक-चर्म; एक स्तर पट;; उत्पादन विम्ब (germinal disc)।

blastodermic vesicle—एक स्तर पट-कोशिका; ब्लास्टोडर्मिक कोशिका।

blastodisc—(Gk. *blastos*, bud; *diskos*, disk) कोरक विम्ब; वर्धित डिम्ब का जनन क्षेत्र।

blastogenesis—(Gk. *blastos*, bud; *genesis*, birth) कलिकोत्पादन; कलिकाओं (buds) द्वारा उत्पत्ति प्रक्रिया या उत्पादन (reproduction)।

blastogenic—(Gk. *blastos*, bud; *genos*, offspring) कलिकोत्पादीय।

blastokinesis—(Gk. *blastos*, bud; *kinesis*, movement) भ्रूण गति; डिम्ब में भ्रूण की गति जैसे कुछ कीटों और सिफैलोपोडा (cephalopoda) में।

blastomere—(Gk. *blastos*, bud; *meros*, part) ब्लासटोमियर; कोरक-खण्ड; उत्पादन कोशिका; प्राथमिक कोष्ठ; भ्रूणकोशिका (zygote) के प्राथमिक विभाजन से उत्पन्न कोशिका (cell)।

blastoneuropore—(Gk. *blastos*, bud; *neuron*, nerve; *poros*, passage) कोरक पथ; कोरक रंध्र (blastopore) और तंत्रिका रंध्र (neuropore) को जोड़ने वाला अस्थाई पथ।

blastophore—(Gk. *blastos*, bud; *pherein*, to bear) कलिकाधारक।

blastophthoria—(Gk. *blastos*, bud; *phthora*, corruption) कोरक अपकारक; जनन कोशिका को हानिकारक या अपकारक पहुँचाने वाला प्रभाव।

blastopore—(Gk. *blastos*, bud; *poros*, passage) ब्लास्टोपोर; कोरक रंध्र।

blastosphere=blastula—(Gk. *blastos*, bud; *sphaira*, globe) एक स्तर; ब्लास्टुला।

blastospore—(Gk. *blastos*, bud; *sporos*, seed) कोरक स्पोर; ऐसा स्पोर जो कलिकोत्पादन से स्वयं बना हो तथा पुनः कलिकोत्पादन करने की क्षमता रखता हो, जैसे यीस्ट (yeast) का स्पोर।

blastostyle—(Gk. *blastos*, bud; *stylos* pillar) मेड्यूसाधारी; मेड्यूसा (medusa) उत्पन्न करने वाला मुकुल (zooid)।

blastozoite—(Gk. *blastos*, bud; *zoe*, life) कोरकजीव; ऐसा अंगी जो कलिकोत्पादन से उत्पन्न हुआ हो।

blastozooid—(Gk. *blastos*, bud; *zoon*, animal; *eidos*, form) कोरकमुकुल; डिम्बक कलिका। एसीडियन (ascidian) कालिकोत्पादन में बनी एक डिम्बक कलिका (larval bud)।

blastula—(L. *dim.* of; Gk. *blastos*, bud) ब्लैस्टुला; कोरक-कंदुक; एक स्तर भ्रूण; वर्धन क्रम की एक प्रारम्भिक अवस्था।

blastulation—(L. *blastula*, little bud) कोरक कन्दुक निर्माण; एक स्तर भ्रूण निर्माण।

blended inheritance—मिश्रित वंशागति; मिश्रित दायता।

blendling—(A. S. *blandan*, to mix) जाति संकर।

blepharoplast—(Gk. *blepharon*, eyelash; *plastos*, formed) ब्लैफरोप्लास्ट; ब्लैफरोब्लास्ट; अधोपिण्ड; फलेजिलैटा (कपातंभीयों) के कपातन्त्र (flagellum) सरीखे किसी गतिविषयक सूक्ष्मांग से सम्बन्ध रखने वाला अधोपिण्ड।

blight—(A. S. *blaecan*, to grow pale) शीर्णता; अंगमारी रोग; शीर्णन; चित्तीरोग; एक कीट या फफूंदी जो पौधों में शीर्णन (पीलेपन) का रोग उत्पन्न करते हैं।

blind spot—अन्धविन्दु; अदृष्टि केन्द्र; अन्धस्थल। रेटिना (retina) का वह प्रदेश जिसमें होकर नेत्र तंत्रिका (optic nerve) प्रवेश करती है।

blister—(A. S. *blawan*, to blow) (१) फफोला;

जाता (२) विनिस्टर-एक वनस्पति रोग (फफोला विग्लाइट—blister blight)।

blood—रुधिर; रक्त; लहू; खून। वह तरल पदार्थ (fluid), जो शरीर के रक्त तंत्र या रक्त संवहन तंत्र (blood-vascular system) में बहता हुआ शरीर की प्रत्येक कोशिका (cell) को ऑक्सीजन (oxygen) तथा खाद्य पदार्थ (food) पहुँचाता और कोशिकाओं में उत्पन्न हुए व्यर्थ के पदार्थों (waste materials) को निकाल ले जाता है।

blood cells—आद्य रक्तज; रक्त कोशिका पूर्वज। सामान्य मध्यजन स्तर से विषम कोशिका विभाजन (mitosis) से उद्भिद कोशिकायें।

blood corpuscles—रुधिर कणिका; रक्त कण।

blood circulation—रक्त परिभ्रमण; रक्त चक्र; रक्त संचार; खून का दौरा।

blood crystals—हीमोग्लोबिन कण—जब रक्त को क्लोरोफार्म (chloroform) या ईथर (ether) के साथ हिलाया जाता है तो यह कण बनते हैं।

blood dust—हीमोकोनिया; रक्त में उदासीन वसा के सूक्ष्म बिन्दुओं (droplets) का उपस्थिति होना।

blood gills—रक्त कोष, किन्हीं कीटों में रक्त से भरी थैलियाँ या कोष जो लवणों के अवशोषण का कार्य करते हैं।

blood groups—रुधिर वर्ग; यह वर्ग लाल रुधिर कणिकाओं (red corpuscles) में दो समूहजन (agglutinogens) A और B तथा दो समूहनिन (agglutinins) a or प्रति (anti) A और B or प्रति (anti) B का सीरम या प्लाज्मा में उपस्थिति तथा अनुपस्थिति होना होना है। A कोशिकाओं का समूहन B प्रकार की कोशिकाओं के साथ होता है तथा B, A के साथ, AB, A और B प्रकार के साथ और O किसी भी A अथवा B प्रकार से समूहन नहीं करता है।
(देखिये—universal donor. सार्वलौकिक रक्तोपहारी; univessal recipient—सार्वलौकिक रक्तग्राही)

blood groups—रुधिर द्वीप; आद्य रक्ताणु कारक।

blood plasma—रुधिर-प्लाज्मा; रक्तप्ररस।

blood platelets—रुधिर थक्काकण।

blood plates—रुधिर पट्ट; सूक्ष्म अमीबाकार प्ररस पिण्ड।

blood pressure—रक्त भार; रुधिर भार; रक्त दाब।

blood serum—रुधिर सीरम; रक्त कण (corpuscles) और फाइब्रिन (fibrin) रहित रक्त का तरल भाग।

blood sugar—रुधिर-शर्करा; रुधिर में घुली हुई ग्लूकोज। कशेरुकों में यह शर्करा रुधिर को यकृत से (जहाँ यह ग्लाइकोजन (glycogen) के रूप में एकत्रित रहती है) पहुँचती है तथा कोशिकाओं द्वारा खाद्य के रूप में इस्तेमाल की जाती है। स्तनी में मुख्यतः मानव में इसकी स्थिर मात्रा रहती है जो 80—180 मि० ग्राम प्रति 100 मि० लि० रुधिर की होती है। इसका नियंत्रण मुख्यत् हार्मोन, इन्सुलिन, ग्लुकागोन (glucagon) (पैंक्रियाज से), एड्रिनेलिन और ग्लूकोकोर्टीकॉइडस (glucocorticoids) (एड्रीनल ग्रन्थि से) द्वारा होता है। यदि इसकी मात्रा कम हो जाती है, तो कोशिकायें भूखी रहती है और हाइपोग्लिसीमिया (hypoglycaemia) की दशा होती है जिससे मस्तिष्क की कोशिकाओं की शीघ्र क्षति होती है। यदि इसकी मात्रा अधिक होती है तो हाइपरग्लिसीमिया (hyperglycaemia) की दशा होती है और इसमें वृक्क द्वारा ग्लूकोज विसर्जित करदी जाती है।

blood vascular system—रुधिर-संवहन-तंत्र; रक्त वाहक तंत्र।

blood vessels—रुधिर वाहिका; रक्त नलिकाएँ; नस। रक्त नलिकाएँ तीन प्रकार की होती हैं—(१) धमनियाँ arteries) जो रक्त को हृदय (heart) से विविध अंगों की ओर ले जाती है अपवाद फुफ्फुसी धमनी (२) शिरायें (veins), जो रक्त को हृदय की ओर लाती हैं, अपवाद फुफ्फुसी शिरा और (३) केशिकायें (capillaries) जो अत्यन्त सूक्ष्म शरीर के प्रत्येक भाग में पाई जाने वाली रक्त नलिकाएँ होती हैं और

धमनियों के अन्त तथा शिराओं के उद्गम-स्थान पर पाई जाती है।

blubber—(M. E. *blober*, a bubble) व्हेलवसा; व्हेल जन्तुओं के त्वचा और पेशी के मध्य पाया जाने वाला वसा स्तर।

bodily—दैहिक; शारीरिक।

body—शरीर; देह; काय; पिण्ड; वस्तु; तन; गात; जिस्म।

body blight—वृक्षब्लाइट; वृक्षों में पाया जाने वाला फन्गस चित्ती रोग।

body cavity=coelom—देहगुहा; गह्वर।

body cell—काय-कोशिका; शरीर-कोशिका; देहकोशिका।

body of stomach—अमाशय पिण्ड।

body wall—देहभित्ति।

Bojanus, organ of—(*L. H. Bojanus*, Alsatian zoologist) वोजेन्स का अंग; पत्रक गिली (lamellibranchs) जन्तुओं का विसर्जन अंग।

bolus—वोलस; पिण्ड; स्तनी (mammals) में के मुँह थूक से मिल कर बना खाद्य जो निगलक में होकर आमाशय में पहुचता है।

bone—(A. S. *ban*, bone) अस्थि; हड्डी; वह वन्धक ऊतक (connective tissue) जिसके आधारक (ground substance) में चूने के लवण (lime salts) होते हैं।

bone corpuscles—अस्थि कोशिका; अस्थि कण।

bone cortex—अस्थि वल्क।

bone marrow—अस्थि मज्जा; मज्जा; मिगी।

bonitation—(L. *bonitas*, goodness) सांख्यिकी वितरण; किसी खास स्थान मे किसी जाति की संख्या का निर्णय।

bony—अस्थि मय; अस्थि—; हड्डीदार; हड्डी वाला।

book-gill—ग्रन्थाकार गिल; वुकगिल; ग्रन्थोपम गिल; ग्रन्थ-गिल। (देखिये gill-book)

book-lung—ग्रन्थोपम फुप्फुस।

border—सीमांत; तट; किनारा।

border (inferior)—अधर तट।

border (superior)—उर्ध्व तट।

bordered pit—सीमान्त गर्त; परिवेशित गर्त, वृक्षो में ट्रकीड्स (tracheides) की दीवार पर बने गड्ढे।

boreal—(L. *boreas*, north wind) वोरियल जीव-क्षेत्र; उत्तरी जैव भूगोलिक क्षेत्र; सकल ध्रुवी (holarctic) का सोनोरन (sonoran) के अतिरिक्त भाग।

boss—गुलिकाधार।

bosselated—(M. E. *bosse*, knob) शोफी; घुण्डीदार।

bosset—(M. E. *bosse*, knob) शृंग शोफ; मृगों में शृंग निर्धारण के लिये बनी गाँठ (शोफ)।

bostryx—(Gk. *bostrychos*, curl) शंवूकी ससीमाक्ष; कुंडलिनी रूप ससीमाक्ष पुष्प क्रम (helicoid cyme inflorescence); अक्ष (axis) के केवल एक ओर पुष्पों का होना।

botany—वनस्पति विज्ञान; वनस्पति शास्त्र।
(देखिये phytology)

bothridium—(Gk. *bothros*, trench; *idion*, dim) वोथरीडियम; फिलीडियम; सेसटोइडिया के मीवा सिर से निकला हुआ अतिवर्धित भाग।

botryoidal—(Gk. *botrys*, bunch of grapes; *eidos*, form) वोटराइडल; गुच्छाकार; गुच्छोपम। जोंक (leech) की अन्न प्रणाली (enteric canal) की शाखाओं को घेरे ऊतक विशेष।

botryose—(Gk. *botrys*, bunch of grapes) वोट्राइओस; गुच्छाकार; असीमाक्षी (racemose) पुष्प क्रम (infloresceną)।

botuliform—(L. *botulus*, sausage; *forma*, form) सूपोपम; सूपाकार; अपरापोपिकीय।

bouillon—(F. *bouillon*, broth) वूयोंग; यूप; अनछना संमिश्रण; प्रक्षेप; पानी में मिला गोश्त का निर्यास (रस)।

bouton—(F. *bouton*, bud) वाऊटन; अन्त्य स्कन्द; ओष्ठक (labellum) तनूपक्षकों (hymenoptera) मे।

bowman's capsule—बौमन-संपुट; बौमन पात्र; बौमन कुहर।

bowman's glands—बौमन ग्रन्थियां।

bowman's membrane—बौमन कला; कार्निया (cornea) की अग्र स्थिति स्थापक (elastic) कला।

braccate—(L. *braccae*, breeches) अनुपंखी, ब्रेकेट; अतिरिक्त पंखी; पक्षीयों में टांग या पांव पर अतिरिक्त पंखों का होना।

brachelytrous—(Gk. *brachys*, short; *elyron*, sheath) लघु बाजूपंखी।

brachia—(L. *brachium*, arm) प्रगंड; बाहु; भुजा।

brachial—(L. *brachium*, arm) बाहु—; भुजा सम्बन्धी; भुजा—।

brachial disc—भुजा बिम्ब।

brachial ossicles—बाहु अस्थिक; भुजा स्थिक।

brachial muscle—बाहुपेशी; भुजा पेशी।

brachial plexus—बाहु जालक।

brachiate—(L. *brachium*, *arm*) शाखीय; स्फीत-शाखी।

brachidia—(Gk. *brachion*, arm; *idion*, dim) प्रगंड सहायी कैल्सियमी अस्थि जैसे कुछ ब्रेकियोपोडा जन्तुओं में।

brachiferous, =**brachigerous**—(L. *brachium*, arm; *ferre*, *gerere*, to carry) शाखीय।

brachiocephalic—(L. *brachium*, arm; Gk. *kephale*, head) भुजा; सिर सम्बन्धी (धमनी)।

brachiocubital—(L. *brachium* arm; *cubitum*, forearm) भुजा प्रकोष्ठीय; भुजा और प्रकोष्ठ (forearm) सम्बन्धी।

brachiolaria—(L. *brachiolum*, a small arm) किन-भुजी; ब्रेकियोलेरिया; एकाईनोडर्मेटा का डिंभक विशेष।

brachiole—(L. *brachiloum*, small arm) लघुभुजा—; लघुभुजा सम्बन्धी; युज पक्ष (pinnule) सदृश आकृति विशेष।

brachioradialis—(L. *brachium*, arm; *radius*, ray) ब्रेकियोरेडियेलिस-अग्रबाहुपेशी।

brachiopoda—भुजपादी।

brachium—(L. *brachium*, arm) प्रगंड; भुजा; बाहु।

brachycephalic—(Gk. *brachys*, short; *kephale*, head) लघु शिरस्क; वामन शिरस्क। ८० से अधिक कपालीय निर्देशनी (cephalic index) वाला।
(देखिये dolichocephalic)

brachycerous—(Gk. *brachys*, short: *keras*, horn) लघुस्पर्श तंत्री, लघु शृंगी।

brachycnemic—(Gk. *brachys*, short; *kneme*, tibia) अपूर्ण अमुखारी। यह शब्द जूऐन्थेरिया (zooantheria) के उस व्यवधान-विन्यास (arrangement of mesenteries) के विषय में प्रयुक्त होता है जिसमें छठा प्रमुखार (protoneme) अपूर्ण हो।

brachydactyly—(Gk. *brachys*, short; *daktylos*, digit) लघु अंगुलिता; वामनांगुलिता; असाधारण छोटी (लघु) अंगुलियों वाला।

brachydont, brachyodont—(Gk. *brachys*, short; *odous*, tooth) लघुदन्त; निम्न किरीटी चर्वक; चर्वक दन्त का एक प्रकार।

brachymeiosis—(Gk. *brachys*, short; *meiosis*, half) हीनअर्ध सूत्रण।

brachyplast—(Gk. *brachys*, short; *plastos*, formed) लघुज; एक ही पौधे पर सामान्य शाखाओं के साथ पर्णगुच्छ युक्त एक लघु शाखा का भी होना।

brachypleural—(Gk. *brachys*, short; *pleuron*, side) लघु पार्श्वी।

brachypodous—(Gk. *brachys*, short; *pous*, foot) लघुपाद; लघुपादी।

brachypterus—(Gk. *brachys*, short; *pteron*, wing) लघुपक्षीय।

brachysm—(Gk. *brachys*, short) लघुपर्वक;

वामनता ; वनस्पतियों में पर्व या काण्डों के छोटा होने के कारण वामनपन या ह्रस्वता ।

brachystomatous—(Gk. *brachys*, short; *stoma*, mouth) लघु प्रोथी ।

brachytic—(Gk. *brachytes*, shortness) ह्रस्वकायी, अतुंगी ।

brachyural—(Gk. *brachys*, short; *oura*, tail) लघूदरी; लघु-उदरी; वक्ष (thorax) के नीचे को मुड़ा-हुआ, छोटा-सा उदर वाला । यह शब्द कुछ केकड़ों (crabs) के लिये प्रयोग किया जाता है ।

brachyuric—(Gk. *brachys*, short; *oura*, tail) लघुपुच्छी ।

bract—(L. *bractea*, thin plate of metal) सहपत्र, पत्ताभ ।

bract scales—सहपत्र-वल्कल, वह छोटे वल्कल (scales) जो शंकु की अक्ष पर होते हैं ।

bracteal—(L. *bractea*, thin metal plate) सह-पत्रोपम ।

bracteate—(L. *bractea*, thin metal plate) सहपत्री ।

bracteolate—(L. *bractea*, thin metal plate) अनुसहपत्री; पुष्पों के अधर पर गौण सहपत्र ।

bracteose—(L. *bractea*, thin metal plate) बहु-सहपत्रक ।

bradygenesis—(Gk. *bradys*, slow; *genesis*, descent) अवरुद्धोत्पत्ति। जाति विकास (phylogeny) में अवरुद्ध (retarded) वर्धन या उत्पत्ति (development) । (देखिये tachygenesis)

bradytelic—(Gk. *bradys*, slow; *telos*, fulfilment) मन्थर विकासी; अद्रुत-उदभिद ।

brain—(M. E. *brayne*, brain) मस्तिष्क; तंत्रिका तंत्र का केन्द्र ।

(१) कशेरूकों (vertebrates) में सुषुम्ना (spinal cord) के अग्रछोर (anterior end) पर का तंत्रिका पदार्थों का पुंज (mass) ।

(२) अकशेरूकों (invertebrates) में सुपरा-निगलक गैंगलिया (supra-oesophageal ganglion) या सुपरा-कण्ठीय गैंगलिया (supra-pharyngeal ganglia) ।

branchia or branchiae—(Gk. *brangchia*, gills) गिल; क्लोम ।

branchial arch—गिलतोरण; क्लोम चाप ।

branchiate—(Gk. *brangchia*, gills) गिलधारी ।

branchicolous—(Gk. *branchia*, gills; L. *colere*, to inhabit) गिलवासी; गिलपरजीवी । कुछ परजीवी क्रस्टेशिया (parasitic crustaceans) जो मछलियों के गिलों में परजीवी रहते हैं ।

branchiform—(Gk. *brangchia*, gills; L. *forms*; shape) गिलोपम; गिलाकार ।

branchihyal—(Gk. *branchia*, gills; *hyoeides*, Y-shaped) ब्रैन्कीहायल; गिलतोरण (branchial-arch) का एक टूक ।

branchiocardiac—(Gk. *brangchia*, gills; *kardia*, heart) गिल-हार्दिक ।

branchiomere—(Gk. *branchia*, gills; *meros*, part) गिलांश ।

branchiopallial—(Gk. *brangchia*, gills; L. *pallium*, mantle) गिल पिधानीय ।

branchiostegal—(Gk. *brangchia*, gills; *stege*, roof) गिलावरण-सम्बन्धी; गिलावरण— ।

branchiostege—(Gk. *brangchia*, gills; *stege*, roof) गिलावरण झिल्ली ।

branchiostegite—(Gk. *brangchia*, gills; *stege*, roof) गिलावरण । कुछ क्रस्टेसिया (crustacea) केकडावंशियों में कवच का फैला हुआ पार्श्व भाग जो गिलों को ढके रहता है ।

brahchireme—(L. *branchiae*, gills; *remus*, oar) गिलावयव ।

brand—(A. S. *bearnan*, to burn) ब्रांड या ब्रैन्ड; दग्ध चिन्हित; फन्जाई (funji) के कारण पत्तीयों का जली हुई सी प्रतीत होना ।

breast—छाती; स्तन ।

breathing—श्वसन ।

breed—नस्ल; गोत्र ।

breeding—प्रजनन; प्रसव; जनन ।

breeding season—प्रजनन-ऋतु; जनन काल ।

bregma—(Gk. *bregma*, fore-part of head) ब्रेग्मा; फ्रन्टल-पेराइटल सन्धि स्थल; कपाल का वह स्थान जहाँ फ्रन्टल और पेराइटल अस्थि मिली होती है ।

brephic—(Gk. *brephikos*, childish) शैशवावस्था; प्रप्रौढावस्था; प्रप्रौढार्भक स्थिति ।

brevicaudate—(L. *brevis*, short; *cauda*, tail) लघुपुच्छी ।

brevifoliate—(L. *brevis*, short; *folium* leaf) लघुपर्णी ।

brevilingual—लघु जिह्वी ।

breviped—(L. *brevis*, short; *pes*, foot) लघुपादी ।

brevipennate—(L. *brevis*, short; *penna*; feather) लघुपक्षी ।

brevirostrate—(L. *brevis*, short; *rostrum*, beak) लघु चंचुक ।

breviesimus oculi—नेत्रीय ऊनतम पेशी; नेत्रकी वक्र (obliqus) अधोदेशीय (inferior) पेशी ।

bridge corpuscle—बन्धकण ।

bristle—शूक; कच ।

broca's area—(*p. p. broca*, french surgeon) ब्रोका-क्षेत्र; मस्तिष्क का उपघ्राणी (parolfactory) क्षेत्र ।

broca's gyrus—ब्रोका-घुमेड़; वायाँ अधोदेशीय ललाटीय घुमेड़ ।

brochidodromous—(Gk. *brochos*, loop; *dromein*, to run) भित्त्यगिरी पर्ण ।

brochonema—(Gk. *brochos*, loop; *nema*, thread) काचित सूत्र; बनने वाले गुण सूत्रों (क्रोमोसोम) को सकुला के समान चक्रों वाला गुल्व (spireme) ।

bromatium—(Gk. *broma*, food) अदनक; कवक स्फीति; कवक शोथ; कवक (फंगस) पर चीटियों द्वारा निर्मित शोथ या स्फीति (swelling) जिसका प्रयोग खाद्य की तरह होता है ।

bronchia—(Gk. *brongchos*, windpipe) ब्रोंक्रिया; उपश्वसनी ।

bronchial—(Gk. *brongchos*, windpipe) श्वास नलिका—; श्वास नलिका सम्बन्धी ।

bronchiole—(Gk. *brongchos*, windpipe) श्वासोपनलिका; श्वसनिका ।

bronchus (sing), bronchi (pl)—(Gk. *brongchos*, windpipe) ब्रॉन्कस; श्वसनी; कण्ठ नाल (ट्रेकिया) और फुप्फुस (lungs) को जोड़ने वाली नलिका ।

bronchopulmonary—(Gk. *brongchos*, windpipe; L. *pulmo*, lung) श्वसनी-फुप्फुसीय; श्वसनी (bronchus) और फुफ्फुस (lungs) सम्बन्धी ।

bronchotracheal—(Gk. *brongchos*, windpipe; L. *trachea*, trachea) श्वसनीनाल; श्वसनी कण्ठनालीय; श्वसनी (bronchus) और कण्ठनाल (trachea) सम्बन्धी ।

bronchovesicular—(Gk. *brongchos*, windpipe; L. *vesicula*, little sac) श्वसनी-फुप्फुसकोपकीय; श्वसनी कोपिकीय; श्वसनी नलिका तथा फुप्फुस कोषकाओं सम्बन्धी ।

brood—अंडकक्ष; ब्रूड ।

brood bud—ब्रूड कोरक; सोरेडियम (soredium); पत्र प्रकलिका (bulbil) ।

brood pouch—भ्रूण धानी; भ्रूण कोष्ठ ।

brow—भ्रू; भौंह; भौं ।

brow spot—ललाट-स्थल ।

brown body—ब्राउन पिण्ड ।

(१) किन्ही पोलीजोआ (polyzoa) जन्तुओं के अपकर्ष अग जो भूरे रंग का निविड (compacted) पिण्ड होता है ।

(२) एसीडियन (ascidian) जन्तुओं की उत्सर्ग कोशिका (nephrocyte) ।

brown funnels—ब्राउन कीपें; एम्पीओक्सिस के पश्च छोर के पृष्ठ तल पर स्थिति एक युग्म कीपाकृतिक अंग विशेष ।

Brownian movements—(R. *Brown*, scottish botanist) ब्राउनीगति ।

Bruch's membrane—(C. W. L. Bruch; German anatomist) ब्रुक की झिल्ली; कोराइड़ (choroid) का अन्त: स्तर ।

Brunner's glands—(J. C. Brunner-Swiss anatomist) ब्रूनेर की ग्रन्थियाँ; छुद्रांत्र की भित्ति में पाई जाने वाली ग्रन्थि विशेष ।

bryology—(Gk. *bryon*, moss; *logos*, discourse) ब्रायोफाइटा-विज्ञान; शेवल (mosses) विज्ञान ।
(देखिये Mesology)

bryophyte—(Gk. *bryon*, moss; *phyton*, plant) ब्रायाफाइट; माँस या लिवरवर्ट वंशीय पौधे; शेवल (पादप या पौधे); ।

bryozoon—(Gk. *bryon*, moss; *zoon*, animal) शेवल जन्तु ।

buccal—(L. *bucca*, cheek) मुख–; मौखिक; कपोल– ।

buccal cavity—मुख-गुहिका; मुख विवर ।

buccinator—(L. *buccinia*, trumpet) कपोल पेशी; बकसीनेटर ।

buccolabial—(L. *bucca*, cheek; *labium*, lip) मुखगुहिका ओष्ठीय; मुख-गुहिका (buccal cavity) और ओष्ठ (lip) सम्बन्धी ।

buccolingual—(L. *bucca*, cheek; *lingua*, tongue) कपोल जिह्वी; मुख गुहिका-जिह्वी ।

buccopharyngeal—(L. *bucca*, cheek; Gk. *pharyngx*, throat) कपोल-कण्ठीय ।

bud—(M. E. *budde*, bud) कली; कलिका ।

budding—(M. E. *budde*, bud) मुकुलन; कलिकोत्पादन ।

buffer—(O. F. *buffe*, blow) वफ़र; प्रतिरोधक; आघात भंजक; मोघीकारक । (१) ऐसा लवण घोल जो PH के परिवर्तन को कम से कम होने देता है जबकि अम्ल या क्षार उसमें मिलाया जाता है । (२) ऐसे जीनस (genes) जो युग्म विकल्पी (allelomorph) के क्रिया कलापों का नियंत्रण करते हैं अर्थात् बहुपरम्पराकण (polygene) ।

bufotoxins—(L. *bufo*, toad; Gk. *toxikon*, poison) टोड विष; व्यूफटोक्सिन, $C_{34}H_{46}O_{10}$; और व्यूफोनिन $C_{34}H_{54}O_3$ ।

bulb—(L. *bulbus*, globular root) शल्क; कन्द; मस्तिष्कान्त । (medulla oblongata) ।

bulbar—(L. *bulbus*, globular root) कन्दकीय; बल्वी; मेडुला ओब्लोगेटा सम्बन्धी; मस्तिष्कान्त सम्बन्धी ।

bulbiferous—(L. *bullus*, bulb; *ferre*, to carry) बल्वधारी; कन्दधारी ।

bulbil—(L. *bulbus*, bulb) वायवीकन्द; पत्र-प्रकलिका ।

bulbonuclear—(L. *bullus*, bulb; *nucleus*, kernel) मस्तिष्कान्त-केन्द्रकी । मेडुला ओब्लोंगेटा और केन्द्रीय तंत्रिकाओं के न्यूक्लियस से सम्बन्धित ।

bulbo - urethral—(L *bulbus*, bulb; Gk. *ourethra*, urethra) कन्द मूत्रमार्गी; नर में काउपर ग्रन्थि तथा मादा में वार्थोलिन ग्रन्थियाँ जो मूत्रमार्ग के कन्दकी स्थल पर खुलती हैं ।

bulbous—(L. *bulus*, bulb) कन्दीय; कन्दोपम ।

bulbus—(L. *bulbus*, bulb) कन्द ।

bulla—(L. *bulla*, bubble) बुल्ला; कान की अस्थियों की बनी एक मोटी गाँठ ।

bullate—(L. *bulla*, bubble) बुलोपम; फलोले युक्त आकृति ।

bulliform—(L. *bulla*, bubble; *forma*, shape) फफोलेनुमा ।

bundle-sheath—बन्डलेपिधान; संघातच्छद; पर्ण शिरा (leaf vein) को घेरे हुए दीर्घ कोशिकाओं का स्तर।

bunodont—(Gk. *bounos*, mound; *odous*, tooth) ब्यूनोदन्त; शंकुकस्पी; नीची शंक्वाकार (conical) शिखर या कस्प (cusp) वाले चर्वक दन्तधारी।

bunolophodont—(Gk. *bonuos*, mound; *lophos*, crest; *odous*, tooth) शंकु कस्प-मेड़ शिरस्क दन्ती।

bursa—(L. *bursa*, purse) पुटी; पुट।

bursa copulatrix—जनन पुट।

bursa entiana—अंत्र पुट।

bursa fabricii—फब्रिसी पुट

bursicule—(L. *dim*, of; *bursa*, purse) पुटिका।

buttress roots—आश्रयी जड़ें; वह जमीन से ऊपर निकलने वाली जड़ों की शाखायें जो तने से वृतखण्डी होकर मिट्टी में घुसकर आश्रयी जड़ों का कार्य करती हैं।

butyrinase—(L. *butyrum*, butter) बुटीरीनेज; रक्त सीरम में पाया जाने वाला एक एन्जाइम।

buttocks—श्रोणी; चूतड़।

byssal—(Gk. *byssos*, fine flex) शणीय; शण—।

byssogenous—(Gk. *bysoos*; fine flax; *genos*, birth) शणोत्पादक।

byssoid—(Gk. *bysoos*, fine flax; *eidos*, shape) शणोपम।

byssus—(Gk. *bysoos*, fine flax) बाइसस; सूत्र गुच्छ; किन्हीं द्विकपाटियों या उनके डिंभकों में पाये जाने वाले लम्बे मजबूत सूत्रों का गुच्छा (शण गुच्छ), जिससे वे चिपके रहते हैं।

Cacogenesis—(Gk. *kakos*, bad; *genesis*, descent) संकरकरण या संकरीकरण (hybridization) होने में असमर्थ; संकराक्षमता।

cacogenic=**dysgenic**—(Gk. *kakos*, bad; *genos*, birth) कुलह्रासक; कुलापकर्षक; कुल की अवनति करने वाला।

cadophore—(Gk. *kados*, urn; *pherein*, bear) मुकुलधर; कलिकाधारी; कुछ आच्छादी (tunicate) जन्तुओं में पाया जाने वाला एक पृष्ठस्थ (d rsal) प्रवर्धन (process) जिस पर कलिकायें लगी होती हैं।

caducibranchiate—(L. *caducus*, falling; Gk. *brangchia*, gills) अस्थायी गिलधारी।

caducous—(L. *caducus*, falling) आशुपाती; आशु पतनक; नियतति; पत्या; पौधों के ऐसे भाग जैसे कैलिक्स जो बहुत आकालिक (पतन) गिर जाते हैं।

[देखिये deciduous—पतनशील; पतनिका; fugacious—आशुपाती]

caecal—(L. *caecus*, blind) अन्धनाल; सीकम; सीकम सम्बन्धी; सीकम—; अन्धनलिका सम्बन्धी।

caecum—(L. *caecus*, blind) अन्धनाल; सीकम; अन्धनलिका; अन्धनली; अन्नप्रणाली (alimentary canal) के भाग में प्रस्तुत ऐसी नलिका जो दूसरी ओर बन्द हो।

caecum cupulare—अन्धनली का बन्द शिखस्थ भाग।

caenogaea—(Gk. *kainos*, recent; *gaia*, earth) केनोजिया; सीनोजिया; नवभूमि; एक जन्तु भौगोलिक विभाग (zoogeographical division) जिसमें नव-शीत (nearetic), पुरा-शीत (palearctic) और पौर्व (oriental) प्रदेश सम्मिलित हैं।

caenogenesis—(Gk. *kainos*, recent; *genesis* descent) नवोत्पत्ति, अविकास प्रक्रिया; किसी व्यक्ति (individual) के परिवर्धन (development) में पाई जाने वाली वे प्रक्रियायें (processes), जिनका सम्बन्ध जाति-विकास (phylogeny) से नहीं है।

caenogenetic—(Gk. *kainos*, recent; *genesis*, descent) नवोत्पन्न; उत्तरकालीन; अविकासात्मक।

caenozoic—(Gk. *kainos*, recent; *zoe*, life) सीनोजोइक; नवयुग; नवजन्तुयुग।

caespitose—(L. *caespes*, turf) सतृणक; शाद्वली; दर्भिल।

caisson—(F. *caisson*, coffer) पिटिकोपम; लम्ब्रीसिडी (lumbricidae) में अनुदैर्घ्य पेशी सूत्रों का पिटिका सदृश विन्यास।

cainogea—(Gk. *kainos*, recent; *gaia*, earth) केनोजिया; सीनोजिया; नवभूमि। (देखिये ca:nogaea)

calamistrum—(L. *calamistrum*, curling iron) ककतिका; कुछ म ड़ियों (spiders) की पिछली टाँगों पर पाई जाने वाली एक कघी (कंकति) के आकार की रचना।

calamus—(L. *calamus*, read) कैलैमस; पक्षनाल; पिछनाल: पंख का खोखला डंठल।

calcaneus—(L. *calx*, heel) कैलकेनयस; ऐड़ी।

calcar—(L. *calcar*, spur) कैल्कैर; (१) पक्षियों की टाँगों या पंखों पर नखोपम (spurlike) प्रवर्धन। (२) कीटों (insects) में टिबिया (tibia) का कूट (spine)। (३) चिमगादड़ों (bats) में कैलकेनियस (calcaneus) का प्रवर्धन जो टाँग और दुम के बीच में जालपाद (web) को साधे रहता है। (४) मेंढ़क (frog) में अग्रांगुष्ठ (prehallux)।

calcarate—(L. *calcar*, spur) कैलकरयुक्त; प्रचोदनी।

calcareous—(L. *calcarius*, limy) कैल्सियम मय; कैल्सियमी; चूनेदार।

calcariform—(L. *calcar*, spur; *forma*, shape) कंटकाकार; कंटकोपम।

calcarine—(L. *calcar*, spur) केल्केरिन; (१) प्रचोदनी; (२) केल्केरिन दरार।

calcicole—(L. *calx*, lime; *colere*, to dwell) कैल्सियमवासी; खरिकवासी।

calciferol—विटामिन डी$_2$; $C_{28}H_{44}O$; कैल्सीफीरॉल; एन्टीरिकेटिक विटामिन।

calciferous—(L. *calcarius*, limy; *ferre*, or *gerere*, to carry) खरिकधारी।

calcification—(L. *calx*, limy; *facere*, to make) कैल्सीकरण; कैल्सीभवन; खरिकोत्पादन; खरिक संचय। ऊतकों (tissues) में चूने (खरिक–lime) या उसके यौगिकों (compounds) का उत्पादन या संचय।

calcified—(L. *calx*, limy) कैल्सीभूत; खरिक-संचित; खरिकमय।

calcifuge—(L. *calx*, lime; *fugere*, to flee) खरिकापलायनी; कैल्सीभीरू; ऐसे पौधे जो केवल ऐसी मिट्टी में पनपते हैं जिसमें कैल्सियम कार्बोनेट की मात्रा कम होती है।

calcipete—(L. *calx*, lime; *petere*, to go towards) कैल्सीप्रेमी; खरिकरागी।

calcivorous—(L. *calx*, lime; *vorare*, to devore) कैल्सीभोजी, खरिक भोजी; ऐसे पौधे जो चूना कंकर (lime stone) पर होते हैं।

calcospherites—(L. *calx*, lime; sphaera, globe) खरिक कण युक्त; चूना कणी। (१) कुछ कीटों की मैल्पिगी नलिकाओं में कैल्सियम कार्बोनेट के कणों का होना। (२) डिप्टरा (द्विपक्षकों) के डिंभकों की वसा कोशिकाओं में खरिक कणों का होना।

calf— (of leg) पिंडली।

calicle=**calycle**—कैलिसिल; पात्रिका।

callose—(L. *callum*, hard skin) कैलोस; कैलसी; ठेट युक्त

callosity—(L *callositas*, hardness) ठेट; चर्म-काठिन्य।

callow—(A. S. *calu*, bald) नव-अण्डोद्गमन चींटी; [illegible]; एक नवीन अण्डोद्गमन उद्योगी चींटी।

callus—(L. *callum*, hard skin) कैलस; ठेंट; (१) [illegible] कीटों (insects) में मध्यपृष्ठिका शोथ (२) कवच (shell) की नाभि (unbilicus) में कठोर पदार्थ का जमाव।

caloricity—(L. *calere*, to be warm) ऊष्णता क्षमता; ऊष्णता शक्ति; जन्तुओं में कुछ मात्रा ऊष्णता की उत्पन्न तथा भरण करने की क्षमता (शक्ति)।

calorie—(L. *calere*, to be warm) कैलोरी; ऊष्णता (heat) की माप की इकाई। वह ऊष्णता की मात्रा जो १ ग्राम पानी के वजन के ताप को १° सेण्टीग्रेड बढ़ाने के लिए आवश्यक होती है सामान्य कैलोरी मानी जाती है। १००० छोटी कैलोरी (small calorie) मिलकर एक बड़ी कैलोरी (large calorie) बनाती है।

calorigenic—(L. *calor*, heat; *genere*, to beget) ऊष्णोत्पादक।

calotte—(F. *calotte*, skull cap) शिरस्त्राण; (१) सिफैलोपोडा (cephalopoda) की वृक्क से चिपकने वाली एक वाह्य कोशिकाओं का समूह। (२) ब्रायोजोआ (bryozoa) डिंभकों में संकुचनशील संवेदीय सिलिया युक्त बिम्ब।

caltrop—(A. S. *coltraeppe*, thistle) कालट्रोप; समचतुरररीय स्पीक्यूल; स्पंज का चार किरणीय स्पीक्यूल जिसकी तीन किरण स्थल पर लगी हों तथा चौथी किरण ऊपर की ओर प्रतिक्षेपित होती हो।

calvarium—(L. *calvus*, bald) कपाल गुम्बज; खोपडी का गुम्बद (dome of the skull)।

calycanthemy—(Gk. *kalyx*, calyx; *authemon*, flower) कैलिक्स अभिवर्धन; पुष्प की कैलिक्स (वाह्य-दलपुंज) के भागों का पंखुडी (petals) में असमान्य वर्धन।

calyciflorous—(L. *calyx*, calyx; *flos*, flower) कैल्सीफ्लोरस; ऐसे पुष्प जिनमें पुंकेसर (stamens) और पंखुडी (petals) कैलिक्स (calyx) से संलग्न (adnate) होते हैं।

calyciform—(L. *calyx*, calyx; *forma*, shape) कैलिक्सोपम; चषकरूप; प्यालेनुमा।

calycine—(L. *calyx*, calyx) कैलिक्सी; वाह्यदल सम्बन्धी ।

calycle—(L. *calyculus*, little calyx) पात्रिका ।

calyculus—(L. *calyculus*, little clayx) कोरक ।

calyculus gastatorius—रसन-कौरक ।

calyculus ophthalmicus—नेत्र कौरक ।

calypter—(Gk. *kalyptos*, hidden) कैलिपटर; अधिवेष्ट; किन्हीं द्विपक्षक (diptera) में परिवर्तित पक्षिका (alula) जो समतोलक (haltere) को ढके हुए होता है ।

calypteblastic—(Gk. *kalyptos*, hidden; *blastos*, bud) गुप्त-मुकुली; उन जन्तु-मुकुलों (zooids या hydroids) से सम्बन्ध-रखने वाली, जिसमें उत्पादक-मुकुल (gonophore) एक आवरण-उत्पादक कोष (gonotheca) के अन्दर स्थित होते हैं ।

calyptobranchiate—(Gk. *kalyptos*, hidden; *brangchia*, gills) गुप्त-गिलधारी; जिसमें वाहर से न दीखने वाले गिल (gills) हों ।

calyptopsis—(Gk. *kalyptos*, hidden; *optsis*, sight) गुप्त-चक्षुक ।

calyptra—(Gk. *kalyptra*, covering) शिरस्वेष्ट; कैलिपट्रा; मॉस (moss) सम्पुट (capsule) के शिखर को घेरे हुए स्त्रीधानी (archegonium) के टोपीनुमा अवशेष ।

calyptrate—(Gk. *kalyptra*, covering) कैलिप्ट्रेट; छदी; गोपकी । (१) ऐसे द्विपक्षक (Diptera) जिनमें समतोलक (haltores) शल्कों (squamae) से छिपे होते हैं । (२) आशुपाती (caducous) कैलिक्स जो निम्न भाग अथवा पुष्पासन (thalamus) से पृथक होती हैं ।

calyptrogen—(Gk. *kalyptra*, covering; *genesis*, descent) मूर्धा कोशिकास्तर।

calyptron—(Gk. *kalyptra*, covering) अधिवेष्टी ।

calyx—(Gk. *kalyx*, calyx) कैलिक्स ।

(१) वाह्यदल पुंज (पुष्पों का) ।

(२) वृक्क (kidney) की वस्ति (pelvis) का प्यालेनुमा भाग ।

(३) किन्हीं हाइड्रोरोइड (hydroid) या हाइड्रक का खोल (theca) ।

(४) क्रिनोइड (crinoid) की प्यालेनुमा काय body) ।

(५) कीटों (insects) में वृन्ती पिण्डों (pedunculate) का शीर्ष (head) या चषक (cup) ।

cambiform—(L. *cambium*, change; *forma*, shape) कैम्बियम कोशिका सदृश; एधोपम ।

cambiogenetic—(L. *cambium*, change; Gk. *genesis* origin) कैम्बियम उत्पादी; ऐसी कोशिकायें जो कैम्बियम उत्पन्न करती हैं ।

cambium—(L. *cambium*, change) गौणवर्धज; गौण वर्धी ऊतक जिससे तने और जड़ में गौण वृद्धि (secondary growth) होती है ।

cambrian—(L. *cambria*, wales) कैम्ब्रियन. कैम्ब्रीय; पुरायुग (paleozoic) का आदि (earliest) काल (period) ।

cameration—(L. *cameratio*, vaulting) वेश्म विभाजित ।

camerostome—(L. *camera*, chamber; Gk. *stoma*, mouth) कैमरोस्टोम; छत्रमुख; किन्हीं ट्रोगुलिडी (trogulidae) के छत्र (hood) के नीचे का खातीय (hollowed) तल ।

campaniform—(L. *campana*, bell; *forma*. shape) गुम्बदोपम; गुम्बजोपम ।

campanulate—(L. L. *campana*, bell) किंकिणी रूपक; घंटाकार; यह शब्द अधिकतर दलपुंज (corolla) के लिये उपयुक्त होता है ।

campodeiform—(Gk. *kampe*, caterpillar; *eidos*, form; L. *forma*, shape) कम्पोडिया-सदृश (डिंभक-लारवा) ।

campodria—कम्पोडिया; एक प्रकार का कीट (insect)।

camptodrome—(Gk. *kamptos*, flexible; *dromos*,

course) वक्रकोर शिरा विन्यास, जिसमें गौण शिरायें आगे की ओर झुककर किनारे या कोर तक पहुँचने से पहिले आपस में मिल जाती हैं।

campylospermous—(Gk. *kampylos*, curved; *sperma*, seed) लीकी बीज; खात युक्त बीज।

campylotropous—(Gk. *kampylos*, curved; *trope*, turning) वक्रलघ डिंब; ऐसे डिम्ब जिनका भ्रूण कोष वक्र होता है।

canal—(L. *canalis*, canal) कुल्या; नहर; विशाखा। नाल; नली; नलिका।

canalicular—(L. *canaliculus*, small channel) नलिकामय।

canalicular apparatus—नलिकामय यंत्र।

canaliculus—(L. *canaliculus*, small channel) नालिका; नलिका।

canaliform—(L. *canalis*, canal; *forma*,. shape) नलिका सदृश।

canal system—नाल-तंत्र: नलिका-तंत्र।

cancellous—(L. *cancellosus*, chambered) स्पन्जोपम; पतले रेशे व पर्तों से बना हुआ,' जिनके जुड़ने से जालवत्' रचना बन जाती है।

cancrisocial—(L. *cancer*, crab; *socius*, ally) क्रेब (crab) सहभोजी; र्क्रेब जन्तु के साथ सहभोजी (commensal)।

canine—(L. *canis*, dog) रदनक (दाँत); श्वन दन्त; भेदक; रदक दन्त; कीला।

canon bone—कॅनन अस्थि।

(१) टारसोमेटा टारसस (पक्षीयों में)।

(२) अवमवास्थि। हथेली अथवा पांव के तलुये की हड्डियां में बढ़ी हुई तथा आपस में मिली हुई।

cantharidin—(*cantharidae*, blister beetles, form Gk. *kentharos*) कॅन्थेरीडिन; $C_{10}H_{12}O_4$; फफोला भृंग (blister beetle) के जनन पथ में स्थित सहायी ग्रन्थियों का विष।

canthus—(Gk. *kanthos* cor..er of eye) चक्षुकोण।

cannibalism—स्वजाति भक्षण; स्वजाति भक्षता।

cannibalistic—स्वजाति भक्षी।

capacity—धारण शक्ति।

capillary—(L. *capillus*, hair) केपिलरी; केशिका; बाल समान महीन नलिका; अत्यन्त सूक्ष्म पतली दीवारों वाली नलिकायें, जैसे रुधिर केशिकायें या पित केशिकायें।

capillary system—(L. *capillus*, hair) केशिका तंत्र।

capillitium—(L. *capillus*, hair) प्रदव्य जाल; तंतुज़ाल। किन्हीं फुंगी (fungi) में बीजाणुधानी (स्पोरेंजिया) में प्रोटोप्लाज्म के सूक्ष्म तन्तु स्पोरों (spores) को अंतः स्थापित (embedding) किये होते हैं।

capitate—(L. *caput*, head) समुन्ड; उपाण्डी; उपाण्डयुक्त।

capitatum—(L. *caput*, head) तृतीय कारपल।

capitellum—(L. *caput*, he.d) उपांड।

capitulum—(L. *caput*, head) केपिटुलम; मुंडिका; मुंडक।

(१) किसी अस्थि जैसे ह्यूमेरस (humerus) के सिरे पर स्थित फूली हुई गांठ नुमा सूजन।

(२) रोम अथवा टेन्टेकिल (tentacle) का फूला हुआ सिरा।

(३) कीट के ऐन्टिना (antenna) या शुंड (proboscis) का बढ़ा हुआ भाग।

(४) चींचडी (ticks) के सिर का भाग।

(५) सी-एनीमोन (Sea-anemone) के प्राकार (पैरापेट—parapet) के ऊपर का स्तम्भ (column)।

(६) पुष्पक्रम (inflo:escence) कम्पोजिटी कुल (campositae family) के पौधों में पाया जाने वाला पुष्पक्रम जिसमें मुख्य अक्ष चपटा तथा चौड़ा हो जाता है, पुष्पक अभिकेन्द्री क्रम (centipetally) पुराने पुष्पक परिधि की ओर और नये बीच में होते हैं. सम्पूर्ण

पुष्पक्रम एक सहपत्र चक्र (involucre) द्वारा घिरा होता है।

capreolate—(L. *capreolus*, tendril) प्रतानी।

capsule—(L. *capsula*, little box) कैप्सूल; सम्पुटिका; संपुट; कुहर; पात्र।

capsuliferous—(L. *capsula*, little box; *ferre*, to carry) कुहरधारी।

captacula—(L. *captare*, to lie in wait for) तंत्वाकार स्पर्शांग। स्कैफोपोडा (Scaphopoda) जन्तुओं के मुँह के पास स्थित तंत्वाकार (filamentous) स्पर्श अंग।

caput—(L. *caput*, head) सिर; शिखरस्थ शोफी; उपांड।

caput epididymis—शिखरोपांड।

carapace—(sp. *carapacho*, covering) पृष्ठवर्म; कैरापेस; पृष्ठावरण; कुछ जन्तुओं में पीठ को पूरी या अधूरी तौर पर ढकने वाला काईटन या अस्थिमय आवरण।

carbohydrate—(L. *carbo*, coal; Gk. *hydor*, water) कार्बोहाइड्रेट; कार्बोज, कार्बन, हाइड्रोजन व आक्सीजन का यौगिक (compound)।

carbon—कार्बन।

carbon dioxid—(L. *carbo*, coal; *di*, two; Gk. *oxys*, sharp) कार्बनडाईऑक्साइड; कार्बन द्विओषद; Co_2; कार्बोनिक अम्ल गैस; वायुमण्डल में उपस्थिति भारी रंग हीन गैस जो पौधों द्वारा अपनाई (स्वांगीकरण) जाती है तथा जैविक पदार्थों के अपघटन से उत्पन्न होती है।

carboniferous—(L. *carbo*, coal; *ferre*, to carry) कार्बनी; कार्बनीय; कार्बनमय; कार्बनीफेरस।

carcerule—(L. *carcer*, prison) कार्सेरूल; बहुकोशिकीय फल। यह फल द्वि-अण्डपी जायांग से उत्पन्न होता है, तथा बहुबीजी भिदुर (schizocarpic) फल होता है। जैसे तुलसी या हॉलीहाक (Althea) के फल।

carcinology—(Gk. *karkinos*, crab; *logos*, discourse) क्रस्टेसिया विज्ञान; कर्कट वर्ग विज्ञान।

cardia—(L. *cardiacus*, *pert*, stomach) कार्डिया; जठरागम; निगलक-आमाशय विवृति; निगलक (oesophagous) और आमाशय (stomach) के बीच की विवृति (opening)।

cardiac—(Gk. *kardia*, heart) हृदयी; जठरागमी; (१) हृदय सम्बन्धी। (२) आमाशय का अग्रभाग।

cardioblast—(Gk. *kardia*, heart; *blastos*, bud) हृदयज; एक भ्रूण कोशिका जो हृदय की भित्ति बनाती है।

cardiac cycle—हृदयी चक्र; हृत्चक्र।

cardiac impulse—हृदुत्तेजना।

cardinal—(L. *cardo*, hinge) हिन्ज; कब्जा; सन्धिविषयक; चूलक।

cardo—(R. *cardo*, hinge) [कर्पर-] सन्धि; कार्डो; कीटों में मैंबिसला की आधार पट्टिका।

carina—(L. *carina*, keel) नौतल; कूटक; कील; ऊँची, फलक सदृश मेड़; जैसी पक्षियों की वक्षास्थि-स्टर्नम पर पाई जाती है।

carinal—(L. *carina*, keel) कैरीनल; कील सम्बन्धी; फलक मेड़ सम्बन्धी; पौधों में जाइलम (xylem) का मध्य उत्कूल (strand) जो तने से पत्ती तक होता है।

carinate—(L. *carina*, keel) कूटकी; नौतली; कीलयुक्त।

cariniform—(L. *carina*, keel) नौतल-रूप; कीलसदृश।

carnassial—(L. *caro*, flesh) दारक दंत; मांस—कर्तक। मांसाहारी जन्तुओं के काटने वाले दांत—चौथा अग्र चर्वक (premolar) ऊपर का और पहला चर्वक (molar) नीचे का।

carnivora—कार्निवोरा (मांसाहारी गण); मांस भुज वर्ग।

carnivorous—(L. *caro*, flesh; *vorare*, to devour) मांसाहारी; मांसभक्षी; मांस भक्षक ।

carotenase—(L. *carota*, carrot) कैरोटिनेज; यकृत का एक एन्जाइम जो कैरोटीन्स (carotenes) से विटामिन "ए" के निर्माण को प्रोत्साहित करता है ।

carotene—(L. *carota*, carrot) पर्णपीतक; कैरोटीन; एक प्रकार का रंग ।

carotenoids—(L. *carota*, carrot; Gk. *eidos*, form) पर्णपीतकी; कुछ पौधों तथा कुछ जन्तु ऊतकों में कैरोटीन, जैन्थोफिल्स (xanthophylls) तथा अन्य वसा घुलनशील वर्णों का होना ।

carotid—(Gk. *karos*, heavy sleep) ग्रीवा—; शिरस्क— ।

carotin=**carotene**—कैरोटीन; पर्णपीतक ।

carpal—(L. *carpus*, wrist) मणि वंधिका । कार्पल । कलाई की एक हड्डी ।

carpel—(Gk. *karpos*, fruit) गुरु बीजाणुपर्ण; अण्डप बीजाणु-पर्ण (sporophyll) जो गुरु बीजाणुधानी (megasporangia) युक्त होते है ।

carpocerite—(L. *carpus*, wrist; Gk. *keras*, horn) कार्पोसिराइट; कुछ केंकड़ावंशी (crustacea) के स्पर्शक (antenna) का पांचवां जोड ।

carpogenous—(Gk. *karpos*, fruit; *genos*, birth) फलजन; लालशैवाल (algae) की वे कोशिकायें जो जनन मातृ कोशिका (carpogonium) का निर्माण करती हैं ।

carpogonium—(Gk. *karpos*, fruit; *genos*, birth) फल जननक; (१) लाल शैवाल में युग्मक धानी (gametangium); (२) थैलोफाइटा (thallophyta) अर्थात् फंजाई में जायाधानी (procarp) का निम्न भाग जिसमें मादा न्यूक्लियस होता है ।

carpolith—(Gk. *karpos*, fruit; *lithos*, stone) फलाश्म ।

carpology—(Gk. *karpos*, fruit; *lojos*, discussion) फल विज्ञान ।

carpometacarpus—(L. *carpus*, wrist; Gk. *meta*, after) मणिवन्ध करभिका ।

carpophagous—(Gk. *karpos*, fruit; *phagein*, to eat) फलाहारी; फलभोगी ।

carpophore—(Gk. *karpos*, fruit; *pherein*, to bear) अण्डपधारी; फलधर; पुष्पाक्ष (flower axis) का वह भाग जिस पर अण्डप (carpels) लगी होती हैं ।

carpophyte—(Gk. *karpos*, fruit; *phyton*, plant) फलपादप; फन्जाई (थैलोफाइट) जो बीजाणु-फलिका (sporocarp) बनाते हैं ।

carpopodite—(L. *carpus*, wrist; Gk. *pous*, foot) कारपोपोडाइट; (१) कुछ क्रस्टेसिया (केकड़ा-वंशी) के अन्तः पादखण्ड (endopodite) का तृतीय जोड़ (joint) । (२) मकड़ियों (spiders) की जान्वास्थि-पटेला (patella) ।

carposperm—(Gk. *karpos*, fruit; *sperma*, seed) फलबीजाणु; कार्पोस्पोर ।

carposporangium—(Gk. *karpos*, fruit; *sporos*, seed; *anggeion*, vessel) फलबीजाणुधानी; निषिक्त फलजननक (carpogonium) से वर्धित अन्तस्थ कोशिकायें ।

carpospore—(Gk. *karpos*, fruit; *sporos*, seed) फलबीजाणु; फल स्पोर ।

carposporophyte—(Gk. *karpos*, fruit; *spors*, seed; *phyton*, plant) कार्पोस्पोरोफाइट; लाल शैवाल (red algae) की युग्मसूत्री (diploid) संतति (generation) ।

carpus—(L. *corpus*, wrist) मणिवन्ध ।

carrier—वाहक ।

cartilage—(L. *cartilago*, cartilage) उपास्थि ।

caruncle—(L. *caruncula*, small piece of flesh) चंचुश्रृंग; करंकल; अस्त्रिय शंकु (caruncula lacrimalis); पक्षीयों तथा कछ कैटरपिलर के सिर पर मांसल गांठ; कुछ किल्ली (mites) में टारसी (tarci) पर

चूषक विम्ब; बीज के खोल (testa) की एक अभिवृद्धि।

caryolite—(Gk. *karyon*, nut; *lytikcs*, loosing) कॅरियोलाइट; पेशीह्रस्व; कीटों (insects) के वर्धन में ऐसा न्यूक्लियस युक्त पेशी टूक जिसका कि भक्षक कोशिका (phagocyte) से ह्रास हो रहा हो।

caryopsis—(Gk. *karyon*, nut; *opsis*, appearance) कॅरिऑप्सिस; ग्रामिनी कुल (graminae family) के एक बीजी फल; ये सुपीरियर, एकाण्डपी (monocarpellary) होते हैं तथा इनमें वाह्य फलभित्ति (pericarp) तथा बीज चोल (testa) दोनों मिले होते हैं, जैसे गेहूं, धान, मक्का, जौ आदि।

casein—(L. *caseus*, cheese) कॅसीन (दूध की)।

casing (covering)—मुख्य प्रोटीन आवेष्टन (covering)।

cassideous—(L. *casis*, helmet) शिरस्त्राणवत।

caste—प्रजाति; कीटों के दलों में पाये जाने वाले विभिन्न प्रकार के व्यक्ति। जैसे मक्षिका (bee) में रानी (queen) जो जननक्षम (fertile) मादायें होती हैं, उद्योगी (workers) जो वंध्य (sterile) मादायें होती हैं तथा नर (drones)। चीटियों (ants) में कई प्रकार के उद्योगी जो सब के सब वंध्य मादायें होती हैं। दीमकों (termites) में प्रजातियों (castes) की भिन्नता लिंग का आधार लिये नहीं होती हैं जिस प्रकार मक्षिकाओं (bees) और चींटियों (ants) में। दीमकों (termites) में कीट सैनिक (soldiers) वध्य नर या मादा होते हैं। [देखिये polymorphism बहुरूपता]

castrate—(L. *castrare*, to castrate) नपुंसकता; अख्ता या वधिया करना; अंडकोशों (शुक्र-ग्रन्थियों) से रहित करना।

catabolism—अपचय।

catalyst—उत्प्रेरक।

catadromous—(Gk. *kata*, down; *dromein*, to run) समुद्रोपगामी; यह शब्द उन मछलियों के लिए प्रयुक्त होता है जो प्रति वर्ष असामुद्रिक जल से समुद्र की ओर पर्यटन (migration) करती हैं। (देखिये विलोम anadromous)

catalase—कॅटेलेस; क्षोभक (enzyme) विशेष जन्तुओं और वनस्पतियों के ऊतकों में पाया जाने वाला क्षोभक (enzyme) जिसके प्रभाव से हाइड्रोजन पॅरोक्साइड (hydrogen peroxide) का विघटन पानी और आक्सीजन में हो जाता है।

catalepsis—(Gk. *katalepsis*, seizure) आघातमृत्यु; मृतछद्मता; जैसे कुछ मकडियों (spiders) में मृत-परावर्तनता प्रदर्शित होना।

catalysis—(Gk. *katalysis* dissolving) उत्प्रेरकता; किसी प्रतिक्रिया का उत्प्रेरक (catalyst) की उपस्थिति घटना या बढ़ना।

catalyser—उत्प्रेरक।

cataphoresis—(Gk. *katapherin*, to carry down) घनकण-संचलन; विद्युतधारा से कणों का पर्यटन या स्थान परिवर्तन (migration) जैसे जीवित कोशिकाओं में।

cataphyllary—(Gk. *kata*, down; *phyllen*, leaf) कलिकावेष्टन; वह न्यूनित या शुल्क पर्ण जो कलिका (bud) को ढकेलती हैं।

catena—(L. *catena*, chain) कैटीना; मृदापुनरावृतता।

catenation—(L. *catenatus*, chained) शृंखलन; गुणसूत्रों की अनवरत संलग्नता; मातृ और पितृ प्राप्त गुण सूत्रों का एक के वाद लगकर गोला सा बनाना।

catenoid—(L. *catena*, chain; *eidos*, form) शृंखलोपम; शृंखलाकार; जंजीरनुमा।

catenular—(L. *catena*, chain) शृंखलायुक्त; शृंखला सहित।

caterpillar—(L. *cattus*, cat; L. *pilosus*, hairy) इल्ली; कटरपिलर; तितली आदि कीटों (insects) का डिंभक (लारवा), विशेष कर लेपीडोपटिरा (lepidoptera—तनुपक्षकों) का।

cathammal—(Gk. *kathamma*, anything tied) कॅथामल; अन्त: फनक पत्तेद; कुछ मीलेन्ट्रेटा में वह

प्लेट जो अन्तः फलक (endoderm lamella) बनाती है।

catkin—(A. S. *catkin*, little cat) नतकणिश; केटकिन; शूकी पुष्पक्रम जो एकलिंगी पुष्पों से बनता है। यह स्पाइक (spike) पुष्पक्रम का रूपान्तर होता है। इसमें मुख्य अक्ष पतली तथा कमजोर होती है और इसके चारों ओर अवृन्त तथा एक लिंगी पुष्प लगे होते हैं जैसे शहतूत; विलो (willow); बर्च (birch) आदि।

catgut—(O. E. *cat*, found also in *guttas*, to pour) ताँत।

cauda—(L. *cauda*, tail) पुच्छांग। किसी अंग (organ) का पुच्छाकार पिछला भाग जैसे cauda equina-आश्वोपम पुच्छांग; cauda epididymis-पुच्छोपांड।

caudad—(L. *cauda*, tail) पूँछ, दुम; पिछली ओर की तरफ (ओर)।

caudal—(L. *cauda*, tail) पुच्छीय; पुच्छ—।

caudate—(L. *cauda*, tail) पुच्छिल; पुच्छी; पुच्छ-युक्त; सपुच्छ।

caudatolenticular—(L. *cauda*, tail; *lens*, lentil) पुच्छ-मसूरोपम रेखित पिण्ड (carpus striatum) से सम्बन्धित)।

caudex—(L. *caudex*, dry stump) स्थाणु; दण्ड; स्तम्भ। काष्ठीय वृक्ष का अक्ष या तना।

caudicle—(*Dim.* of L. *cauda*, tail) कॉडिकिल; ऑर्किड (orchids) का स्तम्भ (stalk)।

caudihaemal—(L. *cauda*, tail; Gk. *haima*, blood) पुच्छ-रक्तीय; प्रकशेरूक (sclerotome) का पश्च निम्न भाग।

caudineural—(L. *cauda*, tail; Gk. *neuron*, nerve) पुच्छ-तंत्रिकीय; प्रकशेरूक (sclerotome) का पश्च उर्ध्व भाग।

caudostyle—(L. *cauda*, tail; Gk. *stylos*, columh) अन्त्य-दण्ड; कुछ परजीवी अमीबा में पाई जाने वाली अन्तस्थ (terminal) रचना।

caul—(M. E. *calle*, covering) १—भ्रूणावरण जरायु। २—उदरास्तर भाँज (omentum)।

caulescent—(L. *caulis*, stalk) पर्णधारी तना; दृश्य स्तंभी;।

caulicolous—(L. *caulis*, stalk; *colere*, to inhabit) स्तम्भवासी; ऐसे फन्जाइ (fungi) जो पौधो के तनों पर उगते हैं।

cauliferous—(L. *caulis*, stalk; *fere*, to bear) स्तम्भाधारी।

cauliflory—(L. *caulis*, stalk, *flos*, flower) स्तम्भपुष्पता।

cauliform—(L. *caulis*, stalk; *forma*, shape) स्तम्भाकार।

cauligenous—(Gk. *kaulos*, stem; *genos*, birth स्तम्भज।

cauline—(L. *caulis*, stalk) स्तंभिक; तने या स्तम्भ के ऊपरी भाग पर पत्ती का लगा होना अर्थात् द्रव वाहक (vascular) पुलन्दों (bundles) का पत्तीयों में न होना।

caulis—(L. *caulis*, stak) तना; स्तम्भ।

caulocarpous—(Gk. *kaulos*, stem; *karpos*, fruit) स्तम्भफली।

caulome—(Gk. *kaulos*, stem) स्तम्भोम; प्रवृन्त।

cavernicolous—कन्दरावासी।

cavernosus—(L. *cavernosus*, chambered) कोटरी; छिद्रिष्ठ।

cavicorn—(L. *cavus*, hollow; *cornu*, horn) कोटरशृंगी; पोले सींग वाला।

cavity—(L. *cavus*, hollow) कोटर; गुहिका; गुहा।

cavum—(L. *cavus*, hollow) गुहा; गुफा; कोठरी गुहा; वेश्म।

cavum tympani—मध्यकर्णीय गुफा।

cecum—(L *caecus*, blind) सीकम; अन्धनलिका। (देखिये caecum)

cell—(L. *cella*, campartment) कोशिका।

cell cycle—कोशिका चक्र; किसी कोशिका के जीवन काल में हुए समस्त परिवर्तन जो उस सूत्री विभाजन (mitosis) जिससे कोशिका का उद्‌गम होता है से लगाकर उस सूत्री विभाजन तक होते हैं जिससे दुहिता कोशिकायें (daughter cells) वनती हैं। डी एन ए (D N A) की पुनरावृत्ति के आधार पर कोशिका चक्र को जी$_1$ (G_1), एस (S), जी$_2$ (G_2) और एम (M) स्थितियों में बाँटा जाता है। सूत्री विभाजन की वह स्थिति जिसमे दुगुण मात्रा डी एन ए (D N A) की उपस्थिति रहती है जी$_1$ स्थिति कही जाती है और फिर एस (S) स्थिति जो कुछ घण्टों की होती है और इस काल में गुण सूत्रों की पुनरावृत्ति होकर डी एन ए (D N A) की मात्रा दुगनी हो जाती है। इसके पश्चात जी$_2$ स्थिति जिसमें चतुर्गुणित डी एन ए की मात्रा उपस्थिति होती है और अन्त में सम सूत्रण विभाजन स्थिति एम (M) होती है जिसमें कोशिका वटती है। कोशिका विभाजन में कम से कम १० घण्टे का समय लगता है।

cell lineage—कोशिका परम्परा। किसी ऊतक या भाग की भ्रूण (embryo) के किसी विशेष उत्पादन कोशिका (blastomere) से उत्पत्ति।

cell organ—कोशिकांग; कोशिका-अंग।

cell products—कोशिका उत्पाद; कोशिका सृष्ट।

ectoplastic—वाह्य सत्वक।

endoplastic—अन्तः सत्वक।

cell sap—कोशिकारस।

cell wall—(L. *cella*, compartment; L. *valum*, a rampart) कोशिकाभित्ति।

cellifugal—(L. *cella*, cell; *fugere*, to flee) कोशिकापगामी; कोशिका से परे जाने वाले।

cellipetal—(L. *cella*, cell; *petere*, to seek) कोशिकापगामी; कोशिका की ओर आने वाले।

cellular—(L. *cellula*, small cell) कोशिकीय; कोशिकायुक्त (मय)।

cellulase—(L. *cellula*, small cell) सेलुलेस; वैक्टीरिया और फन्जाई में पाया जाने वाला एन्ज़ाइम जिससे सेलूलोज (cellulose) का जल अपघटन (hydrolysis) होता है।

cellulose—(L. *cellula*, small cell) सेलुलोस; ($C_6 H_{10} O_5$) x;।

१—पादप कोशिक भित्तियाँ वनाने वाला प्रमुख कार्वोहाइड्रेट।

२—ट्यूनीकेट्स (tunicates) जन्तुओं के कवच या चोल में भी पाया जाता है।

cement—(L. *ceamentum*, mortar) सीमेन्ट; संयोजक। हड्डी से मिलता-जुलता एक रसायनिक पदार्थ जो दाँतों में पाया जाता है। कुछ जन्तुओं में एक प्रकार का स्राव, जो जोड़ने का काम देता है।

cenchrus—(Gk. *kengchros*, millet) पीत-क्षेत्र; कुछ कीटों के मध्यवक्ष पर स्थित पीले रंग का भाग।

cenozoric era—सीनोज़ोइक महाकल्प; नूतन जीव महाकल्प।

censer mechanism—वीज छितराने की विधि; तेज वायु द्वारा फल से वीजो के छितराने की विधि।

centradenia—(Gk. *kentron*, centre; *aden*, gland) सेंट्राडेनिया; नालधारी (siphonophore) दली जन्तुओं का एक प्रकार।

centipede—कातर; शतपदी; शतपाद; कनखजूरा; कांतर।

central—(L. *centrum*, centre) केन्द्रीय।

central canal—(canalis centralis) केन्द्रीयनली।

central nervous system—केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र।

centric—(L *centrum*, cntre) परिकेन्द्री; चक्रिक।

centrifugal—(L. *centrum*, centre; *fugere* to flee) अपकेन्द्री; केन्द्रोपगामी।

centriole—(L. *centrum*, centre) तारक केन्द्र; केन्द्र बिन्दु।

centripetal—(L. *centrum*, centre; *petere*, to seek) अभिकेन्द्री; केन्द्रोपगामी।

centrodesmose or centrodesmus—(Gk. *kentron* centre; *desmos*, bend) केन्द्र विन्दु (centriole) संयोगी सूत्रिका या सूत्रिका तंत्र (system of fibrils)।

centrodorsal—(L. *centrum*, centre; *dorsum*, back) केन्द्र पृष्ठीय।

centrogenous—(Gk. *kentron*, centre; *genos*, descent) केन्द्रीयवर्धी; केन्द्रवर्धीय।

centrolecithal—(Gk. *kentron*, centre; *lekithos*, yolk) केन्द्रपीतकी; केन्द्रस्थ डिम्बात्री; केन्द्रीय-स्थल डिम्बात्री।

centromere—(Gk. *kentron*, centre; *meros*, part) सेन्ट्रोमियर; गुणसूत्र बिन्दु।

centron—(Gk. *kentron*, centre) तंत्रिका-कोशिका पिण्ड।

centrophormium—(Gk. *kentron*, centre; *phormis*, small basket) कंडोलिका। गोल डलिया के आकार के नौलगी पिण्ड।

centroplasm—(Gk. *kentron*, centre; *plasma*, mould) सेन्ट्रोप्लाज्म; केन्द्रसत्व; केन्द्र विन्यास या तारक परिकेन्द्र (centrosphere) बनाने वाला पदार्थ।

centroplast—(Gk. *kentron*, centre; *plastos*, formed) केन्द्रपिण्ड; कुछ निम्न जन्तुओं में न्यूक्लियस (nucleus) के बाहर स्थिति गोलाकार पिण्ड जो विषम विभाजन (mitosis) में विभाजन केन्द्र बनता है।

centrosome—(Gk. *kentron*, centre; *soma*, body) सेन्ट्रोसोम; तारक काय; केन्द्र पिण्ड। विषम कोशिका विभाजन (mitosis) में व्यवसाय स्फूर्ति का केन्द्र विशेष, जिनमें केन्द्र विन्दु (centriole) और आकर्षण मण्डल (attraction sphere) सम्मिलित है।

centrosphere—(Gk. *kentron*, centre; *sphaira*, ball) तारक परिकेन्द्र; केन्द्र विन्यास; विषम कोशिका विभाजन (mitosis) में तारा विन्यास और केन्द्र पिण्ड centrosome) से निर्मित मध्यस्थ रचना।

centrotaxis—(Gk. *kentron*, centre; *taxis*, arrangement) केन्द्र-विन्यास।

centrotheca—(Gk. *kentron*, centre; *theke*, case) मध्याणु। (देखिए idiozome)

centrum—(L. *centrum*, centre) कशेरुक काय; सेन्ट्रम; केन्द्रक; कशेरु का एक भाग।

cephal=kephal—(Gk. *kephale*, head) सिफेल; शिरस्थ; सिर; कपाल।

cephalad—(Gk. *kephale*, head) किफेलड; शीर्ष-दिकीय; सिर की ओर या अग्र भाग की तरफ।

cephalanthium—(Gk. *kephale*, head; *anthos*, flower) केपिटुलम या मुण्डक; कम्पोजिटी (compositae) कुल के पौधों में पाया जाने वाला पुष्पक्रम (inflorescence)।

cephaletron—(Gk. *kephale*, head; *etron*, belly) शिरक्षेत्र; अग्र क्षेत्र; जीफोसुरा (xiphosura) का अग्र क्षेत्र।

cephalic—(Gk. *kephale*, head) शीर्षीय; सिर सम्बन्धी; सिर का।

cephalic index—(Gk. *kephale*, head; L. *indicare*, to show) कपालीय निर्देशिनी (सूत्र)। वह संख्या जो खोपड़ी (skull) की अधिकतम चौड़ाई को अधिकतम लम्बाई से भाग देकर प्राप्त संख्या से १०० गुना करने पर प्राप्त होती है।

cephalisation—(Gk. *kephale*, head) शिरोविकास; शिरोवर्धन।

cephalon—(Gk. *kephale*, head) सिफोलोन; सिर (आर्थोपोड़ा का)।

cephalochorda—(Gk. *kephale*, head; *chorde*, string) सेफेलोकोर्डा; शिरोदण्डक; शीर्ष दण्डक।

cephalont—(Gk. *kephale*, head) सिफैलोन्ट; स्पोरज; ऐसा स्पोराणु (sporozoon) जो स्पोर (spore) बनने जा रहा हो।

cephalopod—(Gk. *kephale*, head; *pous*, foot) सेफेलोपोड; शिरस्पाद। एक प्रकार के सामुद्रिक मौलस्का (mollusca) जिनके सिर पर पेशीमय चूषक युक्त भुजायें होती हैं।

cephalopodium—(Gk. *kephale*, head; *pous*, foot) सिरक्षेत्र; सिफैलोपोडा (cephalopoda) जन्तुओं में सिर और भुजा (बाहु) द्वारा निर्मित सिर क्षेत्र।

cephalostegite—(Gk. *kephale*, head; *stege*, roof) शिरस्पटल; शिरस्कुटल; शिरोवक्षीय ढाल (cephalo thoracic shield) का अग्र भाग।

cephalostyle—(Gk. *kephale*, head; *stylos*, pillar) पृष्ठ दण्डाग्र; कोन्ड्रोक्रेनिया (chondrocrania) में पाया जाने वाला पृष्ठदण्ड (notochord) का आवरण (sheath) में ढका अग्र भाग।

cephalotheca—(Gk. *kephale*, head; *theke*, case) शिरस्त्वक (कीट प्यूपा में)।

cephalothorax—(Gk. *kephale*, head; *thorax*, breast) शिरोवक्ष; मकड़ी, कैंकड़े आदि जन्तुओं में शरीर का वह भाग जो सिर और वक्ष के योग से बनता है।

cephalotrocha—(Gk. *kephale*, head; *trachos*, wheel) शीर्ष चक्रक। टर्बिलेरिया (turbellaria) का डिंभक या अर्भक जिसके मुँह के चारों ओर आठ प्रवर्धन होते हैं।

cephalula—(Gk. *kephale*, head) सिफेलूला; शीर्ष-प्लावी; किन्हीं ब्रेकियोपोडा (brachiopoda) की स्वतंत्र प्लावी भ्रूणिक अवस्था।

cerata—(Gk. *keras*, horn) पत्र शृंग; सिरेटा।

ceratium—(Gk. *keration*, little horn) सिरेटियम; आभासीपट (replum) हीन सिलिक्यूआ (siliqua), क्रूसीफेरी कुल का खास फल।

ceratobranchial—(Gk. *keras*, horn; *branchia*, gills) किरेटोब्रैंकियल; मध्यगिलक।

ceratohyal—(Gk. *keras*, horn; *hyoeides*, Y-shaped) मध्यकंठिका; किरेटोहायल; मध्यहायक। ग्रीक शब्द में जो किरेटो (cerato) पद आया है, उसका अर्थ है सींग (शृंग) जो निरर्थक है, इस कारण हिन्दी पर्याय शब्द में हमने उसके स्थान में 'मध्य' पद रखना उचित समझा है। क्योंकि मध्यहायक दो ऊपरी (कठ-हायक और ऊर्ध्व-हायक) और दो निचले (अधोहायक और मूलहायक) के बीचो बीच स्थिति होता है।

ceratotrichia—(Gk. *keras* horn; *thrix*, hair) शृंगीरोम; उपास्थि मत्स्यो (elasmobranchs) का शृंगी और अकोशिकीय तारोपम रोम (actino-trichia)।

cercal—(Gk. *kerkos*, tail) पुच्छीय।

cercaria—(Gk. *kerkos*, tail) पुच्छार्भक; ट्रिमैटोडों (trematodes) में पाया जाने वाला डिंभक या अर्भक (लारवा) विशेष।

cercid—(Gk. *kerkos*, shuttle) सरसिड; परिभ्रमण कोशिका; ढरकी कोशिका।

cercoid—(Gk. *kerkos*, tail; *eidos*, shape) सरकोइड; पुच्छोपम।

cercus—(Gk. *kerkos*, tail) लूम; सर्कस; पुच्छावयव; बहुत से आर्थ्रोपोडा (arthropoda) में उदर (abdomen) के अन्त में पाया जाने वाला जोड़दार अवयव।

cere—(L. *cera*, wax) सियर; पक्षियों में चोंच के मूल पर स्थित मांस की फूली हुई गद्दी।

cerebellar—(L. *cerebrum*, brain) अनुमस्तिष्क; सेरेबिलर।

cerebellum—(L *cerebrum*, brain) अनुमस्तिष्क; सेरीबिलम।

cerebral—(L. *cerebrum*, brain) (१) प्रमस्तिष्कीय; सेरिब्रल; प्रमस्तिष्क-सम्बन्धी। (२) मस्तिष्कीय।

cerebral ganglia—(L. *cerebrum*, brain; Gk. *ganglion*, swelling) प्रमस्तिष्क-गुच्छिका।

cerebrifugal—(L. *cerebrum*, brain; *fugere*, to flee) मस्तिष्कापगामी; मस्तिष्क-सुषुम्ना तंत्रिका सूत्र;

वे तंत्रिका सूत्र (nerve fibres) जो मस्तिष्क से सुषुम्ना (spinal cord) को जाते हैं।

cerebroganglion—(L. *cerebrum*, brain; Gk. *ganglion*, swelling) मस्तिष्क गैंगलिया (गुच्छिका); निगरोर्ध्व गैंगलिया। अकशेरुकों (invertebrates) के वह गैंगलिया या गण्ड (ganglia) जो निगरण के ऊपर स्थित हों।

cerebropedal—(L. *cerebrum*, brain; *pes*, foot) प्रमस्तिष्क-पाद—; मस्तिष्क-पादगण्डीय; मौलस्क या कवचधारियों (molluscs) में पाये जाने वाले वह वन्धक (connective) जो मस्तिष्क गैंगलिया (cerebral ganglia) और पाद गैंगलिया या गण्ड (pedal ganglia) को जोड़ते हैं।

cerebrospinal—(L. *cerebrum*, brain; *spina*, spine) प्रमस्तिष्क-मेरु; मस्तिष्क-सौपम्निक; मस्तिष्क और सुषुम्ना सम्बन्धी।

cerebrovisceral—(L. *cerebrum*, brain; *viscera*, viscera) प्रमस्तिक-आन्तरंग—; मस्तिष्क-देहगण्डीय। मौलस्क (mollusc) में मस्तिष्क-गैंगलिया (cerebral ganglia) और देह-गैंगलिया या 'आन्तरंग-गैंगलिया (visceral ganglia) को जोड़ने वाले वन्धक (connectives)।

cerebrum—(L. *cerebrum*, brain) प्रमस्तिष्क; सेरिब्रम।

cereous—(L. *cereus*, waxen) सीरियस; सिक्थोपम; मोम सदृश।

ceriferous—(L. *cera*, wax; *ferre*, carry) सिक्थोत्पादक; मोम बनाने वाले।

cernuous—(L. *cernuus*, with face turned downwards) शिथिल; लटका हुआ या झूलता हुआ।

ceroma—(Gk. *keroma*, ointment) सिरोमा; किरोमा; सियर। देखिये (cere)

cerous—(L. *cera*, wax) सियरोपम; सियर (cere) के समान आकृति।

certation—(L. *certatio*, contest) वर्धन प्रतिद्वन्द्विता; विभिन्न जाति के पराग नलिकाओं की बढ़ने की दिशा में प्रतिद्वन्द्विता।

cerumen—(L. *cera*, wax) कर्ण-सिक्थ; कान में से मोम के समान निकलने वाला मैल।

ceruminous glands—सिक्थ ग्रन्थि।

cervical—(L. *cervix*, neck) ग्रैव; ग्रैवेय; ग्रैवेयी; ग्रीवा सम्बन्धी; गर्दन सम्बन्धी तंत्रिका, अस्थि, रक्त नलिकायें आदि।

cervicum—(L. *cervix*, neck) ग्रीवा।

cervix—(L. *cervix*, neck) अंग-ग्रीवा; अंग-कण्ठ; किसी अंग-विशेष का संकुचित गर्दननुमा या संकुचित भाग जैसे गर्भाशय अंग कण्ठ (cervix uteri)।

cestodes—सेस्टोडा; मीवा; पट्ट देहियों (platyhelminthes) का एक वर्ग।

cetaceans—सिटेशियन (तिमिगणी), जलवासी स्तनपायी विशेष।

cevitamic acid—विटामिन "C" एस्कोर्बिक अम्ल।

chaeta=seta—(Gk. *chaite*, hair) शूक; रोमिका।

chaetic—(Gk. *chaite*, hair) रोमिकी; कीटिक; शूकोपम; कीटों का एक प्रकार का स्पर्श लघु संवेदनांग; (sensilla)।

chaetiferous—(Gk. *chaite*, hair; L. *ferre*, to bear) रोमिकाधारी; रोमिका युक्त।

chaetognatha—(Gk. *chaite*, hair; Gk. *gnathos*, jaw) रोमिकाहनु; कीटोगिनैथा, एक वर्ग का नाम।

chaetophorous—(Gk. *chaite*, hair; *pherein*, to bear) रोमिका युक्त; रोमिकाधारी।

chaetopoda—कीटोपोडा; रोमिका पाद।

chaetosema—(Gk. *chite*, hair; *sema*, sign) कीटोसीमा; रोमिका संवेदी; जोर्डन का अंग (Jordan's organ); किन्हीं लेपीडोप्टिरा (lepidoptera) तनुपक्षक के सिर पर स्थिति दो में से एक संवेदीय अंग जो पिधानीय (sheathed) तंत्रिका (nerve) से मस्तिष्क से जुड़ा रहता है।

chaetotaxy—(Gk. *chaite*, hair; *taxis*, arrangement) रोमिका-विन्यास ।

chain bahaviour—क्रमिक व्यवहार; श्रृंखलीय कार्य ।

chalaza—(Gk. *chalaza*, tubercla) कैलाजा; श्वेतक रज्जु; डिम्बान्न-बन्ध । पक्षियों में डिम्बान्न (yolk) को अण्डे की झिल्ली से जोड़ने वाला बन्ध ।

chalaziferous—श्वेतकरज्जुमय; डिम्बान्न बन्ध युक्त ।

chalazogamy—(Gk. *chalaza*, hail; *gamos*, marriage) डिम्बान्नवेधी निषेचन; वह निषेचन जिसमें पराग नलिका डिम्बान्न (chalaza) को वेधकर निषेचन करती है ।

chalice—(L. *calix*, goblet) पात्रक कोशिका; ग्रन्थि कोशिका ।

chalones—(Gk. *chalinos*, curb) कैलोन; निषेधक; क्रिया ह्रासक (अन्तः स्त्राव) ।
(देखिये विलोम hormone उद्दीपक)

chalonic—(Gk. *chalinos*, curb) निषेधक; अवरोधक; क्रिया ह्रासक ।

chamber—कोठरी; कोठा ।

character—लक्षण; गुण; स्वरूप; विशेषतायें ।

chain of ganglia—गण्ड श्रृंखला ।

chamaephyte—(Gk. *chamai*, on the ground; *phyton*, plant) भूपादप; ऐसे पौधे (पादप) जिनकी शाखायें व कलियाँ जमीन पर पड़ी रहती है ।

chasmatoplasm—(Gk. *chasma*, panse; *plasma*, mould) विस्तृत तत्वजन ।

chasmochliomophyte—(Gk. *chasma*, opening; *choma*, mound; *phyton*, plant) चट्टान दरारी पादप ।

chasmogamy—(Gk. *chasma*, opening; *gamos*, marriage) पुष्पनिर्भिदता; उत्फल निषेचन; उन्मील परागण; परिपक्व पुष्प का निषेचन हेतु खुलना ।
[विलोम—cleistogamy—बिनाखुले निषेचन; स्वयं निषेचन]

chasmophyte—(Gk. *chasma*, opening; *phyton*, plant) उन्मील पादप ।

cheek—(A. S. *coeca*, cheek) कपोल; गाल ।

cheiroptera—काइरॉप्टेरा (चमगादड गण) ।

cheiropterygium—(Gk. *cheir*, hand; *pteryx*, wing) पञ्चांगुलावयव । उच्च कशेरुकों (vertebrates) में पाये जाने वाले पंचांगुलीय (pentadactyl) अवयव (limb) ।

chela—(Gk. *chele*, claw) कीला; चंगुल; केकड़ा-वंशी या क्रस्टेशिया (crustaceans) और अरेकनिडा-अष्टपादों (arachnida) में पाया जाने वाला चंगुल ।

chelate—(Gk. *chele*, claw) कीलेट; चंगुलयुक्त ।

chelicerae—(Gk. *chele*, claw; *keras*, horn) कीलिसिरी; चंगुलांग ।

cheliferous—(Gk. *chele*, claw; L. *ferre*, to bear) चंगुल युक्त ।

cheliform—(Gk. *chele*, claw; L. *forma*, shape) चंगुलोपम ।

cheliped—(Gk. *chele*, claw; L. *pes*, foot) चंगुल युक्तअवयव; करजपद ।

chelophores—(Gk. *chele*, claw; *pherein*, to bear) प्रचुंगली; चंगुलधारी; पिकनोगोनिडा (pycnogonida) का प्रथम युगल अवयव ।

chelonia—कीलोनिया (कच्छप गण) ।

chelophores—(Gk. *chele*, claw; *pherein*, to bear) चगुलधारी अवयव ।

chemiluminescence—(Gk. *chymos*, juice; L. *luminescere*, to grow light) रसायन-प्रकाश; रसायन प्रक्रिया में सामान्य ताप पर प्रकाशोत्पादन ।

chemonasty—(Gk. *chemos*, juice; *nastos*, close pressed) रसायन-अनुकुंचन; अव्यक्तरसज-न्यास । व्याप्त (diffuse) या अव्यक्त (indirect) रसायनिक उत्तेजनाओं (chemical stimuli) के प्रति प्रतिक्रिया ।

chemoreceptor—(Gk. *chemos*, juice; L. *recipere*, to receive) रसायन-ग्राही: रस वेदनाग्राही;

रासायनिक उत्तेजनाओं (chemical stimuli) को ग्रहण करने वाला अन्तस्थ अंग (terminal organ)।

chemoreflex—(Gk. *chemos*, juice; L. *reflectere* to bend back) रसज-परावर्तन; रासायनिक उत्तेजनाओं (chemical stimuli) से उत्पन्न परावर्तन (reflex)।

chemosynthesis—(Gk. *chemos*, juice; *syn*, with; *tithenai*, to place) रासायनिक-निर्माण। जीवों में रासायनिक यौगिकों (compounds) का बनना।

chemotaxis=chemiotaxis—(Gk. *chemos*, juice *taxis*, arrangement) रसायन-अनुचलन; रसजन्यास; कोशिकाओं (cells) या स्वतन्त्रगामी जीवों की रसायनिक उत्तेजनाओं (chemical stimuli) से उत्पन्न प्रतिक्रिया।

chemotropism—(Gk. *chymos*, juice; *trope*, turn) रसायन-वृत्ति; रसायनिक उत्तेजना के प्रति पौधे या उसके किसी अंग का मुड़ना।

chernozem—(Russ. *chernyi*, black; *zemlya*, soil) काली मिट्टी।

chersophyte—(Gk. *chersa*, waste places; *phyton*, plant) बंजर-पादप; परिपादप। निर्थक भूमि पर उगने वाला पौधा (पादप)।

chest—(L. *cista*, box) वक्षस्थल; छाती।

chevron—(L. *caper*, goat) त्रि-अरी (अस्थि); शेवरन; अनेक कशेरुकों (vertebrates) में नीचे के मेरूदण्ड या सुषुम्ना (spinal column) के पुच्छ भाग में नीचे के तल (surface) पर लगी हुई 'V' अक्षर के आकार की हड्डियाँ।

chiasma—(Gk. *chiasma* cross) काईयेज्मा; व्यत्यासिका; क्रूश।

chiasmatypy—(Gk. *chiasma*, cross; *typos*, character) (१) क्रूशोपम (२) व्यत्यासिकता; युग्मीकरण (synapsis) में गुणसूत्र पदार्थ का एक प्रकार का पुनः सम्मिश्रण।

chiastoneural—(Gk. *chiastos*, diagonally arranged; *neuron* nerve) तंत्रिका क्रूश; ऐसे गैस्ट्रोपोड (gastropods) जिनमें दैहिक तंत्रिका रज्जु क्रूश का सा आकार बना लेती हैं।

chilaria—(Gk. *cheiolos*, lip) काईलेरिया; लीमूलस (limulus) में छटे अवयव जोड़े (appendage) के बीच में स्थित प्रवर्धनों का जोड़ा।

chimaera—(L. *chimaera*, monster) विचित्रोतकी; काइमिरा; द्विदेहांशी; द्विकायांशी; वह रौद्र (monster) जो दो भिन्न व्यक्तियों से प्राप्त मूलांश के संलय (fusion) से या दो भिन्न अनुवंश-व्यवस्थाओं (genotypes) के ऊतकों (tissues) से निर्मित हो।

chiropterophilous—(Gk. *cheir*, hand; *pteryx*, wing) जतुकापरागणी; चिमगादड (जतुका) द्वारा परागण।

chin—(Gk. *genys*, chin) चिबुक; ठोडी; ठुड्डी।

chitin—(Gk. *chiton*, tunic) काइटिन।

chitinase—(Gk. *chiton*, tunic) काइटिनेज; काइटिन छित्रक; एक क्षोभक (enzyme) विशेष।

chitinous—(Gk. *chiton*, tunic) काइटिनमय।

chlamydate—(Gk. *chlamys*, cloak) पिधानी।

chlamydospore—(Gk. *chlamys*, cloak; *sporos*, seed) भित्तिकस्पोर; पिधानीस्पोर; एक मोटी भित्ति वाला स्पोर; जैसा फन्जाई और प्रोटोजोआ में पाया जाता है।

chloragen—(Gk. *chloros*, grass green; *genos*, descent) पीतकोशिका; क्लोरेजन (सेल)।

chloragogen cells—पीत कोशिका या कोष्ठ।

chloragocyte—(Gk. *chloros*, sanday yellow; *kytos*, hollow) पीत कोशिका।

chloragosomes—(Gk. *chloros*, sandy yellow; *soma*, body) पीत गोलिकायें।

chloranthy—(Gk. *chloros*, grass green; *anthos*, flower) कोलरेन्थी; पर्ण परिवर्तनता; पुष्प पर्ण (floral leaves) का पुनः हरीत पर्ण (green leaves) में बदलना।

chlorenchyma—(Gk. *chloros*, grass green;

engchyma, infusion) पर्ण हरीत स्तम्भ ऊतक; ऐसा तने का ऊतक जिसमें पर्ण हरित (chlorophyll) हो।

chlorocruorin—(Gk. *chloros*, grass green; *engchyma*, infusion) क्लोरोक्र्यूओरिन; किन्हीं कृमियों में रक्त रस (blood plasma) में पाया जाने वाला हरा स्वांस सम्बन्धी पदार्थ।

chlorophane—(Gk. *chloros*, grass green; *phainein*, to appear) क्लोरोफेन, पर्णहरित वर्णक।

chlorophore—(Gk. *chloros*, grass green; *phore*, carrying) पर्ण हरित वर्णी; क्लोरोफिल कण युक्त।

chlorophyll—(Gk. *chloros*, grass green; *phyllon*, leaf) पर्णहरित; क्लोरोफिल; क्लोरोफिल a; $C_{55}H_{72}O_5N_4$ Mg; क्लोरोफिल b; $C_{55}H_{70}O_6N_4Mg$; पौधों में व कुछ जन्तुओं में हरा रंग देने वाला रसायन। यह हरा रंग समस्त शैवाल (algae) उच्च पौधों और कुछ निम्न जन्तुओं में मृतजीवी (saprophytes) और परजीवी के अतिरिक्त पाया जाता है। यह पर्ण हरित लवक (chloroplasts) में सिवाय नीले शैवाल (साइनोफाइट—cyanophyta) में स्थिति होता है। नीले हरे शैवाल में कोशिका प्राचीर पर साइटोप्लाज्म में बिखरे हुए प्रकाश संश्लेषी कलाओं में होता है। प्रकाश संश्लेषण (photosynthesis) में प्रकाश की किरण को ग्रहण करने वाला यही पदार्थ होता है और प्रकाश उर्जा को रसायनिक उर्जा में बदलने की प्रथम स्थिति इसी पदार्थ पर होती है।

chloroplast, chloroplastid—(Gk. *chloros*, grass green; *plastos*, moulded) पर्ण हरित कण पर्णहरित लवक।

chlorosis—(Gk. *chloros*, pallid) पर्णहरितहीनता; मानव में हरित रूग्णता।

chlorostatolith—(Gk. *chloros*, grass green; *statos*, stationary; *lithos*, stone) पर्णहरित कण।

chlorotic—(Gk. *chloros*, pallid) पर्ण हरित हीनता; क्लोरोटिक।

choana—(Gk. *choane*, funnel) पश्चनासारंध्र; अन्तर्नासाछिद्र।

choanocyte—(Gk. *choane*, funnel; *kytos*, hollow) कीप कोशिका।

choanoflagellata—(Gk. *choane*, funnel; L. *flagellum*, whip) कोऐनो-फलैजेलेटा; कीप-कपी या कीप-कपा तंत्री (मेस्टीगोफोरा mastigophora) वर्ग का एक गण (order)।

choanoid—(Gk. *choane*, funnel) कीपोपम; कीपनुमा; कीपसम; रिटरेक्टर बल्बाई चक्षुपेशी, यह पेशी सृप, पक्षी और उच्च प्राइमेट्स में अनुपस्थिति होती है।

choanosome—(Gk. *choane*, funnel) कीपस्तर; स्पंज (sponge) में कशा तंत्री कोशिकाओं से युक्त, आन्तरिक स्तर।

cholecystokinin—(Gk. *chole*, bile; *kystis*, bladder; *kinen*, to move) कोलेसिस्टोकाइनिन; ड्यूडेनम का एक हार्मोन जिससे पित्providedाशय (gall-bladder) सिकुड़ता है।

choledoch—(Gk. *chole*, bile; *dochos*, containing) सामान्य पित्त नली।

choleic—(Gk. *chole*, bile) कॉलिक अम्ल; यह अम्ल बैल के पित्त में पाया जाता है।

cholestrol—(Gk. *chole*, bile; *stereos*, solid) कॉलेस्ट्राल; $C_{27}H_{46}O$; एक श्वेत नस-अम्ल (fatty alcohol) जो प्रोटोप्लाज्म, तंत्रिका ऊतक पित्त, डिम्बान्न और अन्य जन्तु पदार्थों में पाया जाता है।

choline—(Gk. *chole*, bile) कोलाइन; $C_5H_{15}O_2N$; एक स्फुटिक क्षार जो पौधे और जन्तु में पाया जाता है, यह लेसीथिन (lecithen) के विघटन से बनता है।

cholinergic—(Gk. *chole*, bile; *ergon*, work) कॉलीनर्जिक; तंत्रिकाउर्जा स्रोत; कोलीवधर्मोत्तेजक; परानुकंपी तंत्रिका सूत्रों जो अपने अंतस्थ छोर से

एसीटाइल कोलाइन (*acetyl choline*) मुक्त करते हैं।

cholochrome—(Gk. *chole*, bile; *croma*, colour) पित्तारंजक।

cholohaematin—(Gk. *chole*, bile; *haima*, blood) कोलोहीमेटिन।

chomophyte—(Gk. *choma*, mound; *phyton*, plant) कोमोफाइट; शिलापादप।

chondral—(Gk. *chondros*, cartilage) उपास्थिक; उपास्थि सम्बन्धी।

chondrification—(Gk. *chondros*, cartilage; L. *facere*, to make) उपास्थि संचय; उपास्थि-उत्पादन।

chondrigen—(Gk. *chondros*, cartilage; *genos*, descent) उपास्थिज; उपास्थि आधारक कोलेजन।

chondrin—(Gk. *chondros*, cartilage) कणांग।

chondriocont—(Gk. *chondros*, grain; *kentos*, pole) दण्ड रूपक कण पिण्ड; दण्डी कण पिण्ड।

chondriodieresis—(Gk. *chondros*, grain, *dieressein*, to swing about) कणांग रूपभेद; कोशिका विभाजन में कणांग (mitochondria) में परिवर्तन (रूपभेद)।

chondriokinesis—(Gk. *chondros*, grain; *kinesis*, movement) कणांग-विभाजन; कोशिका के विषम और ह्रास-विभाजन (mitosis and meiosis) में कणांगों chondriosomes) का विभाजन।

chondrioma—(Gk. *chondros*, grain) कणांग।

chondriomere—(Gk. *chondros*, grain; *meros*, part) कणांगटूक या खण्ड।

chondriomite—(Gk. *chondros*, grain; *mitos*, thread) कणांग; संकुचित कणांग।

chondrioplast—(Gk. *chondros*, grain; *plastos*, formed) कणांग; गोलगी शलाका।

chondriosomes—(Gk. *chondros*, grain; *soma*, body) chondriomites, chondriocents, chondriospheres, chondrioplasts, mitochondria. कण पिण्ड।

chondriosphere—(Gk. *chondros*, grain; *sphaira*, globe) गोलाकार कणांग।

chondroblast—(Gk. *chondros*, cartilage, *blastos*, bud) उपास्थि जन।

chondroclast—(Gk. *chondros*, cartilage; *klastos*, broken down) उपास्थिनाशक; बड़ी बहुनाभिक (multinucleate) कोशिका जो उपास्थि (cartilage) के आधार पदार्थ (matrix) का नाश करती है।

chondrocranium—(Gk. *chondros*, certilage; *kranion*, skull) उपास्थि-कपाल।

chondrocyte—(Gk. *chondros*, cartilage; *kytos*, hollow) उपास्थि-कोशिका।

chondrogenesis—(Gk. *chondros*, cartilage; *genesis*, descent) उपास्थि-जनन।

chondroid—(Gk. *chondros*, cartilage; *eidos*, shape) उपास्थिसम; उपास्थि सदृश।

chondromucoid—(Gk. *chondros*, cartilage; L. *mucus*, mucus; Gk. *eidos*, form) उपास्थि श्लैष्म।

chondrophore—(Gk. *chondros*, cartilage; *pherein* to bear) उपास्थिधारी।

chondroskeleton—(Gk. *chondros*, cartilage; *skeleton*, dried body) उपास्थि-पंजर।

chondrosteous—(Gk. *chondros*, cartilage; *osteon*, bone) उपास्थि पंजरी।

chondrosternal—(Gk. *chondros*, cartilage; *sternon*, breast) पर्शु, उपास्थि और वक्षास्थि (स्टर्नम) से सम्बंधित।

chone—(Gk. *choane*, funnel) कीपाकार पथ (कीप funnel)। बहुछिद्रियों (स्पंजस—sponges) के वल्क (cortex) में स्थिति पथ, जिसका वाह्य छिद्र एक या अधिक हों तथा अन्तः छिद्र केवल एक हो, जिससे कीपाकार (funnel like) आकृति बनती हो।

chorda—(Gk. *chorde*, string) रज्जुदण्ड; पृष्ठ दण्ड कोई रज्जु समान रचना।

chordacentra—(Gk. *chorde*, string; L. *centrum* centre) दण्ड केन्द्रक।

chordae tendinae—कंडरा रज्जु; स्नायु-रज्जु; कार्डी टेन्डिनी; कपाट रज्जु।

chordate—(Gk. *chorde*, string) कॉर्डेटा; पृष्ठ दण्डी; रज्जुकी।

chordotonal—(Gk. *chorde*, string; *tonos*, tone) ध्वनिग्राही; वेदनशलाका। कीटों (insects) में पाये जाने वाले शलाकाकार या कचाकार वेदनांग।

chore—(Gk. *chore*, place) कोर; इकाई क्षेत्र; वह क्षेत्र जिसमें भूगोलिक या पर्यावरणी दशाओं की इकाई प्रदर्शित होती हो।

choreiathetose—(Gk. *choreia*, dance; *athetos*, lawless) वेताल गति जैसे भ्रौणिक (foetal) गति।

choriocapillaris—(Gk. *chorion*, skin; L. *capillaris*, capillary) रक्तकपटल केशिकीय भाग; रक्तक पटल का अन्तस्थ वाहक स्तर।

chorioid=choroid—कोरोइड; रक्तक पटल (चक्षका)।

chorion—(Gk. *chorion*, skin) जरायु; चर्मिका; गर्भ की वाहरी झिल्ली।

chorionic—(Gk. *chorion*, skin) जरायु—; चर्मिकीय; जैसे जननांग प्रभावक हार्मोन (gonadotrophic hormone)।

chorioretinal—(Gk. *chorion*, skin; L *retina*, retina) रक्तपटल और रेटीना सम्बन्धी।

choripetalous—(Gk. *choris*, separete; *petalon*, leaf) पृथकदली; पृथग्दली।

choriphyllous—(Gk. *choris*, re arate; *phyllon*, leaf) पृथक परिदलपुंजी; पृथक पर्णी।

chorisepalous—(Gk. *choris*, sparate; F. *sepale*, sepal) पृथकवाह्यदलपुंजी; पृथकवाह्यदली।

chorisis—(Gk. *choris*, separate) विभजन; विद्विगुणीकरण।

choroid—(Gk. *chorion*, skin; *eidos*, from) रक्तक पटल।

choroid plexus—रक्तक जालक।

anterior choroid plexus—अग्ररक्तक जालक।

posterior choroid plexus—पश्च रक्तक जालक।

choroidal—रक्त पटलीय।

chorology—(Gk. *choros*, place; *logos*, discourse) जीव भूगोल; भूगोलिक विस्तार; जीव वितरण विज्ञान; अंग (organ) या अंगीओ (organisms) के विस्तार सम्बन्धी विज्ञान।

choronomic—(Gk. *choros*, place; *nomos*, law) वाह्य निर्देशक।

(देखिये विलोम–autonomic–स्वयं निर्देशक)

chorotypes—(Gk. *choros*, place; *typos*, pattern) स्थानीय (जन्तु आदि) स्थानीय किस्में।

chresard—(Gk. *chresis*, use; *ardo*, I water) जल उपलब्धता; जललभ्यता; पौधों की वृद्धि के लिए उपलब्ध जल की मात्रा।

chromaffin—(Gk. *chroma*, colour; L. *affinis*, related) वर्णा वद्दी; वर्णरागी; क्रोमेफिन; रंजकरागी।

chromaphil—(Gk. *chroma*, colour; *philein*, to love) रंजकरागी।

chromaphobe—(Gk. *chroma*, colour; *phobos*, fear) अरंज्य (कोशिका या ऊतक); रंगाक्षम।

chromasie—(Gk. *chroma* colour) रंज्य वृद्धि; क्रेमिटिन की वृद्धि और उपाष्ठि का निर्माण।

chromatic—(Gk. *chroma* colour) वर्णिक।

chromaticity—(Gk. *chroma* colour) वर्णकता।

chromatid—(Gk. *chroma*, colour) क्रोमोटिड; अर्ध गुण सूत्र; चतुष्कांश। ह्रास विभाजन (meiosis) में पाये जाने वाले चतुष्क (tetrad) का एक भाग।

chromatin—क्रोमेटिन; अष्ठि रंज्य।

chromatogen organ—कपिशांग। एकाईनोडर्मेटा-शूल धारियों (echinoderms) में पाया जाने वाला एक भूरा सदल अंग (lobed organ)।

chromatoid grains—क्रोमेटिन सदृश कण; प्रोटोप्लाज्म के वे कण जो क्रोमेटिन समान ही रंग ले लेते हैं।

chromatolysis—(Gk. *chroma*, colour; *lysis*, loosing) निस्लकण लोप (जैसे कि थकी हुई तंत्रिका कोशिकाओं में होता) है।

chromatophore—(Gk. *chroma*, colour; *pherein*, to bear) वर्णकी लवक; रंग कोशिका। कोशिका समूह या जिनकी आकृति या रंग में संवेदक तंत्रिका तंत्र (*sympathetic nervous system*) के प्रभाव से परिवर्तन हो जाता है।

chromatophorotropic—(Gk. *chroma*, colour; *pherein*, to bear; *trope*, turn) क्रोमेटोफोरोट्रोपिक (हार्मोन)।

(१) केकड़ावंशी (crustacean) के चक्षु स्तम्भ (stalk) का हार्मोन (उद्दीपक)।

(२) पिट्यूटरी के मध्यांश (pars intermedia) द्वारा स्त्रावित इन्टरमीडिन (intermedin) हारमोन जिससे वर्णकीलवक (chromatophores) कोशिका फैलती हैं।

chromatophyll—(Gk. *chroma*, colour; *phyllon*, leaf) क्रोमेटोफिल; पर्णवर्ग; कपाधारियों (flagellates) का पौधों सदृश रंजक पदार्थ।

chromatoplasm—(Gk. *chroma*, colour; *plasma*, mould) रगसत्व; क्रोमेटोप्लाज्म।

chromatospherite—(Gk. *chroma*, colour; *sphaira*, globe) उपाष्ठि; न्यूक्लिओलस; केन्द्रिक।
(देखिये nucleolus)

chromidia—(Gk. *chroma*, colour; *idion* dim) क्रोमीडिया; रंज्योपकणिका; क्रोमेटिन (अष्ठिरंज्य) के न्यूक्लियस से बाहर स्थित कण जो फिर न्यूक्लियस बन सकते हैं।

chromidiogamy—(Gk. *chroma*, colour; *gamos*, union) रंज्योपकणिका संयोग; दो संयोगार्थियों (conjugants) की रंज्योप कणिकाओं (chromidia) का संयोग।

chromidiosomes—(Gk. *chroma*, colour; *soma*, body) रंज्जोप कणिकांश।

chromiole—(Gk. *chroma*, colour) क्रोमियोल; रंज्यकण कणिका।

chromoblast—(Gk. *chroma*, colour; *blastos*, bud) रंगकोष्ठज; वर्ण कोशिकज।

chromocentre—(Gk. *chroma*, colour; *kentron*, centre) परिसूत्र विन्दु; क्रोमोसेन्टर।

chromocyte—(*Gk. chroma, colour; kytos*, hollow) रंग कोष्ठ; रंज-कोशिका।

chromogenic—(Gk. *chroma*, colour; *genos*, birth) क्रोमोजनी; वर्णकोत्पादकी।

chromomere—(Gk. *chroma*, colour; *meros*, part) क्रोमोमीयर; रंज्यकण।

chromonema—(Gk. *chroma*, colour; *nema*, thread) क्रोमोनीमा। कुण्डल सूत्र; कोशिका (cell) के विषम विभाजन (mitosis) की पुरास्थिति (prophase) में पाया जाने वाला एक लिपटा हुआ बलदार सूत्र।

chromophanes—(Gk. *chroma*, colour; *phainein*, to show) क्रोमोफेन्स; विभिन्न वर्णी तैल्य गोलिकायें पक्षीयों, सर्पो, मत्स्यों और मारसूपियल जन्तुओं के रेटीना में पाये जाने वाले विभिन्न वर्णी तैल्य गोलिकायें (oil globules)।

chromophilous—(Gk. *chroma*, colour; *philos*, loving) अभिरंजकरागी; रंगग्राही; शीघ्र रंग जाने वाला।

chromophobe—(Gk. *chroma*, colour; *phobos*, to bear) अरंज्य; अल्परंज्य।

chromophore—(Gk. *chroma*, colour; *pherein*, to bear) रंगधारी; क्रोमोफोर; वर्ण मूलक।

chromoplast—(Gk. *chroma*, colour; *plastos*, moulded) वर्णलवक।

chromoproteins—(Gk. *chroma*, colour; *protos*, first) वर्णकप्रोटीन; क्रोमोप्रोटीन।

chromosome—(Gk. *chroma*, colour; *soma*, bo‿y) क्रोमोसोम; गुणसूत्र; परम्परासूत्र। न्यूक्लियस या अष्ठि के वे सूत्राकार अंश जिनकी संख्या प्रत्येक जाति (स्पीशीज) की कोशिकाओं में निश्चित रहती है और जिनके द्वारा पिता से पुत्र (पितृ से संतान) में पारम्परिक (hereditary) लक्षण पहुँचते हैं।

chrom‚somin—(Gk. *chroma*, colour; *soma*, body) गुण सूत्र प्रोटीन; क्रोमोसोमिन; क्रोमोसोम का एक प्रोटीन तत्व।

chromospire—(Gk. *chroma*, colour; *spirene*, coil) रंजशुल्व; अष्टिकण उत्सेध।

chronaxie, chronaxy—(Gk. *chronos*, time; *axia*, value) कालमान; क्रोनेक्सी।

(१) विद्युत उत्तेजना और पेशी प्रति उत्तर के बीच का अव्यक्त काल।

(२) न्यूनतम उत्तापी काल।

chrysalis—(Gk. *chrysalis*, gold; *golden*, thing क्राइसेलिस; पिटिका; प्यूपावस्था; कीटों (insects) में जीवन की तृतीय अवस्था।

chrysocarpous—(Gk. *chryos*, gold; *kerpos*, fruit) क्राइसोकारपस; स्वर्ण फली।

chrysophyll—(Gk. *chryos*, gold; *phyllon*, leaf) क्राइसोफिल; पीतरजक पदार्थ।

chylaceous—(Gk. *chylos*, juice) पायस स्वभावी; काइल समान।

chyle—(Gk. *chylos*, juice) काइल; पयोलस; पायस। पाचननाल में पायस नलिकाओं (lacteals) में पाया जाने वाला लिम्फ (लसीका) जिसमें स्नेहकण प्रचुर मात्रा में होते हैं।

chylification—(Gk. *chylos*, juice; L. *facere*, to make) पायसोत्पादन।

chyliferous—(Gk. *chylos*, juice; L. *ferre*, to carry) पायस-वाहिनी।

chylific—(Gk. *chylos*, juice; L. *facere*, to make) काइल उत्पादी।

chylocaulous—(Gk. *chylos*, juice; L. *caulis*, stem) सरस-स्तंभी; मांसल स्तम्भी; गुदगुदे तने वाला।

chylocyst—(Gk. *chylos*, juice; *kystis*, bladder) काइलपात्र।

chylomicrons—(Gk. *chylos*, juice; *mikros*, small) सूक्ष्म वसाकण।

chylophyllous—(Gk. *chylos*, juice, *phyllon*, leaf) पललपर्णी; गुदगुदे पत्ते वाले जैसे कुछ एक रेगिस्तानी पौधे।

chylopoiesis—(Gk. *chylos*, juice; *poilin* to produce) काइम उत्पादी।

chyme—(Gk. *chymos*, juice) काइम; अर्धपक्वान्न; अर्धपक्व भोजन; अमाशय में परिवर्तित होने के पश्चात्।

chymification—(Gk. *chymos*, juice; L. *facere*, to make) काइमीकरण; भोजन को काइम में परिवर्तित करने की प्रक्रिया।

chytridium—(Gk. *chytrdion*, little pot) स्पोर पात्र; किन्ही फन्जाई का स्पोर पात्र (vessel)।

cicatricial tissue—घाव पूरक ऊतक।

cicatricle, cicatricula-cicatrix—(L. *cicatrix*, scar) घाव का चिन्ह; क्षतचिन्ह; क्षतांक; पक्षीयों और सूपी के अण्डों का कोरक चिन्ह (b'astoderm)।

cicinual—(Gk. *kikinuos*, curled lock) कीवीनाल; एकल शाखी ससीमाक्षी पुष्पक्रम जिसमें पार्श्व शाखाएँ वारी-वारी से अक्ष के दोनों ओर निकलती हैं।

cilia—(L. *cilium*, eye lid) सिलिया; पक्ष्माभिका; तंत्र।

ciliary—(L. *cilium*, eyelid) पक्ष्माभिकी; तंत्रमय।

ciliated—(L. *cilium*, eyelid) पक्ष्माभिकामय; तंत्र-धारी।

ciliated epithelium—(L. *cilium*, eyelid; gk. *epi*,

upon; *thele*, nipple) पक्ष्माभिकामय उपकला; तन्त्रधारी अधिच्छद; तन्त्र-अधिच्छद ।

ciliograde—(L. *cilium*, eyelid; *gradus*, step) तंत्रगामी ।

ciliospore—(L. *cilium*, eyelid; Gk. *sporos*, seed) तंत्र स्पोर; तंत्रधारी प्रोटोजोआ का अंकुर-स्पोर (swarm spore) ।

cilium=cilia—तन्त्र; सिलिया ।

cinchonine—(After countess; *de, chinchon*) सिंकोनाइन; रूवियेसी फुल के पौधें में पाया जाने वाला ऐलकेलॉइड (alkaloid) ।

cincinnus—(L. *cincinnus*, curl) सिन्सिनस; कुण्डलित एकलशाखी ससीमाक्ष (scorpioid cyme) पुष्पक्रम । उदाहरण—जलधनियाँ (Ranunculus); हीलियोट्रोपियम (Heliotropium) ।

cinclides—(Gk. *kingklis*, latticeal gate) सिनक्लाइडीज; दंशक सूत्र गवाक्ष; किन्ही एन्थेजोआ (Anthozoa) की देह भित्ति के अनेक छिद्र जिनमें से दंशकसूत्र (acontia) बाहर निकलते हैं ।

cingulate—(L. *cingulum*, girdle) कांचीधारी; परिबन्ध युक्त; परिबन्धधारी ।

cingulum—(L. *cingulum*, girdle) परिबन्ध; कांची । (देखिये—clitellum).

circinate—(Gk. *kirkinos*, circle) कुण्डलित; कई बार मुड़ी घड़ी के स्प्रिंग की भांति रचना ।

circular—वर्तुल; वृत्ताकार ।

circulation—(L. *circulatio*, act of circulating) परिसंधरण; चक्रभ्रमण, परि-संचारण; परिभ्रमण; शरीर के अन्दर रक्त या अन्य किसी तरल का निश्चित नलिकाओं में नियमित रूप से चक्र में घूमना ।

circulating system—परिसंचरण तंत्र; परिभ्रमण तंत्र; वाहक संस्थान ।

circumduction—(L. *circum*, around: *ductus*, led) परिशंकुवृत; अस्थि गोलघुमाव ।

circumferential—(L. *circum*, around; *ferre*, to bear) परिवृत; परिधिक ।

circumfila—(L. *circum*, around; *filum*, thread) परिसूत्र ।

circumflex—(L. *circum*, around; *flectere*, to bend) परिनत— ।

circumfluence—(L. *circum*, around; *fluens*, flowing) परिस्तर; परिस्तर काशन; प्रोटोजोआ में खाद्य का अन्तर्ग्रहण—जिसमें प्रोटोजोआ खाद्य की ओर बहता है और स्पर्श होने पर घेर लेता है ।

circumgenital—(L. *circum*, around; *gignere*, to beget) परिजनन छिद्रक ।

circumnutation—(L. *circum*, around; *netare*, to nod) चक्राकार गति ।

circumoesophageal—(L. *circum*, around; Gk. *oisphagos*, gullet) परिग्रसनी; निगल परिगामी ।

circumpolar—(L. *circum*, around; *polus*, end of axle) परिध्रुवी; ध्रुवीय क्षेत्र के वनस्पति तथा जन्तु समूह ।

circumscissile—(L. *circum*, around; *scindere*, to cut) परिस्फुटन ।

circumscript—(L. *circumseribere*, to draw line around) परिछिद्रावरोधक (पेशी) ।

circum vallate—परिभित्तिक ।

circum vallation—(L. *circum*, around; *vallare*, to wall) परिभित्तिकाशन । प्रोटोजोआ के फैले हुए मिथ्यापाद (pseudopodia) द्वारा खाद्य का अन्तंग्रहण (ingestion) ।

circumstances—परिस्थितियाँ ।

cirrate—(L. *cirratus*, having ringlets) अनुरोममय; अनुरोम युक्त; अनुरोमी ।

cirrose—(L. *circus*, lock) प्रतानी; सिरसी; अनुरोमी ।

cirrus, cirri—(L. *cirrus*, lock) सिरस; अनुरोम । (१) प्रतान (tendrils) ।

(२) वरनाक्लिस (barnacles) के अवयव।

(३) सन्धिक तन्तु (jointed filaments), क्रीनोइड जन्तुओं के।

(४) स्पर्श प्रवर्ध (मत्स्यों के)।

(५) श्वसन तथा स्पर्शक अवयव (कृमियों के)।

(६) सम्भोग अंग (मौलस्क और पट्टकृमि के)

(७) कीटों के अवयवों पर रोम सदृश आकृतियाँ।

cisterna chyli—काइली कुंडिका।

citrin—(L. L. *citrum*, lemon) सिटरीन; विटामिन 'P'; नीबू के रस का एक कारक जो कोशिकाओं की शोपणता को नियंत्रित करता है।

citrulline—(L. *citrullus*, water melon) सिट्रलीन; तरबूज से प्राप्त होने वाला अमीनो अम्ल; $C_6H_{13}O_3N_3$; आरनीथाइन (ornithine) से यूरिया बनने के मध्य का एक रसायन।

cladamthous—(Gk. *klados*, sprout; *anthos*, flower) अंकुर मंजरी; स्फुटपुष्पी; लघु पार्श्व शाखाओं के शिखर पर लगी स्त्रीधानी (archegonia) जिससे फूल सदृश आकृति दृष्टिगोचर होती है।

cladautoicous—(Gk. *klados*, sprout; *autos*, self; *oikos*, house) विशिष्ट स्तम्भी पुंधानी (antheridia)।

cladode—(Gk. *klados*, sprout) पर्णाभ पर्व; क्लैडोड; पर्णाक्ष से उद्भिन्न शाखा।

cladodont—(Gk. *klados*, sprout; *odous*, tooth) अंखुआदन्त; ऐसे दांत जिनके केन्द्रीय कस्प प्रमुख तथा पार्श्वीय कस्प छोटे होते हैं।

cladogenesis—(Gk. *klados* sprout, *genesis*, descent) अंखुआजनन; विकासी आकृतियों का इस प्रकार विभाजन की नये प्रारूप वन जायें।

cladome—(Gk. *klados*, sprout) क्लैडोम; त्रिशाखीय (triaene) में स्थिति आभासी किरणें।

cladophyll—(Gk. *klados*, sprout; *phyllon*, leaf) पर्णभस्तंभ; पर्णाभपर्व।

cladoptosis—(Gk. *klados*, sprout; *ptosis*, falling) वर्षीय अवसाद; वर्षीय भ्रंश या पतन (शाखाओं आदि का)।

cladose—(Gk. *klados*, sprout) शाखीय; शाखान्वित।

cladotyle—(Gk. *klados*, sprout; *tylos*, knob) क्लैडोटाइल; शलकूट (rhabdus) की एक शाखा तारोपम तथा दूसरी कांडीया (tylote)।

clandestine—(L. *clandestinus*, from claw, secretly) अस्पष्ट विकास; ऐसा विकास जो प्रौढ़ (adult) में अस्पष्ट रहता है।

clasmatocyte—(Gk. *klasma*, fragment; *kytos*, hollow) पुरारक्त कोशिका।

claspers—(M. E. *clespen*, to hold) (१) आलिंगक; आलिंगन अंग; (२) प्रतान (tendrils)।

clasping—(Gk. *clasper*, to hold) आलिंगन।

class—(L. *classis*, division) वर्ग; क्लास; जन्तु या वनस्पति के वर्गीकरण में फाइलम या संघ (phylum) वर्ग (class) में, तथा वर्ग (class) गण (order) में विभाजित रहता है।

classification—वर्गीकरण।

clathrate—(Gk. *klethra*, lattice) क्लैथरेट; झंझरी सदृश; जालीसम।

claustrum—(L. *claustrum*, bar) क्लॉस्ट्रम; आपांडुस्तर।

(१) प्रमस्तिष्क गोलार्ध (cerebral hemisphere) में वाह्य सम्पुट (external capsule) के पार्श्व, भूरे (अ पांडु) पदार्थ का पतला स्तर।

(२) सिपरीनिडी (cyprinidae) और कारासीनिडी (characinidae) का एक ववेरियन ओसाईकिल (waberian ossicle)।

clava—(L. *clava*, club) मुद्गर; शूनान्त; कुछ कीटों के स्पर्शतन्त्र का घुण्डीनुमा अंतिम जोड़।

clavate—(L. *clava*, club) मुद्गरोपम।

clavicle—(L. *clavis*, key) क्लेविकल; जत्रुक; हँसली की हड्डी।

clavicular—(L. *claris*, key) क्लेविकल सम्बन्धी।

clavicularium—(L. *clavicula*, small key) क्लेविकुलेरियम; स्पीप्लास्ट्रोन; अग्रवक्षपट्ट।

clavola—(L. *clara*, club) शृनान्त। कीटों के स्पर्शतंत्र का कपीय भाग (portion) या अंतिम जोड़।

clavus—(L. *clavus*, nail) क्लैवस; गदाखण्ड; पक्ष वर्म खण्ड; हैमिप्ट्रा (Hemiptera) में पृष्ठिका पश्च (scutellum) के समीप का पक्ष वर्म (elytron) का भाग।

claw—(A. S. *clawn*, claw) नखर; पंजा।

cleavage—(A. S. *cleofan*, to cut) विदलन; दरार; विदर; विभाजन; भाजन; डिम्ब विभाजन।

cleavage nucleus—न्यूक्लियस विदलन; भजनाष्टि; नर और मादा पुराष्ठियों (pronuclei) के संयोग से उत्पन्न भ्रूण कोशिका (zygote or fertilised egg) की न्यूक्लियस।

cleidoic—(Gk. *kleis*, bar; *oon*, egg) आवृत डिम्ब; झिल्लीदार डिम्ब; तुपीय डिम्ब; कला (membrane) या तुप (shell) युक्त डिम्ब (egg)।

cleistocarp—(Gk. *kleistos*, closed; *kerpos*, fruit) क्लाइस्टोकार्प; अन्तः स्पोरी, ऐसा स्पोर स्योत कवच (ascocarp) जो बन्द रहता है और स्पोर अन्दर ही बनते हैं।

cleistocarpous—(Gk. *kleistos*, closed; *kerpos*, fruit) अल्छदी सम्पुट।

cleistogamic—(Gk. *kleistos*, closed; *gamos*, marriage) अप्रधान स्वयं निषेक पुष्पी; स्वयंनिषेक।

cleistogamy—(Gk. *kleistos*, closed; *gamos*, marriage) स्वयं निषेक; अस्पष्टजनन।

cleistogene—(Gk. *kleistos*, closed; *genos*, descent) स्वय निषेक पादप; अस्पष्ट पुष्पी पादप (पौधा)।

cleithrum—(Gk. *kleithron*, key) जन्तुकामिका।

climacteric—(Gk. *klimakter*, step of staircase) ऋतु-अवसान; जीवित जन्तुओं के जीवन का एक परिवर्तन काल।

climatype—(Gk. *klima*, climate; *typos*, image) जलवायु प्ररूप; परिस्थित जैव प्ररूप।

climax—(Gk. *klimax*, ladder) चरमावस्था; पराकाष्ठा; पराकोटि; उत्तरोत्तर उत्कर्ष।

clinandrium—(Gk. *kline*, bed; *aner*, man) क्लाइनानड्रियम; परागकोश मध्य गुहा।

cline—(Gk. *klinein*, to slant) प्रवण; प्रवणता; लक्षण तत्व।

clinidium—(Gk. *klinidion*, small couch) स्पोरज तंतु।

clinoid—(Gk. *kline*, couch; *eidos*, form) पर्याणी; तुर्क पर्याण या सिल्ला टरसीका (sella turcica) के प्रवर्ध।

clinosporangium—(Gk. *kline*, bed; *spora*, seed; *anggeion*, vessel) मंचस्पोरी।

clitellum—(L. *clitellae*, pack saddle) क्लाइटेलम; पर्याणिका; परिबन्ध; कांची; ऐनेलिडा (मुद्रा खण्डियों) में अधिच्छद (epithelium) में काठीनुमा फूला हुआ भाग विशेष। (देखिये cingulum).

clitoris—(Gk. *kleiein*, to enclose) क्लाइटोरिस; भगनासा; भगशिश्न।

cloaca—(L. *cloaca*, sewer) अवस्कर; गुदाद्वार; मलवेश्म; स्तनी के अतिरिक्त कशेरूकों (vertebrates) में पाया जाने वाला सामान्य वेश्म (common chamber) जिसमें अंत्र, जनन तथा मूत्र नलिकायें खुलती हैं।

clone—(Gk. *klon*, twig) क्लोन; अनिषेकज; अलिंगी (asexual) रीति से उत्पन्न-व्यक्ति (individual)। किसी एक पूर्वज (ancestor) से अलिंगी रीति के उत्पन्न व्यक्ति समूह।

clot—थक्का; चक्का; जमना (रक्त का); आवंच; घनरक्त।

clypeal—(L. *clypeus*, shield) क्लाइपियस; शिरस्पट्टिका।

clypeate—(L. *clypeus*, shield) क्लिपियसी, क्लिपियस युक्त।

clypeola, clypeole—(L. *clypeus*, shield) बीजाणुधानी; इक्वीसीटम (Equisetum) फर्न की बीजाणुधानी (sporophyll)।

clypeo-labral—मुख पट्टिका-अग्रोष्ठीय; क्लिपियस और अग्रोष्ठ (labrum) के बीच की सन्धि रेखा (suture)।

clypeus—(L. *clypeus*, shield) क्लिपियस; मुखपालीं; मुख पट्टिका; कीटों के सिर पर पाई जाने वाली एक पट्टिका (sclerite)।

cnemial—(Gk. *kaemis*, legging) प्रजंघिका; टिबिया सम्बन्धी; टिबिया मेड़।

cnemidium—(Gk. *knemis*, legging; *idion*, dim) अपक्ष-पद। पक्षीयों की टांग का पंख रहित निचला भाग।

cnemis—(Gk. *knemis*, legging) टिबिया पिंडली; प्रजंघा।

cnida—(Gk. *knide*, nettle) दंशक कोपिका।

cnidoblast—(Gk. *knide*, nettle; L. *blastos*, bud) दंशकोशिका; सीलेन्ट्रेटा सीलोमांत्रीयों (colenterates) में दंशक कोशिका (nematocyst)।

cnidocil—(Gk. *knide*, nettle; L. *cilium*, eyelid) दंश-प्रवर्ध; दंशक कोशिका सूत्र।

cnidophore—(Gk. *knide*, nettle; *pnerein*, to bear) दंशक-कोशिकाधारी; एक प्रकार का मुकुल जिस पर दंशक कोशिकायें (nematocysts) होती हैं।

cnidopod—(Gk. *knide*, nettle; *pous*, foot) दंशक कोशिका आधार (पाद); दंशक कोशिका का निचला प्रवर्धित भाग जो मध्य श्लेप (mesoglea) में घुसा रहता है।

cnidosac—(Gk. *knide*, nettle; L. *saccus*, bag) दंशकशोथ; साइफोनोफोरा (siphonophora) में पाया जाता है।

coaction—(L. *cum*, with; *action*, action) पारस्परिक कार्य; समुदाय (community) में जीवो (organism) का परस्पर सम्बन्ध सूचक (reciprocal) कार्य।

coadaptation—(L. *cum*, with; *ad*, to; *aptare*, to fit) पारस्परिक उपयुक्तता; पारस्परिक अनुकूलता।

coagulation—(L. *cum*, with; *agere*, to drive) स्कंदन, श्यानता; जमना; घनीभूत होना।

coagulin—(L. *cogere*, to drive together) श्यानक; घनीकारक।

coagulum—(L. *cogere*, to drive together) स्कंद; श्यान; जमा हुआ पदार्थ।

coarcate—(L. *coarctare*, to press together) संकुचित मध्य; संकुचन (constriction) से पृथक वक्ष (thorax) और उदर (abdomen) वाला।

coarctate larva or pupa—(L. *coarctare*, to press together) संकुचित मध्य लारवा या प्यूपा।

cocci (pl.)—(Gk. *kokkos*, seed) गोलाणु (बहुवचन) (see sing. coccus.)

coccogone—(Gk. *kokkos*, seed; *gonos*, birth) कोकोगॉन; जनन कोशिका (शैवाल) किन्हीं शैवाल (algae) की एक उत्पादक कोशिका।

coccoid—(Gk. *kokkos*, seed; *eidos*, f rm) गोलाणु सम; गोलाणु-सम्बन्धी।

coccolith—(Gk. *kokkos*, seed; *lithos*, stone) खरिक स्पीक्यूल; किन्हीं कपाधारियों (flagellates) के खरिक स्पीक्यूल (calcareous spicule)।

coccospheres—(Gk. *kokhos*, seed; *sphaira*, globe) दृढ़शेष; किन्हीं शैवाल (algae) और रेडियोलेरियन्स (Radiolarians) के दृढ़ अवशेष।

coccus—(Gk. *kokkos*, seed) कॉक्स; गोलाणु (एक वचन)।

coccygeal—(Gk. *kokkyx*, cuckoo) अनुत्रिक; पुच्छास्थि; पुच्छास्थि सम्बन्धी।

coccyx—(Gk. *kokkyx*, cuckoo) अनुत्रिक; पुच्छास्थि; कशेरुदण्ड का वह भाग जो त्रिक्रम के पश्चात् स्थित रहता है।

cochlea—(Gk. *kochlias*, snail) कर्णावर्त; कोक-लिया; कम्बु।

cochlear—(Gk. *kochlias*, snail) कम्बुक; कम्बु—; कम्बुसम्बन्धी।

cochleariform—(Gk. *kocklis*, snail; L. *forma*, shape) पेंचनुमा; चम्मचनुमा।

conchleate—(Gk. *kochlias*, snail) पेंचदार कम्बु सदृश; पेंच सदृश; पेंचनुमा।

cockroach—तिल चट्टा; तेलचोर; आर्थोपोडा फाइलम का एक जन्तु विशेष।

cocoon—(F. *cocon*, shell) कोकून; कोया; पिटका। जन्तुओं द्वारा अपने डिम्बों अथवा अपने लिये जैसे प्रोटो-पेटेरा लगफिश में निर्मित रेशम या अन्य प्रकार का आवरण (खोल)।

coelarium—दैहिक अधिच्छद।

coel—(Gk. *koilia*, belly) सील; गह्वर।

coelenteron—(Gk. *koilia*, belly) आंतर गुहिका; सीलोमान्त्र; गह्वरांत्र; सीलेन्ट्रेटा (colenterata) जन्तुओं की देह गुहा (body cavity)।

coelenterata—(Gk. *koilia*, belly) सीलेन्टरेटा; सीलो मांत्री; (coelenterates) अकशेरुक दण्डियों (invertebrates) के एक फाइलम (संघ) का नाम। इस संघ (फाइलम) के जन्तुओं में केवल दो प्रमुख जनन स्तर (primary germinal layers) होते है और सीलोम (coelom) तथा अरकेन्ट्रोन-पुरान्त्र (archentron) अलग-अलग नहीं होते।

coeliac—(Gk. *koilla*, belly) उदर-गुहा; औदरिक; उदर-सम्बन्धी।

coeloblast—(Gk. *koilos*, hollow; *blastos*, bud) सीलोब्लास्ट; गह्वरज भ्रौणिक (embryonic) अन्तःस्तर (hypoblast) का एक भाग।

coeloconic—(Gk. *koilos*, hollow; *kanos*, cone) सीलनक (संवेदिका); गूच्याकार प्रवर्धयुक्त संवेदिकायें (sensillae)।

coelogastrula—(Gk. *koilos* hollow; *gaster*, stomach) कोटर द्विस्तर; आद्यद्विस्तर (गैस्ट्रूला)।

coelom—(Gk. *koilos*, hollow) सीलोम; देहगुहा; गह्वर; कोटर। त्रिकोरकी (triploblastic) जन्तुओं के शरीर की मुख्य देह गुहा जिसमें अन्त्र आलम्बित रहती है। यह मध्यजन स्तर में स्थिति होती है और इसमें अधिच्छद (epithelium) जिसे मध्याधिच्छद (mesothelium) कहते हैं का अस्तर लगा होता है। वह तरल युक्त होती है। इसकी भित्ति या इसके किसी विशिष्ट भाग में जनन कोशिकायें (germ cells) परिपक्व होती है और इसमें (सीलोम) में मुक्त कर दी जाती है और सामान्यतः प्रगुहा वाहिनीयों (coelomoducts) या कशेरुकों में डिम्ब वाहिनी (oviducts) द्वारा बाहर ले जाई जाती है। अनेक जन्तुओं में विसर्जित पदार्थ इसमे एकत्रित होते हैं जहाँ से प्रगुहावाहिनी या वृक्कक (nephridia) द्वारा विसर्जित कर दिये जाते है। सीलोम (देह गुहा) इकाईनोडमेटा (echinodermata), कशेरुक (vertebrata), एनेलिडा में हीरुडीनिया के अतिरिक्त पोलीकीट और ओलीगोकीट में विस्तृत होती है। हीरुडीनिया (Hirudinea) में यह पर्यतरंग गुहिका (perivisceral cavity) होती है। आर्थोपोडा और मोलस्का में यह केवल जनन ग्रन्थि (gonads) और विसर्जन (excretory) अंगों की गुहिका (cavity) होती है। इसमें पर्यतरग गुहिका न होकर रक्त गुहा (haemocoel) होती है।

coelomate—सीलोमेट; सीलोम वाले; गह्वरधारी; कोटर युक्त।

coelomesoblast—(Gk. *koilos*, hollow; *mesos*, middle; *blastos*, bud) कोटर मध्यांकुर।

coelomic—देहगुहा; देहगुहा सम्बन्धी; देह कोटर सम्बन्धी।

coelomic epithelium—देहगुहा उपकला; गह्वराधिच्छद।

coelomic fluid—देहगुहा रस; देह कोटर रस।

coelomoblast—(Gk. *koilos*, hollow; *mesos*,

middle; *blastos*, bud) कोटर मध्यांकुर; डिम्ब विभाजन (segmentat on) में मध्यस्तर का वह भाग जो वर्धित होने पर देहगुहा (सीलोम) की भित्ति को बनाता है।

coelomocytes—(Ok. *koilos*, hollow; *kytos*, hollow vessel) कोटररसकण।

coelomoduct—(Ok. *koilos*, hollow; L. *ducere*, to lead) देहगुहावाहिनी। ग्गुहावाहिनी।

Coelomopores—(Ok. *kciloma*, hollow; *poros*, passage) परिहृत्य वाहिनी छिद्र; ऐसी वाहिनी (ducts) जो परिहृत्य गुहा (Pericardial cavity) से सीधी बाहर खुलती हैं, ऐसा विशेषतः नॉटीलस (Nautilus) जन्तु में होता है।

coelomostome—(Gk. *koilos*, hollow; *stoma*, mouth) देहगुहा द्वार; गह्वर नली द्वार।

coelosperm—(Ok. *koilos*, hollow; *sperma*, seed) नौकाभ बीज; अन्तः पुटाकार बीज; अन्तः पुटी अंडपी।

coelozoic—(Ok. *koilos*, hollow; *zoon*, animal) कोटरवासी; देहगुहा वासी।

coenanthium—(Ok. *koinos*, common; *anthos*, flower) सीनेनथीयम (पुष्प क्रम); ऐसा पुष्पक्रम (inflorescence) जिसमें सम ल पात्र (flat receptacle) होता है तथा किनारे कटे हुए नहीं होते हैं।

coenenchyma, coenenchyme—(Ok. *koinos*, common; *engchyma*, infusion) योजकोतक; सीनेन काइमा; सामान्य क्वाघ; सर्वऊतक; यौगिक कोरल (coral) में पाया जाने वाला सर्वऊतक (common tissue) जो मुकुलों (polyps) को जोड़ता है।

(देखिये–coenosarc सर्वऊतक या सामान्य तन्तु)

coenobium—(Gk. *koinos*, common; *bios*, life) सिनोवियम; संमडल; अभेदी जन्तु दल। एक कोशिकीय (unicellulor) जन्तुओं का ऐसा दल (colony) जिसमें पौष्टिक (vegetative) और उत्पादन शील (reproductive) व्यक्ति भेद नहीं होता।

coenoblast—(Gk. *koinos*, common; *blastos*, bud) सामान्य स्तरज; सीनोब्लास्ट; वह जनन स्तर (germinal layer) जिससे मध्य और अन्तः स्तर दोनों बनते हों।

coenocentre—(Gk. *koinos*, common; *kentron*, सहकेन्द्र; संकेन्द्र; कुछ फन्जाई (fungi) में डिम्ब के साथ अत्यधिक गहरा रंग लेने वाला पिण्ड (body)।

coenocyle—(Gk. *koinos*, common; *kytos*, hollow) संकोशिका; सीनोसाइट; पादप काय जिसमें प्रकण (प्रोटोप्लास्ट) कोशिका भित्ति से पृथक नहीं होते हैं।

coenoecium—(Gk. *koinos*, common; *gamos*, union) सर्व-आधारक; सर्वाधारक।

coenogamete—(Gk *koinos* common; *gamos*, union) सीनोगेमिट; बहुनाभिक जन्यु; बहुअष्टिक जन्यु; युग्मक संमन्डल।

coenosarc—(Gk *koinos*, common; *sarx*, flesh) सीनोसार्क; सामान्यऊतक; योजकनाल; संयुक्त जन्तु दल (compound colony) में वह सामान्य (common) ऊतक या तन्त्र जो मुकुलों को आपस में जोड़े रहता है।

coenosteum–(Gk. *koinos*, common; *osteon*, bone) सामान्यपंजर। मूंगे या कोरल (corals) आदि में पाया जाने वाला सामान्य जन्तुदलीय (colonial) पंजर।

coenozygote—(Gk. *koinos*, common; *zygon*, yoke) सीनोजाइगोट; सामान्य भ्रूण कोशिका; भ्रूण कोशिका; वह भ्रूण कोशिका जो सामान्य जन्तुओं (coenogametes) से बना हो।

coenurus—(Gk. *koinos*, common; *oura*, tail) सामान्य स्योतिगर्भक; सामान्य स्योतिडिंभक। दीर्घ कोशिका युक्त स्योतिकार्भक (metacestode) जिनकी भित्ति (wall) से कई एक दुहितासिस्ट (daughter cyst) पृथक सिर लिये बनते हैं।

co-enzyme—(L. *cum*, with; Gk. *en*, in; *zyme*,

le..ven) कोएन्जाइम; सहक्षोभक; ऐसा रमायन जो क्षोभक के प्रभाव को तीव्र करे।

coherent—(L. *cohaerere*, to stick together) सम्बद्ध; संसक्त।

cyton—(Gk. *kytos*, hollow) साइटोन; तंत्रिका कोशिका पिण्ड ।

cytophan—(Gk. *kytos*, hollow; *phaneros*, visible) साइटोफान ।

cytopharynx—(Gk. *kytos*, hollow; *pharyngs*, gullet) कोशिका-ग्रसनी; कोशिका-कण्ठ ।

cytophil—(Gk. *kytos*, hollow; *philein*, to love) कोशिकानुरागी ।

cytophore—(Gk. *kytos*, hollow; *phora*, burden) कलिकाधारक । (देखिये blastophore)

cytoplasm—(Gk. *kytos*, hollow *plasma*, mould) साइटोप्लाज्म; कोशिकाद्रव्य; कोष्ठ-द्रव; कोष्ठ सत्व ।

cytoplasmic inclusions—कोशिका द्रवीय; अन्तर्द्रव्य ।

cytoproct, cytopyge—(Gk *kytos* hollow; *proktos*, anus; *pyge*, rump) साइटोपाइगे; कोशिका मलद्वार ।

cytoreticulum—(Gk. *kytos*, hollow; L. *reticulum*, little net) कोशिका जाल, कणमय जीवन तत्व (spongioplasm) ।

cytosine—(Gk. *kytos*, hollow) सीइटोसीन; $C_4H_6N_8O$; न्यूक्लिक अम्ल की विदलन (cleavage) उत्पाद (product) ।

cytosome—(Gk. *kytos*, hollow; *soma*, body) कोशिका-पिण्ड ।

cytostome—(Gk. *kytos*, hollow; *stoma*, mouth) कोशिका मुख ।

cytotaxis—(Gk. *kytos*, hollow; *taxis*, arrangement) कोशिका न्यास । उत्तेजना (stimulus) पाने पर कोशिका का पुनर्न्यास (rearrangement) ।

cytothesis—(Gk. *kytos*, hollow; *thesis*, something set down) (किसी कोशिका की) पुनरुत्पत्ति-प्रवृत्ति ।

cytotoxln—(Gk. *kytos*, hollow; *toxiken*, poison) कोशिका-विष ।

cytotrophoblast—(Gk. *kytos*, hollow; *trophe*, nourishment; *blastos*, bud) अन्तः पोपकोरक; लैंगरहैन्स (langerhans) का स्तर; पोषण कोशिका (trophoblast) का अन्तःस्तर ।

cytotropism—(Gk. *kytos*, hollow; *trope*, turning) कोशिका कर्षण वृत्ति ।

cytozoic—(Gk. *kytos*, hollow; *zoon*, animal) कोशिकावासी (जन्तु) ।

cytula—(Gk. *kytos*, hollow) पितृ कोशिका; निषिक्त डिम्ब या पैतृक-कोशिका ।

D

Dacryocyst—(Gk. *dakryon*, tear; *kystis*, bladder) अश्रुकोषिका; अश्रु थैली।

dacryon—(Gk. *dakryon*, tear) डेक्रियोन; मेक्सिला (maxilla) ललाट (frontal) प्रवर्ध (process), ललाटास्थि (frontal bone) और लैक्राइमल (lacrimal) अस्थि के अग्रतटों का सन्धि बिन्दु (point of junction)।

dactyl—(Gk. *daktylos*, finger) अंगुली; अंगुलि; डैक्टाइल।

dactylar—(Gk. *daktylos*, finger) आंगुलीय।

dactyloid—(Gk. *daktylos*, finger, *eidos*, form) अंगुलि सदृश; अंगुलोपम।

dactylopodite—(Gk. *daktylos*, finger; *pous*, foot) अंगुलि पादांग; डैक्टिलोपोडाइट।

dactylopore—(Gk. *daktylos*, finger; *poros*, channel) अंगुलिनाल छिद्र; कंकाल छिद्र; मिलीपोरा-इना (मूंगा वंशज) के अस्थि पंजर या कंकाल का द्वार।

dactylopterus—(Gk. *daktylos*, finger; *pteron*, wing) डैक्टिलोपट्रस; डैक्टाइलोप्टेरस; अंगुलि-फिन; ऐसे मत्स्य फिन जिनकी अग्र किरणें या अर (anterior rays) स्वतन्त्र होते हैं।

dactyloscopy—अंगुलीछाप विज्ञान (science of finger prints)।

dactylozooid—(Gk. *daktylos*, finger; *zoon*, animal, *eidos*, resemblance) ग्राही मुकुल; डैक्टिलोजोआइड; अंगुली सदृश मुकुल।

dactylus—(Gk. *daktylos*, finger) अंगुलि। कीटों या पतंगों (insects) के गुल्फ (टारसस-tarsus) का अग्र भाग।

dark skinned—श्याम वर्ण।

dart—(O. F. *dart*, dagger) बर्छी; प्रासक। मोलस्का जन्तुओं में एक क्षुरिका-आकृति।

dart sac—प्रासक; कोष गैस्ट्रोपोडा (gastropoda) में योनिमार्ग से चिपटा हुआ एक छोटा कोष जिसमें प्रासक (dart) होता है।

dartoid—(Gk. *dartos*, flayed) डारटोइड; निस्त्वचयी।

dartos—(Gk. *dartos*, flayed) अण्ड कोष (scrotum) की त्वचा से लगी हुआ एक आरेखी पेशी का पतला स्तर, जिसे ट्यूनिका डारटोस (tunica dartos) कहते हैं।

darwinian tubercle—डारविन गांठ; वाह्य कान के वाह्य तट पर की एक गांठ या उत्कर्ष भाग।

darwinism—(C. Darwin) डार्विन मतः डार्विनवाद। इस मत या सिद्धान्त के अनुसार यह समझा जाता है कि प्राकृतिक संकलन या वरण (natural selection) द्वारा उन व्यक्तियों का जीवन बच पाता है, जिनमें सूक्ष्म जीवनोपयोगी भिन्नतायें या विविधतायें (variations) हों। इस प्रकार के निरन्तर छटाव तथा वंश परम्परा या आनुवंशिकता (heredity) के कारण जीवों में जाति (स्पीशीज) का विकास हुआ है, यही कारण है कि जीव अपनी जीवन विधि (mode of life) और वातावरण (environment) के उपयुक्त (adapted) होते हैं।

dasypaedes—(Gk. *dasys*, hairy; *pais*, child) रोमकुणकी; वे पक्षी जिनके बच्चे अण्डों में से रोम पक्ष (down feathers) से ढके हुए निकलते हैं।

dasyphyllous—(Gk. *dasys*, hairy; *phyllon*, leaf) रोमिल पर्ण।

dauermodification—(Ger. *dauer*, duration; L. *modificatio*, modification) अस्थाई परिवर्तन; पर्यावरण द्वारा प्रेरित परिवर्तन जो कई संततियों तक चलता है पर स्थाई नहीं होता है, अन्त में अंगी पुनः अपने प्ररूप को प्राप्त कर लेता है।

daughter—(Gk. *thygater*, to milk or A. S. *dohtor*, daughter) दुहिता; सन्तान; सन्तति; पुत्री; प्रथम सन्तति या श्रेणी (generation) की सन्तान।

daughter cell—दुहिता कोशिका।

dealation—(L. *de*, away; *alatus*, winged) पक्ष वहिष्करण; पक्ष उत्सारण; पक्ष (wings) का गिरा देना जैसे निषेक के पश्चात् मादा चींटी गिरा देती है।

deamination—(L. *de*, down; Gk. *ammoniacum*, resinous gum) अमोनिया हरण; विऐमीनीकरण; अमोनिया लवणों का यूरिया (urea) में परिवर्तन; आंशिक रूप से यकृत में ऐसा होता है।

death—(M. E. *deth*, death) मृत्यु; मौत। जीवन की समस्त शक्तियों (लक्षणों) का नितान्त लोप हो जाना।

death-point—मृत्यु ताप विन्दु; वह ताप जिससे कम या ज्यादा पर अंगी जीवित नहीं रह सकता है।

decalcify—(L. *de*, away; *calx*, lime) अकैल्सीकरण; खरिक विहीन करना।

decamerous—(Gk. *deka*, ten; *meros*, part) दस खण्डी; दश खण्डी।

decadence—अवसाद; क्षय।

decapod—(Gk. *deka*, ten; *pous*, foot) (१) दशपादी। वे केकड़ावंशी (crustacea) जिनके वक्ष पर टाँगों के ५ युग्म (जोड़) होते हैं। (२) दश भुजी। दश भुजाओं वाले सिफेलोपोडा (शिरस्पादी)।

decapodiform—(Gk. *deka*, ten; *pous*, foot; L. *forma*, shape) दशपादी सदृश; दशपादोपम।

decemfid—(L. *decem*, ten; *findere*, to cleave) दशखण्डी; दशखण्डों में बँटा हुआ।

decemoliate—(L. *decem*, ten; *foliurm*, leaf) दस पर्णी; दस पत्ती वाला।

decemjugate—(L. *decem*, ten; *jugare*, to join) दस युगल पर्णकी।

decempartite—(L. *decem*, ten; *partiri*, to divide) दशदली।

decidua—(L. *de*, away; *cadere*, to fall) पत्या; आंवल। गर्भाशय (uterus) की पतनशील (पत्या) श्लैष्मिक झिल्ली (mucous membrane) जो प्रसव के पश्चात् निकल जाती है। मानवों तथा अन्य मानवेतर प्राणियों के शरीर में गर्भाशय की झिल्ली जो प्रसव के पश्चात् निकलती है।

decidual—(L. *decidere*, to fall off) पत्या सम्बन्धी; पत्या-; पत्या की।

deciduate—(L. *decidere*, to fall off) पत्यायुक्त।

deciduous—(L. *decidere*, to fall off) पतनशील।

deciduous or milk teeth—दुग्धदन्त; दूध के दांत; अस्थायी दांत; पतनशील दांत; पातुक दन्त।

declinate—(L. *de*, away; *clinare*, to bend) अधोनमन; परेनतन।

decomposed—(L. *de*, away; *cum*, with; *pausare*, to ret) सड़ा हुआ; विगठित।

decompound—(L. *de*, away; *cum*, with; *ponere*, to place) डिकम्पाउण्ड (पत्ती); इनमें पर्णक (leaflet) तीन वार से अधिक विभाजित होते हैं और पत्ती का स्वरूप कटा फटा हो जाता है। उदाहरण—गाजर, धनिया आदि की पत्ती।

decorticate—(L. *decorticare*, to ped) छीलना; छिलका हटाना; त्वक् निष्कासन; निर्वल्कयति; छाल (bark) या वल्क (cortex) को हटाना।

decumbent—(L. *decumbere*, to lie down) शयान; संविष्ट; उपविष्ट; ऐसा तना जो धरती पर फैला हुआ तथा उसका सिरा उठा हुआ होता है।

decurrent—(L. *de*, away; *currere*, to run) प्रवाही पर्ण; अधोवर्धी; तने के ऊपर पत्ती का अधर पंख की तरह फैला हुआ।

decussate—(L. *decussare*, to cross) क्रॉसित; क्रूसी।

decussation—(L. *decussare*, to cross) पर्ण क्रॉस; तंत्रिका तन्तु क्रॉस।

dedifferentiation—(L. *de*, away from; *differenita*, difference) निर्विभेदन; विशिष्ट कोशिकाओं द्वारा अपने लक्षणों का खोना और सामान्य कोशिका के रूप में आना।

dedoublement—(F. *dedoublement*, dividing into two) द्विविभजन; विभजन; विद्विगणीकरण।

defaecation—(L. *defaecation*, voiding of excrement) मलोत्सर्ग; मल त्यागना।

defensive—(L *defendere*, to defend) रक्षक; रक्षात्मक; रक्षणीय; सुरक्षा; प्रतिरक्षा। (n) रक्षणीयता; रक्षा की स्थिति।

deferent—(L. *deferre*, to carry away) वहिगामी; वाहर की ओर वहा कर ले जाने वाली नलिका आदि।

deferred—(L. *deferre*, to bring down) आस्थगित।

deficiency diseases—हीनान्न रोग; न्यूनता रोग; जन्तुओं या वनस्पतियों में किन्हीं आवश्यक तत्वों की हीनता या न्यूनता (deficiency) होने के कारण रोग।

definite—(L. *defintre*, to limit) नियत; निश्चित; निर्णीत।

definite host or definitive—अन्त्य परपोषी; मुख्य पोषक; प्रौढ़ परजीवी का पोषक (host)।
(देखिये primary host मुख्यपोषक)

definitive—(L. *definire*, to limit)
(१) सम्पूर्ण वर्द्धित (fully developed);
(२) अन्त्य परपोषी (definitive host); प्रौढ़ परजीवी पोषक।

defoliate—(L. *definire*, to limit) निष्पर्ण; निष्पत्राण; पर्णमोक्ष।

deformity—रचना विकार; विकृत रचना; अस्वभाविक रचना; विकृत आकृति।

degeneration—(L. *degener*, base) ह्रास; अपकर्ष; अधोगति; अधोविकास (retrogressive evolution)।

deglutition—(L. *deglutire*, to swallow) निगलना; गले से नीचे उतारना।

dehiscence—(L. *dehiscere*, to gape) चटखाना।

deinopore—(Gk. *deinos*, urn; *poros*, channel) कोशिकासेतु।

deirids—(Gk. *deiras*, chain of hills) ग्रैवीयकूट [सूत्र कृमियों या गोल कृमियों=nematodes में]।

deiters' cells—(O. F. C. D*eiters*, *German* anatomist) डाइटर्स कोशिकायें।

delamination—(L. *de*, down; *lamina*, layer) स्तरीकरण कोशिका विभाजन (division of cells) के द्वारा नवीन स्तरों का निर्माण।

deletion—(L. *delere*, to efface) गुणसूत्र परोक्षता; विलोपन; विलोप; गुणसूत्र न्यूनता; गुण सूत्र के केन्द्रीय भाग की न्यूनता; गुण सूत्र खण्ड और अवकुंठित (involved) जीन्स (genes) की परोक्षता (absence)।

deliquescent—(L. *deliguescere*, to become fluid) प्रस्वेदन; लीनक्षता; द्रवीभूत; पार्श्व कोरकों का अधिक तेजी से वढ़ना जिससे तना कई अक्रमिक शाखाओं में वँटा हुआ दिखाई देता है।

delitescence—(L. *delitescere*, to lie hidden) रोगाणुद्वर्धन (काल); विषाणु वर्धन (काल)।

delivery—प्रसव; बच्चा जनना।

delomorphous—(Gk. *delos*, visible; *morphe*, shape) गोचरावृत्ति।

delthyrium—(Gk. *delos*, visible; *thyrion*, little door) विवर। भुजपादियों (ब्रैकियोपोडा में चूल सन्धि (hinge) और चोंच (beak) के बीच का विवर जिसमें से स्तम्भ (peduncle) निकलता है।

deltidium—(Gk. delta; *idion*, dim) विवर पट्ट। विवर (delthyrium) को ढकने वाला पट्ट (plate)।

deltoid—(Gk. *delta*; *eidos*, form) डल्ट्यड; डेल्टा (त्रिभुजाकार) या त्रिकोणाकार सदृश रचना वाले (पेशी-नाड़ी आदि)।

demanian—(J. G. *de man*; french zoologist) डिमेनियन—नलिका मण्डल।

deme—(Gk. *demos*, people) एक कोशिकीय समुदाय; वर्गीय समुदाय।

demersal—(L. *demergere*, to plunge into) तल-

वासी; तलमज्जी। समुद्र या झील की तली पर रहने वाले।

demersed—(L. *demergere*, to plunge into) जलमग्न।

demifacet—(L. *dimidius*, half; *facies*, face) अर्धयोजक तल।

demilune cells—अर्धेन्दु कोशिकायें; अर्ध चन्द्राकार (crescentric) कोशिकायें (cells)।

demisheath—(L. *dimidius*, half; A. S. *sceath*, sheath) पिधानार्ध; अर्धपिधान।

demoid—(Gk. *demos*, common people) प्राचुर्य; विपुल; अधिक; सामान्य रूप से अधिक संख्या में पाये जाने वाले।

denatant—(L. *de*, down from; *natare*, to swim) धारावाहिक।

dendriform—(Gk. *dendron*, tree; L. *forma*, shape) वृक्षाकार; शाखामय; द्रुमाकार।

dendrite—(Gk. *dendron*, tree) द्रुमिका; द्रुमाकृति; द्रुमक (dendron) की एक उपशाखा।

dendrochronology—(Gk. *dendron*, tree; *chronos*, time; *logos*, discourse) वृक्षायुमापन शास्त्र।

dendrogoea—(Gk. *dendron*, tree; *gaia*, earth) डेंड्रोजिया (जन्तु भौगोलिक क्षत्र) दक्षिण अमेरिका के अतिरिक्त इस क्षेत्र में समस्त नियोट्रॉपिकल क्षत्र (Neotropical region) गिना जाता है।

dendrology—(Gk. *dendron*, tree; *logos*, discourse) वृक्ष विज्ञान।

dendron—(Gk. *dendron*, tree) द्रुमक; वृक्षिका; तन्त्रिका कोशिका का जीवद्रव्यीय (प्रोटोप्लाज्मिक) प्रवर्द्धन।

denitrification—(L. *de*, away; Gk. *nitron*, soda; L. *facere*, to make) नाइट्रोजन (नेत्रजन) ह्रास।

dens—(L. *dens*, tooth) दंस; दन्त या दन्ताकार प्रवर्द्धन।

dens serotinus—तृतीय चर्वक (molar) यानी अक्कल डाढ़ (wisdom tooth)।

dense—घना; गहन।

dental—(L. *dens*, tooth) दन्तीय, दन्त सम्बन्धी; दन्त—।

dental formula—दन्त सूत्र; स्तनी (mammals) में दाँतों की संख्या (number) और उनके प्रकार (kinds) संक्षिप्त रीति से दर्शाने की एक विधि।

dentary—(L. *dens*, tooth) डेन्टरी; अधरहनुअस्थि-अर्थात् निचले जबड़े (lower jaw) की एक हड्डी।

dentate—(L. *dens*, tooth) दाँतेदार; दन्दानेदार।

dentate ciliate—दन्त रोमिल पर्ण; ऐसे पर्ण जिनके तट दन्तुरित तथा रोमिल दोनों होते हैं।

dentate crenate—गोलदन्त तटी।

denticles—(L. *dens*, tooth) दंतिकायें।

(१) किन्हीं पोलीकीट (polychaeta) के दाँत सदृश परा-मैक्सिला (par. gnaths)।

(२) पोलीजोआ (polyzoa) में गौण योनिमार्ग में स्थिति दतिकायें (teeth)।

(३) किन्हीं अस्थि मत्स्यों (Elasmobranchii) के दांत सदृश शल्क (scales)।

denticulation—(L. *dens*, tooth or dentition) दन्त विन्यास।

dentinal—(L. *dens*, tooth) डेन्टीन सम्बन्धी; डेन्टीनल।

dentine—(L. *dens*, tooth) डेन्टीन; दन्तीन; दाँतों को बनाने वाला एक कठोर पदार्थ विशेष।

dentition—(L. *dens*, tooth) दन्त विन्यास; दाँतों की संख्या; क्रम और भेद (प्रकार)।

deossification—अस्थि ह्रास; अस्थिकरण।

deperulation—(L. *de*, away; *dim* of *pera*, wallet) विशल्कन; कलिका शल्क पतन।

depigmentation—(L. *de*, away; *pingere*, to paint) रंग ह्रास; विवर्णकता: किसी कोशिका में प्राकृतिक

या प्रयोगिक प्रक्रियायों द्वारा रंग पदार्थ का ह्रास हो जाता।

deplanate—(L. *deplanare*, to level) चपटा या समतल।

depressant—(L. *deprimere*, to lower) निम्नोत्पादक; निम्नकारक।

depressed—(L. *deprimere*, to lower) पिचका हुआ; दबा हुआ; अवनमित।

depression—(L. *deprimere*, to lower) खात; दबा हुआ स्थान या स्थल; अवनमन्।

depressomotor—(L. *deprimere*, to lower; *movere*, to move) अधः कर्षक तन्त्रिका।

depressor—(L. *deprimere*, to lower) अधः कर्षक; अवनमनी।

deric—(Gk. *deros*, skin) बहिश्चर्म।

derm, derma or dermis—(Gk. *derma*, skin) चर्म; अंतश्छद। खाल (skin) के उपत्वक या बहिश्छद (epidermis) के नीचे पाया जाने वाला स्तर।

dermal—(Gk. *derma*, skin) चर्मी; त्वचीय; अन्तश्छदी; चर्म सम्बन्धी।

dermalia—(Gk. *derma*, skin) अन्तश्छदी लघु दृढ़ा। अन्तश्छद में पाया जाने वाला लघु दृढ़ा (microscleres)।

dermarticular—(Gk. *derma*, skin; L. *arteculus*, joint) गोनियेल; जबड़े की हड्डी; आर्टीक्युलर के अतिरिक्त निम्न हन्वास्थि।

dermatocranium—त्वक कपाल।

dermatogen—(Gk. *derma*, skin; *genos*, birth) तरुण अधिचर्म; पौधों में तरुण या भ्रौणिक अधिचर्म।

dermatoglyphics—(Gk. *derma*, skin; *glyphein*, to carve) त्वचा चिन्ह।

dermatomes—(Gk. *derma*, skin; *tome*, cutting) त्वक खण्ड; मध्यजन खण्ड; चर्मजन।

dermatophyte—(Gk. *derma*, skin; *phyton*, plant) चर्म फगस; चर्म परजीवी।

dermatoplasm—(Gk. *derma*, skin; *plasma*, mould) कोशिकाभित्ति प्ररस।

dermatoplast—(Gk. *derma*, skin; *plastos*, moulded) भित्तिज प्रकण।

dermatopsy—(Gk. *derma*, skin; *opsis*, sight) त्वक् दृष्टि; त्वचाहकसंवेदिता; प्रकाश सवेदी त्वचा।

dermatosome—(Gk. *derma*, skin; *soma*, body) डरमेटोसोम; कोशिका कलाजनक; कोशिका कला का निर्माण करने वाली एक जैवी इकाई।

dermatozoon—(Gk. *derma*, skin; *zoon*, animal) त्वक-परजीवी; खाल पर या खाल में रहने वाला परजीवी जन्तु।

dermentoglossum—(Gk. *derma*, skin; *entos*, with in; *glosa*, tongue) डरमेन्टोग्लोसम (अस्थि); कुछ मत्स्यों में अन्तः जिह्वीका को ढके हुए एक अस्थि विशेष जो डेन्टीनल आधारों के संलय से बनती है।

dermethmoid—(Gk. *aerma*, skin; *ethmos*, sieve; *eidos*, form) डरमेथमॉइड; उर्ध्वएथमाइड; सुपरा झर्झरास्थि (ethmoid)।

dermic—(Gk. *derma*, skin) त्वग्जन्य; त्वचा सम्बन्धी; अन्तश्छदी।

dermis—(Gk. *derma*, skin) चर्म; अन्तश्छद।

dermoblast—(Gk. *derma*, skin; *blastos*, bud) चर्मज। मध्यस्तर (mesoblast) का वह स्तर जिसमें चर्म या अन्तश्छद बनता है।

dermo-ossification—(Gk. *derma*, skin; L. *os*, bone; *fieri*, to became) त्वगस्थीकरण। त्वचा के अन्तर्गत अस्थीकरण (ossification)।

dermopharyngeal—(Gk. *derma*, skin; *pharyngx*, gullet) त्वग-कण्ठीय (पट्ट)। कुछ मत्स्यों (fishes) में कण्ठदन्तों (pharyngeal teeth) को साधे हुए उर्ध्व या अधर कलास्थि (membrane bone) पट्ट (plate)।

dermophyte—(Gk. *derma*, skin; *phyton*, plant) चर्मफंगस; चर्म परजीवी।

dermosclerites—(Gk. *derma*, skin; *ksleros*, hand) त्वक पट्टिकायें; त्वक्दृढ़ा; एलसायोनिडी (alcyonidae) के ऊतकों में पाये जाने वाले स्पीक्यूल के पुंज।

dermorkeleton—(Gk. *derma*, skin; *skeletos*, dried) त्वक-पंजर; वाह्य कंकाल।

derotreme—(Gk. *deros*, skin; *trema*, aperture) त्वकछद्र।

dertrotheca—(Gk. *dertron*, beak; *theke*, cup) चंचुवेष्टन; पक्षियों में पाया जाने वाला मैक्सिला (maxilla) का श्रृंगोपम (horny) आवेष्टन (casing)।

dertrum—(Gk. *destron*, beak) अन्य चंचुवेष्टन; पक्षीयों के मैक्सिला के आवेष्टन का कोई अन्य रूप।

descemet's membrane—(*J. descemet*, French anatomist) डेसेमेट कला; प्र.यास्थिका कला; कॉर्निया का पश्च स्थिति स्थापक पत्रक (lamella) या मध्य पटलिका।

descending—(L. *de*, down; *scandere*, to climb) अधोगामी; अवरोही; पश्चादगामी; रक्त नलिका या तंत्रिका सूत्र आदि।

desegmentation—(L. *de*, from; *segmentum*, piece cut off) अखण्डी भवन; खण्ड संलय। मौलिक रूप से (originally) पृथक रहे हुए खण्डों (segments) का आपस में मिलकर एक हो जाना, अर्थात् (संलय fusion) हो जाना।

desexualise—(L. *sexus*, sex) लिंग ह्रास; निर्लिङ्गीकरण।

deserticolous—(L. *desertus*, waste; *colere*, to inhabit) मरुवासी।

desmergate—(Gk. *desma*, bond; *ergates*, worker) बन्धपिपीलिका; मध्य पिपीलिका; उद्योगी (worker) और सैनिक (soldier) पिपीलिका के मध्य की स्थिति।

desmocyte—(Gk. *desmos*, bond; *kytos*, hollow) बन्ध कोशिका; बन्धक ऊतक (connective tissue) कोशिका (cell)।

desmogen—(Gk. *desmos*, bond; *genos*, descents) विभज्योतिकी या उपचीयमान ऊतक; प्रभव ऊतक।

desmognathous—(Gk. *desma*, bond; *gnathos*, jaw) बन्धतालु। वे पक्षी जिनमें मैक्सिलो-पैलेटाइन (maxillopalatines) अस्थियां कपाल की अन्य विशेषताओं के कारण मध्य रेखा (middle line) में संलयित (fused) होती हैं।

desmology—(Gk. *desmos*, bond; *logos*, discourse) पेशी बन्ध (लिगामेंट) रचना विज्ञान।

desmones—(Gk. *desmos*, bond) रसायनिक बन्ध; रसायनिक सेतु।

desmosome—(Gk. *desmos*, bond; *soma*, body) बन्धकण।

desquamation—(L. *de*, away; *squama*, scale) निपतन; छोटी-छोटी टिकलियों में उपत्वक या बहिश्छद (epidermis) का गिरना।

destination—(L. *destinare-de*, inten, and root of *stare*, to stand) लक्ष्य; इष्ट।

determinant—(L. *determinare*, to limit) निर्धारक; एक कल्पित (hypothetical) इकाई (unit) जो किसी कोशिका (cell) या कोशिका समूह का परिवर्धन निर्धारित करे।

determinate—(L. *determinare*, to limit) सीमित; परिमित; निर्धारी।

determination—(L. *determinare*, to limit) निर्धारण।

detorsion—(L. *de*, away; *torquere*, to twist) प्रतिव्यावर्तन; विपरीत घुमाव या ऐंठन।

detoxication—(L. *de*, away; Gk. *toxikon*, poison) विष ह्रासता; प्रतिविषता।

detrusor—(L. *detruderc*, to thrust from) मूत्रकोषिका भित्ति; कार्यकी तीनों जनन स्तर।

deuterocerebrum—(Gk. *denteros*, second; L. *cerebrum*, brain) ड्यूटेरो सेरेब्रम;द्वितीयक मस्तिष्क; केकड़ावंशीयों (क्रशटेशिया) के मस्तिष्क का वह भाग जिससे स्पर्शक तंत्रिकायें उद्भूत होती हैं।

deuterocoele—(Gk. *deuteros*, second *koilos*, hollow) सीलोम; देह कोटर।

deuterocone—(Gk. *deutros*, second; *konos*, cusp) उपपुराशंकु।

deuterogenesis—(Gk. *deutros*, second; *genesis*, origin) मध्यजनन। भौणिक-वर्धन (embryonic development) में पुरांग्र के बाद की अवस्थायें।

(देखिये protogenesis आरम्भिक जनन या पूर्वजनन)

deuterostoma—(Gk. *deuteros*, second; *stomá*, mouth) उपमुख। गौणतया (secondarily) उत्पन्न द्विस्तर (gastrula) के मुख से भिन्न मुख।

deuterotoky—(Gk. *deuteros*, second; *tokos*, birth) नर-नारी जनन; नर-नारी उत्पादन। अनिषेकज (parthenogenetic) डिम्बों से नर और मादा दोनों प्रकार के व्यक्तियों का उत्पादन (reproduction)।

deuterozoic—(Gk. *deuteros*, second; *zoon*, animal) मध्य कालीन जन्तु विशेष।

deuterozooid—(Gk. *deuteros*, second; *zoon*, animal; *eidos*, form) उपमुकुल; गौण मुकुल। आद्य मुकुल (primary zooid) के कलिकोत्पादन (budding) से उत्पन्न मुकुल।

deuthyalosome—(Gk. *deuteros*, second; *hyalos*, glass; *soma*, body) अवशिष्टाष्टि। प्रथम ध्रुवपिण्ड (polar body) के पृथक होने के पश्चात् डिम्ब (ovum) मे अवशिष्ट न्यूक्लियस (अष्टि)।

deutoblasts—(Gk. *deuteros*, second; *blastos*, bud) गौण कोशिकायें; ड्यूटोब्लास्ट। उपकोशिकायें।

deutobroch—(Gk *deuteros*, sccond; *brochus*, mesh) उपकेन्द्रक; उपन्यूक्लियस।

deutocerebrum—(Gk. *deuteros*, second; L. *cerebrum*, brain) उपमस्तिष्क; शृंगिक ग्रंथि; मस्तिष्कांत; कीट मस्तिष्क का वह भाग जो शृंगिक ग्रंथियों के संलय से बनता है।

deutomalae—(Gk. *deuteros*, second; *malon*, cheek) उपकपोल; रोमिकाहनुओं (chaetognatha) में मुखावयवों (mouth appendages) के द्वितीय युग्म, (pair) से संलय (fusion) द्वारा बना हुआ चौड़ा पट्ट (plate)।

deutomerite—(Gk. *deuteros*, second; *meros*, part) पश्चखण्ड; उपखण्ड; कुछ गिरगैराइन्स (gregarines) का पश्च खण्ड।

deutonephros—(Gk. *deuteros*, second; *nephros*, kidney) मध्य वृक्क।

deutoplasm—(Gk. *deuteros*, second; *plasma*, mould) डिम्बान्न। डिम्ब या अण्डाणु (ovum) या अन्य कोशिका का खाद्य पदार्थ।

deutoscolex—(Gk. *deuteros*, second; *skolex*, worm) उपमीवासिर; कुछ मीवाकृमियों या चपटा कृमियों (flat-worms) के स्योतिकार्भक-ब्लैडरवर्म (bladder-worm) में कलिकोत्पादन (budding) द्वारा निर्मित गौण (उप) मीवा सिर।

deutosomes—(Gk. *deuteros*, second; *soma*, body) उपपिण्ड; केन्द्रिक (न्यूक्लिओलस nocleolus) के वे कण (granules) जो कोशिका द्रव्य (cytoplasm) में अलग होकर डिम्बान्न या योक (yolk) की रचना करने वाले समझे जाते हैं।

deutovum—(Gk. *deuteros*, second; L. *ovum*, egg) उपअण्डाणु; उपडिम्ब; कुछ किलनियों (mites) के कायांतरण या रूपान्तर (metamorphosis) मेंपाई जाने वाली एक स्थिति।

development—(F. *developper*, to unfold) विकास; व्यक्तिकरण; परिवर्तन; वर्धन। जीवन के आरम्भ से लेकर प्रौढावस्था (adult stage) तक का वृद्धि क्रम (परिवर्धन)।

deviation—(L. *de*, away from; *via*, way) विचलन; व्यतिक्रम ।

devoid of villi—अंकुरहीन; निरंकुर; उद्वर्धहीन ।

devonion—(*devon*, where strata were first) studied) डिवोनियन; डिवोनी कल्प; पुराजीवी महाकल्प (paleozoic era) के अन्तर्गत कार्बनमय (carboniferous) से पूर्व वाला काल या युग (epoch)। इसका आरम्भ लगभग ४०-५० लाख वर्ष पूर्व का माना जाता है। इस काल में स्थान वद्ध जन्तुओं के होने का अनुमान रहा है और जो भी प्रमाण मिले हैं उनसे यह निश्चित हो सका है कि कुछ सन्धिपाद प्राणी जैसे मकड़ी (spiders), किल्ली (mites), सहस्रपादी (millipedes), और विच्छु (scorpion), तर स्थानों पर दृष्टिगोचर हो गये थे।

dexiotropic—(Gk. *dexios*, right; *trope*, turn) दक्षिणवर्तनी; वांये से दांये ओर जाने वाले घुमाव वाला।

dextral—(L. *dexter*, right hand) दक्षिणावर्त; दक्षिणवर्तनी ।

dextrin—(L. *dexter*, right hand) डेक्स्ट्रीन; डेक्सट्रिन; माड़ी (starch) से उत्पन्न एक घुलनशील (soluble) पदार्थ (substance) विशेष ।

dextrorse—(L. *dexter*, right; *vertere*, to turn) दक्षिणावर्तक; वांये से दांये घूम कर पेचदार बढ़ने वाला ।

dextrose—(L. *dexter*, right; *vetere*, to turn) डेक्स्ट्रोस; डेक्सट्रोज; ग्लूकोज (glucose) या ग्लूकोज शर्करा ।

diabetogenic—(Gk. *diakainein*, to crossover; *gignesthai*, to beget) डायबिटीज कारक; मधुमेहजन; मधुमेहजन हार्मोन; (१) पिटयूटरी हार्मोन जो इन्सुलीन (insulin) को प्रभावहीन कर देता है; (२) केकड़ावंशी (crustacean) में चक्षुवृन्त (eye stalk) के कुल्या ग्रन्थि (sinus gland) का हार्मोन ।

diachaenium—(Gk. *dis*, twice; *a*, not; *chainein*, to gape) केमोकॉर्प का प्रत्येक भाग (कोष्ठ)।

diacoel—(Gk. *dia*, through, *kailos*, hollow) डायोसील; तृतीय विवर या तृतीय निलय (मस्तिष्क का)।

diacranteric—(Gk. *dia*, asunder; *krauteres*, wisdom teeth) अन्तराली दन्ती। ऐसे सर्प आदि जिनके अगले और पिछले दांतों के बीच में दन्त व्यवधान या अन्तराल (diastema) होता है।

diactinal—(Gk. *dia*, twice; *aktis*, ray) द्विकिरणी; द्विअरीय ।

diadelphous—(Gk. *dis*, twice; *adelphous*, brother) द्विसंघी; इसमें नौ पुंकेसरों का एक पुंज बनता है और दसवां पुंकेसर स्वतन्त्र रहता है। यह द्विसंघी अवस्था कही जाती है। उदाहरण-मटर ।

diadematoid—(Gk. *diadema*, crown; *eidos*, shape) किरीटोपम; इकीनोइडिया (Echinoidea) में आद्य (primary) अपमुख (aboral) और मध्य आद्य (middle primary) प्लेटों के बीच में तीन आद्य (primary) प्लेटों का लगा होना।

diadromous—(Gk. *diadromos*, wandering) उभयत्रगामी; पंखाकार शिराविन्यासी; पक्षोपम तंत्रिकीय; पक्षोपम शिरी ।

diaene—(Gk. *dis*, twice; an anclogy of triaene, from Gk. *triaina*, trident) डाइएन; एक प्रकार का त्रिशाखीय स्पीक्यूल जिसमें एक शाखा न्यूनित अथवा अनुपस्थिति होती है।

diageotropism—(Gk. *dia*, through; *ge*, earth; *trope*, turn) लंबकोण गुरुत्ववृत्ति; पौधों के भागों की वृति कि वे गुरुत्व वृत्ति से लंबकोण या समकोण (right-angle) पर स्थान ले लेते हैं।

diagnosis—(Gk. *diagnosis*, discrimination) निदान; पहिचान। (१) किसी अंगी; जीव व प्राणी के सब विशिष्ट लक्षण (distinctive characters) बतलाते हुए संक्षिप्त वर्णन। (२) किसी प्रक्रियात्मक या रुग्ण

दशा (physiological or pathological condition) का उसके विशिष्ट लक्षणों (distinctive characters) द्वारा निदान ।

diagnostic—(Gk. *dia*, through; *gignoskein*, to know) निदानक; निदान सूचक; रोग लक्षण सम्बन्धी ।

diaheliotropism—(Gk. *dia*, throught; *kelios*, sun; *trope*, turn) समकोणक प्रकाशवृति ।

diagram—(Gk. *dia*, round; *graphein*, to write) रेखाचित्र; मानचित्र; आरेख ।

diagrammatic (diagram)—आरेखी (रेखा चित्र); अव्यवस्थित (रेखा चित्र) ।

diakinesis—(Gk. *dia*, through; *kinesis*, movement) उत्तरांत स्थिति; सूत्र उतरांतावस्था । ह्रास या अर्धसूत्री विभाजन (meiosis) की पिछली पूर्णावस्था (later phophase) जो द्विसूत्र स्थिति (diplotene) और पुरोत्तर स्थिति या पूर्वमध्यावस्था (prometaphase) के बीच में होती है । मध्यावस्था या मेटाफेज (metaphase) और अन्तयास्थिति (telophase) के बीच की अवस्था में गुण सूत्र या परम्परा सूत्रों (chromosomes) की गति (movement)

dialyneury—(Gk. *dialyein*, to reconcile; *neuron*, nerve) कृत संधि तंत्रिकता । किन्हीं गैस्ट्रोपोड़ा (gastropoda) जन्तुओं में पार्श्व गुच्छिका (pleural ganglia) का पिधान प्रावर तंत्रिका (pallial nerve) के साथ शाखमिलन कर विपरीत दैहिक तंत्रिका (opposite visceral nerve) से मिले होने की दशा ।

dialypetalous—(Gk. *dia*, asunder; *lyein*, to loose; *petalon*, petal) पृथक दलीय ।

dialyphyllous—(Gk. *dia*, asunder; *lyein*, to loose; *phyllon*, leaf) प्रथक पर्णी ।

dialysepalous—(Gk. *dia*, asunder; *lyein*, to loose; F. *sepale*, sepal) पृथक वाह्यदली ।

dialysis—(Gk. *dia*, asunder; *lysis*, loosing) प्रसरण-कलिक पृथकीकरण । घुले हुए प्रसरणशील (rystalloids) और कलिल (colloids) पदार्थों का आंशिक प्रसरणशील (semipermeable) कला (membrane) द्वारा पृथकीकरण (separation) ।

dialystely—(Gk. *dia*, asunder; *lyein*, to loose *stele*, post) पृथक रम्भी ।

diancistra—(Gk. *dis*, twice; *angkistron*, hook, हुकोपम स्पीक्यूल; अंकुशाकार स्पीक्यूल ।

diandrous—(Gk. *dis*, twice; *aner*, man) द्वि स्वच्छंद पुंकेसरी; द्विनिर्मुक्त पुंकेसरी ।

diapause—(Gk. *diapauein*, to make, to cease, वर्धन सुप्तता ।

diapedesis—(Gk. *diapedesis*, leaping through) निर्गम । रक्त के श्वेताणुओं (white blood corpuscles) का कोशिका (capillaries) की भित्तियों (walls) से निकल कर आसपास के ऊतकों में चला जाना ।

diaphototropism—(Gk. *dia*, through; *phos*, light; *trope*, turn) समकोणक प्रकाशवृति ।

(देखिये—diaheliotropism)

diaphragm, diaphragma—(Gk. *diaphragma*, midriff) डायफ्राम; मध्यप्राचीर; मध्यपट ।

(१) हाईड्रोपटेरीडी (Hydropteridae) में वह भित्ति जो लघु कोशिका, और प्रोथैलस (prothallus) को शेष दीर्घस्पोर (macrospore) से पृथक करता है ।

(२) इक्वीसिटम (Equisetum) में कांड (node) पर जवनी या भित्ति (septum) ।

(३) कृमि (worms) में अर्न्तमुख (introvert) पर लगी पेशी ऊतकों की एक प्रच्छद (sheet) ।

(४) टेरेबिल्लीफोरमिया (Terebelliformia) में सबल वर्धित एकल भित्ति ।

(५) पोलीजोआ (polyzoa) में छिद्रित ऊतक जो टेन्टिकिल गुहा (tentacle cavity) को पुन: विभाजित करता है ।

(६) किन्हीं कीटों में सूत्रीय-पेशी उदरीय भित्ति

जो परितंत्रिकीय कुल्या (perineural sinus) को घेरे हुए होती है।

(७) अरेक्निडा (Arachnida) में शिरोवक्ष (cephalothorax) और उदर को पृथक करने वाली अनुप्रस्थ भित्ति।

(८) एन्यूरा (Anura) में इलिया (ilia) के अग्र-छोर से निगलक (oesophagus) और फुफ्फुस के अधर तक फैली हुई विशिष्ट पंखेनुमा पेशी।

(९) स्तनी (mammals) में वक्ष और उदरीय गुहाओं के मध्य की पेशी मध्य प्राचीर या मध्य पट।

diaphysis—(Gk. *dia*, through; *phyein*, to bring forth) अस्थिदण्ड।

diapophysis—(Gk. *dia*, through; *apo*; from; *phyein*, to produce) उर्ध्वानुप्रस्थ प्रवर्धन। सुषुमना तोरण या तंत्रकीय चाप (neural arch) का पार्श्वीय (lateral) या अनुप्रस्थ (transverse) प्रवर्धन (process)।

diapsid—(Gk. *dia*, through; *apsis*, arch) द्वितोरणी (कपाल); डाइऐप्सिड (करोटि)। यह शब्द उन जन्तुओं की खोपड़ियों (करोटि) के सम्बन्ध में प्रयुक्त होता है जिनमें उर्ध्व (superior) और अधर (inferior) दोनों गण्डखात (temporal fossae) स्पष्ट पाये जाते हैं।

diarch—(Gk. *dis*, twice; *arche*, origion) द्वि-आदिदारुक; ऐसी जड़ जिसमें दो जाइलम और दो फ्लोएम के बन्डल होते हैं। द्विध्रुवी तकुं, ऐसा तकुं, जिसमें दो ध्रुव होते हैं।

diarthrosis—(Gk. *dia*, through; *arthron*, joint) चल सन्धि; ऐसा जोड़ (सन्धि) जिसमें गति सुव हो सके।

diaschistic—(Gk. *dia*, through; *schistos*, split) विचतुष्क; ह्रास विभाजन (meiosis) में पाया जाने वाला ऐसा चतुष्क (tetrad) जो एक बार अनुप्रस्थ तथा दूसरी बार लम्ब रूप में विभाजित होता हो।

diaspore—(Gk. *diaspora*, disperssion; *spora*, seed) डायास्पोर; प्रकीर्णश; विकिरण स्पोर।

diastatic—(Gk. *dia*, through: *histanai*; to set) डायास्टेस; एक एन्जाइम (क्षोभकरस) जो मुख्यतया माड़ी (starch) को शर्करा (sugar) में परिणित करता है।

diastatic—(Gk. *dia*, through; *histanai*, to set) डायास्टेस सम्बन्धी।

diastem-diastema—(Gk. *diastema*, space) दन्ताव काश, दन्त व्यवधान या अन्तराल। बिना दांतों वाला स्थल, जो प्रायः दो दांतों के बीच में पाया जाता है।

diaster—(Gk. *dia*, twice; *aster*, star) द्वितारक स्थिति। विषम कोशिका विभाजन (mitosis) की वह स्थिति (stage) जिसमें नवजनित गुण सूत्र या क्रोमोसोम तकुंटध्रुव (spindle poles) के नवीन न्यूक्लियस बनाने के हेतु एकत्रित हुए हों।

diastole—(Gk. *diastole*, difference) (१) हृत्प्रसार; (हृदय का प्रसार). (२) संकुचनशील स्थली या कुण्डिका या रिक्तिका (contractile vacuole) का ताल बद्ध (rhythmical) प्रसार।

diastomatic—(Gk. *dia*, through; *stoma*, mouth) मुंह या छिद्र के पास।

diathesis—(Gk. *dia*, through; *titkenai*, to place) व्यवस्थानुरूप प्रकृति; किसी प्रतिक्रिया, रोग या वर्धन के प्रति व्यवस्थानुरूप प्रवृत्ति (constitutional predisposition)।

diatom—(Gk. *dia*, through; *temnein*, to cut) डायटम; एक कोशिकीय ऐलगा (alga) विशेष, जिसकी भित्ति विशेष सिलिका (silica) युक्त होती है।

diatropism—(Gk. *dia*, through; *trope*, turn) तिर्यग्वृत्ति; समीप अनुवृत्ति। जीवों या अंगों की वह वृत्ति जिसके कारण वे उत्तेजना (stimulus) की दिशा पर लम्बकोण (right angle) बनाते हुए स्थित होते हैं।

diaxon—(Gk. *dis*, twice; *axon*, axis) द्विधुरी; द्वयाक्षी।

diaxone—(Gk *dis*, twice; *axon*, axis) द्विसूत्राक्षी; दो सूत्राक्ष (axis cylinder) वाली तंत्रिका कोशिका (nerve cell) ।

diblastula—(Gk. *dis*, twice; *blastos*, bud) द्विस्तर भ्रूण । सीलोमांत्रीयों (coelenterates) का भ्रूण विशेष, जिसमें केन्द्रीय कोटर (central cavity) को घेरे हुए दो स्तर (layers) होते हैं ।

dibranchiate—(Gk. *dis*, twice; *brangchia*, gills) द्विगिलधारी; दो गिलों (gills) वाला ।

dicaryosis—द्विकेन्द्रकता ।

dicellate—(Gk. *dikella*, two-pronged hoe) दो काँटेदार; दो कीलों वाला; द्विफर्की आकृति युक्त ।

dicentral—(Gk. *dia*, through; *kentron*, centre) द्विकेन्द्री ।

dicentric—(Gk. *dis*, twice; *kentron*, centre) द्विकेन्द्रपिण्डी; द्विकेन्द्री ।

dichasium—(Gk. *dickazein*, to divide in two) युग्मशाखन; युग्मशाखी ससीमाक्ष (पुष्पक्रम); इस प्रकार के पुष्पक्रम में अग्रस्थ पुष्प से दो पार्श्व शाखायें निकलती हैं जो पुनः इसी प्रकार विभाजित हो जाती है ।

dichlamydeous—(Gk. *dis*, twice; *chlamys*, cloak) द्विपरिदलपुंजी बाह्यदल तथा दलपुंजी; कैलेक्स और क़ोरोला दोनों युक्त ।

dichogamy—(Gk. *dicka*, in two; *gamos*, union) परिपक्वान्तर; लैंगिक तत्वों (sexual elements) का भिन्न-भिन्न समय पर परिक्व (mature) होना जिसके कारण पर निषेचन (cross fertilisation) ही सम्भव होता है ।

dichoptic—(Gk. *dioha*, in two; *opsis*, sight) पृथक नेत्रीय । वे जन्तु जिनमें आँखें बिल्कुल अलग-अलग हों ।

dichotomy—(Gk. *dicha*, in two; *temnein*, to cnb) द्विभाजी; समविभक्त शाखन ।

dictyosome—(Gk. *diktyonv*, net; *some*, body) डिक्टियोसोम; जाल पिण्ड; जालिकाय; गोलगी (golgi) यन्त्र का अंग विशेष ।

dichoric—(Gk. *dis*, twice; *chros*, colour) द्विवर्णी; द्विवर्णिक ।

dichroism—(Gk. *dis*, twice; *chros*, colour) द्विवर्णता ।

dichromatic—(Gk. *di*, two; *chroma*, colour) द्विवर्णी; द्विरंजनी ।

dichromophil—(Gk. *de*, two; *chroma*, colour; *phileiu*, to love) द्विक्रोमी; द्विवर्ण रागी; दोनों अम्लीय एवम् क्षारीय वर्ण से रंगा जाने वाला ।

dichthadiigyne—(Gk. *dicktkadios*, double; *gyne*, female) नारीयोपम पिपीलिका; नारी उद्योगी चींटी जिसमे विपुल आयतनी (voluminous) डिम्ब ग्रन्थि होती है तथा चक्षु व पख नही होते हैं ।

diclinous—(Gk. *di*, asunder; *kline* bed) एक लिंगी; पृथक लिंगी ।

(१) पृथक पुष्पों पर पुंकेसर और स्त्रीकेसर (pis til) होने की दशा ।

(२) एक ही पौधे पर पृथक पुंकेसर और स्त्रीकेसर पुष्पों का होना ।

dicoccous—(Gk. *di*, two; *kykkos*, seed) द्विएक-बीज संपुटी (कैपसूल) ।

dicostalia—(Gk. *di*, two; L. *corta*, rib) द्विपशुकी; द्विबाहुतंत्रिकाक्रमी क्रिनॉइड (crinoid) में द्वितीय बाहु तंत्रिका क्रम ।

dicotyledon—(Gk. *di*, two; *kotyledon*, cupshaped hollow) द्विबीजपत्री ।

didactyl—(Gk. *dl*, two; *daktylos*, finger) द्व्यंगुलिक । दो अँगुली या उँगली (fingers या toes) वाला ।

didelphic—(Gk. *di*, dobble; *delphys*, womb) डाइडेल्फिक; द्विगर्भाशयिक । जैसे शिशुधानिक (marsu pials) कंगेरू सदृश जन्तु ।

didymous—(Gk. *didymos*, turn) डाइडीमस; युग्मवर्धी; युगलवर्धी।

dictyodromous—(Gk. *diktyon*, net; *dromein*, to run) जालज शिराविन्यासी; सजाल शिरा विन्यासी।

dictyogen—(Gk. *diktyon*, net; *genos*, descent) जालज पर्णी (पौधा)।

dictyokinesis—(Gk. *diktyon*, net; *kinesis*, movement) जालपिण्ड पृथक्कीकरण; जालपिण्ड वियोजन; गोलगी यन्त्र का सूत्री विभाजन (mitosis) में स्फुटन और जाल पिण्डों का दुहिता कोशिका में वियोजन (segregation)।

dictyonalia—(Gk. *diktyon*, net) प्रमुख निर्यासक स्पं नकूल; डिक्टियोनेलिया।

dictyospore—(Gk. *diktyon*, net; *sporos*, seed) डिक्टियोवीजाणु; जाल-स्पोर।

dictyostele—(Gk. *diktyon*, net; *stele*, post) जाल-रम्भी।

dictyotic—(Gk. *diktyon*, net) जालिकीय; डिक्टियोटिक; कोशिका वृद्धि में वह स्थिति जिसमें क्रोमोसोम केन्द्रीय जालिका में अस्पष्ट हो जाते हैं।

dicycle—(Gk. *di*, two; *kyklos*, circle) द्विचक्रीय; द्विवर्षीय (शाक—herbs)

didynamous—(Gk. *di*, two; *dynamis*, power) द्विदीर्घी; चार पुंकेसरी, दो दीर्घ तथा दो लघु।

diet—(Gk. *diaita*, mode of living) खाद्य; भोजन; पथ्य।

diencephalon—(Gk. *dis*, between; *engkephalos*, brain) डायनस्किफेलोन; अग्र मस्तिष्क पश्च: अन्तर्मस्तिष्क।

dietetics—(Gk. *diaitia*, mode of living) खाद्य-विज्ञान; पथ्य विज्ञान; भोजन विज्ञान।

differentiation—(L. *differe*, to differ) भिन्नीकरण; विभेदन। कार्य विभाग (division of labour) के कारण किसी प्राणी के अंगों की रचना (structure) और कार्य (function) में भिन्न-भिन्न परिवर्तन (modification) हो जाना।

differentiation of structure—(L *differe*, to differ) रचना भिन्नीकरण।

diffluence—(L. *dis*, away; *fluere*, to flow) धानी विघटन; धानीता (vacuolisation) से विघटन।

diffuse—(L. *diffundere*, to pour) विसरित होना; व्याप्त; विस्तीर्ण।

diffused placenta—(L. *diffundere*, to pour) विसरित आँवल; वितति अपरा।

diffusible—(L. *diffundere*, to pour) शोषणशील; विसरणशील।

diffusion—(Gk. *diffundere*, to pour) प्रसार; प्रसरण; विसरण।

digametic—(Gk. *dis*, twice; *gametes*, spouse) निषेकाणुद्वंधी; द्विधाजन्युक; युग्मकद्वंधी। दो प्रकार के नर और नारी (मादा) निषेकाणु या युग्मक (gametes) वाला।

digastric—(Gk. *di*, two; *gaster*, belly) द्विस्थूली; द्विअधरी।

(१) ऐसी पेशी जो दोनों छोर पर मांसल तथा मध्य में स्नायोत्तम (tendinous) हो।

(२) आननी (facial) तंत्रिका की एक शाखा।

(३) सुपरा हाएड पेशी।

digenesis—(Gk. *dis*, twice; *genesis*, descent) उत्पत्ति विपर्यय। किसी जन्तु के जीवन में लिंगी (sexual) और निर्लिंगी (asexual) दोनों प्रकार की सन्तति श्रेणियों (generations) का उपस्थित रहना।

digenetic—(Gk. *dis*, twice; *genesis*, descent) द्विपोषित; द्विपरपोषी; द्विपोषी।

digenoporous—(Gk. *dis*, twice; *genos*, birth; *poros*, pore) द्विजनन छिद्री।

digestion—(L. *digestion*, digestion) पाचन; पचना। वह प्रक्रिया (process) जिससे भोजन के अप्रसरणशील अर्थात् शोषणहीन (non-diffusible) तत्त्व प्रसरणशील अर्थात् शोषणशील (diffusible) बनते हैं।

digestive—(L. *digestion*; digestion) पाचक; पाचन सम्बन्धी; पचाने वाला।

digestive gland—पाचक ग्रन्थि।

digestive juice—पाचक रस।

digestive organ—पाचक अंग।

digestive process—पाचक प्रक्रिया (प्रक्रम)।

digestive secretion—पाचक श्राव।

digestive system—पाचक तंत्र; पाचक मण्डल; पाचक संस्थान।

digestive tract—पाचन मार्ग; अन्न मार्ग; पाचन पथ; आहार पथ; पाचन क्षेत्र।

digestive tube—पाक-नली; पाचन नलिका; अन्न नली अन्न प्रणाली।

digested—(L. *digestio*, digestion) पक्व; पचा हुआ।

digit—(L. *digitus*, finger) उंगली; अंगुली; अंगुल।

digital—(L. *digitus*, finger) अंगुलि—; आंगुलिक; अंगुली-सम्बन्धी।

digitaliform—(L. *digitus*, finger; *forma*, shape) अगुलोपम; अगुलाकार।

digitate—(L. *digitus*, finger) अंगुल्याकार; अंगुलि शाखी।

digitiform—(L. *digitus*, finger; *forma*, shape) अंगुलाकार; अंगुलोपम।

digitigrade—(L. *digitus*, finger; *gradus*, step) अंगुलिचारी; अंगुलगामी; केवल उंगलियों पर चलने वाला।

digitinervate—(L. *digitus*, finger; *nervus*, sinew) अंगुलिशिरा; अंगुल्याकार शिरा विन्यास।

digitipartite—(L. *digitus*, finger; *partire*, to divide) हस्तोपम; हस्तोपम विच्छिद।

digitipinnate—(L. *digitus*, finger; *pinna*, leaf) अगुलि-पिच्छाकार।

digitule—(L. *digitus*, finger) आंगुलिका; सूक्ष्म (छोटा) अंगुली के आकार का प्रवर्धन (process)।

digoneutic—(Gk. *dis*, twice; *goneuein*, to produce) द्विवार प्रसवनी। वर्ष के अन्तर्गत दो वार बच्चे जनने वाली।

digonic—(Gk. *dis*, twice; *gone*, seed) पृथक-युग्मक द्विधी; द्विजनदी; एक ही व्यक्ति में पृथक धानियों में नर और मादा युग्मकों का उत्पन्न होना।

[देखिये amphigonic—परिअंडधानीय; उभय युग्मकी]

digonoporous—(Gk. *dis*, twice; *gone*, seed; *poros*, aox) द्विजनन छिद्री; नर और मादा अलग-अलग जनन छिद्र वाला।

digynous—(Gk. *dis*, two; *gyne*, woman) द्वि-अण्डपी।

dihybrid—(Gk. *dis*, twice; L. *hibrida*, mixed offspring) द्विसंकर। ऐसा संकरीकण (cross) जिसमें प्रयुक्त माता-पिता दो अलग-अलग विशेषतायें रखते हों।

dihybridism—(Gk. *dis*, twice; L. *hibrida*, mixed offspring) द्विसंकरीकरण।

dilated—(L. *dilatare*, to flatten) प्रसारित, विस्तारित; व्यापत; फूला हुआ या फैला हुआ।

dilatator—(L. *dilatare*, to expand) आयतन प्रसारक; विस्तारक।

dilator—(L. *dilatare*, to expand) विस्फारिणी; विस्तारक; किसी अंग को फैलाने वाली (मांस पेशी)।

dilophous—(Gk. *di*, two; *lophos*, crest) द्विअर शिखी (स्पीक्यूल); चतुष्किरणी स्पीक्यूल; जिसकी दो (अर) किरणें द्विशिख होती हैं।

diluvial—(L. *diluvium*, deluge) संप्लवी; आधुनिक काल सम्बन्धी।

dimegaly—(Gk. *dis*, twice; *megalon*, great) द्विमापता। दो नाप (या कद) का होना जैसे बीर्याणुओं (spermatozoa) या डिम्बों (ova) में।

dimerous—(Gk. *dis*, twice; *meros*, part) द्विभागी; द्विखण्डी।

dimidiate—(L. *dimidius*, half) अर्धवर्द्धी।

dimorphic—(Gk. *dis*, twice; *morphe*, shape) द्विरूपी।

dimorphism—(Gk. *dis*, twice; *morphe*, shape) द्विरूपता।

dimyaric—(Gk. *dis*, twice; *mys*, muscle) द्वि अभिवर्तनक (पेशी); द्वि समीपकर्षी (पेशी) युक्त।

dinergate—(Gk. *dinein*, to roam; *ergates*, worker) परिउद्योगी चींटी (पिपीलिका)।

dineuronic—(Gk. *dis*, twice; *neuron*, nerve) द्वितंत्रिका युक्त; तंत्रिकाद्वय समन्वित। दो प्रकार के तंत्रिका सूत्रों से युक्त जैसे रंगकोशिका (chromatophore) एकत्री कारक (concentrating) और विकीर्णक (dispersing) तंत्रिका सूत्रों (nerve fibre) द्वारा होते हैं।

dinomic—(Gk. *dis*, twice; *nomos*, division) द्विक्षेत्री। वह अंगी जो दो जीव भूगोलिक क्षेत्रों में सीमित होता है।

dinoflagellata—(Gk. *dis*, twice; L. *flagellum*, whip) डिनोफलैजेलेटा; मेखला कषी। मैसटीगोफोरा (mastigophora) या कषा वर्ग का एक गण (order)।

diocious—(Gk. *dis*, twice; *oikos*, house) पृथक-लिंगी; एकलिंगी; भिन्नलिंगी; एकलिंगाश्रयी।

dioecism—(Gk. *dis*, twice; *oikos*, house) लिंग-भेद।

dioestrus—(Gk. *dia*, between; *oistros*, gadfly) मद मध्यकाल। बहुमदी (polyoestrous) जन्तुओं में मद कालों (heat periods) के बीच का शान्त काल (quiescent period)।

dioptrate—(Gk. *dis*, twice; *ops*, eye) पृथक नेत्रिकीय; पृथक चक्षुकीय। सूक्ष्म रेखा द्वारा पृथक चक्षु (eye) या नेत्रिका (ocelli) युक्त।

dioptric—(Gk. *dioptron*, spying glass) प्रकाश-वर्तनीय। चक्षु की वह आकृतियाँ जो प्रकाश का वर्तन करती हैं जैसे ताल (lens) कनीनिका (cornea) जलीय (aqueous) तथा काचीय (vitreous) द्रव (humor)।

diorchic—(Gk. *dis*, twice; *orchis*, testis) द्विवीर्याणु-ग्रन्थिल; द्विवीर्याणु-ग्रन्थियों से युक्त; द्विवृषणी।

dipetalous—(Gk. *dis*, twice; *petalon*, petal) द्विपंखुडिक; द्विदली।

diphasic—(Gk. *dis*, twice; *phaincin*, to appear) विस्तृत जीवन वृद्धि।

diphycercal—(Gk. *diphyes*, two fold; *kerkos*, tail) द्विभक्त (पुच्छ); द्विभक्त पुच्छीय; समपालिपुच्छी। ऐसी पूँछ या दुम जिसमें कशेरुदण्ड (vertebral column) अन्त तक पहुँचता है और इस प्रकार पंख (fin) को दो बराबर भागों में बाँट देता है।

diphygenetic—(Gk. *diphyes*, two fold; *genetes*, begotten) द्विभिन्न भ्रूणक; ऐसे जन्तु जो दो भिन्न प्रकार के भ्रूण (embryos) देते हैं।

diphygenic—(Gk. *diphyes*, two fold; *genos*, birth) द्विवर्धीय। दो प्रकार के वर्धन (development) वाला।

diphyletic—(Gk. *dis*, twice; *phylon*, race) द्विवंशोद्भव। दो वंश परम्पराओं (lines of descent) से उत्पन्न।

diphyodont—(Gk. *diphyes*, to fold; *odous*, tooth) द्विश्रेणिदन्ती (दन्त समुदाय); द्विवारदन्ती। दाँतों की दो श्रेणियाँ एक के बाद दूसरी उत्पन्न होती हैं। पहली श्रेणी को दुग्ध दन्त (milk teeth) और दूसरी को स्थायी (permanent) दन्त श्रेणी कहते हैं।

diplanetary, diplanetic—(Gk. *dis*, twice; *planctikos*, wandering) द्वि प्ररूपक चल बीजाणु (zoospores)।

diplanetism—(Gk. *dis*, twice; *planetikos*, wandering) द्विचालिता; द्विचलकालावधिता; एक जीवन इतिहास में दो जंगम (चल) कालावधि के होने की दशा जैसे कुछ फन्जाई के चलस्पोर (zoospore)।

diplarthous—(Gk. *diploos*, double; *arthron*, joint) अस्थिद्विता; एक पंक्ति की दबने या फनाई

की हड्डीयों का दूसरी पंक्ति की दो अस्थियों से जुड़ा होना।

dipleurula—(Gk. *dis*, twice; *pleuron*, side) द्विपार्श्वी; कंटक देहियों या ऐकाइनोडर्म (echinoderms) में पाया जाने वाला द्विपार्श्वीय समांशी (bilaterally symmetrical) अर्भक (larva)।

diplobiont—(Gk. *diploos*, double; *bion*, living) द्विप्राणी जीव; ऐसा जीवाणु (organism) जिसमें दो प्रकार के व्यक्ति या प्राणी, अलैंगिक या लैंगिक दोनों ही पाये जाते हैं।

diploblastic—(Gk. *diploos* double; *blastos* bud) द्विस्तरधारी; दो स्पष्ट जनन स्तर (germ layers) वाला।

diplocardiac—(Gk. *diploos*, double; *kardia*, heart) समपार्श्वीहृदय।

diplocaulescent—(Gk. *diploos*, double; *kaulos*, stem) द्वैध तना; गौणतनायुक्त।

diploe—(Gk. *diploos*, double) डिप्लू; मध्यपत्रकी किन्हीं खोपड़ी की हड्डियों के बाह्य तथा अन्तः पत्रकों (lamellae) के मध्य में पाया जाने वाला नलिका युक्त (cancellous) ऊतक या टिशू (tissue)।

diplogenesis—(Gk. *diploos*, double; *genesis* descent) द्वैधपरिवर्तन; द्वैधज; जर्मप्लाज्म में उपयोग और अनुपयोग के साथ होने वाले परिवर्तन।

diploic—(Gk. *diploos*, double) डिप्लोइक; द्वैधाधिष्ठिक; अस्थियों के सछिद्रक ऊतक की खाल में अधिष्ठित।

diplodal—(Gk. *diploos*, double; *hodos*, path) द्विद्वारी।

diplogangliate—(Gk. *diploos*, double; *ganglion*, little tumour) युग्मगण्डी; युग्म गुच्छकी। जिसमें गैंगलियाँ या गण्ड(ganglia) दो दो युग्म या जोड़ों में हों।

diploid—(Gk. *diploos*, double) द्विगुणित; युग्मसूत्री; आदर्श सूत्री; डिप्लॉइड। यह शब्द किसी जाति (species) के देह कोशिकाओं में पाई जाने वाली क्रोमोसोम या गुण सूत्रों की आदर्श (typical) संख्या के विषय में प्रयुक्त होता है। (देखिये haploid)

diplonema—(Gk. *diploos*, double; *noma*, thread) द्विसूत्रता। अर्ध सूत्रण (या ह्रास) विभाजन (meiosis) में द्विसूत्र (diplotene) स्थिति के दुहरेसूत्र (double thread)।

diplonephridie—(Gk. *diploos*, double; *nephros*, kidney) द्विधोत्सर्जिनी। वे उत्सर्जिनी या वृक्कक (nephridia) जो अशतः (partly) वाह्य चर्म या वाह्य स्तर (ectoderm) और अंशतः मध्य जनस्तर (mesoderm) से बनती हैं।

diploneural—(Gk. *diploos*, double; *neuron*, nerve) द्वितंत्रिका युक्त।

diplont—(Gk. *diploos* double; *phasis*, aspect) आदर्श सूत्रक अंगी।

diploperistomous—(Gk. *diploos*, double; *peri*, around; *stoma*, mouth) द्वैधपरिमुखी; द्वैधपरिछिद्री।

diplophase—(Gk. *diploos*, double; *phasis*, aspect) द्विगुणितप्रावस्था; द्विगणित स्थिति।

(१) अंगी के जीवन इतिहास की वह प्रावस्था जिसमें गुणसूत्र संख्या द्विगणित होती हैं।

(२) बीजाणु-उद्भिद (स्पोरोफाइट) स्थिति।

(३) ह्रास विभाजन (meiosis) की द्वि सूत्र स्थिति (diplotene)।

diplophyll—(Gk. *diploos*, double; *phyllon*, leaf) डिप्लोफिल; द्विखंभ; मृदुतक मध्यी पर्ण; ऐसी पत्ती जिसकी निचली व ऊपरी सतह पर खंभ (palisade) ऊतक तथा मध्य में स्पंजी मृदूतक (spongy parenchyma) होता है।

diploplacula—(Gk. *diploos*, double; *plakoeis*, flat cake) डिप्लोप्लेकूला, द्विस्तरी ब्लास्टूला; द्विकोरबी स्तरी समाट ब्लास्टुला।

diplopore—(Gk. *diploos*, double; *poros*, pore) द्विधछिद्र; द्विधोश्वासांग, सिस्टोइडिया (cystoidea) का श्वासनांग ।

diplosis—(Gk. *diploos*, double) गुणसूत्र दुगनता (द्विगुणता); संयुग्मन (syngamy) में गुणसूत्रों की संख्या का दुगना होना।

diplosome—(Gk. *diploos*, double; *soma*, body) द्विकेन्द्रपिण्ड । न्यूक्लियर झिल्ली (nuclear membrane) के बाहर वर्तमान दुहरा केन्द्र पिण्ड या तारक काय (centrosome) ।

diplosphene—(Gk. *diploos*, double; *sphen*, wedge) द्विपच्चटी; किन्हीं जीवाश्म सृपीयों के कशेरूक के सुषुम्ना तोरक (neural arch) पर पच्चट सदृश प्रवर्ध (process) ।

diplospondylic—(Gk. *diploos*, double; *sphondylos*, vertebra) द्वि कशेरूककायी ।

diplostemonous—(Gk. *diploos*, double; *stemon*, warp) द्विसंख्यक पुंकेसरी, पंखुडीकी संख्या से दूनी संख्या के पुंकेसरों का होना ।

diplostichous—(Gk. *diploos*, double; *stichos*, row) द्विपंक्तिक ।

diplostegia—(Gk. *diploos*, double, *tegos*, roof) द्विछती; दुछत्ती (फल); द्विभित्तिफल; अधोवर्ती फल जिसकी फलभित्ति सूखी स्फुटक होती है ।

diplotene—(Gk. *diploos*, double; *tainia*, band) द्विसूत्री-स्थिति । अर्ध सूत्रण या ह्रास विभाजन की वह स्थिति जिसमें द्विसंगी (bivalent) क्रोमोसोम (chromosome) लम्बाकार (longitudinally) विभक्त होते हैं ।

diploxylic—(Gk. *diploos*, double; *xylon*, wood) अन्त: वाह्य काष्ठी ।

diplozoic—(Gk. *diploos*, double; *zoon*, animal) समपार्श्वी; द्विपार्श्वीय तुल्यांश या समांशी (bilaterally symmetrical) जन्तु ।

dipnoan—(Gk. *dis*, twice; *pnein*, to breathe) द्विधाश्वासी । फुप्फुस (lungs) और गिलों (gills) द्वारा साँस लेने वाला।

diprotodont—(Gk. *dis*, twice; *protos*, first) उत्तुंग द्विदंती । (ऐसे जन्तु) जिनमें दो आगे के कर्तक दांत (incisor) बड़े तथा उत्तुंग (prominent) और शेष कर्तक (incisor) तथा भेदक (canine) दांत छोटे या अनुपस्थित होते हैं ।

dipterocecidium—(Gk. *dis*, twice; *pteron*, wing; *kekis*, gall nut) डिप्टीरी सिसीडियम; फन्गस, फिल्ली (mites) और कुछ कीटों द्वारा पौधों पर स्त्राविक जमाव जिसको मायु या पिटिका (gall) कहते हैं ।

dipterous—(Gk. *dis*, twice; *pteron*, wing) द्विपक्ष; द्विपंखी (कीड़ें) ।

direct—(L. *dirigere*, *directum-di*, apart; *regere*, to rule) व्यक्त; सरल; सीधा ।

direction—प्रेरणा, दिशा; दिक् ।

disc—(Gk. *diskos*, disc) बिम्ब, डिस्क ।

disc florets—बिम्ब लघुपुष्पक; कम्पोजिटी पुष्पों का एक छोटा पृथक फूल जो बिम्ब (disc) पर लगा होता है ।

discal—(Gk. *discos*, disc) बिम्बाकार ।

discharge—(O. Fr. *des*, apart; L. *carricare*, to load) प्रस्राव; उत्सर्ग, विसर्जन ।

disciflorous—(Gk. *diskos*, disc; L. *flas*, flower) बिम्ब पुष्पी; बिम्ब पात्रक पुष्पी; ऐसे फूलों वाला जिसमें पात्र (receptacle) बड़ा तथा बिम्बाकार होता है ।

disclimax—(Gk. *dis*, double; *klimax*, ladder) विक्षोभ-चरम; सवर्धन कृषि ।

discoblastic—(Gk. *discos*, disc; *blastos*, bud) बिम्ब विभाजी; ये अंश विभाजी डिम्ब (meroblastic

eggs) जिनमें विभाजन क्षेत्र (area of segmentation) बिम्बाकार (disc shaped) होता है।

discoblastula—(Gk. *discos*, disc; *blastos*, bud) बिम्ब ब्लास्टुला; बिम्बकोरक; बिम्ब एक स्तर। एक स्तर या ब्लास्टुला (blastula) भ्रूण जो बिम्ब विभाजी (discoblastic) डिम्ब से बनता है।

discocarp—(Gk. *diskos*, disc; *karpos*, fruit) अपचपक (apothecium); कैलैक्स के नीचे पुष्पासन; का विस्तार।

discoctasters—(Gk. *diskos*, disc; *okto*, eight *aster*, star) अष्ट बिम्ब तारिका; अष्टभुजा बिम्बी (स्पीक्यूल)।

discodactylous—(Gk. *discos*, disc; *daktylos*, finger) चूषकांगुली। अंगुलियों के सिरे पर चूषक (sucker) रखने वाला।

discohexactine—(Gk. *diskos*, disc; *hex*, six; *aktis*, ray) षट समभुजी (स्पीक्यूल)। षडरिक (षट–अरिक।

discohexaster—(Gk. *diskos*, disc; *hex*, six; *aster*, star) षड्बिम्बतारिका।

discoid—(Gk. *diskos*, disc; *eidos*, form) बिम्बोपम; चपटा और गोल।

discoidal—(Gk. *diskos*, disc; *eidos*, form) बिम्बोपम आँवल (placenta); चक्रिकाभअपरा।

discontinuity—(O F. *discontinuer*; from L. *dis-asunder*; *continuare*, to continue) असांतत्य; विच्छिन्नता।

discontinuous variation (mutation)—विच्छिन्न भिन्नता; असंतत परिवर्तन; असंतता विविधता।

disconula—(Gk. *diskos*, disc) अष्ट किरणी। किन्ही सीलोमांत्रीओ (coelenterate) के अर्भक वर्धन में आठ किरणी स्थिति।

discoplacenta—(Gk. *discos*, disc; L. *placenta*, placenta) बिम्ब कमल; बिम्बाकार नाल; कमल या अपरा (placenta) जिसमें ग्रह्मांकुर गोल टिकिया सदृश (cake like) बिम्ब पर फैले होते हैं।

discorhabd—(Gk. *diskos*, disc; *rhabdos*, rod) कूट चक्री स्पीक्यूल।

discus proligerus—संतति बिम्ब; संतति उत्पन्न करने वाला कोशिका पुंजों (mass of cells) से बना बिम्ब।

disease—(O. F. *desaise-des*, L. *dis*, aise or ease) व्याधि, बीमारी; रोग।

disease germs—रोगाणु।

disintegration—विध्वंस; विघटन।

disjunct—(L. *disjunctus*, seperated) आकुंचन, विभक्त। आकुंचनों (constrictions) द्वारा देहिक प्रदेशों (body regions) में बँटा हुआ।

disjunction—(L. *disjunctus*, seperated) विचलन; अन्तस्थिति (anaphase) में युग्मित (paired) क्रोमोसोम का पृथक्करण।

disjunctive symbiosis—वियोजनीय सहजीवन; सह जीवन (symbiosis) की एक दशा जो परस्पर लाभदायी होती है। यद्यपि संगीयों में कोई सीधा संसर्ग (योजन) नहीं होता है।

disk see disc—

disoperation—(L *dis*, asunder; *opus*, work) अपकरण।

(१) अंगीयों का परोक्ष रीति से एक दूसरे के प्रति हानिकारक प्रभाव।

(२) ऐसे सहकार्य जो व्यक्ति या समूह के लिये अलाभकारी सिद्ध होते है।

dispermous—(Gk. *dis*, twice; *spema*, seed) द्विबीजी।

dispermy—(Gk. *dis*, twice; *sperma*, seed) द्विशुक्रता; द्विशुक्राणुता। दो वीर्याणुओं या शुक्राणुओं (spermatozoa) का डिम्ब (ovum) में प्रवेश।

dispersal—(L. *dispergere*, to disperse) प्रकीर्णन; परिक्षेपण; विकिरण; फैलाना; बिखरना; प्रसार। जीवों का पृथ्वी तल पर प्रसार या विकिरण।

dispersed—(L. *dispergere*, to dispere) विकीर्ण; प्रकीर्ण; परिक्षेपित।

dispersing (nerve fibres)—विकीर्णक (तंत्रिका सूत्र)।

dispireme—(Gk. *dis*, twice; *speirama*, skein) द्विगुल्वा; विषम कोशिका विभाजन (karyokinesis) की वह स्थिति (stage) जिसमें प्रत्येक नव-जनित केन्द्रक (daughter nucleus) से एक सूत्र लच्छी या गुल्वा (spireme) बन जाती है।

displacement—(O. F. *desplacier*, to displace) स्थान भ्रंश; स्थान च्युति; अपगमन।

disporocystid—(Gk. *dis*, twice; *sporos*, seed; *kystis*, bladder) द्वबीजाणु स्योति; स्पोरोजोआ (sporozoa) की ऐसी डिम्ब स्योति जिसमें दो स्पोर स्योति (sporocyst) होती हैं।

disporous—(Gk. *dis*, twice; *sporos*, seed) द्विस्पोरी।

dissected—(L. *dissecare*, to cut open) विच्छिन्न; विच्छेदित।

dissection—(L. *dissecare*, to cut open) विच्छेद; विच्छेदन।

dissepiment—(L. *dissaepire*, to separate) प्रपट; संविभाग पट; संयुक्त डिम्बाशयों में पाये जाने वाले पट (partition)।

dissilient—(L. *dissilire*, to burst asunder) सम्पुट स्फुटन; विभिन्न पौधों के सम्पुटों (कैपस्यूलों) का शब्द भंग स्फोटन।

dissimilation—(L. *dissimilis*, unlike) अपचय; ह्रास प्रतिक्रिया। (देखिये katabolism.)

dissogeny—(Gk. *dissos*, double; *genos*, descent) द्विपरिपक्वता। एक ही व्यक्ति में दो परिपक्व कालों, एक अर्भक (larva) तथा दूसरी प्रौढ़ (adult) में होने की दशा।

distad—(L. *distare*, to stand apart) दूराभिमुख।

distal end—(L. *distare*, to stand apart) दूरस्थ छोर।

distalia—(L. *distare*, to stand apart) डिस्टेलिया; कार्पल (कलाई) या टार्सल (टखना) की हड्डियों की तृतीय पंक्ति।

distance receptor—दूरग्राही (वेदना)।

distichalia—(Gk. *distichos*, with two rows) गौणभुजी।

entozoic—(Gk. *entos*, within; *zoon*, animal) अन्तर्जीवी; अन्तर्जीवी सम्बन्धी; किसी अन्य जन्तु या पौधे के शरीर के अन्दर रहने वाला ।

entrochite—(Gk. *en*, in; *trochos*, wheel) एन्ट्रोकाइट; स्तम्भी (stalked) क्रिनाइड (crinoid) के जीवाश्म तने की एक सन्धि ।

enucleate—(L. *e*, out of; *nucleus*, kernel) (१) न्यूक्लियस हीन (२) न्यूक्लियस हीन करना ।

envelope—(F. *envelope*, covering) आवरण; एनवेलप; परिवेष्टन; वाह्यावरण ।

environment—(F. *environ*, about) वातावरण; परिस्थिति; किसी जीव पर प्रभाव डालने वाली चारों ओर की परिस्थितियाँ ।

enzootic—(GK. *en*, in; *zoon*, animnl) जन्तुपीड़क; जन्तुओं पर आक्रमण करने वाला रोग आदि ।

enzyme—(Gk. *en*, in; *zyme*, leaven) एन्जाइम; क्षोभक । वह पदार्थ या रसायन जो अन्य पदार्थों या रसायनों को उत्तेजित करता है। ऐसे रासायनिक पदार्थ जो केवल जीवित प्राणियों द्वारा ही बनते हैं (ऐसा अब तक था पर अभी हाल में कृत्रिम एन्जाइम-रीबोन्यूक्लियक अम्ल का निर्माण हो गया है)। इनकी उपस्थिति के कारण विशिष्ठ रासायनिक पदार्थ एक रूप से दूसरे रूप में परिणित हो जाते हैं और क्षोभक में स्वयं कुछ भी क्षति या भेद नहीं होता । एन्जाइम जिस विशिष्ट पदार्थ की अपक्रांतिकता (reactivity) को तीव्र करते हैं उसे क्रियाधार या कार्यद्रव (सबस्ट्रेट) कहा जाता है। जीवित में उपापचय प्रक्रियायें पूर्ण रूप से एन्जाइम पर निर्भर होती हैं। एन्जाइम मिलकर क्रियाधार को सक्रिय करता है और जैसे ही क्रियाधार आगे रासायनिक परिवर्तन करने लगता है, एन्जाइम इससे पृथक हो जाता है। इस प्रक्रिया के कारण एन्जाइम खर्च नहीं होता है और यह एन्जाइम पुनः और क्रियाधार के साथ रासायनिक क्रिया कराने हेतु प्राप्त हो जाता है। यह क्रिया बहुत कम समय में होती है, इस कारण एन्जाइम की बहुत कम मात्रा क्रियाधार की बहुत बड़ी मात्रा को सक्रिय करने की क्षमता लिये होती है। यह मापा गया है कि कैटालेस (catalose) का एक परमाणु (molecule) हाइड्रोजन परआक्साइड के ४०,००० परमाणु का विघटन प्रति सैकन्ड हिमीकरण (freezing) बिन्दु पर कर सकता है।

अधिकांश एन्जाइम केवल एक प्रकार के क्रियाधार रसायन को सक्रिय कर सकते हैं अतः उपापचय की विभिन्न प्रक्रियाओं हेतु बड़ी संख्या में संगतिकारक एन्जाइम होते हैं। प्रत्येक एन्जाइम को इष्टतम (optimum) निष्पादन (perfomance) हेतु कुछ निश्चित प्रतिबन्धों की आवश्यकता होती है ।

एन्जाइम अस्थाई रसायन होते हैं और सरलता से कई रसायनों से, उच्चतम क्रियाहीन या नष्ट हो जाते

हैं। यह जीवित कोशिकाओं में ही उत्पन्न होते हैं और उनके अन्दर या बाहर कार्य करते हैं। कोशिकाओं की उपापचय प्रक्रियाओं में, तथा पाचन आदि में तंत्र के रूप में कार्य करते हैं। क्योंकि एक प्रक्रिया का उत्पाद, दूसरे के लिए क्रियाधार बनता है।

कोशिका के अन्दर किसी एन्जाइम की प्रभावी मात्रा दो प्रकार से नियंत्रित होती है।

(१) जीव की सक्रियता के नियंत्रण होने से—नवीन एन्जाइम के परमाणु संश्लेषित या अवरुद्ध होते हैं।

(२) किसी उत्पाद (product) के आ जाने से—यह उत्पाद या तो स्वय एन्जाइम के परमाणु हों अथवा किसी अन्य के जो श्रृंखला में होते हैं।

एन्जाइम का नाम अंग्रेजी में क्रियाधार के स्वभाव को दर्शाने वाले शब्द के साथ अंत में-ase प्रत्यय लगा देने से बनता है। जैसे एमाईलेस (amylase), डिहाइड्रोजिनेस (dehydrogenase) आदि या फिर उनकी विशेषता दर्शाते हुए जैसे—

प्रोटीन अ घटक (प्रोटीनलयी) एन्जाइम (proteolytic enzyme), समएन्जाइम (isoenzyme), सहेतुक एन्जाइम (adaptive enzyme)।

eocene—(Gk. *eos*, dawn; *kainos*, recent) इओसीन; आदि नूतन; नवोदय। एक युग (epoch) का नाम।

eogaea—(Gk. *eos*, dawn; *gaia*, land) पुराभूमि। पृथ्वी का एक जन्तु भौगोलिक विभाग (zoogeographical division) जिसमें अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका, आस्ट्रेलिया तथा एशिया सम्मिलित है।

eosinophil—(Gk. *eos*, dawn; *philein*, to love) इओसिनोफिल; ईओसिन प्रेमी; ऐसी कोशिकायें जो ईओसिन रंग से लाल हो जाते हैं।

eozoic (period)—(Gk. *eos*, dawn; *zoe*, life) जीवोदय काल।

[देखिये archaean और precambrian]

epacme—(Gk. *epi*, upon; *akme*, point) परमोन (परम + ऊन) विकास; किसी जन्तु समूह के विकास में वह स्थिति (stage) जो विकास की पराकाष्ठा (highest point) से जरा पहिले रहती है

epalpate—(L. *ex*, without; *palpus*, palp) अमर्शकी; मर्शकहीन; बिना मर्शक (palp) वाला।

epanthous—(Gk. *epi*, upon; *anthos*, flower) पुष्पवासी।

epapillate—(L. *ex*, without; *papila*, nipple) अकूटकी; कूट हीन; बिना कूट (papilla) का।

epapophysis—(Gk. *epi*, upon; *apophysis*, offshoot) मध्य प्रवर्द्धन; कशेरु (vertebra) में सुषुम्ना तोरण (neural arch) पर बीचों-बीच लगा हुआ प्रवर्द्धन (process)।

eparterial—(Gk. *epi*, upon; L *arteria*, artery) धमनोपरि।

epaulettes—(F. *epaule*, shoulder) अंसिका (१) अनेक मेड्यूसाकायों (scypozoa) में मुख भुजाओं (oral arms) की बाहरी तट से निकले हुए शाखा युक्त (branched) या ग्रन्थिल (knobbed) प्रवर्धन (processes)। (२) शल्यीप्लूटियस (echinopluteus) में तन्त्रों (cilia) से बनी अर्ध-चन्द्राकार (crescentric) मेड़ (ridge)।

epaxial—(Gk. *epi*, upon; L. *axis*, axle) अक्षापरिस्थ। अक्ष रेखा (axis) से ऊपर स्थिति।

epedaphic—(Gk. *epi*, upon; *edaphos*, soil) आबोहवानुसार; आबोहवा पर निर्भर।

epencephalon—(Gk. *epi*, upon; *engkephalos*, brain) उर्ध्वपश्चात मस्तिष्क; सेरेबिलम।

ependyma—(Gk. *ependyma*, outer garment) बहिअस्तर; मस्तिष्क और सुषुम्ना कोटरों (cavities) का कोशिकाओं से निर्मित अस्तर।

ependymal—(Gk. *epeondyma*, outer garment) बहिअस्तर सम्बन्धी।

epharmosis—(Gk. *epi*, towards; *harmos*, fitting) अनुकूलन प्रक्रिया।

ephebic—(Gk. *epi*, upon; habem; puberty) प्रौढ़।

ephemeral—(Gk. *ephemeros*, daily) अल्पकालिक; अल्पायु; अल्प जीवित ।

ephippial—(Gk. *ephippion*, saddle cloth) पर्याणिका सम्बन्धी; शीलकालीन अण्डे जैसे रोटीफर्स (rotifers) और डेफनिड्स (daphnids) के।

ephippium—(Gk. *epi*, upon; *hippos*, horse) पर्याणिका; काठी या पर्याण (saddle) जैसा ।

ephyra—(Gk. *ephyra*, nymph's name) एफिरा; कुछ मेड्यूसाकाओं (scyphozoa) की एक स्वतन्त्र प्लावी (free-swimming) स्थिति जो पुटिका (scyphistoma) के शृंखलीकरण (strobilation) से बनती है ।

epiaxial—(Gk. *epi*, upon; L. *axis*, axis) अक्षोर्ध्व ।

epibasal—(Gk. *epi*, upon; L. *basis*, base) मूलोपरीय; मूल (base) के ऊपर स्थित ।

epibenthos—(Gk. *epi*, upon; *benthos*, depths) एपीबेनथोस; शतोपरिफंदमी; वे जन्तु और वनस्पति समुदाय (fauna and flora) जो ज्वार-भाटा के निम्न समतल (low water mark) और १०० फंदम (fathom) की गहराई के बीच पाये जाते हैं ।

epibiotic—(Gk. *epi*, upon; *bios*, life) जीवोपरिवासी; अतिजीवी; अधिजीववासी ।

epiblast—(Gk. *epi*; upon; *blastos*, bud) अधिकोरक; बाह्य स्तर; द्विस्तर भ्रूण (gastrula) का बाहरी स्तर (layer) ।

epiblema—(Gk *epiblemma*, cover) मूलबाह्य स्तर; मूल वहिःस्थ स्तर; मूलोपरि; मूल (जड़) ऊतक का सबसे बाहरी स्तर ।

epibole, epiboly—(Gk. *epi*, upon; *bole*, throw) इपीबोल; इपीबोली; वहिवलन; भ्रौणिक स्थितियों (embryonic stages) में इस प्रकार वढ़ना कि वह किसी अन्य भाग के ऊपर चढ़ता चला जाये ।

epibolic—(Gk. *epibole*, putting on) परिवलन ।

epibranchial—(Gk. *epi*, upon; *brangchia*, gills) अधिगिल; उर्ध्वगिलक ।

epicalyx—(Gk. *epi*, upon; *kalyx*, cup) बाह्यदलोपरि; एपिकैलिक्स; अतिरिक्त बाह्यदल रचना ।

१—अनुपर्ण (stipules) युग्मों में जुड़े हुए जिससे अतिरिक्त कैलिक्स (extra calyx) रचना बन जाती है ।

२—कैलिक्स के ठीक नीचे सहपत्रों (bracts) और लघु सहपत्रों (bracteoles) के एकत्रित होने से बनी रचना ।

epicanthus—(Gk. *epi*, upon; *kanthos*, corner) उपाक्षच्छद । ऊपरी पलक (upper eyelid) का आँख के भीतर कोण (inner angle) पर बढ़ा हुआ होना ।

epicardium—(Gk. *epi*, upon; *kardia*, heart) हृद्बहिछ्छद ।

epicarp—(Gk. *epi*, upon; *karpos*, fruit) एपीकार्प; परिफलभित्ति; बाह्यफलभित्ति बहिस्तर; बाह्यफल भित्ति का बाहरी स्तर ।

[देखिये— exocarp—बाह्यफलभित्ति]

epicentral—(Gk. *epi*, upon; *kentron*, centre) केन्द्रकोपरीय; केन्द्रकोपरी; अधिकेन्द्र । कशेरु (vertebra) के केंद्रक (centra) से लगा या उठा हुआ ।

epicerebral—(Gk. *epi* upon; L. *ceredrum*, brain) मस्तिष्कोपरीय ।

epichilium—(Gk. *epi*, upon; *cheilos*, lip) परिपंखुडीदल; ऑरकिड (orchid) के निम्न पंखुडी (lower petal) की अन्तस्थ पत्ती (दल) ।

epicole—(Gk. *epi*, upon; *coel*, cavity) उपरिवासी ।

epichordal—(Gk. *epi*, upon; *chorde*, cord) पृष्ठ दण्डोपरीय । पृष्ठ दण्ड या नोटोकोर्ड (notochord) के ऊपर स्थित ।

epicoel—(Gk. *epi*, upon; *coel*, cavity) उर्ध्वपश्चादगुहा; अनुमस्तिष्क गुहा; उर्ध्वपश्चात मस्तिष्क गुहा; (१) उर्ध्वपश्चात मस्तिष्क (epencephalon) या सैरेबिलम (cerebellum) की गुहा (२) अन्तर्वलन गह्वर; वह

गह्वर (सीलोम–coelom) जो अन्तर्वलन (invagination) से बने।

epicondylar—(Gk. *epi*, upon; *kondylos*, knob) अर्बुद शोफीय; अर्बुद शोफ (epicondyle) सम्बन्धी।

epicondyle—(Gk. *epi*, upon; *kondylos*, knob) अर्बुद शोफ; अधिअस्थि कंद। प्रगण्डास्थि (humerus) और जंघास्थि (femur) के दूरस्थ अन्त (distal end) पर स्थित एक शोफ (protruberance)।

epicone—(Gk. *epi*, upon; *konos*, cone) अधिशंकु; मेखलाग्र। मेखला कशीयों या डाइनोफिलैजिल्टेस (dinoflagellates) में मेख (girdle) से आगे का भाग।

epicoracoid—(Gk *epi*, upon; *korax*, crow) उपांसक; अधिअंस तुण्ड। एम्फीबिया या द्विधाजीवी (amphibians), सर्पशीलों (reptiles) और पुरास्तनीयों (monotremes) में पाई जाने वाली अंसक (coracoid) के वक्ष (sternum) की ओर वाले छोर पर स्थित एक हड्डी या उपास्थि।

epicormic—(Gk. *epi*, upon; *kormos*, trunk) सुप्तकलिकाजात; सुप्तकोरक प्रभव; सुप्त कोरक से उत्पन्न होने वाला।

epicotyl—(Gk. *epi*, upon; *kotyle*, vase) एपीकोटाइल; बीजपत्रोपरिक; प्रांकुर (plumule) अक्ष।

epicoxa—(Gk. *epi*, upon; L. *coxa*, hip) अधिवक्षांग; अधिकोक्सा।

epicoxite—(Gk. *epi*, upon; L. *coxa*, hip) कक्षांगप्रवर्ध।

epicranial—(Gk. *epi*, upon; *kranion*, skull) उपकपालीय; अधिकपाली।

epicranium—(Gk. *epi*, upon; *kranion*, skull) उपकपाल; अधिकपाल। १—कीटों (insects) में आंखों के बीच और पीछे वाला भाग। २—कपाल के ऊपर स्थित बनावटें।

epicranius—(Gk. *epi*, upon; *kranion*, skull) एपीक्रेनियस (शिरोवल्क—scalp—पेशी)।

epicrine—(Gk. *epi*, upon; *krinein*, to separate) एपीक्राइन; कोशिकाहीन स्राव परित्यक्तता; ऐसी ग्रन्थियां जो स्राव को बिना कोशिका विघटन के निकालती हैं।

epicritic—(Gk. *epi*, upon; *krinein* to judge) त्वग्वेदनीय। यह शब्द त्वचा (skin) में स्पर्श आदि सम्बन्धी तंत्रिकामण्डल (nervous system) या उत्तेजनाओं (stimuli) के लिये प्रयुक्त होता है।

epicuticula—(Gk. *epi*, upon; L. *dim*, of *cutis*, skin) अधित्वक्; अधिक्यूटिकल।

epicyst—(Gk. *epi*, upon; *krinein*, to judge) बहिर्कोपिका; बाह्यस्योति कोपिकावृत (encysted); एक कोष्ठकों या प्रोटोजोआ (protozoa) में बाहरी प्रतिरोधी (resistant) सिस्ट या कोपिका (cyst)।

epicyte—(Gk. *epi*, upon; *kytos*, hollow) बहिःप्रद्रव्य बाह्य स्तर; बहिःप्रद्रव्य (एक्टोप्लाज्म) का बाहरी स्तर।

epidemes—(Gk. *epi*, upon; *demes*, body) पक्षसन्धिक। कुछ कीटों (insects) में पाई जाने वाली छोटी-छोटी रचनायें (structures) जो पंखों (wings) के जोड़ (articulation) से घनिष्ठ सम्बन्ध रखती हैं।

epidermis—(Gk. *epi*, upon; *derma*, skin) उपत्वक्; अधिचर्म; बहिश्चर्म; बहिश्छद; बाह्यत्वचा। त्वचा (skin) की ऊपर की तह।

epididymis—(Gk. *epi*, upon; *didymis*, testicle) उपांड; एपिडिडिमिस।

epidural—(Gk. *epi*, upon; L. *dura*, hard) दृढ़च्छदीय।

epigamic—(Gk. *epi*, upon; *gamos*, marriage) विपरीतलिङ्गाकर्षी का मद; प्रियानुरञ्जी। विपरीतलिङ्गी (opposite sex) को आकर्षित करने वाला जैसे आराधन (courtship) में चमकीले रंग आदि का प्रदर्शन।

epigaster—(Gk. *epi*, upon; *gaster*, belly) पश्चान्त्र। भ्रौणिक (embryonic) आंत्र (intestine) का वह भाग जो बाद में बृहदान्त्र (colon) बन जाता है।

epigastric—(Gk. *epi*, upon; *gaster*, belly) उर्ध्व-जठर।

epigastrium—(Gk. *epi*, upon; *gaster*, stomach) उर्ध्व जठर क्षेत्र; जठरोपरि; कीटों में मध्यवक्ष (mesothorax) और पश्चवक्ष (metathorax) के वक्षीय (sternal) भाग (portions)।

epigeal—(Gk. *epi*, upon; *gaia*, land) भूम्युपरिक; भूतलवासी; पृथ्वी के ऊपर रहने वाला।

epigenesis—(Gk. *epi*, upon; *genesis*, descent) पश्चजनन; नवजननवाद; वर्धन (development) के विषय में यह मत है कि भ्रूण (embryo) पूर्णतया नई निर्मित रचना (creation) होती है न कि यह मत कि भ्रूण में पूर्व रचित (preformed) बनावटें होती हैं जो केवल खुलती चली जाती हैं।

epigenotype—(Gk. *epi*, upon; *genos*, descent; *typos*, image) परिसमजीवी; अनुवंश व्यवस्था (सम-जीवी—genotype) और व्यक्तादर्श (phenotype) प्रक्रियायों की शृंखला का निरन्तरन (concatenation)।

epigenous—(Gk. *epi*, upon; *genos*, descent) तलोपरि; तल पर उगने वाला या वृद्धि पाने वाला।

epiglottis—(Gk. *epi*, upon; *glotta*, tongue) एपीग्लॉटिस; घांटीढक्कन; उपकण्ठ; कण्ठाच्छादन; कण्ठोपरिपत्रक।

epignathous—(Gk. *epi*, upon; *gnathos*, jaw) लम्बोर्ध्वहनु; ऐसे जन्तु जिनका ऊपर का जबड़ा नीचे के जबड़े से ज्यादा लम्बा हो।

epigonial—(Gk. *epi*, upon; *gonos*, offspring) जननोपृष्ठपरि; जनन उत्संगोपरि; जनन उत्संग का निष्फल पश्च भाग।

epigonium—(Gk. *epi*, upon; *gone*, seed) वर्हिर्गोनियम; लिवरवर्तस (liverworts) का तरुण स्पोर कोष (sporangial sac)।

epigynal—(Gk. *epi*. upon; *gyne*, woman) वाह्यमादा जननांगी।

epigynous—(Gk. *epi*, upon; *gyne*, woman) जायांगोपरिक; डिम्बाशय संहत; विभिन्न चक्र डिम्बाशय (ovary) पर ही संहत या रोपित।

epigynum—(Gk. *epi*, upon; *gyne*, woman) वाह्यामादाजननांग; एरेकनिडा (aracnida) आदि में।

epigyny—(Gk. *epi*, upon; *gyne*, woman) जायांगोपरिकता; डिम्बाशय संहता।

epihyal—(Gk. *epi*, upon; *hyoides*, Y—shaped) एपिहायल; उर्ध्व हायक।

epilabrum—(Gk. *epi*, upon; L. *labrum*, lip) प्रोष्ठपार्श्वक; आयुतपादों (मिरियापोड़ा—myriapoda) में पाया जाने वाला अग्रोष्ठ (labrum) के पार्श्वीय भाग (side) पर एक प्रवर्धन (process)।

epilemmal—(Gk. *epi*, upon; *lemma*, skin) मासाँच्छदी; माँसाच्छद (sarcolemma) के तल पर पाई जाने वाली संवेदनीय तंत्रिका अन्त्य (nerve endings) आदि।

epilithic—(Gk. *epi*, upon; *lithos*, stone) पाषाणोपरि—।

epilobus—(Gk. *epi*, upon; *lrpes*, lobe) उर्ध्वदली।

epimandibular—(Gk. *epi*, upon; L. *mandibulum*, jaw) एपीमेन्डीबूलर; नीचे के जबड़े की एक हड्डी।

epimeral—(Gk. *epi*, upon; *meros*, part) पश्च पार्श्व पट्टिका सम्बन्धी।

epimere—(Gk. *epi*, upon; *meros*, part) उर्ध्वखंड।

epimerite—(Gk. *epi*, upon; *meros*, part) अध्यंशक; एपीमेराइट; अधिखण्ड; किन्हीं गिरिगेरीनिना (gregarinina) में प्रोटोमेराइट (protomerite) का पाती (deciduous) भाग।

epimeron—(Gk. *epi*, upon; *meros*, part) एपीमिरान; पश्च.पार्श्व पट्टिका; सन्धिपादों (arthropoda) में पार्श्वपटल (pleuron)।

epimorpha—(Gk. *epi*, upon; *morphe*, form) पूर्णावयवी; वे लारवा या अभ्रक (larvae) जिनमें प्रोद्भव

(hatching) समय से ही पूर्व सब अवयव (appendages) विद्यमान रहते हैं।

epimorphosis—(Gk. *epi*, upon; *morphosis*, shaping) क्रमोत्पत्ति; पुनरुत्पत्ति (regeneration) का वह प्रकार जिसमें नए भाग (new part) के बनने से पहले नया तत्व (material) सतत वृद्धि (proliferation) द्वारा बढ़ता है।

epimysium—(Gk. *epi*, upon; *mys*, muscle) पेशी पिधान; सम्पूर्ण पेशी को ढ़के रहने वाला सान्तराल ऊतक (aereolar tissue) का बना हुआ पिधान (sheath)।

epinasty—(Gk. *epi*, upon; *nastos*, close-pressed) अधोकुंचन; एपीनेसटी। पृष्ठ-अधर (dorso—-ventral) अंग के ऊपरी तल की अधिक वृद्धि जिसके कारण नीचे की ओर झुकन या टेढ़ापन आ जाता है।

epinephric—(Gk. *epi*, upon; *nephros*, kidney) उपवृक्क रस—-एड्रीनेलिन (adrenalin) आदि।

epinephrine—(Gk. *epi*, upon; *nephros*, kidney) एपीनेफरिन या एपीनेफरिन या एड्रोनेलिन या एड्रीनिन उपवृक्क रस।

epinephros—(Gk. *epi*, upon; *nephros*, kidney) उपवृक्क।

epineural—(Gk. *epi*, upon; *neuron*, nerve) अधितंत्रिक; (१) सुषुम्ना तोरण (neural arch) से से उद्भित होने वाली (तंत्रिका आदि)। (२) कीटों में भ्रूण और योक (डिम्बान्न) के मध्य कुल्या (साइनस), जिससे देह गुहा का निर्माण आरम्भ होता है। (३) इकाईनोडर्मेटा में अरीय तंत्रिका (radial nerve) के बाहर की नाल (canal)।

epineurium—(Gk. *epi*, upon; *neuron*, nerve) रज्जु वेष्टन; तंत्रिकावरण; तंत्रिका रज्जुका बाह्यावरण।

epinotum—(Gk. *epi*, upon; *notom*, back) एपीनोटम; पूर्वश्रोणिका; उपपृष्ठिका।

epiopticon—(Gk. *epi*, upon; *opsis*, sight) एपीओपटीकॉन; कीटों में दृष्टि पालियों (optic lobes) के के मध्य का मण्डल (zone)।

epiotic—(Gk. *eip*, upon; *ous*, the ear) अधिकर्णिक; एपीओटिक; उपरिकर्णक; उपरिकर्णास्थि-अस्थि विशेष।

epiparasite—(Gk. *epi*, upon; *para*, beside; *sitos*, food) बाह्य परजीवी; बहिप्परजीवी।

epipatalous—(Gk. *epi*, upon; *petalon*, petal) दललग्न (पुंकेसर)।

epipharyngeal—(Gk. *epi*, upon; *pharynx*, throat) कण्ठ पृष्ठीय। कण्ठ (pharynx) के ऊपरी या पृष्ठ तल से सम्बन्ध रखने वाला।

epipharynx—(Gk. *epi*, upon; *pharynx*, throat) अधिग्रसनी; उपकण्ठक; कीटों (insects) के मुख विवर (mouth cavity) में पाई जाने वाली रचना विशेष।

epiphragm—(Gk. *epi*, upon; *phragma*, covering) उप-पट।

epiphyle—(Gk. *epi*, upon; *phyllon*, leaf) अधिपर्ण; पर्णपादप; ऐसा पौधा (पादप) जो पत्तियों पर उगते हैं जैसे कुछ लाइकिन्स (lichens)।

epiphyllous—(Gk. *epi*, upon; *phyllon*, leaf) परिदल लग्न; अधिपर्णी।

epiphysial—(Gk. *epi*, upon; *phycin*, to gi- v) अग्र-तरुणास्थिकी।

epiphysis—(Gk. *epi*, upon; *phycin*, to grow) अधिप्रवर्ध; एपीफाइसिस।

(१) वर्धित अस्थि का पृथक से अस्थि गठित (ossified) छोर (end) जो सन्धि में भाग लेता है। स्तनी की अवयव अस्थियों (limb bones) और कशेरुक (vertebra) पर अधिप्रवर्ध (epiphysis) होता है। अधिप्रवर्ध का भाग-शेष अस्थि (अस्थि काण्ड—diaphysis) से उपास्थि पट्ट (cartilage plate) द्वारा पृथक रहता है। समस्त अस्थि की वृद्धि अस्थिकाण्ड (diaphysis) की ओर से नवीन अस्थि द्वारा उपास्थि पट्ट पर अतिक्रमण करने से और अधिप्रवर्ध की ओर से उपास्थि

निर्माण करने से होती है। जब वर्धन पूर्ण हो जाता है। दोनों अधिप्रवर्ध और अस्थि कांड आपस में संलयित हो जाते है।

(२) अधि प्रवर्ध (epiphysis) पिनियल काय (pineal body) के लिये पर्यायनाम (synonym) है।

epiphyte—(Gk. *epi*, upon; *phyton*, plant) एपिफाइट, अधिपादप। ऐसे पौधे जो अन्य किसी पौधे की सतह पर रहते हैं।

epiphytic—(Gk. *epi*, upon; *phyton*, plant) अधिपादपीय।

epiphytotic—(Gk. *epi*, upon; *phyton*, plant) पादप महामारी।

epiplankton—(Gk. *epi*, upon; *plangktos*, wandering) अधिप्लवक।

epiplasm—(Gk. *epi*, upon; *plasma*, mould) शिष्ट सत्व; अधिद्रव्य; गर्भ-मातृ कोशिका (brood mother cell) का साइटोप्लाज्म (cytoplasm) जो सन्तति निर्माण के बाद बचा रहे।

epiplast—(Gk. *epi*, upon; *plastos*, moulded) अधिलवक; ऐपीप्लास्ट।

epiplastron—(Gk. *epi*, upon; F. *plastron*, breast plate) एपिपलास्ट्रोन; अग्रवक्ष पट्ट।

epipleura—(Gk. *epi*, upon; *pleuron*, rib) अधिपार्श्वक; उपपुर्शक।

epiploic—(Gk. *epiploon*, coil of entrails) उदरास्तर भांज सम्बन्धी। (देखिये omentum)

epiploon—(Gk. *epiploon*, coil of entrails) (१) वृहत् उदरास्तर। (२) मेदोमय ऊतक (कीट आदि का)

epipodial—(Gk. *epi*, upon; *pous*, foot) अधिपादी; पादापारिक सम्बन्धी।

epipodium—(Gk. *epi*, upon; *pous*, foot) पादापरिक; (१) ग्रैस्ट्रोपोडा में पाद (foot) के छोर पर पाई जाने वाली भांज (fold); मेड़ (ridge) या दल (lobe), पर्णफलक या लैमिना।

epipodite—(Gk *epi*, upon; *pous*, foot) उपपादांश।

epiprecoracoid—(Gk. *epi*, upon; L. *prae*, before) उप अग्रांसक; कुछ कूर्मो (chelonia) के अंश वलय (pectoral girdle) में अग्रांसक (precoracid) के निचले सिरे (छोर) पर लगी हुई एक छोटी उपास्थि (cartilage)।

epiproct—(Gk. *epi*, upon; *proktos*, anus) गुदोर्ध्व पट्ट।

epipteric—Gk. *epi*, upon; *petron*, wing) एपिटेरिक; एक हड्डी का नाम; पक्षोपम; पाक्षिक; पक्षोपरिस्थि।

epipterygoid—(Gk. *epi*, upon; *pteryx*, wing) एपिटेरीगॉइड (कपाल की लघु अस्थि); अधित्र्यांगिक (अस्थि)।

epipubic—(Gk. *epi*, upon, L. *pubes*, adult) अधिजघनास्थि; उपनितम्बास्थिनी।

epipubis—(Gk. *epi*, upon; L. *pubes*, adult) उपनितम्बास्थि।

epirhizous—(Gk. *epi*, upon; *rhiza*, root) मूलोपरिक; मूल (जड़) पर लगा हुआ।

epirrhysa—(Gk. *epirrhein*, to flow into) आवाही या निक्षेपिक नाली (स्पंज में)।

episematic—(Gk. *epi*, upon; *sema*, sign) अधिबोधक; अभिज्ञापक; पहिचानने में सहायता देने वाला, जैसे रंग चिन्ह (markings) आदि।

episeme—(Gk. *epi*, upon; *sema*, sign) अधिचिन्ह।

episepalous—(Gk. *epi*, upon; F *sepole*, sepal) अधिवाह्यदली; वाह्यदलसंलग्नी।

episome—(Gk. *epi*, upon; *soma*, body) अधिकाय; एपीसोम; वे असंतत (discrete) आनुवंशिक (genetic) तत्व (elements) जो बैक्टीरिया कोशिकाओं में स्वायत्त दशा (autonomous condition) या समाकलित दशा (integrated condition) में

स्थापित हो जाते हैं। यह अधिकाय (episome) आनुवंशिक पुर्नसंयोजन (recombination) में भाग लेते हैं तथा उनके साथ ही स्थानान्तरित होते हैं। कुछ अधिकाय (episome) विषाणु (वाइरस) होते हैं और कुछ नहीं। पहिले यह संज्ञा केवल संयत विभोजी (temperate bacteriophages) को दी जाती थी पर कुछ विषाणु लक्षणों रहित अधिकाय ज्ञात हो जाने से, यह अन्य जैसे कोलन वेसी लाई (colon bacilli) में एफ (F) उर्वरक (fertility) या लिंग कारक (sexfactor) को भी दी जाती है।

episkeletal—(Gk. *epi*, upon; *skeletos*, hard) अंत: पंजर वहिस्थ; अंतः पंजर (endoskeleton) से बाहर स्थित।

episperm – (Gk. *epi*, upon; *sperma*, seed) उपरिचोल; बीज का बाहरी चोल (coat)।

episporangium—(Gk. *epi*, upon; *sporos*, seed) अधि बीजाणुधानी; सोरस छद (इन्डूशियम)।

epispore—(Gk. *epi*, upon; *sporos*, seed) एपिस्पोर; बीजाणु बाह्य चोल; स्पोर भित्ति का बाह्य स्तर।

epistatic—(Gk. *epistates*, master) प्रबल (जीन)।

episternalia—(Gk, *epi*, upon; *sternon*, breast bone) उपवक्षक। अक्षकों (clavicles) और वक्षक (sternum) के बीच में बहुधा उत्पन्न होने वाले, उपास्थि रूप में पहले निर्मित (preformed cartilage) और अन्त में वक्षक (sternum) से संलयित (fused) दो टूक (elements)।

episternite—(Gk. *epi*, upon; *sternon*, breast bone) स्थापक नालिका; एपीस्टर्नाइट। किसी खण्ड (somite) के पार्श्व भागों से निर्मित अण्ड स्थापक (ovipositor) का एक अंश (portion)।

episternum—(Gk. *epi*, upon; *sternon*, breast bone) अधिउरोस्थि। (१) मध्याक्षक (interclavicle) (२) उपवक्षक; वक्षक (sternum) का अगला उपास्थिमय टूक (३) पार्श्वाग्र पट्टिका; सन्धि पादों (arthropods) में पार्श्व पटल (pleuron) की अगली पट्टिका (sclerite)।

epistome—(Gk. *epi*, upon; *stoma*, mouth) मुखोपारिका; अधिमुखाग्र; मुख के आगे या ऊपर स्थित अंग (organ) या प्रदेश (region)।

epistrophe—(Gk. *epitrophe*, turning) अधिव्यावर्तक; अधिहरित लवक; हरितलवकों (chloroplasts) का प्रकाश के प्रभाव से बाह्य और अन्त: कोशिका भित्ति के सहारे स्थिति ले लेना।

epitropheus—(Gk. *epistrophcus* turning)= second cervical or axis vertebra-द्वितीय कशेरु।

epithalamus—(Gk. *epi* upon; *thalamos*, chamber) अधिचेतक; एपिथैलेमस—अन्तर्मस्तिष्क (डैलेमन सिफैलोन) का वह भाग जिसमें पिनियल काय और पश्च परियोजी (pooterior commissure) होते हैं।

epithalline—(Gk. *epi*, upon; thallos, branch) एपिथैलाइन; थैलस (thallus) पर उगने वाले। (थैलस—थैलोफाइटा का तने और पत्ती का मिला हुआ भाग)

epitheca—(Gk. *epi*, upon; *theke*; cup) बहिःपेटिका। (१) मूँगा जन्तुओं (corals) में पेटिका (theca) के निचले भाग को ढ़कने वाली बाहरी तह। (२) मेखला कपातंत्रियों (डाइनोफ्लैजीलेट्स) में मेखलाग्र (epicone) को ढ़के रहने वाली पेटिका।

epithecium—(Gk. *epi*, upon; *theke*, cup) अधिथीसियम; स्पोर कोष तल; लाइकिन्स (lichens) और फन्जाई में स्पोर कोष (spore case) तल।

epithelial—(Gk. *epi*, upon; *thele*, nipple) एपिथीलियम; अधिच्छदी; अधिच्छद सम्बन्धी।

epitheliomorph—(Gk. *epi*, upon; *thele*, nipple; *morphe*; form) पृष्ठदण्डिकाच्छद; अन्त स्थिति स्थापिका (elastic interna) जिसने पृष्ठदण्डिकाच्छद स्राव होता है।

epithelium—(Gk. *epi*, upon; *thele*, nipple) एपिथीलियम; उपकला; अधिच्छद; कोई कोशिका स्तर

(सेलूलर टिशू) जो स्वतंत्र तल (free surface) को घेरे हुए किसी नली या गुहों को बनाती हो।

epithem—(Gk. *epi*, upon; *tithenai*, to put) चञ्चुकिण; पक्षियों की चोंच पर स्थित कशोपम (wart-like) रचना (२) घिरांतिका।

epitokous—(Gk. *epi*, upon; *tokos*, birth) एपीटोक्स; अधिभिन्नज; किन्हीं पोलीकीट्स (polychaetes) की असामान्य नेरीज—हैटरोनेरीड (heteronereid) स्थिति।

epitrematic—(Gk. *epi*, upon; *trema*, pore) अधिरंध्रदण्ड; क्लोमकंडीदण्ड; लेम्प्रे (lamprey) के क्लोम कंडी (branchial basket) का उर्ध्व पार्श्व दण्ड।

epitrichial—(Gk. *epi*, upon; *thrix*, hair) रोमोपारिका।

epitrichium—(Gk. *epi*, upon; *thrix*, hair) कचोपारिका; अधिरोम सार। बहुत से स्तनी (mammals) में भ्रौणिक बहिश्चर्म (epidermis) का एक बाहरी आवरण जो प्रायः जन्मने से पूर्व गिर जाता है।

epitrochlea—(Gk. *epi*, upon; *trochos*, wheel) घ्रूर्णोपरिका। प्रगण्डास्थि या ह्यूमेरस के दूरस्थ सिरे (distal end) पर स्थित अन्दर की ओर वाला अस्थि कंद या अर्बुद (condyle)।

epitympanic—(Gk. *epi*, upon; L. *tympanum*, kettle drum) आनकोपरिक; कर्णानक (tympanum) के ऊपर स्थित।

epivalve—(Gk. *epi*, upon; L. *valva*, fold) मेखलाग्र; किन्हीं डाइनोफ्लैजिलेटा के ऊपरी खोल का शिखर भाग।

epixylous—(Gk. *epi*, upon; *xylon*, wood) काष्ठोपरिक; काष्ठोद्भिद।

epizoic—(Gk. *epi*, upon; *zoon*, animal) अधिजंतुक; जन्तु परिजीवी; किसी अन्य जन्तु के शरीर पर लगा हुआ।

epizoochore—(Gk. *epi*, upon; *zoon*, animal; *chora*, place) अधिजन्तु प्रकीर्ण।

epizoon—(Gk. *epi*, upon; *zoon*, animal) जन्तु-परिजीवी; वाह्य परिजीवी; दूसरे जन्तु के ऊपर रहने वाला।

epizootic—(Gk. *epi*, upon; *zoon*, animal) सर्व-जन्तुनिष्ठ; एपीजूटिक; अधिकांश जन्तुओं में पाई जाने वाली।

epizygal—(Gk. *epi*, upon; *zygon*, yoke) अधियोक; अधिअस्थिक।

epoch—(—Gk. *epi*, upon; *echein*, to hold) युग।

eponychium—(Gk. *epi*, upon; *onyx*, nail) नखोपरिक; नख चन्द्रिका (lunula of nail) के ऊपर चढ़ा हुआ पतला त्वागावरण (cuticle) का पर्त (fold)।

epoophoren—(Gk. *epi*, upon; *oon*, egg; *pherein*, to bear) अण्डोपरिधर।

(१) रोजन मुलर (rosen muller) का अंग।

(२) एपीडाइडिमिस (epididymis) के सम रूप (homologous) अर्धविकसित (rudimentary) अंग जो डिम्बाशय (ovary) और गर्भाशय नलिका (uterine tube) के मध्य भ्रूण की वुल्फियन काय (wolffian body) का अवशेष होता है।

equal—(L. *aequates*, equal) समान; बराबर; सम; तुल्य।

equatorial furrow—मध्यवर्ती; विष्वत्‌रेखीय लीक; विभाजित होते हुए डिम्ब (segmenting ovum) की विष्वत् रेखा (equator) पर बनने वाली लीक (furrow)।

equatorial plate—मध्यवर्ती पट्ट; विष्वत् पटल; विषम विभाजन (mitosis) में तरकुट (spinple) की विष्वत् रेखा (equator) पर स्थिति परम्परा सूत्रों (क्रोमोसोमों) का समुदाय।

equibiradiate—(L. *aequus*, equal; *bis*, twice; *radius*, ray) द्विसमकिरणी; दो बराबर किरणों वाला।

equicellular— (L. *aequus*, equal; *cellula*, cell) समकोशिकीय; समकोष्ठीय; समान कोशिकाओं का बना हुआ।

equilateral—(L. *aequus*, equal; *latus*, side) समबाहु; समपार्श्वीय।

equilenin—(L. *equus*, horse) इक्यूलेनिन; $C_{18}H_{18}O_2$; सगर्भा अश्वा (mare) के मूत्र में उपस्थिति मद-प्रोत्साहक (oestrogenic) हार्मोन।

equiline—(L. *equus*, horse) इक्यूलाइन, $C_{18}H_{20}O_2$; इक्यूलेनिन हार्मोन से अधिक सक्रिय हार्मोन।

equilibrium—(L. *aequus*, equal; *libra*, balance) साम्यावस्था; साम्य; संतुलन।

equine—(L. *equinus*—*equus*, a horse) आश्विक; अश्व सम्बन्धी; अश्व—।

equipotent—(L. *aequus*, equal; *poteus*, powerful) समबल; समबली; सम शक्तिक।

equitant—(L. *equitare*, to side) प्रत्यारूढ़ी; जैसे पर्ण कोरक (leaf-bud) में पर्ण-एक दूसरे पर चढ़ी हुई।

equivalent—(L. *aequus*, equal; *valens*, to be worth) तुल्य; तुल्यमान; समान।

equivalve—(L. *aequus*, equal; *valva*, valve) सम कपाट; समवाल्व; समकपाटी।

era—(L. *aera*, a number) महाकल्प; संवत्।

erect—(L. *erigere*, to raise up) ऊर्ध्वशीर्षी; उत्थित; खड़ा।

erectile—(L. *erigere*, to raise up) उत्थानशील; दृष्य; उत्थेय।

erectile tissue—दृष्य ऊतक; ऐसा ऊतक या टिशू जो रक्त वाहिनियों (blood vessels) के भर जाने या फूल जाने से सख्त हो जायें।

erection—(L. *erigere*, to raise up) उत्थान ऊतकों (tissues) में रक्त भर जाने के कारण फूलकर सख्त हो जाना।

erector—(L. *erigere*, to raise up) उत्थापक; वह पेशी जो किसी अंग या भाग को उठाये।

ereidesm—(Gk. *ereidein*, to support; *desma*, bond) ऐरीडेस्म; अधिच्छद अन्तंकोशिकीय (intracellular) सूत्र।

eremobic—(Gk. *eremos*, solitude; *bios*, life) एकाकी; एकान्तवी।

eremochaetus—(Gk. *eremos*, lonely; *chaeta*, bristle) अक्रम कचीय; किसी क्रम से न लगे हुए कच मण्डल या तंत्र (system of bristles) वाला।

eremophyte—(Gk. *eremos*, solitude; *phyton*, plant) एकाकीपौधा; एकान्तरी पौधा; रेगिस्तानी पौधा; मरुस्थलोद्भिद्।

erepsin—(L. *eripere*, to set free) इरेप्सिन; आंत्र-रस (intestinal juice) का एक शोमक (enzyme) विशेष।

ergaloid—(Gk. *ergon*, work; *eidos*, form) अरगेलोइड; कर्मीप्रौढ़; मैथुनयोग्य प्रौढ़ी; यद्यपि पंख-हीन फिर भी मैथुन योग्य प्रौढ़ युक्त।

ergastric—(Gk. *ergazesthai*, to work) अजैव कोशिकी, अजीवित कण। (देखिये—metaplasm)

ergastoplasm—(Gk. *ergazesthai*, to work; *plasma*, mould) अरगैस्ट्रोप्लाज्म; आजीवित सत्व।

ergastoplasmic—(Gk. *ergazesthai*, to work; *plasma*, mould) अजीवित सत्वज; ग्रन्थिसूत्रिकाओं की कोशिकायें जो सात्विक कणों की उत्पत्ति को प्रोत्साहित करती हैं।

ergatandromorph—(Gk. *ergates*, worker; *aner*, male; *morphe*, form) उद्योगीनर; ऐसी चींटी (ant) या अन्य सामाजिक कीट (social insect) जिनमें (worker) और नर (male) दोनों की विशेषतायें मिली हों।

ergatandrous—(Gk. *ergates*, worker; *aner*, male) नर समान उद्योगी ।

ergataner—(Gk. *ergates*, worker; *aner*, male) उद्योगी नर ।

ergate—(Gk. *ergates*, worker) उद्योगी चींटी या पिपीलिका (ant) ।

ergatogyne—(Gk. *ergates*, worker; *gyne*, female) उद्योगी नारी; उद्योगी (worker) से सादृश्य रखने वाली मादा चींटी या पिपीलिका (ant) ।

ergatogynous—(Gk. *ergates*, worker; *gyne*, woman) उद्योगी नारीय; उद्योगी (worker) से सादृश्य रखने वाली मादा चींटी या पिपीलिका (ant) युक्त ।

ergatoid—(Gk. *ergates*, worker; *eidos*, form) अर्गट सदृश; उद्योगी सदृश ।

ergines—(Gk *ergon*, work) क्रिया प्रेरक; क्रियाशीलज । ऐसे जैविक रसायन जैसे एन्जाइम्स, हार्मोन्स तथा विटामिन्स जिनकी अल्प मात्रा भी क्रिया शीलता ला देती है ।

ergonomy—(Gk. *ergon*, work; *nomos*, law) कार्य विभिन्नता; कार्य के विभिन्नता आकार विशिष्टता से जुड़ी होती है ।

ergosterol—अरगोस्ट्रीयोल; $C_{28}H_{44}O$; यह प्रकाश के प्रभाव से 'डी$_2$' का निर्माण करता है ।

ergot--(O. F. *argot*, spur) अर्गॉट ।

१—अश्व संघ में वक्ष्य पर पाया जाने वाला एक छोटा नग्न धब्बा ।

२—घास की जिम्वाशय की दशा जो फंगस (fungus) के द्वारा हो जाती है ।

३—राई कण्ड (rye smut) ।

४—एक अल्केलाइड (alkaloid) जो गर्भाशय पेशियों को उत्तेजित कर क्रियाशील करता है ।

erichthoidina—(Gk. *erechthein*, to break; *eidos*, form) इरिकथोइडीना, स्टोमेटोपोडा (stomatopoda) की लारवा स्थिति जिसकी तुलना जुइया (zooea) से की जाती है ।

erichthus—(Gk. *erechthein*, to break) इरिक्थस; स्टोमेटोपोडा (stomatopoda) की लारवा स्थिति जिसकी तुलना छम्य या कूट जुइया (pseudozooea) से की जाती है ।

eriocomus—(Gk. *erion*, wool; *kome*, hair) लोमश; और्ण-रोमी; बहुलोमश ।

eriophyllus—(Gk. *erion*, wool; *phyllon*, leaf) उर्णपर्णी ।

erose—(L. *erodere*, to wear away) दंतुरित (तटी) ।

erosion—(L. *erodere*, to wear away) अपरदन; क्षीण होना; क्षति ।

erostrate—(L. *ex*, without; *rostrum*, beak) अचंचुक ।

ersaeome—(Gk. *erse*, young) अरसियोम; साईफोनोफोरा (siphonophora) की मुक्त एक आमाशयिक (monogastric) संतति (generation) ।

eruciform—(L. *eruca*, caterpillar; *forma*, shape) इल्लीनुमा; इल्लीसदृश; इल्ली (caterpillar) जैसे आकार वाला ।

erumpent—(L. *erumpere*, to break out) उद्भेदिन ।

erythrin—(Gk. *erythros*, red) इरीथ्रिन; लालवर्ण; $C_{20}H_{22}O_{10}$; किन्हीं शैवाल (algae) और लाइकिन्स (lichens) में पाया जाने वाला लाल वर्ण ।

erythrism—(Gk. *erythsos*, red) अतिरक्तता; अत्यधिक लाल रंग का उपस्थिति होना ।

erythroblast—(Gk. *erythros*, red; *blastos*, bud) रक्त कणज; वे न्यूक्लियस युक्त कोशिकायें जो मध्य स्तर से उत्पन्न होकर रक्त रंजक-हीमोग्लोबिन को धारण करके रक्त के लाल कण (red blood corpuscles) बन जाते है ।

erythrocruorin—(Gk. *erythros*, red; L. *cruor*, blood) इरीथ्रोक्रुरोरिन; अरुण लोहश्वासी; किन्हीं

अकशेरूक (invertebrates) में पाया जाने वाला लाल लोह युक्त श्वास पदार्थ।

erythrocyte—(Gk. *erythros*, red; *kytos*, hollow) लाल रुधिर कणिका: रक्ताणु; लाल रक्त कण; लोहित कोशिका।

erythrocytolysis—(Gk. *erythros*, red; *kytos*, hollow; *lysis*, lossing) रक्त-कण ह्रास; रक्त कण का टूटना।

erythron—(Gk. *erythros*, red; *on*, being) एरिथ्रोन; रक्तक; लोहित संग्राहकता; अस्थि मज्जा (bone marrow) और परिवहन रक्त में इकट्ठा लाल कोशिकाओं (red cells) का होना।

erythophilous—(Gk. *erythros*, red; *philein*, to love) रक्तकण प्रेमी; अरूणारागी; रक्तरंजकरागी; लाल रंगों की ओर विशेष संयोग शीलता (affinity) रखने वाली कोशिका या कोशिका समूह की कोई रचना।

erythrophore—(Gk. *erythros*, red; *pherein*, to bear) अरूण कोशिका; अरूणामय। बैंजनी (reddish purple) रंग वाली कोशिका।

erythrophyll—(Gk. *erythros*, red; *phyllon*, leaf) एरिथ्रोफिल; पत्तीयों का लाल वर्णक पदार्थ।

erythropoiesis(Gk. *erythros*, red; *poiesis*, making) रक्त कणज; रक्त कण बनाने वाला।

erythropsin—,Gk. *erythros*, red; *opsis*, sight) एरिथ्रोप्सिन; रोडोप्सिन; कीट चक्षुओं में पाया जाने वाला लाल वर्ण पदार्थ।

erythrozyme—(Gk. *erythros*, red; *zyme*, leaven) एरिथ्रोजाइम; यह एन्जाइम रूबेरीथ्रिक अम्ल (ruberythric acid) को विघटन तथा ग्लूकोसाइड्स पर प्रभाव डालता है।

escape—(M. E. *escapen*) बंधन भृष्ट; अपसर्पण; पलायन; ऐसा पौधा जो आरम्भ में संवर्धक (cultivated) परन्तु अब वनजात (wild) पाया जाता है।

escutcheon—(O. F. *escuchon*, shield) एस्क्यूचन।

१—बहुत से चतुष्पादों के नितंब पर रंगीन अथवा विशिष्ट रोमीय क्षेत्र।

२—किन्हीं कीटों का मध्य पृष्ठिका पत्र (mesoscutellum)।

३—किन्हीं द्विकपाटी (bivalves) का पेशीबंध (ligamental) क्षेत्र।

eseptate—(L. *ex*, without; *septum*, enclosure) अव्यवधानी; विभाजक भित्ति हीन।

esophagus—ईसोफेगस; निगर।

esoteric—(Gk. *esoterkos*, arising within) जीवान्तर्जन्य; जीव या अंगी (organismn) के भीतर उत्पन्न होने वाला।

espathate—(L. *ex*, without; *spatha*, broad blade) अफलकी; फलकहीन; फलक विहीन।

estipulate—(L. *ex*, without; *stipula*, stem) अअनुपत्री; अनुपत्रविहीन; अनुपत्र हीन।

estuarine—(L. *aestuarium*, estuary) पुटभेदी; ज्वारनदमुखी; वेलासंगम या पुटभेद (estuary) में पाये जाने वाले अंगी।

etaerio—(Gk. *etairia*, association) पुंज (फलों का); पुंजफल; यह ऐसे फूलों से बनते हैं जिनमें—जायांग पृथक परन्तु बहु अण्डपी (polycarpellary) होता है, प्रत्येक स्वतन्त्र अण्डाशय से एक लघु फल (fruitlet) बनता है और सभी लघु फल मिलकर पुंज फल बनाते हैं।

१—फालिकिल का पुंज (etaerio of follicles); उदाहरण—चम्पा।

२—ड्रूप का पुंज (etaerio of drupe) उदाहरण—हिसालू (tulius lanatus)।

३—एकीन का पुंज (etaerio of achenes) उदाहरण—नारवेलिया; स्ट्राबरी।

४—बेरी का पुंज (etaerio of berries) उदाहरण—शरीफा।

esquamate—(L. *ex*, without; *squama*, scale) शल्क हीन; बिना शल्क (scale) वाला ।

etheogenesis—(Gk. *etheos*, youth; *genesis*, descent) अनिषेक नरोत्पादन; वह अनिषेकोत्पादन (parthenogenesis) जिससे नर उत्पन्न हों, अर्थात् नर जन्यु या गैमीट (malegamete) का निषेक (fertilisation) के बिना वर्धन (develoment) ।

ethiopian—(Gk. *aithiops*, burned face) ईथियोपी; ईथियोपिया जन्तु भूगोलिक क्षेत्र से सम्बन्धित ।

ethmohyostylic—(Gk. *ethmos*, sieve; *stylos*, pillar) झर्झर जिह्वक स्तम्भी; झर्झर प्रदेश (ethmoid region) जिह्वक शलाका (hyoid bar) से संलग्न अधोहन्वस्थि (mandible) के उद्बन्ध (suspension) वाला ।

ethmoid—(Gk. *ethmos*, sieve; *eidos*, shape) एथमॉइड; झर्झरिका; झर्झरास्थि; एक अस्थि विशेष ।

ethmoidal—(Gk, *ethmos*, sieve; *eidos*, shape) झर्झरिक; झर्झरास्थि सम्बन्धी ।

ethmoidal notch—झर्झर-भंग ।

ethmolysian—(Gk. *ethmos*, sieve; *lyein*, to loosen) शिथिली भूशीर्षतंत्री; ईथमोलाइसियन; वह शीर्षतंत्र (apical system) जिसमें जनन पट्ट (madreporite) पीछे की ओर इतना बढ़ा हुआ होता है कि इससे दो पश्च पार्श्व जननेंद्रियाँ पृथक हो जाती है ।

ethmopalatine—(Gk. *ethmos*, sieve; L. *palatus*, palate) झर्झर-तालव्य; झर्झर-तालव्य प्रदेश (ethmoidal palatine region) में या झर्झर (ethmoid) से लेकर तालव्य (palatine) तक पाया जाने वाला ।

ethmophract—(Gk. *ethmos*, sieve; *phrassein*, to fence in) ईथमोफ्राक्ट; प्राकार छिद्री शीर्षतंत्र (apical system); साधारण, घना, शीर्षतंत्र (apical system) जिसके दक्षिण अग्र किनारे पर ही छिद्र होते हैं ।

ethmoturbinal—(Gk. *ethmos*, sieve; L. *turbo*, whorl) झर्झर घूर्णास्थि । नासाकोटर (nasal cavity) में पाई जाने वाली उपास्थि (cartilage) या हड्डी (bone) जो घ्राणीय क्षेत्र (olfactory area) को बढ़ाने के लिए पर्त रूप में लिपटी (folded) रहती है ।

ethmovomerine—(Gk. *ethmos*, sieve; L. *vomer*, plough share) झर्झर-फलास्थि; इथमोवोमेराइन अस्थि सम्बन्धी ।

ethnology—(Gk. *ethnos*, nation; *logos*, discourse) मानव जाति विज्ञान; नसल विज्ञान; वह विज्ञान की शाखा जो मनुष्यों की भिन्न-भिन्न नस्लों (races) का वर्णन करती हैं ।

ethology—(Gk. *ethos*, custom; *meros*, part) जीव-परिस्थितिकी; व्यवहार विज्ञान; प्राणी के व्यवहारों का वातावरण (environment) के दृष्टिकोण से अध्ययन ।

ethomerous—(Gk. *ethos*, custom; *meros*, part) आदर्श खण्डी ।

etiolation—(F. *etioler*, to blanch) शुल्कीयता; पांडुरता; पौधों में अन्धकार अथवा रोग के कारण शुल्कीय (पांडुरता) दशा का होना ।

etiolin—(F. *etioler*, to blanch) इटियोलिन (पीत रंजक); अंधकार में उगले वाले पौधों में पाया जाने वाला पीत रंज्य पदार्थ ।

etiology—हेतु विज्ञान ।

euapogamy—(Gk. *eu*, well; *apo*, away; *gamos*, marriage) द्विगुणित अपयुग्मन ।

euaster—(Gk. *eu*, good; *aster*, star) सुतारक; ऐसा तारक (aster) जिसकी किरण (rays) या भुजा एक ही केन्द्र पर मिली हों ।

eucentric—(Gk. *eu*, well; *kentron*, centre) सुविकसित केन्द्री ।

eucephalous—(Gk. *eu*, good; *kephale*, head) सुविकसित शीर्षी । भली भाँति वर्धित (well develloped) सिर वाला । कुछ कीट अर्भकों (insectlarvae) के लिये प्रयुक्त होता है ।

euchromatic—(Gk. *eu*, well; *chroma*, colour) सुविकसित क्रोमेटिन ।

euchromatin—(Gk. *eu*, well; *chroma*, colour) आदर्श क्रोमेटिन; ऐसा क्रोमेटिन जो सम्पूर्ण गुणसूत्रों का निर्माण करता है ।

euchromosome—(Gk. *eu*, well; *chroma*, colour; *soma*, body) आदर्श क्रोमोसोम; आदर्श परम्परा सूत्र; देह परम्परा सूत्र ।

[देखिये-autosome और heterosome]

eucoen—(Gk. *eu*, well; *koinos*, common) यथार्थ वातावरणी; भिन्न वातावरण में रहने के अयोग्य ।

eucone—(Gk. *eu*, good; *konos*, cone) स्फुटिक शंकु युक्त; संयुक्त चक्षु के प्रत्येक इकाई में सुविकसित स्फुटिक शंकुओं का पाया जाना ।

euchordate—(Gk. *eu*, well; *chorde*, string) यथार्थ दण्डक; सुदण्डक; यूकोर्डेट ।

eudipleural—(Gk. *eu*, good; *dis*, double; *pleuron*, side) समपार्श्विक; मध्य पटल (median plane) के द्वारा समांश पार्श्वों में बँटा हुआ ।

eudoxome—(Gk. *eudoxos*, glorious) विश्रुत; यूडोक्सोम; साइफोनोफोरा (siphonophora) की तरणपुट (nectocalyx) हीन स्वतंत्र प्लावी एक आमाशयिक स्थिति (monogastric stage) ।

eugamic—(Gk. *eu*, well; *gamos*, union) प्रौढ़िक; प्रौढ़ या परिपक्व काल (mature period) से सम्बन्ध रखने वाला ।

eugenic—(Gk. *eu*, well; *genos*, birth) सुजननिक; नसलोत्कर्षक; नस्ल की उन्नति करने वाला ।

eugenics—(Gk. *eu*, well; *genos*, birth) सुजननिकी; सजनन-विज्ञान; मानवोत्कर्ष विज्ञान; नसलोत्कर्ष विज्ञान ।

euglenoid—(Gk. *eu*, well; *glene*, pupil of eye) युग्लीनोपम; युग्लीना (euglena) समान ।

euhaline—(Gk. *eu*, well; *halinos*, saline) लवणी जलवासी ।

eumelanin—(Gk. *eu*, well; *melas*, black) सुश्यामकणी; मेलेनिन (melanin) कण युक्त ।

eumerism—(Gk. *eu*, well; *meros*, part) समैत्री करण; सुसंग्रहण; सामान्य भागों का एकत्रीकरण ।

eumerogenesis—(Gk. *eu*, well; *meros*, part; *genesis*, descent) समविभाजन; ऐसा विभाजन (segmentation) जिसके द्वारा उत्पन्न इकाइयाँ (units) कम से कम कुछ समय तक एक-सी हों ।

eumitotic—(Gk. *eu*, well; *mitos*, thread) सुविभक्त; द्विचतुष्टय; द्विभक्तचतुष्टय; सुसूत्री विभाजनी ।

euphotometric—(Gk. *eu*, well; *phos*, light; *metron*, measure) सुप्रकाशलब्धी; ऐसी पत्तियाँ सुव्यवस्थित कि समस्त पत्तियाँ भली प्रकार प्रकाश ग्रहण कर सकें ।

euplastic—(Gk. *eu*, well, *plastos*, moulded) सुव्यवस्थित; सुघटनी ।

euploid—(Gk. *eu*, well; *haploos*, one fold; *eidos*, form) सुगुणित ।

eupotamic—(Gk. *eu*, well; *potamos*, river) समसमृद्धी; बहते हुए तथा रुके हुए दोनों ही प्रकार के जलों में समृद्ध होने वाले ।

eupyrene—(Gk. *eu*, well; *pyren*, fruit stone) आदर्श सूत्रक; सामान्य वीर्याणु ।

[देखिये apyrene; oligopyrene]

eurybaric—(Gk. *eurys*, broad; *heros*, weight) विविधोच्चता वासी; ऊँचाई (altitude) के विपुल भेदों में वास करके की योग्यता रखने वाला ।

eurybathic—(Gk. *eurys*, wide; *bathys*, deep) विविधोच्चता वासी सम्बन्धी ।

eurychoric—(Gk. *eurys*, wide; *choros*, placed) विविधागाध (विविध+अगाध) वासी, अनेक गहराइयों (depths) में रहने की योग्यता रखने वाला ।

euryhaline—(Gk. *eurys*, broad; *halinos*, maine) विविध लवणानुकल्पी; । ये सामुद्रिक जन्तु जो खारीपन की विविध मात्राओं में रह सकें ।

euryhygric—(Gk. *eurys*, wide; *hygros*, wet) विविधार्द्रवासी; वे सामुद्रिक जन्तु जो वायु मण्डल की विविध आर्द्रता (humidity) में रह सकें।

euryphagous—(Gk. *eurys*, wide; *phagein*, eat) विविधाहारी, अनेक प्रकार का भोजन करने वाला।

eurypylous—(Gk. *eurys*, wide; *pyle*, gate) कुंचितद्वारी; स्पजों में नलिका मण्डल (canal system) का एक प्रकार।

eurysome—(Gk. *eurys*, broad; *soma*, body) स्थूलपिण्डी; वौन-स्थूल काय।

eurythermic—(Gk. *eurys*, wide; *therme*, heat) विस्तीर्णतापी; असीमतापी।

[देखिये उलटा stenothermic, मिततापी]

eurytopic—(Gk. *eurys*, wide; *topos*, place) विस्तीर्ण वासी; असीम वासी।

eusporangiate—(Gk. *eu*, well; *sporos*, seed; *anggeion*, vessel) सुबीजाणु ऊतकी; सुबीजाणु धानीय।

eustachian—(tube or recesses) (B. eustachio, italian physician) कर्ण गुहा; यूस्टेशियन; कर्ण-कण्ठ (नलिका)। आनक गुहा (tympanic cavity) और कण्ठ को जोड़ने वाली (नलिका)।

eustele—(Gk. *eu*, well; *stele*, pillar) सुरंभ।

eusternum—(Gk. *eu*, well; *sternon*, breast plate) मूल वक्ष पटल; यूस्र्टनम।

eustomatous—(Gk. *eu*, well; *stoma*, mouth) स्पष्टमुखी।

eutelegenesis—(Gk. *eu*, well; *tele*, afar *genesis*, descent) उन्नत प्रजनन; कृत्रिम गर्भाधान द्वारा उन्नत नस्ल के जन्तुओं का प्रजनन।

euthenics—(Gk. *euthenein*, to throw) मानव समृद्धि विज्ञान।

eutheria—(Gk. *eu*, well; *therion*, small animal) यथार्थ स्तनी; स्तनी (mammals) का एक (order)।

euthycomus—(Gk. *euthys*, straight; *kome*, hair) ऋजुरोमी; समरेख रोमी।

euthyneurons—(Gk. *euthys*, straight; *neuron*, nerve) अव्यावर्ती माण्डलिका तन्त्रिका तंत्र (nervous system) के देहांग-शिक्य (visceral loop) को सरल अर्थात अव्यावर्तित (untwisted) रखने वाला।

eutrophic—(Gk. *eu*, well; *trophe* nourishment) समुचित पोषणी।

evacuation—(L. *e*, from; *vacuare*, to empty) मलोत्सर्ग; मलमूत्रादि त्याग; निवतन; रिक्तीकरण।

evagination—(L. *e*, out; *vagina*, sheath) बहिर्वलन।

evanescent—(L. *evenescere*, to vanish) आशुलोपी; क्षणिक; अल्पजीवी; क्षण स्थायी; क्षण जीवी।

evection—(L. *e*, out; *vehere*, to convey) स्थान भ्रंश; स्वस्थानात चलन।

eviscerate—(L. *ex*, out; *viscera*, entrails) देहांग वहिर्वलन। जैसे कुछ होल्युथूरियन्स (holothuriens) पकड़े जाने पर अपने देहांगों को बाहर निकाल देते हैं।

evocator—(L. *evocator*, caller forth) रसायनिक उत्तेजक (प्राणी द्वारा प्रदत्त)।

evolute—(L. *evolvere*, tc unroll) विकसित होना।

evolutitety—(L. *evolvere*, to unroll) विकासीय शक्ति युक्त।

evolution—(L *evolvere*, to unroll) विकास; अंगी या समष्टि (population) लक्षणों में संचयी (cumulative) परिवर्तन जो आनुवंशिक सम्बन्धी क्रमिक संततियों में आते हैं।

evolution, the doctrine of—विकासवाद।

exalate—(L. *ex*, without; *ala*, wing) पक्षहीन।

exalbuminous—(L.*ex*, without; *albumen*, white of egg) अएल्ब्युमिनी; एलब्युमिन हीन।

exannulate—(L. *ex*, without; *annulus*, ring) वलयहीन; वलय मुद्रिका हीन बीजाणुधानी जैसे कुछ फर्न पौधों में।

exarate – (L. *exaratus*, plouyhed up) स्वतंत्र पंख व टांग युक्त प्यूपा (कोषावृत्ति)।

exarch—(L. *ex*, without; Gk. *arche*, beginning) वाह्य-आर्क; वाह्य आदि दारुक; प्रोटोजाइलम पेरी साइकिल (pericycle) चक्र से लगा हुआ।

exasperate—(L. *exasperare*, to roughen) दृढ़-विन्दुक।

excentric—(L. *ex*, without; *centrum*, centre) अपकेन्द्री; केन्द्रच्युत, उत्केन्द्रक।

exchange of gases गैस विनिमय; जैसे आक्सीजन और कार्बन डाई-ऑक्साइड का विनिमय (अदला-बदली) श्वास कर्म में।

exciple—(L. *excipula*, receptacle) अपचपक वाह्यावरण। अपचपक (एपोथीसियम—apothecium) वाह्यावरण।

excitability— L. *ex*, without; *citare*, to rouse) उत्तेजनशीलता; किसी सजीव (living) कोशिका (cell) या ऊतक (tissue) की वातावरण परिवर्तन (environmental change) या उत्तेजना (stimulus) के कारण प्रत्युत्तर (response) देने की शक्ति।

excitation—(L. *ex*, without; *citare*, to rouse) उत्तेजना; उद्दीपन।

excitonutrient—(L. *excitare*, to rouse; *nutriens*, feeding) पोषकोत्साही; पोषक क्रियाओं को बढ़ावा देने वाला।

exconjugant—(L. *ex*, out; *conjugare*, to yoke) पूर्व संयुग्मी।

excreta—(L. *excretum*, seperated) मल; विष्ठा; उत्सर्ग; मल-मूत्र।

excrete—(L. *ex* out; *cernere*, to sift) उत्सर्जन या विसर्जन करना; शरीर से मल निकालना।

excretion—(L. *ex*, out; *cernere*, to sift) मलोत्सर्ग; उत्सर्ग; मलत्याग; विसर्जन; उत्सर्जन। उपापचय के उत्पादों को अनुपयोगी जिस्म में एकत्रित करना या उनको निष्कासित करना, विसर्जन या उत्सर्जन कहा जाता है। जन्तुओं में यह मुख्यतः प्रोटीन उपापचय के उत्पाद होते हैं। कशेरुकों में उत्सर्जन अंग वृक्क (kidney); कीटों (insects) में मालपीजियन नलिकायें (malpighian tubes) और अधिकांश अकशेरुकों में वृक्कक (nephridia) विसर्जन या उत्सर्जन के मुख्य अंग होते हैं।

excretory system—(L. *ex*, out; *cernere*, to sift) विसर्जन तंत्र; विसर्जन संस्थान; मल-मूत्र वाहक संस्थान; मलोत्सर्ग संस्थान; उत्सर्जन तंत्र।

excurrent—(Gk. *ex*. out; *currere*, to run) बहिर्गामी; बहिर्वाही।

excurved—(L. *ex*, out; *currere*, to curve) वाह्य वक्र।

excystation—(L. *ex*, out; Gk. *kystis*, bladder) (कोशिका) निर्गमन।

exendospermous—(L. ex, without; Gk. *endon*, within; *sperma*, seed) अएल्बुमिनी।

exflagellation—(L. *ex*, out; *of*, *flagellum*, whip) कशाभीभवन; विकशाभीभवन; हीमोस्पोरीडिया (haemosporidia) में नर जन्युज कोशिकाओं (microgametocyte) से नरजन्यु (microgamete) के बनने की प्रक्रिया।

exfoliation—(L. *ex*, out; *folium*, leaf) अपशल्कन, अपपत्रण; पत्तीयों या शल्कों का गिरना।

exhalant (aperture)—(L. *ex*, out; *halare*, to breathe) अपवाही; उच्छ्वसित उत्सेचक (द्वार)।

exhalation—(L. *ex*. out; *halare*, to breathe) उच्छ्वास; वायु को बाहर निकालना।

exindusiate—(L. *ex*, out; *indusium*, cover) सोरस अनावरण; सोरमछद-हीन; स्पोर कोष का अनावरण।

exine—(L. *exter*, outside) परागकोष बाह्यचोल।

exinguinal—(L. *ex*, out; *inguen*, groin) ऊरु-बहिस्थ; ऊरु संधि (groin) के बाहर स्थित।

exites—(Gk. *exo*, without) बहिःशाखा; जिन्हीं

सन्धिपादों (arthropod) के अवयवों के वाह्य पार्श्व तटों से निकलने वाली उपशाखायें वा शाखायें।

exocardiac—(Gk. *ex*, without; *kardia*, heart) हृदवहिस्थ; हृदय के वाहर स्थित।

exocarp—(Gk. *exo*, without; *karpos*, fruit) वाह्यफलभित्ति; पेरीकार्प (pericarp) का वाह्यस्तर।

exoccipital—(L. *ex*, without; *occiput*, back of head) एक्स ओक्सीपिटल; कपाल की एक हड्डी।

exochorion—(Gk. *ex*, without; *chorion*, chorion) वहिश्चर्मिका।

exocoel—(Gk. *exo*, without; *koilos*, hollow) वहिसीलोम।

exocoelar—(Gk. *exo*, without; *koilos*, hollow) वहिसीलोमी; सीलोम की प्राचीर।

exocoelic—(Gk. *exo*, without; *koilos*, hollow) वाह्यगुहिका; वाह्यगुहा—।

exocoelom—(Gk. *exo*, without; *koilos*, hollow) वाह्यदेह गुहा; वाह्य प्रगुहा।

exocone—(Gk. *exo*, without; *konos*, cone) वहि:शंकु (नेत्र); कीट का संयुक्त नेत्र जिसमें शंकु (cone) उपत्वचा से उद्भूत हुए हों।

exocrine (glands)—(Gk. *exo*, without; *kriuein*, to seperate) वहि:स्त्रावी; श्रोतयुक्त (ग्रन्थियाँ)।

exocuticula—(Gk. *exo*, without; L *dim*. of *cutius*, skin) वाह्यत्वगावरणी।

१—कीट त्वगावरण (cuticle) का मध्य स्तर जो अन्त: त्वगावरण (endocuticula) और अधित्वक् (epicuticula) के वीच में होता है।

२—मकडी (spider) में त्वगावरण का वाह्य स्तर।

exoderm—(Gk. *exo*, without; *derma*, skin) वाह्य चर्म; वाह्य स्तर; चर्म स्तर (स्पंज में)।

exodermis—(Gk. *exo*, without; L. *dermis*, skin) वाह्यस्तरज।

exogamete—(Gk. *exo*, without; *gametes*, mate) परनिषेकाणु; वह उत्पादन कोशिका जो अन्य जन्तु से उत्पन्न उत्पादन कोशिका से संलयित (fused) होता है।

exogamy—(Gk. *exo*, without; *gamos*, marriage) वहिपरिणय।

exogastric—(Gk. *exo*, without; *gaster*, stomach) वाह्यामाशियक; पृष्ठघूर्णी (कर्पर)।

exogastrula—(Gk. *exo*, without; *gaster*, stomach) वाह्यामाशियक; पृष्ठघूर्णी (कर्पर)।

exogenous—(Gk. *exo*, without; *genos*, race) वहिर्जात।

exognathion—(Gk. *exo*, without; *gnathos*, jaw) वाह्यहन्व; उर्ध्वहनु का मैक्सिला भाग।

exonephric—(Gk. *exo*, without; *nephros*, kidney) वाह्योत्सर्गिका।

exoperidium—(Gk. *exo*, without; *peridion*, a small wallet) भस्त्रा; स्पोरकोप वाह्यस्तर।

exophylaxis—(Gk. *exo*, without; *phylax*, guard) वाह्य सुरक्षा; त्वचा स्त्रावो द्वारा रोगाणुओं से सुरक्षा।

exoplasm—(Gk. *exo*, without; *plasma*, mould) वाह्य सत्व। [देखिये ectoplasm]

exopodite (Gk. *exo*, without; *pous*, foot) वहि: पादांश; वहिपादांश।

exoskeleton—(Gk *exo*, without; *skeletos*, hard) वहि:कंकाल; शरीर को वाहर से ढके हुए कंकाल या त्वचा में स्थिति कंकाल को वहि:कंकाल (exoskeleton) कहा जाता है। आर्थोपोडा में वहि:ककाल अधिचर्म (epidermis) की सतह (superficial) पर होता है जैसे कीटों में क्यूटिकिल (cuticle)। मौलस्का का वहि:कंकाल कवच (shell) भी खरिक ससेचित क्यूटिकिल होता है। अनेक कशेरूकों (vertebrates) जैसे शल्की मत्स्य (scaly fish); कच्छप

(tortoises), आर्मेडिलो (armarlillo) में बहिःकंकाल मुख्यतः अधिचर्म के नीचे अस्थि पट्टों (bony plates) का होता है । कच्छप या आर्मेडिलो में यह पट्ट अधिचर्म से बनी होती है तथा शृंगीय किरेटिन (keratin) से ढकी होती है ।

exosmosis—(Gk. *exo*, without; *osmos*, impulse) बहिः परासरण; बाह्य प्रसरण ।

exospore, exosporium—(Gk. *exo*, without; *sporos*, seed) बहिर्बीजाणु; बीजाणु वहिश्चोल; बीजाणु भित्ति का बाह्य चोल ।

exostome—(Gk. *exo*, without; *stoma*, mouth) बहिर्मुख; बीज की बाह्यभित्ति का छिद्र ।

exostosis—(Gk. *exo*, without; *osteon*, bone) बाह्य गण्डता; बाह्यशोफ

१—काष्ठ तल पर गाँठों या शोफ का बनना ।

२—किसी अस्थि अंश पर शोफ सदृश आकृति का बनना ।

exotheca—(Gk. *exo*, without; *theke*, box) बहिर्पेटिका ।

exothecate—(Gk. *exo*, without; *theke*, box) बहिर्पेटिका युक्त ।

exothecium—(Gk. *exo*, without; *theke*, case) बाह्यस्थीसियम; अनावृतबीजियों (gymnosperm) के बीजाणुधानी (sporangium) की बाह्य स्फुटनशील कोशिका स्तर ।

[देखिये : endothecium—अंतः स्थीसियम]

exotic—(Gk. *exotikos*, foreign) विदेशी; विदेशज; विदेशागत ।

exotospore—(Gk. *exotikos*, foreign; *sporos*, seed) रेणु जीवक । [देखिये—sporozoite]

exotoxin—(Gk *exo*, without; *toxiken*, poison) बहिर्विष (घुलनशील विष) ।

exotropism—(Gk. *exo*, without; *trope*, turn) बहिर्अभिदृति ।

expantin—एक्सपेन्टिन; रंजक प्रसारक; क्रस्टेशियन में तंत्रिका द्रव्य (neurohumor) जो रंज्य कोशिकाओं (क्रोमेटोफोर) के विस्तार को प्रभावित करता है ।

[देखिये—contsactin—रंजक संकुचक]

experiment—(L. *experiri*, to try thoroughly) प्रयोग ।

expiration—(L. *ex*, out; *spirere*, to breathe) निःश्वसन; साँस छोड़ना; उच्छ्वासन (प्रक्रिया) ।

explantation—(L. *ex*, out of; *plantare*, to plant) वृक्षोच्छेद (वृक्ष + उच्छेद); वृक्षहरण; अपसवर्धन ।

explicate—अवलित ।

exploration—अन्वेषण, खोज ।

explosire—विस्फोटी; विस्फोटक ।

exsculpate—(L. *ex*, out; *sculpere*, to carve) परिकल्पकी ।

exscutellate—(L. *ex*, without; *scutellum*, shield) पृष्ठिका पश्चहीन: अस्कुटिलेट; ऐसा कीट जिसमें पृष्ठिका-पश्च (scutellate) नहीं होता ।

exserted—(L. *exserere*, to stretch out) प्रलंबी; निःसृत; बाहर निकला हुआ ।

exsertile—(L. *exserere*, to stretch out) निष्कर्षण शील; बाहर को निकल आने वाला ।

exstipulate—(L. *ex*, without; *stipula*, stem) अन-अनुपर्णी; अनुपर्ण हीन ।

exstrophy—(Gk. *exo*, outwords; *strophe*, turning) निःसृतता ।

exsufflation—(L. *ex*, out; *suffare*, to blow) यत्नोच्छ्वास; फुफ्फुसों (lungs) से बल पूर्वक साँस निकालना ।

extend—(L. *ex*, out; *tendere*, to stretch) प्रसार; वितन ।

extensor—(L. *ex*, out; *tendere*, to stretch) प्रसारणी; प्रसारक; कोई पेशी जो किसी अंग या भाग को फैलाये ।

exterior—(L. *externus*, on out side) वाह्य; वहिःभाग; वाहरी।

exteroreceptor—(L. *exter*, outside; *capere*, to take) वाह्यवेदनाग्राही; सम्पर्कग्राही; दूरस्थग्राही।

external—(L. *externus*, out side) वाह्य; वहिःस्थित।

external auditory meatus—वाह्य कर्ण कुहर; श्रावणिक वाह्य पथ; वाह्य कर्ण नली।

external auditory aperture—वाह्य कर्ण रन्ध्र।

external border—वाह्य तट।

external feature—वाह्य आकृति; वाह्य रचना; बाहरी रचनायें।

external genitals—वाह्य जननेन्द्रियाँ।

external geniculate body—वाह्य जानुपम पिण्ड।

external jugular vein—वाह्य शिरस्क शिरा; वाह्य जुगुलर शिरा।

external limiting membrane—वाह्यावधि झिल्ली।

external nares—वाह्य नासा छिद्र।

externl surface—वाह्य तल।

extinction—(L. *ex*, out; *striguere*, quench) लोप।

extinct—लुप्त।

extine—(L. *exter*, outside) (१) परागकोश वाह्यावरण। (२) बीजाणु वहिश्चोल।

extra-axillary—(L. *extra*, beyond; *axilla*, armpit) अति-अक्षी; अतिरिक्त अक्षी; पर्ण अक्ष के ऊपर से निकलने वाली शाखा आदि।

extrabranchial—(L. *extra*, beyond; Gk. *brangchia*, gills) अतिगिली; वाह्य क्लोमी; क्लोम वहिस्थ।

extracapsular—(L. *extra*, outside; *capsula*, cup) कुहर वहिस्थ; किसी कुहर (capsule) के वाहर वनने वाला या स्थित।

extracellular—(L. *extra*, outside; *cellula*, little cell) वहिकोशकीय। कोशिका (cell) के बाहर स्थित या होने वाला।

extra cellular digestion—वहिकोशकीय पाचन।

extracolumella—(L. *extra*, heyond; *columella*, small column) कोलूमुला वहिस्थ; हायोस्टैपीज; श्रवण अस्थि रचना का दूरस्थ टूक।

extraembryonic—(L. *extra*, outside; Gk. *embryon*, foetus) भ्रूण वहिस्थ। भ्रूण (embryo) के वाहर।

extraenteric—(L. *extra*, outside; Gk. *enteron*, gut) अन्त्र वहिस्थ। पाचन क्षेत्र (alimentary tract) के वाहर स्थित।

extrafloral—(L. *extra*, outside; *flos*, flower) पुष्पवाह्य (मकरन्द कोष आदि)।

extrafolliaceous—(L. *extra*, outside; *falim*, leaf) पर्णवाह्य।

extragenic—जीव वाह्य।

extrafoveal—(L. *extra*, beyond; *fovea*, depression) वाह्यखातिकी।

extraintestinal—अंत्र वाह्य।

extralateral—वहिःपार्श्वीय।

extra membranous—कला वाह्य।

extranuclear—(L. *extra*, outside; *nucleus*, kernel) अष्ठि वहिस्थ; न्यूक्लियस के वाहर।

extraocular—(L. *extra*, outside; *oculus*, eye) नेत्र वहिस्थ।

extraspicular—(L. *extra*, outside; *spicula*, small spike) वाह्य स्पीक्यूली; ऐसे कंटक (स्पीक्यूल) युक्त जिसका एक छोर स्पंजिन (spongin) में घुसा होता है और एक स्वतंत्र।

extrastapedial—(L. *extra*, beyond; *stapes*, stirrup) स्टेपिडिल वहिस्थ।

extrastelar—(L. *extry*, outside; Gk. *stele*, column) रम्भवाह्य ऊतक।

extravaginal—(L. *extra*, outside; *vagina*, sheath) विधान वाह्य।

extrarvasate—(L. *extra*, outside; *vas*, vessel) वाह्यवाहिनी; वाहिनीवाह्य।

extraventricular—(L. *extra*, beyond; *venticulus*, belly) वैन्ट्रीकिल वाह्य।

extremity—(L. *extremites*, limit) (१) अवयव; अनुबन्ध; हाथ पाँव। (२) अन्त (किसी अवयव जैसी रचना का)।

extrinsic—(L. *extrinsecus*, on outside) वाह्य; बाहरी।

extrorse—(L. *extrorsus*, outwardly) केन्द्र पराङ् मुखी; वहिमुखी; अक्षरेखा (axis) से अलग हटा हुआ।

exudation—(L. *exudere*, to sweat) रिसन; रिसाव; प्रस्वेदन; निः स्रवण; नि.स्राव; स्वेद स्राव; स्पंदन निर्यास।

exumbral—(L. *ex*, out; *umbra*, shade) छत्र बहिःतली।

exumbrella—(L. *ex*, out; *umbra*, shade) छत्र बहिस्तल।

exuviae—(L. *exuere*, to put off प्रपतनी; जन्तुओं की केंचुली (slough) कर्पर (shells) आदि जो शरीर द्वारा प्रपतन (cast off) किये जाएँ। [देखिये ecdysis]

exuvial—(L. *exuere*, to stip off) निर्मोकी।

eye—(M. E. *ighe*) आँख; चक्षु; नेत्र।

eye ball—चक्षु गोलक; अक्षि गोलक।

eye brow—भौं; भ्रू।

eyelash—पक्ष्म; बरौनी।

eye lid—पलक; नेत्रछद्।

eye muscles—चक्षुपेशीयाँ।

१—वाह्य चक्षुपेशीयाँ (extrinsic eye muscles) जो चक्षुगोलक (eye ball) के बाहर होती है तथा चक्षु गोलक को हिलाती है।

२—आन्तर चक्षुपेशीयाँ (intrinsic eye muscles) जो चक्षुगोलक के भीतर होती है जैसे परितारिका या आइरिस (iris), और निनियापिण्ड (ciliary body)।

eye sight—दृष्टि; नजर।

eye spots—दृष्टि बिन्दु; नेत्रिका; दृक बिन्दु।

eye stalk—नेत्रवृन्त।

eye stone—नेत्राश्म।

eye vesicle—नेत्र-आशय।

F

First filial generation—प्रथम संतति-श्रेणी (पीढ़ी)। वंश परापरा (heredity) पर प्रयोग करने के लिये जिन जन्तुओं से आरम्भ करते हैं, उन्हें पैत्रिक श्रेणी (प१) कहते हैं उनकी संतान की प्रथम पीढ़ी को प्रथम संसति श्रेणी (स१), द्वितीय पीढ़ी (अर्थात् प्रथम संतति श्रेणी की सन्तान) को द्वितीय संतति श्रेणी (स२) और तृतीय पीढ़ी (अर्थात् द्वितीय सतति श्रेणी की सन्तान को) तृतीय सन्तति श्रेणी (स३) कहते हैं।

fabella—(L. *fabella*, small bean) मापिका शिम्बिका। एक सूत्रोपास्थि (fibro cartilage) का नाम।

fabriform—(L. *faba*, bean; *forma*, shape) माषोपम। सेम के समान आकार वाला।

fabrician—(J. C. fabricius, danish entomologist) फब्रोसियस का वर्गीकरण (classification); सन्धि पादों (arthropoda) का एक वर्गीकरण (classification) जो मुखांगों (mouth parts) की रचना पर आश्रित है।

face—(L. *facies*, face) चेहरा; आनन; फलक; पार्श्व; पहल।

facet—(L. *facies*, face) सन्धि-तल; योजक-तल फलक।

facial—(L. *facies*, face) आननी; चेहरे की।

faciation—(L. *facies*, face) विषमवास; उपसहसंघ।

facies—(L. *facies*, face) चेहरा; आनन।

facilitation—(L. *facilitas*, easiness) सुगमीकरण किसी पूर्व उत्तेजना के पश्चात, उत्तेजना के प्रतिकार (rasistance) में न्यूनता।

faciolingual—(L. *facies*, face; *lingua*, tongue) आनन-जिह्वी।

factor—(L. *facere*, to make) (१) कारक; अर्थात् जो किसी कार्य (effect or result) का सम्पादन करे। २—मेंडलीयकारक (mendelian factor) या जीन (gene) ३—निर्धारण (determinant)।

acceleration factor—त्वरण गुणक; त्वरण कारक; कोई कारक जो रुधिर आतंचन (थक्का बनने) को त्वरित करता है।

accessory food factors—अतिरिक्त (सहायक) खाद्य कारक।

external factor—वाह्य कारक; अंगी के वातावरण सम्बन्धी कोई भी कारक जैसे ऊष्मा, गुरुत्व (grayity) आदि

extrinsic factor—वाह्य कारक—देखिये विटामिन "बी$_{12}$"।

growth factor—वृद्धि कारक; खाद्य के वह रसायनिक रचक (constituents) जिनकी कमी के कारण अंगी की सामान्य वृद्धि व वर्धन अवरुद्ध हो जाते हैं।

internal factor—आंतरिक कारक।

intrinsic factor—नैज कारक; आन्तर कारक; आमाशय द्वारा उत्पन्न वह पदार्थ जो खाद्य के वाह्य कारक (विटामिन बी$_{12}$') से मिलकर प्रति अरक्तता तत्वों (antianemic principle) को प्रदान करता है। नैज कारक की कमी से प्रणाली रक्ताल्पता (pernicious anemic) की दशा होती है।

jarrell factor—जारल कारक; प्रभावी आनुवंशिक रुधिर कारक; इस कारक की कमी के कारण प्रतिरक्षी (antibody) की उपस्थिति से कभी-२ कैंसर की वृद्धि होती है।

lethal factor—घातक कारक; यह (gene) जो युग्मक (zygote) या जन्तु के लिये घातक होता है।

factorial—(L. *facere*, to make) आनुवंशिक कारक; जीन्स; परम्परा कण।

facultative—(L. *facultus*, faculty) विकल्प जीवी; विकल्पी। विभिन्न परिस्थितियों (different conditions) में रहने की योग्यता रखने वाला। ऐसे परजीवी (parasites) जो साधारणतया स्वावलम्बी (self dep-

endent) हों, परन्तु जो पूर्ण परजीवी (total parasite) या आंशिक परजीवी (semiparasite) जीवन विधि (mode of life) से उपयुक्तता (adaptation) स्थापित कर सकें।

faeces—(L. *faeces*, dregs) विष्ठा; पुरीष; मल।

falcate—(L. *falx*, sickle) दात्राकार; हँसिया या दरांती (sickle) के आकार का।

falces—(L. *falces*, sickles) चंचुलांग। अष्टपाद (अरेक्निड—arachnids) का चंचुलांग (chelicerae)।

falciform—(L. *falx*. sickle; *forma*, shape) दात्राकार।

falciform ligament—दात्राकार बन्ध (लिगैमेन्ट)।

falcula—(L. *falcula*, little hook) दात्रिका; नखरांकुश। दांती या हँसिये (scythe) की तरह का मुड़ा हुआ (curved) पंजा (claw)।

falculate—(L. *fclcula*, litte hook) नखरांकुशी।

fallopian—(L. *fallopio*, italian anatomist) फैलोपियन नलिका।

false or sternal ribs—वक्षक-पर्शुकायें (पसलियां)। ऐसी पसलियां (ribs) जिनके निचले उपास्थिमय (cartilaginous) सिरे वक्षास्थि (sternum) से जुड़ कर वक्षक पर्शुका से जुड़े रहते है।

falx—(L *falx*, sickle) दात्राकार भंग (दृढ़तानिका-duramater का)।

family—(L. *familia*, household) १—कुल; वर्गीकरण (classification) में एक विशेष विभाग। २—कुटुम्ब; परिवार।

fan—(A. *fann*, fan) गुच्छ; पंख (पक्षियों में); पंखा।

fang—(A. S. *fang*, grip) दंत, विष दन्त, सर्पों आदि का ज़हरीला दांत।

faradisation (M *faraday*, english physicst) फैरेडे विधि; उत्तेजना की वह विधि जिससे आंशिक या पूर्ण टिटेनस (tetanus) का रोग हो जाता है :

farina—(L. *farina*, flour) चूर्ण। कुछ [illegible] (insects) के शरीर में पाया जाने वाला बारीक नफ़्फ़ (powder) या चूर्ण।

farinaceous—(L. *farina*, flour) मंडित; मंडित; चूर्णकी; महीन चिकनी मिट्टी सदृश धूल (चूर्ण) से मंडित (ढकी हुई)।

fascia—(L. *fascia*, band) पेशी बंधक; विधानक; आवरण पेशी को चारों ओर से घेरने वाला बन्धक ऊतक (connective tissue)।

fascial—(L. *fascia*, band or bundle) विधानकी।

fasciated—(L. *fascia*, bundle) धारीदार; संपट्टित।

fasciation—(L. *fascia*, bundle) संपट्टित।

fascicle—(L. *fasciculus*, small bundle) गुम्फक; पूलिका; गुच्छ।

fascicular—(L. *fasciculus*, small bundle) पूली; पूलीय—जैसे कैम्बियम (एधा) ऊतक।

fasiculus—(L. *fasciculus*, little bundle) गुम्फक; तंत्रिका सूत्रों (nerve fibres) का पुंज (group); पोटली (bundle) या क्षेत्र (tract)।

fasciola—(L. *fasciola*, small bandage) पतली धारी (रंग की); फांसआला।

fasciole—(L. *fasciola*, small bandage) फैसियोल; तंत्री पट्ट; कुछ शल्की जन्तुओं (echinods) में आसपास के भागों पर पानी धकेलने के लिये।

fastigiate—(L. *fastigare*. to slope up) शूंकी शाखित; समानान्तर तथा सीधी शाखा युक्त।

fat—(A S. *faett*, fat) चर्बी; मेद; वसा; स्नेह; वपा।

fat bodies—वसा पिण्ड।

fatigue—(L. *fatigare*, to weary) श्रान्ति, क्लान्ति; किसी अंग की कोशिकाओं पर किसी लम्बी उत्तेजना से उत्पन्न प्रभाव।

fauces—(L. *fauces*, throat) प्रकण्ठ।

fauna—(L. *faunus*, god of wood) जन्तु समुदाय; किसी देश (country), क्षेत्र (area) या काल (period) विशेष के समस्त जन्तु।

faunal region—जन्तु प्रदेश; कोई ऐसा क्षेत्र (area) जिसमें किसी विशेष जाति समूहों के जन्तु पाये जाएँ।

favella—(L. *funus*, honey comb) करन्ड; लाल शैवाल (red algae) का करन्ड (conceptacle)।

faveolate—(L. *faveolus*, honey comb) करन्डोपम।

faveolus—(L. *faveolus*, small honey comb) गर्तिका।

favoid—(L *favus*, honey comb) करन्डोपम; मधुकोशाभ।

favose—(L. *favus*, honey comb) करन्डीय।

feather—(L. *penna*, feather) पंख; पर; पर्ण; पक्ष; पिच्छ।

fecund—(L. *fecundus*, fertile) बहुप्रज; आशुप्रज।

fecundity—(L. *fecundus*, fertile) बहुप्रजता; आशुप्रजता; किसी जाति (species) की जल्दी-जल्दी या बहुत उत्पादन करने (multiply) की सामर्थ्य।

feeler—(L. *palpare*, to quiver) स्पर्श-तन्त्र।

female—(L. *femina*, woman) मादा; नारी।

female pronucieus—नारी पुराष्टि; नारीपुरा न्यूक्लियस।

femoral—(L. *femur* thigh जांघेय; जाँघ-सम्बन्धी।

femur—(L. *femur*, thigh) फीमर; जंघास्थि; जाँघ की हड्डी।

fenchone—(Gk. *fenchel*, fennel) फेन्चोन; $C_{10}H_{16}O$; एक कीटोन (ketone)।

fenestra—(L. *fenestra*, window) गवाक्ष; (१) किसी हड्डी से या दो हड्डियों (bones) के बीच स्थित झिल्ली (membrane) या बन्धक ऊतक (connective tissue) से ढका हुआ स्थल (space)। (२) तिलचट्टा या कोकरोच (cockroach) के सिर पर स्थित एक गड्ढा। (३) कीटों (insects) के पंखों (wings) में पारदर्शक (transparent) विन्दु (spot)।

fenestrate—(L. *fenestra*, window) गवाक्षीय; गवाक्षित; झरोखेदार।

fenestrule—(*Dim* of L. *fenestra*, window) लघुगवाक्ष; लघु गवाक्ष; लघु विवृति (opening); पोली जोआ निवह (polyzoon colony) की शाखाओं के बीच छोटे-२ गवाक्ष (openings)।

feral—(L. *fera*, wild animal) जंगली; वन्य।

ferment—(L *fermentum*, ferment) खमीर; क्षोभक (रस।

fermentation—(L. *fementum*, ferment) क्षोभन; किक्षोभ; खमीर उठाना; किण्वन। कार्बनिक पदार्थों का जीवाणुओं (organisms) विशेष कर बैक्टीरिया और यीष्ट (yeast) द्वारा अपघटन—जैसे मद्य (wine) निर्माण में यीष्ट द्वारा शर्करा (sugar) का अपघटन इथाइल अल्कोहाल (ethyl alcohol) और कार्बन डाइआक्साइड बना कर किया जाता है या सिरका (vinegar) के निर्माण हेतु इथाइल अल्कोहाल का अपघटन एसिटिक अम्ल (acetic acid) बनाकर किया जाता है।

ferruginous—(L. *ferrugtnus*, rusty) जंकोपम; लोहमय।

fertile—(L. *fertilis*. fertile) उत्पादनक्षम्य; उर्वर; जननक्षम्य। सन्तति उत्पन्न करने की योग्यता या सामर्थ्य रखने वाला। (२) उपजाऊ; (३) फलद।

fertilisation—(L. *fertilis*, fertile) निषेक; निषेचन; नर (male) और नारी (female) पुराष्टियों या प्राक्केन्द्रक (pronuclei) का संयोग (union)। निषेचन दो प्रकार का होता है। (१) स्वनिषेचन (selffertilisation) जिसमें एक ही व्यक्ति से जीन आते हैं। (२) पर निषेचन (cross fertilisation) जिसमें दो विभिन्न व्यक्ति अर्थात पितृ से जीन आकर मिलते हैं। निषेचन में दोअभिमुखतियां (aspects) होती हैं एक तो दो अगुणित (haploid) न्यूक्लियाई (nuclei) का संयोग और दूसरे एक नवीन व्यक्ति के वर्धन का समारंभन (initiation)।

निषेचन मादा के शरीर के अन्दर या बाहर होता है। जब बाहर होता है, उसे वाह्य निषेचन (external fertilisation) कहते हैं जैसे जल स्थल चर या

एकाइनोडर्मेटा में। जब निषेचन मादा के शरीर के अन्दर होता है तब उसे आन्तर निषेचन (internal fertilisation) कहते हैं। जैसे, अधिकांश भौमिक जन्तुओं कीट, स्तनी आदि में।

निषेचित कला (fertilisation membrane) वह कला जो डिम्ब के निषिक्त होने पर उसको घेर लेती है।

fasciated—(L. *fascia*, bundle) धारीदार: संपट्टित।

fasciation—(L. *fascia*, bundle) संपट्टित।

fascicle—(L. *fasciculus*, small bundle) गुम्फक: पूलिका: गुच्छ।

fascicular—(L. *fasciculus*, small bundle) पूली, पूलीय, जैसे कॅम्बियम (एधा) ऊतक।

fasiculus—(L. *fasciculus*, little bundle) गुम्फक: तंत्रिका सूत्रों (nerve fibres) का पुंज (group), पोटली (bundle) या क्षेत्र (tract)।

fasciola—(L. *fasciola*, small bandage) पतली धारी (रंग की): फैसिओला।

fasciole—(L. *fasciola*, small bandage) फैसियोल: तंत्री पट्ट; कुछ शल्यी जन्तुओं (echinoids) में आसपास के भागों पर पानी धकेलने के लिए।

fastigiate—(L. *fastigare*, to slope up) कूर्च शाखित: समानान्तर तथा सीधी शाखा युक्त।

fat—(A. S. *faett*, fat) चर्बी; मेद: वसा: स्नेह; वपा।

fat bodies—वसा पिण्ड।

fatigue—(L. *fatigare*, to weary) श्रांति; थकान: किसी अंग की कोशिकाओं पर किसी लम्बी उत्तेजना से उत्पन्न प्रभाव।

fauces—(L. *fauces*, throat) प्रकण्ठ।

fauna—(L. *faunus*, god of woods) जन्तु समुदाय: किसी देश (country), क्षेत्र (area) या काल (period) विशेष के समस्त जन्तु।

faunal region—जन्तु प्रदेश: कोई ऐसा क्षेत्र (area) जिसमें किसी विशेष जाति समूहों के जन्तु पाये जाएं।

favella—(L. *favus*, honey comb) फलन्द: लाल शैवाल (red algae) का फलन्द (conceptacle)।

faveolate—(L. *faveolus*, honey comb) मधुकोष्ठी-सम।

faveolus—(L. *faveolus*, small honey comb) गर्तिका।

favoid—(L. *favus*, honey comb) मधुकोषसम: मधु-

feather (L. *penna*, feather) पंख: पर: पर्ण: पक्ष: पिच्छ।

fecund—(L. *fecundus* fertile) बहुप्रज: आशुप्रज।

fecundity—(L. *fecundus*, fertile) बहुप्रजता: आशुप्रजता: किसी जाति (species) की जल्दी-जल्दी (या बहुत) उत्पादन करने (multiply) की सामर्थ्य।

feeler—(L. *palpare*, to quiver) स्पर्श-तन्तु।

female—(L. *femina*, woman) मादा: नारी।

female pronucleus—नारी पुराष्टि: नारी पुरान्यूक्लियस।

femoral—(L. *femur*, thigh) जांघेय: जांघ-सम्बन्धी।

femur—(L. *femur*, thigh) फीमर: जंघास्थि: जांघ की हड्डी।

fenchone—(Ger. *fenchel*, fennel) फेन्चोन: $C_{10}H_{16}O$, एक कीटोन (ketone)।

fenestra—(L. *fenestra*, window) गवाक्ष; (१) किसी हड्डी या दो हड्डियों (bones) के बीच स्थित झिल्ली (membrane) या संयोजक ऊतक (connective tissue) से ढका हुआ स्थान (space)। (२) तिलचट्टा या कॉकरोच (cockroach) के सिर पर स्थित एक गड्ढा। (३) कीटों (insects) के पंखों (wings) में पारदर्शक (transparent) बिन्दु (spot)।

fenestrate—(L. *fenestra*, window) गवाक्षीय: गवाक्षित: झरोखेदार।

fenestrule—(*Dim.* of L. *fenestra*, window) लघु गवाक्ष: लघु विद्वार (opening)। पोलीजोआ निवह (Polyzean colony) की शाखाओं के बीच छोटे-छोटे गवाक्ष (openings)।

feral—(L. *fera*, wild animal) जंगली: वन्य।

ferment—(L. *fermentum*, ferment) खमीर: किण्व (रस)।

fermentation—(L. *fermentum*, ferment) किण्वन, निर्धान, खमीर उठाना: [illegible]। कार्बनिक पदार्थों का [illegible] (organisms) [illegible] बैक्टीरिया और यीस्ट (yeast) द्वारा [illegible] जैसे कवक (fungi) [illegible] के [illegible] द्वारा [illegible] (sugar) [illegible] एल्कोहल (ethyl alcohol) [illegible] (vinegar) [illegible]

ferruginous—(L. *ferruginus*, rusty) जंकोपम; लोहमय।

fertile—(L. *fertilis*, fertile) उत्पादनक्षम्य; उर्वर; जननक्षम्य। (१) सन्तति उत्पन्न करने की योग्यता या सामर्थ्य रखने वाला। (२) उपजाऊ। (३) फलद।

fertilisation—(L *fertilis*, fertile) निषेक; निषेचन; नर (male) और नारी (female) पुराष्टियों या प्राक्केन्द्रक (pronuclei) का संयोग (union)।

fertilised—(L. *fertilis*, fertile) निषिक्त; निषेचित।

fertility vitamin—टोकोफिरोल; विटामिन 'ई'।

fertilizin—(L. *fertilis*, fertile) फरटीलाइजिन; घुलनशील कलल पदार्थ जो कुछ अण्डे (eggs) उत्पन्न करते हैं और जिससे शुक्राणुओं का एकत्रीकरण तथा डिम्ब विभाजन आरम्भ होता है।

fetlock—(Icel. *fet*, step; *lokka*, tuft of hair) पेस्टर्न रोमगुच्छ; अश्व में पेस्टर्न सन्धि के पीछे पाया जाने वाला रोम गुच्छ।

fibre—(L. *fibra*, band) सूत्र; रेशा; तन्तु।

fibril, fibrillae—(L. *fibrilla*, small fibre) सूत्रिका; तंतुक।

fibrillate—(L. *fibrilla*, small fibre) सूत्रिका युक्त।

fibrin—(L. *fibra*, band) फाइब्रिन; रक्त का थक्का बनने के पश्चात् पाया जाने वाला अनघुलनशील प्रोटीन जिसका पाचन, आमाशयिक रस में सरलता एवं शीघ्रता से हो जाता है।

fibrinogen—(L. *fibra*, band; Gk. *genos*, descent) फाइब्रिनोजन; रक्त की घुलनशील प्रोटीन जो थ्रोमबिन की क्रियाशीलता से फाइब्रिन बनाकर रक्त का थक्का बनाती है।

fibroblast—(L. *fibra*, band; Gk. *blaskos*, band, फाइब्रोब्लास्ट; वन्धक ऊतक कोशिकायें जैसे फाइब्रोसाइट (fibrocyte) डेसमोसाइट (desmocyte) आदि।

fibro-cartilage—(L. *fibra*, band; *cartilago*, gristle) सूत्रोपास्थि।

fibrous—(L. *fibra*, band) सूत्री; सूत्रयुक्त; रेशेदार।

fibula—(L. *fibula*, buckle) फिबुला; पिण्डली (shin) की छोटी और बाहरी हड्डी; बहिर्जंघिका।

fibulare—(L. *fibula*, buckle) फिबुलर; अन्तःगुल्फिका; गुल्फ (tarsus) की समीपस्थ पंक्ति (proximal row) का बाहरी टूक या तत्व (element)।

field—(A. S *feld*, the open country) क्षेत्र; खेत; स्थान।

filament—(L. *filum*; thread) सूत्र; तन्तु।

filial cell—संतान कोशिका।

filial generation—संतति श्रेणी (पीढ़ी); संतानीय पीढ़ी।

filial regression—संतति परावर्तन; सतानीय प्रतिक्रमण; प्रमुख पितरों (outstanding parents) से उत्पन्न सन्तति (offspring) की अपने लक्षणों में जाति प्रकार (species) की सामान्य अवस्था (average) की ओर लौट जाने वाली प्रवृत्ति (tendency)।

filiation—वंशाग्र तत्व।

filicauline—(L. *filum*, thread; *candis*, stalk) सूत्रोपम स्तंभी।

filiciform, filicoid—(L. *filix*, fern; *forma*, shape; Gk. *eidos*, form, फर्नवत; फर्नोपम; फर्नसदृश; पर्णांगोपम; पर्णांग (फर्न) सदृश।

filicoid—पर्णांगाभ; फर्नाभ।

filiform—(L. *filum*, thread; *forma*, shape) सूत्राकार; सूत्रोपम; तंतु रूप।

filiform papillae—सूत्रोपम कूट।

filigerous—(L. *filum*, thread; *gerere*, to carry) सूत्रोपम कषी।

filippi's glands—फिलीपी ग्रन्थियाँ; वाहिनी युक्त युगल कोशेय ग्रन्थि (silk gland) जो चिक्कण (viscid) स्राव को कौशेय नलिकाओं में पहुँचाती हैं।

fillet—(L. *filum*, thread) श्वेत पदार्थ पट्ट (मस्तिष्क में)।

filoplume—(L *filum*, thread; *pluma*, feather) रोमपर्ण। बाल सरीखा पतला पर (feather) जिसका अक्ष (axis) लम्बा और अगले सिरे पर कुछ थोड़े तंत्रों (बार्बो-barbs) से युक्त होता है।

filopodia—(L. *filum*, thread; Gk. *pous*, foot) सूत्रास्थायी पाद; सूत्रपादाभ। कुछ एक कोशिकाओं (प्रोटोजोआ-protozoans) में पाए जाने वाले सूत्रोपम अस्थायी पाद (pseudopodia)।

filose—(L. *filum*, thread) सूत्राकार; तागे जैसा बारीक।

filter—passers निस्यंदन अंगी; ऐसे अंगी जो चालनी में से निकल जाते हैं जैसे वाइरस (virus)।

filterable virus—निस्पंदी वाइरस (विषाणु)।

filum terminale—सुषुम्नांत।

fimbria—(L *fimbria*, fringe) झल्लरी; कोई झालर नुमा (fringe-like) रचना (structure)।

fimbriated—(L *fimbria*, fringe) झालरदार; झल्लरी युक्त।

fin—(A. S. *finn*. fin) फिन; क्षेपणी।

finger—(A. S. *finger*) उँगली; अँगुली।

finials—(L. *finis*, end) अन्त्यास्थिक। कुमुदोपम-जन्तुओं (crinoids) में दूरस्थ शाखाओं (distal rami) के अस्थिक (ossicles) जो फिर विभक्त नहीं होते।

fin rays—क्षेपणी किरण; फिन की किरणें।

fish—(L *piscis*, fish) मत्स्य; मीन; मछली।

fissilingual—(L. *fissus*, cleft; *lingua*, tongue) द्विभक्त जिह्वी।

fission—(L *fissus*, cleft) भंजन। किसी एक कोशकीय (unicellular) जन्तु का दो या अधिक भागों में विभक्त होना।

fissiparous—(L. *fissus*, cleft; *parere*, to beget) भंजनोत्पादी। भंजन (fission) द्वारा उत्पादन (reproduction) करने वाला।

fissiped—(L. *fissus*, cleft, *pes*, foot) दीर्णपद। अर्थात् अंगुलियों (digits) में विभक्त चरण या पद (foot) वाला।

fissirostral—(L. *fissus* cleft; *rostrum*, beak) दीर्ण चञ्चु।

fissure—(L. *fissus*, cleft) दरार; दरण।

fistula—(L. *fistula*, pipe) प्रनालोपम; नालस्रोत; नाल व्रण; नालीदार (पाइप सदृश) जख्म।

fix, fixing—(L. *fixus*, fixed) दृढ़ करना; संस्थापन करना। सजीव ऊतकों (tissues) को किसी रासायनिक विधि (chemical method) से मार कर यथावत् रूप में स्थापित करना।

flabellate—(L. *flabellare*, to fan) व्यजनोपम;

flabelliform—(L. *flabellum*. fan; *forma*, shape) व्यजनोपम; व्यजनाकार।

flabellinerved—(L. *flabellum*, fan, *nervus*: sinew) किरणपातन; विकिरण पर्ण; अनेक विकिरण शिरायुक्त पर्ण।

flabellum—(L *flabellum*, fan) व्यजनिका।

flagellata—(L *flagellum*, whip) कशाधारी। कशाधारी (mastigophora) वर्ग (class) का एक गण (order)।

flagellate—(L *flagellum*, whip) कशी; कशाधारी।

flagelliform—(L *flagellum*, whip; *forma*, shape) कशोपम।

flagellula—(L. *flagellula*, dim. of flagellum, whip) कशारेणु; कशाधारी (flagellate) रेणुजन्तु (zoospore)।

flagellum—(L. *flagellum*, whip) कशा तन्त्र।

flame cells—लोलान्तकोष्ठ। कृमियों (worms) के विसर्जन संस्थान (excretory system) की शाखाओं (branches) के अन्तिम (terminal) कोशिका या सेल (cells) जिनका कोटर (cavity) नली (duct) के अन्तःस्थल (lumen) से मिला रहता है और इनके अन्दर एक तन्त्र (cilium) या तंत्र गुच्छ (bunch of cilia) रहता है। इन तंत्रों की गति (movement) दिये की बत्ती की तरह चंचल (लोलित) प्रतीत होती है।

flavescent—(L. *flancscere*, to turn yellow) पीला होते जाना।

flavin—(L. *flavus*, yellow) फ्लेविन। कोशिकों का पीला रंग।

flavoxanthin—(L. *flavus*, yellow; Gk. *xanthos*, yellow; फ्लेवोजैन्थिन; पीला रंजक पदार्थ, वनस्पतियों आदि में): $C_{40}H_{56}O_{3}$।

flatworms—पट्ट कृमि; पट्ट देही (जन्तु); फ्लैटवर्म।

flea—(A. S fleass) पिस्सू; पिल्ली।

flex—(L. *flectere*, to bend) मोड़ना; अवनमन करना।

flexor—(L. *flexus*, bent) अवनमक (पेशी); आकोचनी।

flexor plate नमन पट्ट; नमन प्लेट, कीटों में [illegible]

flexuous—(L. *flexus*, bent) अक्रामय वक्री; अक्रमिक घुमाव वाला ।

flexure—(L *flexus*, bent) गति; वक्रता; घुमाव ।

float—(A. S. *flota*, ship) प्लवन ।

floating ribs—उन्मुक्त या स्वतन्त्र पर्शुका ।

floccose—(L *floccus*, a lock of wool) गुम्फिकीय; लोमश; ऊन सदृश गुच्छों से ढका हुआ ।

floccular—(L *floccus*, lock of wool) गुम्फिका-; गुम्फिकीय; गुम्फिका-सम्बन्धी ।

flocculence—(L. *floccus*, lock of wool) पत्रक; फलक; संस्तर ।

flocculent—(L. *floccus*, lock of wool) ऊर्णी; लोमश; ऊर्ण गुच्छकीय ।

flocculus—(L. *floccus*, lock of wool) गुम्फिका । (१) सेरिबेलम (cerebellum) के प्रत्येक पार्श्वीय दल (lateral lobe) पर स्थित एक छोटा सा दल; (२) कुछ तनुपक्षों (hymenoptera) में पाया जाने वाला एक पिछला (posterior) बालदार (hairy) गुच्छा (tuft) ।

floccus—(L. *floccus*, lock of wool) पुच्छ गुम्फ; पूँछ के अन्तिम भाग (सिरे) पर स्थित बालों का गुच्छा । (२) रोम पक्ष (पक्षियों के बच्चों में) ।

flora—(L. *flos*, flower) वनस्पति समुदाय । किसी देश (country), क्षेत्र (area) या काल (period) की वनस्पतियाँ (पौधे) ।

floral—(L. *flos*, flower) (१) पुष्पीय; पुष्प । (२) वनस्पति समुदाय सम्बन्धी ।

florescence—(L. *florescence*, to begin to flower) पुष्पणकाल ।

floret—(L. *flos*, flower) पुष्पक; कम्पोजिटी पुष्प का एक फूल ।

floricome—(L. *flos*, flower, *coma*, hair) प्रसूनोपत्र (स्पीक्यूल); पुष्पिका (स्पीक्यूल); एक प्रकार का शाखीय षष्ट तारा (hexaster) स्पीक्यूल ।

florigen—(L. *flos*, flower; *gignere*, to produce) फ्लोरिजेन; पुष्प-हार्मोन; ऐसा हार्मोन (पादप पदार्थ) जो कलियों को पुष्प बनने हेतु प्रोत्साहित करता है ।

florigenic—(L *flos*, flower; *gignere*, to produce) फ्लोरिजेनिक: पत्तियों में पाया जाने वाला पदार्थ विशेष जो पौधे को पुष्प धारण करने हेतु उत्तेजित करता है ।

floscelle—(L. *flosculus*, little flower) प्रसून मुख । मुख के चारों ओर स्थित फूल नुमा बनावट शल्लियों (echinoids) में ।

floss—(O. F *flosche*, down) मृदुलोमी या कौशेय पदार्थ; कौशेय टूक (कोकून में) ।

flower—(L. *flos*, flower) पुष्प; प्रसून; फूल, पुष्प एक परिवर्तित प्ररोह; पर्ण प्ररोह (shoot) जो उत्पादन कार्यों के हेतु अनुकूलित होता है ।

fluctuating—दोलायमान; अनवस्थित ।

fluviatile—(L. *fluviatilis*, pert; river) नादेय; नदी-सम्बन्धी; सरितावासी । नदी में या नदी के आसपास रहने वाला ।

fluviomarine—(L. *fluvius*, stream; *mare*, sea) सागर सरिद्वासी ।

fluvioterrestial—(L. *fluvius*, stream; *terra*, land) सरिद्भौमिक; नदियों और उनके निकट की भूमि (land) में पाया जाने वाला ।

flux—(L. *fluere*, to flow) अस्थायी दशा; वह जाति (species) जो अभी तक स्थायी (stable) रूप में नहीं आई हैं ।

foetal—(L. *foetus*, offspring) भ्रौणिक ।

foetid glands—दुर्गन्ध ग्रन्थियाँ । छोटी थैलीनुमा (sac-like) ग्रंथियाँ (glands) जो दुर्गन्ध युक्त द्रव (ill smelling fluid) बनाती हैं [कुछ षटपादों (insects) में] ।

foetus—(L. *foetus*, offspring) भ्रूण । अण्डे (egg) या माता के (womb) गर्भ में स्थित शिशु ।

fold—(A. S. *fealdon*, to fold) भाँज; सिलवट; शिकन; फ्लेट; तह ।

foliaceous—(L. *falim*, leaf) पर्णोपम, पर्णाकार; पत्राकार; पर्णिल ।

folian process—(E. *folli or folius*, italion anatomist) फोलियन प्रवर्धन; जैसे—मेलियस (malleus) अस्थिक का अग्र प्रवर्धन (process) ।

foliar—(L. *folium*, leaf) पर्णी ।

foliate papiliae—पत्राकार कूट; पर्णिल पौपिला ।

foliobranchiate—(L. *folium* leaf; Gk. *brangchia*, gills) पर्णगिली; पत्र गिली; पत्ते जैसे गिल (gills) वाला ।

foliolae—(L. *folium*, leaf) पत्राभ: अंतगण्ड (टीलम-telum) के पत्ती सदृश अवयव या अनुबन्ध (appendages)।

foliolate—(L. *folium*, leaf, पत्रकांग (leaflet like): पत्रकांगी (having leaflets)।

foliose—(L. *folium*, leaf) बहुपत्री: बहुत सी पत्तियों वाला।

folium—(L. *folium*, leaf) फोलियम: सेरेबिलम (cerebellum) में एक चपटी रचना, जिसके पार्श्वीय भाग (lateral part) बढ़ कर ऊर्ध्व चन्द्रार्ध पालियें (superior semilunar lobules) बनाते हैं।

follicle—(L. *folliculus*, small sac) कोषक: कूप: गर्त: पुटक: डिम्ब (ovum) या रोम (hair) कूप।

follicular—(L. *folliculus*, small sac) कोषकीय: कोषक (follicle) सम्बन्धी।

folliculose—(L *folliculus*, small sac) कोषकीय: कूप गर्तकीय।

fontanelle—(F. *fontanelle*, little fountain) रन्ध्र: कलांतराल; कपाल (cranium) की अस्थियों में कला (membrane) युक्त या कला से ढके हुए रन्ध्र (gaps)।

fonticulus—(L. *fonticulus*, *dim. of fons*, fountain) (१) रन्ध्र: (२) स्टर्नम के अग्रछोर का गर्त: (३) जुगुलर भंग (notch)।

food vacuole—खाद्य कुण्डिका: खाद्य-रिक्तका: एक कोशिक (प्रोटोजोआ) में पाई जाने वाली कुण्डिका या रिक्तिका (vacuole) जिसमें द्रव और खाद्य पदार्थ होते हैं।

foot—(A S. *fot*, foot)

(१) पोषण-संरचना: संवहनी क्रिप्टोगैमी (vascular cryptogams) में भ्रूणिक संरचना (embryonic structure) जिसके द्वारा प्रोथैलस (prothallus) से पोषण पदार्थ लिए जाते हैं।

(२) उद्भिद आधारांश: मॉस (moss) के बीजाणु उद्भिद (sporophyte) का आधारिक भाग या आधारांश (basal portion)।

(३) चरण: पाद: पांव; गतिकारी अंग (जन्तुओं में), इकाईनोडर्मेटा में नलिका पाद (tube feet): कवची में मांसल पाद (muscular foot), अन्य जन्तुओं में चरण या पाद: कीटों में टारसस (tarsus)।

foramen—(L. *foramen*, opening) छिद्र: रन्ध्र छिद्र: बीजाण्ड (ovule) चोंचों का छेद।

foramen of monro—मनरो (एक वैज्ञानिक का नाम) का छिद्र।

foramen magnum—महाछिद्र: बृहद्छिद्र: फोरामन मैगनम।

foraminate (L. *foramen*, opening) रन्ध्र युक्त।

foraminiferous—(L. *faramen*, opening; *fere*, to carry) रन्ध्रधारी: छिद्रधारी।

forceps—(L. *forceps*, tongs) चिमटी: सदंशिका: नक-चूरी: मुकुटी।

forcipate—(L. *forceps*, tongs) सदंशिका कार: चिमटी सदृश।

forcipulate—(dim. of L. *forceps*, tongs) सदंशिका कार।

forearm—प्रकोष्ठ; कुहनी के नीचे वाला भाग।

fore brain—अग्र मस्तिष्क।

fore finger—तर्जनी।

fore gut—अग्रांत्र।

fore head—ललाट।

fore limb—अग्रपाद; अगला अवयव; अग्रिम अवयव।

fore spore—अग्रस्पोर: बैक्टीरिया में अन्तर्बीजाणु (endospore) की पूर्व स्थिति।

forfex—(L. *forfex*, sheers) फोरफेक्स: कीटों में एक युग्म गुदांगों का जो अनुबन्ध खुलने व बन्द होते हैं।

forficate—(L. *forfex*, sheers) भंग: गहरा कटा हुआ।

form—(L *forma*, shape) रूप: आकृति: आकार: शक्ल।

forma—(L *forma* shape) रूप इकाई: वनस्पति वर्गीकरण में सबसे छोटी इकाई (form)।

formation—(L. *forma*, shape) निर्माण: रचना: बनना।

formative (L *forma*, shape) निर्माण: निर्माणकारी।

formicarium—(L *formica*, ant) पिपीलिका गृह (कृत्रिम, जो अध्ययन हेतु निर्मित किया गया हो)।

formicated—(L. *fornicatus*, vaulted) मेहराबदार: मेहराबीय।

fornix—(L. *fornix*, vault) फॉर्निक्स; चापिका ।

fossa, fosse—(L *fossa*, ditch) खात; परिखात ।

fossette—(F. *fossette*, small from L. *fossa*, ditch) खातिका ।

fossil—(L. *fossilus* dug up) फॉसिल; जीवाश्म ।

fossiliferous—(L. *fossilus*, dug up; *ferre*, to carry) जीवाश्ममय ।

fossilification—(L *fossilus*, dug up) जीवाश्मी करण ।

fossorial—(L. *fossor*, digger) खननी ।

fossula—(*Dim.* of L *fossa*, ditch) लघुखात; लघुगर्त ।

fossulate—(*Dim* of L *fossa*, ditch) लघुखात युक्त; खातिकी ।

fossulet—(*Dim* of L. *fossa*, ditch) अपकर्षण; संकीर्ण पात ।

fovea—(L. *fovea*, depression) खात; खातिका; कोई छोटा गड्डा; खात (fossa) या अन्दर को दबा हुआ स्थल (depression). ।

fovea centralis (depression)—केन्द्र खातिका ।

foveate—(L. *fovea*, depression) खातिका युक्त ।

foveola—(L. *foveola*, small pit) अस्थि खातिका; किसी हड्डी में उथला (shallow) गढा ।

foveolate—(L. *foveola*, small pit) खातिका युक्त; अस्थि खातिकायें ।

fragmentation—(L. *frangere*, to break) खण्डता ।

free—(A. S. *freo*, acting at pleasure) अलग्न; युक्त ।

free central placentation—मुक्तस्तम्भीय बीजाण्ड-न्यास; इसमें बीजाण्ड (ovule) केन्द्रीय अक्ष के चारों ओर विकसित होते हैं ।

free living—(A. S. *fero*, acting at pleasure) मुक्त जीवी ।

free-martin—फ्रीमार्टिन (जुड़वाँ); बन्धय मादा का नर के साथ जुड़वाँ होना ।

freely movable—उनमुक्तगामी (–चर) ।

free swimming—मुक्त प्लावी ।

frenate—(L. *frenum*, bridle) प्रग्रही; फ्रेनुलम युक्त ।

frenulum—(L. *frenulum*, dim. of *frenum*, bridle) फ्रेनुलम ।

frenum—(L. *grenum*, bridle) फ्रीनम ।

freshwater—असामुद्रिक जल; स्वच्छ जल; सरिता जल ।

frog—मण्डूक; मेंढक ।

frond—(L *frons*, leafy branch) फ्रौंड; (१) फर्न या ताड (palm) की पत्ती विशेष; (२) कुछ समुद्री शैवाल (सी-वीड्स sea-weeds) का थैलस (thallus) ।

frondescence—(L. *frondescere*, to put forth leaves) पर्ण वर्धन; पत्तियों का परिवर्धन (विकास) ।

frons—(L. *frons*, forehead) ललाटिका ।

frontal—(L. *frons*, forehead) ललाट; ललाट-सम्बन्धी; मस्तिष्कीय ।

frontal bone—ललाटास्थि ।

frontal lobe—ललाट-दल ।

frontal pole—ललाट-ध्रुव ।

frontal section—पटलम्ब कर्तन (काट) ।

frontal sinus—ललाट-कुल्या ।

frontocarebellar fibres—ललाट-प्रमस्तिष्कीय सूत्र ।

frontoclypeus—(L. *frons*, forehead; *clypeus*, shield) ललाटिका-क्लिपियस । ललाटिका (frons) और क्लाईपियस (clypeus) संगलित (fused) (कीटों-insects में) ।

fronto-ethmoidal—फ्रन्टल-इथमोइडल (सेवनी); ललाट-झर्झरास्थि सम्बन्धी ।

fronto-nasal—(L. *frons*, forehead; *nasus*, nose) ललाट-नासीय; ललाट और नासा क्षेत्र से सम्बन्धित (नलिकायें और प्रवर्ध) ।

fronto sphierioidal—(L. *frons*, forehead; Gk. *sphen*, wedge, *eidos*, form) ललाट स्फीनोइडल; जाइगोमैटिक अस्थि का एक प्रवर्धन जो फ्रन्टल (frontal) से जुड़ता है ।

fructiferous—फलधारी ।

fructification—(L. *fructus*, fruit; *facere*, to make) फलन ।

fructose—(L. *fructus*, fruit) फल-शर्करा ।

frugivorous—(L. *frux*, fruit; *vorare*, to devour) फलाहारी ।

fruit—(F. *fruit*, from L. *fructuos*, fruit) फल; पौधे की निषिक्त एवं विकसित डिम्बाशय (ovary) ।

frustule—(L. *frustulum*, small fragment) फ्रस्ट्यूल; डायएटम (diatom) का द्विकँचची कर्पर तथा प्रोटोप्लाज्म।

frutescent—(L. *frutex*, shrub) झाड़ीनुमा; क्षुपोपम।

frutex—(L. *frutex*, shrub) झाड़ी; क्षुप।

fruticose—(L. *frutex*, shrub) क्षुपिल।

fruticulose—(L. *frutex*, shrub) लघु झाड़ी सदृश; लघु क्षुपोपम; क्षुपादि; क्षुपिका सम।

fucivorous—(L. *fucus*, rock lichen; *vorere*, to devour) समुद्रकुतृण हारी।

fucoid—(L. *fucus*, rock lichen: Gk. *eidos*, form) समुद्री शैवालोपम।

fucosam—(L. *fucus*, rock lichen) फ्यूकोसन: कार्बन समीकरण का उत्पाद (भूरे समुद्री शैवाल में)।

fucoxanthin—(L. *fucus*, rock lichen; Gk. *xanthos*, yellow) फ्यूकोजैन्थिन; समुद्री शैवाल का पीला रंज्य पदार्थ।

fugacious—(L. *fugax*, swift) आशुपाती, शीघ्र गिर जाने वाले।

fulcral—(L. *fulcrum*, support) आलम्बी: फल्क्रम: सहायी। हाइमेनोप्ट्रा (Hymenoptera) में शूकिकाओं (stylets) की गति को सहारा देने वाली त्रिकोणक प्लेटें।

fulcrate—(L. *fulcrum*, support) फल्क्रम युक्त; आलम्बी।

fulcrum—(L. *fulcrum*, support) फल्क्रम: आलम्ब।

function—(L. *functus*, performed) कार्य: व्यापार: व्यवसाय: प्रकार्य: अभिलक्षक।

functional—(L. *functus*, performed) (१) कार्य या व्यापार सम्बन्धी: कार्यकारी। (२) सार्थक।

functionless vestiges—कार्यहीन अवशिष्ट।

fundatrix—(L. *fundere*, to produce) जननी माता। नये जन्तु-मण्डल (colony) को अण्ड स्थापन (oviposition) द्वारा स्थापित करने वाली माता।

fundiform—(L. *funda*, sling: *forma*, shape) गोफना कार।

fundus—(L. *fundus*, bottom) फंडस, अधस्तल, जैसे आमाशय (stomach) मूत्राशय (urinary bladder) आदि में।

fundus uteri—गर्भाशय-मूल।

fungicidal—कवकनाशी।

fungicolous—(L. *fungus*, mush room: *colere*, to inhabit) फफूँदवासी: कवकवासी।

fungiform—(L. *fungus*, mush room: *forma*, shape) कवकवत्; कवकोपम: कवक सदृश।

fungine—(L. *fungus*, mush room) फुन्जाइन: कवक की कोशिका भित्ति बनाने वाला काइटिन पदार्थ।

fungistatic—(L. *fungus*, mush room: Gk. *statikos*, causing to stand) कवकावरोधक।

fungivorous—(L. *fungus*, mush room, *vorare*, to devour) कवक भोजी।

fungous—(L. *fungus*, mush room) कवकोपम।

funicle—(L. *funiculus*, small cord) रज्जुका: बीजाण्ड वृन्त।

funicular—(L. *funiculus*, small cord) रज्जुकाभ: रज्जुका; रज्जुका सम्बन्धी; बीजाण्ड वृन्ती।

funiculus—(L. *funiculus*, small cord) रज्जुका; सुषुम्ना के श्वेत पदार्थ का कोई एक अधरीय, पार्श्वीय या पृष्ठीय स्तम्भ।

funnel—(L. *fundibulum*, funnel) कीप।

funnel form—कीपाकार।

furca—(L. *furca*, fork) फर्का; कीटों (insects) में पाई जाने वाली रचना विशेष; द्विशिखा।

furcal—(L. *furca*, fork) फर्का युक्त; नासीय तंत्रिका।

furcate—(L. *furca*, fork) अवशाखित।

furciferous—(L. *furca*, fork; *ferre*, to carry) दीर्घाङ्गी; घिरे हुए अवयव (forked appendage) वाला (कीट–insect)।

furcula—(L. *furcula*, dim of *furca*, fork) फर्कुला: विशाख।

fur—(O. Fr *forre*, sheath) समूर: लोम।

fuscin—(L. *fuscus*, tawny) धूम्रिन, रेटीना अभिरंजक का भूरा वर्ण।

fuscan—(F *fuseau*, from L. *fusus*, spindle) तर्कु सम आकृति।

fused—(L. *fundere*, to melt) संगलित: संलग्न।

fusi—(L. *fuscus*, spindle) वायक; मकड़ियों (spiders) में पाये जाने वाले संकुचन शील (retractile) प्रवर्धन (process) जो तागे (threads) बनाते हैं।

fusiform—(L. *fuscus*, spindle; *forma*, shape) तर्कुटाकार; तर्करूप।

fusion—संलय; विलयन।

fusion nucleus—संलयाष्टि; संयुक्त न्यूक्लियस।

fusulae—(*Dim.* of L. *fusus*, spindle) गड़ारी; सूक्ष्म तर्कु; वायन ग्रन्थि (spinneret) की गड़ारी (तागा लपेटने वाली)।

G

Galactose—(Gk. *gala*, milk) गैलेक्टोज: दुग्ध क्षोभक; दूध में पाया जाने वाला ट्रिपसिन (trypsin) समान क्षोभक रस (enzyme)।

galactin—(Gk. *gala*, milk) गैलेक्टीन: दुग्धोद्दीपक।

galactoblast—(Gk *gala*, milk; *blastos*, bud) दुग्धज; वसायुक्त ग्लोब्यूल (गोलिका)।

galactophorous—(Gk. *gala*, milk; *pherein*, to carry) दुग्धधारी: दुग्धवाहिनी।

galactose—(Gk. *gala*, milk) दुग्ध शर्करा: गैलेक्टोस।

galactosis—(Gk. *gala*, milk) दुग्ध स्राव; दुग्ध स्रवण।

galactotropic—(Gk. *gala*, milk; *tripe*, turn) दुग्धस्रावक (हार्मोन) जैसे प्रोलेक्टिन।

galbulus—(L. *galbulus*, cypress nut) गाल्ब्युलस; मांसल शंकु। मांसल शल्क युक्त परिवर्तित शंकु जैसे साइप्रस (cypress) पौधों में।

galea—(L. *galea*, helmet) उष्णीष; गैलिया; शिरस्त्राणाकार दल (पंखुड़ी)।

galeate—(L. *galea*, helmet) उष्णीषाकार: उष्णीषोपम; उष्णीष-युक्त: औष्णीषिक।

gall—(A. S. *gealla*, gall) पित्त; यकृत्-स्राव; पिटिका; माधु; स्राविक जमाव।

gall-bladder—पित्ताशय।

galloxanthin—(L *gallus*, cock; Gk. *xanthos*, yellow) कुक्कुट पीनक; गैलोजेन्थिन: कुक्कुट के रेटीना शंकु से सम्बन्धित कैरोटिनोइड रंज्य (वर्ण)।

galvanotaxis, galvanotropism—(L. *galvani*, italian physiologist) विद्युत्ज वृत्ति।

gametal—(Gk. *gametes*, spouse) जन्यु–; जन्यु सम्बन्धी: जन्यु का।

gametangium—(Gk. *gametes*, spouse; *anggeion*, vessel) युग्मकधानी; गैमिटैन्जियम; लैंगिक कोशिका उत्पन्न करने वाली रचना।

gametes—(Gk. *gametes*, spouse) जन्यु; जननाणु; निषेकांणु; गैमीट्स (युग्मक)। वह उत्पादन कोशिका जिसका न्यूक्लियस दूसरे गैमीट (युग्मक) के न्यूक्लियस के साथ संयोग कर जाइगोट (युग्मनज) बनाता है और जो वर्धित होकर नवीन व्यक्ति का रूप लेता है। ये मादा युग्मक (डिम्ब) और नर युग्मक (शुक्राणु) होते हैं। यह संलयित होकर युग्मनज (जाइगोट) बनाते हैं। कुछ जन्तु और पौधे ऐसा युग्मक (जो मादा होता है) बनाते हैं जो बिना निषेक के (जैसे अनिषेक जनन–parthenogenesis) में नवीन व्यक्ति वर्धित हो जाते हैं। ऐसे युग्मक दुगुणित (diploid) होते हैं।

gametic—(Gk, *gametes*, spouse) जान्यव; जान्यविक; युग्मकी।

gametids—(Gk. *gametes*, spouse) प्रजन्युज; प्रमुख जन्युज जो जन्यु (gametes) बन जाता है।

gametoblast—(Gk. *gametes*, spouse; *blastos*, bud) जन्युज।

gametocyst—Gk *gametes*, spouse; *kystis*, bladder) जन्यु कोषिका।

gametocyte—(Gk. *gametes*, spouse; *kytos*, hollow) जनन कोषिका; जन्यु मातृ कोषिका; युग्मक जनक।

gametogenic—(Gk. *gametes*, spouse; *genos*, descent) स्वविभिन्नतायें; युग्मक के गुण सूत्रों के स्वपरिवर्तनों से आने वाली विभिन्नतायें।

gametogenesis—(Gk. *gametes*, spouse; *genos*, descent) जन्युजनन; युग्मक जनन।

gametogonium—(Gk *gametes*, spouse; *gonos*, offspring) जन्युजः जन्युमातृ कोशिका; युग्मक जननी।

gametokinetic—(Gk. *gametes*, spouse; *kinein*, to move) युग्मक उत्तेजक।

gametophore—(Gk. *gametes*, spouse; *pherein*, to bear) युग्मकधारी; युग्मकधर।

gametophyll—(Gk. *gametes*, spouse; *phyllon*, leaf) जननांगी पर्ण; परिवर्तित पर्ण (पत्ती) जो लैंगिक अंगों को धारण करें; लघु बीजाणु पर्ण (microsporophyll) or गुरु बीजाणु पर्ण (macrosporophyll)।

gametophyte—(Gk. *gametes*, spouse; *phyton*, plant) युग्मकोद्भिद् : (१) पौधों की लैंगिक संतति; (२) पराग-कण और भ्रूण-कोष (embryo-sac); (३) एकाकी सूत्र-स्थिति (haplophase)।

gamic—(Gk. *gamos*, marriage) निषिक्त।

gamobium—(Gk. *gamos*, marriage: *bios*, life) लिङ्गोत्पत्तिक; उत्पत्ति विपर्यय (alternation of generations) में लिंगी संततियाँ (sexual generations)।

gamocyst—(Gk. *gamos*, marriage; *kystis*, bladder) जन्युसिस्ट; जन्यु कोषिका; डिम्ब कोषिका।

gamodeme—(Gk. *gamos*, marriage; *demos*, people) गैमोडेम; गैमोडीमः एक डीम द्वारा पृथक संकरज (intrabreeding) समूह (community) निर्माण।

gamodesmic—(Gk. *gamos* marriage; *desma*, bond) संलयित संवहन-वंडली (पूली)।

gamogastrous—(Gk. *gamos*, marriage; *gaster*, belly) युक्ताण्डाशयी, ऐसा स्त्री केसर जो डिम्बाशयों की संयुक्तता से बना हो परन्तु वर्तिका (style) और वर्तिकाग्र (stigmata) स्वतन्त्र हों।

gamogenesis—(Gk *gamos*, marriage: *genesis*, descent) लिङ्गी उत्पादन (*sexual reproduction*)।

gamogenetic—(Gk. *gamos*, marriage: *genesis*, descent) लैङ्गिक: लिङ्गी।

gamogony—(Gk. *gamos*, marriage; *gone*, descent) [illegible] या रेणुत्पादन [illegible] (स्पोरोज़ोआ) में।

gamont—(Gk. *gamos*, marriage; *on*, being) गैमॉन्टः स्पोरोन्ट।

gamopetalous—(Gk. *gamos*, marriage; *petalon*: petal) संयुक्तदली।

[देखिये—sympetalous संयुक्तदली]

gamophase—(Gk. *gamos*, marriage: *phasis*, aspect) संयुक्त स्थितिः जीवन चक्र की अर्ध-सूत्री स्थिति; एकाकी सूत्र स्थिति (haplophase)।

[देखिये—zygophase युग्म सूत्र स्थिति]

gamophyllous—(Gk. *gamos*, marriage; *phyllon*, leaf) संयुक्त परिदली (perianth)।

[देखिये—*monophyllus* एकदली]

gamosepalous—(Gk. *gamos*, marriage; F. *sepale*, sepal) संयुक्त बाह्यदलीः एक बाह्यदली।

gamostele—(Gk. *gamos*, marriage; *stele*, pillar) संयुक्त रंभः कई रंभों (steles) से बना एक रंभ (stele)।

gamostelic—(Gk. *gamos*, marriage: *stele*, pillar) संयुक्त रंभी।

gamostely—(Gk. *gamos*, marriage; *stele*, pillar) संयुक्त रंभक; बहुरंभी तनों का ऐसा विन्यास जिनमें पृथक रंभ आपस में मिले हों तथा परिरंभ (pericycle) और अन्तः चर्म (endodermis) से घिरे हों।

gamotropism—(Gk. *gamos*, union: *trope*, turn) जन्युकर्षिणी वृत्ति; जन्यु (gametes) के परस्पर आकर्षण होने की प्रवृत्ति (tendency)।

gangliar—(Gk. *ganglion*, little tumour) गाण्डिक; गैंगलियरः गण्डीयः गण्ड—; गण्ड (ganglion) या गुण्डिका सम्बन्धी।

gangliate—(Gk *ganglion*, little tumour) गैंगलियेटः गण्डः गण्ड-युक्तः गुण्डिका युक्त।

gangliform—(Gk. *ganglion*, little tumour) गैंगलिफॉर्मः गण्डाकारः [illegible] गुण्डिकारूप।

ganglioblast—(Gk. *ganglion*, little tumour) गैंगलियोब्लास्टः [illegible] गण्ड या गुण्डिका मातृ कोशिका।

ganglioeyte—(Gk. *ganglion*, little tumour) गैंगलियोसाइटः गण्ड गुण्डिका कोशिका [illegible] तंत्र (central nervous system) के बाहर स्थित गण्ड-कोशिका।

ganglioid—(Gk. *gangglion*, little tumour) गैंगलियोइड; गण्डाकार; गण्डोपम; गुच्छिकासम ।

ganglion – (Gk. *ganglion*, little tumour) गैंगलिऑन; गुच्छिका, गैंगलियन; तंत्रिका-उपकेन्द्र; तंत्रिका कोशिकाओं (nerve cells) का पुंज (mass) जिससे तंत्रिका सूत्र (nerve fibres) निकलते हैं ।

ganglionated—(Gk. *gangglion*, little tumour) गैंगलियोनेटड; गण्डमय; गण्ड या गुच्छिका युक्त ।

ganglioneural —(Gk. *gangglion*, tittle tumour) गैंगलियो-न्यूरल; तंत्रिका-गैंगलिया सम्बन्धी; ऐसा तंत्रिका तंत्र जिसमें गैंगलिया (ganglia) की श्रेणी (series) तंत्रिका सूत्रों (nerve strands) से जुड़ी रहती है ।

ganglioneuron—(Gk. *gengglion*, little tumour) गैंगलिया-तंत्रिका कोशिका ।

ganglionic—(Gk. *gangglion*, little tumour) गुच्छिका–; गाण्डिक; गण्डीय; गण्ड सम्बन्धी ।

ganglioplexus—(Gk. *gangglion* little tumour) गैंगलिया जाल; प्रसारित गैंगलिया (diffuse ganglion) ।

ganoblast—(Gk. *ganos*, sheen, *blastos*, bud) इनैमलकोरक (ameloblast) ।

ganoid—(Gk. *ganos*, sheen; *eidos*, form) गैनॉइड; एक प्रकार की मछलियों के शल्क (scales) ।

ganoine—(Gk. *ganos*, sheen) गनोइन ।

gape—(A. S. *geapan*, to open wide) जम्भ; जंभ; मुँह या मुख का फैलाव; पक्षी, मछली, आदि में खुले हुए जबड़ों के बीच की दूरी ।

gas gland—वाति ग्रन्थि; मछलियों के वायु कोष का ग्रन्थिमय (glandular) भाग ।

gasserian ganglion—(J. L. *gasser*, german anatomist) गसेरियन गैंगलिया; गसेरियन गण्ड ।

gasteromycetous—(Gk. *gaster*, stomach; *mykes*, mushroom) गैस्टीरोमाइसिटस; ऐसे स्पोर युक्त जो स्पोरधानी के बाह्यचोल (peridium) के अन्दर केन्द्रीय भाग (gleba) से बना हो ।

gastraea—(Gk. *gaster*, stomach) द्विस्तर जन्तु । एक काल्पनिक (hypothetical) द्विस्तर (gastrula) भ्रूण सदृश जन्तु । हेकल (haeckal) वैज्ञानिक के मतानुसार बहुकोशिकीय जन्तुओं का पूर्वज ।

gastraeum—(Gk. *gaster*, stomach) (शरीर का) अधरतल ।

gastral—(Gk. *gaster*, stomach) जठरीय; आमाशयिक; आमाशय सम्बन्धी ।

gastralia—(Gk. *gaster*, stomach) (१) उदर पर्शुका । (२) आमाशय दृढ़ा; षट किरणियों (hexactinellida) की आमाशयिक झिल्ली (gastral membrane) में पाये जाने वाले सूक्ष्मदृढ़ा (microscleres) ।

gastric—(Gk. *gaster*, stomach) जठरीय; आमाशयी; आमाशयिक; आमाशय–; आमाशय सम्बन्धी ।

gastric gland—आमाशय ग्रन्थि; जठर ग्रन्थि ।

gastrine—(Gk. *gaster*, stomach) गैसट्रीन; आमाशयोद्दीपक । वह उद्दीपक रस (hormone) जो आमाशयिक श्लैष्मिक झिल्ली (gastric mucous membrane) पर थूक से उत्पन्न पदार्थों के प्रभाव से बनता है ।

gastrocentrous—(Gk. *gaster*, stomach; *kentron*, centre) उदर केन्द्रीय (कशेरू) ।

gastrocnemius—(Gk. *gaster*, stomach; *kneme*, tibia) गैस्ट्रॉनिमियस; पिण्डली की एक बड़ी मांस पेशी ।

gastrocoel—(Gk. *gaster*, stomach; *koilos*, hollow) पुरान्त्र । [देखिये–archentron]

gastrocolic—(Gk. *gaster*, stomach; *kolon*, gut) आमाशय शोषणान्त्रिक; आमाशय (stomach) और शोषणांत्र (colon) सम्बन्धी ।

gastrocutaneous—(Gk. *gaster*, stomach; L. *cutis*, skin) आमाशय-त्वकी; अर्धपृष्ठ दण्डियों (hemichorda) में अन्त्र (intestine) से सतह तक पाये जाने वाले छिद्र ।

gastrocystis—(Gk. *gaster*, stomach; *kystis*, bladder) जनन कोषिका ।

gastrodermis—(Gk. *gaster*, stomach; *derma*, skin) गैस्ट्रोडर्मिस; जठरचर्म; आंत्र चर्म ।

gastroduodenal—(Gk. *gaster*, stomach L *duodeni*, twelve each) आमाशय-पक्वाशयी; आमाशय (stomach) और पक्वाशय (duodenum) सम्बन्धी ।

gastrointestinal—(Gk. *gaster*, stomach; L. *intus*, within) जठरांत्र; आमाशयान्त्रिक; आमाशय (stomach) और अंत्र (intestine) सम्बन्धी ।

gastrolienal—(Gk. *gaster*, stomach; L. *lien*, spleen) आमाशयप्लैहिक; आमाशय (stomach) और प्लीहा (spleen) सम्बन्धी ।

gastrolith—(Gk. *gaster*, stomach; *lithos*, stone) चर्वाशयोपल; चर्वाशयोर्ध्व खरिककण; क्रस्टेशिया (केकड़ा वंशियों) में चर्वाशय (gizard) के दोनों ओर खोल बदलने (ecdysis) से पहले पाया जाने वाला खरिक पदार्थ (calcareous matter) का पुंज (mass) ।

gastroparietal—(Gk. *gaster*; stomach; L. *paries*, wall) आमाशय देह भित्तिक । आमाशय (stomach) और देह भित्ति (body wall) सम्बन्धी ।

gastrophrenic—(Gk. *gaster*, stomach; *phren*, midriff) आमाशय–प्राचीरिक । आमाशय (stomach) और मध्य प्राचीर (diaphragm) सम्बन्धी ।

gastropod—(Gk. *gaster*, stomach; *pous*, foot) गैस्ट्रोपोड; सूपीपाद । एक प्रकार के मोलस्क या कवचधारी (molluscs) ।

gastropores—(Gk. *gaster*, stomach; *poros*, channel) गुह छिद्र; मुकुल कोरल (hydroid corals) के बड़े छिद्र जिनसे पोषक तत्व लिए जाते हैं ।

gastropulmonary—(Gk. *gaster*, stomach; L. *pulmo*, lung) आमाशयफुप्फुसीय; आमाशय (stomach) और फुप्फुस (lung) सम्बन्धी ।

gastrosplenic—(Gk. *gaster*, stomach; *splen*, spleen) आमाशय प्लैहिक । आमाशय (stomach) और प्लीहा (spleen) सम्बन्धी ।

gastrostege—(Gk. *gaster*, stomach; *stege*, roof) गैस्ट्रोस्टीज; अधर शल्क (साँपों आदि में) ।

gastrovascular—(Gk. *gaster*, stomach; *vasculum*, small vessel) परिवहकपाचन, पाचन संवहनी; (ऐसी नलिकाएँ) जो पाचन (digestive) तथा परिसंचरण (circulatory) दोनों व्यापार (functions) करती हैं जैसी कि कुछ सीलेन्टरेटों (coelenterata) में पाई जाती हैं ।

gastrozooid—(Gk. *gaster*, stomach; *zoon*, animal; *eidos*, form) पाचन जुइड; गैस्ट्रोजोआइड ।

gastrula—(Gk. *gaster*, stomach) गैस्ट्रुला; द्विस्तर, द्विस्तर भ्रूण ।

gastrulation—(Gk. *gaster*, stomach) द्विस्तर-निर्माण; गैस्ट्रुला-भवन; एक स्तर (blastula) अवस्था से द्विस्तर (gastrula) का बनना । भ्रूण वर्धन में विदलन काल (cleavage period) के अन्त होने पर कोशिकाओं का निश्चित स्थान में आना जिससे भावी आंतरिक अंगों का निर्माण होता है । सम्भावित आंतरिक अंगों का द्विस्तरीकरण दो कोशिका स्तरों—अन्तः चर्म (endoderm) और मध्य चर्म (mesoderm) में अधिक होता है । बाह्य चर्म जो भावी बाह्य स्तर होता है और जो भविष्य में तंत्रिका तंत्र को जन्म देता है पुनर्व्यवस्थित होकर आंतरिक स्थान ले लेता है ।

geitonogamy—(Gk. *geiton*, neighbour; *gamos*, marriage) सपादपी इतर-परागण; सजात पुष्पी परागण; उसी पौधे के दूसरे फूल से निषिक्त होना ।

gelatine—(L. *gelare*, to congeal) जिलेटिन; श्लिपि । पशुओं के ऊतक (टिशू) से प्राप्त निरगन्ध सरेससम पदार्थ ।

gelatinous—(L. *gelare*, to congeal) जिलेटिनी; श्लेषी; श्लिपिवत् (सम); जिलेटिन जैसा ।

geminate—(L. *gemini*, twins) युग्मी; युग्म (pairs) में उगने वाला ।

[देखिये—binate युग्मी—दो पत्तों में बनी पत्ती]

gemini—(L. *gemini*, twins) मिथुन; जेमिनाइ; [illegible] द्वियुग्मी ।

geminiflorous—(L. *gemini*, twins; *flos*, flower) युग्मपुष्पी; ऐसा पौधा जिसमें फूल युग्मों में लगे होते हैं ।

gemma—(L. *gemma*, bud) जेमा, [illegible] । पौधे (plant) या जन्तु (animal) के शरीर पर बनने वाली कली (bud) या उद्वर्ध (outgrowth) जो नये पौधे या जन्तु के रूप में परिवर्तित हो जाती है ।

gemmaceous—(L. *gemma*, bud) उद्वर्ध [illegible] सम्बन्धी ।

gemmate—(L. *gemma*, bud) उद्वर्धी [illegible] ।

gemmation—(L. *gemma*, bud) [illegible] जिसके द्वारा पौधे या जन्तु के [illegible]

gemmiferous—(L. *gemma*, bud; *ferre*, to bear) कलिकाधारी।

gemmiform—(L. *gemma*, bud: *forma*, shape) कलिकोपम; कलिकाकार।

gemmiparous—(L. *gemma*, bud; *parere*, to produce) कलिकोत्पादी; कलिकोत्पादनशील।

gemmulation—(L. *gemmula*, little bud) दाय कण निर्माण; जेम्यूल निर्माण।

gemmule—(L. *gemmula*, little bud) जेम्यूल; दायकण। [देखिये–pangenesis]

gena—(L. *gena*, cheek) जीना; कपोल; कपोलिका। कीटों (insects) के सिर का अग्र पार्श्वीय (antero-lateral) भाग।

genal—(L. *gena*, cheek) कपोलिका सम्बन्धी; कपोलक; ट्राइलोबाइट्स (trilobites) का आनन से बनी तथा कपोल कोण।

genes—(Gk. *genos*, birth) जीन; परम्परा कण; क्रोमोसोम के अन्तर्गत विद्यमान वंश परम्परा (heredity) निर्धारित करने वाली इकाइयाँ। **जीन की परिभाषा**—**जीन** (gene) की कार्यकी इकाई **समपार या सिस्ट्रोन** (cistron) होती है। यह वह डी **एन ए** की लम्बाई होती है जो **आर एन ए** बनाती हैं, और यह **आर एन ए** विशिष्ट पोलीपेप्टाइड श्रृंखला (polypeptide chain) का निर्माण करती है, जिससे कोशिका या जीव की आर्थिक व्यवस्था सम्पन्न होती है। अतः जीन **गुण सूत्र** (क्रोमोसोम) की एक छोटी लम्बाई होती है जो विशिष्ट लक्षणों के समुदाय को मुख्यतया प्रभावित करती है। यह गुण सूत्र की लम्बाई तथा लक्षणों का समुदाय एक इकाई बनाते हैं क्योंकि डी **एन ए** की लम्बाई के अन्दर जो भी **उत्परिवर्तन** (mutation) होता है वह समस्त लक्षण समुदाय को प्रभावित करता है। **डी एन ए** के अन्दर इस प्रकार की कार्यकी इकाई इस कारण होती है कि प्रत्येक जीन एक बड़े संरचन जीन से सम्बन्धित होता है जिससे प्रोटीन संश्लेषण में ठीक एक प्रकार के **अमीनो अम्ल** (amino acid) द्वारा एक विशिष्ट पोलीपेप्टाइड श्रृंखला ही बनती है। जीन का डी **एन ए** कई भिन्न जीन का बना होता है। वर्धन में प्रत्येक जीन बराबर पुनरावृत्ति करता है और जब जीन में उत्परिवर्तन आ जाता है तब इसकी बदली हुई आकृति पुनः पूर्व की तरह पुनरावृत्ति करती है और यदि यह एक संरचन जीन होता है तो इससे एक प्रोटीन बनता है जिसमें अमीनो अम्ल (amino acid) का अनुक्रम बदला हुआ होता है। इस प्रकार उत्परिवर्तित जीन और आदि रूपक जीन एक दूसरे के **विकल्पी** (एलील) होते हैं।

जीन एक आनुवंशिक कारक (hereditory factor)—

कुल सम्बन्धी जीवों में पाई जाने वाली समानता अधिकतर समान वंशागत पदार्थ होने के कारण होती है। यह वंशागत पदार्थ जटिल विविध रूपक अपनी शुद्ध प्रतियाँ देने वाला होता है और यह पितृ से पुत्र में पहुँचता है। यह पदार्थ अत्यन्त स्थिर लक्षणों वाला होता है और जीव के हर पहलू पर अपना प्रभाव रखता है। प्रत्येक व्यक्ति अपना जीवन इस पदार्थ से आरम्भ करता है जो एक या दो पितृ से प्राप्त होता है। बहुकोशिकीय में पश्चातवर्ती वर्धन तथा अन्य में उत्पादन द्वारा यह पदार्थ बारम्बार अनुलिपि होता है, इसे **पुनरावृत्ति** (replication) प्रक्रिया कहा जाता है, यही कारण है कि कुल सम्बन्धित व्यक्तियों में समानता होती है।

इस शताब्दी की सबसे बड़ी खोज यह मानी जाती है कि वंशागति पदार्थ (material of inheritance) न्यूक्लियिक अम्ल (nucleic acid) है। अधिकांश में यह **डिआक्सीरोन्यूक्लियिक अम्ल** (डी एन ए) होता है। कुछ वाइरस आदि में **रिबोन्यूक्लियिक अम्ल** (आर एन ए) होता है। पौधों और जन्तुओं में **डी एन ए**, न्यूक्लियस (केन्द्रक) के सूत्राम क्रोमोसोमों (गुण सूत्रों) में होता है, यद्यपि यह कुछ साइटोप्लाज्मिक संरचनाओं में भी पाया जाता है जिनमें प्रोटीन होता है। बैक्टीरिया में क्रोमोसोम सीधा सरल एक लम्बे **डी एन ए** सूत्र का होता है।

genecology—(Gk. *genos*, descent; *oikos*, household; *logos*, discourse) आनुवंशिक परिस्थिति की।

Gene's organ—जेनी का अंग। जेनी एक इटालियन वैज्ञानिक का नाम। किलीलियों (ticks) में पाई जाने वाली ग्रन्थि विशेष जिससे चिपचिपा पदार्थ स्राव होता है और जो अण्डों को पृष्ठतल पर रखने के काम आता है।

genealogy—(Gk. *genos*, descent) वंश विज्ञान; वंश की; वंशक्रम; वंश श्रेणी परम्परा (वृक्ष)।

genera—(L. *genus*, race) जीनसः वंश।

[देखिये—genus]

generalised—(L. *generails*, of one kind) सामान्यीकृत; सामान्यीभूत [तुलना के लिये specialised]।

generation—(L. *generatis*, reproduction) (१) पीढ़ी: वंश; श्रेणी (२) उत्पत्ति।

generations, alternation of—उत्पत्ति-विपर्यय। किसी जन्तु के जीवन में लिङ्गी (sexual) और निर्लिङ्गी (asexual) दो प्रकार की श्रेणियों (generations) का क्रमशः विद्यमान होना।

generation, first filial—प्रथम संतति श्रेणी (पीढ़ी)।

generation of teeth—दन्त श्रेणी।

generative—(L. *generare*, to beget) जनन—: जनन सम्बन्धी।

generative organs—जननेन्द्रियां।

generic—(L. *genus*, race) जातिक: जाति सम्बन्धी।

generitype—(Gk. *genus*, race: *typus*, image) आदर्श प्रकार (जाति का)।

genesis—(Gk. *genesis*, descent) जनन। किसी कोशिका (cell) अङ्ग (organ), व्यक्ति (individual), या प्रकार (specie) का बनना या वर्धन होना (development)।

genetic—(Gk. *genesis*, descent) आनुवंशिक: पारस्परिक: परम्परा सम्बन्धी।

genetics—(Gk. *genesis*, descent) आनुवंशिकी: परम्परा विज्ञान। जीव विज्ञान (biology) की वह शाखा जो वंश परम्परा (heredity) और विभिन्नता (variation) का अध्ययन करती है।

genial—(Gk. *genion* chin) चिबुक: चिबुक सम्बन्धी।

genic—(Gk. *genos* descent) जीन सम्बन्धी: परम्परा क्रम सम्बन्धी।

genicular—(L. *geniculum*, little knee) [illegible]

geniculate—(L. *geniculum* little knee) [illegible]

geniculum—(L. [illegible]) [illegible]

genioglossal—(Gk. *geneion*, chin: *glossa*, tongue) चिबुक जिह्वा योजक: चिबुक (chin) और जिह्वा (tongue) को जोड़ने वाला।

geniohyoid—(Gk. *geneion*, chin: *hyoides*, y shaped) चिबुक जिह्विका: चिबुक-ग्रसक। चिबुक (chin) और जिह्विका (hyoid) सम्बन्धी।

genital—(L. *gignere*, to beget) जननिक: जननांगी: जनन; जनन सम्बन्धी।

genital pouch जनन कोटर।

genitalia—(L. *gignere*, to beget) जननेन्द्रियां: विशेषतया जनन सम्बन्धी बाह्य अंग (external organ)।

genito-anal—(L. *gignere*, to beget; *anus* vent) जननेन्द्रिय-गुदा सम्बन्धी।

intermitotic—(L. *inter*, between; Gk. *mitos* thread) विषम विभाजन मध्यी। विषम कोशिका विभाजन (mitosis) में स्वतंत्र जीवनयुक्त कोशिका (cell with) individual life) जिसके कारण उसका उद्गम (origin) और विभाजन (division) संतति कोशिकों (daughter cells) में होता है।

intermittent—(L. *inter*, between; *mittere*, to cause to go) सविरामः सविच्छेद; विरामी।

intermittent fever—विरामीज्वर।

intermuscular—(L. *inter*, between; *musculus*, muscle) पेशी मध्यस्थ; अन्तंपेशीय।

intermyotomic—(L. *inter*, between: Gk. *mys*, muscle; *tome*, cutting) अन्तर्नुखण्डी।

internal—(L. *internus*, within) आन्तरिक; आन्तरः अन्तर; भीतरी; अन्तः।

internal auditory meatus—आन्तरिक कर्णपथ।

internal lining—आन्तरिक अस्तर।

internal secretion—(L. *internus*, within) अन्तः स्राव।

internasal—(L. *inter*, between; *nasus*, nose) अर्न्तनासा; नासा मध्यस्थ।

interneural—(L. *inter*, between; Gk. *neuron*, nerve) सुषुम्ना तोरण मध्य।

interneurone—(L. *inter*, between; Gk. *neuron*, nerve) तंत्रिका कोशिका मध्यस्थ।

internodal—(L. *inter*, between; *nodus*, knot) अर्न्तकांडी।

internode—काण्डांतर; दो कांडोम्व या सन्धि के बीच की आकृति।

internodia—अंगुलास्थि।

internuncial—(L *inter*, between; *nuntius*, mess enger) अन्तर्वार्तिकी।

interoceptor—(L. *internus*, inside; *capare*, to take) अन्तर्वेदनांग; आंतरग्राही; अर्न्तग्राह्य। ऐसे ग्राह्य वेदनांग (receptor) जो शरीर के अन्दर से उत्तेजना (stimuli) ग्रहण करते हैं।

interocular—(L. *inter*, between; *oculus*, eye) चक्षुमध्यस्थ; अंतराचाक्षुप।

interopercle, interoperculum—(L. *inter*, between, *operaculum*, lid) आंतर-गिलछद; मध्य-छदिका; टिलिस्टोमाई (Telestomi) और डिप्नोई (Dipnoi) से गिलछद (operculum) की एक कला अस्थि जो मैन्डिबिल (mandible) से जुड़ी होती है।

interoptic—(L. *inter*, between; Gk. *optikos*, pert, sight) चक्षु दल मध्यस्थ।

interorbital—(L. *inter*, between; *orbis*, circle) अक्षिगुहामध्यस्थ; अंतरानेत्र कोटर क्षेत्र।

interosculant—(L. *inter*, between; *osculari*, to kiss) सहलक्षणी; सामान्य लक्षणी; अंतरसम्बद्ध दो या दो से अधिक प्रकारों (species) के लक्षणों से युक्त।

interosseous—(L. *inter*, between; *os*, bone) अस्थि मध्य; अंतरास्थि; हड्डी या अस्थि के मध्य में स्थित।

interparietal—(L. *inter*, between; *paries*, wall) इन्टरपैराइटल (अस्थि); अनेक कशेरुकों (vertebrates) में पैराइटल (parietals) और सुपरा ओक्सीपीटल (supra-occipital) के मध्य की अस्थि।

interpeduncular—(L. *inter*, between; *pedunculus*, little foot) आंतर वृन्ती; मस्तिष्कीय वृन्तों के मध्य का अस्थि छिद्र (fossa)।

interpetaloid—(L. *inter*, between; Gk. *petalon*, leaf; *eidos*, form) पेटेलाइड मध्य, दलाभ-क्षेत्रांतर; एकाइनोडर्म आवरण के दलाभ (पेटेलॉइड) क्षेत्रों के बीच।

interpetiolar—(L. *inter*, between; *petiolus*, little foot) पर्ण वृतांतर ।

interphalangeal—(L. *inter*, between Gk. *phalangx*, line of battle) अंगुलास्थितर (सन्धि) ।

interphalangeal—(L. *inter*, between; Gk. *phalangx*, line of battle) मध्यपर्वी ।

interphase—मध्यावस्थिति, अन्तरावस्था ।
[देखिये–interkinesis]

interplacental—(L. *inter*, between; *placenta*, flat cake) अंतराबीजांडासनी ।

interpleural—(L. *inter*, between; Gk. *pleuron*, side) फुप्फुसावरणांतर; अतराफुप्फुसावरणी ।

interpubic—(L. *inter*, between; *pubes*, mature) वस्ति अस्थितर ।

interracial—(L. *inter*, between; *radix*, root) नस्ल मध्य ।

interradial—(L. *inter*, between, *radius*, radius) अंतरारीय; व्यासार्घ मध्यांतरी ।

interradium—(L. *inter*, between; *radius*, radius) व्यासार्ध मध्यांतर । अरसममितीय जन्तु के दो अर्ध व्यासों के बीच का क्षेत्र ।

interradius—(L. *inter*, between; *radius*, radius) व्यासार्ध मध्य; अन्तरार ।

interramal—(L *inter*, between; *ramus*, branch) अन्तरशाखीय ।

interramicorn—(L. *inter*, between; *ramus*, branch; *cornu* horn) इन्टररेमीकॉर्न; पक्षी चंचु का एक टूक ।

interrenal—(L. *inter*, between; *renes*, kidneys) अन्तरावृक्कीय: वृक्कों के मध्य, शिरा आदि ।

interrenal body—इन्टररीनल ग्रन्थि; वृक्कीय मध्यी ग्रन्थि; उपास्थि मत्स्यों में वृक्कों के मध्य स्थित ग्रन्थि विशेष जो उच्च कशेरुकों के अधिवृक्क कॉर्टेक्स (adrenal cortex) के प्रतिरूप होता है ।

interrupted—(L. *inter*, between; *rumpere*, to break) असमांशी (asymmetrical). अतरायिक; विच्छिन्न; अव्यवस्थित (irregular); अविरत (unbroken); बाधा युक्त ।

interscapular—(L *inter*, between; *scapula*, shoulder blade) अंतरास्कन्धफलकी; स्कन्धफलक के बीच अंतरासफलकीय ।

intersegmental—(L. *inter*, between; *segmentum*, part) देहखण्ड मध्यी; अन्तखंडी: अतराखंडीय ।

interseptal—(L. *inter*, between, *septum*, fence) व्यवधान मध्यी; जवनी मध्यी, अंतरापटीय ।

intersex—(L. *inter*, between: *sexus*, sex) नर नारी; मध्य लिंगी; मिश्रित लिंगी । नर (male) और नारी (female) लक्षणों (characters) के खचित रूप (mosaic form) के मिलने से बना हुआ व्यक्ति (individual) । [देखिये–gynandromorph]

interspecific—(L. *inter*; between; *species*, kind) विशिष्ट संकर; प्रकार संकर । किन्ही दो प्रकारों (species) के संकरज (crossing) से उत्पन्न स्पष्ट या विशिष्ट (distinct) संकर ।

interspicular—(L. *inter*, between; *spiculum* sharp point) कण्टक मध्यी ,

interspinal—(L. *inter*, between; *spina*, spine) मध्यकण्टकी ।

interstapedial—(L. *inter*, between, *stapes*, stirrup) इन्टरस्टेपीडियल; कर्ण की स्तंभिका अस्थि (कोल्युमुला) का एक भाग ।

intersterility—(L. *inter* between; *sterilis* unfruitful) उर्वरताहीन; संकरण (interbreeding) के अयोग्य ।

intersternal—(L. *inter*, between; Gk. *sternon*, breast plate) अन्तराधरक; वक्षास्थितर: उरोस्थितर ।

interstitial - (L. *inter*, between; *sistere*, to set) अन्तराल: अन्तरालीय: अन्तरस्थानीय; अंतराकाशी: अंतराली ।

interstitial cell—अन्तराल-कोष्ठ या कोशिका ।

intertemporal - (L. *inter*, between; *tempora*, temples) इन्टरटेम्पोरल (कपालिय) ।

intertentacular—(L. *inter*, between; *tentaculum*, feeler) स्पर्शक मध्यी ।

intertidal—(L. *inter* between; A. S. *tid*, time) तरंगी: तरंग मध्यी: अन्तराज्वारीय ।

intertrabecula—(L. *inter*, between; *trabecula*, little beam) अंतरासंबंधक उपास्थि, इन्टरट्रैबेकुला; ट्रैबेकुली मध्यी; कुछ पक्षियों में ट्रैबेकुली के बीच एक पृथक प्लेट।

intertrochanterric—(L. *inter*, between; Gk. *trochanter*, runner) ट्रोकिंटरांतर; अन्तराशिखरक।

intertrochlear—(L. *inter*, between; *trochlea*, pulley) ट्रोकिलियांतर।

intertubercular—(L. *inter*, between; *tuberculum*, small hemp) आंतरशोथीय।

intervarietal—(L. *inter*, between; *varius*, diverse) मध्यगोत्री; एक प्रकार (species) के दो स्पष्ट गोत्रों (two distinct varieties) के संकरज (crossing) से उत्पन्न प्राणी।

intervertebral—(L. *inter*, between; *vertebra*, vertebra) कशेरू-मध्यी।

intervertebral disc—कशेरू-मध्यीय बिम्ब।

intervertebral foramen—कशेरू मध्यीय छिद्र।

intervillous—(L. *inter*, between; *villi*, hair) ग्राहकांकुरांतर।

interzonal—(L. *inter*, between; *zone*, belt) जोन मध्यी; मण्डल मध्यी।

interzooecial—(L. *inter*, between; *zoon*, animal; *oikos*, house) इन्टरजूएसियल; जूएसिया (zooecia) के साथ-साथ पाया जाने वाला।

intestinal—(L. *intestinus*, internal) अंत्रीय; अन्त्री; आंत सम्बन्धी।

intestine—(L. *intestinus*, internal) अन्त्र; आंत; अंतड़ी। आहार-नलिका (alimentary canal) का आमाशय (stomach) के पाइलोरिक छोर (pyloric end) से लगाकर पायु (anus) तक का भाग।

intestine large—वृहदांत्र; बड़ी आंत।

intestine small—क्षुद्रांत्र; छोटी आंत।

intextine—(L. *intus*, within, *exter*, without) इन्टेक्सटाइन: एक्सटाइन की अंत:कला।

intima—(L. *intimus*, innermost) अन्त पर्त; अन्तिम पर्त; आन्तरक।

intine—(L. *intus*, within) अंत:चोल।

intra—अन्तस्थ; भीतरी ओर; अन्तर्गत अर्थ सूचक उपसर्ग।

intrabiontic—(L. *intra*, within; Gk. *bios*, life; *on*, being) प्राणी व्यावृत्ति।

intracapsular—(L. *intra*, within; *capsula*, small chest) कुहरान्तरी; कोषिकांतरी।

intracardiac—(L. *intra*, within; Gk. *kardia*, heart) हृदयान्तरिक; हृदयान्तरी।

[देखिये–endocardiac]

intracartilaginous—(L. *intra*, within; *curtilago*, gristle) उपास्थितांतरी।

intracellular—(L. *inter*, within; *cellula*, little cell) अन्तर्कोष्ठीय; कोष्ठान्तरीय; कोष्ठान्तरिक; कोष्ठान्तर्गत; अन्तर्कोशिकीय।

intracellular digestion—कोशिकान्तर्गत पाचन; अन्तकोशिकीय पाचन।

intracortical—(L. *intra*, within; cortex rind) वल्कान्तरी।

intra-epithelial—(L. *intra*, within; Gk. *epi*, upon; *thde*, nipple) अधिच्छान्तरिक; अधिच्छद (एपीथीलियम) में स्थिति।

intrafascicular—(L. *intra*, within; *fasciculus*, little bundie) अंत:पूलीय; अंत:पूलक।

intrafoliaceous—(L. *intra*, within; *folium*, leaf) अंत:पर्णी।

intrafusal—(L. *intra*, within; *fusus*, spindle) अंत:तर्कु।

intragemmal—(L. *intra*, within; *gemma*, bud) कलिकान्तर; कलिकान्तरिक।

intraglobular—(L. *intra*, within; *globulus*, globule) कणान्तर्गत; कणान्तर।

intrajugular—(L. *intra*, within; *jugulum*; throat) अंत:ग्रैवेय; ऑक्सीपिटल अस्थि के जुगुलर दनदाने (notch) के मध्य का एक प्रवर्धन।

intramembranous—(L. *intra*, within; *membrana*, films) झिल्ली आन्तर; अंत: कलास्थि। जैसे झिल्ली जात (membranous) अस्थि (bone)।

intralamellar—(L. *intra*, within, *lamella*, thin plate) अंतःपत्रकी; पत्रकांतर ।

intralobular—(L. *intra*, within; *lobulus*, small lobe) अंतःपालीय; पालीआंतर ।

intramolecular—(L. *intra*, within, F. *molecule*, small particle) अन्तराणुक (श्वसन); अंतःअणुक ।

intranuclear—(L. *intra*, within; *nucleus*, kernel अष्टिन्तर; अष्टिान्तरिक; आन्तर केन्द्रकीय; आंतर केन्द्रक ।

intraparietal—(L. *intra*, within; *paries*, wall) अंतःपेराइटल; अंगान्तर ।

intrapetalous—(L. *intra*, within; Gk. *pelaton*, leaf) अंतःदलाभ; इकाइनोडर्मस के दलाभ (पेटेलॉइड) क्षेत्र में स्थिति ।

intrapleural—(L. *intra*, within; *petiolus*, little foot) अंतःवृंती ।

intrasegmental—(L. *intra*, within; *segmentum*, part) अर्न्तानुखण्डी; अन्तःखण्ड [देखिये–intermyotomic]

intraselection—(L. *inter*, within; *selectic*, choice) अंतर्वर; कोशिकाओं (cells) का अँग के भीतर से जीवित रहने का सबसे अनुकूल छटाव (selection) करना ।

intraspicular—(L. *intra*, within; *spicula*, small spike) अर्न्तस्पीकुली ।

intrastelar—(L. *intra*, within; *stela*, pillar) अर्न्तस्तम्भी; आधार तल; स्तम्भ या जड़ के रंभ के अन्दर ।

intratarsal—(L. *intra*, within; *tarsus*, ankle) अंतःगुल्फीय; अंतःटारसस ।

intrathyroid—(L. *intra*, within; Gk. *thyreos*, shield; *eidos*, like) अंतःथाइरॉइड उपास्थि; शिशु अवस्था में थाइरॉइड उपास्थि की दल पत्रिकाओं (laminae) को जोड़ने वाली उपास्थि ।

intrauterine—(L. *intra*, within; *uterus*, womb) गर्भान्तंगत ।

intravaginal—(L. *intra*, within; *uagina*, sheath) अन्तर्योनि; योनिअंतंगती ।

intravascular—(L. *inter*, within; *vasculume*, smell vessel) रक्त नलिकान्तर ।

intraventriculer—(L. *inter*, within; *ventriculum*, small cavity) निलयान्तर; विवरान्तर ।

intravesical—(L. *intra*, within; *vesica*, b'adder) कोपिकान्तर ।

intraxylary—(L. *intra*, within; Gk. *xylon*, wood) अंतःदारूकी; अंतःजाइलम ।

intrinsic—(L. *intrinsecus*, inwards) स्वभाविक; आन्तर; निहित; नैज । [देखिये–extrinsic, वाह्य]

introitus—(L. *introitus*, entry) द्वार या छिद्र ।

intromittent—(L. *intro*, within; *mittere*, to send) प्रवेशक ।

introrse—(L. *introrsus*, within) अंतर्गत ।

introversion—(L. *intro*, within; *vertere*, to turn) अन्तःपरावर्तन ।

introvert—(L. *intro*, within; *vertare*, to turn) अंतर्मुखी ।

intussusception—(L. *intus*, within; *suscipere*, to receive) स्तर वृद्धि ।

inulase—(L. *inula*, elecampane) इनुलेज (वनस्पति एन्जाइम) वनस्पति एन्जाइम जो जल विघटन से इनुलिन (inulin) को लेवुलोज (laevulose) में परिणित करता है ।

inulin—(L. *inula*, elecampane) इनुलिन (कार्वोहाइड्रेट); $(C_6H_{10}O_5)_x$; कई पौधों की जड़ों में उपस्थित कार्वोहाइड्रेट जो जल विघटित होकर लेवुलोज वनाता है ।

invaginate—(L. *in*, into; *vagina*, sheath) अंतर्वलन; अंतः परावर्तन

invagination—(L. *in*, into; *vagina*, sheath) अंतर्वलनता; परिवृत्ति ।

invasion—(L. *in*, in; *vadere*, to go) आक्रमण; संक्रमण ।

inversion—(L. *invertere*, to turn; upside down विलोमता; व्युत्क्रम ।

invertase—(L. *invertere*, to turn into) इन्वरटेज; इन्वरटिन; सुक्रेज; वनस्पति एन्जाइम जो गन्ना शर्करा की डेक्सट्रोज (dextrose) और लेवुलोज (laevulose) में बदल देती है ।

invert—(L. *invertere*, to turn upside down) परिवृत; विलोम; अधोमुख करना ।

invertase—(L. *invertere*, to turn into) इनवरटेज-क्षोभक विशेष जो गन्ने की शक्कर (canesugar) को डेक्सट्रोज (dextrose) में बदल देता है।

invertebrate—(L. *in*, not; *vertebra*, joint) कशेरू-हीन: अकशेरू दण्डी; पृष्ठ वंश रहित; अकशेरू की; अपृष्ठ वंशी; रीढ़ की हड्डी रहित जन्तु।

investing bone—झिल्ली कृत अस्थियाँ; तन्तुकास्थि; कलास्थि।

investment—(L. *in*, in; *vestire*, to clothe) वाह्या वरण; खोल; वाह्यावरण किसी अंग, जन्तु या पौधा।

involucal—(*Dim.* of L. *involucrum*, covering) सहपत्र चक्री; सहपत्रिका चक्र; कम्पॉजिटी कुल के पुष्पों में जैसे सूर्यमुखी, जोनिया इत्यादि में पुष्पक्रम के आधार पर वाह्यदल-सदृश हरे सहपत्र के कई आवर्त होते हैं जिन्हें सहपत्र चक्र (involucal) कहते हैं।

involucellate—(*Dim.* of L. *involucrum*, covering) सहपत्र चक्राधर।

involucral—(L. *involucrum*, covering) परिचक्रक; सहपत्र चक्रोपम।

involucrate—(L. *involucrum*, covering) सहपत्र चक्रक।

involucre—(L. *involucrum*, covering) सहपत्र चक्री; परिवेष्टन, परिचक्र।

involuntary—(L. *in*, not; *voluntas*, wish) अनिच्छित; स्वाधीन; अनैच्छिक।

involute—(L. *involutus*, rolled up) प्रतिकेन्द्रज; अंतर्वलित।

involution—(L. *involutus*, rolled up) पुरावर्तन। वर्धित, परिवर्तित या विकृत अङ्ग का पुनः सामान्य हो जाना। (२) तन्तुओं का वृद्धावस्था में सिकुड़ना।

iodophilic—(Gk. *iodes*, violet-like; *philos*, loving) आयोडीन रागी; आयोडीन रंग से शीघ्र रंगा जाने वाला।

iodopsin—(Gk. *iodes*, violet, *opsis*, sight) आयोडोपसिन; दृष्टव्य बैंगनी; नेत्रान्त (retinal) शंकु में पाया जाने वाला प्रोटीन विटामिन 'ए' यौगिक जो अत्यन्त प्रकाशग्राही होता है।

iodothyrin—(Gk. *iodos*, violet; *thyreos*, shield) आयोडोथाइरिन; थाइरोइड ग्रन्थि के कलल तत्व में पाया जाने वाला आयोडीन युक्त यौगिक।

iodothyroglobulin—(Gk. *iodes*, violet; *thyreos*, shield; L. *globus*, globe) आयोडोथाइरोग्लोब्यु-लिन; थाइरोइड ग्रन्थि का हार्मोन।

iridial angle—द्युति कोण; कोणिक विवर। कोर्निया (cornea) और आइरिस (iris) के बीच का कोणिक विवर (angular recess)।

iridocyte—(Gk. *iris*, rainbow; *kytos*, hollow) द्युति कोष्ठ; द्युति कोशिकायें; रंगदीप्ताणु।

iridomotor—(L. *iris*, rainbow; *movere*, to move) द्युति गति; (१) ग्वानिनकण, पिण्ड या प्लेट जिनसे मत्स्य की त्वचा के पुनरावृतिक ऊतक बने होते हैं। (२) सीपिया (sepia) के त्वक की रंग दीप्ति कोशिकायें (iridescent cells)।

iris—(L. *iris*, rainbow) आइरिस; उपतारा (आँख का तारा), आँख की पुतली (pupil) को घेरे हुए ताल (lens) और कोर्निया या कनीनिका (cornea) के बीच में स्थित रक्तीय विम्ब (vascular disc)।

irradiation—(L. *in*, into; *radius*, ray) किरणन; किरण-उपचार; उत्तेजनाप्रसार।

irregular—अक्रमिक; विक्रम; अव्यवस्थित; क्रमहीन; विषम; अनियमित; टेढ़ा-मेढ़ा।

irritability—(L. *irritare*, to provoke) उत्तेजनता।

irritable—(L. *irritare*, to provoke) उत्तेजनशील।

irritant—(L. *irritare*, to provoke) उत्तेजक।

ischiadic—(Gk. *ischion*, hip) इश्चियेडिक; श्रोणि प्रदेशीय।

ischiocapsular—(Gk. *ischion*, hip; L. *capsula*, little chest) इश्चियोकैप्सूलर; श्रोणि-संपुट सम्बन्धी।

ischiocavernosus—(Gk. *ischion*, hip; L. *cavus*, hollow) श्रोणि-शिशन (भगशिशन) सम्बन्धी (पेशी); उद्धर्षी पेशी (erector muscle)।

ischioflexorius—(Gk. *ischion*, hip; L. *flexus*, bent) इश्चियोफ्लेक्सोरियस; पश्च उरू पेशी।

ischiopodite—(Gk. *ischion*, hip; pous; foot) इश्चियोपोडाइट; इश्चियापाद-खण्ड; केकड़ा वंशियों (crustaceans) की चलने वाली टाँग का (शरीर के पास का) समीपस्थ जोड़।

ischiopubic—(Gk. *ischion*, hip; L. *pubes*, adult) इश्चियोप्यूबिक; इश्चियन-प्युबिस के बीच का अस्थि छिद्र (fenestra) या विच्छेद (gap)।

ischiopubis—(Gk. *ischion*, hip; L. *pubis*, adult) संयुक्त इश्चियम-प्युबिस।

ischiorectal—(Gk. *ischion*, hip; L. *rectus*, straight) इश्चियम-रेक्टम सम्बन्धी।

ischium—(Gk. *ischion*, hip) इश्चियम, कशेरुकों (vertebrates) में सिवाय मत्स्यों (fins) के श्रोणिवलय (pelvic girdle) के प्रत्येक अर्ध भाग में पाई जाने वाली पश्च व अधर अस्थि विशेष।

isidiferous—(Gk. *isis*, plant; L. *ferre*, to bear) आइसीडीफेरस; आइसीडियम धारी।

isidioid—(Gk. *isis*, plant; *idion*, *dim*; *eidos*, like) आइसीडियमवत (सदृश)।

isidium, isidia—(Gk. *isis*, plant; *idion*, *dim.*) आइसीडियम; कुछ लाइकिन्स (Lichens) के तल पर मूंगोपम (coral-like) बीजाणुपुंज या स्तवक (soredia)।

islets of langerhans—(P. *langerhans*, german-anatomist) लगरहैंस की द्वीपिकायें। क्लोम (pancreas) में सर्वत्र फैले हुए गोलाकार पिण्ड जिनके द्वारा चीनी या शर्करा (sugar) का समीकरण होता है।

isoagglutinin—(Gk. *isos*, equal, L *agglutinare*, to glue to) आइसोएग्लूटिनिन; समसंयुजक।

isoagglutinogen, isohaemagglutinogen—(Gk. *isos*, equal, *himma*, blood; *genos*; birth; L. *agglutinare*, to glue to) समसंयुजकज; उसी रुधिर वर्ग के लाल रक्ताणुओं को संलग्न (संयुज) करने वाला।

isobilateral—(Gk. *isos*, equal; L. *bis*, twice; *latus*, side) समद्विपार्श्वीय; सम-द्विपार्श्व; द्विपार्श्वीय समांगता का एक भेद जिसमें आकृति (structure) दो स्थनों (two planes) पर समकोणों (right angles) पर बटती है।

isocarpous—(Gk. *isos*, equal; *karpos*, fruit) समसख्यक दलो।

isocercal—(Gk. *isos*, equal; *kerkos*, tail) समदली पुच्छ; समपालि।

isochela—(Gk. *isos*, equal; *chele*, claw) सम चंगुल; समनखरिका; ऐसा चंगुल (chela) जिसके दोनों भाग समान हों।

isochromosome—(Gk. *isos*, equal; *chroma*, colour; *soma*, body) सम क्रोमोसोम; सम परम्परा सूत्र।

isochromous—(Gk. *isos*, equal; *chroma*, colour) समवर्णी; समान रङ्ग वाला।

isocortex—(Gk. *isos*, equal; L. *cortex*, bark) समवल्कल; मस्तिष्क वल्कल (कॉर्टेक्स) के तंत्रिका कोशिकाओं के छः स्तर।

isocytic—(Gk. *isos*, equal; L. *cortex*, bark) समकोशिकीय; जिसकी समस्त सैल (cell) बराबर हो।

isodactylous—(Gk *isos*, equal; *daktylos*, finger) समांगुलिक; समांगुलक।

isodiametric—(Gk. *isos*, equal; *dia*, through; *metron*, measure) समधुरी, सम व्यासी।

isodont—(Gk. *isos*, equal; *odous*, tooth) सम दन्ती; समदन्ती; समरूपदन्ती।

isodynamic—(Gk. *isos*, equal; *dynamis*, power) समओजी; समबल।

isogamete—(Gk. *isos*, equal; *gametes*, spouse) सम जन्युक; सम युग्मक।

isogametic—(Gk, *isos*, equal; *genesis*, descent) सम जन्युक; सम जन्युधारी।

isogamous—(Gk. *isos*, equal; *gamos*, marriage) सम जन्युक; सम युग्मकी।

isogamy—(Gk. *isos*, equal; *gamos*, marriage) सम जन्युता; सम युग्मन; सम युग्मकता।

isogenes—(Gk. *isos*, equal; *genos*, descent) समजीन।

isogenetic—(Gk. *isos*, equal; *genesis*, descent) समजीनप्ररूप; समस्रोती; समोद्गमी; समान जीवी संरचना।

isognathous—(Gk. *isos*, equal; *gnathos*, jaw) सम मुखाव्यवी; समान जबड़े वाला।

isolation—(L. *insula*, an island) पृथक्करण; पृथकता; विच्छेद।

isolecithal—(Gk. *isos*, equal; *lekithos*, yolk) समयोकी; ऐसा डिम्ब (egg) जिसमें डिम्बान्न या योक (yolk) एकसा या समान रुप से वितरित रहता है।

isomastigote—(Gk. *isos*, equal; *mastix*, whip) समकशी।

isomere—(Gk. *isos*, equal; *meros*, part) समानुखण्डी।

isomerous—(Gk. *isos*, equal; *meros*, part) समसंख्यक भागी; समावयवी।

isometry—(Gk. *isos*, equal; *metron*, measure) सम वर्धन।

isomorphic—(Gk. *isos*, equal; *morphe*, shape) सम रचित।

isomorphism—(Gk. *isos*, equal; *morphe*, shape) सम रचनता।

isomyaric—(Gk. *isos*, equal; *mys*, muscle) सम अभिवर्तनी (पेशी)।

isopedin—(Gk. *isopedos*, level) आइसोपेडिन; मत्स्य शल्कों में पाया जाने वाला एक पदार्थ।

isopetalous—(Gk. *isos*, equal; *petalon*, petal) समान दली; समान पुंखुडिक।

isophane—(Gk. *isos*, equal; *phainein*, to show) समजैव दृग्विषयः।

isophene—(Gk. *isos*, equal; *phainein*, to show) समऋतुघटना रेखा; दृश्यरूपक परिधि।

isophenous—(Gk. *isos*, equal; *phainein*, to show) समव्यक्तज।

isophytoid—(Gk. *isos*, equal; *phyton*; plant; *eidos*, form) समव्यक्तिक (पादप)।

isoploid—समगुणित।

isopodous—(Gk. *isos*, equal; *pous*, foot) समपादी; समानपदी।

isopogonous—(Gk. *isos*, equal; *pogon*, beard) समजालपादी।

isopygous—(Gk. *isos*, equal; *pyge*, rump) समपृष्ठपश्चान्तरी।

isospore—(Gk. *isos*, equal; *sporos*, seed) समबीजाणुक; समान स्पोर।

isosporous—(Gk. *isos*, equal; *sporos*, seed) समस्पोरी; समबीजाणु।

isostemonous—(Gk. *isos*, equal; L. *stemon*, warp) समान पुंकेसरी; वाह्यदल या दल की संख्या के समान पुंकेसर युक्त।

isotelic—(Gk. *isos*, equal; *telos*, end) समभावी; एक ही प्रकार का प्रभाव डालने वाले।

isotels—(Gk. *isos*, equal; *telos*, end) समान कार्यकी; समान व्यापारक।

isotomy—(Gk. *isos*, equal; *temnein*, to cut) समकर्तन।

isotonic—(Gk. *isos*, equal; *tonos*, tone) समपरासरी; समान दावी; समान खिंचाव वाला।

isotonicity—(Gk. *isos*, equal; *tonos*, tone) समपरासरता; समान दाब।

isotropic—सम-अक्षी।

isotropous—(Gk. *isos*, equal; *trepein*, to turn) समबीजाण्डी।

isotropy—(Gk. *isos*, equal; *trepein*, to turn) समघूर्णी।

isozoic—(Gk *isos*, equal; *zoon*, animal) सम जन्तु वसित; समजांतव।

isozooid—(Gk. *isos*, equal; *zoon*, animal; *eidos*, alike) सम मुकुल; पित्रोपम मुकुल; समजीवक।

isthmiate—(Gk. *isthnos*, neck) संयती; तनुयोजी; संकीर्ण संयोजी।

isthmus—(Gk. *isthmos*, neck) संयत। वह संयत (narrow) आकृति जो दो वृहत् भागों (larger parts) को संयुक्त करे।

itch—खुजली।

iter—(L. *iter*, way) आइटर; वीथि; नलिका पथ। मध्य मस्तिष्क में पाया जाने वाला नलिका पथ।

ithyphyllus—ऋजु-दृढ़-पर्णी।

itograph—आवृति लेख।

ivory—(L. *elmr*, ivory, *through*, F. *ivoire*) आइवरी; डेन्टीन। सफेद चमकता हुआ पदार्थ; हाथी दाँत आदि का।

ixocutis—श्यानावरण।

J

J disc— जे विम्ब; समदेशिक या आई विम्ब।

jacobson's cartilage—(L. L. *jacobson*, danish anatomist) जैकब्सन की उपास्थि।

jacobson's organ—(L. *jacobson*, danish anatomist) जैकब्सन का अङ्ग।

jactitation—(L. *jactare*, to toss) आक्षेपक विकिरण (बीज); आक्षेपक युक्ति (censer mechanism) द्वारा बीज विकिरण।

jaculator—(L. *jaculator*, shooter) उत्क्षेपक; किन्हीं फलों का हुकनुमा बीजाण्डासन।

jaculatory—(L. *jaculatorius*, throwing) प्रक्षेपणशील।

jaculatory duct—(L. *jaculatorius*, throwing; *ducere*, to lead) प्रक्षेपण-शील नलिका।

jaculiferous—(L. *jaculum*, a dart; *ferre*, to carry) शर-धारी।

jarovization—(Russ. *jarovizaaja*, from *jaronoi*, vernal) ताप-आर्द्र स्थिति; पादप संवर्धन मत; ऊष्णस्थिति; (१) यह मत कि पादप का संवर्धन अनुक्रम (sequence) अन्योन्य (इतरेतर) स्वतंत्र स्थितियों पर निर्भर होता है। (२) वार्षिक और कुछ बहुवर्षीय शाकीय पौधों में प्रकाश-ताप स्थिति (Photophase) से पूर्व प्रथम संवर्धन स्थिति अर्थात् ताप-आर्द्र स्थिति।
[देखिये–thermophase=vernalisation—ताप-आर्द्र स्थिति ; photophase—प्रकाश-ताप स्थिति]

jaw—(akin to *chaw*, chew) जबड़ा; हनु।

jaw bone—जबड़े की हड्डी; हन्वस्थि।

jaw foot—(maxillipede) हनुपाद।

jecorin—(L. *jecur, liver*) जेकोरिन; यकृत या शरीर के अन्य अंगों में उपस्थित लेसीथिन सदृश पदार्थ या फोस्फेटाइड (phosphatide)।

jejunum—(L. *jejunus*, empty) जेजुनम; अग्रक्षुद्रांत्र; क्षुद्रांत्र (small intestine) का ड्यूडेनम (duodenum) और इलियम (ileum) के बीच का भाग।

Jelly fish,—जेलीफिश।

Jelly of Wharton—व्हार्टन का श्लैष्मिक तन्तु।

Johnston's organ—(C. *johnston*, British entomologist) जौन्स्टन अंग; कीट स्पर्शक (antenna) के द्वितीय खण्ड में स्थित शलाकोपम (rod like) यांत्रिक एवं ध्वनि तरंग ग्राह्य संवेदनांग।

Jordan's organ—(*K. Jordon*, zoologist) जोर्डन अंग; जोरदाँ अंग। किन्हीं तनुपक्षक (Lepidoptera) के सिर पर स्थित दो लघु संवेदीय अंगों में से एक जिसमें शूक (bristles) तथा संवेदीय कोशिकायें होती हैं और आच्छद तंत्रिका द्वारा मस्तिष्क से सम्बन्धित होती हैं।
[देखिये–chaetosema–शूकीय संवेदनांग]

joint—(L. *junctum*, to join) संधि; जोड़।

jointed—(L. *junctum*, to join) संधित; अनुबंधित।

juba—(L. *juba*, mane) अयाल।

jubate—(L. *jubatus*, maned) केसरी; जटाधारी; अयाल वाला।

jugal—(L. *jugum*, yoke) जुगल। कपाल की एक अस्थि मैक्सिला और स्क्वैमोजल के बीच।

jugate—(L. *jugum*, yoke) युगल पर्णकी।

jugular—(L. *jugulum*, a collar-bone) ग्रैवेय, ग्रैव; गलस्थ; जुगुलर।

jugular artery—ग्रैवेय-धमनी।

jugular eminence—ग्रैवेय या जुगुलर आरोह।

jugular plate—ग्रैवेय (जुगुलर) फलक (प्लेट)।

jugular prominence—ग्रैवेय-प्रवर्द्धन।

jugular vein—ग्रैवेय-शिरा।

jugulum—(L. *jugulum*, collar bone) जुगुलम।

jugum—(L. *jugum*, yoke) जुगम; (१) सम्मुख युग्म पर्णक; (२) किन्हीं मॉथ (moth) के अग्रपक्ष के पश्च तट पर की लघु पालि (small lobe); (३) अम्बेलीफिरी पौधों के फलांशक (mericarp) पर की मेड़ (ridge)।

juice—(G. *jus*, broth) रस।

jurassic—(L. *jura*, mountains) जुरासिक; मध्यमयुग (mesozoic era) का दूसरा काल (period)।

juvenal—(L. *juvenalis*, youthful) तरुण; अल्प वयस्क।

juvenile hormone—अल्प वयस्क हार्मोन; किन्हीं कीटों में कार्पस एलेटम (corpus allatum) का स्राव जिसके प्रभाव से प्रौढ़ लक्षणों का विकास अवरुद्ध हो जाता है।

juxta—(L. *juxta*, close to) आसन्न तरी।

juxtaglomerular—(L. *juxta*, close to; *glomerare*, to form into a ball) गुच्छासन्न कोशिका; कोशिकागुच्छासन्न: वृक्क के केशिका गुच्छ (glomerulus) के धमनियों के भाग को घेरे हुए कोशिकायें।

K

Kalidium—(*Dim.* of Gk. *kalia*, nut) कैलीडियम; एक प्रकार का बीजाणु-फलिका (sporocarp) या सिस्टोकार्प (cystocarp)।

kainogaea—(Gk. *kinos*, recent; *gaia*, earth) नव भूमि।

kainotype—नवप्ररूप।

kainozoic era—नवजीव महाकल्प।

kakogenesis—(Gk. *kakos* bad; *genesis*, descent) सङ्कराक्षमता; सङ्कर (hybrid) उत्पन्न करने में असमर्थता।

kaleidoscope—बहुमूर्तिदर्शी; कैलाइडोस्कोप।

kalloplan ton—श्लेपी प्लवक।

kalymmocytes—(Gk. *kalymma*, covering; *kytos*, cell) कलिमोसाइट। एसीडियन्स (ascidians) में वह कोषक कोशिकायें (follicle cell) जो परिपक्वता (maturation) के पश्चात डिम्ब में पहुँच जाती हैं।

karyaster—(Gk. *karyon*, nucleus; *aster*, star) तारा रूप गुणसूत्र।

karyanchyma—(Gk. *karyon*, nucleus; *engchyma*, infusion) न्यूक्लियस द्रव्य; एक्रोमेटिन; न्यूक्लियस का आवरणक स्थली एवं ललित सूत्र (lenin) पदार्थ।

karyogamy—(Gk. *karyon*, nucleus; *gamos*, union) केन्द्रक-संयोग; न्यूकलियस संयोग।

karyokinesis—(Gk. *karyon*, nucleus; *kinein* to change) विषम कोशिका विभाजन; केन्द्र परिवर्ती (कोष्ठ) विभाजन; कैरियोकिनेसिस; माइटोसिस (mitosis)।

karyology—(Gk. *karyon*, nut; *logos*, discouse) अष्टि विज्ञान; न्यूकलियस विज्ञान; केन्द्रक विज्ञान।

karyolymph—(Gk. *karyon*, nucleus; L. *lympha*, water) केन्द्रक रस; अष्टि लसीका; अष्टि प्ररस; न्यूकलियस प्ररस।

karyolysis—(Gk. *karyon*, nucleus; *lyein*, to loosen) केन्द्रक लयन; अष्टि विलन; न्यूकलियस विलन।

karyomere—(Gk. *karyon*, nucleus; *meros*, part) अष्टि खण्ड; न्यूकलियस खण्ड।

karyomicrosomes—(Gk. *karyon* nucleus; *miksis*, small; *soma*, body) अष्टि कण; न्यूकलियस कण।

karyomite—(Gk. *karpin*, nucleus; *mitos*, thread) परम्परा सूत्र; अष्टि सूत्र; गुण सूत्र; क्रोमोसोम।

karyomitome—(Gk. *karyon*, nucleus, *mitome*, network) अष्टि सूत्र व्यवस्था; न्यूकलियस पाश।

karyomitosis—(Gk. *karyon*, nucleus; *mitos*, thread) विषम कोशिका विभाजन।

karyon—(Gk. *karyon*, nucleus) अष्टि; न्यूकलियस; केन्द्रक।

karyophans—(Gk. *karyon*,, nucleus; *phainein*, to appear) पिण्डाणु।

karyophore—(Gk. *karyon*, nucleus; *pherein*, to bear) न्यूकलियस धारी; बाह्यप्रग्स तन्तुक या कला जो न्यूकलियस की गति अवरुद्ध करती है।

karyoplasm—(Gk. *karyon*, nucleus; *plasma*, something moulded) केन्द्रक द्रव्य; अष्टि सत्व; न्यूकलियस सत्व।

karyorhexis—(Gk. *karyon*, nucleus; *rhexis*, breaking) अष्टिट्रूक; न्यूकलियस टूक ।

karyosome—(Gk. *karyon*, nucleus; soma, body) अष्टि पिण्ड; क्रोमोसोम; केन्द्रक काय।

karyosphere—(Gk. *karyon*, nucleus; *sphaira*, globe) उपाष्टि; उप केन्द्रक; उप न्यूकलियस ।

koryota—(Gk. *karyon*, nucleus) अष्टि युक्त कोशिका; अष्ठि कोशिका; केन्द्रक युक्त कोशिका ।

karyote—अष्टि; केन्द्रक; न्यूकलियस ।

keryotheca—(Gk. *karyon*, nucleus; *theke*, concerning) अष्टि कला; केन्द्रक कला; न्यूकलियस कला ।

karyothin—(Gk. *karyon*, nucleus) क्रोमेटिन; अष्टि रंज्य; केन्द्रक वर्ण ।

katabolism—(Gk. *kata*, down; ballein to throw) ह्रास-; ह्रास-प्रक्रिया; अपचय ।

katabolite—(Gk. *kata*, down; *bole*, thrown) अपचय उत्पाद ।

katagenesis—(Gk. *kata*, down; *genesis*, descent) अधोविकास ।

katakinetic—(Gk. *kata*, down; *kinein*, to move) ऊर्जा अग्रेसर; वह प्रक्रिया जिससे ऊर्जा का मुक्त होना शुरू होता है ।

katakinetomeres—(Gk. *kata*, down; *kinein*, to move; *meros*, part) प्रभावहीन या अप्रभावी (अणु या प्रमाणु) ।

kataphase—(Gk. *kata*, dorwn; *plesis*; appearance) उत्तर स्थिति; विषम कोशिका विभाजन में परम्परा सूत्रों के बनने से लगा कर कोशिका के विभाजन तक की स्थितियाँ ।

kataphoresis—(Gk. *kata*, down; *pherein*, to carry) विद्युतप्रसरण ।

kataphoric—(Gk. *kata*, down; *pherein*, to carry) तंद्रा परिणाम; अनिवारक कार्य ।

kataplexy—(Gk. *kata*, down; *plassein*, to strike) मृतछद्मता; आघात मृत्यु ।

katastasis—प्ररस (protoplasm) की ह्रास प्रक्रियाओं द्वारा निष्कृत कोई भी पदार्थ ।

katastate—(Gk. *kata*, down; *stosis*, state) ह्रास्वज; प्रोटोप्लाज्म (protoplasm) की ह्रास प्रक्रिया स्वरूप उत्पन्न पदार्थ विशेष ।

katatrepsis—(Gk. *kata*, down: *trepein*, to turn) ह्रस्वगति स्थिति ।

katharobic—(Gk. *kathares*, pure: *iuo*, leios) स्वच्छ जल प्राणी ।

kathodic—(Gk. *kathodes*, descent) अनुदृत्तिक सर्पिल ।

kation—(Gk. *kata*, down: *ienai*, to go) धनात्मक आयन; धनायन ।

keber's organ—केबर का अङ्ग । सीपी आदि जन्तुओं में पाई जाने वाली हृदयावरण ग्रन्थि विशेष ।

keel—(A.S. *ceol*, ship) कील; कटक; मेंड; कूटक । उड़ने वाले पक्षियों की छाती वाली हड्डी पर विद्यमान कैरिना कील या मुँडेर ।

kenenchyma—(Gk. *kenos*, empty: *engechyma*. infusion) केननकाइमः निष्प्राण-ऊतक जैसे कार्क (cork) ।

keraphyllous—(Gk. *keras*, horn: *phyllon* leaf) शृंगास्तरः किराफिलस; खुर के शृंगीय और संवेदीय भागों के बीच का स्तर ।

keratine—(Gk. *keras*, horn) किरेटिन; सींग, नख या बाल बनाने वाला रसायन ।

keratinization—(Gk. *keras*, horn) शृंगीकरण; सींघ जैसे पदार्थ वाला बन जाना ।

keratogenous—(Gk. *keras*, horn; *gignesthai*, to produce) शृङ्गोत्पादक ।

keratohyalin—(Gk. *keras*, horn; *hyalos*, glass) क्रिराटोहायलिन, त्वचा में पाया जाने वाला एक पदार्थ ।

keratoid—(Gk. *keras*, horn eidos, resemblance) शृङ्गोपम; शृङ्गानुरूप; सींघ जैसा ।

keratose—(Gk. *keras*, horn) सींघदार; शृङ्गधारी ।

kernel—(A. S. *cyrnel*, small grain) गुठली; अष्टि । बीज का भ्रूण युक्त अन्दर का भाग ।

ketogenic hormone—कीटोजैनिक हार्मोन; वसा अपचय प्रभावित करने वाला पीयूषग्रन्थी का हार्मोन ।

kidney—वृक्क; गुर्दा ।

kinaesthesis—(Gk. *kinein*, to move; *aisthesis*, perception) गतिबोध ।

kinaesthetic—(Gk. *kinein*, to move; *aistkesis*, perception) गतिवोधक ।

kinase—काइनेस; एक प्रकार का क्षोभक रस (enzyme) ।

kinesiodic—(Gk. *kinesis*, movement; *hodos*, way) चालक तंत्रिका पथ ।

kinesis—(Gk. *kinesis*, movement) आकस्मिक गति ।

kinesodic—(Gk. *kinesis*, movement; hodos, way) गति उत्तेजना वाहक ।

kinetic—(Gk. *kenein*, to move) गत्यात्मक; गति विषयक ।

kinetoblast—(Gk. *kinesis*, to move *blastos*, bud) गतिज । किन्हीं जलीय अर्भकों में पाया जाने वाला वाह्य तंत्र युक्त आवरण जिसमें विशेष रूप से गति के लक्षण होते हैं ।

kinetochore—(Gk. *kinein*, to move; *horos*, place) गति केन्द्र ।

kinetogenesis—(Gk. *kinein*, to move; *gignesthai*, to produce) गतिज-रचनावाद । इस मत (theory) के अनुसार यह माना जाता है कि जन्तुओं की शरीर-रचनाओं (structures) का विकास (evolution) उनकी विविध प्रकार की गतियों (movements) के द्वारा हुआ है ।

kinetomeres—(Gk. *kinein*, to move; *meros*, park) गति-अणु; गति-परमाणु ।

kinetonucleus—(Gk. *kinein*, to move; L. *nucleus*, kernel) गति-अष्टि; गति केन्द्रक ।

kinetoplasm—किनेटोप्लाज्म; गति प्रस ।

kinetoplast—(Gk. *kinerien*, to move; *plastos*, formed) गति कण; किन्ही कपातंत्रीयों (mastigophora) में अनुमूलक (parabasal) और अधो पिण्ड (blepheroblast) से मिल कर वना हुआ कण ।

kinetosome—(Gk. *kinein*, to move; *soma*, body) काईनटोसोम; गति पिण्ड; माँस स्पोर जनन में एक कण समूह जो ध्रुव प्लेट (polar plate) क्षेत्र में अधिष्ठित होता है ।

kingdom—राष्ट्र; जगत ।

kinoplasm—(Gk. *kinein*, to move; *plasma*, mould) काइनोप्लाज्म; आद्य-प्रस; तारक किरणों तथा तर्कु तन्तुओं के आकर्पण गोलार्ध का एक पदार्थ ।

kleistogamous—(Gk. *kleistos*, closed; *gamos*, marriage) अप्रफुल्लित निषेचित । वन्द पुप्पों में निषेचित ।

kleronomous—(Gk. *kleronomos*, heir) वंशागत ।

klinokinesis—(Gk. *klinein*, to slope; *kinesis*, movement) आकस्मिक गति ।

knee—जानु; घुटना ।

knephoplankton—(Gk. *knephes*, twilight; *plangktos*, wandering) जानुप्लावी ।

knob—शोफ ।

knobbed—शोफ युक्त; ग्रन्थिल ।

knot—(A. S. *cnotta*, knot) संधि; गाँठ; बंधन; ग्रथि; गंड ।

kollikeers canal—(kollier, सुइस जन्तु वैज्ञानिक) कोलीकर की नलिका; कोली कर नलिका ।

komma—(Gk. *komma*, clause) पेशी खण्ड ।

koniocortex—(Gk. *konis*, dust; L. *cortex*, bark) कणीय वल्कलांश; कॉरटेक्स का कणीय भाग ।

krause's membrane—(*W. J. F. Krause*, German anatomist) क्राउस कला; अन्तप्रावर (telophragma); जैड (Z) विम्ब; रेखित पेशी में एकल या द्वि विन्दु पंक्तियाँ ।

kreb's cycle (citric acid cycle)—क्रेव चक्र (साइट्रिक अम्ल चक्र)—यह चक्र कोशिका के सूत्रकणिका (mitochondria) से सम्बन्धित होता है जिसमें एन्जाइम का तंत्र (system) होता है । इनके प्रभाव से पाइरूविक अम्ल (pyruvic acid) आक्सीजन की उपस्थिति में कार्वन डाइ आक्साइड (CO_2) और एटोपी (ATP) जो शक्ति का स्रोत होता है संश्लेषित हो जाता है ।

kupffer cell—(*K. W. Von Kupffer*) German anatomist) कुप्फर कोशिका; यकृत कुल्फाओ की तारोपम दीर्घभक्षक कोशिकायें ।

kyogenic—(Gk. *kyesis*, pregnancy *genos*, descent) गर्भज ।

L

Labella—(L. *labellum*, small lip) लैबिला; पैरा-ग्लोसा; परा-रसना।

labellate—(L. *labellum*, small lip) लैब्रेलीय; लैब्रेला युक्त।

labelloid—(L. *labellum*, small lip; Gk. eidos form) लैबेलोपम; लैबेलम के आकार वाला।

labellum—(L. *labellum*, small lip) ओष्ठक; लेबिलम; उदोष्ठ (labrum) के नीचे स्थित दल।

labia—(L. *labium*, lip) होठ; ओष्ठ।

labia cerebri—प्रमस्तिष्क-ओष्ठ; प्रमस्तिष्क-गोलार्ध के तट महासंयोजक पिण्ड (corpus callosum) को ढके हुए।

labia majora or labium majus—वृहत् भगोष्ठ।

labia minora or labium minor or minus—क्षुद्र भगोष्ठ।

labial—(L. *labium*, lip) ओष्ठीय; औष्ठ–; लेबियल; होठ सम्बन्धी।

labial palp—(L. *labium*, lip, *palpare*, to feel) ओष्ठ-मृश। (१) मोलस्का (mollusca) के मुँह के समीप दल समान (lobe-like) आकृति। (२) कीटों (insects) में लेबियम (labium) पर स्थित सन्धियुक्त अवयव (jointed appendage)।

labiate—(L. *labium*, lip) ओष्ठीय; ओष्ठोपम।

labiatiflorous—(L. *labium*, lip; *flos*, flower) ओष्ठोपम विभक्त बाह्यदली।

labidophorous—(Gk. *labis*, forceps; *pherein*, to carry) मुचुटी धारी; चिमटी सदृश अङ्गों युक्त।

labiella—(L. *labium*, lip) लेबेला; अपजिह्वा; सहस्रपादों (myriapod) के मुँह का एक भाग।

labiodental—(L. *labium*, lip; *dens*, tooth) ओष्ठ दन्तीय। होठ या ओष्ठ (lip) और दांत (tooth) सम्बन्धी।

labiosternite—(L. *labium*, lip; *sternum*, breast bone) लेबियोस्टरनाइट कीटों (insects) के सिर पर स्थित पैल्पीजर्स (palpigers) के बीच का मध्य क्षेत्र (median area)।

labiostipes—(L. *labium*, lip; *stipes*, stalk) लेबियोस्टाइपीज; कीटों (insect) के लेबियम (labium) के मूलांश (basal part) का एक भाग (portion)।

labium—(L. *labium*, lip) प्रत्योष्ठ; लेबियम। कीटों (insects) का संलयित (fused) द्वितीय मैक्सीली (maxillae)।

laboratory—(L. *laborare*, work) प्रयोगशाला।

labour—(L. *labor*, to cofine) प्रसव; बच्चा जनने सम्बन्धी।

labral—(L. *labrum*, lip) लेब्रम; प्रोष्ठय; प्रोष्ठ–।

labrocyte—(Gk. *labros*, greedy; *kytos*, hollow) मेदा कोशिका।

labrum—(L. *labrum*, lip) (१) अग्रोष्ठ; (सन्धि पादों arthropods) में (२) मुखाग्रतट; गैस्ट्रोपोडा (gastropod) में।

labyrinth—(Gk. *labyrinthos*, tabyrinth) लेबिरिन्थ; काचीय पिण्ड।

labyrinth membranous—आन्तरिक कर्ण या कर्ण यन्त्र।

labyrinthodont—(Gk. *labyrinthos*, labyrinth; *odous*, tooth) विक्रम दन्ती।

lac—(sans. *laksha*, 100,000, hence the teeming lac insect) लाक; लाक्षा; कीटाणुओं का गोंद सम पदार्थ विशेष।

lacerta—(L. *lacerta*, lizard) छिपकली वर्ण; सृपीशीलों (reptiles) का एक वर्ण विशेष।

lacerated—(L. *lacerare*, to tear) व्यवच्छिदी; विषमच्छिद्री; निर्भिदी।

lacertiform—(L. *lacerta*, lizard; *forma*, shape) गोधिकोपम; गृहलिकाकार; छिपकली के आकार का।

lachrymal, lacrimal—(L. *lacrima* tear) आश्रव; अश्रीय; अश्रु सम्बन्धी; लैक्राइमल।

lacinia—(L. *lacinia*, flap) लेसीनिया; मैक्सीला maxilla) के अन्तःपाद खण्ड (endopodite) या आन्तरिक अवयव (inner appendage) खण्ड।

laciniate—(L. *lacinia*, flap) लेसिनियेट; गुल्फ बन्ध; टखने या गुल्फ (tarsus) का बन्ध (ligament); विषमच्छिन्न।

lacinula—(L. *lacinia*, flap) लघुलेसिनिया; लघु प्रत्यांग्ठ; लेसीनुला ।

lacinulate—(L. *lacinia*, flap) लघुप्रत्योष्ठी; लेसीनुला सम्बन्धी ।

lacrimal—(L. *lacrima*, tear) अश्रु-; आश्रव; अस्रिय; अश्रु सम्बन्धी ।

lacrimonasal—(L. *lacrima*, tear; *nasus*, nose) लेक्रीमोनेजल; अश्रु-नासिकीय । अश्रु तथा नासिका सम्बन्धी ।

lacrimose—(L. *lacrima*, tear) आश्रव; अश्रुरूपक ।

lactalalbumin—(L. *lac*, milk; *albumen*, egg-white) लेक्टल अल्ब्यूमिन; दुग्ध श्वेती ।

lactase—(L. *lac*, milk) लेकटेज; दुग्ध शर्करेय ; जन्तुओं में पाया जाने वाला एक क्षोभक रस जिससे लेकटोज (lactose) से ग्लूकोज (glucose) बनता है।

lactation—(L. *lac*, milk) (१) स्तन्यकाल; वह काल या समय जिनमें माताओं (मादाओं) में दुग्ध स्रावन होता है। (२) स्तन्यन; स्तन ग्रन्थियों द्वारा दूध का बनना; स्तन्य स्रवण ।

lacteal—(L. *lac*, milk) दुग्ध-वाहिनी; क्षुद्रांत्र पायस-नलिका; लेकटियल; लेटेक्स वाहिनी ।

lactescent—(L. *lactescere*, to turn to milk) दुग्धोत्पादी, क्षीरजन; लेटेक्सोत्पादक ।

lactic—(L. *lac*, milk) दुग्धीय; दूध सम्बन्धी ।

lactiferous—(L. *lac*, milk; *ferre*, to carry) दुग्ध वाहिनी; दूधधारी ।

lactochrome—(L. *lac*, milk; Gk. *chroma*, colour) दुग्ध-रंजक ।

lactoflavin—(L. *lac*, milk; *flavus*, yellow) लेक्टो-फ्लेविन, रिबोफ्लेविन, विटामिन बी२; $C_{17}H_{20}O_6N_4$ ।

lactogenic—(L. *lac*, milk; Gk. *genesis*, descent) दुग्ध वर्धी, दूध बढ़ाने वाली; ऐसे रसायन आदि जिनसे माताओं के स्तनों में दूध-स्राव (दूध की मात्रा) अधिक हो जाती है ।

lactoglobulin—(L. *lac*, milk; *globulus*, *dim*, of *globus*, globe) लेकटों ग्लोब्यूलिन; दुग्ध प्रोटोन्य-दूध में पाया जाने वाला अघुलनशील प्रोटीन विशेष ।

lactoproteid—(L. *lac*, milk; Gk. *protos*, first) दुग्ध प्रोटोन्य; दुग्ध प्रोटीड ।

lactose—(L. *lac*, milk) दुग्ध शर्करा; दुग्ध मधुरा ।

lacuna—(L *lacuna*, cavity) लेकूना; कोष्ठान्तर; हड्डी में का पोला भाग; कोष्ट मध्यस्थ स्थल ।

lacunar—(L. *lacuna*, cavity) सकोष्ठान्तर; कोष्ठान्तरी ।

lacunose—(L. *lacuna*, cavity) कोष्ठान्तरी ।

lacunosorugose—(L. *lacuna*, cavity; *rugosus*, wrinkled) रेखांकित; गर्तकी; गहरे गड्ढे या नालियों वाले जैसे कुछ बीज या फल ।

lacustrine—(L. *lacus*; like) सरसीवासी; झील या सरस (lake) में रहने वाले ।

laeotropic—(Gk. *laios*, left; trepein, to turn) वामनत; बाईं ओर झूका या घूमा हुआ ।

laevulose—(L. *laevus*, left) फल-शर्करा; फ्रक्टोज; $C_6H_{12}O_6$ ।

lagena—(L. *lagena*, flask) लेजीना; अपान्त कर्ण ।

lageniform—(L. *lagena*, flask; *forma*, shape) पलिघाकर; फ्लास्क (flask) की शक्ल का ।

lagopodous—(Gk. *lagos*, hare; *pous*, foot) लोमपादी; पक्षपादी; लोम (hair) या पक्ष (feather) युक्त पैर वाले ।

lamarckism—(J.B. *delamarck*, french biologist) लमार्क मत; वह विकास मत जिसमें उपार्जित लक्षण वंश परम्परा के द्वारा संतति पर पहुँचाना सम्भव मानते हैं; और इस प्रकार ऐसे लक्षणों द्वारा ही प्राणियों का विकास होना सिद्ध करते हैं ।

lambda—(Gk. lambda) लम्दा; मस्तिष्क की एक सन्धि ।

lambdoid—(Gk. lambda) लम्दोपम ।

lamella—(L. *lamella*, small plate) फलक; पत्रक; पटल ।

lamellar, lamellate—(L. *lamella*, small plate) फलकी; पत्रकी; पतले पत्रकों या फलकों से बना हुआ ।

lamellibranchiate—(L. *lamella*, thin plate; Gk. *brangchia*, gills) पत्रक-गिली; पत्र-गिली ।

lamellicorn—(L. *lamella*, small plate, *cornu*, horn) पत्रशृङ्गक; ऐसे जन्तु जिनमें स्पर्श-शृङ्ग के जोड़ पत्रक के आकार के होते हैं ।

lamelliferous—(L *lamella*, plate; *ferre*, to carry) फलकी; पत्रकी; पत्रधारी ।

lamelliform—(L. *lamella*, plate; *forma*, shape) फलकोपम; पत्रकाकार; फलकाकार।

lamellirostral—(L. *lamella*, plate; *rostrum*, beak) फलक-चंचु; फलकान्तिश चंचु; ऐसे जन्तु जिनके चंचु के आन्तरिक तट फलकाकार कूटों (ridges) से ढँके रहते हैं।

lamina—(L. *lamina*, plate) पत्र-दल पत्रिका।

lamina cribrosa—चालनी रूप पट्ट।

lamina perpendicularies—ऋजु पट्ट; मीसेथमॉइड (mesethmoid) का मध्य प्रवर्धन या इथमॉइड (ethmoid) नासा व्यवधान का अस्थि भाग।

lamina terminales—अन्त्य पट्ट; मस्तिष्क के तृतीय विवर (third ventricle) की अग्र सीमा बनाने वाला धूसर पदार्थ का पतला स्तर।

laminar, laminiform—(L. *lamina*, plate; *forma*, shape) पत्रदली, पत्रिकोपम।

laminarian—(*Laminaria*, a genus of brown sea weeds) लेमीनेरियन; उथले पानी और पन्द्रह फेदम तक का क्षेत्र।

lamination—(L. *lamina*, plate) स्तरण; स्तरीकरण; स्तर विन्यास।

laminiplantor—(L. *lamina*, plate; *planta*, sole of foot) पादुका तल पट्ट; लैमिनिप्लैन्टर।

lampre—लेमप्रे; एक प्रकार की निर्हनु मत्स्य विशेष।

lanate—(L. *lana*, wool) लेनेट; उर्णी; लोमश; महीन-महीन रेशों से ढका हुआ जिससे सतह ऊन की तरह ढकी हुई प्रतीत देती है।

lance-linear—(L. *lancea*, lance; *linea*, line) कुंत-रेखीय।

lance-oblong—(L. *lancea*, lance; *oblongus*, oblong) कुंत-आयत।

lanceolate—(L. *lanceola*, little lance) शलयाकार।

lance-oval, lance-ovate—(L. *lancea*, lance; *ovalis*, oval) शलयाकार-अंडाकृति।

lancet—(F. *lancette*, from L. *lancea*, lance) शूलिका।

languet, languette—(F. *languatte*, small tongue) जिह्विकोपम प्रवर्धन; एसीडियन्स के क्लोमकोष (branchial sac) का एक प्रवर्धन।

land crab—भूकर्कट; भूकुलीर।

langerhan's, islets of—लैंगरहैन्स द्वीपिकाएं।

laniary—(L. *laniare*, to tear in pieces) कीलक, कीलद-ती।

lanthanin—(Gk. *lanthanein*, to conceal) लेन्थेनिन; ऑक्सीक्रोमेटिन; लेनिन।

lanuginous—(L. *lanugo*, wool) ऊर्णायु।

lanugo—(L. *lanugo*, wool) उर्णा-वह, ऊन या उर्ण सदृश्य भ्रूणावरण जिसका जनन से पूर्व ही पतन प्रारम्भ हो जाता है।

lapidicolous—(L. *lapis*, stone; *colere*, to cultivate) प्रस्तरान्तवासी; पाषाण-अधो वासी; पत्थरों के नीचे रहने वाले जन्तु।

lapillus—(L. *lapillus*, pebble) लघुकर्णोदल; लघुकणिकाकण। टिलियोस्ट (teleosts) के कर्णोपर्व कोष (utriculus) में एक छोटा कणिकाकण (otolith)।

lappaceous—(L. *lappa*, bur) कण्टकी, शूली।

lappet—(M. E. *lappe*, loose hanging part) आस्कन्द; लोलक; ढीला लटकता हुआ भाग।

large intestine—बृहदांत्र।

larmier—(Fr. *larme*, tear) अश्रुगर्त।

larva—(Gk. *larva*, gnost) अर्भक; लारवा (लार्वा)। अण्डे जनने वाले प्राणियों की वह जीवन अवस्था जिसमें भ्रूण प्रौढ़ बनने से पूर्व स्वतन्त्र जीवन व्यतीत करता है।

larval—(L. *larva*, ghost) अर्भकीय; लारवीय।

larviform—(L. *larva*, ghost *forma*, shape) अर्भकोपम; अर्भकाकार।

larviparous—(L. *larva*, ghost; *parere*, to produce) अर्भकोत्पादी।

larvivorous—(L. *larva*, ghost; *vorare*, to devour) अर्भकाहारी; अर्भक भोजी।

larvule—(L. *larvula*, small larva) अर्भकक।

laryngeal—(Gk. *larynx*, upper part of wind pipe) लेरिनजियल; स्वर-यंत्रीय।

laryngopharynx—(Gk. *larynx*, larynx; *pharyngx*, gullet) लेरिंगोफेरिंक्स; फेरिंक्स का कोमल तालु (soft plate) और निगलक (oesophagus) के बीच का भाग।

laryngotracheal—(Gk. *larynx*, wind pipe; L. *trachea*, trachea) लेरिंजोट्रेकियल; लेरिंग्स (larynx) और श्वास नलिका (trachea) सम्बन्धी।

larynx—(Gk. *laryngx*, larynx) लेरिंग्स; स्वर यन्त्र: पक्षियों के अतिरिक्त अधिकांश कशेरूकों में।

lasso-cells—संलग्नशील कोशिकायें; टीनोफोरा (ctenophora) के टैंटिक्लस (स्पर्शक) पर सूत्रक गोलार्धी संलग्नशील (adhesive) कोशिकायें।

lata-type—उत्परिवर्तिक रूपक; अपने पितृ से एक या एक से अधिक गुणसूत्र वाला उत्परिवर्तित (म्यूटैन्ट)।

latebra—(*latebra*, hiding place) श्वेतडिम्बान्न पलिधा; अण्डश्वेतपिण्ड।

latebricole—(L. *latebra*, hiding place; *colere*, to cultivate) बिलवासी; छिद्रवासी।

latent—(L. *latere*, to lie hidden or *latens*, hidden) सुप्त; अव्यक्त।

latent bodies—विश्रान्त पिण्ड; अचेष्ठावस्था।

latent period—सुप्तकाल; प्रतिक्रिया काल; उत्तेजना और प्रतिक्रिया के मध्य का समय।

lateral—(L. *latus*, side) पार्श्वीय; पार्श्विक; पार्श्व।

lateral appendage—पार्श्वोपांग; पार्श्व-अवयव।

lateral fold—पार्श्व भांज।

lateral fossa—पार्श्व खात।

lateral hearts—पार्श्व हृदय।

lateral line—पार्श्व रेखा।

lateral lobe—पार्श्व दल।

lateral surface—पार्श्व तल।

lateral ventricle—पार्श्व-विवर।

lateralia—(L. *latus*, side) पार्श्व प्लेटें; सिरीपीडिया की पार्श्व प्लेटें।

laterigrade—(L. *latus*, side; *gradus*, step) पार्श्वगामी।

laterinerved—(L. *latus*, side; *nervus*, sinew) पार्श्व शिरी।

laterocranium—(L. *latus*, side; *cranium*, skull) पार्श्व-कपाल।

lateral-sensory—(L. *latus*, side; *sensus*, sense) पार्श्व संवेदनांग तंत्र। मत्स्यों का पार्श्व संवेदनांग तंत्र।

lateroventral—पार्श्वोधरीय; पार्श्व (lateral) और अधरीय (ventral)।

latex—(L. *latex*, fluid) लेटेक्स; रबड़ क्षीर; रबड़ वृक्षों में पाया जाने वाला दुग्धीय अथवा वर्णक पदार्थ।

latiplantar—(L. *latus*, side; *planta*, sole of foot) पश्च गोलगुल्फक; लेटीप्लान्टर; गोलाकार पश्च (binder) गुल्फीय तल (tarsal surface) वाला।

latirostral—(L. *latus*, broad; *rostrum*, beak) व्यूढ़ चंचु।

latiseptate—(L. *latus*, broad, *septum*, septum) व्यूढ़ व्यवधानी।

latitudinal furrow—अक्ष सीता; विभाजन डिम्ब में विषवत् सीता (equatorial furrow) के समानान्तर अक्ष (latitudinal) सीता (furrow)।

Laurer Stieda canal—लौरर-सटीडा नलिका, ट्रिमेटोडा (trematoda) में डिम्ब नली (oviduct) और डिम्बान्नी नली (vitelline canal) के जोड़ पर स्थित नलिका जो पृष्ठ तल पर खुलती है।

laurinoxylon—(L. *launes*, laurd; Gk. *xylen*, wood) काष्ठ जीवाश्म।

law of acceleration—त्वरण मत; यह मत कि अधिक महत्व के अंगों का संवर्धन अधिक तीव्रता से होता है।

lax—(L. *laxus*, loose) शिथिल; ढीला।

layer—(A. S. *lay*, to lie) स्तर; पर्त; तह।

layer of Langhans—(T. *Langhans*, German histologist) लैंगहेन्स स्तर; अंत:पोषकोरक; साइटोट्रोफोब्लास्ट।

leader—(A. S. *laedan*, to lead) उच्चतम प्ररोह।

leaf—(A. S. *leaf*, leaf) अधिकतर हरा पर्ण; तने का अभिवर्धित फैला हुआ भाग।

leberidocytes—(Gk. *leberis*, exunia; *kytos*, hollow) ग्लाईकोजनिक सैल (कोशिका)।

lechriodont—(Gk. *lechrios*, slantwise; *odous*, tooth) संदन्ती।

lecithal—(Gk. *lekithos*, egg yolk) पीतकी; डिम्बान्नी।

lecithalbumin—(Gk. *lekithos*, egg-yolk; L. *albumin*, white of egg) लेसीथअल्बुमिन; शरीर के

विभिन्न अंगों में पाया जाने वाला लेसिथिन और अल्बुमिन युक्त पदार्थ।

lecithelles—(Gk. *lekithos*, egg yolk) डिम्बान्न कण।

lecithin—(Gk. *lekithos*, egg-yolk) लेसिथिन; योक; डिम्बान्न।

lecithoblast—(Gk. *lekithos*, egg-yolk; *blastos*, bud) योकज।

lecithocoel—(Gk. *lekithos*, egg-yolk; *koilos*, hollow) डिम्बान्न कोटर; लेसिथोसील।

lectotype—(Gk. *laktos*, chosen; *typos*, image) लेक्टोटाइप; उद्धृतादर्श; संकलितादर्श; सकलित प्रति रूप।

legume—(L. *legumen*, pulse) फली; लेग्युमिनोसी कुल का फल; यह एकाण्डप तथा सुपीरियर अण्डाशय से बनता है तथा पका फल दोनों सीवन-रेखा (sutures) से फटता है। उदाहरण—मटर, सेम तथा दालें (pulses)।

legumin—(L. *legumen*, pulse) लेग्युमिन, लेग्युमिनोसी के बीज में पाया जाने वाला ग्लोबूलिन (globulin)।

leech—(A. S. *laece*; one who heels) जोंक; रक्तप; जलाका; जलालुका; जलिका; जलुका; जलूका।

leg—(ice. *leggr*, a leg) टाँग।

leiotrichus—(Gk. *leios*, smooth; *thring*, hair) सरललोमी।

lemma—(Gk. *lemma*, husk) लेमा; शल्कवत सहपत्र; गेहूँ, जौ आदि मे स्पाइकिका (spikelets) के प्रत्येक पुष्प के तुष के अन्दर की ओर दो शल्कवत सहपत्र होते है। इनके सिरे शूक युक्त (awned) होते है जो लेमा (lemma) कहलाते हैं। लेमा के अन्दर एक सहपत्रिका (bracteole) होती है जिसे पोलिया (pelea) कहते हैं।

leminscus—(Gk. *lemniscus*, fillet) केशाना; वंधन; बंध। (१) एकन्थोविन्फेलान (acanthocephalan) शुंड के आधार पर स्थित दो मे से एक मुग्दराकार अंग। (२) प्रमस्तिष्क के वृन्त (peduncles) के दोनों ओर सूत्र केशाना (बंध)।

lenitic—(L. *lenis*, smooth) स्थिर जल जीवी (लेन्टिक)। [देखिये—lotic सरिता जल जीवी]

lens—(L. *lens*, lentil) लेन्स; ताल।

lentic—(L. *lentus*, slow) स्थिर जल जीवी।

lenticel—(L. *lens*, lentil) प्रवात कोशिका; प्रवात छिद्र। (१) आवृत बीजी (angiospenus) के तने या जड़ों के प्रवात (ventilating) छिद्र; (२) कॉर्क (cork) के छिद्र।

lenticular—(L. *lenticular*, *dim*, of *lens*, lentil) मसूरोपम; मसूराकार।

lenticular nucleus—मसूर-अष्टि; मसूरोपम-केन्द्रक।

lentiform—(L. *lens*, lentil: *forma*, shape) मसूराकार: मसूरोपम।

lentigerous—(L. *lens*, lentil; *gerere*, to bear) तालयुक्त: लेन्सधारी।

lentiginose=lentiginous—(L. *lentigo*, freckle) चित्तीदार।

lento-capillary point—प्रवात-केशिका बिन्दु। वह बिंदु जिस पर नल तनाव के कारण मूल रोमों में जल का प्रवाह अवरुद्ध हो जाता है।

leopard—(Gk. *leopardos*, lion pard) चीता।

lepidodendroid—(Gk. *lepis*, scale: *dendron*, tree; *eidos*, like) लेपीडोडेन्ड्राइड; पत्राकित तरुशल्की। वृक्षोपम शल्की।

lepidophyte—(Gk. *lepis*, scale; *phyton*, plant) लेपीडोफाइट; फर्नकुल का एक जीवाश्म पौधा।

lepidopterous—(Gk. *lepis*, scale; *pteron*, wing) शल्कीपक्षक; ऐसे जन्तु पतिंगे (moths) व तितली (butterflies) आदि जिनके पंख (wings) सूक्ष्म शल्कों (small scales) से ढके रहते है।

lepidosteoid—(Gk. *lepis*, scale; *osteon*, bone; *eidos*, form) लेपीडोस्टोइड; कोसमीन (cosmine) हीन गैनोइड शल्क।

lepidote—(Gk. *lepis*, scale) सूक्ष्म शल्की।

lepidotic—(Gk. *lepis*, scale) लेपीडोटिक; शल्कलग्न।

lepidotrichia—(Gk. *lepis*, scale; *thrix*, hair) शल्क-केश।

lepocyte—(Gk. *lepis*, husk; *kytos*, hollow) स्पष्ट भित्ती कोशिका, स्पष्ट भित्तिक कोशिका।

lepospondylous—(Gk. *lepos*, husk; *spondylous*, vertebra) उभयगर्तिक (कशेरु)।

leptocentric—(Gk. *laptos*, slender; *kentron*, centre) पोषवाहोतक सकेन्द्रीय पोटलिका; केन्द्रीय पोषवाहोतक (leptome) को घेरे हुए सकेन्द्रीय पोटलिका (concentric bundle)।

leptocephaloid—(Gk. *leptos*, slender; *kephale*, head; *eidos*, form) ईलार्भकोपम; ईल (eel) मत्स्य के अर्भक (larva) के सदृश।

leptócercal—(Gk. *leptos*. slender; *kerkos*, tail) लेप्टो सरकल; प्रलम्ब-पुच्छी; कृश-पुच्छी।

leptodactylous—(Gk. *leptes*, slender; *daktylos*, finger) प्रलम्बांगुलिक; कृशांगुलिक।

leptodermatous—(Gk. *leptos*, slender; *derma*, skin) तनुचर्मी; कृश-चर्मी; पतली खाल वाला।

leptome—(Gk. *leptos*, slender) लेपटोम; पोषवाहोतक; पादप स्तम्भों का फ्लोइम सदृश द्रव वाहक ऊतक।

leptomeninges—(Gk. *leptos*, slender; *meningx*, membrane) तनु मस्तिकाछद: कोमलाच्छद (pia-meter) और अरेक्नाइड कला।

leptonema—(Gk. *leptos*, slender; *nema*, thread) प्रलम्ब सूत्र; कृश सूत्र; तनु सूत्र।

leptophloem—(Gk. *leptos*, slender; *phloios*, smooth bark) तनुपोषवाह; तनुफ्लोएम।

leptophyllous—(Gk. *leptos*, slender; *phyllon*, leaf) तनुपर्णी।

leptosome—(Gk. *leptos*, slender; *soma*, body) प्रलम्ब या कृश पिण्ड; तनु पिण्ड।

leptosporangiate—(Gk. *leptos*, slender; *sporos*, seed; *anggeion*, vessel) तनुबीजाणुधानीय (पर्णाग-फर्न। [देखिये–eusporangiate-यूबीजाणुधानीय]

leptostroterate—(Gk. *leptos*, slender; *strotos*, covered) तनुवीथी पट्ट।

leptotene—(Gk. *leptos*, slender; *tainia*, band) तनु पट्ट; प्रलम्भ; कृश-सूत्री; तनु सूत्री; ह्रास-विभाजन (meiosis) की वह प्रारम्भिक पुरास्थिति (prophase), जिसमें क्रोमेटिन (chromatin) सूक्ष्म सूत्रों के रूप में रहता है।

leptotrombicula—(Gk. *leptos*, slender; H. *tromba*, trumpet) ट्रोमबीकुला अर्भक।

leptoxylem—(Gk. *laptos*, slender, *xylon*, wood) तनुजाइलम; तनुदारू; तनुकाष्ठीय ऊतक।

lepto-zygotene—(Gk. *leptos*, slender, *zygon*, yoke; *tainia*, band) लेप्टोजाइगोटीन; तनुयुग्मिक सूत्रक; तनुसूत्र (leptonema) और (zygonema) की अवस्थांतर (transition) स्थिति।

leptus—(Gk. *leptus*, small) लेप्टस; कीटार्भक विशेष।

lethal—(L. *letum*, death) प्राणान्तक।

lethality—(L. *letum*, death) मृत अनुपात।

leuceine—(Gk. *leukos*, white) ल्यूसेन; श्वेतन्य।

leucine—(Gk. *leulos*, white) ल्यूसीन; कुछ पौधों और जन्तुओं के कुछ ऊतकों व अंगों में पाया जाने वाला अमीनो कपरोइक अम्ल; $C_6H_{13}O_2N$।

leucism—(Gk. *leukos*, white) घ्वलपक्षता; घ्वल-रोमशता; जन्तुओं में रंगीन चक्षु व त्वचा होते हुए भी घ्वल पक्ष या रोम का होना। जन्तुओं में रंगीन चक्षु व त्वचा होते हुए भी घ्वल (सफेद) पक्ष या रोम से ढके होना।

leucite—(Gk. *leukos*, white) निरंगाणु।

leuco-also leuko—श्वेत; निरंग।

leucoblast—(Gk. *leukos*, white; *blastos*, bud) श्वेतज।

leucocarpous—(Gk. *leukos*, white; *karpos*, fruit) श्वेतफली।

leucocyan—(Gk. *leukos*, white; *kyanos*, dark blue) लूकोसियान, किन्हीं शैवाल (एल्गी) में पाया जाने वाला वर्ण।

leucocyte—(Gk. *leukos*, white; *kytos*, hollow) श्वेताणु; रक्त के सफेद कण।

meningosis—(Gk. *meningx*, membrane) कला प्रसक्तता।

meningospinal—(Gk. *meningx*, membrane; L. *spina*, spine) सुषुम्नाच्छदी।

meniscus—(Gk. *menis*, kos, little moon) मध्य कशेरूक; कशेरू मध्यीय बिम्ब; नवचन्द्रक; मेनिस्कस।

menopause—(Gk. *men*, month, *pausi*, ending) ऋतु अवसान; रजोनिवृत्ति।

menotaxis—(Gk. *menein*, to remain; *taxis*, arrangement) अवशिष्ट विन्यास; अंशानुचलन।

mensa—(L. *mensa*, table) चर्वणतल; दाँत का चबाने वाला तल; मेन्सा।

menstruation—(L. *mensis*, month; *struere*, to flow) रजोधर्म; मासिक धर्म; ऋतु स्राव; रज; महावारी। बहुत से कशेरूदण्डियों (vertebrates) मुख्यत: उच्च स्तनियों (higher mammals) के गर्भाशय (uterus) का अनुकालिक (periodic) प्रस्राव।

mental—(L. *mentum*, chin) (१) मानसिक; बुद्धि सम्बन्धी; (२) चिबुकीय; चिबुक या ठुड्ढी सम्बन्धी; (३) मेन्टम-, मेन्टम सम्बन्धी; मेन्टमी।

mentigerous—(L. *mentum*, chin; *gerere*, to carry) मेन्टमधारी; चिबुकधारी।

mentomeckelian—(L. *mentum*, chin; *J. F. Meckel, junior*, German anatomist) मेन्टोमकेलियन (उपास्थि अस्थि); निम्न कशेरूकों में चिबुकास्थि संयोग (mendibular symphysis) के दोनों ओर स्थित एक उपास्थि-अस्थि (cartilage bone)।

mentum—(L. *mentum*, chin) (१) ठुड्ढी; ठोढ़ी; चिबुक; (२) मेन्टम; चिबुकांग; कीटों (insects) में अग्रमेन्टम (prementum) और अध:मेन्टम (submentum) के मध्य का लेबियम (labium) का प्रदेश।

mericarp—(Gk. *meros*, part; *karpos*. fruit) फलांशक; भिदुरफल (schizocarpic fruit) के परिपक्व होने पर अनेक अस्फोटी टुकड़ों में विभक्त हो जाते हैं और यह टुकड़े फलांशक (mericarp) कहे जाते हैं।

प्रत्येक फलांशक में एक या एक से अधिक बीज होते हैं जो फलभित्ति के सड़ने पर ही मुक्त होते हैं।

फलांशक लोमेण्टम, क्रेमोकार्प; कार्सेरूलस, समारा, रेग्मा फलों के बनते हैं।

meridional canal—दक्षिणाभिमुख नाल; रेखांशिक नाल; टीनोफोरा (ctenophores) में वह नाल जिनमें अधि अरीय नाल (adradial canals) खुलती हैं।

meridional furrow—दक्षिणाभिमुख खांच; रेखांशिक सीता; विखण्डन डिम्ब में एक ध्रुव से दूसरे ध्रुव तक फैलने वाली अनुदैर्घ खांच (सीता)।

mere—(L. *merus*, unmixed) मीयर; सीमा रेखा; अंश; खण्ड।

merisis—(L. *meris*, division) कोशिका वृद्धि; वृद्धि। [देखिये–auxesis]

merismatic—(L. *merismos*, partition) खण्डन; खण्डों या कोशिका में बटना।

merismoid—(Gk. *merismos*, partition; *eidos*, like) शाखीय सिरस्छत्री (pileus)।

merispore—(Gk. *meros*, part; *sporos*, seed) स्पोर खण्ड; बहुकोशिकीय स्पोर निकाय का एक खण्ड या एक स्पोर।

meristele—(Gk. *meros*, part; *stele*, pillar) रंभ शाखा; रंभ (stele) की पर्ण को जाने वाली शाखा।

meristem—(Gk. *meristes*, divider) विभज्योतक; मेरिस्टेम; उपचीयमान (growing) बिन्दुओं पर पाया जाने वाला स्थानान्तरित होने वाली (आक्षेपण) कोशिकाओं का बना ऊतक (tissue)।

meristematic—(Gk. *meristes* divider) विभज्योतकी; उपचीयमान ऊतक कोशिकायें।

meristic—(Gk. *meristes*, divider) गणनीय; खण्डित भागों में बँटा हुआ; भागों की संख्या में भिन्न।

meristic variation—खण्डित विभिन्नता; भागों, खण्डों की संख्या में तथा भागों के ज्यामिति सम्बन्धों में विभिन्नता।
[देखिये–substantive variation सत्त्व विभिन्नता]

meristogenetic—(Gk. *meristes*, divider; genesis, descent) विभज्योतक जनन; मरिस्टेम जनन।

merithallus—(Gk. *meros*, part; *thallos* young shoot) मेरिथैलस अर्थात् पर्व (internode)।

Merkel's corpuscle—(F. S. *markel*, german anatomist) मरकल कण; स्पर्श ज्ञापक (त्वचा और मुँह में स्थित)।

mermaid's purse—जलपरी धानी; डिम्ब धानिन; डिम्बधानी; उपास्थि मत्स्यों (elasmobranchs) की तैरने वाली या जमी हुई लण्डों की थैली।

mermithaner—(Gk. *mermis*, cord; *aner*, male) शुल्वनर; मरमिस (mermis); आश्रित नर पिपीलिका (male ant)।

mermithergate—(Gk. *mermis*, cord; *ergates*, worker) शुल्वोद्योगी।

mermithogyne—(Gk. *mermis*, cord; *gyne*, female) शुल्वनारी।

meroandry—(Gk. *mermos*, part; *aner*, male) अंश-पुंसकता।

meroblast—(Gk. *meros*, part; *blastos*, bud) अंशज; स्पोरोजोआ (sporozoa) जीवों में स्फोटी (schizont) तथा अंशाणु (merozoite) के बीच की स्थिति।

meroblastic—(Gk. *meros*, part; *blastos*, bud) अंश खण्डित; ऐसे डिम्ब जो परिवर्धन में केवल आंशिक खण्डित होते हैं।

merocerite—(Gk. *meros*, thigh; *keras*, horn) स्पर्शक चतुर्थ खण्ड; केकड़ा वंशियों (crustaceans) के स्पर्शक का चौथा खण्ड या भाग।

merocrine—(Gk. *meros*, part; *krinein*, to separate) मीरोक्राइन; वह ग्रन्थियाँ (glands) जिसमें स्राविक कोशिका (secreting cells) बारम्बार कार्य करने के उपयुक्त होती रहती है।

merocytes—(Gk. *meros*, part; *kytos*, hollow) मीरोसाइट्; अंश कोशिका; अंशाणु।

merogametes—(Gk *meros*, part; *gametes*, spouse) अंश-जन्यु।

merogamy—(Gk. *meros*, part; *gamos*, marriage) अंश निषेक; सूक्ष्म निषेक; प्रयुग्मन।

merogastrula—(Gk. *meros*, part; *dim* of *gaster*, stomach) अंश-द्विस्तर; अंश विभाजी डिम्ब से बना हुआ द्विस्तर भ्रूण (gastrula)।

merogenesis—(Gk. *meros* part; *genesis*, descent) अंश जनन; खण्डनता; खण्ड विभक्तता; भागों में बट कर बनना।

merognathite—(Gk. *meros*, thigh; *guathos*, jow) हनुखण्ड; केकड़ा वंशी (crustaceans) के मुख-अवयव का चतुर्थ खण्ड।

merogony—(Gk. *meros*, part; *gone*, generation) अंश सन्तति; अंश विभाजन, अण्ड के एक भाग से साधारण छोटे नाप के भ्रूण का बनना जिसमें मादा पुराष्टि (female pronucleus) नहीं होती है।

meroistic—(Gk. *meros*, part; oon; egg) अंश डिम्बी; पोषी प्रकार; वह डिम्ब नलिका (oviduct) जिसमें पौष्टिक (nutritive) या धाय कोशिका (nurse-cell) होते हैं।

merokinesis—(Gk. *meros*, part; *kinesis*, movement) अंश कोशिका विभाजन; मीरोकनाईसिस।

merome—(Gk. *meros*, part) देह खण्ड; खण्ड; अनुखण्ड।

meromorphosis—(Gk. *meros*, part; *morphosis*, shaping) अंश पुर्ननिर्माण; आंशिक पुनरुत्पत्ति; नष्ट हुए भाग से कम का पुर्ननिर्माण।

meron—(Gk. *meros*, upper thigh) मेरोन; मीरोन; पट्टिका; (१) कीटों (insects) के कांक्सा (coxa) का पश्च भाग; (२) द्विपंखियों (diptera) में पश्च कांक्सा (hind coxae) के समीप स्थित पट्टिका या स्कलराइट (sclerite)।

meront—(Gk. *meros*, part, *on*, being) मीरोन्ट; खण्डक; एकाष्टि, स्फोटी; स्फोटी (schizont) अवस्था (stage) जिसमें केवल एक केन्द्रक या न्यूक्लियस (nucleus) होता है।

meroplankton—(Gk. *meros*, part; *plangktos*, wandering) अंश प्लवक; अस्थाई प्लवक (plankton) जो अधिकांश में अण्डों (eggs) और अर्भकों (larvae) का बना होता है।

meropodite—(Gk. *meros*, upper: thigh; *pous*, foot) पादांश; खंडपादांश; (१) केकड़ा वंशियों (crustaceans) में वक्षावयव (thoracic appendage) का चतुर्थ खण्ड; (२) मकड़ियों (spiders) की फीमर (femur) टांग की हड्डी विशेष।

merosomatous—(Gk *meros*, part; *soma* body) खण्ड दैहिक; वक्ष (thorax) और उदर (abdomen) में बटा हुआ वाला।

merosome—(Gk. *meros*, part; *soma* body) खण्ड पिण्ड; ईषत पिण्ड।

merosthenic—(Gk. *meros*, upper thigh; *sthenos*, strength) विपश्चावयवी; असाधारण पिछली टांगों वाला।

merotomy—(Gk. *meros*, part; *temnein*, to cut) खण्डन; अंश कर्तन; भाग में बटा हुआ होना।

merozoite—(Gk. *meros*, part; *zoon*, animal) मीरोजोइट; खण्डज; अंशाणु; खंडजाणु; स्पोरोजोआ (sporozoa) में स्फोटी (schizont) के खण्डन से बने हुए अंशाणु (merozoites)।

merozoon—(Gk. *meros*, part; *zoon*, animal) खण्डित जीव; कृत्रिम रूप में विभाजित एक कोशिकीय जन्तु का वह भाग विशेष जिसमें वृहदाष्टि (macronucleus) का भी खण्ड रहता है।

merrythought—फरकुला; पक्षियों में हसुली की हड्डियों के जुड़ने से बनी हुई माला की तरह की हड्डी।

mesadenia—(Gk. *mesos*, middle; *aden*, gland) मध्य ग्रन्थी; मसाडीनिया, षटपादों (insects) के मध्यजन (mesoderm) से उत्पन्न सहायी जननेन्द्रियां (accessory genital organs)।

mesamoeboid—(Gk. *mesos*, middle, *amoibe*, change; *eidos*, form) मध्यरक्ताणुज; वह रक्त की केन्द्रक कोशिकायें (nucleated cell) जिनसे रक्ताणु (corpuscles) बनते हैं।

mesanepimeron—(Gk. *mesos*, middle; *ana*, up; *mesos*, upper thigh) मिसानेपीमीरोना; द्विपंखियों (diptera) में पक्षाधर (wingbase) के नीचे तथा जांघ के ऊपर स्थित टुकड़ा पट्ट या स्क्लेराइट (sclerite)।

mesarch—(Gk. *mesos*, middle; *arche*, beginning) मध्यदारु; (१) आदिदारु (protoxylem) अनुदारु (metaxylem) से घिरा हुआ। (२) ऐसा दारु जिसमें आदिदारु (protoxylem) से सब दिशाओं में अनुदारु वर्धित होता हुआ—जैसे फर्न में।

mesaxonic—(Gk. *mesos*, middle; *axis*) मध्याक्ष; पांव को बीच की अंगुली तक बांटने वाला रेखा युक्त।

mesectoderm—(Gk. *mesos*, middle, *ektos*, outside; *derma*, skin) मध्यबहिर्जनस्तर; पर्यटनी (migrated) बहिर्जन (ectodermal) कोशिकाओं (cells) से निर्मित ऊतक (tissue)।

mesembryo—(Gk. *mesos*, middle; *embryon*, embryo) ब्लास्ट्रुला; एक स्तर भ्रूण (blastula)।

mesencephalon—(Gk. *mesos*, middle; *on*, in; *kephale*, head) मध्य मस्तिष्क; मिजनसिफेलॉन।

mesenchyma, mesenchyme—(Gk. *mesos*, middle; *engchein*, to pour in) मिजनकाईमा; मध्योतक; द्विस्तर भ्रूण (gastrula) के बहिर्जन (ectoderm) तथा अन्तर्जन (endoderm) के मध्य में स्थित तन्तु विशेष।

mesendoderm—(Gk. *mesos*, middle; *endon*, within; *derma*, skin) अन्तर्वलीयजन; अन्तर्वलयजन।

mesenterial—(Gk. *mesos*, middle; *enteron*, gut) अन्त्र युजी; मिसेन्टर सम्बन्धी; आंत्रयोजनी; पटीय।

mesentric—(Gk. *mesos*, middle; *enteron*, gut) अन्त्रयुजी; मिसेन्टरी सम्बन्धी; मिसेन्टरिक; आंत्रयोजनी।

mesenteriole—(L. *dim*, of mesenterium) अन्त्रयुज भाँज।

mesenteron—(Gk. *mesos*, middle; *enteron*, gut) मिसेन्ट्रोन। (१) अन्त्रनली का वह भाग जो अन्तर्जन (endoderm) से बनता है। (२) मध्यांत्र। (३) सीलोमांत्री (coelenterata) की मुख्य (main) पाचक कोटर।

mesentery—(L. *mesentesium*, mesentery) मिसैन्टरी; अन्त्रयुज; आंत्रयोजनी। (१) अन्त्राधार गह्वर वेष्ट (peritoneum) की वह सिलवट, जो अन्तड़ियों (intestines) को स्थिन रखती है। (२) सीलोमान्त्रियों (coelenterates) में देह भित्ति की ओर पहुँचता हुआ पेशीमय (muscular) व्यवधान।

mesepimeron—(Gk. *mesos*, middle; *epi*, upon; *meros*, upper thigh) मिसेपीमीरोन; मध्यवक्षोर्ध्व पट्टिका; मध्यपश्च-पार्श्व पट्टिका। कीटों (insects) के मध्यवक्ष (mesothorax) का पश्च पार्श्व पट्टिका (epimeron)।

mesepisternum—(Gk. *mesos*, middle; *epi*, upon; *sternon*, breast) मध्योपरि वक्षास्थि; मध्य अधि उरोस्थि।

mesethmoid—(Gk. *mesos*, middle; *ethmos*; sieve; *eidos*, form) मीजेथमोइड; झर्झरिका; कपाल के मध्य की अस्थि विशेष।

mesiad—(Gk. *mesos*, middle) मध्य समीप; मध्यतक्ष (median plane) की ओर या समीप।

mesial—(Gk. *mesos*, middle) मध्यी; मध्य; मध्य में खड़ी (vertical) या लम्बी (longitudinal) तक्ष (plane) के मध्य में।

mesic—मेसिक; मध्यावस्थी; ऐसे जन्तु या पौधे जो खुश्क (xeric) और आर्द्र (hydric) दोनों अवस्थाओं के मध्य की अवस्थाओं में रहने वाले हों।

mesobenthos—(Gk. *mesos*, middle; *benthos*, depths) मध्यागाधवासी; मध्यनितलक; समुद्र तल पर १०० से ५०० फैदम (fathom) की गहराई पर रहने वाले जन्तु या पौधे विशेष।

mesoblast—(Gk. *mesos*, middle; *blastos*, bud) मध्यस्तर; मध्यांकुर; मध्यकोरक।

mesoblastic—(Gk. *mesos*, middle; *blastos*, bud) मध्यस्तरी; मध्यस्तर सम्बन्धी; मध्यकोरकी।

mesobranchial—(Gk. *mesos*; middle; *brangchia*, gills) मध्यगिली; मध्यक्लोमी।

mesobronchus—(Gk. *mesos*, middle; *brangchos*, wind pipe) मध्यश्वास नलिका; मध्यश्वसनी; मुख्य श्वास नलिका। पक्षियों (birds) में श्वास की प्रमुख नली; जिससे गौण (secondary) श्वास उपनलिकाएँ निकलती हैं।

mesocaecum—(Gk. *mesos*, middle; L. *caecus*, blind) सीकम युज।

mesocardium—(Gk. *mesos*, middle; *kardia*, heart) हृत्युज; हृद्योजनी।

mesocarp—(Gk. *mesos*, middle; *karpos*, fruit) मध्य भित्ति; फल की बीच की परत जो मांसल तथा रेशेदार होती है।

mesocentrous—(Gk. *mesos*, middle; *kentron*, centre) मध्यास्थि गठन; मध्य केन्द्र में अस्थि करण होना।

mesocephalic—(Gk. *mesos*, middle; *kehhale*, head) मध्य कपाली; मध्यसिरी।

mesochilium—(Gk. *mesos,* middle; *cheilos,* lip) ओष्ठक मध्य; आरकिड्स (orchids) के ओष्ठक (labellum) का मध्यांश ।

mesocoel—(Gk- *mesos,* middle; *koilos,* hollow) मध्य गुहा; (१) मध्यगह्वर-सीपीवंशी या मौलस्क (mollusca) के गह्वर या देहकोटर के तीन मुख्य भागों में से मध्य का भाग । (२) मध्य मस्तिष्क गुहा; (३) सिल्वियस (sylvius) की जल नलिका (aqueduct) (४) आईटर (iter) द्वितीय तथा तृतीय मस्तिष्क विवर (ventricle) जोड़ने वाला नलिका पथ ।

mesocolic—(Gk. *mesos,* middle; *kolon,* large intestine) मध्य वृहदांत्री ।

mesocolon—(Gk. *mesos,* middle; *kolan,* large intestine) मध्यवृहदांत्र; वृहदंत्रयोजनी ।

mesocoracoid—(Gk. *mesos,* middle; *korax,* crow; *eidos,* form) मध्यांसक; मीसोकोराकाइड, मध्य अंस तुण्ड ।

mesocotyl—(Gk. *mesos,* middle; *kotyle,* cup) मध्य चषक; मीसोकोटाइल ।

mesocycle—(Gk. *mesos,* middle; *kyklos,* circle) मध्य ऊतक; एक रंभीय तने में दारु (जाइलम) और फ्लोएम (phloems) के बीच का ऊतक स्तर । संश्लिष्ट (conjunctive) रंभ का ऊतक ।

mesodaeum—(Gk. *mesos,* middle; *odaios,* pert, way) मध्यांत्र; भ्रूणिक (embryonic) पाचक पथ (digestive tract) का अन्तंजनीय (endodermal) भाग जो अग्रांत्र या स्टोमोडियम (stomodaeum) तथा पश्चांत्र या प्रोक्टोडियम (proctodaeum) के मध्य में होता है ।

mesoderm—(Gk. *mesos,* middle; *derma,* skin) मध्यस्तर; मध्य जन स्तर; मेसोडर्म; मध्य जन; बहिजन (ectoderm) और अन्तंजन (endoderm) के मध्य का स्तर ।

mesodermal—(Gk. *mesos,* middle; *desma,* skin) मध्यजनी; मध्य जन सम्बन्धी; मध्यजन स्तरी; मध्यजन स्तर सम्वन्धी ।

mesodesm—(Gk. *mesos,* middle; *desma,* bond) मध्यानुवन्ध; मध्यावंध ।

mesodont—(Gk. *mesos,* middle, *odous,* tooth) मध्य दन्त; मध्य दन्ती ।

mesogaster—(Gk. *mesos,* middle; *gaster,* stomach) आमाशय-युज; आमाशय वन्धक; जठर योजनी ।

mesogastric—(Gk. *mesos,* middle; *gaster,* stomach) आमाशय युजी; मध्य पाचकी प्रदेश ।

mesogastrium—(Gk. *mesos,* middle; *gaster,* stomach) मध्योदर क्षेत्र; मीसो गेस्ट्रीयम ।

mesoglia—(Gk. *mesos,* middle; *gloia* glue) मध्य श्लेष; नाड़ी मण्डल में मध्यस्तर सम्बन्धी भक्षक स्थानान्तरित कोष्ठ या कोशिका ।

mesogloea—(Gk. *mesos;* middle; *gloia,* glue) मध्यश्लेषक; मध्यश्लेष स्तर; छिद्र देहियों (porifera) और सीलोमान्त्रियों (coelenterates) में बीच की अकोशिकीय (non-cellular) जिलेटीन (gelatinous) की एक तह ।

mesognathion—(Gk. *mesos,* middle; *gnathos,* jaw) पार्श्वांश अग्रोर्ध्वहनु; अग्रोर्ध्व हनु (premaxilla) का पार्श्व खण्ड, जिसमें पार्श्वकर्तक (lateral incisor) लगे रहते हैं ।

mesohepar—(Gk. *mesos,* middle; *hepar,* liver) यकृत युज ।

mesolecithal—(Gk. *mesos,* middle; *lekithos,* yolk) मध्ययोकी; मध्य डिम्वान्नी; मध्य पीतक; मध्य में योक या डिम्वान्न (yolk) वाला डिम्ब या अण्डा ।

mesology—(Gk. *mesos,* middle; *logos,* discourse) जन्तु व्यवहार विज्ञान; अङ्गीयों (organisms) और वातावरण (environment) का परस्पर व्यवहार सम्बन्धी अध्ययन ।

mesomere—(Gk. *mesos,* middle; *meros,* part) मध्यक्षेत्र; मध्यखण्ड; भ्रूण (embryo) के सीलोम कोषिकाओं (coelomic pouches) के मध्य का क्षेत्र ।

mesometrium—(Gk. *mesos,* middle; *metra,* uterus) गर्भाशय युज; गर्भाशय (uterus) और उससे सम्बन्धित नलिकाओं (connecting tubes) की मिसेन्ट्री या वन्धक कला या युज ।

mesomitosis—(Gk. *mesos*, middle; *mitos*, thread) माध्याष्टि विभाजन; आंशिक विभाजन; अष्टान्तर्गत विभाजन; केन्द्रक कला (nuclear membrane) के अन्तर्गत का विषम विभाजन (mitosis)।

mesomorphic—(Gk. *mesos*, middle; *morphe*, form) माध्यमिक—; मध्याकृतिक; बीच की बनावट वाला।

mesomyodian—(Gk. *mesos*, middle; *mys*, muscle; *eidos*, form) मीसोमायोडियन; ऐसे पक्षी (birds) जिनमें स्वर वाद्य (syrinx) की मांसपेशियां (muscles) श्वास नलिका (bronchus) के अर्ध-छल्लों से (semi rings) लगी रहती हैं।

meson- (Gk. *mesos* middle) केन्द्र तक्ष (तल)।

mesonephric—(Gk. *mesos*, middle; *nephros*, kidney) मध्यवृक्कीय।

mesonephridium—(Gk. *mesos*, middle; *nephros*, kidney; *idion*, dim) मध्योत्सर्गांश; मध्योत्सर्जिनी; कुछ अकशेरुकों (invertebrates) का उत्सर्गांग या विसर्जन अंग।

mesonephros— (Gk. *mesos*, middle; *nephros*, kidney) मध्यवृक्क; कशेरुकों (vertebrates) के भ्रूण (embryos) के विसर्जन अङ्ग (excretoy organ) का मध्य भाग। कशेरुकों के वृक्क का वह भाग जो भ्रूण वर्धन में प्राक्वृक्क (pronephros) के बाद और इसके पश्च से वर्धित होता है और प्राक्वृक्क वाहिनी (pronephric duct) में खुलती है। यह प्रौढ़ अनुल्वी वर्ग (anamnotes) की क्रियाशील वृक्क होती है और उल्वी वर्ग (amnotes) में केवल भ्रूण को ही वृक्क का यह कार्य करती हैं बाद में यह अपह्रासित (degenerate) हो जाती है। केवल नर में वृषण के साथ कुछ भाग लगा रहता है।

mesonotom— (Gk. *mesos*, middle; *noton*, back) मध्य पृष्ठिका; षटपादों (insects) में मध्यवक्ष (mesothrax) का पृष्ठ भाग (dorsal part)।

mesoparapteron—(Gk. *mesos*, middle; *para*, beside; *peron*, wing) माध्योपपृष्ठिका।

mesopetalum—(Gk. *mesos*, middle; *petalon*, leaf) ओष्ठक या ओष्ठ (ऑरकिड का)।

mesophanerophyte—(Gk. *mesos*, middle; *phaneros*, manifest; *phyton*, plant) मध्यम वृक्ष; ८ से ३० मीटर तक की ऊंचाई के वृक्ष।

mesophloem—(Gk. *mesos*, middle; *phloios*, smooth bark) मध्यवल्कल; हरीत वल्कल।

mesophase—(Gk. *mesos*, middle; *phasis*, to shine) मध्यस्थिति।

mesophragma—(Gk. *mesos*, middle; *phragma*, fence) मध्यप्रावर।

mesophryon—(Gk *mesos*, middle; *ophrys*, eye-brow) मध्योन्नम; (मध्य शिरोन्नम) ट्राइलो वाईटीज (trilobites) के सिर के बीच का ऊंचा उठा हुआ भाग।

mesophyll—(Gk. *mesos*, middle; *phyllon*, leaf) मध्यपर्ण; पर्णांत निर्यासक, पक्षी के अन्दर का निर्यासक (parenchyma)।

mesophyte—(Gk. *mesos*, middle; *phyton*, plant) शीतोष्णीपादप; परितरू; ऐसा पौधा (तरू) जो शीतोष्ण जलवायु और सामान्य आर्द्रता में समृद्ध रहता है।

mesoplankton—(Gk. *mesos*, middle; *plangktos*, wandering) मध्य प्लवक।

mesoplasm—मध्य प्रदव्य।

mesoplast—(Gk. *mesos*, middle; *plastos*, moulded) कोशिकाष्टि; अष्टि; केन्द्रक।

mesoplastic—(Gk. *mesos*, middle; *plastos*, moulded) वैधिकाकृतिक; साधारण या औसत आकृति वाले।

mesoplastron—(Gk. *mesos*, middle; F. *plastron*, breast plate) मध्य पट्टिका।

mesopleuron—(Gk. *mesos*, middle; *pleura*, side) मध्यपार्श्व पटल; कीटों (insects) के मध्यवक्ष का पार्श्व पटल।

mesopodial—(Gk. *mesos*, middle; *pous*, foot) पादमध्यांशी।

mesopodium—(Gk. *mesos*, middle; *pous*, foot) पादमध्यांश; मध्यपाद; मौलस्का (mollusca) के पांव के बीच का भाग।

mesopraescutum—(Gk. *mesos*, middle; L. *prae*, before; *scutum*, shield) माध्यमिक पृष्ठिकाग्र मध्य; कीटों (insects) में मध्यवक्ष (mesothorax) का अग्र-पृष्ठ (praescutum) का मध्य।

mesopterygium—(Gk. *mesos*, middle, *pteyrgion*, little wing or fin) मध्य स्कन्धीय फिन; मध्य पंखक; उपास्थि मत्स्यों (elasmobranchs) में तीन स्कन्ध फिन या क्षेपणीयों (fins) में से मध्य की एक क्षेपणी या फिन (fin)।

mesopterygoid - (Gk. *mesos*, middle *pteryx*, wing, *eidos*, form) मीसोटेरीगोइड; मध्यत्रअंगिका; अस्थि मत्स्यों या टिनियोस्टस (teleosts) के कपाल की एक अस्थि विशेष।

mesoptile—(Gk. *mesos*, middle; *ptilon*, feather) मीसोपटाइल; पंख-मध्य; द्वितीय शावपिच्छ।

mesorchium—(Gk. *mesos*, middle; *orchis*, testicle) वीर्याणु ग्रन्थि युज; वृषण युज; वृषणाधर।

mesorectum—(Gk. *mesos*, middle; L. *rectus*, straight) मलाशय-युज; मलाशय योजनी।

mesorhinal—(Gk. *mesos*, middle; *rhis*, nose) नासा मध्य; नासिका छिद्र मध्य; मध्य घ्राणीय।

mesorhinium—(Gk. *mesos*, middle; *rhis*, nose) मध्य अंतरानासा; पक्षी चंचु का अन्तरानासा (internerval) तल क्षेत्र।

mesosalpinx—(Gk. *mesos*, middle; *salpingx*, trumpet) मध्य तूर्यक; फैलोपी योजनी; गर्भाशय नलिका को घेरने वाले चौड़े लिगामैन्ट का भाग।

mesoscapula—(Gk. *mesos*, middle; L. *scapula*, shoulder blade) स्केपुला मेड़; स्कान्धास्थि कूट; मध्य अंश फलक खंड।

mesoscutellum—(Gk. *mesos*, middle; L. *scutellum*, small shield) मीसोस्कूटेलम; मध्य स्कूटेलम; मध्य-पृष्ठिका पश्च; षट्पादों (insects) में मध्यवक्ष (mesothorax) का दृढ़ाच्छद (scutellum)।

mesoscutum—(Gk. *mesos*, middle; L. *scutum*, shield) मीसोस्कूटम; मध्यस्कूटम; मध्यपृष्ठिका; कीटों (insects) में मध्यवक्ष (mesothorax) का पृष्ठिका मध्य स्कूटम (scutum)।

mesosoma—(Gk. *mesos*, middle; *soma*, body) देह मध्य; देह का मध्य भाग; मध्य काय।

mesosome—(Gk. *mesos*, middle; *soma*, body) मध्यपिण्ड।

mesosperm—(Gk. *mesos*, middle; *sporma*, seed) मध्य बीजाण्ड; बीजांड केन्द्रक त्वक्; बीजाण्ड के केन्द्रक (nucleus) को घेरे हुए त्वक (integument)।

mesospore, mesosporium—(Gk. *mesos*, middle *spores*, seed) (१) मध्यचोल (बीजाणु); (२) एक कोशिकीय टेल्यूटो बीजाणु (teleutospore) किन्ही फन्जाई में; (३) बीजाणु विश्रामी अवस्था।

mesostate—(Gk. *mesos*, middle; *stasis*, standing) परिणत मध्यावस्था; परिणति या उपापचय प्रक्रिया (metabolism) के बीच की स्थिति।

mesostereom—(Gk. *mesos*, middle; *stereos*, solid) मध्य प्रावरक (thecal) पट्ट।

mesosternebra—(Gk. *mesos*, middle; *sternum*, breast bone) मध्यवक्षकांश; मध्यवक्षक का बढ़ता हुआ या बनता हुआ (developing) भाग।

mesosternum—(Gk. *mesos*, middle; L. *sternum*, breast bone) मध्यवक्षक; मीसोस्टर्नम; मध्यउरोस्थि।

mesostethium—(Gk. *mesos*, middle; *stethos*, chest) मध्यवक्ष।

mesostylous—(Gk. *mesos*, middle; *stylos*, pillar) मध्यवर्तिक; मध्य कक्षांग-अनुबंधी (stylous) (कीटों में)।

mesotarsal—(Gk. *mesos*, middle; L. *tarsus*, ankle joint) मध्यपाद गुल्फी; मध्यावयव गुल्फी; कीटों (insects) में मध्यावयव (middle limb) के गुल्फ या टारसस (tarsus) सम्बन्धी।

mesotarsus—(Gk. *mesos*, middle; L. *tarsus*, ankle-joint) मध्यावयव गुल्फ; मध्यपाद गुल्फ।

mesotergum—(Gk. *mesos*, middle, L. *tergum*, back) मीसोटरगम; मध्य पृष्ठ पटल; मध्य पृष्ठक।

mesothecium—(Gk. *mesos*, middle; *theke*, cup), मध्य परागकोश आच्छद।

mesothelium—(Gk. *mesos*, middle; *thele*, nipple) पेशी तन्तु जन; मध्यजन (mesoderm) जो पुरा-सीलोम (primitive coelome) को घेरे रहती है और जो मांस (muscular) व बंधक तन्तु (connective tissue) को बनाती है।

mesotherm—(Gk. *mesos*, middle; *therme*, heat) मध्यऊष्णी; मध्यतापी।

mesothoracic—(Gk. *mesos*, middle; *thorax*, chest) मध्यवक्षीय।

mesothorax—(Gk. *mesos*, middle; *thorax* chest) मध्यवक्ष।

mesotic—(Gk. *mesos*, middle; *ous*, ear) मीसोटिक; मध्यकपालीय उपास्थि; पक्षियों (birds) के कपाल की अस्थि विशेष।

mesotriaene—(Gk. *mesos*, middle; *triaina*, trident) मध्य त्रिशाखी स्पीक्युल।

mesotrochal—(Gk. *mesos*, middle; *trochos*, wheel) मध्य चक्री; मध्य चक्रक; खण्डदेहियों (annelida) का अर्भक विशेष।

mesotrophic—(Gk. *mesos*, middle; *trophe*, nourishment) सामान्य पुष्टी; मध्य पोषी।

mesotympanic—(Gk. *mesos*, middle; *tympanum*, drum) मीसोटिम्पेनिक; मध्यानक; सिमप्लैटिक मत्स्यों के अधोहनु के आलम्बक यंत्र (suspensory apparatus) की एक अस्थि।

mesovarium—(Gk *mesos*, middle; L. *ovarium*, ovary) डिम्बाशय-युज। मत्स्यों (fishes) में लटकी हुई (suspensory) मिसेन्टरी या अन्त्र युज (mesentry)।

mesoventral—(Gk. *mesos*, middle; L. *venter*, belly) मध्यअधरी।

mesozoic era—(Gk. *mesos*, middle; *zoe*, life) मध्ययुग; मध्य जन्तुयुग; गौण भूगर्भकाल; सृपी (reptiles) जन्तुओं का युग।

mesotome—(Gk. *mestos*, filled) वाहक गुच्छ।

meta—"बीच में", "साथ" अर्थ का उपसर्ग।

metabiosis—(Gk. *meta*, after, *biosis*, a living) परिणित जीवन; अनुर्जीविता; एक अंगी (organism) का पूर्णतः वातावरण तैयार करने के पश्चात् मर जाना और दूसरे अंगी का उसी स्थान में आकर रहने की दशा।

metabolic—(Gk. *metabole*, change) परिणित सम्बन्धी; उपापचयी।

metabolism—(Gk. *metabole*, change) परिणित प्रक्रिया; समष्टि प्रक्रया; उपापचय; (१) शरीर की वह क्रियायें जिनसे भोजन जीवित तत्वों में परिणित होता है। (२) सजीव पदार्थों के समस्त रसायनिक परिवर्तनों का योग।*

metabolite—(Gk. *metabole*, change) परिणितज; उपापचयज; समष्टिज; समष्टि या परिणित (metabolism) द्वारा उत्पन्न कोई वस्तु विशेष। वह पदार्थ जो उपापचय प्रक्रिया में भाग लेता है। अधिकांश **उपापचयज** (metabolite) उपापचय के दौरान अंगी द्वारा बनाये जाते हैं, शेष जिनकी आवश्यकता होती है पर्यावरण से लिये जाते हैं। **स्वपोषित जीव** (autotrophic organisms) केवल अकार्बनिक उपापचयज जैसे पानी, कार्बन डाइ आक्साइड, नाईट्रेट्स और कई सूक्ष्म मात्रक तत्व (trace elements) पर्यावरण से लेते हैं। **परपोषित जीव** (heterotrophic organisms) अकार्बनिक तथा कार्बनिक उपापचयज कुछ विटामिन और अमीनो अम्ल सहित पर्यावरण से लेते हैं।

metaboly—(Gk. *metabole*, change) परिणतिता; आकारांतण।

metabranchial—(Gk. *meta*, after; *brangchia*, gill) उत्तर गिली; पश्च क्लोमी।

metacarpal—(Gk. *meta*, after; *karpos*, wrist) मेटाकारपल; करभास्थि; हथेली की हड्डी; करभिका।

metacarpophalangeal—(Gk. *meta*, after; *karpos*, wrist; *phalangx*, series) करभ-पर्व सम्बन्धी।

metacarpus—(Gk. *meta*, after; *karpos*, wrist) हथेली की हड्डियाँ; करभ। कलाई और अंगुली के बीच की हड्डियाँ जो प्रधानतः पांच शलाकाकार (rod like) हड्डियाँ होती हैं।

metacentric—(Gk. *meta*, among; *kentron*, centre); (१) अपकेन्द्री; च्युत केन्द्रक; मध्यकेन्द्री; (२) मध्य परम्परा सूत्री; मध्य केन्द्र गुणसूत्र।

metacercaria—(Gk. *meta*, after; *kerkos*, tail) मेटासर्केरिया, उत्तर सर्केरिया; एक अर्भक विशेष।

metacestode—(Gk. *meta*, after; *kestos*, girdle; *eidos*, form) मेटासेस्टोड; ब्लैडरवर्म; स्योतिक सिस्टोड; पट्ट-देहियों (tapeworms) का अर्भक।

*नोट—परिणत=रूपान्तरित पका या पचा हुआ। परिणति=रूप में परिवर्तन होना; परिपाक; समष्टि; अंत।

metachordata— उच्चपृष्ठ दण्डी ।

metachromatic —(Gk. *meta*, after; *chroma*, colour) विरंजक; विविध रंजक; ऐसे पदार्थ विशेष जो रंग जाने पर ही पहिचाने जा सकते हैं ।

metachromy—(Gk *meta*, after; *chroma*, colour) रंगविभेदता, रंग परिवर्तनता; वर्णांतरण ।

metachrosis—(Gk. *meta*, after; *chrosis*, colouring) रंगविभेदक्षमता; रञ्जक कोशिकाओं (pigment cells) के प्रसार (expansion) या संकुचन (contraction) द्वारा त्वचा (skin) के रंग या वर्ण (colour) में परिवर्तन करने की शक्ति ।

metacneme—(Gk. *meta*, after; *kneme*, tib a पेशीमय व्यवधान; गौण-युज, गौणपट ।

metacoel—(Gk. *meta*, after; *koilos*, hollow) अनुसील; मैटासील; पश्चगुहा; (१) मोलस्क (mollusc) की सीलोम या देह कोटर (coelome) का पश्च (posterior) भाग; (२) मस्तिष्क के चतुर्थ विवर (fourth ventricle) का अग्र प्रवर्धन (anterior extension) ।

metacone—(Gk. *meta*, after; *konos*, cone) अनुशंकु; पश्चदंताग्र; उर्ध्व चर्वक (upper molar) का बाह्य पश्च (postero-external) कस्प, शिखर या शंकु (cusp) ।

metaconid—(Gk. *meta*, after; *konos*, cone) अधः शंकु । अधोचर्वक (lowermolar) का अन्तः पश्च (posterointernal) कस्प, शिखर, या शंकु (cusp) ।

metaconule—(Gk. *meta*, after; *konos*, cone) गौण अनुशंकु ।

metacoracoid—(Gk. *meta*, after; *korax*, crow; *eidos*, form) मेटाकोराकाइड; कोराकाइड (coracoid) के पीछे का भाग ।

metacromion—(Gk. *meta*, after; *akros*, summit; *omos*, shoulder) मेटाक्रोमियन; पश्चांस फलक प्रवर्ध; स्कन्धास्थिकूट (scapular spine) पर स्थित एक्रोमियन प्रवर्धन (acromion process) का पश्च शाखा (posterior branch) प्रवर्द्धन (process) ।

metacryptozoites—उत्तर गुप्ताणु; अनुक्रिप्टोजॉइट ।

metacyclic—(Gk. *meta*, after; *kyklos*, circle) पुनः संक्रमक; अनुचक्री; एक कोशिकीय परजीवी (unicellular parasite) की वह स्थिति जो पुनः दूसरे पोषक (host) में रोग चालू कर सके ।

metadiscoidal—(Gk. *meta*, after; *diskos*, disc) उत्तरबिम्बकमल; पश्च चक्राभ अपरा; वह कमल या जेर (placenta) जिसमें प्रथम रसिकायें (villi) छितरी होती हैं और बाद में थालीनुमा आकृति में लग जाती हैं ।

metadromous—(Gk. *meta*, after; *dromos*, running) अनुशिरी ।

metaesthetism—(Gk. *meta*, after; *aisthetos*, perceptible by senses) अभिज्ञमत; यह सिद्धान्त या मत कि चेतना (conciousness) पदार्थ (matter) और शक्ति (energy) के विकास (evolution) की उपज है ।

metagastric—(Gk. *meta*, after; *gaster*, stomach) पश्च-आमाशयिक; आमाशय के पश्च भाग सम्बन्धी ।

metagastrula—(Gk. *meta*, after; *gaster*, stomach) मेटागैस्ट्रूला; उत्तर द्विस्तर भ्रूण; पश्च कन्दुक ।

metagenesis—(Gk. *meta*, after; *genesis*, descent) उत्पत्ति विपर्यय; समैकान्तरण । किसी प्राणी के जीवन में निर्लिङ्गी (asexual) और लिङ्गी (sexual) अवस्थाओं का क्रमशः प्रकट होना ।

metagyny—(Gk. *meta*, afterwards, *gyne*, female) पूर्व पुंसकता; पश्च जायता ।
[देखिये--protandry]

metakinesis—(Gk. *meta*, after; *kinein*, to mould) कोशिका विभाजन मध्यावस्था । विषम कोशिका विभाजन (mitosis) की मध्यावस्था या मध्य स्थिति (middle stage) जिसमें परम्परा सूत्र या क्रोमोसोम (chromosome) विषवत् तल (equatorial plane) में होते हैं ।

metallic—(Gk. *metallon*, mine) धातु रूप; धातु-सम्बन्धी; धात्विक; धातु- ।

metaloph—(Gk. *meta*, after; *lophos*, crest) संहति शंकु; संयुक्त शंकु ; चर्वक (molar) का पश्च शिखर (posterior crest) जो समस्त शिखरों को संयुक्त करे ।

metamere—(Gk. *meta*, after; *meros*, part) अनुखण्ड; विखंड।

metameric—(Gk. *meta*, after; *meros*, part) अनुखण्डित; विखंडी।

metamerism—(Gk. *meta*, after; *meros*, part) अनुखण्डता; समखण्डता; विखंडावस्था।

metamerised—(Gk. *meta*, after; *meros*, part) समखण्डी।

metamitosis—(Gk. *meta*, after; *meros*, part) पूर्ण विभाजन; पश्च सूत्रण; ऐसा विभाजन जिसमें अष्टि (nucleus) और कोष्ठ द्रव (cytoplasm) दोनों ही भाग विभक्त होते हैं। [देखिये–mesomitosis]

metamorphosis—(Gk. *meta*, beyond; *morpha*, form) रूपान्तर; कायान्तरण; किन्हीं जन्तुओं विशेषकर कीटों (insects) के जीवन इतिहास (life history) में डिम्ब (egg) से प्रौढ़ बनने तक की विभिन्न अवस्थायें।

metamps—(Gk. *meta*, after; *morphe*, form) प्रकार रूपक; एक ही प्रकार (species) के कई एक रूप जैसे कुछ एक छिद्रदेहियों (porifera) में।

metamyelocyte—(Gk. *meta*, among; *myelos*, marrow) अश्वपादाष्टि मज्जा कोशिका; श्वेताणु (leucocyte) में परिवर्तित होने से पूर्व अश्वपादाकार (horse-shoeshaped) केन्द्रक (nucleus) युक्त मज्जा कोशिका (myelocyte)।

metanauplius—(Gk. *meta*, after; L. *nauplius*, kind of shell-fish) मेटानोपलियस; केंकड़ा वंशियों (crustaceans) का अर्भक विशेष।

metandry—(Gk. *meta*, after; *aner*, male) अन्त-पुंसकता; अनुपुंसकता; स्त्रीपूर्वता।
[**protandry**—पूर्व पुंसकता का उलटा]

metanephric—(Gk. *meta*, after; *nephros*, kidney) पश्च वृक्की; पश्च वृक्कीय।

matanephros—(Gk. *meta*, after; *nephros*, kidney) पश्च वृक्क। उल्वी कशेरूकों (amniote vertebrates) के वृक्क का भाग जो भ्रूणिक वर्धन में मध्यवृक्क के पश्च और बाद में विकसित होता है। ये भाग मूत्र वाहिनी (ureter) को अपना लेता है जो मौलिक प्राक्वृक्क से. उदित होती है। यह उत्तरार्ध भ्रूण और प्रौढ़ की क्रियाशील वृक्क होती है।

metanotum—(Gk. *meta*, after; *noton* back) पश्च या अनुपृष्ठिका।

metanucleus—(Gk. *meta*, after; L. *nucleus*, kernel) उत्तर डिम्बाष्टि; जनन कोशिका के बाहर आ जाने पर डिम्ब की अष्टि।

metaphase—(Gk. *meta*, after; *phainein*, to appear) विभाजी स्थिति, उत्तर स्थिति; मध्यावस्था; सूत्र कोशिका विभाजन (mitosis) की वह स्थिति; जिसमें परम्परा सूत्र या क्रोमोसोम (chromosomes) विषवत् पट्ट (equatarial plate) पर लगे रहते हैं।

metaphery—(Gk. *meta*, beyond; *pherein*, to bear) अंग विचलता; अंगों को अपने स्थान से विचलित हो जाना या हटा होना।

metaphloem—(Gk. *meta*, after; *phloos*, bark) अनुपोषवाह (फ्लोएम); गौणदारू (जाइलम) का पोष-वाह (फ्लोएम)।

metaphragma—(Gk. *mata*, after; *phragma*, fence) अर्न्तप्रवार; पश्चवृत्ति; कीटों (insects) में आन्तरिक (internal) अन्तः वक्षीय (metathoracic) जवनी या व्यवधान (septum)।

metaphyte—(Gk. *meta*, after; *phyton*, plant) बहुकोशिकीय तरु (पादप)।

metaplasia—(Gk. *meta*, after; *plasis*, moulding) तन्तुपरिवर्तनता; तन्तुओं का एक किस्म से दूसरी किस्म में वदलना जैसा अस्थि करण में।

metaplasis—(Gk. *meta*, after; *plasis*, moulding) परिपाक काल; जीव के जीवन का परिपक्व (mature) काल (period)।

metaplasm—(Gk. *meta*, after; *plastos*, mould) अजीवित कण; निर्जीवांश; अजीव द्रव्य।

metaplastic—(Gk. *meta*, after; *plastos*, mould) अजीवित कण सम्बन्धी।

metaplastic or metaplasmic bodies—अजीवित कण-; जीवन सत्व (protoplasm) के कण जो समष्टि प्रक्रिया या परिणति (metabolism) के कारण उत्पन्न हो जाते हैं पर वे वास्तव में उसके अङ्ग नहीं होते।

metapleural—(Gk. *meta*, after; *pleura*, side) पश्चपार्श्वीय स्थिति।

metapleure—(Gk. *meta*, after; *pleura*, side) अधरपार्श्व वलय; पुरातत्व कशेरूकों का उदरीय (abdominal) या अधर-पार्श्व त्वचा (integument) वलय (fold)।

metapleuron—(Gk. *meta*, after; *pleura*, side) पश्चपार्श्वक।

metapneustic—(Gk *meta*, after; *pneum*, breath) मेटान्युस्टिक; पश्चरंध्र; कीटों (insects) का अर्भक विशेष जिसमें केवल एक अन्तिम (terminal) श्वास छिद्रों (spiracle) का ही युग्म (pair) होता है।

metapodeon or metapodeum—(Gk. *meta*, after; *pous*, foot) अन्तोदर; अनुवृन्तोदर कीटों (insects) के उदर का पाँव से पीछे का भाग।

metapodial—(Gk *meta*, after; *pous*, foot) अन्तोदरी; अन्तोदर सम्बन्धी।

metapodium—(Gk. *meta*, after; *pous*, foot) पाद-पश्च; पश्चपाद; पादोत्तर; (१) मौलस्का (mollusca) के पाँव का पश्च भाग। (२) चतुष्पादों (four footed) में गुल्फ (tarsus) और उँगलियों (digits) के मध्य का भाग।

metapophysis—(Gk. *meta*, after; *apo*, from; *phyein*, to grow) उत्तर प्रवर्धन; अग्रवर्ध; कुचाग्रो प्रवर्धन; मेटापोफाइसिस; किन्हीं कशेरूकों (vertebrates) के कशेरू (vertebrate) का आगे की ओर निकला हुआ संयुक्तक प्रवर्धन (articular process)।

metapore—(Gk. *meta*, after; *poros*, channel) उत्तर छिद्र; पश्च रंध्र; मस्तिष्क के चतुर्थ विवर (fourth ventricle) की छत के मध्य का छिद्र।

metapostscutellum—(Gk. *meta*, after; after; L. *post*, after; *scutellum*, small shield) उत्तर पृष्ठिका पश्चान्त।

metapraescutum—(Gk. *meta*, after; L. *prae*, before; *scutum*, shield) उत्तर पृष्ठिकाग्र; मेटाप्री-स्कूटम; कीटों (insects) के उत्तरवक्ष (metathorax) का पृष्ठिकाग्र (prescutum) भाग।

metapterygium—(Gk. *meta*, after; *pterygion*, little wing) पश्च स्कन्धीय फिन।

metapterygoid—(Gk. *meta*, after; *pteryx*, wing) पश्चटेरीगोयड; मेटाटेरीगोयड।

metaptile—(Gk. *meta*, after; *ptilon*, feather) पक्षपश्च।

metascutellum—(Gk. *meta*, after; L. *scutellum*, small shield) उत्तर पृष्ठिका पश्च; पश्च स्कूटेलम; मेटास्कूटेलम।

metascutum—(Gk. *meta*, after; L. *scutum*, shield) उत्तर पृष्ठिका; मेटास्कूटम; पश्चस्कूटम।

metasitism—(Gk. *meta*, after; *sitos*, food) प्रति रूप भक्षणता; नर भुंजता; अनुभक्षता।

metasoma—(Gk. *meta*, after; *soma*, body) उदरपश्च; पश्चोदर; पश्चकाय; (१) अरेकनोयडिया (arachnoidea) जन्तुओं के शरीर के पीछे का भाग। (२) उदर (abdomen) के पीछे का भाग।

metasomatic—(Gk. *meta*, after; *soma*, body) उदर पश्चीय; उदर पश्च सम्बन्धी; पश्च कायिक।

metasperm—(Gk. *meta*, after; *sperma*, seed) अनुबीजाणु; आवृत बीजाणु; आवृत बीजी।

metastasis—(Gk. *metastasis*, removal) (१) समष्टि या परिणति प्रक्रिया; उपापचय; (२) प्रक्रिया स्थानान्तरीकरण या एक अङ्ग से दूसरे अङ्ग पर क्रिया परिवर्तन; (३) रक्त वाहक संस्थान द्वारा जीवाणु परिचालन।

metastatic life history—अनुस्थिर जीवन चक्र; किन्हीं ट्रिमेटोडा (Trematoda) का ऐसा जीवन चक्र जिसमें तरुणावस्था मध्यस्थ पोषक में प्रविष्ट होने के पश्चात् प्रौढ़ में परिवर्तित हो जाते हैं और इस प्रकार का मध्यस्थ पोषक (intermediate host) अंतिम पोषक द्वारा निगल लिया जाता है।

metasternum—(Gk. *meta*, after; L. *sternum*, breast bone) मेटास्टर्नम; पश्च उरोस्थि; (१) (कीटों में) वक्षास्थि का पश्चिम भाग। (२) अपुच्छी (anura) द्विधावासियों (amphibians) में जीफीस्टर्नम (xiphisternum) का पश्च भाग।

metasthenic—(Gk. *meta*, after; *sthenos*, strength) पश्च वर्धित; उत्तर वली; ऐसा जन्तु जिनके शरीर का पिछला भाग अधिक उन्नतिशील या वली होता है।

metastigmate—(Gk. *meta*, after; *stigma*, mark) पश्च श्वास छिद्री।

metastoma—(Gk. *meta*, after; *stoma*, mouth) विभक्त-औष्ठ; मेटास्टोमा; पश्च मुखक; केंकड़ा वंशियों (crustaceans) का दो दलों में बटा हुआ नीचे का होठ।

metastructure—(Gk. *meta*, after; L. *struere*, to build) अतिसूक्ष्माकृति।

metasyndesis—(Gk. *meta*, after; *syndesis*, bond) अनुसंयुजता।

[देखिये–telosyndesis–अंत संयुजता]

metatarsal—(Gk. *meta*, after; L. *tarsus*, ankle) प्रपादास्थि-सम्बन्धी; प्रपादास्थि–; मेटाटार्सल; प्रपदवीय; पाँव के तलुवे की हड्डियों सम्बन्धी।

metatarsus—(Gk. *meta*, after; L. *tarsus*, ankle) प्रपादास्थि; मेटाटार्सस; प्रपद।

metathalamus—(Gk. *meta*, after; *thalamos*, chamber) अनुथैलेमस; अनुपात्र; अन्तर्मस्तिष्क (thalamencephalon) की जानुनत (geniculate) काय (body)।

metatherian—(Gk. *meta*, beyond; *therion*, small animal) मेटाथीरिया; अनुस्तनी; शिशुज जन्तु विशेष।

metathetely—(Gk. *metathein*, to run behind; *telos*, completion) पूर्वलक्षणी; पूर्वावस्था लक्षणी; पश्च पूर्णता; जैसे अर्भक लक्षणों का प्यूपा (pupa) या प्रौढ़ (imago) में विद्यमान होना।

metathorax—(Gk. *meta*, after; *thorax*, chest) पश्च वक्ष।

metatroch—(Gk. *meta*, after; *trochos*, wheel) पश्च चक्री; पश्च चक्रक।

metatrophic—(Gk. *meta*, after; *trope*, nourishment) विविध पुष्टिक; पश्च पोषित; ऐसे प्राणी जो नेत्रजन युक्त (nitrogenous) और कार्बन युक्त (carbonaceous) दोनों जैविक पदार्थों पर जीवित रहते हैं।

metatype—(Gk. *meta*, after; *typos*, image) प्रकार प्रतिरूप; अनुप्ररूप।

holotype—एक जीव प्रतिरूप। नवीन जाति के लिये केवल एक ही जीव का चुन लेना।

lectotype—समान प्रतिरूप। नवीन जाति के निर्णय के लिए समान प्रतिरूपों में से एक चुन लेना।

topotype—मौलिक प्रतिरूप। मौलिक प्रतिरूप (original type) के स्थान से एक नमूना।

metaxenia—(Gk. *meta*, beyond; *xenia*, hospitality) पश्च सत्कृति; मातृ ऊतक पर पराग का कार्यकी प्रभाव।

metaxylem—(Gk. *meta*, after; *xylon*, wood) द्वितीय दारू।

metazoaea—(Gk. *meta*, after; *zoe*, life) मेटाजुइया; पश्च जोइया; केकड़ा वंशियों (crustaceans) का अर्भक विशेष।

metazoon—(Gk. *meta*, after; *zoon*, animal) बहुकोष्ठज; बहुकोशिकीय; उत्तर जन्तु।

metembryo—(Gk. *meta*, after; *embryon*, embryo) द्विस्तर भ्रूण गैस्ट्रुला।

metencephalon—(Gk. *meta*, after; *en*, in; *kephale*, head) अन्त्य या पश्च मस्तिष्क जिसमें मस्तिष्क का सेरीबिल (cerebellum), पोंन्स (pons) तथा चतुर्थ विवर (fourth ventricle) का माध्यमिक भाग रहता है।

metenteron—(Gk. *meta*, after; *enteron*, gut) अन्त्यांत्र।

metepimeron—(Gk. *meta*, after; *epi*, upon; *meros*, upper thigh) अन्त्य पक्षोर्ध्व पट्टिका; मेटेपीमीरोन।

metepisternum—(Gk. *meta*, after; *epi*, upon; *sternon*, breast bone) अन्त्य पश्च पार्श्व पट्टिका; मेटपीर्स्टनम।

methaemoglobin—(Gk. *meta*, after; *haima*, blood; L. *globus*, globe) मेथेमोग्लोबिन; हीमोग्लोबिन का जारिक (oxidised) रूप, जिसका रसायनिक सूत्र HbO, HbOH होता है।

metochy—(Gk. *meteche*, sharing) सनाभिता; पोषक (host) तथा निरक्षेप-अतिथि (neutral host) के बीच का सम्बन्ध।

metoecious—(Gk. *meta*, after; *oikos*, house) भिन्नोपजीवी; जीवन की अवस्थाओं को दो पोषकों पर व्यतीत करने वाला।

metoestrus—(Gk. *meta*, after; *oistrous*, gadfly) अन्त्यमद; मदान्त दशा; मद के पश्चात् की शान्त दशा।

metope—(Gk. *metopon*, foreheaded) मध्य ललाट; मध्य मस्तिष्कीय; केकड़ा वंशियों (crustaceans) के कपाल का मध्य भाग।

metopic—(Gk. *metapon*, forehead) ललाटीय; मीटोपिक; (१) ललाट सेवनी सम्वन्धी। (२) ललाट सम्वन्धी; ललाटीय।

metosteon—(Gk. *meta*, after; *osteon*, bone) पश्चवक्षीय अस्थिकरण (पक्षियों आदि में)।

metovum—(Gk. *meta*, after; L. *ovum*, egg) परिवेष्ठित डिम्व; योक (yolk) परिवेष्ठित डिम्ब कोशिका।

metoxenous—(Gk. *meta*, after; *xenos*, guest) भिन्नोपजीवी।

metraterm—(Gk. *metra*, womb, *terma*, end) अन्त्य गर्भाशय; गर्भाशयांत; ट्रिमेटोड (trematode) के गर्भाशय (uterus) का अन्तिम भाग।

metula—(*Dim.* of L. *meta*, end-post) वीजाणु शाखा; स्पोर धारक शाखा।

micella—(L. *dim.* of *mica*, morsel) मिसेला; काल्पनिक इकाई; शृंखला सम परमाणुओं का यथाक्रम संग्रह (समुदाय)।

micraesthetes—(Gk. *mikros*, small; *aisthetes*, perceiver) अणु संवेदी।

micraner—(Gk. *mikros*, small; *aner*, male) अणु नर; वामन नर; पिपीलिका (चींटी); लघु नर।

micrergate—(Gk. *mikros*, small; *ergates*, worker) अणु-उद्यमी; बौनी संग्राहक पिपीलिका (चींटी)।

micro-aerophils—अल्प-ओषी; ऐसे जीवाणु जिन्हें वायु में उपस्थित ओषजन (oxygen) की मात्रा से कम की आवश्यकता होती है।

microbe—(Gk. *mikros*, small; *bios*, life) सूक्ष्मांगी; अणुजीवी; रोगाणु; अणुअङ्गी; ऐसे जीव या अङ्गी (organisms) जो सूक्ष्म दर्शक यन्त्र (microscope) की सहायता से ही देखे जा सकते हैं।

microbiology—(Gk. *mikros*, small; *bios*, life; *logos*, discourse) सूक्ष्मांगी जीव विज्ञान; सूक्ष्म जैविकी; सूक्ष्म जीव विज्ञान।

microblast—(Gk. *mikros*, small; *blastos*, bud) सूक्ष्मज; सूक्ष्म कोशिका; सूक्ष्म कोरक।

microcalthrops—(Gk. *mikros*, small; A. S. *coltraeppe*, kind of thistle) आद्य चतुपाक्षी; चार अरी; यथार्थ तारक; चार अरयुक्त सामान्य केन्द्री तारक (aster)।

microcentrum—(Gk. *mikros*, small; *kentron*, centre) अणु केन्द्र; सूक्ष्म केन्द्र।

microcephalic—(Gk. *mikros*, small; *kephale*, head) अणु कपाली; लघु शीर्ष।

microchromosome—(Gk. *mikros*, small; *chroma*, colour; *soma*, body) अणुक्रोमोसोम; अणु परम्परा सूत्र।

microconidium—(Gk. *mikros*, small; *konis*, dust; *iodion*, *dim*) लघु कोनीडियम; गोनीडियम।

microconjugant—(Gk. *mikros*, small; L. *conjugare*, to unite) अणु संयोगार्थी; कोई गतियुक्त (motile) तांत्रिक (ciliated) प्लावी (free swimming) संयोगार्थी (conjugant) या जन्यु (gamete) जो वृहत्-संयोगार्थी से जुड़कर निषेक करता है।

microcyst—(Gk. *mikros*, small; *kytos*, hollow) अणु सिस्ट; अणु-स्योति।

microcytase—(Gk. *mikros*, small; *kytos*, hollow) अणु श्वेताणु।

microcytes—(Gk. *mikros*; small; *kytos*, hollow) अणु रक्ताणु; सूक्ष्माणु।

microdont—(Gk. *mikros*, small; *odous*, tooth) अणु दन्ती; लघु दन्ती।

microevolution—(Gk. *mikros*, small; L. *evolvere*, to unroll) अल्प-विकास; सूक्ष्म-विकास; ऐसा विकास (evolution), जिसमें समस्त विकास प्रक्रियायें (evolutionary processes) अल्प काल (समय) जैसे मनुष्य जीवन काल में ही देखी जा सकें।

microfilaria—(Gk. *mikros*, small, L. *filum*, thread) माईक्रोफाइलेरिया; सूक्ष्मसूत्राभ; एक अर्भक विशेष।

microgamete—(Gk. *mikros*, small; *gametes*, spouse) अणु जन्यु; नर जन्यु; लघुयुग्मक; दो संयोगार्थी (conjugant) जन्युओं (gametes) में से छोटा जन्यु जिसको नर जन्यु कहा जाता है।

microgametoblast—(Gk. *mikros*, small; *gametes*, spouses; *blastos*, bud) अणु जनन कोशिका; लघुयुग्मक कोरक; किन्हीं एक कोशिकीय (protozoa) में मीरोजोइट या अंशाणु (microzoites) से निर्मित कोशिका जिससे अणु जन्यु (microgametes) उत्पन्न होते हैं।

microgametocyte—(Gk. *mikros*, small; *gametes*, spouse; *kytos*, hollow) सूक्ष्म युग्मकज; किन्हीं प्रोटोजोआ में खंडजाणु से विकसित कोशिका जो लघुयुग्मक को जन्म देती है।

microgametogenesis—(Gk. *mikros*, small; *gametes*, spouse; *genesis*, descent) अणु जन्यु जनन; लघुयुग्मक जनन।

microgamy—(Gk. *mikros*, small; *gamos*, marriage) सूक्ष्म-निषेक; सूक्ष्म संलयन; भंज्जन (fission) या कलिकोत्पादन (gemmation) मे उत्पन्न सबसे छोटे व्यक्तियों में निषेकोत्पादन (syngamy) या जन्यु संलयता (fusion of gametes)।

microglia—(Gk. *mikros*, small; *glia*, glue) अणुश्लेष; सूक्ष्म बन्ध; सूक्ष्म तंत्रिका बन्ध; (१) मध्य श्लेष; (२) मध्य जन (mesodermal) भक्षक कोशिका (phagocytic cells) धूसर (grey) और श्वेत (white) तंत्रिका पदार्थों में।

microgonidium—(Gk. *mikros*, small; *gonos*, offspring; *idion*, *dim.*) लघुगोनीडियम; नरयुग्मकज।

microgyne—(Gk. *mikros*, small; *gyne*, female) अणुनारी; लघुजाया; वामन (dwarf) नारी या मादा पिपीलिका (चींटी)।

microhenad—(Gk. *mikros*, small; *henas*, unit) अति सूक्ष्मांगी।

microlecithal—(Gk. *mikros*, small; *leukos*, white; *kytos*, hollow) अल्पयोकी; अल्प डिम्बान्नी।

microleucocyte—(Gk. *mikros*, small; *leukos*, white; *kytos*, hollow) लघु अमीबीय कोशिका, सूक्ष्म श्वेताणु।

micromere—(Gk. *mikros*, small; *meros*, part) अणु खण्ड; अणु कोशिका; लघु खण्ड; अंश विभाजी (meroblastic) या अन्य डिम्बों (other eggs) में ऊर्ध्व (upper) या जन्तु गोलार्ध (animal hemisphere) की एक कोशिका (cell)।

micromerozoite—(Gk. *mikros*, small; *meros*, part; *zoon*, animal) अणु अंशाणु; लघुखंडजाणु; अणु स्फोटी (microschizonts) से निर्मित कोशिका (cell) जो हीमोस्पोरीडिया (haemosporidia) में जन्यु कोशिका (gametocyte) बन जाती है।

micromesentry—(Gk. *mikros*, small; *mesos*, middle; *enteron*, gut) अपूर्णमिसेन्टरी; अणुमिसेन्टरी; जुअनथेरिया (zooantheria) में एक गौण (secondary) अपूर्ण (incomplete) मिसेन्टरी (mesentry)।

micromyelocyte—(Gk. *mikros*, small; *myelos*, marrow, *kytos*, hollow) (लघु) अणु मज्जा कोशिका।

micron—(Gk. *mikros*, small) माइक्रोन-एक इकाई विशेष; मिलीमीटर का एक हजारवाँ भाग—जिसका चिह्न μ (म्यू) है।

micronephridia—(Gk. *mikros*, small; *nephros*, kidney; *idion*, dim) अणु उत्सर्गिका; अणु उत्सर्गाङ्ग; सूक्ष्म वृक्कक।

micront—(Gk. *mikros*, small; *on* being) माइक्रोन्ट; अणु स्फोटज; स्फोटी (schizogony) द्वारा निर्मित एक छोटी कोशिका; जिससे अणु जन्यु (microgametes) बनते हैं।

micronucleocyte—(Gk. *mikros*, small; L. *nucleus*, kernel; Gk. *kytos*, hollow) लघु-केन्द्रक कोशिका; अणु अष्टि कोशिका; सूक्ष्म केन्द्रकाणु; एक अमीबा कोशिका (amoebocyte) जिसमें अणु या लघु (small) केन्द्रक (nucleus) होता है।

micronucleus—(Gk. *mikros*, small; L. *nucleus*, kernel) अणु अष्टि; सूक्ष्म केन्द्रक; लघु अष्टि; लघुन्यूक्लियस।

micronutrients—अणु खाद्योज; अणु पुष्टिक (पौष्टिक); लघु पोषक; ऐसे खाद्यान्न या खाद्योज (nutrients) जो अङ्गियों (organisms) के स्वास्थ्य के लिए अति आवश्यक हैं तथा जिनकी आवश्यकता अल्प मात्रा में ही होती है।

micro-organism—(Gk. *mikros*, small; *organon*, instrument) अणुअंगी; सूक्ष्म जीव; सूक्ष्मांङ्गी ऐसे जन्तु जो केवल सूक्ष्म दर्शक यन्त्र या माइक्रोसकोप (microscope) से ही दिखाई देते हैं।

microparasite—(Gk. *mikros*, small; *para*, beside; *sitos*, food) अणुपरजीवी; सूक्ष्मांगी (अणु अंगी) परजीवी; सूक्ष्म परजीवी।

microphages—(Gk. *mikros*, small; *phagein*, to eat) बहुरूपाष्टिक; सूक्ष्म भक्षक; ऐसे श्वेत कोशिका (leucocytes) जो बहुरूपक (polymorph) केन्द्रकों (nuclei) से युक्त हों।

microphagic—(Gk. *mikros*, small; *phagein*, to eat) अणु अंगीहारी; सूक्ष्म भक्षकता; अणु अंगी भक्षक; सूक्ष्म अङ्गियों (organisms) को खाने वाले।

microphagocyte—(Gk. *mikros*, small; *phagein*, to eat; *kytos*, hollow) अणु भक्षक कोशिका; रक्त के छोटे भक्षक कोशिका (phagocyte)।

microphagous—(Gk. *mikros*, small; *phagous*, to eat) अल्पाहारी; सूक्ष्म भक्षी, अल्प भोजी; सूक्ष्म भक्षकाणु।

microphanerophyte—(Gk. *mikros*, small; *phaneros*, manifest; *phyton*, plant) लघु वृक्ष; लघु क्षुप (झाड़ी); ऐसा वृक्ष या क्षुप जिसकी ऊँचाई २ से ८ मीटर तक की हो।

microphyllous—(Gk. *mikros*, small; *phyllon*, leaf) लघु पर्णी।

microphyte—(Gk. *mikros*, small; *phyton*, plant) सूक्ष्मपादप (पौधा)।

microphytology—(Gk. *mikros*, small; *phyton*, plant; *logos*, discourse) सूक्ष्मपादप विज्ञान।

micropodous—(Gk. *mikros*, small; *pous*, foot) अणुपादी; लघुपादी; लघुपदीय।

micropore—(Gk. *mikros*, small; *poros*, channel) सूक्ष्म छिद्र; अणु छिद्र; सूक्ष्म रंध्र।

micropterism—(Gk *mikros*, small; *pteron*, wing) अणु पंखता; लघुपक्षता; असाधारणतः बहुत छोटे पंखों के होने की दशा जैसे कुछ एक कीटों (insects) में।

micropterous—(Gk. *mikros*, small; *pteron*, wing) अणु पङ्खी; अणुफिर्नी; लघुपक्षीय।

micropyle—(Gk. *mikros*, small; *pyle*, gate) अणु द्वार; बीजांड द्वार; (१) वृहत् जन्यु (macrogamete) की स्योति या सिस्ट (cyst) की भित्ति में स्थित लघु द्वार (छिद्र) जिसमें होकर अणु जन्यु (microgamete) प्रवेश करता है; (२) डिम्ब स्योति का छिद्र; (३) डिम्ब झिल्ली (egg membrane) का वह छिद्र जिसमें से वीर्याणु (spermatozoon) प्रवेश करता है। (४) बीजांड द्वार।

microrhabdus—(Gk. *mikros*, small; *rhabdus*, rod) अणु यष्टिका; माइक्रोरैब्डस; सूक्ष्म एक धुरी या शलाकाकार दृढ़ा (spicule)।

microschizogony—(Gk. *mikros*, small; *schizein* to cleave; *gonos*; birth) अणु स्फोटी जनन; सूक्ष्म विखंडनीजनन; अंशाणुजस्फोटी; वह स्फोटीजनन (schizogony) जिसमें छोटे अंशाणु (merozoites) बनते हैं।

microschizont—(Gk. *mikros*, small; *schizein*, to cut; *onta*, beings) अणु स्फोटी; सूक्ष्म शाइजॉन्ट।

microsclere—(Gk. *mikros*, small; *skleros*, hard) सूक्ष्म दृढ़ा; अणु दृढ़ा; अणु स्क्लीयर; लघु कंटिका।

microscope—(Gk. *mikros*, little; *skopein*, to look at) अणुवीक्षण यंत्र; सूक्ष्म दर्शक (यंत्र); सूक्ष्मदर्शी; खुर्दबीन: छोटी वस्तुओं को बड़ी देखने का यंत्र।

microscopic—(Gk. *mikros*, small; *skopein*, to look at) अणुअङ्गी; सूक्ष्म कायी।

microscopic anatomy—सूक्ष्म शरीर विज्ञान (कायकी)।

microseptum—(Gk *mikros*, small; L. *septum*, partition) अणु जवनी; अणु व्यवधान; सूक्ष्म व्यवधान।

microsmatic—(Gk. *mikros*, small; *osme*, smell) अणुघ्राणी; ऐसे जन्तु जिसमें घ्राण (smell) चेतना (sense) अल्प मात्रा में होती है।

microsome—(Gk. *mikros*, small, *soma*, body) अणु पिण्ड; पिण्डाणु।

microspecies—सूक्ष्म जाति।

microsphere—(Gk. *mikros*, small; *sphaira*, globe) अणु मंडल; सूक्ष्म गोलक।

microspheric—(Gk. *mikros*, small; *spharia*, globe) अणु मण्डली ।

microsplanchnic—(Gk. *mikros*, small; *splangeihnon*, entrail) अणु पुरीतक; अणु आंत्रिक; छोटे शरीर और लम्बी टांगों वाला ।

microsporangium—(Gk. *mikros*, small; *sporos*, seed; *anggeion*, vessel) लघु बीजाणुधानी; लघु स्पोर युक्त लघु बीजाणुधानी; पुष्पोद्भिद् (फेनरोगम) का पराग कोश या पराग कोशक (anther lobe) ।

microspore—(Gk. *mikros*, small; *sporos*, seed) अणु स्पोर; लघु स्पोर; लघु बीजाणु ।

microsporocyte—(Gk. *mikros*, small; *sporos*, seed; *kytos*, hollow) लघु बीजाणु कोशिका; दो अर्ध विभाजन द्वारा उत्पन्न लघु स्पोरज, पराग मातृ कोशिका (pollen mother cell) ।

microsporophyll—(Gk. *mikros*, small; *sporos*, seed; *phyllon*, leaf) (१) पर्णधारक लघु बीजाणुधानी; (२) पुंकेसर (stamen) ।

microsporozoite—(Gk. *mikros*, small; *sporos*, seed; *zoon*, animal) अणु स्पोराणु; सूक्ष्म बीजाणुज; स्पोरोजोआ (sporozoa) जन्तुओं के अर्न्तजनी (endogenous) लघु या अणु स्पोराणु (smaller sporozite) ।

microstome—(Gk. *mikros*, small; *stoma*, mouth) अणु मुख; सूक्ष्म रंध्र ।

microstylospore—(Gk. *mikros*, small; *stylos*, pillar; *sporos*, seed) लघुवृंत स्पोर ।

microstylous—(Gk. *mikros*, small; *stylos*, pillar) लघुवृर्तिक; विभिन्न वृत्तिक पुष्प ।

microzoon—सूक्ष्म प्राणी ।

microtaxonomy—(Gk. *mikros*, small; *taxis*, arrangement; *nomos*, law) सूक्ष्म वर्गीकरण मत; वर्गीकरण (classification) के सिद्धांन्त जो उप प्रकार (species) गोत्र (varieties) या नस्लों (races) के वर्गीकरण के उपयोग में लाये जाते हैं ।

microtherm—(Gk. *mikros*, small; *therma*, heat) शिशिर तापी; न्यून तापी ।

microtrichia—(Gk. *mikros*, small; *thrix*, hair) अणुरोम; सूक्ष्म रोम; कीटों (insects) के पंखों पर स्थित मूल जोड़ हीन (without basal articulation) लघु या अणु रोम ।

microtype—(Gk. *mikros*, small; L. *typus*, type) अणुरूप ।

microzooid—(Gk. *mikros*, small; *zoon*, animal; *eidos*, form) अणुमुकुल; माईक्रोजोएड; सूक्ष्म जीवक ।

microzoospore—(Gk. *mikros*, small; *zoon*, animal; *sporos*, seed) अणु संघ रेणुक ।

microzyma—(Gk. *mikros*, small; *zyme*, leaven) माइक्रोजाईमा; अणु एकांक; अन्त्येकांक ।

microzyme—(Gk. *mikros*, small; *zyme*, leaven) अणुक्षोभक ।

micturition—(L. *mingere*, to void water) मूत्र विसर्जन ।

mid—मध्य का; विचला; बीच का ।

mid-body—मध्य काय; कोशिका के सूत्री विभाजन (mitosis) के पश्चावस्था (anaphase) में तर्कु के मध्य में स्थित कोशिका पट्ट, समूह या कण ।

mid-brain—मध्य मस्तिष्क ।

middle-ear—मध्य कर्ण ।

mid-rib—मध्य पर्शु, मध्य रेखा; मध्य नलिका ।

mid-riff—(A. S. *mid*, middle; *hrif*, belly) डायफ्राम; वक्षीय (thoracic) और उदरीय (abdominal) कोटरों (cavities) को पृथक करने वाली मोटी और आड़ी मांस पेशी ।

Miescher's tubes—(*J. F. Miescher*, swiss pathologist) मीसचर नलिकायें; रेने नलिकायें ।

migration—(L. *migrare*, to transfer) पर्यटन; निवास स्थान परिवर्तन; प्रवास; अभिगमन; मौसम, आवहवा, भोजन आदि के कारण पक्षी (birds) बारहसिंगा (raindcer) चिमगादड़ (bat) कुछ एक मत्स्य (fishes) और कीटों (insects) का एक निवास स्थान से दूसरे को गमन या पर्यटन ।

migratory cell—पर्यटन कोशिका; परिभ्रमण कोशिका ।

miliary—(L. *milium*, millet) दनदानेदार; यवाभ ।

milk teeth—दुग्ध दन्त; पतनशील दांत; अस्थाई दांत; दूध के दांत; पातुक दन्त; स्तनी (mammals) में दांतों की प्रथम श्रेणी ।

millepede—कनखजूरा; मिलीपीड; सहस्रपाद।

milt—(A. S. *milte*, spleen) (१) प्लीहा; (२) मत्स्यों के वीर्य ग्रन्थि; (३) वीर्य-द्रव (spermatic fluid)।

mimetic—(Gk. *mimetikos*, imitative) अनुकारकी; अनुहारी।

mimic—(Gk. *mimikos*, imitative) अनुकारक; अनुकारिन; सादृशय; अनुहारक।

mimicry—(Gk. *mimikos*, imitating) अनुहरण; अनुकारता; अनुकरणता; सादृश्यता; रक्षा के हेतु रंग (colour) या आकृति (structure) को धारण करना।

mind—(L. *mens*, the mind) मन; चित्त।

minim—(L. *minimus*, least) क्षोदिष्ठ; लघिष्ठ।

minimus—(L. *minimus*, least) कनिष्ठका; कनिष्ठा; कनीनी; हाथ या पाँव की छोटी अँगुली।

Miocene—(Gk. *meion*, less; *kainos*, recent) नव-युग; मायोसीन युग; पुरातन युग का एक काल। ऊननव काल या ओलीगोसीन (oligocene) और नवतर काल अर्थात् प्लाओसीन (pliocene) के बीच का काल।

miotic—(see **meiotic**)—ह्रास विभाजनी; ह्रास विभाजन सम्बन्धी।

miracidium—(Gk. *dim*, of merakion, stripling) मीरासीडियम; ट्रिमेटोडा (trematode) का अर्भक विशेष।

miscegenation—(L. *miscere*, to mix; *genus*, race) संकरी करण; श्वेताश्वेत संकरण।

mite—(A. S. *mite*) किल्ली; किलनी; जन्तु विशेष।

mitochondria—(Gk. *mitos*, thread; *chondros*, grain) कणांग; माइटोकोन्ड्रिया; सूत्र कणिका। प्रत्येक कोशिका के साइटोप्लाज्म में विभिन्न आकृति और संख्या में पाये जाने वाले सूक्ष्मकायी (microscopic bodies) सिवाय बैक्टीरिया और नीले-हरे शैवाल (एल्गी) के जिनमें यह नहीं होते हैं। ये कायी शलाका या सूत्र सदृश कणिकीय होते हैं। इनका व्यास ०·५ माइक्रोमीटर और सूत्र रूपी की लम्बाई १० माइक्रोमीटर या इससे अधिक होती है। जीवित कोशिकाओं में इन्हें जेनस ग्रीन (Janus Green) से आसानी से रंगा जाता है। आकृति में यह बाहर से दोहरी कला (double membrane) से घिरे होते हैं अन्दर घना आधारक (मैट्रिक्स) होता है। दोहरी कला बीच-बीच में अन्दर की ओर आधारक में वलन लिये होती है, इस आकृति को क्रिस्टी (cristae) कहते हैं। यह क्रिस्टी प्रारम्भिक कण (elementary particles) से युक्त होते हैं जिनमें आक्सीकारक एन्जाइम तंत्र के घटक होते हैं। क्रिस्टी भिन्न संख्यक, भिन्न रूपक एवं समकोणक या समानान्तर होते हैं। कोशिका कार्यों के लिए यह शक्ति स्रोत होते हैं और एटीपी (ATP) के रूप में शक्ति उत्पन्न करते हैं। हरे पौधों में पाये जाने वाले प्लास्टिड या लवक कण (plastids) माइटोकोन्ड्रिया से सम्बन्धित होते हैं।

mitochondrial sheath—कणांग पिधान; सूत्र कणिका आच्छद।

mitogenetic—(Gk. *mitos*, thread; *genesis*, descent) अभि-कोष्ठज; वर्धन प्रभावी; कोशिका विभाजन (cell division) को उत्साहित करने वाला।

mitome—(Gk. *mitos*, thread) सत्व जाल; कोशिका सत्व जाल।

mitoschisis—(Gk. *mitos*, thread; *schizein*, to cleave) विषमाष्टि विभाजन; सूत्री विभाजन।

mitosis—(Gk. *mitos*, thread) सूत्री विभाजन; विषम कोशिका विभाजन; समसूत्रण; कोशिका विभाजन जिसमें अष्टि या केन्द्रक (nucleus) परम्परा सूत्रों तथा अन्य अवस्थाओं के पश्चात् विभाजित होता है।

[देखिये--karyokinesis]

mitosome—(Gk. *mitos*, thread; *soma*, body) सूत्री पिण्ड।

mitotic—(Gk. *mitos*; thread) सूत्री विभाजन सम्बन्धी।

mitotin—(Gk. *mitos*, thread) माइटोटिन; पदार्थ विशेष जो माइटोटेस (mitotase) एन्जाइम के साथ वर्धनप्रभावी (mitogenetic) विकरण उत्पन्न करता है।

mitra—(L. *mitra*, head band) मित्रा; (१) बाह्य-दल या दल का छत्रवत् भाग; (२) किन्हीं फन्जाई का अर्ध समकोणोपम (mitriform) सिरस्छत्र (pileus)।

mitral cells—माइट्रल कोशिकायें; घ्राण कन्द (olfactory bulb) के परमाणु स्तर (molecular layer) में पाई जाने वाली सूच्छाकार कोशिकायें (pyramidal

cells) जिनमें घने आधारिक (basal) द्रुमाकृति (dendrites) होते हैं।

mitral-valve—(L. *mitra*, head band) हृत द्विदली कपाट; माइट्रल वाल्व; द्विकपर्द कपाट।

mitriform—(L. *mitra*, head band; *forma*, shape) अर्ध समकोणोपम; टोपी रूप; अर्ध समकोण के आकार सम बनावट।

mixipterygium—(Gk. *mixis*, mixing; *pterygion*, little wing or fin) मिश्रालिंगक; (१) नर उपास्थि मत्स्यों (cartilaginous fishes) का आलिंगक अङ्ग (copulatory organ); (२) वस्तिफिन की मध्य फली।

mixochromosome—(Gk. *mixis*, mixing; *chroma*, colour, *soma*, body) मिश्र परम्परा सूत्र।

mixoploidy—(Gk. *mixis*, mixing; *haploos*, one-fold; *eidos*, form) मिश्रसूत्री; मिश्र संख्यक; मिश्र गुणिता; एक ही जीव में मिश्र संख्या के परम्परा सूत्रों, कोशिकों या तन्तुओं की पाई जाने की दशा।

mixotrophic—(Gk. *mixis*, mixing; *trephein*, to nourish) भिन्न पुष्टि; मिश्र जीवी; मिश्र पोषी; मिश्र पोषित; आंशिक परजीवी; (१) तरु समभोजी (holophytic) और गलितजीवी (saprophytic) आहारों का मिला होना; (२) ऐसा परजीवी जो आंशिक रूप से बाहर से भी खाद्य लेता हो।

mnemic (Gk. *mneme*, memory) निमिक; स्मृति आधारमत; वह मत जो भूत संततियों (past generations) की सुप्तावस्था को वंश परम्परा (hereditory) का आधार मानता है।

mnemotaxis—(Gk. *mneme*, memory; *taxis*, arrangement) धारणावृत्ति; स्मरण शक्ति द्वारा निर्देशक गति जैसे कुछ जन्तुओं का खाने या रहने के स्थान पर स्वतः वापिस आ जाना।

moat—खाई; परिखा।

mode of life—जीवन विधि।

modification—(L. *modus*, measure; *facere*, to make) रूपांतर; रूपांतरण; रूप परिवर्तन; वातावरण (environment) या व्यापार (function) विशेष के कारण रूप में स्थाई परिवर्तन।

modifier—(L. *modus*, measure; *facere*, to make) रूपान्तक; परिवर्तक; रूपान्तर कराने वाला; आपरिवर्तक; रूपांतरक।

modiolus—(L. *modiolus*; small measure) कबु अक्ष।

modulation—(L. *modulatus*, measured) कोशिका विशिष्टता; तन्तु निर्माण में कोशिका का बारम्बार विशिष्ट होना।

modulator—(L. *modulatus*, measured) विशिष्टज।

mole, glands—मोलकी ग्रन्थियाँ।

molar—(L. *molere*, to grind) चर्वक; चर्वक दन्त; दाढ़, चर्वणक।

molecular hypothesis—यह कल्पना कि पेशी और तंत्रिका परमाणु और कणों के घनात्मक और ऋणात्मक तल लिए हुए उसी प्रकार के बने होते हैं जैसे कि किसी चिम्बक के कण।

molecular layer—प्रमाणु स्तर; (१) प्रमस्तिष्क (cerebrum) और अनुमस्तिष्क (cerebellum) के वल्कल (cortex) की बाह्य स्तर; (२) घ्राण कन्द (olfactory bulb) का स्तर; (३) जालोपम (plexiform) स्तर।

mollusca—(L. *molluscus*, softish) मौलस्का; अकशेरुकों (invertebrates) का एक गण (phylum)।

molluscoid—(L. *molluscus*, soft; Gk. *eidos*, form) मौलस्का सदृश।

molt—पर्णपतन; प्रपतन; केंचुली बदलना; निर्मोचन।
[देखिये—moult]

monacanthid—(Gk. *monos*, alone; *akantha*, thorn) एक शूल पंक्तिक; एक कांटों या शूलों (spines) की पंक्ति युक्त।

monact—एक दिशा।

monactinal—(Gk. *monos*, alone; *aktis*, ray) एक किरणी; एक अरीय; एक किरण वाले स्पीक्युल या दृढ़ा (spicule)।

monactinellid—(Gk. *monos*, alone; *aktis*, ray) एक किरणक; ऐसे छिद्रदेही (sponges) जिनमें केवल एक किरणी स्पीक्युल या दृढ़ा (spicule) होते हैं।

monad—(Gk *monas*, unit) मोनैड; पुरांगी; एकांगी; जीवैकक।

monadelphous—(Gk. *monos*, single; *adelphous*, brother) एक संघी; तन्तुओं की संयुजता से समस्त पुंकेसरी एक संघ में बंधे हुए ।

monadiform—(Gk. *monas*, unit; L. *forma*, shape) एकांकाकार; कशाभरूपी ।

monandrous—(Gk. *monos*, alone; *aner*, male) एकपुंकेसरी ।

monarch—(Gk. *monos*, alone, *arcle*, beginning) एक आदि दारूक ।

monaster—(Gk. *monos*, alone; *aster*, star) मोनएस्टर; एक तारा ।

monoxial—(Gk. *monos*, alone; *axon*, axis) एक धुरी ।

monaxon—(Gk. *monos*, alone; *axon*, axis) एकाक्ष; एकाक्षक; एकाक्ष कंटिका ।

monaxonic—(Gk. *monos*, alone; *axon*, axis) एकक्षीय; एकायत कोशिकीय; एकाक्षकीय ।

monecious (see **monoecious**)—उभयलिंगी; ऐसे जन्तु जिसमें नर और मादा उत्पादक अंग (जननेन्द्रियाँ) दोनों ही होते हैं ।

monembryonic—(Gk. *monos*, alone; *embryon*, foetus) एक भ्रूणक; एक भ्रूणी; एक बार में एक ही भ्रूण को जन्म देने वाले ।

monergic—(Gk. *monos*, alone; *energos*, active) एकाष्टि कोशिकीय ।

monilicorn—(Gk. *monile*, necklace; *cornu*, horn) एकश्रृङ्गी; मालोपम स्पर्शक ।

moniliform—(L. *monile*, necklace; *forma*, shape) मालाकार; मालोपम ।

monimostylic—(Gk. *monimos*, fixed; *stylos*, pillar) स्थिर क्वाडरेटी; अचल निलंबित ।

monocardian—(Gk. *monos*, alone; *kardia*, heart) एकहृत कोष्ठी; एक अलिन्द (auricle) और निलय (ventricle) युक्त ।

monocarp—(Gk. *monos*, alone; *karpos*, fruit) एक फलद; एक कार्प; एक फल देने वाला पौधा ।

monocarpellary—(Gk. *monos*, alone; *karpos*, fruit) एकांडपी । ऐसा फल जिसमें एक अंडप (carpel) होता है ।

monocarpic—(Gk. *monos*, alone; *karpos*, fruit) एक कार्पी; एक बार फल देकर मर जाने वाला ।

monocarpous—(Gk. *monos*, alone; *karpos*, fruit) एक अंडाशयी; जायांग से वर्धित एक अंडाशय (ovary) ।

monocephalous—(Gk. *monos*, alone; *kephale*, head) एककपाली; एक उपाण्डी; एकमुंडकी ।

monocercous—(Gk. *monos*, alone; *kerkos*, tail) एकदल पुच्छी; एक कशातन्त्री ।

monocerous—(Gk. *monos*, alone; *keros*, horn) एक श्रृङ्गी; एक पुच्छी ।

monochasium—(Gk. *monos*, alone; *chasis*, division) एकलशाखी ससीमाक्ष (पुष्पक्रम): इसमें मुख्य-अक्ष के सिरे पर एक पुष्प होता है और अक्ष के आधार पर एक पार्श्व अक्ष होती है जिसके सिरे पर भी एक पुष्प होता है परन्तु वृद्धि बनाये रखने के लिये इससे दूसरी शाखा निकलती है । पुष्पों का क्रम तलाभिसारी (basipetal) होता है अर्थात् सबसे पुराना पुष्प मुख्य अक्ष पर और नये पुष्प इससे नीचे की ओर होते हैं । यह दो प्रकार के होते हैं : (१) कुण्डलित (scorpoid) और (२) घोंघाकार (helicoid) । उदाहरण—जलधनियाँ (Ranunculus); मकोय, मायोसोटिस (forget me not) ।

monochlamydeous—(Gk. *monos*, alone; *chlamys*, cloak) अदलीय, केवल वाह्यदल पुंजी दलहीन, केवल वाह्यदल पुंज युक्त ।

monochorionic—(Gk. *monos*, alone; *chorion*, skin) एक जरायुज; एक डिम्बीय-जुड़वाँ ।

monociliated—(Gk. *monos*, alone; L. *cilium*, eyelid) एक तन्त्री; एक पक्ष्माभी ।

monoclinous—(Gk. *monos*, alone; *kline*; couch) उभयलिंगी ।

monocotyledonous—(Gk. *monos*, alone; *kotyledon*, cup-shaped hollow) एक बीजपत्री ।

monocrapid—(Gk. *monos*, alone; *krepis*, foundation) प्रतिष्ठापित स्पीक्यूल; एक निर्माणक स्पीक्यूल; एक अक्षीय स्पीक्यूल पर द्वितीय सिलिका जमाव से बना महास्पंज स्पीक्यूल ।

monocule—(Gk. *monos*, alone; L. *oculus*, eye) एक नेत्रीय; एक नेत्र वाला जन्तु जैसे कुछ एक कीट (insects) या केंकड़ादंशी (crustacean)।

monocyclic—(Gk. *monos*, alone; *kyklos*, circle) एक चक्री; वर्षीय या शाकी।

monocytes—(Gk. *monos*, alone; *kytos*, hollow) श्वेताणु संघ; एक केन्द्रकाणु; पुरारक्त कोशिका; अन्तंजन श्वेत कोशिका।

monodactylous—(Gk. *monos*, alone; *daktylos*, finger) एकांगुलिक।

monodelphic—(Gk. *monos*, alone; *delphys*, womb) एकगर्भकोशा; युक्तगर्भाशयी; ऐसे जन्तु जिनके दोनों ओर के गर्भाशय (uteri) मिलकर प्रायः एक बन जाते हैं।

monodont—(Gk. *monos*, alone; *odous*, tooth) एक दन्ती; एक दन्त।

monoecious—(Gk. *monos*, single; *oikos*, house) उभय लिंगी; उभय लिंगाश्रयी (पादप); संयुक्त लिंगी।

monoestrous—(Gk. *monos*, alone; *oistros*, gadfly) एकमदी; एक मदकाल; ऐसे जन्तु जिनके उत्पादीय काल में केवल एक ही बार ऋतु-स्राव (रजस्वला) होता है।

monogamous—(Gk. *monos*, single; *gamos*, marriage) एक भोगी; एक संगमनी; एक स्त्रीक; केवल एक ही साथी या संगी से संयोग या सम्भोग (consorting) करने वाला।

monoganglionic—(Gk. *monos*, alone; *ganglion*, little tumor) एक गण्डी; केवल एक ही गण्ड (ganglion) रखने वाला।

monogastric—(Gk. *monos*, alone; *gaster*, stomach) एक आमाशयिक; केवल एक ही पाचक (gastric) कोटर (cavity) वाला।

monogenesis—(Gk. *monos*, alone; *genesis*, descent) एक जनन; (१) आलिंगिक या अलैंगिक जनन। (२) यह वर्धन मत (theory of development) कि समस्त अंगी (organisms) एक कोशिका (single cell) से ही बने हैं।

monogenetic—(Gk. *monos*. alone; *genesis*, descent) एकलिंगज; एक जन्य; एक पोषित; एक पोषीय।

monogenic—(Gk. *monos*, single; *genos*, sex) एकलिंगी; एकोद्भवी; एकलिंगज केवल एक ही लिंग की सन्तान या बच्चे (offspring) पैदा करने वाला।

monogenous—(Gk. *monos*, alone; *genos*, offspring) एकलिंगक उत्पादन।

monogeny—(Gk. *monos*, single; *genos*, sex) एकलिंगता; केवल एक ही लिंग (sex) की सन्तान पैदा करने वाला।

monogonoporous—(Gk. *monos*, single; *gonos*, offspring; *poros*, channel) एक जनन छिद्री; ऐसे जन्तु जिनमें नर और मादा जनन अंगों का एक ही छिद्र होता है जैसे कुछ एक टरबीलेरिया (turbellaria)।

monogony—(Gk. *monos*, alone; *gonos*, offspring) निर्लिंगी उत्पादन (जनन); अनिषेक जनन; अलिंगक-उत्पादन, जिसमें स्फोट जनन (schizogony) तथा कलिकोत्पादन (gemmation) दोनों ही सम्मिलित हैं।

monogynoecial—(Gk. *monos*, alone; *gyne*, female; *oikos*, house) एक स्त्री केसरी।

monogynous—(Gk. *monos*, alone; *gyne*, female) एक नारी भोगी; एक मादा सेवी; केवल एक ही मादा (female) से सम्भोग (consorting) करने वाला; एक स्त्री केसरी।

monohybrid—(Gk. *monos*, alone; L. *hybrida*, mongrol) एक संकर; एक-वर्णसंकर। ऐसी संकर (hybrid) सन्तति या सन्तान (offspring) जो केवल एक लक्षण (character) में भिन्न पितृों (parents) से उत्पन्न हो।

monokaryon—(Gk. *monos*, alone; *karyon*, nut) एक केन्द्री अष्टि; एक केन्द्र बिन्दु (centriole) वाला केन्द्रक (nucleus) विशेष।

monolophous—(Gk. *monos*, alone; *lophos*, crest) एक मेड़ी; एक शिखर; ऐसा स्पीक्यूल या दृढ़ा (spicule) जिसमें एक बटी हुई या विभक्त (forked) या शिखर की तरह शाखा में बटी हुई किरण हो।

monomastigate—(Gk. *monos*, alone; *mastix*, wipe) एक कशाधारी; एक कशाभ।

monomeniscous—(Gk. *monos*, alone; *meniskos*, small moon) एकतालक नेत्री।

monomeric—(Gk. *monos*, alone; *meros*, part) एक खण्डी; एक ही हिस्से या खण्ड से बने हुए; एकलक ।

monomerosomatous—(Gk. *monos*, alone; *meros*, part; *soma*, body) अनुखण्ड देही; ऐसा जन्तु जिनके शरीर के समस्त खण्ड एक साथ निर्मित हों जैसे कुछ एक कीट ।

monomerous—(Gk. *monos*, alone; *meros*, part) एक खण्डीय; एक भागी ।

monometrosis—(Gk. *monos*, alone; *meter*, mother) एक मातृ संघ; केवल एक नारी (या माता) द्वारा निर्मित जन्तु संघ जैसे कुछ एक हाइमेनोपट्रा (hymenoptera) वर्ग की रानी (queen) द्वारा ।

monomial—(Gk. *monos*, alone; L. *nomen*, neme) एक शब्दीनाम; ऐसे वैज्ञानिक नाम जो केवल एक ही शब्द से बने हों ।

[देखिये–binomial–द्विशब्दी trinomial–त्रिशब्दी (नाम)]

monomorphic—(Gk. *monos*, alone; *morphe*, form) एक रूपक; एक रूपी; ऐसे जन्तु विशेष जो वृद्धिक्रम में एक स्थिति से दूसरी स्थिति में बहुत ही कम भिन्नता रखते हों । [देखिये–polymorphic]

monomyaric—(Gk. *monos*, alone; *mys*, muscle) एक पेशीय; केवल पश्च-अभिवर्तनी पेशी युक्त; (अपवर्तनी पेशी (abductor muscle) अनुपस्थित रहती है) ।

mononeuronic—(Gk. *monos*, alone; *neuron*, nerve) एक नाड़ी युक्त; केवल एक नाड़ी वाला ।

monont—(Gk. *monos*, alone; *on*, being) असंयोगी, एकांकी जीव; एक व्यक्ति (single individual) जो विना संयोग (without conjugation) के उत्पादन करता है । [देखिये–zygote या sporont]

mononuclear—(Gk. *monos*, alone; L. *nucleus*, kernel) एकाष्टिक; एक केन्द्रक ।

mononychous—(Gk. *monos*, alone; *onyx*, claw) एक नखी; एक नखरी; एक नख या पंजे (claw) वाला ।

monophagous—(Gk. *monos*, alone; *phagein*, to eat) एकाहारी; एकाहारी प्राणी; ऐसा जन्तु जो एक ही किस्म के खाने पर जीवन निर्वाह करता हो ।

[देखिये–stenophagous या oligophagous मिताहारी]

monophasic—(Gk. *monos*, alone; *phainein*, to appear) संक्षिप्त जीवन वृती; एक प्रावस्थी ट्रिपनोसोम (trypnosome) आदि का संक्षिप्त जीवन वृत (life cycle) जिसमें गति युक्त स्थिति नहीं होती है ।

[देखिये–diphasic विस्तृत जीवन वृती]

monophyletic—(Gk. *monos*, alone; *phyle*, tribe) एक वंशोद्भव, एक स्रोतोद्भवी ।

[देखिये–oligophylitic ऊनवंशोद्भव, और polyphyletic बहुवंशोद्भव]

monophyllous—(Gk. *monos*, alone; *phyllon*, leaf) एक पर्णी ।

monophyodont—(Gk. *monos*, alone; *phyein*, to produce; *odous*, tooth) एकाश्रेणी दन्ती; एकवार दन्ती; ऐसे जन्तु जिनके दूध के दांत भ्रूण काल में ही पच जाते हैं या पूर्णरूप से अनुपस्थित रहते हैं, जिनके कारण केवल एक ही श्रेणी या सन्तति दांतों की (one set of teeth) पाई जाती है ।

monoplacid—(Gk. *monos*, alone; *plax*, flat plate) एक पट्टिक; केवल एक पट्ट (plate) वाला ।

monoplacula—(Gk. *monos*, alone; *plax*, flat plate) मोनोप्लेकुला; पुच्छ दण्डकों (urochorda) की भ्रूणिक अवस्था (embryonic stage) ।

monoplastic—(Gk. *monos*, alone; *plastos*, formed) एकाकृतिक; किसी एक रूप या आकृति (form) में रहने वाला ।

monoploid—(Gk. *monos*, alone; *haploos*, simple; *eidos*, form) अगुणित (haploid); बहुसूत्र क्रम में मूल अगुणित गुणसूत्र संख्यकी ।

monopodial—(Gk. *monos*, alone; *pous* foot) एकशाखीय ।

monopodium—(Gk. *monos*, alone; *pous*, foot) एक अक्षी; आद्य-अक्षी ।

monopyrenous—(Gk. *monos*, alone; *pyren*, kernel) एक अष्टिल; एक गुठलीयुक्त ।

monorchic—(Gk. *monos*, alone; *orchis*, testis) एक वीर्याण ग्रन्थिक ।

monorhinal—(Gk. *monos*, alone; *rhis*, nose) एकनासी; एक नथुना या नासा (nostril) वाला ।

monosepalous—(Gk. *monos*, alone; F. *sepale*, sepal) एक बाह्यदली; समस्त बाह्यदल मिलकर एक बाह्यदल बनाये हुए ।

monosiphonic—(Gk. *monos*, alone; *siphon*, tube) एक साइफनी; एक विनालीय ।

monosome—(Gk. *mono*, alone; *soma*, body) एक पिण्डी; एक सूत्रक; एकलसूत्र; अयुग्म (unpaired) सहायी (accsessory) परम्परा सूत्र विशेष या X–क्रोमोसौम ।

monospermous—(Gk. *monos*, alone; *sperma*, seed) एकबीजी ।

monospermy—(Gk. *mono*, alone; *perma*, seed) एकानिषेक; एक शुक्राणुता; एक ही वीर्याणु (sperm) के प्रवेश से निषेक; सामान्य निषेक (normal fertilisation) ।

monospondylic—(Gk. *monos*, alone; *spondylos*, vertebra) केन्द्र मध्यस्थी हीन कशेरू ।

monosporangium—(Gk. *monos*, alone; *sporos*, seed; *anggeinon*, vessel) एक बीजाणुक बीजाणुधानी । साधारण बीजाणु उत्पन्न करने वाली बीजाणुधानी (sporangium) ।

monospore—(Gk. *monos*, alone; *sporos*, seed) एक स्पोर; एक बीजाणु; एक साधारण या बिना बटा हुआ स्पोर (spore) या बीजाणु ।

monosporous—(Gk. *monos*, alone; *sporos*, seed) एक स्पोरी या स्पोरक; एक स्पोर (spore) वाला; एकबीजी ।

monostachyous—(Gk. *monos*, alone; *stachys*, corn ear) एकल स्पाइकी; एक शूली; एक कीली; एक धान्य शीर्षक ।

monostele—(Gk. *monos*, alone; *stele*, column) एक रंभक ।

monostelic—(Gk. *monos*, alone; *stele*, column) एक रंभकी ।

monostichous—(Gk. *monos*, alone; *stichos*, row) एक पंक्तिक; एका वलिक ।

monostigmatous—(Gk. *monos*, alone; *stigma*, mark) एक चिन्हीं; एक वात छिद्री ।

monostylous—(Gk. *monos*, alone; *stylos*, pillar) एक सूचिकी; एक शूकिकी ।

monosy—(Gk. *monos*, alone) अङ्ग पृथकता; साधारणतः संयुक्त भागों का पृथक् होना ।

monosymmetrical—(Gk. *monos*, alone; *symmetria*, due proportion) एक समांशी; एक व्यास सममित, द्विपार्श्व (bilateral) समांशता (symmetry) में केवल एक ही तक्ष (plane) वाला ।

monothalamous—(Gk. *monos*, alone; *thalamos*, chamber) एक कोष्ठी ।

monothecal—(Gk. *monos*, alone; *theke*, box) एक कक्षी, एक कोटरी या कोटर; एक कोष्ठकी ।

monothelious—(Gk. *monos*, alone; *thelys*, female) बहुनर भोगी; एकाधिक नर संभोगी; ऐसी नारी या मादा (female) जो एक से अधिक नरों (males) से संभोग करती है ।

monotocous—(Gk. *monos*, alone; *tokos*, offspring) एक प्रसवनी, एकसू, एकप्रसु; सकृत्फली; एक शिशु-जन्म दात्री; एक बार में केवल एक शिशु को जन्म देने वाली मादा या नारी (female) ।

monotreme—पुरास्तनी; पुरास्तन पायी; अंडजस्तनी; एक विद्र; मोनोट्रीम ।

monotrichous—(Gk. *monos*, alone; *thrix*, hair) एक कशा धारी; एरोकमी; एक कशाभी ।

monotrochous—(Gk. *monos*, alone; *trochos*, wheel) एक घूर्णनी ।

monotrophic—(Gk. *monos*, alone; *trophe*, nourishment) एक पुष्टी; एकाहारी; केवल एक ही प्रकार के खाने पर निर्भर रहने वाला ।

monotype—(Gk. *monos*, alone; *typos*, type) एकांकी रूप; एकल प्ररूप; मोनोटाइप; एक ही जन्तु जिससे प्रकार (specie) या जाति (genus) बना हो ।

monotypic—(Gk. *monos*, alone; *typos*, type) एक रूपी; एकल प्ररूपी; एक ही प्रकार (specie) वाला ।

monro, formen of—(A. *monoro*, scottish anatomist) मनरो छिद्र ।

monoxenous—(Gk. *monos*, alone; *xenos*, host) एक सत्कारी; एकोपजीवी; केवल एक सत्कारी (host) रखने वाला परजीवी; एकागन्तुक ।
[देखिये–heteroxenous भिन्नोपजीवी]

monozoic—(Gk. *monos*, alone; *zoon*, animal) एक स्पोराणुक; केवल एक स्पोराणु (sporozoite) पैदा करने वाला ।

monozygotic—(Gk. *monos*, alone; *zygotes*, yoked) एक संयुक्त कोष्ठी; एक युग्मजी; एकांडजी; एक निषिक्त डिम्बी; एक निषिक्त डिम्ब (fertlised ovum) से वर्धित जैसे समान जुड़वाँ (identical twins) ।

Montgomery's glands—(*W. F. Montgomery*, Irish physician) मोन्टगुमरी ग्रन्थियाँ; चूचक की सांतराल ग्रन्थियाँ (areolar glands) जो स्तन्यकाल (lactation) में उभरी हुई सुस्पष्ट होती हैं ।

monster—(L. *monstrum*, an omen) रौद्र; दैत्य ।

monticolous—(L. *mons*, mountain; *cohere*, to inhabit) पर्वत वासी ।

monticulus—(L. *dim. mons*, mountain) मोनटीक्युलस; प्रमस्तिष्क का सबसे बड़ा भाग—उर्ध्व वरमीज (superior vermes) ।

mores—(L. *mos*, wont) मोरेज; मोर्स; संभावांगी समूह । ऐसे जन्तुओं का समूह जिनका समान निवास स्थान, समान उत्पादन काल और समान ही भौतिक वातावरण का उत्तर हो । [देखिये–mune]

morphallaxis—(Gk. *morphe*, form; *allaxis*, changing) रूपान्तर; परिणत्ता; पुन: निर्माण में एक भाग का दूसरे भाग में परिवर्तित हो जाना या किसी आकृति का क्रमश: विशिश्ट रूप में वर्धन या बढ़ जाना ।

morphogenesis—(Gk. *morphe*, form; *genesis*, descent) अंग जनन; संरचना विकास; अङ्गोद्भव; अंगों (part) का उद्भव (origin) तथा वर्धन; (development) ।

morphogenetic—(Gk. *morphe*, form; *genesis*, descent) अंगजननी; संरचना विकासी; अङ्गोद्भवी; अन्त: स्राव (internal secretion) जो अङ्गों की वृद्धि आदि पर प्रभाव डालते हैं ।

morphologic index—रचना घंटु; धड़ (trunk) और अवयवों (limbs) के सम्बन्ध को बताने वाला अनुपात ।

morphology—(Gk. *morphe*, form; *logos*, discourse) आकार विज्ञान; आकृति विज्ञान; अकारिकी ।

morphon—(Gk. *morphe*, form; *on*, being) अश्रितांगी; मॉर्फोन ।
[देखिये–bion या biont=स्वांगी या अनाश्रितांगी]

morphoplasm—(Gk. *morphe*, form; *plasma*, formation) निर्माणक ।

morphoplasy—(Gk. *morphe*, form; *plassein*, to mould) निर्माण शक्ति ।

morphosis—(Gk. *morphosis*, form) निर्माण विधि ।

morphotic—(Gk. *morphosis*, form) तन्तु निर्माणक ।

morula—(L. *morum*, mulberry) मोरूला; तूतक; कोशिका पुंज; (१) डिम्ब विभाजन (segmentation) में प्रथम ठोस गोलाकार आकृति; (२) वृद्धिक्रम में द्विस्तर (gastrula) से पहले की अवस्था; (३) वीर्याणु पुंज ।

morulation—(L. *morum*, mulberry) मोरूला करण; कोष्ठ पुंजता; खण्ड विभाजन द्वारा मोरूला का बनना ।

morulit—(L. *morum*, mulberry) उपाष्टि या केन्द्र पिण्ड ।

mosaic—(It. *mosaica*, mosaic) खचित; मोजेक । वनस्पति विज्ञान में पौधों में पाये जाने वाले कई वाइरस रोगों के चिन्ह—सामान्य हरे रंग के मध्य बदरंग धब्बे । आनुवंशिक विज्ञान (genetics) में विचित्रोतिकी या काइमीरा (chimaera) एक दूसरे के पर्यायनाम (synonym) हैं । ऐसे जन्तु जिनके ऊतक दो या अधिक प्रकार की आनुवंशिक भिन्नता लिये होते हैं, सामान्य रूप से मोजेक (mosaic) कहे जाते हैं । पौधों को काइमीरा कहा जाता है । जन्तु विज्ञान में मोजेक परिवर्धन (mosaic development) होता

है। इस परिवर्धन में निर्धारण (determination) क्रियात्मिक विभिन्नता आरम्भ होने से पूर्व ही हो जाता है। भ्रूण का प्रत्येक क्षेत्र स्वतंत्र रूप से विभिन्नता लाने लगता है। कशेरूकों (vertebrates) में यह द्विस्तरता (gastrutation) के पश्चात् तथा अनेक अकशेरूकों में प्रारम्भिक विदलन (cleanage) स्थितियों में,—जो मोजेक परिवर्धन प्रदर्शित करते हैं, में आता है।

mothercell—मातृ-कोशिका।

motion—(L. *movere*, to move) गति।

motoneuron—(L. *movere*, to move, Gk. *neuron*, nerve) गति तंत्रिका कोशिका।

motor—(L. *movere*, to move) चालक; गतिकारी; गति सम्बन्धी; प्रेरक; मोटर।

motor area—चालक क्षेत्र; गति क्षेत्र (मस्तिष्क में)।

motor end organ—प्रेरक अन्तस्थांग; धारीदार पेशी (striated muscle) के अक्षक (axis cylender) का अन्तस्थ (terminal) शाखा न्यास (ramification)।

motor nerve—चालक तंत्रिका।

motor neurones—चालक कोशिका, वह तंत्रिका कोशिकायें जो गति (movement) को व्यवस्थित (regulate) करती हैं।

motorium—गति क्षेत्र; गति प्रेरक काय; तंत्रिका मण्डल के वह भाग जहाँ गति सम्बन्धी चेतना स्थिर रहती है।

moult—(L. *mutare*, to change) पक्ष पतन; पर्णपतन; केंचुलीव दलना; निर्मोक; मुच; (१) पक्ष पतन; पर झाड़ना; कुरीज करना; पङ्खों, खाल या वाल का बदलना; (२) पर्णपत; (३) केंचुली बदलना; (४) मुच, खोल बदलना; वृद्धि क्रम में एक स्थिति से दूसरी स्थिति में पहुँचने के लिये समस्त कवच या खोल को गिराना।

moulting hormone—निर्मोक हार्मोन।

mouth—(A. S. *muth*, mouth) मुँह; मुख।

mouth part—मुखावयव; सन्धिपाद (arthropoda) के सिर (head) या मुँह का अवयव।

mouth cavity—मुख विवर; मुख गुहा।

movement—(L. *movere*, to move) गति; संचलन।

mucific—(L. *mucus*, mucus; *facere*, to make) श्लैष्मोत्पादक; श्लैष्म स्रावक।

muciform—(L. *mucus*, mucus; *forma*, shape) श्लैष्मोपम; श्लैष्मवत्।

mucigen—(L. *mucus*, Gk. *genos*, offspring) श्लैष्मज; श्लैष्मिक कला के कोशिकों के अन्दर का पदार्थ।

mucilage—(L. *mucus*, mucus) श्लैष्म; सरेस; लसदार पदार्थ; श्लैष्मक; म्यूसिलेज।

mucilaginous—(L. *mucus*, mucus) श्लैष्मवत्; श्लैष्मोपम; सरेस की तरह का।

mucin—(L. *mucus*, mucus) मूसिन; श्लैष्म (mucus) का ग्लाइकोप्रोटीन—जो कोशिका या ग्रन्थियों के स्राव में होता है।

mucinogen—(L. *mucus*, mucus; Gk. *genos*, offspring) श्लैष्मज।

muciparous—(L. *mucus*, mucus; *parere*, to beget) श्लैष्मोत्पादक; श्लैष्म स्रावक।

mucocellulose—(L. *mucus*, mucus; *cellula*, small cell) मूकोसेलूलोज; सेलूलोज श्लैष्म पदार्थ के साथ मिला हुआ जैसा कुछ बीजों और फलों में पाया जाता है।

mucocutaneous, mucodermal—(L. *mucus*, mucus; *cutis*; skin; Gk. *derma*, skin) त्वक्-श्लैष्मी; श्लैष्मत्वचीय; त्वचा और श्लैष्मिक कला सम्बन्धी।

mucoid—(L. *mucus*, mucus; Gk. *eidos*, like) श्लैष्मोपम; श्लैष्मवत्; श्लैष्माभ।

mucoproteins—(L. *mucus*, mucus; Gk. *protos*, first) मूकोप्रोटीन्स; ग्लूकोप्रोटीन्स; ग्लाईकोप्रोटीन्स—प्रोटीन और कार्बोज (कार्बोहाइड्रेट) मिश्रित यौगिक।

mucosa—(L. *mucus*, mucus) श्लैष्मक; श्लैष्मल; म्युकोसा।

mucoserous—(L. *mucus*, mucus; *serum*, whey) श्लैष्म-लसीका द्रव; श्लैष्म तथा दैहिक तरल स्राव।

mucous—(L. *mucus*, mucus) श्लैष्म; श्लैष्मल।

mucous membrane—श्लैष्मिक झिल्ली।

mucro—(L. *mucro*, sharp point) मूक्रो; अङ्गान्तक; तीक्ष्णाग्र; नोंक।

mucronate—(L. *mucro*, sharp point) मूक्रोनेट; अंगान्तकी; नोकदार; तीक्ष्णाग्री।

mucronulate—(L. *mucro*, sharp point) अङ्गान्तकी।

mucronule—(L. *mucro*, sharp point) मूक्रोन्यूल; ऊनमूक्रो; लघु-अंगान्तक।

muculent—(L. *mucus*, mucus) श्लेष्म युक्त; श्लेष्मक।

mucus—(L. *mucus*, mucus) श्लेष्म; चिकना; चिपचिपा, चमकीला, लसदार पदार्थ विशेष; श्लेष्मा।

mucus membrane—श्लेष्म कला (छद); श्लेष्मछद।

mulbery body—मौरूला; कोशिका पुंज; तूतक।

mullerian bodies—(F. *muller*, german naturalist) मुलेरियन पिण्ड; एफ. मुलर पिण्ड।

mullerian ducts—(J. *muller*, german anatemist) मुलेरियन नलिकाएँ; म्यूलरी वाहिनी; जे. मुलर नलिकाएँ; मध्य वृक्क नलिकाओं (wollfian ducts) के पार्श्व भाग (lateral portion) से आरम्भ होने वाली नलिकाएँ।

Muller's fibres—(*H. Muller*, German anatomist) एच. मुलर सूत्र; मुलर के सूत्र। (१) मुलर के सहायी (subtentacular) या अरीय (radial) सूत्र; (२) रेटीना के तंत्रिका स्तर को साधने वाला श्लष्म सूत्रों का जाल।

Muller's larva—(J. *Muller*, German zoololist) जे. मुलर डिंभक (लारवा); पोलीक्लैडिडा (Polycladida) का पक्ष्माभिकामय (ciliated) (लारवा)।

Muller's muscle—(H. *Muller*, German anatomist) एच. मुलर पेशी; (१) पलकों (eyeclids) की एक सरल पेशी; (२) अधो नेत्र कोटर (inferior orbital) दरार (fissure) के तीरांतर (across) एक सरल पेशी।

multangular—(L. *multus*, many; *angulus*, angle) मल्टेन्गुलर अस्थि; दीर्घ और लघु मल्टेन्गुलम—दो करभास्थि—जिन्हें ट्रेपेजियम (दीर्घ-) और ट्रेपेजोइड (लघु-) करभास्थि भी कहा जाता है।

multiarticulate—(L. *multus*, many; *articulus*, joint) बहु सन्धिक; बहु सन्धीय; कई एक जोड़ों या सन्धि (joint) वाला।

multibrachiate—अनेक बाहु।

multicamerate—(L. *multus*, many; *camera*, chamber) बहुकक्षीय; बहुकोटर युक्त; कई एक कोटरों (chambers) वाला।

multicapsular—(L. *multus*, many; *capsula*, little chest) बहुपात्रक; बहुकेप्सुली; बहुकोटरी (capsule=कोटर या पात्र।

multicarinate—(L. *multus*, many; *carina*, keel) बहुकीलक।

multicellular—(L. *multus*, many, *cella*, cell) बहुकोशिकीय; बहुसेलीय।

multicentral—(L. *multus*, many; *centrm*, centre) बहुकेन्द्रीय; एकाधिकेन्द्री; एक से अधिक वृद्धि या वर्धन (growth or development) केन्द्र वाला।

multiciliate—(L. *multus*, mant; *cilium*, eyelid) बहुतन्त्री; बहुपक्ष्माभी ।

multicipital—(L. *multus*, many; *caput*; head) बहुसिरी; बहु शाखीय: बहुत से सिरों या शाखाओं वाला जो एक विन्दु से ही प्रारम्भ होती हों ।

multicostate—(L. *multus*, many; *costa*, rib) बहु पर्शुक, बहुत सी पसलियों या पर्शु (ribs) वाला; बहु शिरामय ।

multicuspid—(L. *multus*, many; *cuspis*, spear-head) बहुकस्पी; बहुशिखरी; बहुदंताग्र ।

multidentate—(L. *multus*, many; *dens*, tooth) बहुदन्ती; बहुत दानेदार; बहुदन्तुर ।

multidigitate—(L. *multus*, many; *digitus*, finger) बहु-आंगुलिक; बहु अंगुल्याकार ।

multifid—(L. *multus*, many; *fidus*, cleft) बहु दरारी ।

multiflagellate—(L. *multus*, many; *flagellum*, whip) बहुकशी; अनेककशाभी ।

multiflorous—(L. *multus*, many; *flos*, flower) बहुपुष्पी ।

multifoliate—(L. *multus*, many; *folium*, leaf) बहुपर्णी ।

multifoliolate—(L. *multus*, many; *foliolum*, small leaf) बहुपत्रक ।

multiganglionate—(L. *mulius*, many; Gk. *gang-lion*, small tumour) बहुगण्डी; बहुगैंगलीय ।

multigyrate—(L. *multus*, many; *gyrus*, circle) बहु घुमेड़ी ।

multijugate—(L. *multus*, many; *jugum*, yoke) बहु युगल पत्रकी ।

multilaminate—(L. *multus*, many; *lamina*, plate) बहुफलकी; कई या अनेक फलक (laminae) से निर्मित ।

multilobate—(L. *multus*, many; *lobus*, lobe) बहु दली ।

multilobulate—(L. *multus*, many; *lobulus*, small lobe) बहु पालिकीय ।

multilocular—(L. *multus*, many; *loculus*, ohamber) बहु कोहरी या बहु कोठरी; बहुकोष्ठकी ।

multinervate—(L. *multus*, many; *nervus*, sinew) बहुतंत्रिकीय; बहुशिरी ।

multinodal—(L. *multus*, many; *nodus*, knot) बहुकाण्डी; बहुपर्वसंधिक ।

multinomial—(L. *multus*, many; *nomen*, name बहुशब्दी; बहुपदी । [देखिये–binomial द्विशब्दी]

multinucleate—(L. *multus*, many; *nucleus*, kernel) बहुअष्टिक; बहुकेन्द्रकी ।

multinucleolate—(L. *multus*, many; *nucleolus*, small kernel) बहु उपाष्टिक; बहु उपकेन्द्रक ।

multiovulate—(L. *multus*, many; *ovum*, egg) बहु डिम्बी ।

multiparous—(L. *multus*, many; *parere*, to be-get) बहु शिशु दात्री; बहुशाखी; बहुप्रजक; एक बार में एक से अधिक बच्चे जनने वाली ।

multiple—गुणित; बहुगुणा; बहु, बहुत ।

multiplecorolla—बहुदली; दो या दो से अधिक पंखु-ड़ियों के दल चक्रों से युक्त ।

multiple factors—बहुकारक; ऐसे जीव जो संयुक्त या एक त्रक प्रभाव डालें ।

multiple fission—बहु भजन; बहु खण्डन ।

multipolar—(L. *multus*, many; *polus*, axis end) बहु ध्रुवी ।

multiradiate—(L. *multus*, many; *radius*, ray) बहु किरणी; बहु अरी ।

multiramose—(L. *multus*, many; *ramus*, branch) बहु शाखीय; बहु शाखी ।

multiseptate—(L. *multus*, many; *septum*, partition) वहु व्यवधानी; वहुपटीय ।

multiserial—(L. *multus*, many; *series*, row) वहु पंक्तिक; वहु क्रमिक ।

multispiral—(L. *multus*, many; *spira*, coil) वहु चक्री ।

multisulcate—(L. *multus*, many; *sulcus*, furrow) वहु सीता युक्त ।

multitentaculate—(L. *multus*, many; *tentaculum*, feeler) वहु स्पर्शक; वहु स्पर्शकी ।

multituberculate—(L. *multus*, many; *tuberculum*, small hump) वहु-उपाण्डी; वहु-गुलिका ।

multituberculy—(L. *multus*, many; *tuberculum*, small hump) वहु-गुलिकीय: यह मत कि चवर्णक (molar teeth) ऐसे प्रकृप से वधित हुए हैं जिनमें कई गुलिकायें (tubercles) थीं ।

multivalve—(L. *multus*, many; *valvae*, folding doors) वहु कपाटी; वहु कपाटीय ।

multivincular—(L. *multus*, many; *vinculum*, fetter) वहु वन्धनी; वहुवन्धन युक्त; मल्टी विन्कुलर ।

multivoltine—(L. *multus*, many; It. *volta*, turn) वहु प्रसवनी: वहु सू; वहु प्रसू; वहु प्रज; एक वर्ष में एक से अधिक वार शिशु या वच्चे को देने वाली ।

multiocular—(L. *multus*, many; *oculus*, eye) वहुनेत्री; अनेक चक्षुकी ।

multiungulate—(L. *multus*, many; *ungula*, hoof) वहु खुरी; वहु शफीय ।

mune—(L. *munus*, function) मोरेज व संभावांगी: विशिष्टांगी ।

muricate—(L. *muricatus*, full of sharp points) मूरीकेट; तीक्षण कण्टकी; रूक्षवर्ष ।

muriform—(L. *murus*, wall; *forma*, shape) भित्ति कोपम; ईंटों या ईष्टि (brick) की दीवाल (wall) के सदृश: इष्टिकापुंजाभ ।

musca—मस्का; मक्षिका; मक्खी जाति का नाम ।

musicoline—(L. *muscus*, moss; *colere*, to inhabit) मॉसवासी ।

muscle—(L. *musculus*, muscle) पेशी: शरीर का मांसीय भाग ।

muscoid—(L. *muscus*, moss; Gk. *eidos*, form) मॉस सदृश; मॉसोपम ।

muscology—शैवल (moss) विज्ञान ।

muscular—(L. *musculus*, muscle) पेशी युक्त ।

muscular system—पेशी मण्डल (संस्थान) ।

musculature—(L. *musculus*, muscle) मांस पेशी: पेशी विन्यास ।

musculocutaneous—(L. *musculus*, muscle) त्वचा पेशी: पेशी त्वचीय; त्वचा और मांस पेशी सम्वन्धी ।

musculophrenic—(L. *musculus*, muscle; Gk. *phren*, midriff) त्वचा-डायफ्राम-; त्वचा-डायफ्राम सम्बन्धी ।

musculospiral—(L. *musculus*, muscle; *spira*, coil) मस्कुलोस्पाइरल (तंत्रिका); अरीय तंत्रिका जो चक्राकार रूप में ह्यूमेरस से नीचे गुजरती है ।

mushroom shaped gland—छत्रकोपम; ग्रन्थि कीटों के शुक्राशय (seminal vessicle) का दूसरा नाम ।

mutafacient—(L. *mutare*, to change; *facere*, to make) उत्परिवर्तन-प्रोत्साहक ।

mutant—(L. *mutare*, to change) विच्छिन्न भिन्नी; उत्परिवर्ती; म्यूटेन्ट; वह व्यक्ति (जन्तु विशेष) जो कि पितृ प्रकार से भिन्न लक्षणों से युक्त हो ।

mutation—(L. *mutare*, to change) विच्छिन्न भिन्नता; उत्परिवर्तन; म्यूटेशन । गुणसूत्रीय डीएनए (DNA) में आकस्मिक परिवर्तन, उत्परिवर्तन (mutation) कहे जाते हैं । सवसे महत्वपूर्ण उत्परिवर्तन वे होते हैं जो युग्मक या उनके पूर्वगामीयों में होते हैं क्योंकि ये उन अंगीयों में जो इनसे वधित होते हैं लक्षणों में आनुवंशिक परिवर्तन उत्पन्न कर सकते हैं । इस प्रकार का प्रत्येक परिवर्तन विकास का आधारभूत होता है । वहुसंख्यक उत्परिवर्तन व्यक्तिगत जीन में परिवर्तन होते हैं, केवल कुछ ही ऐसे होते हैं जो गुण सूत्रों की सकल संरचना में परिवर्तन लाने वाले होते हैं, ऐसा स्थानान्तरण या व्युत्क्रमण (translocation या inversion) से होता है । जब किसी सेल्स की गुण सूत्रों की संख्या में परिवर्तन लाता है, तो उसे,

बहुगुणिता (polyploidy) कहा जाता है। उत्परिवर्तन सामान्य रूप से अनित्य (infrequent) होते हैं।

जो उत्परिवर्तन काय-कोशिकाओं में होते हैं उन्हें दैहिक उत्परिवर्तन (somatic mutation) कहा जाता है।

muticous—(L. *muticus*, maimed) विकलांगी; प्रहार अंग जैसे पंजे, दाँत आदि हीन; कुंठित्व।

mutilation—(L. *mutilare*, to main) अंग भंगता; विकलता; अंग कर्तन; अंगों का कटाव।

mutualism—(L. *mutus*, exchanged) सहजीवनता; महोपकारिता; पारस्परिकता; दो जन्तुओं का साथ-साथ रहना, जिससे दोनों को लाभ पहुँचे।

myarian—(Gk *mys*, muscle) मायरियन; पेशी-आधार वर्गीकरण।

mycelioid—(Gk. *mykes*, fungus; *eidos*, form) माइसीलियम सदृश; कवक जालाभ।

mycelium—(Gk. *mykes*, fungus) माइसीलियम; कवक तंतु जाल। फन्गस की आदर्श वनस्पतिक संरचना—तन्तुक कोशिकाओं या कवक तंतु (hyphae) से बनी संरचना (structure)।

mycetocyte—(Gk. *mykes*, fungus; *kytos*, hollow) माइसेटोसाइट; कवक कोशिका; पश्च-अंडक (oocyte) ध्रुव की एक पुटक-कोशिका (follicle cell) जिसमें होकर एफिड (Aphides) के अंडे पर सहजीवियों (symbionts) द्वारा संक्रमण होता है।

mycetogenetic—(Gk. *mykes*, fungus; *genesis*, descent) कवजक; कवक (fungus) से उत्पन्न।

mycetoid—(Gk. *mykes*, fungus; *eidos*, form) कवकाभ; कवकोपम।

mycetology—देखिये--mycology-कवक विज्ञान।

mycetoma—(Gk. *mykes*, fungus) कवक कोशिका समूह।

mycetophagous—(Gk. *mykes*, fungus; *phagein*, to eat) कवक भोजी।

mycoderm—(Gk. *mykes*, fungus; *derma*, skin) बैक्टीरिया पटल।

mycology—(Gk. *myelos*, fungus; *loos*, discourse). फफूंदी विज्ञान; फन्जाई विज्ञान; कवक विज्ञान।

mycoplasm—(Gk. *mykes*, fungus; *plasma*, form) कवक प्रदव्य; कवक प्ररस; दालों के बीजों में पाया जाने वाला परजीवी पदार्थ जो कवक रस्ट (rust) को उत्पन्न करता है।

mycopremna—(Gk. *mykes*, fungus; *premnon*, stem) सहजीवी कवक युक्त कंदक।

mycorhiza—(Gk. *mykes*, fungus; *rhiza*, root). कवक-मूल संगति; कवक तंतु का अन्य उच्च पादपों की जड़ों से संगति।

mycorhizic—(Gk. *mykes*, fungus; *rhiza*, root) आंशिक सहजीवी; कवक-मूल संगति युक्त।

mycotrophic—(Gk. *mykes*, fungus; *trophe*, nourishment) कवक सहजीवी; कवक पोषी। कवक के साथ सहजीवन व्यतीत करने वाले पौधे।

myelencephalon—(Gk. *myelos*, marrow, *engkephalos*, brain) पश्च मस्तिष्क; पश्चाद्भाग; माइलेन-सिफैलोन; पश्च मस्तिष्क का मेडुला ऑबलोंगेटा और चतुर्थ वैन्ट्रीकल वाला भाग।

myelin—(Gk. *myelos*, marrow) मज्जा; माइलिन।

myelination—(Gk. *myelos*, marrow) मज्जाजनन।

myeloblast—(Gk. *myelos*, marrow; *blastos*, bud) मज्जा कोष्ठज; मज्जा कोरक।

myelocoel—(Gk. *myelos*, marrow; *koilos*, hollow) सुषुम्ना नलिका; मज्जा गुहा।

myelocyte—(Gk. *myelos*, marrow; *keytos*, hollow) मज्जा कोशिका; मज्जाणु; माइलोसाइट।

myeloid—(Gk. *myelos*, marrow; *eidos*, form) मज्जोपम; मज्जा सदृश; मज्जाभ।

myelomere—(Gk. *myelos*, marrow; *meros*, part) सुषुम्ना खण्ड।

myelon—(Gk. *myelos*, marrow) सुषुम्ना।

myeloplast—(Gk. *myelos*, marrow; *plastos*, formed) मज्जा श्वेताणु।

myeloplax—(Gk. *myelos*, marrow; *plax*, some thing flat) वृहत्काय मज्जा कोशिका; मज्जा (marrow) और रक्त जनन अंगों (blood forming organs) की एक वृहत्काय-कोशिका।

myentric—(Gk. *mys*, muscle, *enteron*, gut) अंत्र पेशी नियंत्रक; अंत्र (gut) की मांस पेशी (muscle) की चाल को नियंत्रित करने वाली तंत्रिका, जिससे भोजन ऊपर से नीचे की ओर जाता है।

myiasis—(Gk. *myia*, fly) उप प्लव; द्विपक्षी (diptera) अर्भक का जीवित जन्तुओं पर आक्रमण।

mylohyoid—(Gk. *myle*, mill; *hyoeides*, shaped) मयलोहाएड; हायडाधोहन्वस्थि।

myoalbumin—(Gk. *mys*, muscle; L. *albumen*, white egg) पेशी एलब्युमिन।

myoblast—(Gk. *mys*, muscle; *blastos*, bud) पेशी कोष्ठज; पेशी कोरक; वह कोशिका जिससे कि मांस पेशी के रेशे बनते हैं।

myocardium—(Gk. *mys*, muscle; *kardia*, heart) हृतपेशी: मध्यहृत स्तर।

myochrome—(Gk. *mys*, muscle; *chroma*, colour) मांस वर्ण (रंग); पेशी वर्णक।

myocoel—(Gk. *mys*, muscle; *koilos*, hollow) पेशीखंड गुहा; दैहिक गुहा का वह भाग जो पेशीखंड (myotome) में होता है।

myocomma—(Gk. *mys*, muscle; *komma*, clause) पेशी खण्ड जवनी; मायोकोमा; अंतरा पेशी पट्ट।

myocyte—(Gk. *mys*, muscle; *kytos*, hollow) पेशी कोशिका।

myodome—(Gk. *mys*, muscle; *domos*, chamber) पेशी कोटर (कक्ष); कुछ अस्थि मत्स्यों (teleosts) में कुछ पेशियों सम्बन्धी कोटर या कक्ष (chamber)।

myodynamic—(Gk. *mys*, muscle; *dynamis*, power) पेशी शक्ति: मांस पेशी की संकुचन शक्ति।

myoepicardial—(Gk. *mys*, muscle; *epi*, upon; *kardia*, heart) अधिहृद्स्तर पेशी।

myoepithelial—(Gk. *mys*, muscle; *epi*, upon; *thele*, nipple) पेशी और अधिच्छद सम्बन्धी।

myofibrillae—(Gk. *mys*, muscle; L. *fibrilla*, small fibre) पेशी ऊतक के आंकुचक सूत्रक (तन्तुक)।

myogenic—(Gk. *mys*, muscle; *gennaein*, to produce) पेशी जन; पेशी जनक; मांस पेशी में उत्पन्न होने वाली।

myoglobulin—(Gk. *mys*, muscle; L. *globulus*, small globe) पेशी गोलिका; मायोग्लोबुलिन।

myohaematin—(Gk. *mys*, muscle; *haima*, blood) पेशी तन्तु वर्ण; कोशिका वर्ण; मायोहीमेटिन।

myoid—(Gk. *mys*, muscle; *eidos*, form) पेशी निर्मित; पेशी सदृश; पेशिभः मांस पेशी समान या मांस पेशी का बना हुआ।

myolemma—(Gk. *mys*, muscle; *lemma*, skin) पेशी पिधान।

myology—(Gk. *mys*, muscls; *logos*, discourse) पेशी विज्ञान।

myomere—(Gk. *mys*, muscle; *meros*, part) पेशी खण्ड: बन्धक तन्तुओं (connective tissue) से खण्डित मांस पेशी खण्ड।

myometrial—(Gk. *mys*, muscle. *metra*, uterus) मायोमेट्रियल; गर्भाशय (uterus) की भित्ति ग्रन्थियां जिनका उद्दीपक (hormone) स्राव (secretion) दुग्ध ग्रन्थियों (mammary glands) पर प्रभाव डालता है।

myometrium—(Gk. *mys*, muscle; *metra*, uterus) गर्भाशय भित्ति।

myoneme—(Gk. *mys*, muscle; *nema*, thread) पेशी संकुचक; पेशी सूत्र; मायोनीम।

myoneural—(Gk. *mys*, muscle; *neuron*, nerve) तंत्रिका पेशी सम्बन्धी।

myoneure—(Gk. *mys*, muscle; *neuron*, nerve) पेशी तंत्रिका; प्रेरक तंत्रिका कोशिका।

myonicity—(Gk. *mys*, muscle) पेशी संकुचन शक्ति।

myophan—(Gk. *mys*, muscle; *phainein*, to appear) पेशी सदृश।

myophore—(Gk. *mys*, muscle, *pherein*, to bear) पेशीधारी; पेशी प्रेमी: ऐसी आकृति (structure) जो पेशी आसक्तता (attachment) के लिये उपयुक्त होती है।

myophrisk—(Gk. *mys*, muscle; *phrix*, ripple) पेशी संकुचक ।

myoplasm—(Gk. *mys*, muscle; *plasma*, mould) पेशी संकुचन तत्व; पेशी द्रव्य ।

myopolar—(Gk. *mys*, muscle; *polos*, axle-end) पेशी ध्रुवता ।

myproteid—(Gk. *mys*, muscle; *protos*, first) मायोप्रोटीड; मत्स्य पेशी का ग्लोबुलिन सदृश पदार्थ ।

myoseptum—(Gk. *mys*, muscle; L. *septum*, partition) पेशी वियुज; पेशी खण्ड व्यवधान; अंतरा पेशी पट्ट ।

myosin—(Gk. *mys*, muscle) मायोसिन; पेशी ऊतक का मृत ग्लोबुलिन; पेशी थक्का ।

myotasis—(Gk. *mys*, muscle; *tasis*, tension) पेशी आतति ।

myotatic—(Gk. *mys*, muscle; *tasis*, tension) पेशी आतति कारक ।

myotic—(Gk *myein*, to close) संकुचन कारी ।

myotome—(Gk. *mys*, muscle; *tome*, cutting) पेशी देह खण्ड; आदि पेशी खंड, मायोटोम ।

myotania—(Gk. *mys*, muscle; *tonos*, tension) पेशी खिचाव; पेशी तनाव ।

myrmecochore—(Gk. *myrmex*, ant; *chore*, farm) चींटी आकृषक; चींटीयों को आकर्षित करने वाला तैल्य वीज (पदार्थ) ।

myriapoda—अयुत पादी; जन्तु विशेष ।

myrmecology—(Gk. *myrmex*, ant; *logos*, discourse) चींटी विज्ञान; चींटी (पिपीलिका) अध्ययन शास्त्र ।

myrmecophagous—(Gk. *myrmex*, ant; *phagein*, to eat) चींटी भोजी; पिपीलिकाहारी; चींटी आहारी; चींटी भक्षी ।

myrmecophil—(Gk. *myrmex*, ant; *philos*, loving) चींटी प्रेमी; वम्रराणी ।

myrmecophilous—(Gk. *myrmex*, ant; *pholos*, loving) चींटीरागी; चींटीयों द्वारा परागणित ।

myrmecophyte—(Gk. *myrmex*, ant; *photon*, plant) चींटी पादप; चींटीयों को घर बनाकर रहने देने वाला वृक्ष (पादप) ।

myrosin—(Gk. *myron*, unguant) माइरोसिन (एन्जाइम) क्रूसीफेरी (cruciferae) कुल के पौधों का एक एन्जाइम जो ग्लूकोसाइड पर प्रभाव डालता है ।

myrtiform—(L. *myrta*, myrtle; *forma*, shape) छिदी दरार ।

mystacial—श्मश्रु ।

myxocyte—(Gk. *myxa*, stinic; *kytos*, hollow) श्लेष्म कोशिका ।

myxoflagellate—(Gk. *myxa*, stinic; L. *flagellum*, whip) श्लेष्म कशाभिक ।

myxopodium—(Gk. *myxa*, stinic; *pous* foot) श्लेष्म कूटपाद ।

myxopterygium—see mixipterygium-मिश्र पक्षक ।

N

N Factor–एन कारक; उच्च जन्तुओं के लाल रक्ताणुओं का एक प्रतिजन (antigen)।

nacre–(Ar. *nakir*, hollowed.) मुक्ता; नेकर

nacreous–(Ar. *nakir*, hollowed.) मुक्तास्फोटी; शुक्तिपुट, मुक्ताभ; मुक्तान्तक।

nacrine–(Ar. *nakir*, hollowed.) मुक्ताभ।

naiad–(L. *naias*, water-nymph.) न्याड़; जलार्भक; अंशरूपान्तरिक (hemimetabolic) कीटों (insects) की निम्फावस्था या पूर्व प्रौढ़ावस्था (nymphal stage)।

nail–(A.S. *naegel*, nail.) नख; नह, नाखून।

nail bone–नखास्थि; अंगुली या पादांगुलि की अन्त की हड्डी।

naked–(A.S. *nacod*, naked.) नग्न; नंगा; अभूषित; अलोमी; अरक्षित।

naked eye–उपकरण हीन नेत्र; केवल आंख।

nanism–(Gk. *nanos*, dwarf.) वामनता; नाटापन।

nanophanerophyte–(Gk. *nanos*, dwarf; phaneros, manifest; phyton, plant) अणुक्षुप; वामनक्षुप; २ मीटर की ऊँचाई से कम वाली झाड़ी (क्षुप)।

nanoplankton–(Gk. *nanos*, dwarf; *plangktos*, wandering.) अणु प्लवक परासूक्ष्म प्लवक; अणुांगी (microscopic) तैरने वाले या प्लावी (floating) वनस्पति (plant) या जन्तु (animal)।

nape–(A.S. *knap*, knob.) गुद्दी; मन्या; कंधरा; गर्दन का पिछला भाग।

napiform–(L. *napus*, turnip; *forma*, shape.) कुम्भी रूप; शलजम के आकार का।

narcosis–(Gk. *narke*, numbness.) मूर्छा; अचेतावस्था, स्वापक-सुप्ति; नार्कोसिस।

narcotic–(Gk. *narke*, numbness.) अचेतनात्मक; स्वापक; बेहोश करने वाली दवा।

nares–(L. *nares*, nostrils.) नासा छिद्र; नथुना; नाक के छेद; नासा रंध्र।

nares external–(anterior)–बाह्यनासा छिद्र; अग्रनासा छिद्र।

nares internal (posterior)–अन्तर्नासा छिद्र; पश्चनासा छिद्र।

narial–(L. *nares*, nostrils.) नासा व्यवधान; नासा जवनी; नासारन्ध्र सम्बन्धी।

narial apertures–नासा छिद्र।

narial septum–नासा व्यवधान; नासा जवनी।

naricorn–(L. *nares*, nostrils; *cornu*, horn.) नासाशल्क; नासिका शृङ्ग। टरबीनेरीज (turbinares) के नथुने (nostril) के अन्त का शृङ्गमय या शृङ्गी (horny) भाग।

nariform–(L. *nares*, nostrils; *forma*, shape.) नासोपम।

nasal–(L. *nasus*, nose.) नासा–; नासीय; नेजल नासा सम्बन्धी।

nasal aperture–नासा छिद्र।

nasal bone–नासास्थि।

nasal capsule–नासा कुहर; नासा-सम्पुट।

nasal cartilage–नासोपास्थि; नासिकोपास्थि।

nasal cavity or chamber–नासा कोटर; नासा गुहा।

nasal fossa–नासा खात।

nasal mucous membrane–नासा श्लैष्मिक कला (झिल्ली)।

nasal septum–नासा पट;

nasally–(L. *nasus*, nose.) नाक से।

nascent–नव जात।

nasion–(L. *nasus*, nose.) नेसियोन; नासा-ललाट सेवनी मध्य विन्दु।

nasmyth's membrane–(A. *nasmyth*, Scottish dentist.) नेसमिथ कला या झिल्ली; स्तनी (mammals) के दांतों के बाहरी भाग के इनेमिल (enamel) के ऊपर की पारदर्शक कला।

nasoantral–(L. *nasus*, nose; *antrum*, cavity.) नेसोएन्ट्रल; नासा मैक्सीलरी; नासिका और मैक्सलरी कुहर सम्बन्धी।

nasobuccal–(L. *nasus*, nose; *bucca*, cheek) नासामुख विवरी; मुखनासा; नासा और मुख विवर सम्बन्धी।

nasociliary–(L. *nasus*, nose; *ciiia*, eyelashes.) नासा पक्ष्मनी; नासा और बरौनी (पक्ष्मन्) सम्बन्धी।

nasofrontal–(L. *nasus*; nose, *frons*, forehead.) नेसोफ्रन्टल; नासा ललाट सम्बन्धी।

nasolabial–(L. *nasus*, nose; *labium*, lip) नेसोलेबियल; नासोष्ठी; नासा-ओष्ठ; नासा और होठ सम्बन्धी।

nasolacrimal–(L. *nasus*, nose; *lacrima*, tear) नासाश्रुनलिका या वाहिनी; नासा और अश्रु नलिका सम्बन्धी; अश्रुग्रन्थि (lacrimal sac) से नासा-अधः छिद्र (inferior meatus of nose) तक की नलिका।

nasomaxillary–(L. *nasus*, nose; *maxilla*, jaw.) नेसोमैक्सीलरी; नासा-हनु सम्बन्धी।

nasooptic–(L. *nasus*, nose; Gk. *optikos*, relating to sight.) नेसोपटिक, नासादृष्टिक; नासा (nasal) और मैक्सीलरी (maxillary) प्रवर्धनों (processes) के मध्य में स्थित भ्रूणिक (embryonic) लीक (groove)।

nasopalatal–(L. *nasus*, nose; *palatus*, palate) नासा-तालु; नासा और तालु के बीच की नाली; नासा तालव्य।

nasopalatine–(L. *nasus*, nose; *palatus*, palate.) नेसोपेलेटाइन; वोमरलीक, नासा-तालव। (१) नासा व्यवधान (nasal septum) में विभक्त स्थान (recess)। (२) वोमर (vomer) की लीक (groove)।

nasopharyngeal–(L. *nasus*, nose; Gk. *pharyngx*, gullet.) नासा कण्ठ–; नासा कण्ठीय; नासाग्रसनी।

nasopharynx–(L. *nasus*, nose; Gk. *pharynx*, gullet.) नासा कण्ठ; नासा ग्रसनी; पश्च नासिका (posterior nares) से अनुबन्ध (continuous) कण्ठ (pharynx) का भाग।

nasoturbinal–(L. *nasus*, nose; *turbo*; whorl.) नासा सुरंगा; नासा घूर्णी, नासा सर्पिकास्थि।

nastic (movement)–(Gk. *nastos*, presed closse) अनुन्कुंचन; अमेध्य गति; विस्तृत उत्तेजना द्वारा उत्पन्न (पादप) चलन (movement)। जैसे प्रकाश की मात्रा में परिवर्तन के प्रति उत्तर में कई पुष्पों का खुलना या बन्द होना या छुई-मुई (Mimosa pudica) की पत्तियों का छूने पर मुरझाना या नीचे को हो जाना। पौधों की अनुन्कुंचन या अमेध्य गति (nastic movements) को उत्तेजना के स्वरूप के अनुसार वर्गीकृत किया जाता है जैसे प्रकाश अमेध्य गति या प्रकाश अनुकुंचन (photonasty) ताप अनुकुंचन या ऊष्मा अमेध्य गति (thermonasty), संक्षोभ अमेध्य गति या कंपनाकुंचन (seismonasty)।

nasus–(L. *nasus*, nose.) नाक; नासिका; घ्राणेन्द्रिय। (२) कीट=सिर की क्लाईपियस (clypeus) पट्टिका।

nasute–(L. *nasus*, nose) तुंडी दीमक; तुंड (rostrum) युक्त सैनिक दीमक।

natal–(L. *nates*, buttocks.) (१) नितम्ब–; नितम्बी; नितम्ब सम्बन्धी। (२) प्रसव।

natality–(L. *natalis*, pert; birth.) जन्मदर; जन्म मान; उत्पत्ति मान; जनसंख्या के अनुसार बच्चों की प्रति सहस्त्र उत्पत्ति।

natant–(L. *natare*, to swim.) तल-प्लवक; प्लावी; पानी की सतह पर तैरने वाला।

natatorial or natatory–(L. *natare*, to swim.) प्लवक; तरणक; तैरने या प्लवन (swimming) के उपयुक्त जन्तु विशेष।

native–(L. *natus*, born) देशज; देशीय; देशवासी; पैदाइशी; स्थानीय; मूल निवासी।

natural–(L. *natura*, to be born.) प्राकृतिक; प्राकृत; स्वभाविक।

natural death–यथाकाल मरण; प्राकृतिक मृत्यु।

natural enemy–जाति शत्रु।

natural history–नैसर्गिक इतिहास; प्राणी विज्ञान; पशु जीवन शास्त्र; प्रकृति-विज्ञान।

naturalist–पदार्थ शास्त्रज्ञ; प्राणी विज्ञान वेत्ता; प्रकृतिवादी।

naturalistic–प्राकृतिक, जन्तु वैज्ञानिक।

natural relationship–प्राकृतिक सम्बन्ध।

natural selection–प्राकृतिक छटाव (संकलन)। इस मत को कि विकास प्रकृति व संकलन (natural selection) से होता है, डार्विन ने १८५९ में प्रतिपादित किया था।

इस मतानुसार यह स्वीकार किया जाता है कि अगली

संतति में वंशज का अंशदान पूर्णतया संयोगिक या अनियमित नहीं होता है अपितु परिवर्तनशीलता से पारस्परिक सम्बन्ध लिये होता है। कुछ परिवर्त (variant) व्यक्ति अन्य से अधिक सफल जीवन व्यतीत करने को दृढ़ योग्यता रखते हैं और ये सफल परिवर्त और उनकी संतति "प्राकृतिक प्रक्रिया" द्वारा संकलित कही जाती है। दूसरे शब्दों में विभिन्न परिवर्त में भिन्न अतिजीविता मान (survival value) होता है। इन विभिन्नताओं में वही विभिन्नतायें महत्वपूर्ण मानी जाती है, जो वंशानुगत होती हैं। इस प्रकार प्राकृतिक संकलन समय काल में किसी समष्टि (population) के गठन को नियंत्रित करने का मुख्य कारक होता है। इसके द्वारा कुछ परिवर्त पृथक् हो जाते हैं और वे परिवर्तन नहीं ला पाते हैं तथा कुछ परिवर्त प्रभुत्वशील हो जाते हैं और वे विकास सम्बन्धी परिवर्तन ला देते हैं।

nature–(L. *natura*, native.) प्रकृति; स्वभाव; पैतृक विशेषताओं का पूर्ण योग।

nauplius–(L. *nauplius*, shell fish.) नौपलियस; कुछ केकड़ावंशियों (crustaceans) का स्वतन्त्र तैरने वाला अर्भक विशेष।

nautiliform–(L. *nautilus*, nautilus; *forma*, shape) नॉटिलस रूप;

navel–(A.S. *naafle*, navel.) नाभि; टूँडी; तुन्दिका तुन्दी; ढ़ोढी।

navicular–(L. *navis*; *ship*). नौका रूपी, नौकाभिका, नाव के आकार का।

naviculare–(L. *navis*, *ship*.) नेवीकुलेर; स्तनी (mammalion) करभ (capus) की एक अस्थि।

nealogy–(G.k. *neales*, youthful; *logoas*, discourse) शैशव विज्ञान।

neanic–(Gk. *neankos youthful*.) न्यूनी; (१) शैशवावस्था। प्रपोढ़ावस्था (२) प्रपौढ़ाभिक स्थिति।

nearctic–(Gk. *neos*, new; *arktos*, great bear.) नवशीत प्रदेश; जन्तु भौगोलिक (zoogeographical) प्रदेश (region) जिसमें ग्रीन लैण्ड (green land) उत्तरी अमेरिका (North America) और उत्तरी मैक्सीको (mexico) सम्मलित हैं।

neb–(A.S. *nebb*, the face.) नाक, थूथन; चोंच।

nebankern–(Ger. *neben*, near; *kern*, nucleus.) पुराष्टि।

neck–(A. S. *hnecca*, neck) ग्रीवा; गर्दन, नाड़; कण्ठ; गला।

neck of tooth–दन्त ग्रीवा।

necrobiosis–(Gk. *nekros*, dead; *biosis*, manner of life.) कोशिका छिप्रता; मरणेतर सक्रियता अंगी (organism) की, मृत्यु पश्चात् कोशिकों की छिप्रता (activity)।

necrogenous–(Gk. *nekros*, dead; *genos*, offspring.) मृतोपजीवी; मृतोपवासी; मृत शरीर (dead bodies) में रहने वाला या उन पर वर्धन (develop) करने वाला।

necrophagous necrophilous–(Gk. *nekros*, dead; *phagein*, to eat; *philein*, to love.) मृतोपाहारी मृतक भोजी।

necrosis–(Gk. *nekros*, dead.) ऊतक क्षय; मृतता; टिशू-क्षयता।

nectar–(Gk. *nektar*, nectar.) मधु; अमृत; पुष्पासव; फूलों का रस (पुष्प रस); नेक्टर; मकरन्द।

nectar guides–मकरन्द इंगित कीं, पुष्पों के पंखुड़ियों पर पाये जाने वाले चिन्ह जो कीटों को मकरन्द तक पहुँचने में मार्ग दर्शक का कार्य करते हैं।

nectariferous–(Gk. *nektar*, nectar; L. *ferre* to carry.) पुष्प रस स्रावी; नेक्टर स्रावी, मकरंदधर।

nectarivorous–(Gk. *nektar*, nectar; L. *vorare* to devour.) अमृताहारी; मधु सेवी; अमृत या पुष्परस चूसने वाले कीट (insects) आदि।

nectary–(Ck. *nektar*, nectar.) मधु ग्रन्थि; नेक्टरी; मकरन्द कोष।

nectocalyx–(Gk. *nektos*, swimming; *kelyx*, cup.) तरण पुट, तरण चषिका।

nectocyst–(Gk. *nektos*, swimming; *kystis*, bladder.) तरणपुट कोपिका।

nectomonad–(Gk. *nektos*, swimming, *monas*, units) मुक्त रूपक; कुछ परजीवी कषाधारियों की एक स्वतन्त्र अवस्था (मुक्त रूपक)।

nectophore–(Gk. *nektos*, swimming; *pherein*, to carry.) तरणपुट धारी; तरणघर।

nectopod–(Gk. *nektos*, swimming; *pous*, foot.) तरण पाद; तैरने में मदद देने वाला अवयव (appendage)।

nectosome–(Gk. *nektos*, swimming; *soma*, body.) तरण-पिंड; तरणकाय।

nectozooid–(Gk. *nektos*, swimming; *zoon*,

animal; *eidos*, form.) तरण मुकुल ।

Needham's sac–नीढम-कोष; किन्हीं सिफैलीपडा में नर जनन वाहिनी के फूलने से बनी वीर्य पिटिका (कोष) ।

negative tropism–प्रत्यादिश् वृत्ति; किसी उत्तेजना (stimulus) के उद्गम (origin) से अलग हटने का स्वभाव ।

nekton–(Gk. *nektos*, swimming.) तरणांगी; तरण प्लवक; पानी में तैरने वाला अंगी (organism) ।

nema–(Gk. *nema*, thread.) सूत्रक या सूत्र देही; नेमा ।

nemathecium–(Gk. *nema*, thread; *theke*, box) सूत्र पिटिका; थैलसमंड; फंजाई (थैलोफाइट thallophyte) के थैलस (thallus) का एक ग्रंड (protuberance) ।

nemathyomes–(Gk. *nema*, thread; hylos, humped) सूत्र कुब्ज; एडवर्डसिया (Edwardsia) में वर्धित दंशकोशिकाओं वाला मध्य श्लेष स्तर भाग ।

nemathelminthes, nematoda–सूत्र देही ।

nematoblast–(Gk. *nema*, thread; blastos, bud). दंशक कोष्ठ; दंशक कोशिका; सूत्र कोरक ।

matocalyx–(Gk. *nema*, thread; *kalyx*, cup.) [illegible]क पुट; दंशक धारी ।

ematocyst–(Gk. *nema* thread; *kystis*, bladder.) दंशक कोषिका; दंश कोशिका; nematoda निमाटोडा; सूत्र-देही वर्ण (class) ।

nematogen–सूत्रजन ।

ematogene–(Gk. *nema*, thread; *genos*, offspring.) सूत्रक भ्रूण ।

ematogone–(Gk. *nema*, thread; *gone*, seal) सूत्र कोशिका; प्रवृद्धि कोशिका । किन्हीं मौस (moss) मे तनुभित्रिक प्रवृद्धि कोशिका ।

ematology–(Gk. *nema*, thread; *logos*, discourse.) सूत्र देही विज्ञान । सूत्र कृमि विज्ञान ।

ematophore–(Gk. *nema*, thread; *pherein*, to carry.) सूत्रधारी, दंशक सूत्रधारी ।

nematophorous–(Gk. *nema*, thread; *pheraln*, to carry) सूत्रधर सम्बन्वी ।

nematsphere–(Gk. *nema*, thread; *sphaira*, globe) सूत्र मण्डल; किन्हीं सीएनीमोन (sea-anemones) में स्पर्शक का कटा हुआ गोल किनारा ।

nematozooid–(Gk. *nema*, thread; *zoon*, animal; eidos, form) रक्षक मुकुल (हाइड्रोजोआ में) ।

nematorose–(Gk. *nemos*, woodland with pasture.) जंगल वासी ।

neo–'नव', नवीन या आधुनिक अर्थ का उपसर्ग ।

neoarctic region–नव ध्रुवी प्रदेश; नवशीत प्रदेश ।

neocerebelbum–(Gk. *neos*, new; L. *dem.* of *cerebrum*, brain) नव अग्रमस्तिष्क; [देखिये palacocerebalium आद्य अग्रमस्तिष्क]

neo darwinism–'नव डारविन मत (वाद); नियोडारविनिजम । यह मत कि विकास का मुख्य कारक (chief factor) प्राकृतिक छटाव (natural selection) है जो कि जनन भिन्नताओं (germinal variations) के कारण होता है न कि उपार्जित लक्षणों (acquired characters) के कारण जैसा कि अभी तक विचार (मत) था ।

neoencephaion–(Gk. *neos*, young; *engkephalos*, brain.) नवाग्र मस्तिष्क । पूर्वाग्र मस्तिष्क । मस्तिष्क का नवीनतम (latest) उद्भिज (evoloved) अग्र भाग (anterior part) ।

neogaea–(Gk. *neos*, new; *gain*, earth) निओगिया (नियोडोइक परिमण्डल) ।

neogamous–(Gk. *neor*, young; *gamous*, marriage.) कौमार संगी; अकाल पक्व जनन कोशिका संगी; वह एक कोष्ठीय या कोशिकीय (protozoa) जिनमें कौमार या अकाल पक्व (precoecious) जनन कोशिकाओं (gametocytes) का संग या समागम (association) होता है ।

neogene–(Gk. *neos*, young; *genos*, brith.) नव जन; नियोजीन (युग); नूतन (later) त्रियेशिक काल (tertiary period) । नव तथा नवतर (miocene और pliocene) काल (epochs) ।

neogenesis–(Gk. *neos*, young; *genesis*, birth.) नव तन्तु निर्माण; पुनर्जीवन; पुनरुत्पत्ति ।

neo-lamarckism 'नव लामार्क मत' या वाद । लमार्क विकासवाद मत का पुनरुद्धार, कि परम्परा प्राप्त

(inherited) उपार्जित विशेषताओं (acquired characters) से विशिष्ट भिन्नतायें (specific differences) आरम्भ होती हैं।

neolaurentian–(Gk. *neos*, young; St. lawrence river.) नव लोरेन्सियन; आद्य पुरा जन्तु युग (proterezoic era) सम्बन्धी।

neolithic–(Gk. *neos*, young; *lithos*, stone.) नव पाषाण युगी; नवपाषाणी।

neomorph–(Gk. *neos*, young; *morphe*, form.) भिन्नाकृति; नवरूप; आदर्श (प्रतिरूप) से आकृति सम्बन्धी रूपान्तर।

neomorphosis–(Gk. *neos*, young; *morphosis*, change.) भिन्न पुनरुत्पत्ति, नवोत्पत्ति; पुनरुत्पत्ति या पुनर्जीवन (regeneration) जिसमें नवीन भाग पूर्व भागों से बिल्कुल भिन्न हो।

neonatal–(Gk. *neos*, new, L. *natus*, born.) नवजात।

neonychium–(Gk. *neos*, new, *onvx*, nail (नूतन) नव नखाच्छद।

neopallium–(Gk. *neos*, young; L. *pallium*, cloak.) नवाच्छादन; नवप्रावार।

neoplasm–(Gk. *neos*, young; *plasma*, formation.) नवीन या स्पंच तन्तु, नवद्रव्य। साधारणतः रोग के कारण नया या जुड़ा हुआ तन्तु।

neornithes–नव पक्षी; नियोर्निथीज।

neoptiie–(Gk. *neos*, young; *ptilon*, feather.) नवीन पर्ण।

neossoptile–(Gk. *neossas*, nestling; *ptilon*, feather.) नवीन पर्ण।

neoteinia–(Gk. *neos*, young; *teineln*, to stretch.) आयत कौमारता; निरुध वर्धन।

neoteinic–(Gk. *neos*, young; *telnein*, to stretch.) अवरुध वर्धित।

neoteny–(Gk. *neos*, young; *teinein*, to stretch.) आयत कौमारता; चिरभ्रूणता; चिरडिम्भता; निरुध वर्धन। अर्भक लक्षणों का सामान्य काल से अधिक रहना या प्रौढ़ लक्षणों का अर्भक में पाया जाना जैसा द्विधावासियों (amphibia) में।

neotropcial–(Gk. *neos*, new; *trope*, turning, नवोष्ण-कटिबंधी; नव-ऊष्ण कटिबंधीय (जन्तु भौगोलिक क्षेत्र); इसमें दक्खिनी मेक्सिको (Southern Mexico); मध्यीय और दक्खिनी अमरीका वेस्टइंडीज (West-Indies) होते हैं।

neozoic–(Gk. *neos*, young; *zoe*, life) नवयुग; निओजोइक; मध्य युग (mesozoic) के अन्त से आधुनिक युग तक का काल।

nephric–(Gk. *nephros*, kidney.) वृक्कीय; वृक्क (गुर्दा) सम्बन्धी।

nephridial–(Gk. *nephros*, kidney.) उत्सर्गाङ्गीय; उत्सर्गिकायें सम्बन्धी; वृक्कीय; वृक्कक; (१) वृक्क में लघु विसर्जन नलिकायें। (२) अकशेरुकी (invertebrates) के मलोत्सर्ग अंग (excretory organs) या उत्सर्गिकायें (nephridia)।

nephridiopore–(Gk. *nephros*, kidney; *idion*, *dim*, *pores*, passage.) उत्सर्जन छिद्र; वृक्ककरंध्र।

nephridium–(Gk. *nephros*, kidney; *idion*, dim.) उत्सर्गिका; वृक्कक; उत्सर्जिनी; उत्सर्गाङ्ग (विशेषतः अकशेरुक जन्तुओं, का) कशेरुकों में भ्रूणिक वृक्क नलिका।

nephrococl–वृक्कानुखण्ड कोटर।

nephrocyte–(Gk. *ncphros*, kidney; *kytos*, hollow.) उत्सर्ग कोशिका। छिद्र देही (sponges) तथा कीटों (insects) में वह कोशिका जो मल आदि लेकर शरीर के तट पर पहुंच मलोत्सर्ग करते हैं।

nephrodinic–(Gk. *nephros*, kindey; *odis*, labour.) विसर्जनोत्पादी; विसर्जन (excretion) और जनन या उत्पादन (genital) कार्यों के लिए एक ही नलिका वाला।

nephrogonoduct–(Gk. *nephros*, kidney; *gonos*, offspring; L. *du* (*ere*, to lead), विसर्जनोत्पादक नलिका।

nephroid–(Gk. *nephrus*, kidney; *eidos*, form.) वृक्काकार; वृक्कोपम; वृक्काभ।

nephrolytic–(Gk. *nephros*, kidney; *lyein*, to dissolve.) वृक्कनाशक; वृक्कघोलक।

nephromere–(Gk. *nephros*, kidney; *meros*, part.) वृक्कानुखण्ड।

nephromixium–(Gk. *nephros*, kidney; *mixis*, mixing) संयुक्त वृक्कांग ।

nephron–(Gk. *nephros*, kidney.) वृक्कांक, वृक्काणु । कशेरुक वृक्क की उत्सर्जन इकाई जो मैलपीगीकोष (Malpighian capsule) और उससे लगी हुई मूत्रजन नलिका (uriniferous tubule) से मिलकर बनी होती है ।

nephropore–(Gk. *nephros*, kidney; *poros*, passage.) उत्सर्जन छिद्र ।

nephros–(Gk. *nephros*, kidney.) वृक्क; गुदा । साधारणत: वृक्क का क्रियाशील भाग ।

nephrostoma–(Gk. *nephros*, kidney; *stoma*, mouth.) उत्सर्ग मुख; वृक्क मुख; वृक्कक मुख ।

nephrotome–(Gk. *nephros*, kidney; *temnein*, to cut.) वृक्कानु खण्ड; आदि वृक्क खण्ड ।

nepionic–(Gk. *nepios*, infant.) बालकीय; शैशवकालीन; शैशव काल में ।

neritic–(Gk. *nerites*, a mussel.) तट जल वासी; नेरिटांचली ।

nervate–(L. *nervus*, sinew.) नरवेट; नाड़ी युक्त; सनाड़ी ।

nervation, nervature)–L *nervus*, sinew.) नरवेशन; नाड़ी फैलाव (विस्तार); तंत्रिका विन्यास; पंख आदि में तंत्रिका का विस्तार ।

nerve–(L. *nervus*, sinew.) नाड़ी; तंत्रिका; पत्ती शिरा या पक्ष शिरा ।

nerve canal–नाड़ी पथ नलिका; दन्त मज्जा तक पहुँचने का नाड़ी का रास्ता (पथ) ।

nerve cell–नाड़ी कोष्ठ; नाड़ी कोशिका; तंत्रिका कोशिका ।

nerve centre–नाड़ी केन्द्र, तंत्रिका केन्द्र ।

nerve cord–नाड़ी रज्जु; तंत्रिका रज्जु ।

nerve eminence–नाड़ी विशिष्टता (श्रेष्ठता); कुछ मत्स्यों में उथली कोष्ठों या कोशिकाओं का दल जो एक ज्ञानेन्द्रिय की तरह काम या व्यापार करता है और जो पार्श्व रेखा मण्डल (lateral line system) से जुड़ा होता है ।

nerve ending–नाड़ी-अन्त; नाड़ी अन्त्य; तंत्रिका-अन्त ।

nerve fibres–नाड़ी-सूत्र; धागे नुमा बनावटें जिनसे नाड़ी बनती है ।

nerve foramina–अस्थि तंत्रिका-छिद्र ।

nerve ganglion–तंत्रिका गैंगलिया ।

nerve impulse–नाड़ी प्रेरणा (उत्तेजना)

nerve plexus–नाड़ी जाल; तंत्रिका जाल ।

nerve plexus, brachial–बाहु नाड़ी जाल; बहुतंत्रिका जाल ।

nerve plexus; coeliac–उदरीय नाड़ी जाल; उदरीय तंत्रिका जाल ।

nerve ring–नाड़ी मुद्रिका; नाड़ी वलय । तंत्रिका मस्तिष्क ।

nerve net–तंत्रिका जाल; सीलोमांत्रियों (coelenterates) में वेदना कोशिकाओं और पेशी तत्वों (muscular elements) को जोड़ने वाली नाड़ी कोशिकाओं और उनसे सम्बन्धित प्रवर्धनों का जाल ।

nerve pentagon–तंत्रिका पंच भुज; कण्टक देहियों (echinoderms) के मुँह के चारों ओर स्थित पंच भुजाकार नाड़ी वलय या मुद्रिका (nerve ring) ।

nerve root–तंत्रिबा मूल; (आधार; उद्गम) ।

nervimotion–(L. *nervus*, sinew; *movere*, to move.) तंत्रिका चेष्टा, वात गति; तंत्रिका के प्रभाव के कारण गति (चाल) ।

nervous–(L. *nervus*, sinew.) नाड़ी; नाड़ी-सम्बन्धी; नाड़ी युक्त; चेतामय; तंत्रिकीय ।

nervous system–नाड़ी मण्डल; वात संस्थान । मस्तिष्क; सुषुम्ना तंत्रिका व उनकी शाखायें आदि का मण्डल; तन्त्रिका तन्त्र ।

nervule–(L. *dim*, of *nervus*, sinew.) नरवूल; पक्ष उपशिरायें; कीटों (insects) के पंखों में नाड़ी की सूक्ष्म शाखायें या अन्त्य भाग ।

nervuration–(L. *nervus*, sinew.) तंत्रिका व्यवस्था ।

nervure–(L. *nervus*, sinew.) नरवियोर; पक्ष में शिरायें ।

nervus lateralis–(L. *nervus*, sinew; *lateralis*, *pert*, side.) पार्श्विक तंत्रिका प्रसार ।

nervus terminalis–(L. *nervus*, sinew; *terminalis*, bounding.) वोमर-नेजल अंग से सम्बन्धित एक कपाल-तंत्रिका (cranial nerve) ।

nessoptile–कोमल पिच्छ। देखिये—neossoptile–नवीन पर्ण।

nest–(A. S. *nest*; L. *niddus*, nest.) नीड़, घोसला।

net knots–केन्द्रक काय।

netrum–(A. S. *net*, mesh work.) नेट्रम; प्रारम्भिक तरकुट; विभाजित कोशिका का प्रारम्भिक तर्कुट (spindle)।

netted veined–जालवत् शिरा युक्त।

netting cells–(or nettle cells.) दंशक कोष्ठ; सीलोमान्त्रियों (coelenterates) के दंशक कोशिका (stinging cells या nematocysts)।

neurad–(Gk. *neuron*, nerve.) पृष्ठीय।

neural–(Gk. *neuron*, nerve.) तंत्रिका सम्बन्धी।

neural arch–(Gk. *neuron*, nerve.) सुषुम्ना तोरण, तंत्रिका चाप, कशेरू में केन्द्रक (centrum) के ऊपर वाला वह महराव का भाग जो सुषुम्ना को ऊपर से ढके रहता है।

neural canal–(Gk. *nenron*, nerve.) सुषुम्ना कोटर; तंत्रिका नाल।

neural cavity–सुषुम्ना कोटर।

neural gland–सुषुम्ना ग्रन्थि; एसीडियन (Ascidians) में तंत्रिका गुच्छिका के अधर ओर एक ग्रन्थि—सम्भवतः केनिया (craniata) जन्तुओं में पाई जाने वाली पीयूषिका (hypophysis) का समजात (homologous) अंग विशेष।

neural plates—(१) सुषुम्ना तोरण पट्ट, तंत्रिक पट्ट; (२) मध्य पट्ट कछुओं के कवच या केरापेस (carapace) के पृष्ठीय आवरण के अष्ट पट्ट (eight plates) मध्य पंक्ति में लगे हुए।

neural spine–सुषुम्ना तोरण प्रवर्धन; तोरण कूट; तंत्रिका कंटक।

neural transmitter–(neuro humuor)–तंत्रिका सूत्र अन्त्य द्वारा मुक्त रासायनिक पदार्थ। यह रसायन अत्यन्त सूक्ष्म मात्रा में या तो अंतर्ग्रंथन पर छूटता है जबकि यह समीपी तंत्रिका कोशिका को उत्तेजित करता है या फिर गति-तंत्रिका अन्त्य पर, जबकि यह समीपी कार्यकर अंग (effector organ) को उत्तेजित करता है एसीटाइल कोलाइन (acetyl choline), एड्रीनेलिन (adrenaline) और नोरएड्रीनेलिन (noradrenaline) इसके अच्छे उदाहरण हैं।

neurapophysis–(Gk. *neuron*, nerve; *apo*, from; *phyein*, to grow.) सुषुम्ना प्रवर्धन।

neuration–(Gk. *neura*, sinew.) नाड़ी जाल; नाड़ी व्यवस्था; तंत्रिका व्यवस्था; शिरा विन्यास।

neuraxis neuraxon–(Gk. *neuron*, nerve; L. *axis*, axle.) नाड़ी सूत्राक्ष; तंत्रिका सूत्राक्ष। तंत्रिकाक्ष; न्यूरैक्सॉन।

neurenteric–(Gk. *neuron*, nerve; *enteron*, gut) नाड़ी-अन्त्र कोरर सम्बन्धी।

neurenteric canal–तंत्रिका-अन्त्र नलिका।

neuricity–(Gk. *neuron*, nerve.) तंत्रिका गुण (विशिष्ट लक्षण)।

neurilemma–(Gk. *neuron*, nerve; *lemma*, skin.) नाड़ी-आवरण; नड्यावरण; नाड़ीछद; तंत्रिकाछद।

neurility–(Gk. *neuron*, nerve.) नाड़ी क्षमता; नाड़ी सामर्थ्य; नाड़ियों को प्रोत्साहन (उत्तेजना) भेजने की शक्ति।

neurite–(Gk. *neuron*, nerve.) तंत्रिका वर्ध; सूत्राक्ष; अक्षक।

neurobiotaxis–(Gk. *neuron*, nerve, *bios*, life; *taxis*, arrangement.) तंत्रिका जीवन वृत्ति; तंत्रि-जीवानुचलन; तंत्रिका सूत्र या नाड़ी पिण्ड कोष्ठों की उत्तेजना उद्गम (origin of stimulus) की ओर स्थानान्तरित (migrate) होने की प्रवृत्ति (taxis)।

neuroblast–(Gk. *neuron*, nerve; *blastos*, bud.) नाड़ी कोष्ठज; तंत्रिका कोटक; विशेष अविच्छेद कोशिका जिनसे नाड़ी (तंत्रिका) कोशिका बनते हैं।

neurocentral–(Gk. *neuron*, nerve; L. *centrum*, centre.) नाड़ी केन्द्रीय; तंत्रिका केन्द्रीय।

neurochord–(Gk. *neuron*, nerve; *chorde*, string.) नाड़ी रज्जु; तंत्रिका रज्जु।

neurocirrus–(Gk. *neuron*, nerve; L. *cirrus*, curl.) नाड़ी अनुरोम।

neurocoel–(Gk. *neuron*, nerve; *koilos*, hollow.) नाड़ी कोटर; नाड़ी कुहर; नाड़ी सील; केन्द्रीय नाड़ी मण्डल (central nervous system) की कोटर या कुहर या सील (cavity)।

neurocranium–(Gk. *neuron*, nerve; *kranion*, skull.) नाड़ी कपाल; उपास्थि (cartilage) या अस्थि (bone) खोल या पेटी, जिसमें मस्तिष्क व मुख्य ज्ञानेन्द्रियाँ (brain and special sense organs) निहित रहती हैं। देखिये (viscerocranium)।

neurocrine–(Gk. *neuron*, nerve; *krinein*, to separate.) नाड़ी स्राव।

neurocyte–(Gk. *neuron*, nerve; *kytos*, hollow.) नाड़ी कोष्ठ; नाड़ी कोशिका; तंत्रिका कोशिका।

neurocyton–(Gk. *neuron*, nerve; *kytos*, hollow.) नाड़ी कोष्ठ पिण्ड; नाड़ी कोष्ठ देह।

neurodendron–(Gk. *neuron*, nerve; *dendron*, tree.) नाड़ी द्रुमक।

neuro-epithelium–(Gk. *neuron*, nerve; *epi*, upon; *thele* nipple.) चेतनाधिच्छद; कोशिकाओं (cells) का अगाढ़ या उथला (superficial) स्तर या पर्त (layer) जिसमे ज्ञानेन्द्रियाँ होती हैं।

neurofibrils–(Gk. *neuron*, nerve; L. *fibrilla*, fine fibre.) सूक्ष्म नाड़ी सूत्र; तंत्रिकातंतु; अति सूक्ष्म सूत्र जिनसे सूत्रच्छद या पिधान युक्त तंत्रिका सूत्र (medullated nerve fibres) बनते हैं।

nurogenesis–(Gk. *neuron*, nerve; *genesis*, descent.) नाड़ी जनन।

neurogenic–(Gk. *neuron*, nerve; *genos*, birth.) नाड़िज; तंत्रिकाजन; प्रेरणा या उत्तेजना (stimulus) पर निर्भर जैसे हृदताल (heart rhythm)।

neuroglia–(Gk. *neuron*, nerve; *glia*, glue. तंत्रिका (नाड़ी) श्लेष्म, तंत्रिवंध।

neurohumour–(Gk. *neuron*, nerve; L. *humor*, moisture.) नाड़ी द्रव; तंत्रिकोद; नाड़ी उद्दीपक; न्यूरोह्यूमर।

neuropohyphysis–(Gk. *neuron*, nerve; *hypo*, under; *phyein*, to grow.) नाड़ी अधः प्रवर्धन, तंत्रिका। तंत्रिका हाइपोफिसिस्।

neuroid–(Gk. *neuron*, nerve; *eiods*, form.) नाड़ी सदृश; नाड्योपम; नाड़ी तुल्य।

neurokeratin–(Gk. *neuron*, nerve; *keras*, horn.) नाड़ी किरेटिन; नाड़ी शृङ्ग पदार्थ।

neurolemma–(Gk. *neuron*, nerve; *lemma*, skin.) सूत्रच्छद; तंत्रिकाच्छद् न्यूरोलेमा।

neurology–(Gk. *neuron*, nerve; *logos*, discourse.) नाड़ी विज्ञान; तंत्रिका विज्ञान; न्यूरोलॉजी।

neuromasts–(Gk. *neuron*, nerve; *mastos*, knoll.) वेदना कोशिका समूह; मत्स्यों में (fishes) पार्श्व पंक्ति मण्डल (lateral line system) में वेदना कोशिकों (sensory cells) का समूह (group); न्यूरोमैस्ट।

neuromere–(Gk. *neuron*, nerve; *meros*, part.) सुषुम्ना खण्ड; नाड़ी अनु खण्ड; तंत्रिका खंड।

neuromery–(Gk. *neuron*, nerve; *meros*, part.) नाड़ी वर्तन; नाड़ी खण्डन; वर्धी (developing) तंत्रिका मण्डल में खण्डन (segmentation) का होना।

neuromuscular–(Gk. *neuron*, nerve; L. *musculus*, muscle.) नाड़ी-पेशीय; नाड़ी-पेशी सम्बन्धी; तंत्रिका पेशीय।

neuromyal–(Gk. *neuron*, nerve; *mys*, muscle) तंत्रीका पेशीय सम्वन्धी।

neurone–(Gk. *neuron*, nerve) नाड़ी कोष्ठ; तंत्रिका कोशिका।

neuroneme–(Gk. *neuron*, nerve; *nema*, thread.) नाड़ी अनुसूत्र; तंत्रिका सूत्र; न्यूरोनीय।

neuronephroblast–(Gk. *neuron*, nerve; *nephros*, kidney; *blastos*, bud)
तंत्रिका-वृक्कज; तंत्रिका रज्जु (nerve cord) और वृक्कज (nepridia) को जन्म देने वाली कोशिका।

Neurone theory–न्यूरोन मत; यह मत कि तंत्रिका तंत्र असंख्य विविक्त (descrete) तंत्रिका कोशिकाओं (nerve cells) का बना होता है। प्रत्येक कोशिका भ्रूणिक तंत्रिकीय ऊतक (embryonic neural tissue) की एकल कोशिका से उद्भित होती है जो आपस में अंतर्ग्रंथन (synapse) पर सम्पर्क करती है।
पूर्वमत कि समस्त तंत्रिका तंत्र में प्रोटोप्लाजिमक तारतम्यता होती है अब अमान्य कर दिया गया है।

neurophags–(Gk. *neuron*, nerve; *phageim*, to eat.) नाड़ी कोशिका भक्षी; भक्षक कोशिका (phagocytic cells) जो वृद्धावस्था (old age) में नाड़ी कोशिकाओं का ह्रास कर देते हैं।

neurophan–(Gk. *neuron*, nerve; *phainein*, to appear.) वेदनीय; संवेदनीय।

neuropile–(Gk. *neuron*, nerve; L. *pilus*, hair.) नाड़ी लोम; तंत्रिका पुंजक।

neuroplasm–(Gk. *neuron*, nerve; *plasma* form.) नाड़ी तत्व या सत्व; तंत्रिका द्रव्य।

neuropodium–(Ch. *neuron*, nerve; *pous*, foot.) न्यूरोपोडियम; निम्नपाद; (१) अन्त्य सूक्ष्म नाड़ी सूत्र; पिधान-हीन (नाड़ी) सूत्र (non-medullated nerve fibre) का अन्त्य सूक्ष्म सूत्र। (२) प्रपाद अधर दल पोलीकीटा (polychaeta) के प्रपाद (parapodium) का अधर दल (ventral lobe)।

neuropore–(Gk. *neuron*, nerve; *poros*, passage.) नाड़ी छिद्र; तंत्रिकारंध्र; न्यूरोपोर।

neuropophysis–(Gk. *neuron*, nerve; *upo*, from; *phyein*, to grow.) सुषुम्ना प्रवर्धन।

neuropterous–(Gk. *neuron*, nerve; *petron* wing.) नाड़ी पक्षीय नाड़ी; (तंत्रिका) पंखीय। ऐसे पंख वाला जिसके पंख पर नाड़ी जाल हो।

neurosecretory–(Gk. *neuron*, nerve; L. *secernere*, to separate.) नाड़ी स्रावक; तंत्रिकास्रावी; ग्रन्थिल नाड़ी कोशिका।

neuroskeleton–(Gk. *neuron*, nerve; *skeletos*, dried.) अन्तः कंकाल।

neurosomes–(Gk. *neuron*, nerve; *soma*, body.) नाड़ी कोष्ठ कणांग।

neurosynapse–(Gk. *neuron*, nerve; *synapsis*, union.) नाड़ी (तंत्रिका) संगम। नाड़ी कोशिकाओं की अन्तिम शाखा पुंजों (terminal arborisations) द्वारा संगम (synapse)।

neurotendinous–(Gk. *neuron*, nerve; *tendere*, to strech.) नाड़ी-स्नायुक; नाड़ी और स्नायु सम्बन्धी।

neurotoxic–तंत्रिकाविषी।

neurotrophic–(Gk. *neuron*, nerve; *trepein*, to turn.) नाड़ी पोषक; नाड़ी मण्डल को पुष्ट करने करने वाला।

neurotropism–(Gk. *neuron*, nerve; *trepein*, to turn.) नाड़ी वृत्ति; तंत्रिकानुवर्तन।

neurula–(Gk. *neuron*, nerve.) नेरुला; पृष्ठदण्डी या कशेरुका की एक वर्धनावस्था; न्यूरुला।

neuston–(Gk. *neus*, ship.) तल तरणाङ्गी।

neuter–(L. *neuter*, of neither sex.) नपुंसक; निर्लिंगी।

neutral–(*L. neuter*; neither) (१) निर्लिंगी; (२) उदासीन (३) निष्प्रभावी।

neutrophil–(L. *neuter*, neither; Gk. *philein*, to love.) उदासीन श्वेताणु। बहु-अष्टिक श्वेताणु।

newborn–नवजात; तुरन्त या हाल का उत्पन्न।

nibbler–कुतरने वाला।

niche–(F. *niche*, from it.) निवास स्थल; निलय।

nicotinic acid–निकोटिनिक अम्ल; $C_6H_5O_2N$; विटामिन बी कम्पलैक्स का पी० पी० कारक (P. P. Factor); प्लागरा (pellagra) अवरोधक।

nictitant–(L *nictare*, to wink) मीलक; निमिष; पलक झपकने (मारने) वाला।

nictitating membrane–निमीलक या निमीलिका झिल्ली; निमेषक पटल।

nidamental–(L. *nidus*, nest.) डिम्बावरणी अंडावरणी।

nidation–(L. *nidus*, nest.) गर्भ कला परावर्तन; डिम्बनिविष्टता। (१) स्त्रियों के मासिक धर्म के बीच में गर्भाशय स्तर का बदलना। (२) निषिक्त डिम्बों (fertilised ovum) का गर्भाशय श्लैष्म कला (uterine mucous membrane) में निहित या निविष्ट (embedding) होना।

nidicolous–(L. *nidus*, nest; *colere*, to cultivate.) नीड़ वासी; नीड़ प्रेमी। अण्डे से निकल कर कुछ काल तक घोंसले (नीड़) में निवास करने वाला।

nidifugous–(*nidus*, nest; *fugere*, to flee.) नीड़ त्यागी। अण्ड से निकल कर तुरन्त घोंसले को छोड़ देने वाला।

nidulus–(L. *dim*, of *nidus*, nest.) नाड़ी उद्गमाष्टि; वह अष्टि (nucleus) जिससे नाड़ी उद्गम या उद्भव होती है।

nidus–(L. *nidus*, nest.) घोंसला; नीड़।

nidus hirudinalis–निडस हिरूडीनेलिस; सेरे बिलम रंध्र; निडस एवीज।

nigrescent–(L. *nigrescer*; to turn black.) श्यामज।

nipple–(*Dim*. of A. S. *nib*, for *neb*, nose.) चूचुक, स्तनाग्र; निपल; स्तन का अगला भाग।
[देखिये teat]

nissl granules)–(*F. nissl*, German neurologist.) निस्ल कण; निस्ल कणिका।

nisus formativus–(L. *nisus*, effort; *formare*, to form). उत्पादन प्रवृत्ति।

nitrificatim–(Gk. *nitron*, soda; L. facere, to make), बैक्टीरिया की क्रिया से अमोनिया का आक्सीकरण–अमोनिया से नाइट्राइटिस (nitrites) और नाइट्राइटिस से नाइट्रेटस (nitrates) में।

nitid, nitidous–(L. *nitidus*, shinning.) रुचिर; चमकीला; चिकना; मसृण।

nitrogen–(Gk. *nitron*, soda. *genos*, descent.) नाइट्रोजन; नेत्रजन :

nitrogenous–(Gk. *nitrun*, soda; *genos*, descent, नाइट्रोजनयुक्त।

Nitrogen cycle–नाइट्रोजन अणुओं का चक्र; नाइट्रोजन चक्र; मुख्यत: जीवित द्वारा नाइट्रोजन अणु का परिसंचरण अर्थात् स्वपोषित पादप मिट्टी और जल से अकार्बनिक नाइट्रोजन यौगिक मुख्यत: नाइट्रेट्स का अवशोषण कर कार्बन्कि यौगिक बनाते हैं। इनके मृत होकर सड़ने पर या जन्तुओं के खाने पर यह पुन: कार्बनिक यौगिक के रूप में मिट्टी और जल में पहुँच जाता है और बैक्टीरिया के प्रभाव से अकार्बनिक नाइट्रोजन यौगिक में बदल जाता है। कुछ नाइट्रोजन वायुमण्डल में गैस के रूप में मिल जाता है और यह फिर नाइट्रोजन यौगिकीकरण (nitrogenfixation), बैक्टीरिया या नीले हरे शैवाल द्वारा वायुमण्डल से खींच लिया जाता है। यही नाइट्रोजन चक्र होता है।

nitrophilous–(Gb. *nitron*, soda; *philein*, ro love.) नेत्रजन प्रेमी; नेत्रजन-समृद्धि; नाइट्रोरागी; नाइट्रोजन युक्त मिट्टी में बढ़ने वाला; नाइट्रोजन रागी।

nitrophyte–(Gk. *nitron*, soda; *phyton*, plant.) नाइट्रोजन रागी पौधा।

nociceptive–(L. *nocere*, to hurt; *capeoe*, to take.) तन्तु क्षति।

noctilucent–(L. *nox*, night; *lux*, light.) नक्तम प्रकाशी; निशादीप्त; रात्रि में चमकने वाला।

nocturnal–(L. *nox, night*.) रात्रिचर; नैश; नैशिक; नक्तमचर। रात्रि में विचरण या बाहर निकलने वाला।

nodal–(L. *nodus*, knob.) कांडी; कांड सम्बन्धी; नोडीय।

node–(L. *nodus*, knob.) गाँठ; पर्व; काण्ड; जोड़; तने (stem) का जोड़ जहाँ से पत्तियाँ निकलती हैं।

node of Ranvir–रनवीर का पर्व।

nodose–(L. *nodus*, knob.) गाँठदार, गाँठयुक्त; ग्रन्थिल, गठीला; काण्डी।

nodule, nodulus–(L. *nodulus*, *dim* of nodus.) लोष्ट; छोटी गांठोपम आकृति, ग्रंथिकी।

noduliferous–(L. *nadus*, knob; *ferre*, to carry.) लोष्टक; लोष्टी।

noematic–(Gk. *noema*, thought) चिबुक-प्रवर्धनी; चिबुक-प्रवर्धन सम्बन्धी।

noise–(Fr. *noise*, quarrel.) ध्वनि, शब्द; शोर-गुल।

nomad–(Gk. *nemein*, to drive to pasture.) स्वतन्त्र; स्थानच्युत; घूमने वाला; घुमक्कड़; खानाबदोश; चलवासी; यायावर।

nomenclature–(L. *nomen*, name; *calare*, to call.) नाम करण; नाम पद्धति; पौधे, जन्तु या अङ्ग आदि को नाम देने की विधि।

nomenclature, binomial–द्विशब्दी नामकरण।

nomogenesis–(Gk. *nomos*, law; *genesis*, dcscent) वर्धनमत; यह मत कि वर्धन (development) और विकास (evolution), वर्धन के नियमों द्वारा शासित होते हैं, वातावरण से नहीं।

non-cellular–अकोष्ठीय; कोष्ठ हीन; अकोशिकीय।

nondiffusible–अशोषणशील; अशोषणी।

non-disjunction–रंजक-अपृथकता; रंजक पिण्डों का ह्रास विभाजन में (meiosis) अलहदा या पृथक् न हो सकना।

nonadaptive–अननुकूलनी।

non-functional–व्यापार हीन; निरर्थक।

non-granular–अकणी; दनदाने हीन।

non-lethal dose–अविनाशक मात्रा।

non-living–जड़; अचेतन; निर्जीव; निष्प्राण

non-medullated, non-myalinated; myelinated, nerve fibres–पिधान हीन नाड़ी (तंत्रिका) सूत्र; असूत्रच्छद।

non-viable–जीवन अयोग्य; अयोग्यी। जीने के अयोग्य; विधिवत् वृद्धि के अयोग्य; जीवनाक्षम।

norma–(L. *norma*, rule.) रुख; नोरमा।

normal–(L. *norma*, rule.) सामान्य; साधारण।

normolasts–)L. *norma*, rule, Gk. blastos, bud) अपरिपक्व लाल रुधिर कणिका; अपरिपक्व लाल रक्ताणु; नोर्मोब्लास्ट;

normocyte–(L. *norma*, rule, Gk. *kytos*, hollow; पूर्ण वर्द्धित लाल रुधिर कोशिका; पूर्ण वर्द्धित लाल रक्ताणु।

nose–(L. *nasus*, nose) नाक; नासिका; नासा; घ्राणेन्द्रिय।

nosogenic–(Gk. *noso*, disease; *gennacin*. to produce) रोगोत्पादक; रोगाणु।

nostrils–(A. S. *nosthryl*, nostril.) नासारन्ध्र; नासिका बाह्य छिद्र; नथना; नथुने।

notch–(from *nick*, old form of notch.) दाँता; दर्रा; भंग; कटाव।

nothocline–(Gk. *nothos*, illegitimate; klinein to slant) जारज संकर।

notochord–(Gk. *noton*, back; *chorde*, cord.) पृष्ठदण्ड; पृष्ठ रज्जु; नोटोकॉर्ड।

[देखिए chordadorsalis]

notochordata, notochordal–(Gk. *noton*, back; *chorde*, cord.) पृष्ठदण्डीय।

notochordal–(Gk. *noton*, back; *chorde*, cord.) पृष्ठदण्डी।

notocirrus–(L. *notum*, back; *cirrus*, curl.) पृष्ठानुरोम; पृष्ठतरंग।

notogenesis–(Gk. *noton*, back; *genesis*, origin.) पृष्ठजनन।

notonectal–(Gk. *noton*, back; *nektos*, swimming.) श्रावर्की।

notopodium–(Gk. *noton*, back; *pous*, foot.) नोटोपोडियम; पृष्ठप्रपाद; पृष्ठपाद।

nototribe–(Gk. *noton*, back, *tribein*, to rub) पृष्ठ वर्ण, ऐसे पुष्प जिनके पुंकेसर और स्त्री केसर उन कीटों की पीठ (पृष्ठ) को छूते हैं जो दल के अन्दर घुसते हैं, ऐसी विधि परनिषेचन हेतु होती है।

notum–(L. *notum*, back.) नोटम; टरगम; पृष्ठिका; वक्ष पृष्ठक।

nucellus–(L. dim of *nux*, nut) दृढ़फली; अण्डाशय (ovary) और उसके अन्तः खण्ड के मध्य का मृदूतक (पैरेन्काइमा)।

nuchal–(L. *nucha*, spinal marrow.) नुकल; कंधरा; (१) मन्या (nape of the neck)। (२) तरुणोपास्थिक-शिरस्कपादी (cephalopoda); कछुओं (chelonian) तथा कुछ उपास्थि मत्स्यों (chondrostei) आदि में।

nuciferous–(L. *nux*, nut; *ferre*, to carry.) मिंगीदार; दृढ़फलधर।

nucivorous–(L. *nux*, nut; *vorare*, to devour.) मिंगी भोजी।

nuclear–(L. *nucleus*, kernel.) अष्टिक; नाभिक; केन्द्रक; न्यूक्लीयर।

nuclear disc–अष्टि-बिम्ब; केन्द्रक-बिम्ब।

nuclear membrane–अष्टि झिल्ली; अष्टि-आवरण; केन्द्रकीय झिल्ली।

nuclear plate–अष्टि पट्ट; केन्द्रक पट्ट।

nuclear spindle–अष्टि तकुट; केन्द्रकीय तकुं।

nuclear stain–अष्टि वर्ण; केंद्रीय वर्ण।

nuclease–(L. *nucleus*, kernel.) न्यूक्लिएस, अष्टि-क्षोभक।

nucleate–(L. *nucleus* kernel.) अष्टिक केन्द्रक।

nucleation–(L. *nucleus*, kernel.) अष्टिकरण।

nucleic–(L. *nucleus*, kernel.) अष्टिज; न्यूक्लीक।

nucleiform–(L. *nucleus*, kernel; *forma*, shape.) अष्टि-ओपम; अष्टिसम केन्द्रकोपम।

nuclein–(L. *nucleus*, kernel.) न्युक्लियेन-अष्टि-रसायन विशेष।

nucleochylema–(L. *nucleus*, kernel; Gk. *chylos*, juice.) न्यूक्लियस-आधारक।

nucleohyaloplasm–(L. *nucleus*, kernel; Gk. *hyalos*, glass; *plasma*, mould.) न्यूक्लियस द्रव।

nucleoid–(L. *nucleus*, kernel; Gk. *eidos*, form.) अष्टि-ओपम; अष्टिवत्; केन्द्रकीय।

nucleolar–(L. *nucleus*, kernel.) उपाष्टिक; केन्द्रकीय।

nucleolar organiser–न्यूक्लियोलस स्रावक; ऐसा कण (granule) या जीन जो न्यूकिलयोलस स्राव को एकत्रित करता है।

nucleolinus–(*Dim.* of L. *nucleus*, kernel.) अष्टिकण।

nucleolo-centrosome–केन्द्रक-तारक काय; ऐसा केन्द्रक पिण्ड (nuclear body) जो तारक-काय (centrosome) की तरह सूची विभाजन (mitosis) में कार्य करता है।

nucleolus–(L. *nucleolus*, *dim of nucleus*, little kernel.) उपाष्टि; उपकेन्द्रक; न्यूकिलओलस।

nucleomicrosome–(L. *nucleus*, kernel; Gk. *mikros*, small; *soma*, body.) अष्टि-पिण्डाणु।

nucleoplasm–(L. *nucleus*, kernel; Gk. *plasma*, mould.) अष्टि-सत्व।

nucleoprotein–(L. *nucleus*, kernel; Gk. *protos*, first) न्यूक्लियोप्रोटीन; न्यूक्लियस अम्ल और प्रोटीन का एक यौगिक।

nucleus–(L. *nucleus*, kernel.) अष्टि; न्यूक्लियस, केन्द्रक।

nucleus ambigus–न्यूक्लियस एम्बीग्युयस; मेडुला ओबलोंगेटा की कोशिकायें जिनसे गति सूत्र उद्भित होते हैं।

nucleus pulposus–न्यूक्लियस पल्पोसस; मृदुअर्न्तभाग; अन्तरा कशेरूक बिम्ब के अन्तर का मृदुल भाग।

nuculanium–(L. *nucula*, small nut) न्युकुलेनियम; एक प्रकार का सरसफल, जो द्राक्षोराम (grape like) होता है तथा सुपीरियर (उत्तरवर्ती) होता है।

nudibranchiate–(L. *nudus*, naked; Gk. *brangchia*, gills.) अरक्षित गिली; अनावृत गिली; अनावृतक्लोमी।

nudicaudate–(L. *nudus*. naked; *cauda*, tail.) अनावृतपुच्छी; नग्नपुच्छी।

nudicaulous–(L. *nudus*, naked; *caulis* stem) अपर्णी स्तम्भी; नग्न स्तम्भी।

nudiflorous–(L. *nudus*, naked; *flos*, flower) अरोमपुष्पी; अग्रन्थीय पुष्पी; रोम या ग्रन्थिहीन पुष्प वाला।

nulliplex–(L. *nullus*, none; *plexus*, interwoven) लुप्तजाली; प्रभावी हीन; वह गुणिता में एक विशिष्ठ लक्षण में केवल अप्रभावी लक्षण का होना और प्रभावी जीन का न होना।

nummulation–(L. *nummus*, coin.) कण संघनता।

nummulitic–(L. *nummus*, coin.) मुद्रोपम।

nuptial flight–(L. *nuptum*, to marry.) निषेक उड़ान; मैथुनी उड़ान।

nurse cells–(L. *nutrix*, to nourish.) धाय कोशिका; धात्री कोशिका।

nurse generation–धाय सन्तति।

nurture–(M. E. *norture*, nursing.) धायता; पालनपोषण करना।

nut–(A. S. *knutu*, nut) १–नट (सूखा फल) यह एक बीजी, बहुअण्डपी, उत्तरवर्ती (सुपीरियर) अण्डाशय से उत्पन्न होता है, इसकी फलभित्ति कठोर और दृढ़ होती है। उदाहरण–चेस्टनेट; काजू; लीची; मुंड।

nutant–(L *nutare*, to nod) अधोनत, अवनम; नमित।

nutation–(L. *nutare*, to nod) न्यूटेशन; १–वर्धित पादप में अंगों का स्थानान्तरण अथवा वक्रता। २–कूटपाद द्वारा मंद चक्रगति।

nutlet–(*Dim.* of nut) लघुनट; अष्ठिल पाषाणवत् अन्तः भित्ति।

nutricism–(L. *nutrix*, nurse.) एक लाभी सहजीवन; ऐसा सह जीवन जिसमें केवल एक साथी को ही सारा लाभ होता है।

nutrition–(L. *nutrix*, nurse.) पोषण; जन्तुओं द्वारा खाद्य का लेना, पचाना तथा शोषण।

nutritive–(L. *nutrix*, nurse.) पौष्टिक।

nutritive fluids–पोषक द्रव।

nyctanthous–(Gk. *nyktros*, nightly; *anthos*, flower) रात्रिपुष्पक।

nyctinasty–(Gk. nyktios, nightly; *nastos*, presed claw) पादप सुप्त गति।

nyctipelagic–(Gk. *nyktios*, nigtlty; **pelagos**, sea) रात्रि प्लवक।

nyctitropism–(Gk. *nyktios*, nightly; *trepein*, to turn) निद्रा अभिवृत्ति; कुछ पर्ण का रात्रि में ऊपर की ओर मुड़ने की वृत्ति।

nymph–(Gk. *nymphe*, bride) निम्फ; कीट (insects) के जीवन इतिहास (life history) के रूपान्तर (metamorphosis) में प्रौढ़ से पहिले की अवस्थायें जिनमें जननांग नहीं वने होते हैं।

nymphal–(Gk. *nymphe*, chrysalis.) निम्फी; निम्फ सम्बन्धी।

O

Oar–(A. S. *ar*, oar.) क्षेपण; चप्पू; अरित्र ।

oar feathers–(A. S. *ar*, oar.) क्षेपण-पंख; डैने वाले पंख । वह डैने के पंख जो पक्षी की उड़ान में डांड की तरह मदद देते हैं ।

obclavate–प्रतिमुद्गर रूपी ।

ob compressed–(L. *ob*, towards; *comprimere*, to compress.) लम्ब-रूप संकुचित; प्रति संपीडित ।

obconical–प्रतिशंकुरूप; अघोमुख शांकव ।

obcordate–(L. *ob*, against; *cor*, heart.) प्रति या अभिहृताकार; अभिहृद्वत्; प्रतिहृदयाकार; अघोमुखहृदयाकार । उलटे या विपर्यंयेण (inversely) हृदय की शक्ल (heart-shaped) का ।

obelion–(Gk. *obelos*, spit.) छिद्रान्तर; छिद्रमध्य-स्थल । पैराइटल (parietal) मध्य सेवनी (suture) के अस्थि छिद्रों के मध्य का स्थान ।

obese–मेदुर, स्थूल ।

obex–(L. *obex*, obstacle.) ओबेक्स; परिच्छेदक ।

obimbricate–(L. *ob*, in the way; *imbrex*, tile.) विलोम तटोपरितटी । उल्टे क्रम से एक दूसरे पर चढ़े हुए शल्क (scales) ।

oblanceolate–(L. *ob*, reversely; *lancea*, spear.) विलोम प्रासोपम ।

obligate or obligatory (parasites)–अविकल्प पर-जीवी, अपरिहार्य जीवी; अविकल्पी; पूर्ण परजीवी; ऐसे परजीवी जो केवल पोषक (host) के सहारे ही जीवित रह पाते हैं । (देखिये उलटा (opposite), facultative–विकल्प जीवी) ।

oblique or obliquus–(L. *obliquus*, bent.) तिरछा; टेढ़ा वक्र; तिर्यक ।

obliterate–(L. *ob*, reversely; *litera*, letter.) अस्पष्ट; धुंधला; विलोपन ।

obovate–(L. *ab*, against; *ovum*, egg.) प्रति अण्डाकार ।

obovoid–(L. *ab*, against; *ovum*, egg; *eidos*, shape.)–अण्डाकार ।

obsolescence–(L. *obsolescere*, to wear out.) विलोपता ।

obsolete–(L. *obsolescere*, to wear out.) विलोपी ।

obtect–(L. *ob*, in the way; *tectus*, covered.) आवृत्त ।

observation–(L. *observare*–*ob*, before; *servare*, to keep.) निरीक्षण; पप्यविक्षण; अवलोकन; प्रेक्षण ।

obturator–(L. *obturare*, to close.) सेतुक; गवाक्षी; ओबटूरेटर्—गवाक्ष छिद्र (obturator foramen) के पास स्थित बनावट ।

obturator foramen–गवाक्ष छिद्र; श्रेणिरंध्र ।

obturator membrane–गवाक्ष कला; गवाक्ष झिल्ली ।

obturator tubercle–गवाक्षवुर्द ।

obtusilingual–(L. *obtundere*, to make blunt; *lingua*, tongue.) लघु जिह्वक । लघु जिह्वी; छोटी जीभ वाला ।

obumbrate–(L. *obumbrare*, to overshadow.) अतिव्याप; उपरिलंब; ऐसी आकृति जो अन्य भागों के ऊपर लटकती हुई होती है और जिससे वे आंशिक रूप से छिपे दिखाई देते हैं ।

obverse–(L. *obvertese*, to turn round.) आधार का शिखर से पतला होना ।

obvolute–(L. *obvolvere*, to wrap round.) तटो-परितटी ।

obvolvent–(L. *obvolvent*, to warp round.) न्यंच; नीचे तथा भीतर की ओर मुड़ा हुआ ।

occipital–(L. *occiput*, back of head.) ओक्सी-पीटल; कपालानुगामी; पश्च कपालांश; अनुकपाल; कपाल के पीछे के भाग का ।

occipital condyle–कपालाबुंद; कपाल गुम्मट; अनु-कपाल अस्थि कंद ।

occipitalia–(L. *occiput*, back of head.) पश्च कपालास्थि । वह हड्डियाँ जो कपाल का पीछे का भाग बनाती हैं ।

occipito-atatantal–L. *occiput*, bcak of head; Gk. *Atlas*, atitan.) एटलेन्टो-ऑक्सीपिटल या ऑक्सी-पिटो-एटलेन्टल; एम्फीबिया में प्रथम कशेरू के तंत्रिका

चाप (neural arch) और खोपड़ी के मध्य स्थल को ढकने वाली कला (membrane)।

occiput–(L. *occiput*, back of head.) ओक्सीपुट; ओक्सीपटल प्रदेश (कपाल का); पश्च कपाल; मस्तिष्क-शिर पृष्ठ।

occlusion–(L. *occludere*, to shut in.) अतिव्याप सक्रियता।

occlusor–(L. *occludere*, to shut in.) निरुध; निरोधक; रोकने वाला।

ocellate–(L. *ocellus*, little eye.) नेत्रिकोपम; नेत्रोपम; नेत्रांकित।

ocellated–(L. *ocellus*, little eye.) नेत्रिकी; नेत्रिका युक्त।

ocellation–(L. *ocellus*, little eye.) नेत्रिकीय।

occelli–(L. *ocellus*, little eye.) नेत्रिका; अक्षिका; आँखिली।
(१) निम्न जन्तुओं में पाई जाने वाली साधारण आँख।
(२) कीटों (insects), मत्स्यों (fishes) में चक्षुसम आकृति चिन्ह।

ochrophore–(Gk. *ochros*, pale yellow; *pherein*, to bear.) पीत कोष्ठ; द्युति कोष्ठ; द्युति कोशिका।

ocrea–(L. *ocrea*, greave.) ऑक्रिया; त्राण; पर्णवृन्त (petiole) के आधार पर नालाकृति पिधानोपम वितति (expansion)।

ocreaceous–(L. *ocrea*, geave)–ऑक्रिया सदृश; त्राणोपम।

ocreate–(L. *ocrea*, greave) ऑक्रिया युक्त; ऑक्रिया-धारी।

octactine–(Gk. *oktu*, eight; *aktis*, ray.) अष्ट किरण स्पीक्युल। छिद्रदेहियों या स्पंजियों (sponges) के शरीर में अष्ट भुजा वाला दृढ़ा या स्पीक्युल (spicule)।

octogynous–(Gk. *okta*, eight; *gyne*, woman.) अष्टस्त्रीकेसरी (pistils)।

octamerous–(Gk. *okta*, eight; *meros*, part.) अष्ट भागी; अष्ट खण्डी; आठ की संख्या में अङ्ग या अङ्गों के भाग वाला।

octandrous–(Gk. *okta*, eight; *aner*, man) अष्ट पुंकेसरी (stamens)।

octant–(L. *octa*, eight.) अष्ठांगिकी; डिम्ब विभाजन के अष्ट कोशिकाओं में से एक कोशिका।

octopetalous–(Gk. *okta*, eight; *petalon*; leaf.) अष्टदली (petals)।

octopod–(Gk. *okta*, eight; *pous*, foot.) अष्ट-पादी; आठ पैर (foot) वाला।

octoradiate–(L. *octo*, eight; *radius*, spoke.) अष्ट किरणी।

octosepalous–(L. *octo*, eight; F. *sepale*, seed,) अष्ट वाह्यदली (sepals)।

octosporous–(Gk. *okta*, eight; *sporos*, seed.) अष्ट स्पोरक; अष्ट बीजाणुक।

octostichous–(Gk. *okta*, eight; *stichos*, row.) अष्ट पंक्तिक।

octozoic–(Gk. *okta*, eight; *zoon*, animal) अष्ट स्पोराणुक।

ocular–(L. *oculus*, eye.) नेत्रीय; चक्षुक; प्रत्यक्ष; नेत्र सम्बन्धी; आँख का।

ocular lobe–नेत्रीय दल।

oculate–(L. *oculus*, eye.) नेत्रीय; नेत्रयुक्त; आँख वाला।

oculiferous, oculigerous–(L. *oculus*, eye; *ferre*, gerere, to carry.) नेत्रधारी; आँखों वाला।

oculofrontal–(L. *oculus*, eye; *frons*, forehead.) चक्षु मस्तिष्कीय (चक्षु-ललाट) प्रदेश।

oculomotor–(L. *oculus*, eye; *movere*, to move.) चक्षु गोलक नाड़ी; चक्षु चालक।

oculonasal–(L. *oculus*, eye; *nasus*, nose.) चक्षु-नासा; चक्षु नासिका सम्बन्धी।

oculus–(L. *oculus*, eye.) अक्षि; नयन।

oddi's sphincter–(*R. oddi*, Italian anatomist.) ओडीस स्फिन्कटर; पित्तनलिका छिद्रावरोधक पेशी।

odontoblast–(Gk. *odous*, tooth: blastos; bud.) डेन्टीनोत्पादक; दन्तोत्पादक कोष्ठ।

odontoclast–(Gk. *odous*, tooth; *klan*, to break.) दन्त मूल शोषणी; दन्त नाशक।

odontogeny–(Gk. *odous*, teeth; *genos*, offspring.) दन्त जनन; दाँत का उद्गम (origin) तथा वर्धन (development)।

odontoid–(Gk. *odous*, tooth; *eidos*, form.) दन्तोपम; दांत सदृश ।

odontoid process–(Gk. *odous*, tooth; *eidos*, form.) ओडनटोइड प्रवर्धन; द्वितीय कशेरू के केन्द्रक का प्रवर्धन जिसके सहारे प्रथम कशेरू (Atlas) घूमता है ।

odontology–(Gk. *odous*, tooth; *logos*, discourse.) दन्त शास्त्र; दन्त विज्ञान ।

odontophore–(Gk. *odous*, tooth; pherein, to carry.) दन्तधारी ।

odontoplast–(Gk. *odous*, tooth; *plastos*, moulded.) दन्तोत्पादक कोष्ठ ।

odontostomatous–(Gk. *odous*, tooth; *stoma*, mouth.) दन्तमुखी; दांत युक्त जबड़े वाला ।

odoriphore–(L. *odor*, smell; Gk. *pherein*, to carry.) गंधधारी अणु ।

oecoid–(Gk. *oikos*, house; *eidos*, form.) रक्तकणाधार ।

oecology–(Gk. *oikos*, house; *logos*, discourse.) परिस्थितिकी; जीव परिस्थिति विज्ञान ।

oecotrophobiosis–(Gk. *oikos*, household; *trophe* food; *biosis*, a living.) इतरेतरभरण (पोषण) [देखिये–Trophallaxis] ।

oedematin–(Gk. *oidema*, swelling.) स्फीताणु; अष्टि (nucleus) के आधारक (ground substance) के अणुपिण्ड या स्फीताणु (microsomes) ।

oenocyte–(Gk. *oinos*, wine; *kytos* hollow.) पृथुल कोशिका; कीटों (insects) में वायु नलिका (trachea) तथा स्नेह पिण्ड को घेरे हुए गुच्छों में से एक बड़ी कोशिका ।

oenocytoid–(Gk. *oinos*, wine; *kytos*, hollow; *eidos*, form.) निस्तल कोशिका; कीटों (insects) के हीमोफिल (haemophil) की एक वृत्ताकार (rounded) अम्लयुक्त (acidophil) श्वेताणु कोशिका (leucocyte) ।

oesophageal–(Gk. *oisophagos*, gullet.) ग्रसिका; निगर–; निगर निगलाशय ।

oesophagus–(Gk. *oisphagos*, gullet.) ग्रास नली; निगर; निगलक; पाचन नली में गले और आमाशय के मध्य की नलिका ।

oestradiol–(Gk. *oistros*, gadfly, *dislov*, together) आस्ट्राडियोल; एस्ट्राडाइऑल; अंडाशय हार्मोन; $C_{18}H_{24}O_2$

oestrin–ऑस्ट्रिन; एस्ट्रोन; $C_{18}H_{22}O_2$; आस्ट्रिन और एस्ट्रोन एक ही हार्मोन माने जाते हैं—पुटक (follicular) द्वारा यह मदोत्पादक (ऑइस्ट्रोजन) हार्मोन स्रावित किया जाता है ।

oestrogen–(Gk. *oistros*, gadfly; *genos*, offspring.) मदोत्पादक; एस्ट्रोजन एक उद्दीपक रस । एक रसायन जो मादा लैङ्गिक अंगों में उसी समान परिवर्तन उत्पन्न कर देता है जैसे कि कशेरुक डिम्बाशय से उत्पन्न प्राकृतिक आस्ट्राडियोल (*oestradiol*) हार्मोन से उत्पन्न होते हैं । आस्ट्राडियोल हार्मोन एक स्टेरॉयड (steroid) होता है और मादा उत्पादक तन्त्र की वृद्धि और कार्य को प्रभावित करता है । इसी से मादा के गौण लैङ्गिक लक्षण भी वर्द्धित होते हैं । यह रसायन कम मात्रा में एड्रीनल वल्क (adrenal cortex) और वृषण (testis) से भी उत्पन्न होता है । संश्लेषित एस्ट्रोजन (oestrogens) अनिवार्य रूप से स्टेरॉयड (steroid) नहीं होते हैं ।

oestrogenic–(Gk. *oistros*(gadfly; *gennaein*, to produce.) मद-प्रोत्साहक; मद को प्रोत्साहन देने वाली ।

oestrual–(Gk. *oistros*, gadfly.) मदीय; मद सम्बन्धी; कामोन्माद ।

oestrus–(Gk, *oistros*, gadfly.) (पशुओं का) मद; मैथुन (सम्भोग की इच्छा); स्यतिक; मद चक्र ।

[A crow in heat वृष स्यंती]

oestrous (estrous) cycle–मद चक्र (वृत्त);
कई स्तनी प्रजातियों (species of mammal) में गर्भ की अनुपस्थिति में पाया जाने वाला उत्पादन चक्र । यह प्रजाति के अनुसार पांच से साठ दिन के बाद लैंगिकता परिपक्व मादाओं में आता है । कुछ में केवल प्रजनन काल में ही यह चक्र आता है । प्रत्येक चक्र केवल एक या दो दिन का होता है और इसी समय मादा नर से सम्भोग करती है । यह चक्र अण्डोत्सर्ग (ovulatin) के साथ ही घटित होता है । इससे पूर्व और पश्चात् गर्भाशय में भी कई परिवर्तन होते हैं जो गर्भ धारण हेतु उसमें आते हैं । समस्त परिवर्तन हार्मोन से नियंत्रित होते हैं । मद चक्र की विभिन्न स्थितियों की रूपरेखा निम्न होती है :—

(i) पुटक (follicular)—इसमे डिम्बाशय के ग्रेफियन फोलिकल्स (Graafian follicles) की वृद्धि होती है। गर्भाशय अंतः स्तर (endometrium) मे वृद्धि, जिससे एस्ट्रोजन (oestrogen) हार्मोन भी अधिक स्रावित होता है।

(ii) अण्डोत्सर्ग (ovulatoin)—सम्भोग प्रतिवर्त (reflex) के आ जाने से।

(iii) पीत पिण्ड (luteal)—अण्डाशय में कार्पस ल्यूटियम (corpus luteum) के निर्माण से–जिससे प्रोजेस्ट्रोन का स्राव अधिक और एस्ट्रोजन का कम हो जाता है।

(iv) पीत पिण्ड का ह्रास, जिससे पुटक वृद्धि पुनः आरम्भ हो जाती है। यदि गर्भाधान हो जाता है तो चक्र यहीं समाप्त हो जाता है। यदि गर्भ स्थापित नहीं होता है तो पुनः यह चक्र प्रारम्भ हो जाता है। कुछ प्रजातियों में यह चक्र जनन काल में केवल एक वार ही आता है। यह चक्र पिटयूटरी ग्रन्थि द्वारा स्रावित जननग्रंथि प्रेरक (gonadotrophic) हार्मोन के कारण आती है जिससे अण्डाशय के परिवर्तन नियन्त्रित होते हैं और ये डिम्बाशय के परिवर्तन एस्ट्रोजन और प्रोजेस्ट्रोन के उत्पादन को नियन्त्रित करते हैं जिनके कारण यह चक्र आता है।

offset–प्ररोहक; भूस्तरिका; क्षैतिज विस्थापन।

offshoot–शाखा या उपशाखा; प्रशाखा।

offspring–सन्तान।

oike–(Gk. *oikein*, to have as one's abode.) निवास स्थल।

oikesis–(Gk. *oikesis*, act of dwelling.) प्रवसन; अङ्गी (organism) का नवीन स्थान में संस्थापन या वसना।

oikoplast–(Gk. *oikos*, house; *plastos*, moulded.) गारकोष्ठ; परिशिप्टी या अपेण्डी क्यूलेरियन (apendicularian) की वहिर्जन (ectoderm) कोशिकाओं (cells) मे से एक वड़ी कोशिका जिससे जिलेटीन स्तर निर्मित होता है।

oikosite–(Gk. *oikos*, house; *sitos*, food.) स्थिर परजीवी या सहजीवी।

oil gland–तैल ग्रन्थि; पुच्छ पृष्ठीय ग्रन्थि। पक्षियों में दुम के निचले सिरे या छोर पर स्थित, जिसके द्रव या तेल से पक्षी अपने पंख चिकने करता है।

oleaginous–(L. *olea* oil.) तैलोत्पादक; तेल उत्पादन करने वाला या तेल युक्त।

olecranon–(Gk. *olekranon*, point of elbow.) ऑली-क्रैनान; कुहनी; कूर्पर। अलना अस्थि (ulna) के ऊपरी सिरे पर एक वड़ा प्रवर्धन।

olecranon fossa–कूर्पर या ऑली क्रैनान खात; कफोणि खात।

olecranon process–कूर्पर या ऑली-क्रैनान प्रवर्धन; कफोणि प्रवर्ध।

oleiferous–(L. *oleum*, oil; *ferre*, to carry.) तैलोत्पादक; तेल युक्त; तेल धारण करने वाला या उत्पन्न करने वाला।

olein–(L. *olium*, oil.) ओलीन; ओलिइन; तरल स्नेह पदार्थ जो साधारण ताप पर द्रव (liquid) ही रहता है।

olfactory–(L. *olere*, to smell; *facere*, to make.) घ्राण; घ्राण सम्बन्धी।

olfactory area–घ्राण क्षेत्र।

olfactory bulb–घ्राण कन्द।

olfactory capsule–घ्राण कोष।

olfactory cells–घ्राण कोशिकायें।

olfactory centre–घ्राण केन्द्र

olfactory hairs–घ्राण रोम (लोम)।

olfactory lobe–घ्राण दल, घ्राण पालि।

olfactory nerve–घ्राण नाड़ी; घ्राण तंत्रिका।

olfactory organs–घ्राणेन्द्रिय।

olfactory pit–घ्राण गर्त।

olfactory plate–घ्राण पट्ट।

olfactory sulcus–घ्राण सीता।

olfactory tract–घ्राण प्रदेश; घ्राण पथ।

oligocanthous–(Gk. *oligos*, few; [*akantha*, spine.) ऊन कण्टकी।

oligandrous–(Gk. *oligos*, few, *aner*, man) अल्प पुंकेसरी; ऊन पुंकेसरी।

oligocarpous–(Gk. *oligos*, few; *karpous*, fruit) ऊन अंडपी; अल्प अंडपी (carpels)।

oligocene–(Gk. *oligos*, few; *karpos*, fruit.)

ऊन-नव काल; अधिनूतन; ओलीगोसीन; अल्प नूतन आधुनिक (जन्तु) काल (epoch) का एक काल। नवोदय या इओसीन (eocene) और नव या मायोसीन (miocene) काल के बीच का काल विशेष।

oligodendroglia–(Gk. *oligos*, few; *dendron*, tree.) माध्य श्लेष्म द्रुमक। ऊन श्लेष द्रुमक।

oligodynamic–(Gk. *oligos*, few; *dynamic*, power.) ऊन बली।

oligogene–(Gk. *ollgos*, few; *gene*, descent.) ऊन जीन या ऊन परम्परा कण; अल्पजीन।

oligogenic–Gk. *oligos*, few; *gene*, descent.) ऊन जीनो पादक; ऊन जीन नियन्त्रित; अल्पजीनी।

oligoglia–(Gk. *oligos*, few; *glia*, glue.) माध्य-श्लेप; ऊन श्लेष

oligomerous–(Gk. *oligos*, few; *meros*, part. ऊन-खण्डी; अल्प भागी; अल्पतयी।

oligonephrous–(Gk. *oligos*, few; *nephros*, kidne.) ऊनोत्सर्गाङ्गी।

oligophagous–(Gk. *oligos*, few; *phagein*, to eat.) मिताहारी; अल्प भक्षी।

[देखिये monophagous एकाहारी]

oligophyletic–(Gk. *oligos*, few; *phyle*, tribe.) ऊनवंशोद्भवी।

oligopod–(Gk. *oligos*, few; *pous*, foot,) ऊनपादी; मितपादी।

oligopyrene–(Gk. *oligos*, few; *pyren*, fruitstone.) ऊन परम्परा सूत्री: मित सूत्रक। ऐसे वीर्याणु (sperms) जिनमें परम्परा सूत्रों (chromosomes) की संख्या कम होती है।

oligospermous–(Gk. *oligos*, few; *sperma* seed,) ऊनवीर्याणुक; अल्प बीजी; ऐसे जन्तु जिनमें वीर्याणुओं (sperms) की सख्या कम होती है।

oligostemonous–(Gk. *oligos*, few; *sterun*, thread) ऊनपुंकेसरी।

[देखिये oligandrous]

oligotaxy–(Gk. *oligos*, few; *taxis*, arrangement.) ऊन-न्यास; ऊन चक्रक।

oligotokous–(Gk. *oligos*, few; *tokos*, offspring.) ऊनप्रसूतक; ऊनटोकस; कम बच्चे देने वाला; अल्प प्रजक।

oligotropic–(Gk. *oligos*, few; *trophe*, nourishment.) ऊन पुष्टक; अल्पपोषी; मितपोषणी।

oliva, olive–(L. *oliva*, olive.) ओलाइवा; उत्तङ्ग; स्तनियों (mammals) के मस्तिष्क में पोंस (pons) के नीचे स्थित उत्तङ्ग (prominence)।

olivary–(L. *oliva*, olive.) उत्तङ्गी; वर्तुलिका; उत्तङ्ग सम्बन्धी।

omasum–(L. *omasum*, paunch.) ओमेसम; आमाशय तृतीय कोष; रोमन्थशालों (ruminants) के आमाशय (stomach) का तृतीय कोष (उप जठर)।

[देखिये Psaltereium–ओमासम]

ombrophil–(Gk. *ombros*, rain; *philein*, to love.) वर्षारोगी।

omental–(L. *omentum*, fold.) उदरास्तरी।

omentum–(L. *omentum*, fold.) ओमेन्टम; वपा; उदरास्तर भांज; दैहिक अङ्गों (viscera) को बांधे हुए एक भांज (fold)।

ommateum–(Gk. *omma*, eye.) यौगिक नेत्र।

ommatidium–(Gk. *omma*, eye; *idion*, dim.) उपनेत्रिका; नेत्रांशक।

ommatoids–(Gk. *omma*, eye; *eidos*, form.) नेत्रिकोपम। पेडीपेलपाई (pedipalpi) के अन्तिम उदरीय खण्ड पर स्थिति दो या चार हल्के रंग की चिन्हित आकृतियां, जिनका कार्य विवादास्पद है।

ommatophore–(Gk., *omma*, eye; *pherein*, to bear.) उपनेत्रिका धारी।

omnicolous–(C. *omnis*, all; *colere*, to dwell.) सर्वत्र वासी; सर्ववासी।

omnivorous–(L. *omnis*, all; *vorare*, to devour.) सर्वभक्षी; सर्वाहारी; ऐसा जन्तु जो जन्तु और वनस्पतिक तत्वों दोनों का ही सेवन करने वाला हो।

omohyoid–(Gk. *omos*, shoulder; *hyoedes*, Y–shaped.) ओमोहाइड; मांस पेशी विशेष; अंस-कंठिनी।

omoideum–(Gk. *omos*, shoulder; *eidos*, shape.) ओमोइडियम; पक्षी कपाल की टेरीगोइड (pterygoid) हड्डी।

omosternum–(Gk. *amos,* shoulder; *sternon,* breast.) ओमोस्टर्नम; अग्रउरोस्थि; द्विधावासी (amphibian) की स्कन्धास्थि (shoulder bone) का अग्र टूक (anterior element)

omphalic–(Gk. *omphalos,* navel.) नाभीय; नाभि सम्बन्धी।

omphaloid–(Gk. *omphalos,* navel; *eidos,* like.) नाभिवत्; नाभि युक्त।

omphaloidium–(Gk. *omphalos,* navel; *idim,* dim.) नाभिका अंक; नाभिका किण; बीज की नाभिका (bilum) पर किण या अंक (scar)।

omphalomesentenic–(Gk. *omphalos,* navel; *mesenteron,* midgut) नाभि-अन्त्रयुज सम्बन्धी।

onchosphere–(Gk. *ohgkos,* hook; *sphaira* globe.) ओनकोस्फीयर; अर्भक विशेष; गोलांकुश।

ontocycle–(Gk. *on,* being; *kyklos;* circle.) सत्व विकास; अनरूप विकास; ऐसा विकास, जिसमें प्रथम स्थितियाँ (early stages) पूर्ण रूप से बाद की स्थितियों (later stage) के अनुरूप होती है।

ontogenesis, ontogeny–(Gk. *on* being; *genesis,* descent.) व्यक्ति वर्धन विकास; व्यत्तिवृत; व्यक्ति विकास विज्ञान; व्यक्ति विकास। व्यक्ति का जीवन इतिहास (देखिये, उल्टा phylogeny–जाति विकास विज्ञान)।

ontogenetic–(Gk. *on,* being; *genesis,* descent.) व्यक्ति विकास सम्बन्धी; व्यक्ति वृत्तीय; व्यक्ति के जीवन इतिहास सम्बन्धी।

onychium–(Gk. *onyx,* nail.) अध: नख पर्त; नाखूनों (नख) के नीचे का स्तर या पर्त।

onychogenic–(Gk. *onyx,* nail; *genos,* offspring.) नखोत्पादक।

onychophora–ओनाईकोफोरा; नखधारी; नखी।

ooapogamy–(Gk. *oon,* egg; *apo,* away; *gamos,* marriage.) अनिषेक परिणय।

ooblastema–(Gk. *oon,* egg; *blastos,* *bud.*) निषिक्त डिम्व। गर्भाधान के बाद का अण्डा।

oocarp–(Gk. *oon,* egg; *karpos,* fruit.) निषिक्त डिम्व कोशिका।

oocyst–(Gk. *oon,* egg; *kystis,* bladder.) डिम्व सिस्ट; डिम्ब स्योति; युग्मदपुटी; संयुग्मी (conjugating) जन्युओं (gametes) को घेरे हुए सिस्ट या स्योति (cyst)।

oocyte–(Gk. *oon,* egg; *kytos,* hollow.) पूर्व डिम्व कोशिका; अंडक; प्रथम लोपिका (first polar body) के पृथक् होने से पूर्व का डिम्व।

oocytin–(Gk. *oon,* egg; *kytos,* hollow) वीर्याणु कषाय; वीर्याणुओं (sperms) से निकला हुआ रस, जिसमें उसी जाति के डिव्वों को निषिक्त करने की क्षमता होती है।

ooecium–(Gk. *oon,* egg; *oikos,* house.) डिम्व-कोषिका।

oogamete–(Gk. *oon,* egg; *gamos,* marriage.) मादा जन्यु।

oogamous–(Gk. *oon,* egg; *gamos,* marriage.) विषम जन्युक।

oogamy–(Gk. egg; *gamos,* marriage.) विषम जन्युता; विषम युग्मकता।

oogenesis–(Gk. *oon,* egg; *genesis,* descent.) डिम्वोत्पादन; डिम्व जनन; डिम्व परिपक्वता; अण्ड, जनन।

oogloea–(Gk. *oon,* egg; *gloia,* glue.) डिम्व श्लेष।

oogonial–(Gk. *oon,* egg; *gonos,* descent.) आद्यडिम्व कोष्ठी; डिम्वपूर्वक-कोष्ठीय; डिम्व मातृ कोष्ठी।

oogonium–(Gk. *oon,* egg; *gonos,* offspring.) यूगोनियम; डिम्ब मातृ कोष्ठ; डिम्व पूर्वज कोशिका; आद्य डिम्व कोशिका; अंडधानी; अंडजननी।

ooid–(Gk. *oon.* egg; *eidos,* form.) अण्डोपम; अण्डाकार; अण्ड की आकृति का।

ookinesis–(Gk. *oon,* egg; *kinein,* to move.) डिम्व विभाजन।

ookinete–(Gk. *oon,* egg; *kinein,* to move,) कृमिकाणु; ऊकेनाइट।

oolemma–(Gk. *oon,* egg; *lemma,* husk.) (१) डिम्वान्नकला। (२) विषद मण्डल (zona pellucida)।

oology–(Gk. *oon*, egg; *logos*, discourse.) अण्ड विज्ञान; डिम्ब-विज्ञान।

oophore–(Gk. *oon*, egg; *pherein*, to bear,) डिम्ब कोष (ग्रन्थि); डिम्बधारी।

oophoridium–(Gk. *oon*, egg; *pherein*, to bear; *idion*, *dim.*) गुरुबीजाणुधानी।

oophyte–(Gk. *oon*, egg; *phyton*, plant) ऊफाइट; अंडोद्भिद; युग्मकोद्भिद।

(१) लिवरवर्टस (liverworts) जैसे पौधों में लैंगिक संतति;

(२) युग्मकोद्भिद (gametophyte)।

ooplasm–(Gk. *oon*, egg; *plasma*, mould.) डिम्ब सत्व।

oopod–(Gk. *oon*, egg; *pous*, foot.) अण्ड स्थापकांश; दंशांश।

ooporphyrin–(Gk. *oon*, egg; *porphyra*, purple.) ऊपोरेफिरिन; पक्षियों के अंडकवच (egg shell) का वर्णक (pigment)।

oosome–(Gk, *oon*, egg; *soma*, body.) डिम्ब पिण्ड; डिम्बध्रुवी पिण्ड।

oosperm–(Gk. *oon*, egg; *sperma*, seed.) निषिक्त डिम्ब; भ्रूण कोष्ठ; निषिक्तांड।

oosphere–(Gk. *oon*, egg; *sphaira*, globe.) अनिषिक्त डिम्ब: मादा जन्यु; निषेक से पूर्व डिम्ब, अंड; अंडगोल।

oospore–(Gk. *oon*, egg; *sporos*, seed.) निषिक्त डिम्ब कोशिका t

oostegite–(Gk. *oon*, egg; *stege*, roof.) डिम्ब कुटल; अंडपात्र; अंडछाद।

oostegopod–(Gk. *oon*, egg; *stege*, roof.) डिम्ब कुटलपाद; अंडछादप्रद।

ootheca–(Gk. *oon*, egg; *theke*, case.) डिम्ब-पिटिका; अंडकवच; कीटों (insects) में अण्डों का बक्स या पिटिका।

ootid–(Gk. *oon*, egg; *idion*, dim.) डिम्बांशी।

ootocoid–(Gk. *oon*, egg; *tokos*, offspring; *eidos*, form.) अण्डोपम शिशु (भ्रूण)।

ootocous–(Gk. *oon*, egg; *tokos*, offspring.) अण्डज; अण्डे देने वाला।

ootype–(Gk. *oon*, egg: *type*, place.) ऊटाइप; संगमा वृति। डिम्ब प्रणाली का वह भाग जहां कर्पर (shell) तथा डिम्ब (yolk) ग्रन्थियों (glands) की नलिकाओं (ducts) का संगम होता है।

ooze–(A. S. *wos*, juice,) चुन; ऊज; निपंक।

oozoite–(Gk. *oon*, egg; *zoon*, animal) अण्डजीव; ट्यूनीकेट्स (tunicates) में, निलिंगी पितृ (asexual parents)।

oozoid–(Gk. *oon*, egg; *zoon*, animal; *eidos*, from.) अण्डज; अण्डे से बना हुआ प्राणी; अंडजीवक।

opaque–(L. *oyaqns*, dark.) अपारदर्शक; अपारदर्शी; अपार्थ पारान्ध।

opercular–(L. *operculum*, lid.) प्रच्छदी; गिलावरणी; छदी।

operculate–(L. *operculum*, lid.) छन्न; छदी छद युक्त; प्रच्छदी।

oerculiform–(L. *operculum*, lid; *forma*, shape.) छदोपम।

operculigenous–(L. *operculum*, lid; Gk. *genos*, offspring.) छदज।

operculum–(L. *operculum*, lid.) प्रच्छद; गिल-आवरण; छद; आच्छद; गिल छद्। मत्स्यों (fishes) का छद् (cover); कुछ पक्षियों (birds) के नथुने (nostrils) और कानों (ears) को ढकने वाला चपटा ढक्कन; मास कैपसूल (mass capsule) का ढक्कन।

opesia–(Gk. *ope*, hole) कला छिद्र; पोलीजोआ में मुखद्वार के नीचे कला छिद्र।

ophiocephalous–(Gk. *ophis*, serpent; *kephale*, head.) सर्पशिरस्क (मर्मक विशेष); सर्पशीर्ष।

ophiopluteus–(Gk. *ophis*, serpent; L. *pluteus*, shed.) ओफियोप्लूटियस; अहिलूमीप्लूटियस (मर्मक विशेष)।

ophiuroid–(Gk. *ophis*, serpent; *oura*, tail; *eidos*, form.) अहिलूमी।

ophryon–(Gk. *ophrys*, brow.) सन्धितट; आनन-मस्तिष्क सन्धि तट।

ophthalmic–(Gk. *ophthalmos*, eye.) चक्षु; चाक्षुष; नेत्र सम्बन्धी; नेत्र।

opisthaptor– (Gk. *opisthe*, behined; *haptein*, to fasten, पश्च स्थरिक; ट्रिमेटोडा (Trematoda) में पश्च चूषक या विम्ब।

opisthion–(Gk. *opisthe*, behind.) ओपिसथियोन; महा छिद्र (foramen magnum) के पश्च तट का मध्य विन्दु।

ophidian–(Gk. *ophidion*, *dim*, of *ophis*, a serpent.) सृपी; सर्प वर्ग; सर्प-सम्बन्धी; ओफीडियम।

ophiology–(Gk. *ophis*, serpent; *logos*, discourse.) सर्प विज्ञान।

ophiophagous–(Gk. *ophis*, serpent; *phagein*, to eat.) सर्प भोजी; सर्पाहारी।

ophite–(Gk. *ophis*, serpent.) सर्पाकार।

opisthocoelous–(Gk. *opisthe*, behind; *koilos*, hollow.) पश्चगर्त धारी; पश्चगर्ती। ऐसे कशेरु (vertebrate) जिनके केन्द्रक (centrum) पीछे की ओर गर्त युक्त या पुटाकार (concave) होते हैं।

opisthodetic–(Gk. *opisthe*, behind; *detos*, bound.) पश्च बंधी; पश्चस्थ।

opisthoglossal–(Gk. *opssthe*; behind; *glossa*, tongue.) पश्च मुक्त जिह्वी। ऐसे जन्तु, जिनकी जीभ पीछे से स्वतन्त्र तथा सामने से जुड़ी रहती है।

opisthognathous–(Gk. *opisthe*, behind; *ganthos*, jaw.) अपक्रम हान्वी; पीछे की ओर घूमे हुए जबड़े वाला।

opisthonephros–(Gk. *opisthe*, behind; *nephros*, kidney.) भ्रूण वृक्क। मध्य या अन्त उत्सर्गीय (meso and metanephric tubules) युक्त भ्रूण का विसर्जन अंग।

opisthosoma–(Gk. *opisthe*, behind; *soma*, body.) पश्च-प्रदेश (देह); अनुकाय; दैहिक पश्चपिण्ड।

opisthotic–(Gk. *opisthe*, behind; *ous*, ear.) पश्चकर्णास्थि; पश्च कर्णक; कर्ण पश्चिक।

opisthure–(Gk. *opisthe*, behind; *oura*, tail.) पश्च वर्धन; कशेरु दण्ड का पिछला निकला हुआ भाग।

opponeus–(L. *opponere*, to oppose.) ओपोन्यूस; पर्त संयुज पेशी।

opposite–(L. *opponere*, to oppose.) अभिमुख; सम्मुख; विरुद्ध; विपरीत; प्रतिगामी; सामने का।

opsonic–(Gk. *opsonein*, to cater.) ऑप्सोनिक; बैक्टीरिया भक्षक; ऑप्सोनिनीय।

opsonin–(Gk. *opsonein*, to cater.) ऑप्सोनिन; बैक्टीरिया नाशक। रुधिर का वह मौलिक अंश (constituent) जो भक्षक कोशिकाओं (phagocytes) को बैक्टीरिया विनाश करने में सहायता देता है।

optic–(Gk. *opsis*, sight.) चाक्षुषी; नेत्रीय; नेत्र सम्बन्धी; दृष्टि सम्बन्धी; दृष्टिक; अक्षि; चाक्षुष।

optic disc–दृक्तंत्रिका की प्रवेश का क्षेत्र; अन्ध विन्दु।

optic lobes–दृक्पालिकायें; पिंड-युगल (corpora bigemina)।

optic nerve–नेत्र नाड़ी; नेत्र तंत्रिका; दृक्तंत्रिका।

optic rod–दृक्शलाका (rhabdome)।

optical–(Gk. *opsis*, sight. चाक्षुष; आँख का; दृष्टि सम्बन्धी; चाक्षुषीय।

optical lobe–(Gk. *opsis*, sight.) चाक्षुष; आँख का; दृष्टि सम्बन्धी चाक्षुषीय।

optical lobe–(Gk. *opsis*, sight.) दृष्टि-दल; दृष्टि पिण्ड; अक्षि पिण्ड; मस्तिष्क का वह दल या पिण्ड (lobe) जो नेत्रों से सम्बन्धित रहता है।

opticociliary–(Gk. *opsis*, sight; L. *colia*. eyelashse) चाक्षुष-पक्ष्याभिकी तंत्रिका।

opticon–(Gk. *opsis*, sight) आपटीकॉन; कीटों में पिंड-युगल का आन्तरिक क्षेत्र (मण्डल)।

opticopupillary–(Gk, *opsis*, sight; L. *pupilla*, pupil of eye) चाक्षुष-तारा तंत्रिका।

optimum–(L. *optimus*, best.) अत्यधिक; इष्टतम; अनुकूलतम।

optocoel–(Gk. *opsis*, sight; *koilos*, hollow.) चाक्षुष-विवर दृक्निलय; मस्तिष्क के चाक्षुष (optical) दलों (lobes) का विवर (coel)।

peloric–(Gk. *pelorios,* monstrous) सृष्टिक्रम वाह्य; अक्रमक्रमी (पुष्प); ऐसा पुष्प जो सामान्यता अक्रमिक होता है क्रमिक हो जाता है।

pelta–(Gk. *pelte,* shield) फलक।

peltate–(Gk. *pelte,* shield.) फलकी; छत्रिकाकार।

pelvic–(L. *pelvis,* basin.) श्रोणीय; वस्ति; पेड़ू सम्बन्धी; श्रोणी।

pelvic girdle–श्रोणी वलय; कटिचक्र; श्रोणि मेखला।

pelvis–(L. *pelvis,* basin.) वस्ति; श्रोणि; श्रोणि प्रदेश।

pelvisternum–(L. *pelvis,* basin, L. *sternum,* breast bone.) उपनितम्वास्थि; श्रोणि-उरोस्थि।

pen–(L. *penna,* feather.) (१) पर्ण मध्य शिरा; (२) सिफैलोपोडा (cephalopoda) का खृंङ्ग (gladius)।

pendulous–(L. *pendere,* to hang.) अप्रलम्वी; लोलकी; निलंवी।

penetrance–(L. *penetrare,* to penetrate.) जीन प्रभव; अभीक्ष्णता।

penial setae–गुदा लोम; मैथुन-शूक।

penicillate–(L. *penicillum,* painter's brush.) लोमशिखरी; वर्तिकोपम; कूर्चाकार।

penicillus–(L. *penicillus,* painter's brush.) वर्तिकी; कूर्चिका।

penis–(L. *penis,* penis.) शिश्न; नरंग (नरांग); नर संयोगांग; लिंग।

pennaceous–(L. *penna,* feather.) पंखी; पिच्छी।

pentacapsular–(Gk. *pente,* five.) L. *capsula,* capsule, पंचपुटी।

pentacarpellary–(Gk. *pente,* five; *karpus,* fruit.) पंच अडपी।

pentachenium–(Gk. *pente,* five; *a,* nob; *chainein,* to gape) पंच अंडपी भिदुर (schizocarp)।

pentacoccous–(Gk. *pente,* five, *kokkos,* karnel.) पंचवीजी या पंच अंडपी।

pentacrinoid–(Gk. *pente,* five; *kokkos,* kernel.) पेन्टाक्रिनोइड (अर्भक विशेष)।

pentactinal–(Gk. *pente,* five; *akis,* ray.) पंच किरणी; पंच शाखीय।

pentacula–(Gk. *pente,* five; L. *aculeus,* prickle.) पंच स्पर्शकी। कंटक देहियों (echinoderms) के जीवन वृत (life history) में पंच स्पशंक (five tentacles) युक्त स्थिति।

pentacylic–(Gk. *pente,* five; *kyklos,* circle.) पंच वृती।

pentad–पंचतय; पंच।

pentadactyl–(Gk. *pente,* five; L. *findere to* cleave.) पंचांगुलिक; पंचागुलि।

pentadelphous–(Gk. *pente,* five; *adelphous,* brother.) पंच संघी।

pentadactyl limb–पंचागुलि अवयव; इस प्रकार का अवयव कशेरुकों के चार वर्गों–एम्फीबिया, सृपी, पक्षी और स्तनी में होता है। अवयव तीन भागों–उर्ध्व वाहु (upper arm) या उरू (thigh); अग्रवाहु (fore arm) जंघा (shank), और हाथ या पाँव। अन्तिम भाग में पाँच उंगलियां होती हैं इसी कारण इस अवयव को पंचांगुलि अवयव संज्ञा दी गई है यह अवयव भौमिक जीवन के हेतु एक अनुकूलता है।

pentafid–(Gk. *pente,* five; *findere,* to cleave.) पंचविभक्ती।

pentagonal–(Gk. *pente,* fize; *gonia,* angle,) पंच कोणी।

pentagynous–(Gk. *pente,* five; *gyne;* woman.) पंच वर्त्तिकी; पंच शूकिकी।

pentamerous–(Gk. *pente,* five; *meros,* part.) पंचभागी; पंचांशी।

pentandruus–(Gk. *pente,* five; *aner,* male.) पंच पुंकेसरी।

pentapetalous–(Gk. *pente,* five; *petalon,* leaf,) पंचदली।

pentaploid–(Gk. *pente,* five; *haploos,* simple;

eidos, form.) पंच गुणक सूत्री; पच गुणित; पाँच गुना परम्परा सूत्रों या गुण सूत्रों (chromosomes) की संख्या वाला ।

pentapterous–(Gk. *pente*, five; *pteron*, wing.) पंच पंखी; पंच पक्ष ।

pentarch–(Gk. *pente*, five: *arche*, beginning.) पंच वृत खण्डी ।

pentasepalous–(Gk. *pente*, five; F. *sepale*, sepal.) पंच वाह्यदली ।

pentastichous–(Gk. *pente*, five; *stichos*, row.) पंच पंक्तिक ।

pepo–(Gk, *pepon*, melon.) पीपो (कुकरबिटेसी कुल का फल); यह अधोवर्ती (इन्फीरियर), एक कोष्ठी या त्रिकोष्ठी युक्ताण्डप जायांग (syncarpous gynaecium) से विकसित होता है। इनमें बाह्यफल भित्ति एक दृढ़ छिलका (rind) बनाती है तथा बीज प्लेसेण्टा (बीजाण्डासन) से लगे होते हैं जैसे खीरा, ककड़ी, लौकी, कद्दू, खरबूजा आदि ।

pepsin–(Gk. *pepsis*, digestion.) पेप्सिन; आमाशय का पाचक क्षोभक रस जो नमक के तेजाव (hydrochloric acid) के साथ मिलकर या उसकी उपस्थिति में प्रोटीन (protein) पर प्रभाव डालता है और उसको पेपटोन (peptone) में बदल देता है ।

peptic–(Gk. *peptein*, to digest) पेपसीनोजन; पेपसीनोत्पादक (पाचक उद्दीपक) ।

peptone–पेप्टोन ।

peptonephridia–(Gk. *pepsis*, digestion; *nephros*, kidney.) पाचकोत्सर्गिका; पाचक-उत्सर्गिका ।

perch–(Gk. *perke*, perch.) वासयष्टि; संडी; पक्षिसाद ।

percnosome–(Gk. *perknos*, dark; *soma*, body.) गूढ़ पिण्ड ।

percurrent–(L. *percurrens*, running through.) सर्वधावित; आदैर्ध्य वर्धी; समस्त लम्बाई में फैली हुई अधर से चोटी तक ।

peregrine–प्रभ्रमी ।

pereion–(Gk. *peraioun*, to convey.) वक्षान; केंकड़ा वंशी (crustacea) का वक्ष ।

pereiopods–(Gk. *peraioun*, to convey; *pous*, foot.) वक्षानपाद; धड़ावयव ।

perennation–(L, *per*, through; *annus*, year.) वर्षायुसता (वर्ष-आयुसता) ।

perennial–(L. *per*, through; *annus*, year.) वर्षायुस; बारहमासी; बहुवर्षी; चिरस्थाई ।

perennibranchiate–(L. *per*, through; *annus*; year; Gk. brangchia, gills.) अपातिक्लोम; आयुस गिली: समस्त या यावत जीवन गिल या गिलफड़ा रहने वाला जैसे कुछ एक द्विधावासी या एम्फीबियनस (amphibians) ।

perfect–(L. *perfectus*, finished.) पूर्ण; अखण्ड; निर्दोष; निपुण; परिपूर्ण; आदर्श; यथार्थ ।

perfoliate–L. *per*, through; *folium*, leaf.) छिद्रीपर्ण; ऐसी पत्ती (पर्ण) जिसमें आधार पालि इस प्रकार मिली हों कि उनमें से स्तम्भ निकलता हुआ सा प्रतीत हो ।

perforate–(L. *perforare*, to bore through.) छिद्री; छेद युक्त ।

perforator–(L. *perforare*, to bore through.) वेधक; वेधनिका ।

perforatorium–(L. *perforare*, to bore through.) वेधक शीर्ष; छिद्रकांगक; प्रवेधक, (देखिये Acrosome) ।

perhydridase–(L *per*, through; Gk. *hydor*, water.) परहाइड्राइडेस; एक क्षोभक विशेष ।

perianth–(Gk. *peri*, around, *anthos*, flower.) पुष्पाच्छद्, परिदलपुंज; जब बाह्यदलपुंज और दलपुंज एक ही आकार व रंग के हों, तो ऐसी दशा में आवर्तों को परिदलपुंज कहा जाता है। देखिये polyphyllous-पृथक परिदलीय; gamŏphyllous-संयुक्त परिदलीय ।

periblast–(Gk. *peri*, around; *blastas*, bud.) (१) वाह्यस्तर, परिकोरक; (२) षटपाद या कीट (insect) भ्रूण (embryo) की एक स्तर पट (blastoderm) ।

periblastic–(Gk. *peri*, around; *blastas*, bud.) वाह्यस्तरी; वाह्यस्तर सम्बन्धी ।

periblastula–(Gk. *peri*, around; *blastos*, bud.) एक स्तरोपरि; उपरि एक स्तर; ऐसा एक स्तर

(blastula) जो वाह्यस्तर (periblast) विभाजन या खण्डन (segmentation) से बना हो।

periblem–(Gk. *peri*, round; *blema*, coverlet.) वल्कुटजन; परिऊतक; त्वचाजन (dermatogen) और रंभजन (plerome) के वर्धित बिन्दुओं पर स्थिति आधार (ground) या मौलिक (fundamental) ऊतक के स्तर।

peribranchial–(Gk. *peri*, around; *brangchia*, gills) गिलोपरि; परिक्लोम।

pericardiac-perichardial–(Gk. *peri*, round; *kardia*, heart) हृतोपरि; हृद्वेष्टनी; परिहृत्य; परिहृदा।

pericardium–(Gk. *peri*; round; *kardia*, heart.) हृदावरण; हृदयावरण; परिहृद; हृद्वेष्टन; हृदय को ढकने वाला झिल्ली (वन्धक तन्तु)।

pericarp–(Gk. *peri*, around; *karpos*, fruit.) फलभित्ति; फलावरण; परिफलभित्ति; फल के अंडाशय की भित्ति।

pericellular–(Gk. *peri*, round; L. *cellnia*, smal(cell.) परिकोष्ठज।

pericentral–(Gk. *peri*, round; *kentron*, centre.) परिकेन्द्री।

pericentric–(Gk. *peri*, round; *kentron*, centre.) परिकेन्द्रक।

perichaetial–(Gk. *peri*, around; *chaite*, hair.) परिधानी सम्बन्धी; परिधानीय।

perichaetium–(Gk. *peri*, around; *chaite*, hair.) परिधानी; परिलिंगधानी, ब्रायोफाइटा में स्त्रीधानी archegonium) या पुंधानी (antheridium) को घेरे हुए कला या पर्ण।

perichondral–(Gk. *peri*, round; *chondros*, cartilage) परि उपस्थिज; पर्युपास्थिक।

perichondrium–(Gk. *peri*, round; *chondros*, cartilage.) उपास्थि वेष्टन, पर्युपास्थि; वह सौत्रिक आवरण जो उपास्थि को घेरे रहता है।

perichordal–(Gk. *peri*, round; *charde*, cord.) परिपृष्ठ दण्डी; पृष्ठदण्डोपरि; परिपृष्ठ रज्जुक; परिरज्जुक।

perichrome–(Gk. *peri*, round; *chroma*, colour.) परिनिस्ल पिण्डी।

pericranium–(Gk. *peri*, around; *kranion*, skull.) परिकपाल; कपाल वेष्टन; कपाल वरण; कपालास्थिच्छद।

pericycle–(Gk. *peri*, around; *kyklos*, circle.) परिरम्भ।

pericyte–(Gk. *peri*, around; *kytos*, hollow.) परिकोष्ठ; परिकोशिका।

peridental–(Gk. *peri*, round; L. *dens*, tooth.) परिदन्त; दन्त वेष्टन।

periderm–(Gk. *peri*, round; *derma*, skin.) त्वकोपरि; परिचर्म; परित्वक; वाह्य वल्क; परिचर्म।

peridesm–(Gk. *pari*, round; *desme*, bundle) परिसंवहन-बंडल।

peridesmium–(Gk. *peri*, round; *desmos*, band.) तन्तु वेष्टन; परितन्तु।

perididymis–(Gk. *peri*, around; *didymos*, testicle.) वृषणोपरि।

peridial–(Gk. *peridion*, small wallet.) फलक फल भित्तिक।

peridiolum–(*Dim*, of Gk.,*peridim*, small wallet) लघु पेरीडियम।

peridium–(Gk. *peridiun*, small wallet.) पेरीडियम; कवकफल भित्ति; वाह्यावरण; फूत्कार कन्दुक; कवक तन्तु वल्कल।

peridural–(Gk. *peri*, around; L. *durus*, hard.) परिस्तिष्काच्छदी। वृद्धि (growth) के उत्तर पक्ष में परिमस्तिष्काच्छद स्थल (perimeningeal space)।

perientric–(Gk. *peri*, around; *enteron*, gut.) परिआंत्री।

perienteron–(Gk. *peri*, around; *enteron*, gut.) अरि आंत्र।

perifoliary–(Gk. *peri*, around; L. *folium*, leaf.) परिपर्णतटी।

periganglionic–(Gk. *peri*, round; *ganglion*, little tumour,) परिगण्डीय, परिगुच्छिकीय; परिगुच्छिक।

perigastric–(Gk. *peri*, around; *gaster*; stomach.) परि देहांगिक; परि आमाशयिक।

perigastrium–(Gk. *peri*, around; *gaster*, stomach.) देहकुहर या सीलोम; उदर-कोटर।

perigastrual–(Gk. *peri*, round; *gaster*, stomach.) परिद्वस्तर।

perigemmal–(Gk. *peri*, round; *gemma*, bud.) परिकलिकीय; परिकोरक; परिस्वादुकोरक।

perigonium–(Gk. *peri*, round; *gona*, seed.) परि जनन पुट; परिगोनियम।

perigynium–(Gk. *peri*, round; *gyne*, female) स्त्रीधानी आवरण; परिस्त्रीधानी।

perigynous–(Gk. *pari*, round; *gyne* female) परिजायांगी; वाह्यदलपुंज, दलपुंज तथा पुंकेसरी के जायांग (gynoeciun) को घेरे हुए।

perigyny–(Gk. *pari*, round; *gyne*, female) परिजायांगी बिन्यास।

perihaemal–(Gk. *peri*; round; *haima*, blood.) परिरक्तीय, पेरिहीमल।

perikaryon–(Gk. *peri*, around; *karyon*, nucleus.) परिअष्टि; परिकेन्द्रक; परिन्यूक्लियस।

perilymph–(Gk. *peri*, round; L. *lympha*, water.) पेरीलिम्फ; परिलिम्फ परिलसीका। कर्ण कोटर (auditory capsule) और कर्ण यन्त्र (internal ear) के मध्य के स्थल का द्रव।

perimedullary–(Gk. *peri*, around; L. *medulla*, morrow, परिमज्जा; तने के पिथ (मज्जा) को घेरे हुए (क्षेत्र)।

perimeningeal–(Gk. *peri*, round; *meningx*, membrane) परि मस्तिष्काच्छदी।

perimetrium–(Gk. *peri*, round; *metra*, womb. गर्भाशय वेष्टन; परिगर्भाशय।

perimysium–(Gk. *peri*, round; *mys*, muscle.) पेशी बन्धक; परिपेशिका; पेरीमाइसियम, कई एक रेशों और पुट्ठों को बांधने वाला बन्धक तन्तु।

perineal–(Gk. *perinaion*, part between anus and scrotum.) पेरीनियल, मूलाधार सम्बन्धी; वृषण (testicle) और पायु (anus) के मध्य के स्थान सम्बन्धी।

perinaeum–(Gk. *parinaion*, part between anus and scrotum) पेरीनियम, मूलाधार।

perinephrium–(Gk. *peri*, round; *nephros*, kidney.) वृक्कावरण; परिवृक्क।

perineurium–(Gk. *peri*, round; *neuron*, nerve.) परिनाड़ी सूत्र, परितंत्रिका सूत्र; परितंत्रिका।

perineuronal–(Gk. *peri*, round; *neuron*, nerve.) परिनाड़ी कोष्ठक; नाड़ी कोष्ठावरण; तंत्रिका कोषिकावरण।

perinium–(Gk. *peri*, round; *is*, fibre) परिलघुबीजाणु; एपी-स्पोर; किन्हीं फर्न में लघुस्पोर वाह्यावरण।

period–(Gk. *periodos*, circuit.) काल; समय; युग; आवर्त काल; अवधि; कल्प।

periodicity–(Gk. *peridos*, circuit.) नियत कालता; आवर्तिता।

periodontal–(Gk. *peri*, round; *odous*, tooth.) दन्तावरण; परिदन्त; दन्त वेष्टन।

perioesophageal–(Gk. *peri*; round; *oisophagos*, gullet.) परिनिगरणी, परिग्रसनी।

periople–(Gk. *peri*, round; *hoplon*, shield.) खुरावरण; परिखुर।

periopticon–(Gk. *peri*; round; *opsis*, *sight*.) परिचक्षु; उपचक्षुक; परिअक्षिक। षटपादों या कीटों (insects) में चक्षुदलों (optic lobes) का चक्षु के सबसे समीप का क्षेत्र (zone)।

periosteum–(Gk. *peri*, round; *osteon*, bone) वाह्य या परि अस्थि वेष्टन; अस्थिच्छद; पर्यस्थिकला; अस्थिआवरण।

periostracum–(Gk. *peri*, round; *ostrakon*, shield.) पेरीओस्ट्रेकम; परिशुक्तिज; परिकवच; कर्पर वाह्यस्तर।

periotic–(Gk. *peri*, round; *ous*, ear.) पेरीओटिक; परिकर्ण; परिकर्णिक।

peripetalous–(Gk. *peri*, round; *petalon*, leaf.) परिदली।

peripharyngeal–(Gk. *peri*, round; *pharyngx*, gullet.) परिकण्ठीय।

peripheral–(Gk. *peaipherein*, to move round.) परिवेशी; परिधि–; केन्द्र से परे; परिधीय; परिरेखीय।

peripheral nervous system–परिधि तंत्रिका तंत्र;

केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र को छोड़ कर शेष समस्त तंत्रिका तंत्र। ये मुख्यतः तंत्रिकाओं का होता है जो कार्यकर (effectors) और ग्राही (receptors) से लगी होती है। वे तंत्रिका सूत्र जो ग्राही को केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र से मिलते हैं संवेदीय तंत्रिका सूत्र (sensory nerve fibres) होते हैं तथा जो कार्यंकर से केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र को जोड़ते हैं गति कारक तंत्रिका सूत्र होते हैं। एक ही तंत्रिका में यह साथ-साथ हो सकते हैं पर पारस्परिक क्रिया अन्तर्ग्रंथन (synapse) के माध्यम से ही कर पाते है।

peripherical–(Gk. *peripherein*, to move round.) परिभ्रूणपोषक; बीज में भ्रूणपोष (endosperm) को घेरे हुए भ्रूण।

periphysis–(Gk. *peri*, round; *physis*, growth.) परिऋद्धि।

periplasm–(Gk. *peri*, around; *plasma*, mould.) केन्द्र सत्व; परिसत्व; परिद्रव्य।

periplasmodium–(Gk. *peri*, around; *plasma*, model; *eidos*, form) परिप्लासमोडियम; परिप्लज्मोडियम।

periplast–(Gk. *peri*, round; *plastos*, moulded.) परिकण; केन्द्र पिण्ड; परिद्रव्यक।

peripneustic–(Gk. *peri*, round; *pneustikos*, pert, breathing) पार्श्व श्वास छिद्री; परिश्वासी; परिरन्ध्र (श्वसन तंत्र)।

periproct–(Gk. *peri*, round; *proktos*, anus.) परिपायु; परिगुद; परिगुदक; पेरिप्राक्ट।

perisarc–(Gk. *peri*, round; *sarx*, flesh) बहिद्रव वाह्यावरण; परिकला।

periscleral–(Gk. *peri* round; *skleros*, hard.) परिस्क्लीरा।

perisome–(Gk. *peri*, round; *soma*, body.) परिस्कलीरा।

perisome–(Gk. *peri*, round; *soma*, body.) परिपिण्ड; परिभित्ति; देहभित्ति; परिकायिक; त्वक्; शूल देहियों (echinoderms) का त्वक् (integument)।

perisperm–(Gk. *peri*, around; *sperma*, seed.) परिवीर्याणु; डिम्बाष्टि अवशेष; परिभ्रूण पोष।

perispiracular–Gk. *peri*, round; L. *spiraculum*, air hole.) परिवात छिद्री।

perispore–(Gk. *peri*, around; *sporos*, seed.) स्पोरावरण; परि स्पोर; बीजाणु चोल।

perissodactyl–(Gk. *perissos*, odd; *daktylos*, finger) विषमांगुलिक; एक खुरीय; पेरिसोडैक्टाइला। जैसे घोड़ा, टेपीर (tapirs), गेंडा (rhinoceros) आदि।

peristalsis–(Gk. *peri*, round; *stellein*; to draw in.) पैरिस्टोलसिस; परिकुंचन; क्रमाकुंचन; अन्न प्रणाली का कृमिसम-आकुंचन।

peristaltic–(Gk. *peri*, round; *stellein*, to draw in.) परिकुंचन; परिकुंचनी; क्रमाकुंचक।

peristasis–(Gk. *peri*, round; *stasis*, standing.) परिटेसिस; परिस्थिति।

peristatic–(Gk. *peri*, round; *stasis*, standing) परिस्थतिक।

peristethium–(Gk. *peri*, round; *stethos*, breast.) परिमध्य स्तनंम।

peristigmatic–परिवात छिद्री।

peristome–(Gk. *peri*, round; *stoma*, mouth.) परिमुख; परिछिद्र, पेरिस्टोम।

peristomium–(Gk. *peri*, round; *stoma*, mouth.) परिमुख–; परिमुख खण्ड; परितुंड; पेरिस्टोमियम।

perisystole–(Gk. *peri*, round; *systole*, drawing together.) हृतसंकोचान्तर। प्रसार तथा संकुचन के मध्य का अन्तर।

perithecium–(Gk. *peri*; round; *theka*, case.) पेरीथीसियम; फ्लास्क रूपी ऐस्कोकार्प।

peritoneal–(Gk. *peri*, around; *thele*, nipple.) परिकेशिका; केशिकावरण।

peritoneum–(Gk. *peri*, ronnd; *teinein*, to stretch.) अन्त्रवेष्टनी; अन्त्र वेष्टन सम्बन्धी।

perithelium–(Gk. *peri*, around; *teinein*, to stretch.) अन्त्र वेष्टन; गह्वर वेष्ट; उदरास्तर; उदर्या; पर्युदर्या।

peritreme–(Gk. *peri*, round; *trema*, hole.) परिद्वार; कर्परद्वार तट।

peritrichous–(Gk. *peri*, round; *thrix*, hair.) परिरोमी; परिपक्ष्माभ ।

peritrochium–(Gk. *peri*, round; *trochos*, wheel.) वृतन्त्री; गोलाकार तन्त्रों से युक्त अर्भक या लार्वा (larva) विशेष ।

peritrophic–(Gk. *peri*, round; *trophe*, food.) परिपौष्टिक; परिवृत्ती; परिपोष ।

periuretheral–(Gk. *peri*, round; *ourethro*, from ouron.) परिशिश्न ।

perivascular–(Gk. *peri*, round; L. *vasculum*, small vessel.) परिरक्तनलिका; परिवाहिक ।

perivisceral–(Gk. *peri*, round; L. *viscera*, bowels) परिदेहांगी; परिदेहांग; पर्यंतरंग ।

perivitelline–(Gk. *peri*, round; L. *vitellus*, yolk of egg.) परियोक; परिडिम्बान्न; परिपीतक ।

perizonium–(Gk. *peri*, around; *zone*, girdle.) परिमेखलो ।

permanent cartilage–स्थाई (स्थायी) उपास्थि; सर्वकालीन उपास्थि । ऐसी उपास्थि जो यावत (समस्त) जीवन अस्थि में परिणित नहीं होती है ।

permanent teeth–स्थाई (स्थायी) दांत; स्थिर दन्त ।

permanent tissue–स्थाई ऊतक ।

Permian–पर्मीयन; परमियन; पर्मियन ।

peronate–(L. *peronatus*, round-booted.) उर्णावृत ।

peroneal–(Gk. *perone*, fibula) फिबुला सम्बन्धी ।

peroneotibial–(Gk. *perone*, fibula; L. *tibia*, tibia.) पेरानियोटिबियल; फिबुला (fibula) और टिबिया (tibia) अस्थियों के क्षेत्र में स्थित ।

peroral–(L. *per*, through; *os*, mouth.) परिमुखी ।

peroxidase–(L. *per*, through; Gk. *oxys*, sharp.) पेर-ऑक्सीडेस (एन्जाइम); ऑक्सीजन पर-ऑक्साइड को क्रियाशील करने वाला एन्जाइम ।

perpendicular–लम्ब ।

perradius–(L. *per*, through; *radius*, radius.) मुख्य व्यासार्ध ।

perseveration–(L. *perseverare*, to persist.) अभिनिवेशता ।

persistent–(L. *persistere*, to preserve.) अजर; अपाती ।

person–(L. *persona*, person.) जन; व्यक्ति; शरीर; देह ।

personate–(L. *personatus*, masked.) छद्मवेशिन ।

perspiration–(L. *per*, through; *spirare*, to breathe.) स्वेद; पसीना; स्वेदन ।

pertusate–(L. *pertusus*, thrust through.) शिखर छिद्रक; विदरमुक्त ।

perula–(*Dim*. of L. *pera*, wallet.) पेरूला; पर्णकोरक शल्क ।

pervalvar–(L. *per*, through; *valvar*, folding doors.) लम्बद्विभाजक; परापाटीय ।

pervious–(L. *per*, through; *via*, away.) व्याप्य; प्रवेश; प्रवेशनीय ।

pes–(L. *pes*, foot.) पाद; पाँव; पैर ।

pessulus–(L. *pessulus*, bolt.) पेसूलस; स्वरास्थिटूक (पक्षियों का) ।

pest–अनिष्टकारी; विनाशकारी; कंटक; नाशक जीव ।

petal–(Gk. *petalon*, leaf.) पंखुडी; दल पत्र ।

petaliform–(Gk. *petalon*, leaf; L. *forma*, shape.) दलपत्रोपम ।

petalled–(Gk. *petalon*, leaf.) दल पत्र युक्त ।

petalody–(Gk. *petalon*, leaf; *eidos*, form.) दलपत्र सम; फल के अन्य भागों का दलपत्रों में परिवर्तित होना ।

petaloideous–(Gk. *petalon*, leaf; *eidos*, form.) दलपत्रसमी ।

petasma–(Gk. *petasma*, anything spread out.) प्टासमा; स्फुटित; कॅकड़ावंशियों (crustaceans) का एक अवयव ।

petiolar–(L. *petiolus*, small foot.) डण्ठली; वृंतीय, पर्णवृंतीय ।

petiolate–(L. *petiolus*, small foot.) डण्ठली ।

petiole–(L. *petiolus*, small foot.) पिटियोल
(१) पर्ण वृन्त; पत्ती का लम्बा डण्डल के समान भाग ।
(२) तनुवृन्त—कीटों में वक्ष और उदर को जोड़ने वाला पतला डण्ठलनुमा आकृति ।

(३) लघु पट्टिका—मकड़ी में स्पर्शकांग के अधर पर लघु पट्टिका ।

(४) परिणत पिच्छक-पिच्छाधार पर चपटा और परिवर्तित पिच्छक (barb) ।

petiolule–(*Dim*. of L. *petiolus*, small foot.) पत्रकवृन्त ।

petrifaction–(L. *petra*, rock; *facere*, to make.) अश्मीकरण; अश्मन; अश्मी भवन ।

petrology–शैलविज्ञान; शैलकी ।

petromastoid–(Gk. *petros*, stone; *mastos*, breast; *eidos*, form.) पेट्रोमैसटोइड ।

petro-occipital–(Gk. *petros*, stone; L. *occiput*, back of head) पेटरो-ऑक्सीपिटल (दरार) ।

petrophyte–(Gk. *petros*, stone; *phyton*, plant.) अश्मी पौधा ।

petrosal–(Gk. *petros*, stone.) निविडास्थिक; अश्म ।

petrosphenoisal–(Gk. *petros*, stone; *sphen*, wedge; *eidos*, form.) अश्म-स्फीनोइड; स्फीनोइड और टेम्पोरल के पेटरस (petrous) भाग सम्बन्धी ।

petrosquamodal–(Gk. *petro*, stone; L. *squama*, scale.) अश्म-स्क्वेमोजल सम्बन्धी ।

petrotympanic–(Gk. *petros*, stone; *tympanon*, drum.) अश्म-आनन (दरार) ।

petrous–(Gk. *petros*, stone.) अश्मी; अश्माभ; अश्मवत् ।

Peyer's glands or patches–(*J. C. Peyer*, Swiss anatomist.) पेयर-ग्रन्थियाँ या खण्ड; अंत्र भित्ति पर लसीका कणों के गोल खण्ड । **pH**–पीएच–घोल की क्षारीयता या अम्लीय बताने की मात्रात्मक विधि अर्थात् हाइड्रोजन आयनों की सान्द्रता प्रति लिटर ग्राम परमाणुओं की किसी घोल में । उदासीन घोल का pH–७; अम्लीय घोल का pH–७ से कम तथा क्षारीय घोल का pH–७ से अधिक होता है ।

phacella–(Gk. *phakelos*, bundle of faggots.) फेसिला; आमाशयिक सूत्र; पंक्तिका ।

phacoid–(Gk. *phakos*, lentil; *eidos*, form.) मसूरोपम; लेन्साकार ।

phaeism–(Gk. *phaios*, dusky.) अस्पष्टता ।

phaeno also pheno–फीनो; ईष ।

phaenogam–(Gk. *phainein*, to show; *gamos*, marriage.) ईषयुग्मन; फेनरोगम (Phanerogam); ईषपरिगय; फीनोगम; व्यक्त पुष्पी पादप ।

phaeodium–(Gk. *phaios*, dusky; *eidos*, form.) परिपुरीष; कुछ रेडियोलेरिया (Radiolaria) में खाद्य और विसर्जित पदार्थों का पुंज केन्द्रीय सम्पुट छिद्र को घेरे हुए ।

phaeomelanin–(Gk. *phaios*, dusky; *melas*, black.) ईषकृष्णता ।

phaeophyll–(Gk. *phaios*, dusky; *phyllon*, leaf.) ईष बभ्रु शैवाल वर्ण; बभ्रु (भूरा) शैवाल का वर्ण पदार्थ ।

phaeochrome–(Gk. *phaios*, dusky; *chroma*, colour.) ईषवर्ण ।

phaeochrous–(Gk. *phaios*, dusky; *chros*, colour.) ईषवर्णी ।

phage–(Gk. *phagein*, to eat.) भक्षक; विभोजी; फेज; फाज ।

phagocytable–(Gk. *phagein*, to eat; *kytos*, hollow.) भक्षक-कोष्टक; कोष्ठ-भक्षणी ।

phagocyte–(Gk. *phagein*, to eat; *kytos*, hollow.) भक्षक-कोशिका; भक्षकाणु; फ़ैगोसाइट । अमीबा (Amoeba) के आकार वाला वह कोशिका जो अन्य कोशिका तथा विदेशीय पदार्थ (foreign bodies) का भक्षण करता है ।

phagocytosis–(Gk. *phagein*, to eat; *kytos*, hollow.) भक्षक-कोशिका भक्षण; कोशिकाशन; जीवाणु भक्षण; भक्षक कोशिकों द्वारा जीवाणुओं का भक्षण ।

phagolysis–(Gk. *phagein*, to eat; *lysis*, loosing.) भक्षक-कोशिका ह्रस्व ।

phagozoite–(Gk. *phagein*, to eat; *zoon*, animal.) मृतकजीवी; मृतकाहारी ।

phalange–(Gk. *phalangx*, line of battle.) पोरूआ (देखिये Phalanx) ।

phalangeal–(Gk. *phalangx*, line of battle.) पर्व; पर्व सम्बन्धी; अंगुलास्थि सम्बन्धी ।

phalanx-phalanges–(Gk. *phalangx*, line of battle.) १–पर्व; पोरू। २–अंगुलास्थि: पोरू की हड्डी।

phallomere–(Gk. *phallos*, penis; *meros*, part.) शिश्नटूक; शिश्नखण्ड; शिश्नकपाट (षटपादों या कीटों insects में)।

phallosome–(Gk. *phallos*, penis; *soma*, body.) शिश्न पिण्ड; मध्य पिण्ड; शिश्नकाय।

phallus–(Gk. *phallos*, penis.) फैलस; शिश्नज; लिंगज; शिश्न।

phanerocodonic–(Gk. *phaneros*, manifest; *kodon*, bell.) व्यक्त मुकुल।

phanerogam–(Gk. *pheneros*, manifest; *gamos*, marriage) पुष्पीय पौधे; व्यक्त पुष्पी (पादप); बीजाणु-पादप; फैरोगैम [देखिये क्रिप्टोगैम]।

phanerogamous–(Gk. *phaneros*, manifest; *gamos*, marriage.) व्यक्तपुष्पी; ऐसे पौधे जिनमें पुंकेसर और स्त्रीकेसर युक्त पुष्प होते हैं।

phanerophyte–(Gk. *phaneros*, manifest; *plyton*, plant) सुव्यक्तपादप; फेनरोफाइट; वागवी सुप्त कोरक वृन्त या क्षुप।

phaoplankton–(Gk. *phaos*, light; *plangkus*, wandering.) तल प्लावी; प्रकाश गम्य अगाधी।

phaosome–(Gk. *phaos*, light; *soma*, body) प्रकाशांगी।

pharmacodynamics–(Gk. *pharmakon*, drug; *dynamis*, power.) औषधि विज्ञान।

pharyngeal–(Gk. *pharynx*, gullet.) कण्ठिकी; कण्ठ सम्बन्धी; ग्रसनी; ग्रसनीय।

pharyngobranchial–(Gk. *pharynx*, gullet; *brangehia*, gills.) शिखर गिलक; कण्ठ गिल सम्बन्धी; क्लोम ग्रसनी।

pharyngohyal–(Gk. *pharynx*, gullet; *hyoeides*, Y–shaped.) शिखर-जिह्वक।

pharynx–(Gk. *pharynx*, gullet.) फैरिंक्स; कण्ठ; गला; ग्रसनी।

phase–(O E. *fesian*, to derive away.) अवस्थिति; स्थिति; प्रावस्था; कला।

phasmids–(Gk. *phasma*, apparition.) छाया कण; पश्चक; पर्णाभक; फैस्मिड।

phelloderm–(Gk. *phellos*; cork; *derma*, skin.) कार्कचर्मी; काग-अस्तर।

phellogen–(Gk. *phellos*, cork; *gennaein*, to generate.) कार्कजन; कागजन।

phengophil–(Gk. *phenggos*, light; *philos*, friend.) प्रकाश प्रेमी।

phengophobe–(Gk. *phenggos*, light; *phobos*, fear) प्रकाशघृणी।

phenocopy–(Gk. *phainein*, to appear; F. *copie*, copy, from L.L. *copia*, transcript.) आविर्भावी; व्यक्तज; लक्षणकृति; जलवायु के प्रभाव से प्राणियों की आकृति में परिवर्तन होने के कारण बनी आकृति।

phenology–(Gk. *phainein*, to appear; *logos*, discourse.) व्यक्तज विज्ञान; आविर्भाव शास्त्र; घटना-विज्ञान।

phenotype–(Gk. *phainein*, to appear; *typos*, image.) व्यक्तादर्श; समलक्षणी; लक्षण प्ररूप; दृश्य-रूप; व्यक्त व्यवस्था। (तुलना के लिए देखिए genotype)।

phenotypic–(Gk. *phainein*, to show; *typos*, image.) व्यक्तक; लक्षणप्ररूपी; समलक्षणीय; व्यक्त व्यवस्था सम्बन्धी। ऐसे लक्षण जो वातावरण के प्रभाव के कारण व्यक्त हो जाते हैं।

pheron–(Gk. *pherein*, to bear.) फिरोन; एन्जाइम का कलिल धारक मुख्य तत्व। (देखिए: agon–एगोन; symplex–सिम्पलेक्स)

phialide–(Gk. *phiale*, bowl; *eidos*, form.) पुट-ग्रीवोपम (बीजाणुधारी शाखा)।

phialopore–(Gk. *phiale*, bowl; *poros*, chornel.) पुटग्रीवा छिद्र (वोल्वोक्स)।

philuum–(Gk. *philtron*, philtre.) अवटी; ऊपर के होठ (upper lip) पर नासिका व्यवधान (septum of nose) के नीचे स्थिति गड्ढा या अवटी (depression)।

phlebenterism–(Gk. *phleps*, vein; *entron*, intestine.) अन्त्र विष्कदता; अन्त्र विस्तृतता। अन्त्र शाखाओं का अन्य भागों तक फैले होने की दशा।

phleboedesis–(Gk. *phleps*, vein; *oidein*, to swell.) रुधिर तन्त्र शूयमानता; संवहन तंत्र का इतना फूला होना कि देह कोटर (सीलोम) घटकर अत्यन्त छोटी हो जावे। जैसा मौलस्का के जन्तुओं में।

phloem–(Gk. *phloios*, smooth back.) फ्लोएम; पोषवाह; वाहक बन्डलों का मुलायम बास्ट (bast) जो चलनी नलिका ऊतक से बना होता है।

phloem parenchyma–फ्लोएम पैरन्काइमा; पोषवाह मृदूतक; फ्लोएम की चलनी-नलिकाओं से सम्बन्धित पतली भित्ति वाला मृदूतक (पैरन्काइमा)।

phloem sheath–फ्लोएम पिधान।

phobotaxis–भयानुचलन।

phloeotrema–(Gk. *phloios*, bark; *terma*; end.) अन्तश्छद; वल्कल या कॉरटेक्स की सबसे अन्दर का स्तर।

phobotaxis–(Gk. *phobos*,, manifest, fear; *taxis*, arrangement.) परिहार वृत्ति।

phobia–भीति; भय।

pholadophyte–(Gk. *pholas*, lurking; *phyton*, plant.) प्रकाशपरिहारी पादप; सुषिर पादप।

pholidosis–(Gk. *pholis*, scale.) शल्क न्यास।

phonation–(Gk. *phone*, sound.) स्वरोच्चारण; ध्वनि उच्चारण; उच्चारण; स्वनन।

phonoreceptor–(Gk. *phone*, sound; L. *receptor*, receiver.) ध्वनि ज्ञापक; ध्वनि ग्राही।

phoranthium–(Gk. *pherein*, to bear; *anthos*, flower.) फोरेनथियम; पुष्पासन; कम्पोजिटी पौधों का पात्र या आशय या आसन (receptacle)।

phoresia–(Gk. *pherein*, to bear.) फोरेसिया; लादना; एक अंगी (organism) का दूसरे अंगी द्वारा लाद कर ले जाया जाना।

phoront–(Gk. *phara*, producing; *on*, being.) फोरोन्ट; स्योति-अवस्था।

phorozooid–(Gk. *pherein*, to bear.; *zoon*, animal.) *eidos*, form.) फोरो मुकुल।

phorozoon–(Gk. *pherein*, to bear; *zoon*, animal.) फोरो जीव; अलिंगी जीव।

phosphagen–फोस्फेजन; (१) कशेरुक पेशी में क्रियेटिन फोस्फेट (creatine phosphate) जिसका संकुचन में क्रियेटिन और फोस्फेरिक अम्ल में विदलन हो जाता है और सामान्य स्थिति में आने पर पुनः निर्मित हो जाता है।

(२) अकशेरुकों की पेशी में आरजिनाइन फोस्फेट (arginine phosphate)।

phosphene–(Gk. *phos*; light; *phainein*, to show, फॉस्फीन; प्रकाश किरण के अतिरिक्त अन्य उत्तेजना का रेटीना पर हल्का प्रभाव।

phosporescence–(Gk. *phosphoros*, bringing.) स्फुरदीप्ति; बिना पर्याप्त ऊष्णता के दीप्त की दशा जैसी सामुद्रिक प्रोटोज़ोआ, कुछ कोपीपोडा (copepods) और अधिकांश अगाध सामुद्रिक जन्तुओं में पाई जाती है।

२–जैव संदीप्ति (bioluminescena)।

photic–(Gk. *phos*, light.) आलोकी; प्रकाशी; प्रकाश सम्बन्धी।

photism–प्रकाशन।

photochromatic–(Gk. *phos*, light; *chroma*, colour.) प्रकाशवर्णी; रंगान्तर।

photodinesis–(Gk. *phos*, light; *dine*, eddy.) प्रकाशावर्तता; प्रकाश द्वारा प्ररस (plasma) में गति या आवर्त (भँवर) प्रोत्साहित होना।

photodynamics–(Gk. *phos*, light; *dynamis*, strength.) प्रकाश गतिकी; पौधों पर प्रकाश प्रभाव का अध्ययन।

photogen–(Gk. *phos*, light; *genns*, producing.) प्रकाशजन; प्रकाशोत्पादक (अङ्ग)।

photogenic–(Gk. *phos*, light; *genes*, producing.) प्रकाशोत्पादक; प्रकाशजनक।

photokinesis–(Gk. *phos*, light; *kinesis*, movement.) द्युतिराशिकरण; प्रकाश गतिक्रम; अङ्गियों (organisms) का प्रकाश के प्रभाव के कारण एक स्थान में एकत्रित होना।

photonasty–(Gk. *phos*, light; *nastos*, close pressed.) प्रकाशामेघ्य; प्रकाशानुकुंचन।

photopathy–(Gk. *phos*, light; *pathos*, feeling.) प्रकाश वेदना। प्रकाशगम्यता।

photoperiod–(Gk. *phos*, light; *periodos*, circuit.) प्रकाश कार्यकाल; दीप्ति काल; अङ्गी का प्रत्येक

दिन प्रकाश मे रहने का समय जिसमें अधिकतम कार्य उसका शरीर करता है।

photoperiodism–(Gk. *phos*, light, *periodos*, circuit.) दीप्ति कालिता; प्रकाश कार्यकालता; किसी अङ्गी का दिन और रात्रि का सापेक्षिक प्रति उत्तर।

पौधों में दीप्ति कालिक प्रति उत्तर फाइटोक्रोम (phytochrome) रंजक के उत्क्रमणीय (reversible) गुण के कारण होती है और दिवा-ताल (diurnal rhythym) या सरकेडियन ताल (circadian rhythym) इसका मौलिक आधार होता है। कुछ पौधे जैसे क्राइजेन्थिमम (chrysanthemum), कोसमोस (cosmos), सोयाबीन (soyabean) केवल प्रकाश काल के प्रति उत्तर में ही पुष्पित होते हैं। इनका क्रांतिकाल (critical period) चौबीस घण्टे के चक्र में दिवस विस्तार (day length) से कम होता है अतः ऐसे पौधों को लघु दिवसी पौधे (short day plants) कहा जाता है। इनके विपरीत दूसरे पौधे जैसे मूली (radish), सलाद (lettuce) आदि दीर्घ दिवसी पौधे (long day plants) होते हैं। दीप्ति कालिक प्रति उत्तर पौधे की आयु और ताप के अनुसार भिन्न होता रहता है। दीप्ति कालिक उत्तेजना पत्तियों द्वारा ली जाती है और हार्मोन—जिसे फ्लोरीजन (florigen) की संज्ञा दी गई है—के रूप में वृद्धि विन्दु (growing point) की ओर प्रेषित होती है जहाँ ये पुष्पों को खिलने के लिए प्रेरित करती है।

जन्तुओं में भी कई कशेरुक जन्तुओं के प्रजनन काल (breeding season) के समय को भी दिवा-विस्तार day length) नियंत्रित करता है।

photosynthetic–(Gk. *phos*, light; *synthesis*, putting together.)।

photophil–प्रकाशरागी। प्रकाश संश्लेपता; कार्बन समीकरण द्वारा पोपण; हरीत पादप तुल्य भरण (पोषण)।

photophilous–(Gk. *phos*, light; *philos*, loving.) प्रकाश प्रेमी; प्रकाशरागी। प्रकाश समृद्धि। ऐसे जन्तु जो प्रकाश में भली भाँति जीवित रहते हैं।

photophobic–(Gk. *phos*, light; *phobos*, fear.) प्रकाश त्यागी; प्रकाश भीत।

photophore–(Gk. *phos*, light; *pharein*, to bear.) प्रकाशांग; प्रकापाघर; फोटोफोर।

photophygous–(Gk.. *phos*, light; *pyge*, flight.) प्रकाश परिहारी; प्रकाश त्यागी; प्रकाश द्वेषी।

photopic–(Gk. *phos*, light; *ops*, eye.) प्रभानेत्र; आलोकवृत्ति नेत्र।

photoreceptor–(Gk. *phos*, light; L. *receplus*, received.) प्रकाश ज्ञापक; प्रकाश ग्राही।

photospheres–(Gk. *phos*, light; *sphaira*, globe.) प्रकाश विन्दु; प्रकाश वृतांग; प्रकाश-मंडल।

photosynthesis–(Gk. *phos*, light; *synthesis*, putting together.) कार्बनीकरण; प्रकाश-संश्लेपण; कार्बन समीकरण; फोटोसिनथेसिस; सूर्य के प्रकाश में पौधों के हरे भाग (chlorophyll) द्वारा कार्बन (carbon) का समीकरण होना।

यह समीकरण क्लोरोप्लास्ट (हरित लवक) के अन्दर होता है सूर्य प्रकाश के अवशोषण से कई क्रमिक प्रकाश-रसायनिक (photochemical) क्रियायें आरम्भ होती हैं, जो प्रकाश-संश्लेपण का सबसे महत्वपूर्ण गुण होता है। जल के ऑक्सीकरण से ऑक्सीजन युक्त होता है और एक न्यूनीकारक (reducing agent) एनएडीपीएच$_2$ ($NADPH_2$) जनित होता है और प्रकाश फोस्फेटीकरण (photophosphorylation) प्रक्रिया से प्रकाश-ऊर्जा (light energy) ऊर्जा पूर्ण यौगिक एटीपी (ATP) के बनने से रसायनिक ऊर्जा (chemical energy) में परिवर्तित हो जाती है। यह सब अभिक्रियायें (reactions) क्लोरोप्लास्ट के ग्रैना (grana) [धान्य रूपीकण] में होती हैं। इन कणों में कुछ अभिक्रियायें और होती हैं जिन्हें 'अन्ध्र' अभिक्रियायें (dark reactions) कहा जाता है। एनएडीपीएच$_2$ की न्यूनीकरण शक्ति और एटीपी की ऊर्जा से कार्बन डाइऑक्साइड (CO_2) कार्बोहाइड्रेट में न्युनिता हो जाता है। प्रकाश संश्लेषण का मूलानुपाती सूत्र (empirical formula) निम्न होता है—

$$CO_2 + 2H_2O \xrightarrow[\text{Green plant}]{\text{light energy}} (CH_2O) + O_2 + H_2O$$

प्रकाश संश्लेषी बैक्टीरिया हरे पौधों से भिन्न होते हैं। इनमें हाइड्रोजन का स्रोत भिन्न होता है। बैंगनी और हरे गन्धक युक्त बैक्टीरिया में हाइड्रोजन, हाइड्रोजन सल्फाइड (H_2S) से लिया जाता है। गन्धकहीन बैक्टीरिया में कार्बनिक यौगिक हाइड्रोजन का स्रोत होते हैं।

phototaxis–(Gk. *puos*, light; *tasis*, arrangement.) प्रकाश न्यास; प्रकाश विन्यास; प्रकाशानुचलन।

phototonus–(Gk. *phos*, light; *tonos*, tension.) प्रकाशोत्थान; प्रकाश बोधता; प्रकाशाततित।

phototropism–(Gk. *phos*, light; *trope*, turn.) प्रकाशवृत्ति; प्रकाशानुवर्तन।

phragma–(Gk. *phragma*, fence.) फ्रेगमा; प्रावर; वृत्ति; वक्ष या उदर का कीटों में पटल भांज (endotergite) या पृष्ठ अन्तः अस्थि प्रवर्धन (aposdme)।

phragmocone–(Gk. *phragma*, fence; *konos*, cone.) प्रावर शंकु; वृत्ति शंकु।

phragmocyttarous–(Gk. *phragma*, fence; *kyttaros*, honey-comb cell.) आधार कंकती; (देखिए stelocyttarous–स्तम्भ कंकती)।

phragmoplast–(Gk. *phragma*, fence; *plastos*, moulded.) प्रावर-रचन; तर्कुटावस्था सूत्री; विभाजन (mitosis) में दीर्घ गोलाकार तर्कुटी (barrel-shaped spindle) स्थिति।

phragmospore–(Gk. *phragma*, fence; *sporos*, seed.) फ्रेगमोस्पोर; प्रावर स्पोर।

phratry–(Gk. *phratre*, a sub-division of a tribe.) फिरेत्री; उपसंघ शाखा; फ्रैट्री।

phrenic–(Gk. *phren*, diaphragm, mind.) डायफ्राम सम्बन्धी; डायफ्राम–; मध्यच्छद–।

phrenicocolic–(Gk. *phren*, diaphragm; *kolon*, lower part of intestine.) फिरेनी कोकोलिक; डायफ्राम (diaphragm) और कोलन या वृहदांत्र (colon) सम्बन्धी।

phrenicocostal–(Gk. *phren*, diaphragm; L. *eosta*, rib.) फिरेनी कोकोस्टल; डायफ्राम और पर्शु सम्बन्धी; डायफ्राम-पर्शुकीय।

phrenicolienal–(Gk. *phren*, diaphragm; L. *lien*, spleen.) डायफ्राम-स्प्लीन सम्बन्धी (लिगामैंट); मध्यपट-प्लीहा सम्बन्धी।

phrenicopericardiac–(Gk. *phren*, diaphragm; *peri*, around; *kardia*, heart.) मध्यपट-हृदयावरणी; मध्यपट (डायफ्राम से हृदयावरण, pericardium—तक फैला हुआ लिगामैंट।

phthisaner–(Gk. *phthisis*, wasting; *aner*, male.) क्षयिन नर; परिपुष्ट-नर। ऑरेसिमा (orasema) अर्भक द्वारा परान्नपुष्टी प्यूपीय (pupal) पियोलिका नर (चींटी)।

phthisergate–(Gk. *phthisis*, wasting; ergates, worker.) परिपुष्ट-उद्योगी; क्षयनि उद्योगी; ऑरेसिमा (orasema) अर्भक द्वारा परान्नपुष्टी प्यूपीय (pupal) उद्योगिक चींटी।

phthisogyne–(Gk. *phthsis*, wasting; *gyne*, female.) क्षयनि नारी; परिपुष्ट-नारी; ऑरेसिमा (orasema) अर्भक द्वारा परजीवी परान्नपुष्टी प्यूपीय नारी चींटी।

phycochrome–(Gk. *phykos*, seaweed; *chroma*, colour.) फाइकोक्रोम; नीलहरित वर्णक; नील हरित शैवाल का रंग।

phycochrysin–(Gk. *phykos*, seaweed; *chrysos*, gold.) फाइकोक्राइसिन; नारंग-पीत शैवाल का सहायी वर्णक।

phycocyanin–(Gk. *phykos*, seaweed; *kyanos*, dark blue) फाईकोसाइनिन; नील-हरित शैवाल का रंग।

phycoerythrin–(Gk. *phykos*, seaweed; *erythros*, red) फाइकोअरेथ्रिन; लाल-शैवाल का रंग।

phycology–(Gk. *phykos*, seaweed; *logos*, discourse) शैवाल विज्ञान; वनस्पति विज्ञान का वह भाग जो शैवाल (algae) से सम्बन्ध रखता है।

phycophaein–(Gk. *phykos*, seaweed; *phaios*, dusky) फाईकोफैन; भूरे शैवाल का रंग।

phycoxanthin–(Gk. *phykos*, seaweed; *xanshos*, yellow) फाईकोजैन्थिन; डायएटम और भूरे शैवाल का पांडुवर्ण।

phryon–शिरोन्नम।

phyla–(Gk. *phylon*, tribe.) संघ; वर्गीकरण (classification) में समस्त जन्तु राष्ट्र या जगत (animal kingdom) संघ (phylum) में बाँटा जाता है।

phylacobiosis–(Gk. *phylox*, guard; *biosis*, manner of living) रक्षित सहजीवन।

phylactocarp–(Gk. *phylaktikos*, guarding; *karpos*, fruit.) जनकपोलिय प्रावरण; हाइड्रोमेडूसी में

जनकपोलिप (genophore) की सुरक्षार्थ हाइड्रोक्लोडियम का परिवर्तित रूप।

phylembryo–(Gk. *phylon*, race; *embryon*, embryo.) जातीय भ्रूण; प्रोटिगूलम (अर्घ गोलाकार भ्रूण कवच) के सम्पूर्ण होने के बाद की ब्रेकियोपोडा की एक वर्धनावस्था।

phylephebic–(Gk. *phylon*, race; *ephebeia*, manhood.) सन्तति प्रौढ़ावस्था।

phyletic–(Gk. *phylon*, race.) संघ सम्बन्धी।

phyllade–(Gk. *phyllas*, foliage.) फिलेड; न्यूनित शल्कवत् पर्ण।

phyllary–(Gk. *phyllon*, leaf.) फाईलेरी; कम्पोजिटी के सहपत्र चक्र (involucre) का एक सहपत्र (bract)।

phyllidium–(Gk. *phyllidion*, little leaf.) फिलीडियम; पर्णिका; सेसटोइडिया (cestoidea) के मीवासिर (scolex) से निकला हुआ अतिवर्धित भाग।

phyllobranchia–(Gk. *phylloin*, leaf; *brangchia*, gills.) पत्रगिल; पर्णक्लोम।

phylloclade–(Gk. *phyllon*, leaf; *klados*, sprouts) पर्णाभ स्तम्भ; फिलोक्लेड; मांसल हरा तना; ऐसे तने शुष्क वातावरण में रहने वाले पौधों में पाये जाते हैं। यह तना मांसल तथा हरा होता है जिससे यह अपने शरीर में जल की अधिक मात्रा संचित कर लेते हैं तथा प्रकाश-संश्लेषण भी कर लेते हैं—जैसे नागफनी।

phyllocyst–(Gk. *phyllon*, leaf; *kystis*, bladder) पर्णकोषिका।

phyllode–(Gk. *phyllon*, leaf; *eidos*, form.) पर्णाभवृन्त; पर्णाभवृन्त रूपी पर्णवृन्त; फिल्लोड; पीटियोल (petiole) या ऐफिस चपटे होकर पत्ती-सदृश हो जाते हैं। उदाहरण—अकेशिया (बबूल) की कुछ स्पीशीज़।

phyllody–(Gk. *phyllon*, leaf; *eidos*, form.) पर्णान्तरण; किसी अंग (organ) का पर्ण में परिणित होना।

phylloerythrin–(Gk. *phyllon*, lea`; *erythros*, red.) फिलोअरेथ्रिन; बिलीपरप्यूरिन (bilipurpurin); कोलोटीमेटिन (cholotaematin); क्लोरोफिल से प्राप्त होने वाला लाल वर्णक जो तृणाहारी स्तनी के पित्त में होता है।

phyllogenetic–(Gk. *phyllon*, leaf; *genesis*, discent) पर्णजनक।

phylliod–(Gk. *phyllon*, leaf; *eidos*, form) पर्णाभ।

phyllomania–(Gk. *phyllon*, leaf; *mania*, madness.) पर्ण बाहुलता; पर्ण वातुलता; असाधारण पत्ती उत्पन्न होना।

phyllomorphosis–(Gk. *phyllon*, leaf; *morphosis*, form.) पर्णान्तरण; विभिन्न मौसमों में पत्तियों की विभिन्नता।

phyllophagous–(Gk. *phyllon*, leaf; *phagein*, to eat) पत्र जीवी; पत्ती हारी; पर्ण भक्षी।

phyllophore–(Gk. *phyllophoros*, leaf; *bearing*.) पर्णधार; ताड़ वृक्षों में अन्त्य कोरक या वर्धित बिन्दु।

phyllophorous–(Gk. *phyllophoros*, leaf; bearing.) पर्णधारी।

phyllopode–(Gk. *phyllon*, leaf; *pous*, foot.) पिधान पर्ण; आइसोटीज़ (Isoetes) की पिधानी पर्ण।

phyllopodium–(Gk. *phyllon*, leaf; *pous*, foot.) पर्णाक्ष; पर्ण अक्ष।

phyllopodous–(Gk. *phyllon*, leaf; *pous*, foot.) पत्रपादी; पर्णपाद।

phylloptosis–(Gk. *phyllon*, leaf; *ptosis*, falling.) पर्णपतन; पर्णपात।

phyllosiphonic–(Gk. *phyllon*, leaf; *sphon*, tube.) पर्ण साइफनी; पर्ण प्रभव का इस प्रकार निवेश की अक्षीय रंभ ऊतक भंग हो जावे।
[देखिये—cladostiphonic]

phyllospondybous–(Gk. *phyllon*, leaf; *spondylos*, vertebra.) पत्र-कशेरू।

phyllotaxis–(Gk. *phyllon*, leaf; *taxis*, arrangement.) पर्ण विन्यास।

phyllozooid–(Gk. *phyllon*, leaf; *zoon*, animal; *eidos*, form.) पर्ण-मुकुल; फलकोपम मुकुल।

phylobiology–(Gk. *phylon*, race; *bias*, life; *logos*, discourse.) जाति जीव विज्ञान।

phylogenesis-phylogeny–(Gk. *phylon*, race; *genesis*, descent.) जाति विकास; जाति विकास विज्ञान; जातिवृत्त।

phylogenetic–(Gk· *phylon*, race; *genesis*, descent.) जाति विकास सम्बन्धी; जातिवृतीय ।

phylogerontic–(Gk. *phylon*, race; *geron*, old man.) जाति ह्रास; प्रजातिवृद्ध; जाति इतिहास की हीन या अवनत दशा (अवस्था) ।

phylon-phylum–(Gk. *phylon*, race.) संघ ।

phyloneanic–(Gk. *phylon*, race; *neanikos*, youthful.) कौमारिक ।

phylonepionic–(Gk. *phylon*, race; *nepios*, infant.) पश्च भ्रूणिकावस्था; प्रजाति शिशु ।

phylum–(Gk. *phylon*, race or tribe.) संघ; फाइलम ।

phyone–(Gk. *phyein*, to make to grow.) फियोन: वृद्धि उद्दीपक; पिटुइटरी (pituitary) पिण्ड के स्राव का एक तत्व जो वृद्धि को नियन्त्रित करता है ।

physa–(Gk. *physa*, bellows.) फाइसा; गोलाधार; भस्त्री; बिल में रहने वाले (burrowing) सीएनीमोन (sea-ane-mone) का परिणित गोलमूल (modified rounded based) ।

physicist–(Gk. *physikos*, physical.) भौतिक विज्ञान-वेत्ता ।

physiogenic–(Gk. *physis*, nature; *genes*, producting.) व्यापार जनित ।

physiogeny–(Gk. *physis*, nature; *genes*, producting.) व्यापार जनन ।

physiognomy–रूपाकृति विज्ञान ।

physiogony–रूप ।

physiology, physiolagy–(Gk. *physis*, nature; *logos*, discourse) प्रक्रिया विज्ञान; शरीर क्रिया विज्ञान; फिजियोलोजी; कायिकी; व्यापार विज्ञान; जीव-विज्ञान (biology) की वह शाखा जो शरीर के विविध अङ्गों (organs), तन्तुओं या ऊतकों (tissues) और कोशिकाओं (cells) आदि के कार्य या व्यापार (function) के वर्णन से सम्बन्ध रखती है ।

physoclistous–(Gk. *physa*, bladder; *kleinein*; to close) स्रोतहीन; अमुखवाताशयी; पाचक प्रणाली और प्लावी आशय (swim bladder) को संयुक्त करने वाली नलिका या स्रोत का न होना जैसे अधिकांश अस्थि मत्स्यों (teleosts) में ।

physodes–(Gk. *physa*, bubble.) फाइसोड; डिम्बिका; पुटिका ।

physogastry–(Gk. *physan*, to below up; *gaster*, belly.) विउत उदरी; अतिमेदस वर्धता; षटपादों या कीटों (insects) में उदर का अत्याधिक वसा (excessive fat) के कारण बढ़ा होना ।

physostomous–(Gk. *physa*, bladder; *stoma*, mouth) स्रोती ।

phytobiology–(Gk. *phyton*. plant; *bios*, life; *lagos*, discourse.) वनस्पति जीव विज्ञान; पादप विज्ञान; द्रुमजीव विज्ञान; द्रुम या पौधों के जीवन इतिहास सम्बन्धी विज्ञान ।

phytobiotic–(Gk. *phyton*, plant; *bios*, life.) वनस्पति वासी; पौधों के अन्दर रहने वाला जैसे कुछ एक कोष्ठी या कोशिकीय (protozoa) ।

phytochemistry–(Gk. *phyton*, plant; *chemeia*, transmutation) वनस्पति रसायन शास्त्र ।

phytochromes–(Gk. *phyton*, plant; *chroma*, colour.) पादप वर्ण; पौधों के क्रोमोप्रोटीन जैसे कुछ सामुद्रिक तृणादिक (sea weed) के वर्णक । यह प्रकाश उत्क्रमणीय (reversible) होते हैं । लाल प्रकाश किरणों द्वारा हार्मोन उत्पन्न करते हैं जो वृद्धिकारक होते हैं ।

phytocoenosis–(Gk. *phyton*, plant; *koinos*, common.) वनस्पति समुदाय; किसी विशिष्ट स्थल के समाहार पौधे ।

phytogenesis–(Gk. *phyton*, plant; *genesis*, descent.) पादप संवर्धन ।

phytogenous–(Gk. *phyton*, plant; *genos*, generation.) पादपोद्भव; वनस्पति प्रभव ।

phytogeography–(Gk. *phyton*, plant; *ge*, earth; *graphein*, to write.) वनस्पति भूगोलिक विवरण अध्ययन ।

phytohormones–(Gk. *phyton*, plant; hormaein, to excite) वनस्पति हार्मोन; पादप हार्मोन ।

phytoid–(Gk. *phyton*, plant; *eides*, form.) तरु सम; पादपक; जैस जन्तु मुकुल (zooid) ।

phytology–(Gk. *phyton*, plant; *logos*, discourse) वनस्पति विज्ञान; पादप विज्ञान ।

phytoma–(Gk. *phyton*, plant.) वनस्पतिक तत्व ।

phytome–(Gk. *phyton*, plant.) उद्भिद ।

phytomer–(Gk. *phyton*, plant; *meros*, part.) कलिकाधारी पर्व; पौधे की कोई रचनात्मक इकाई ।

phytomorphic–(Gk. *phyton*, plant; *morphe*, form.) द्रुम समावृतिक ।

phyton–(Gk. *phyton*, plant.) फाइटॉन, मौलिक तरु; पादप ।

phytonomy–(Gk. *phyton*, plant; *nomos*, law.) वनस्पति व्यवहार विज्ञान । पौधों या वनस्पति (plants) के उद्भव (origin) और वर्धन (development) सम्बन्धी नियम ।

phytopathology–(Gk. *phyton*, plant; *pathos*, suffering; *logos*, discourse) वनस्पति रोग विज्ञान ।

phytophagous–(Gk. *phyton*, plant; *phagein*, to eat; *philos*, loving.) वनस्पति आहारी; तृण जीवी; पादप भक्षी ।

phytophysiology–(Gk. *phyton*, plant; *physis*, nature; *logos*, discourse) वनस्पति (पादप) क्रिया विज्ञान ।

phytoplankton–पादप-प्लवक ।

phytoplasm–(Gk. *phyton*, plant; *plasma*.) वनस्पति प्लाजमा; वनस्पति सत्व (प्ररस) ।

phytosociology–(Gk. *phyton*, plant; L. *socious*, campanion; Gk. *logos*, discourse.) वनस्पति-समाजविज्ञान अध्ययन; वनस्पति विज्ञान की वह शाखा जिसमें पौधों या वनस्पति की परिस्थितिकी (ecology), क्षेत्र वर्णननी (chorology) और आनुवंशिकी (genetic) का अध्ययन किया जाता है ।

phytotomy–(Gk. *phyton*, plant; *tome*, cutting.) वनस्पति विच्छेदन ।

phytotoxin–(Gk. *phyton*, plant; *toxikon*, poison.) वनस्पति विष; पादप आविष ।

phytotrophic–(Gk. *phyton*, plant; *trephein*, to nourish) तरुसम भोजी; वनस्पति वृत्ति ।

piamater–(L. *piamater*, kind mother) कोमलाच्छद; केन्द्रीय तंत्रिका मंडल को घेरे हुए अत्यन्त कोमल रक्त पूर्ण झिल्ली (आच्छद) ।

pigment–(L. *pingere*, to paint) वर्ण; रंग; वर्णक ।

pigment cell–रंग कोष्ठ या कोशिका ।

pigmentation–(L. *pingere*, to paint) वर्ण न्यास; रंग भाव; वर्णकता ।

piecs–(L. *petium*, a piece of land) टूक; टुकड़ा ।

pileated–(L. *pileus*, felt cap) किरीटि; कलंगी युक्त; पाइलिया युक्त ।

pileolated–(L. *pileolus*, small cap) सिरस्त्राणिक ।

pileolus–(L. *pileolus*, small cap) लघु सिरस्त्राण; छत्रोपम; छत्रिका ।

pileorhiza–(L. *pileus*, cap; Gk. *rhiza*, root) मूलाग्र आच्छद; मूल-गोप (root cap) ।

pileum–(L. *pileum*, cap) सिरस्छत्र ।

pileus–(L. *pileus*, cap) सिरस्छत्र; छत्र ।

pilidium–(Gk. *pilidion*, small cap) पाइलीडियम; सिरस्त्राणाकार; निर्मटिया (nemertea) जन्तुओं का सिरस्त्राणोपम (helmet-shaped) अर्भक या लार्वा ।

pilifer–(L. *pilus*, hair; *ferre*, to carry) पिलिफर; रोमधर; तितलियों आदि के लेब्रम (labrum) का एक भाग ।

piliferous–(L. *pilus*, hair; *ferre*, to carry) रोमी; रोममुक्त; रोमोत्पादक; रोमधारक ।

pilomotor–(L. *pilus*, hair; *movere*, to move) रोम गति कारक ।

pilose–(L. *plius*, hair) तृणलोमी; मृदुलोमवत्; रोमों से ढका हुआ ।

pilus–(L. *plius*, hair) तूलरोम ।

pinacocytes–(Gk. *pinax*, tablet; *kytos*, hollow) फलक कोशिका; शल्क कोशिका; सपाट कोशिका ।

pincers–चंगुल; संदिश; संदंशिका; चिमटी ।

pineal body or gland–पिनियल पिण्ड या ग्रन्थि; मस्तिष्क स्थिति वाली हीन ग्रन्थि, जिसके स्राव से लिंग ग्रन्थियों का विकास होता है ।

pineal sac–पिनियल कोश; अधिप्रवर्ध (epiphysis) के अन्ताशय (end vesicles) जैसे स्फीनोडोन (sphenodon) में ।

pineal system–पिनियल तंत्र; पैराइटल अंग (parietal organ) और संलग्न संरचनायें जैसे पिनियल कोश;

वृन्त; तंत्रिकायें; पैरापिनियल अंग और अधिप्रवर्ध (epiphysis) आदि।

pin-eyed–अल्पभूपुंकेसरी एवं नलिकाकार दल के मुंह पर चक्षु चिन्ह् (stigma) युक्त। (देखिये–thrum-eyed दिशा-चक्षुक)

pinna–(L. *pinna*, feather) पिन्ना; वाह्य कर्ण।

pinnate–(L. *pinna*, feather) पर्णी; पिच्छाकार।

pinnatifid–दीर्घ पिच्छाकार।

pinnatilobate–(L. *pinna*. feather; *lobus*, lobe) पिच्छाकार दलीय।

pinnation–(L. *pinna*, feather) पिच्छीय।

pinnatipartite–(L. *pinna*, feather; *partitus*, divided) पिच्छाकार विभक्त।

pinnatiped–(L. *pinna*, feather, *pes*, foot) पिच्छीपादांगुलि जैसे पक्षियों की पादांगुलि (toes)।

pinnatisect–(L. *pinna*, feather; *sectus*, cut) पिच्छाकार दलीय; लगभग आधार या मध्यशिरा (mid rib) तक दलों में वढ़ी हुई पत्ती युक्त।

pinnatodentate–(L. *pinna*, feather; *dens*, tooth) पिच्छदन्तुरिक।

pinnato pectinate–(L. *pinna*, feather; *pecton*, comb) पिच्छ कंकती।

pinniform–(L. *pinna*, feather; *forma*, shape) पक्षाकार; पर्णोपम।

pinninervate–(L. *pinna*, feather; *nervus*, sinew) पद तंत्रिकी।

pinnule–(L. *pinnula*, dim. of *pinna*, feather) पक्षिक; पिन्यूल; भुजपक्ष; पिच्छिक।

pinocytosis–(Gk. *piein*, to drink; *kytos*, hollow) कणिका भक्षण; कोशिका पाचन।

pinulus–(L. *pinulus*, small fir) पिन्युलस; परिभद्रक; चीड़ कंटिका।

piscicolous–(L. *piscis*, fish; *colere*, to inhabit) मत्स्य वासी: मत्स्यों में रहने वाला परजीवी (parasite) आदि।

pisciculture–मत्स्यपालन।

pisces–(L. *piscis* fish) मत्स्य; मीन।

pisciform–(L. *piscis*, fish; *forma*, shape) मत्स्योपम; मत्स्याकार; मत्स्य रूप।

piscivore–मत्स्याहारी।

piscivorous–(L. *piscis*, fish; *vorere*, to devour) मत्स्याहारी; मत्स्य भक्षी।

pisiform–(L. *pisum*, pea; *forma*, shape) सतीलोपम; मटराकार; गोलकास्थि; मणिवन्धकास्थि।

pisohamate–(L. *pisum*, pea; *hamus*, hook) पिसो हेमेट; मणिवन्धास्थि (carpalbone) और हुकोपम (hamate) अस्थि को जोड़ने वाला पेशीवन्ध (लिगामेंन्ट)।

pisometacarpal–(L. *pisum*, pea; Gk. *meta*, beyond; L. *carpus*, wrist) पिसोमेटाकार्पल (लिगामेन्ट); मणिवन्धकास्थि और पंचम करभास्थि को जोड़ने वाला पेशीवन्ध (लिगामेन्ट)।

pistil–(L. *pistillum*, pestle)–स्त्रीकेसर; अरूपी अण्डप; पुष्प का बीजधारण करने वाला अंग जो अण्डाशय (ovary), वृत्तिकार (style) और वर्तिकाग्र (stigma) से मिलकर बनता है।

pistillate–(L. *pistillum*, pestle) स्त्रीकेसरधारी।

pistillidium–(L. *pistillum*, pestle; Gk. *idion*, *dim.*) पिस्टीलीडियम; मादा लैंगिक अंग; ब्रायोफाइटा; टेरीडोफाइटा और जिमनोस्पर्म का मादा लैंगिक अंग।

pistillody–(L. *pistillum*, pestle; Gk. *eidos*, form) स्त्रैणांगन; पुष्प के किसी भी अंग का अण्डपों (carpels) में परिवर्तन।

pistillum–(L. *pistillum*, pestle) पिस्टीलम (पेशीपुंज)।

pit–(A.S. *pyt*, pit) गड्ढा; गर्त।

pitcher–(L.L. *picarium*, beaker) घट।

pitcher leaf–घटपर्णी, जैसे नेपेन्थीज (Nepenthes) की पत्ती।

pith–A.S. *pitha*, pith) पिथ; मज्जा; द्विवीजपत्री तने का केन्द्रीय क्षेत्र या मेडुला।

pitocin–पिटोसिन; पिट्यूटरी ग्रन्थि के पश्च दल का एक हार्मोन, जिससे मूत्र पेशी का संकुचन होता है।

pitressin–पिटरेसिन; (१) पिट्यूटरी ग्रन्थि के पश्च दल का एक हार्मोन, जो रक्त चाप की वढ़ोत्तरी को प्रारम्भ करता है, (२) बीटा हाइपोफैमीन (β-hypophamine)।

pituicyte–(L. *pituita*, phlegm; Gk. *kytos*, hollow)–पिट्यूकोशिका; पिट्यूटरी ग्रन्थि के तंत्रिका

भाग (pars nemosa) की एक कोशिका (aglial cell)।

pituitary–(L. *pituita*, phlegm) पिट्युटरी; पीयूष काय; पीयूष ग्रन्थि; मस्तिष्क के मूल पर स्थित नली विहीन ग्रन्थि।

pituitrin–(L. *pituita*, phlegm) पिट्युटरीन; पिट्यूट्रिन; पिट्यूटरी स्राव; पीयूष ग्रन्थि रस (स्राव)।

pivot joint–चूल सन्धि; धुराग्र सन्धि; कीलक सन्धि।

placenta–(L. *placenta*, flat cake) कमल; नाल; प्लैसेन्टा; जेर; आँवल; ओझड़ी; खेड़ी; अपरा; (२) बीजाण्डासन।

placental–(L. *placenta*, flat cake) जेर सम्बन्धी; आँवल सम्बन्धी।

placentate–(L. *placenta*, flat cake) आँवल युक्त; जेर युक्त।

placentation–(L. *placenta*, fiat cake) बीजाण्डन्यास; बीजाण्डासन (placenta) पर बीजाण्ड (ovule) लगे होते हैं। अण्डाशय में प्लेसेन्टा के विभिन्न प्रकार के विन्यास को बीजाण्डासन (placentation) कहते हैं।

placochromatic–(Gk. *plax*, plate; *chroma*, colour) पट्टवर्णी; पट्टवर्ण।

placode–(Gk. *plax*, plate; *eidos*, form) पट्टिका; स्थाली।

placoid–(Gk. *plax*, plate; *eidos*, form) पट्टिकोपम; फलकाकार शल्क; पट्टाभ।

placula–(Gk. *plax*, plate) प्लेकूला; चपटा ब्लास्टूला; कन्दुक।

plagioclimax–(Gk. *plagios*, athwart; *klimax*, ladder) जनकृत चरम।

plagiosere–(Gk. *plagios*, athwart; L. *severe*, to put in a row) जनकृत क्रमक।

plagiotropic–(Gk. *plagios*, oblique; *trope*, turn) वक्रनत; तिर्यक् अनुवर्ती।

plagiotropism–(Gk. *plagios*, oblique; *trope*, turn) वक्र वृत्ति; लम्ब रेखा से तिर्छा या क्षितिज की ओर झुकने की प्रवृत्ति।

plagiotropous–(Gk. *plagios*, oblique; *trope*, turn) वक्रनती; तिर्छा झुका हुआ।

plagula–(L. *plagula*, curtain) प्लेगुला; मकड़ियों (spiders) में यूका (pedicle) की रक्षा करने वाला अधर पट्ट (ventral plate)।

plakea–(Gk. *plax*, a plain) पट्टोपम, प्लेट सदृश; संमंडल (coenobium) के निर्माण में प्लेट सदृश (plate-like) प्रारम्भिक अवस्था।

plan–खाका; नक्शा; प्लान।

plane–(L. *planus*, flat) तल; पक्ष।

planidium–(Gk. *plonas*, wandering; *idion*, dim) प्लैनीडियम; भ्रमणार्भक; कुछ एक षटपादों या कीटों (insects) का लार्वा या अर्भक विशेष।

planiform—(L. *planus*, level; *forma*, shape) समतली।

plankton—(Gk. *plangktos*, wandering) प्लवक; परिप्लावी; पानी में बहते हुए जन्तु या वनस्पतियों के झुण्ड या पुंज।

planoblast–(Gk. *planos*, wandering; *blastos*, bud) भ्रमणी मुकुल; प्लवक मुकुल; अटकोरक।

planogamete–(Gk. *planos*, wandering; *gametes*, spouse) भ्रमणी जन्यु; चलयुग्म की।

planont–(Gk. *planos*, wandering; *on*, being) भ्रमणी; भ्रमिक; प्लेनोन्ट; चलाणु।

planosome–(Gk. *planos*, wandring; *soma*, body) अतिरिक्त रंजक या गुण सूत्र। अर्ध कोशिका विभाजन (meiosis) में संगियों (mates) के न मिलने के कारण सामान्य से अधिक संख्या का उत्पन्न रंजक या गुण सूत्र (chromosome)।

planta–(L. *planta*, sole of foot) प्लैन्टा; पादतल; तलुआ।

plantar–(L. *planta*, sole of foot) पादतली; पाद तल सम्बन्धी।

plantigrade–(L. *planta*, sole of foot; *gradus*, step) पादतलगामी; पादतलचारी; संपूर्ण तलुओं को धरती पर रख कर चलने वाला प्राणी या पंजे के बल या सहारे चलने वाला प्राणी।

plantula–(L. *plontula*, small sole) प्लेनटुला; पलवाइलस; षटपाद या कीटों (insects) के पाँव पर लगी हुई चिपकने वाली गद्दीनुमा आकृति (pulvillus)।

planula–(L. *plamus*, flat) प्लैनुला; सीलोमांत्रियों या सोलेन्ट्रेटा (colenterates) का गोल, स्वच्छन्द तैरने वाला अर्भक या लार्वा ।

planum–(L. *plamus*, flat) क्षेत्र ।

plaque–(F. *plaque*, plate) गोलाकार क्षेत्र (पटट) ।

plasma–(Gk. *plasma*, form) प्लाजमा; प्ररस; जीवन तत्व; कोशिकाओं (cells) का तरल तत्व (सत्व); जीव-द्रव्य ।

plasmagel–प्लैज्माजेल ।

plasmagene–(Gk. *plasma*. form; *genos*, descent) प्लासमा जीन; कोशिका सत्वजन; द्रव्य जीन ।

plasmalemma–(Gk. *plasma*. form; *lemma*, skin) प्ररसच्छद्; त्वगाच्छद्; कोशिका प्रावृत; द्रव्यकला ।

plasmasol–प्लैज्मासोल ।

plasmatic–(Gk. *plasma*, form) प्लाजमेटिक; सत्व (प्ररस) सम्बन्धी ।

plasmatoparous–(Gk. *plasma*, form; L. *parere*, to beget) द्रव्याणुधारी;

procruscula–(L. *pro*, for; *dim*, of *crus*, leg) घनगतिक वर्धन; रेडिया (redia) अर्भक के पश्चकायांग पद एक युगल भुथरे (blunt) गतिक प्रवर्धन।

procryptic–(Gk *pro*, for; *kryptos*, hidden) गोपकीय; ऐसे वर्ण युक्त जो गोपकता हेतु उपयुक्त होते हैं।

proctal–(Gk. *proktos*, anus) पायुक; पायु सम्बन्धी।

proctiger–(Gk. *proktos*, anus; L. *gerere*, to bear) पायुदल; द्विपंखियों (diptera) में वाह्य जननांग या अन्त्य जननांग (terminalia) के लिंगक (hypopygium) का गुदा सम्बन्धी भाग।

proctodaeum–(Gk. *proktos* anus; *hodos*. way) पश्चांत्र; अन्तपायु; गुदा-गर्त; पुदपथ; प्रोक्टोडियम।

procumbent–(L. *pro*, before; *cumbens*, lying down) शयान; लम्बभूगत।

prodeltidium–(Gk. *pro*, before; Δ, delta; *idion*, dim) छद्म विवर पट्ट; पूर्व विवर पट्ट; वह प्लेट जो छद्म विवर पट्ट (pseudodeltidium) में वर्धित हो जाती है।

prodentine–(L. *pro*, before; *dens*, tooth) डेन्टीन पूर्व; डेन्टीन को बनाने वाला खारक हीन आधारक पदार्थ।

proenzyme–(Gk. *pro*, before; *en*, in; *zyme*, leaven) एन्जाइमज; प्रोएन्जाइम; जाइमोजन; एन्जाइम पूर्वग; ऐसा पदार्थ जो एन्जाइम में बदलने योग्य होता है।

proepimeron–(Gk. *pro*, before; *epi*, upon; *meros*, upper thigh) प्रोस्पीमीरोन; पश्चापार्श्व पट्टिका पूर्व; प्रोप्लूरा से पश्चस्थित पट्टिका (sclerite)।

progamete–(Gk. *pro*, before; *gamos*, marriage) जन्युज; एक आकृति जो जन्यु (gametes) को जन्म देती है।

progamic–(Gk. *pro*, before; *gamos*, marriage) जन्युजक; जन्यु उत्पादन हेतु ब्रूड (brood) का विभाजन।

progastrin–(Gk. *pro*, before; *gaster*, stomach) गैस्ट्रीनपूर्वग; प्रोगैस्ट्रीन; आमाशय के श्लैषमिक कला में जठर स्राव के पूर्व का रूप।

progenesis–(L. *pro*, before; *genesis*, origin) अग्रपक्वता; (शरीर) वृद्धि पूर्ण होने से पूर्व जन्यु या जननांग (gametes) का परिपक्व होना।

progeotropism–(Gk. *pro*, for; *ge*, earth; *trope*, turn) घन गुरुत्वानुवर्तन; घन गुरुत्व-वृत्ति।

progestational–(L. *pro*, for; *gestare*, to bear) प्रसवपूर्वग; प्रौगर्भकाली (हार्मोन); १. मदचक्र (oestrous cycle) की लूटियल (luteal) हार्मोन और गर्भाशय-अन्तः स्तरक (endometrial) क्रियाशीलता के मध्य की एक प्रावस्था (phase)।

progestin–(L. *pro*, for; *gestare*, to bear) प्रोजेस्टिन; प्रोजेसटिरोन; $C_{21} H_{30} O_2$; कॉर्पस ल्यूटियम का एक प्रोगैस्टेसनल हार्मोन विशेष।

progeny–संतति।

proglottides–(Gk. *pro*, before, *glotta*, tongue) कृमिखण्ड, देहखण्ड, पट्टकृमि (tapeworm) का उत्पादन शक्तियुक्त (propagative) देहखण्ड (body segment) जो कि शृङ्खलीकरण (strobilation) के द्वारा बनते हैं।

prognathous–(Gk, *pro*, before; *gnathos*, jaw) प्रलम्ब चंचुक; प्रलम्ब तुण्डक; उद्हनु; आगे को निकले हुए जबड़े वाला।

progonal–(Gk. *pro*, before; *gonos*; begetting) पूर्वजननांग; जनन मेड (genital ridge) का वन्ध्य (sterile) अग्र भाग (anterior portion)।

prohydrotropism–(Gk. *pro*, for; *hydor*, water; *trope*, turn) घन जलानुवर्तन; घन जलाभिक्रंति।

proiospory–(Gk. *proios*, early; *sporos*, seed) प्रोस्पोरी; प्रोआयोस्पोरी; अपूर्णकालज बीजाणुकता।

projectile–(L. *pro*. forth; *facere*, to throw) प्रलम्बी; प्रक्षेपणीय; आगे को बढ़ने योग्य।

projection–(L. *pro*, *forth*; *jacere*, to throw) प्रवर्धन; निकास; प्रक्षेपण; प्रक्षेप।

projicient–(L. *projiciens*, projecting) दूरस्थ वेदनांग।

prolactin–(L. *pro*, for; *lac*, milk) प्रोलैक्टिन; दुग्धस्रावी प्रोपिट्यूट्रिन हार्मोन।

prolamines–प्रोल–एमाइन; दालों के बीजों में उपस्थित एक प्रकार के प्रोटीन विशेष।

prolan–प्रोलान; गोनाडोट्रोपिक हार्मोन; यह हार्मोन कुछ स्तनीयों में गर्भकाल में शरीर के कुछ तरल तथा कई ऊतकों में पाये जाते हैं।

प्रोलान "A"–अण्डाशयीपुटक (ovarian follicles) और नर जनन कोशिकाओं को प्रोत्साहित करता है।

प्रोलान "B"–ल्यूटेनाँइजिग हार्मोन होता है।

proleg–(L. *pro*, for; M. E. *leg*, leg) पूर्वपाद; असन्धिक पाद; प्रपाद।

proleucocyte–(Gk. *pro*, before; *leukos*, white; *kytos*, hollow) पूर्वश्वेत कण; प्रश्वेताणु।

proliferate–(L. *proles*, offspring; *ferre*, to bear) बहुप्रजी; संततवर्धक।

proliferation–(L. *proles*, offspring; *ferre*, to bear) संततवर्धता; सतत वृद्धि; प्रचुरोद्भवन; क्रम प्रसरण।

proliferous–(L. *proles*, offspring; *ferre*, to bear) बहुप्रज; बहुजन; प्रचुरोद्भवी।

proloculus–(L. *pro*, before; *loculus*, compartment) प्रथम कोशिकी।

promeristem–(Gk. *pro*; before; *meristes*, divider) प्रोमेरीस्टैम; वर्द्धीय बिन्दु का खण्डित होने वाला भाग।

prometaphase—(Gk. *pro*, before; *meta*, after; *phasis*, appearance) पुरोत्तरस्थिति; प्राकमध्यावस्था; विषम विभाजन (*mitosis*) और ह्रास विभाजन (meiosis) में पुरास्थिति (prophase) और विभाजीस्थिति (metaphase) के मध्य की स्थिति।

promitosis–(Gk. *por*, before; *mitos*, thread) पुराविषम विभाजन; प्रसूत्री विभाजन, प्रसम सूत्रण।

promontory–(L. *por*, forth; *mons*, mountain) अन्तरीय।

promorphology–(Gk. *pro*, before; *morphe*, form; *logos*, discourse) पुरारचन विज्ञान।

promuscis–(L. *promuscis*, proboscis) पुराग्रोथ; पुरातुण्ड।

promycelium–(Gk. *pro*, before; *mykes*, mushroom) कवकजालपूर्वांग; प्रोमाइसीलियम; आद्यबेसिडियम। ऐसा कवकजाल (mycelium) जो युग्माणु (zygorpore) से वर्द्धित होता है और बीजाणुधानी (*sporangium*) को बनाता है।

promyelocyte–(Gk. *pro*, before; *myelos*, marrow; *kytos*, hollow) पुरामज्जाकोष्ठ।

pronate–(L. *pronare*, to bend forward) नत; झुका हुआ उन्मुख; अधोमुख।

pronation–(L. *pronare*, to bend forward) प्रोनेशन; झुकाना नवाना; अवलानन; वह मांसपेशी जिससे हाथ की हथेली नीचे को ओर झुकती है।

prone–अधर स्थिति; नीचे की हुई हथेली की स्थिति।

pronephric–(Gk. *pro*, before; *nephros*, kidney) पुरावृक्कीय; प्राकवृक्कीय।

pronephros–(Gk. *pro*, before; *nephros*, kidney) अग्रवृक्क; प्रथम वृक्क; पुरावृक्क प्राकवृक्क केशेरुकों के वर्धन में वृक्क का पहिला भाग। इसकी वाहिनी 'वोल्फी वाहिनी' (wolffian duct) होती है। ये वृक्क यद्यपि अनुल्वी वर्ग (anmniotes) जैसे टेडपोल की प्रकार्यक (functinal) वृक्क होती है लेकिन उन प्रकारों जैसे उपास्थिमत्स्यों (elasmobranch) में जिनमें लारवा स्थिति नहीं होती हैं ये वृक्क छोटी तथा अकार्यव (non-functional) होती है। उल्वीवर्ग (amniotes) में ये अवशेषी अंग (vestigial) के समान होती है।

pronotum–(Gk. *pro*, before; *noton*, back) अग्रपृष्ठिका; प्रवक्ष पृष्ठक।

pronucleus–(L. *pro*, before; *nucleus*, kernel) पूर्वाष्टि; पुराष्टि प्राकेन्द्रक; न्यूक्लियस; नाभिक; प्रावल्केन्द्रक।

pronucleus, male–नरपुराष्टि ।

pronucleus-female–नारी पुराष्टि ।

pronymph–(L. *pro*, before; *nympha*, maiden) पूर्व निम्फ; पुरा प्रप्रौढ़ ।

pro-oestrus–(Gk. *pro*, before; *oistros*, gadfly) पूर्व मदकाल; पूर्व स्त्रीमद काल ।

pro-ostracum–(Gk. *pro*, before; *ostrakon*, shell) प्रकर्परस्तर ।

prootic–(Gk. *pro*, before; *ous*, ear) अग्रकर्णक; अग्रकर्णास्थि । कर्णगुहा पूर्व अस्थि ।

propagative–(L. *propagere*, to propagate) बहुप्रजी; वृद्धि करने योग्य: उत्पन्न करने योग्य ।

propagulum–(L. *propagere*, to propagate) प्रकौरक; प्रप्रारोह; प्रोपेगूलम; कौरक या प्रारोह (shoot) जो प्रौढ़ में वर्द्धित होने के योग्य हो ।

propatagium–देखिये prepatagium पूर्व पेटेजियम; पूर्व चर्मप्रसर ।

propes–(L. *pro*, before; *pes*, foot) पुरापाद; पूर्वपाद ।

prophase–(Gk. *pro*, before; *phasis*, appearance) प्रोफेज; पुरास्थिति; पूर्वावस्था; कोष्ठअर्ध विभाजन (meiosis) या विषम विभाजन (mitosis) में प्रथम या पुरा स्थिति (आद्यावस्था) ।

prophototropism–(Gk. *pro*, *phos*, for; light, *trope*, turn) पूर्वप्रकाशवृत्ति; धनात्मक प्रकाश वृत्ति ।

prophyllum–(Gk. *pro*, for; *phyllon*, leaf) प्रफिलम; 1–लघुसत्पत्र या सत्पत्रक ।

2–शाखा के आधार पर स्थित प्रथम पर्ण ।

propleuron–(Gk. *pro*, before; *pleura*, side) पूर्व पार्श्व पटल ।

propeustic–(Gk. *pro*, before; *pnein*, to breathe) पूर्वछिद्री; पुरावक्षछिद्री ।

propodeon–(Gk. *pro*, before; *pnein*, to breathe) पूर्व पोडियन; पूर्वशिविका ।

propodite–(Gk. *pro*, before; *pous*, foot) पूर्वपादखण्ड; मकड़ी आदि में टिबिया ।

propodium–(Gk. *pro*, before; *pous*, foot) पूर्वपादिका; अग्रपाद; मोलस्का (mollusca) के पाँव का छोटा अगला भाग ।

propolis–(Gk. *pro*, for; *polis*, city) प्रोपोलिस, मक्षिका श्लैष्म कुछ वृक्षों की कलियों या पर्णाक्ष से प्राप्त रेजिनी पदार्थ (*resinous substance*) ।

proprioceptor–(L. *proprius*, one's own; *capere*, to take) स्वात्म ज्ञापक ।

propriogenic–(L. *proprius*, one's own; *genus*, kind) अपेशीजन; मांसपेशी (muscle) के अतिरिक्त प्रभावक (effectors) जो दोनों ही ज्ञापक (receptors) तथा प्रभावक (effectors) होते हैं ।

prop-roots–सहायी-मूल; अपस्थानिक जड़ें; अवस्तंभ मूल, स्तम्भ या प्रोप जड़ें; जैसे बरगद या मक्का आदि की ।

propterygium–(Gk. *pro*, before; *pterygium*, little wing) पूर्वटेरीजियम ।

propupa–(L. *pro*, before; *pupa*, puppe) पूर्व पिटिका, प्रप्यूपा; षटपाद अर्थात् कीटों के रूपान्तर में प्यूपा पिटिका (pupa) से पूर्व की आकृति ।

propygidium–(Gk. *pro*, before; *pygidion*, small rump) पूर्वपाइगीडियम; पूर्वान्तर पट्टिका; प्रोपाइजिडियम ।

prorachis–(Gk. *pro*, before; *rhachis*, spine) पूर्वपिच्छाक्ष; प्रोरेकिस (पेनाट्युलेसिया–pennatulacea) में;

proral–(Gk. *prora*, prow) पोताग्र; आगे से पीछे की ओर । देखिये palinal—

proscapula–(L. *pro*, before; *scapula*, shoulder-blade) प्रोस्केपूला; अग्रस्कन्धास्थि ।

proscolex–(Gk. *pro*, before; *skolex*, worm) प्रमीवासिर; प्रोस्कोलैक्स (प्रस्कोलैक्स); प्रमूर्ष ।

prosecretin–(L. *pro*, before; *secretus*, separated) प्रसक्रेटिन; प्रस्राव ।

prosecretion–(Gk. *pro*, before; *secretus*, separated) प्रस्राव ।

prosencephalisation–(Gk. *pros*, before; *engkephalos*, brain) अग्रमस्तिष्कता; नियंत्रिक केन्द्रों पर अग्रमस्तिष्क की ओर आ जाना ।

prosencephalon–(Gk. *pros*, before; *engkephalos*, brain) अग्रमस्तिष्क; प्रोजेन्सेफलॉन ।

prosenchyma–(Gk. *pros*, near; *engchyma*, infusion) दीर्घऊतक; प्रोजेन्काइमेंटस कोशिकाओं से बना ऊतक ।

prosenchymatous–(Gk. *pros*, near; *engchyma*, infusion) वनस्पति ऊतक जो आयत (elongated), साग्र (pointed), पतली या मोटी कोशिका-भित्तियुक्त कोशिकाओं से बना होता हैं ।

prosethmoid–(Gk. *pros*, near; *ethmos*, sieve; *eidos* form) प्रोजथमोइड; अस्थि मत्स्यों के मस्तिष्क के आगे के भाग की एक हड्डी ।

prosiphon–(Gk. *pro*, for; *siphon*, tube) पूर्वनिनाल ।

prosocoel–(Gk. *proso*, forward; *koilos*, hollow) पूर्वाग्र मस्तिष्क गुहा; अग्रगुहा ।

prosodetic–(Gk. *prosodos*, advance) पूर्वाग्र चंचु ।

prosodus–(Gk. *prosodos*, advance) पुरानलिका ।

prosoma–(Gk. *pro*, before; *soma*, body) देहाग्र भाग; शरीर (देह) के आगे का भाग; अग्रकाय; प्रोसोमा ।

prosopyle–(Gk. *proso*, forward; *pyle*, gate) अग्रछिद्र; सम्पर्कीय छिद्र; आगम द्वार ।

prostalia–(L. *pro*, forth; *stare*, to stand) प्रोस्टेलिया (स्पीक्यूल); हैक्साक्टीनेलिया (Hexactenellia) के प्रक्षेपित स्पीक्यूल (दृढ़ा) ।

prostate–(L. *pro*, before; *stare*, to stand) पौरुष ग्रन्थि; पुरस्थ ग्रन्थि; प्रोस्टेट ग्रन्थि ।

prostate–(L. *prostratus*, thrown down) शयान; लम्बगत; लम्बा पड़ा हुआ ।

prostatic–(L. *pro*, before; *stare*, to stand) पौरुषी; पौरुष ग्रन्थि सम्बन्धी ।

prostemmate–(Gk. *pro*, before; *stemma*, wreath) प्रोस्टेमट; प्रचक्षुक संरचना कुछ कोलेम्बोला (collembola) जन्तुओं मे ।

prosternum–(L. *pro*, before; *sternum*, breast bone) पुराम्टर्नम; पुरावक्षोदर; प्रावरक ।

prostheca–(Gk. *prostheke*, appendage.) प्रोस्थीका (अवयव); कुछ भृंग (beetle) अर्भकों में; चिबुकास्थि (मैंन्डीबिल) की चल अन्तः पालि ।

prosthetic–(Gk. *prosthetos*, added) प्रोस्थेटिक; किसी प्रोटीन यौगिक के अप्रोटिनक तत्व ।

prosthion–(Gk. *prosthios*, foremost.) प्रोस्थियन; कूपिका वलय (alveolar arch) का मध्य बिन्दु, जिसे कूपिका बिन्दु (alveolar point) कहते हैं ।

prostomiate–(Gk. *pro*, before; *stoma*, mouth) मुखाग्र रचनायुक्त ।

prostomium–(Gk. *pro*, before; *stoma*, mouth) मुखाग्र रचना; प्रोस्टोमियम; अभिमुख; पुरोमुख ।

protamines–प्रोटामीन्स; मत्स्यों के वृषण में पाया जाने वाला साधारण मौलिक प्रोटीन ।

protandrism–(Gk. *protos*, first; *aner*, male.) पुंपूर्वता; पूर्णपुंसी ।

protandrous–(Gk. *protos*, first; *aner*, male) पुंपूर्वतीय ।

protandry–(Gk. *protos*, first; *aner*, male) पूर्वपुंसकता; पूर्वपुंसी; पुंपूर्वता ।

protease–(Gk. *protos*, first) प्रोटियेस (एन्जाइम); कोई भी प्रोटीन अपघटक (proteolytic) एन्जाइम ।

protegulum–(L. *pro*, before, *tegulum*, covering.) प्रकवच; ब्रैंक्रियोपोड की, अर्ध चन्द्राकार या अर्ध अण्डाकार (semielliptical) भ्रूणक कवच ।

proteid–(Gk. *protos*, first; *eidos*, from) प्रोटीड; पौधों का नाइट्रोजन पदार्थ ।

protein(Gk. *protos*, first) प्रोटीन; कोशिका प्रोटोप्लाज्म का नाइट्रोजनयुक्त यौगिक; जैवी पदार्थ का लक्षणी जटिल यौगिक जो एमीनो अम्लों के संयुजता से बनता है तथा सामान्यतः गन्धक (Sulphur) लिये होता होता है । समस्त जीवित अमीनो अम्ल (aminoacids) से प्रोटीन का संश्लेषण करते हैं । स्वपोषी अंगी (autotrophic organisms) अकार्बनिक पदार्थों से प्रोटीन का निर्माण कर लेते हैं । प्रोटियोलिटिक एन्जाइम (proteolytic enzyme) से ये विनष्ट होते हैं । प्रोटीन अन्य पदार्थों के साथ आसानी से मिल जाते हैं । न्यूक्लियिक अम्ल के साथ, न्यूक्लियोप्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट के साथ म्यूको (muco) या ग्लाईको प्रोटीन तथा वसा के साथ लिपोप्रोटीन (lipoprotein) बनाते हैं ।

proteism–(L. *proteus*, a sea god) रूपविपर्ययता ।

protembryo–(Gk. *protos*, first; *embryon*, embryo) पुराभ्रूण; निषिक्त डिम्ब तथा अन्य अवस्थायें।

protentomon–(Gk. *protos*, first; *entomon*, insect) कीट आद्य प्ररूप (काल्पनिक) कीटों का एक काल्पनिक आद्य प्ररूप।

proteoclastic–(Gk. *protos*, first; *klan*, to break) प्रोटीन नाशक।

proteolytic–(Gk. *protos*, first; *lysis*, loosing) प्रोटीनलपी; प्रोटीन परिवर्ती; प्रोटीन प्रभावी, प्रोटीन अपघटक।

proteolytic ferment–प्रोटीन परिवर्तक उद्दीपक।

proteose–(Gk. *protos*, first) प्रोटियोस।

proterandrous–(Gk. *proteros*, earlier; *aner*, male) पूर्वपुंसक; पुंपूर्वी।

proteranthous–(Gk. *proteros*, earlier; *anthos*, flower) पर्ण पूर्व पुष्पता।

proterodont–पूर्वोर्घ्वदन्ती।

proterogenesis–(Gk. *proteros*, forward; *genesis*, descent) पूर्ववृत्ति; पूर्व विकास; प्रोटेरोजेनेसिस।

proteroglyph–(Gk. *proteros*, in front; *glyphein*, to carve) पूर्वोर्घ्व विषदन्ती, अग्र विषदन्ती।

proterogynous–(Gk. *proteros*, earlier; *gyne*, women) पूर्व नारीत्व; पूर्वस्त्रैनता।

proterozoic–(Gk. *proteros*, earlier; *zoon*, animal) पूर्व (पुरा) युग जन्तु, प्राग्जीव।

prothalloid–(Gk. *pro*, before; *thallos*, young shoot) प्रोथैलस सदृश।

prothallus–(Gk. *pro*, before, *thallos*, young shoot) गैमीटोफाइट; एक छोटी पतली संरचना जिसे युग्मकोद्भिद (gametophyte) कहते हैं। यह बीजाणु से वर्धित अगुणित लैंगिक सतति होती है; तन्तु की कोशिका का विभाजन पार्श्व तल पर होता है और दायें-बायें नयी कोशिकायें बनती हैं और शीघ्र ही हृदय के आकार की एक चपटी संरचना बन जाती है जिसे प्रोथैलस (prothallus) कहते हैं। इसमें दो पालियाँ होती हैं तथा बीच में एक खांच होती है। फर्न में प्रोथैलस, गैमीटोफाइट पीढ़ी होती है।

protheca–(Gk. *pro*, before; *theke*, box) पुरापिटिका: आदि प्रावरक।

prothetely–(Gk. *prothein*, to run before; *telos*, completion) पूर्व लक्षणता; कीट अर्भक में प्यूपा या अन्य लक्षणों का वर्धन या प्रदर्शित होना।

prothorax–(Gk. *pro*, before; *thorax*, chest) अग्रवक्ष पुरावक्ष; सन्धिपादों (arthropoda) के वक्ष-खण्ड (thoracic segment) का अग्र भाग (anterior part)।

prothrombin–(Gk. *pro*, before; *thrombos*, clot) प्रोथ्रोमबिन, प्रथ्रोमबिन। थ्रोमबोजन (Thrombogen) का थ्रोमबोप्लास्टिन और कैल्शियम से कर्मशील होकर थ्रोमबिन का निर्माण।

prothyalosome–(Gk. *protos*, first; *hyalos*, glass; *soma*, body) प्रजननिक क्षेत्र; जननिक कोपिका (germinal vesicle) में जननिक बिन्दु को घेरे हुए क्षेत्र।

protista–(Gk. *protistos*, first of all) प्रोटिस्टा; प्रजीवी; प्रप्राणी; आद्यजीव; वह सर्वप्रथम बना हुआ प्राण या जीव जिससे एक कोशकीय जन्तु और पौधे बने हैं।

protistology–(Gk *protistos*, first of all; *logos*, discourse) प्रप्राणी विज्ञान; प्रजीव विज्ञान।

protobasidium–(Gk. *protos*, first; *basidion*, small pedestal) कवक जाल पूर्वांग; आद्य बेसिडियम।

protoblast–(Gk. *protos*, first; *blastos*, bud) प्रकोष्ठ; आद्यकोरक।

protobroch–(Gk. *protos*, first; *brochos*, mesh) आद्य केन्द्रक; विश्रामित गोनिया (gonia) का न्यूक्लियस।

protocephalon–(Gk. *protos*, first; *kephale*, head) प्रथम मस्तिष्कीय खण्ड; आद्य शीर्ष।

protocercal–(Gk. *protos*, first; *kerkos*, tail) कपालिपुच्छी; द्विभक्त (पुच्छ); द्विभक्त पुच्छीय; आद्य पालिगुच्छ। [देखिये diphycercal]

protocerebrum–(Gk. *protos*, first; L. *cerebrum*, braim) अग्रप्रमस्तिष्क; (१) कीटों के मस्तिष्क का अग्र भाग जो सिर के नेत्र खण्ड में स्थिति गैंगलिया के संयुज होने से बना होता है। (२) केकड़ावंशी (क्रशेशिया) में गैंगलिया केन्द्रों का अग्र युगल।

protocnemes–(Gk. *protos*, first; *kneme*, wheel spoke) अग्र आंत्र योजनी; ज़ूएनथेरिया (zoantharia) में आंत्र योजनी (mesentries) के छ: मौल युगल (six primary pairs)।

protochordata–पुरापृष्ठदण्डी।

protoconch–(Gk. *protos*, first; *kongche*, shell) अर्भक शुक्ति।

protocone–(Gk. *protos*, first; *konos*, cone) पराशंकु; आद्य मध्यशंकु।

protoconid–(Gk. *protos*, first; *konos*, cone; *eidos*, form) पुराधर शंकु; आदिदंताग्र।

protoconule–(Gk. *protos*, first; *konos*, cone) पुराशिखर; अग्र मध्यशंकु।

protocorm–(Gk. *protos*, first; *kormos*, trunk) प्रघनकंद; प्रोटोकॉर्म।

protocranium–(Gk. *protos*, first; *kranion*, (skull) पुराकपाल।

protoderm–(Gk. *protos*, first; *derm*, skin) आद्य चर्म; आद्य स्तर।

protoepiphyte–(Gk. *protos*, first: *epi*, upon; *phyton*, plant) आद्य अधिपादप।

protogene–(Gk. *protos*, first; *genos*, descent) पुराजीन, प्रोटोजिन।

protogenesis–(Gk. *protos*, first; *genesis*, descent) पूर्वजनन; प्रारम्भिक जनन।

protogenic–(Gk. *protos*, first; *genos*, offspring) पुराजनी; आदि जात।

protogynous–(Gk. *protos*, first; *gyne*, woman) पूर्व स्त्रैणता; पूर्व नारीत्व।

protogyny–(Gk. *protos*, first; *gyne*, woman) पूर्वनारित्वता; पूर्वस्त्रीपक्वता; प्रोटोगाइनी।

protohaem–(Gk. *protos*, first; *haima*, blood) प्रोटोहीम; हिमेटिन (haematin)।

protokaryon–(Gk. *protos*, first; *karyon*, nut) प्राष्टि; पुराग्रष्टि।

protoloph–(Gk. *protos*, first; *lophos*, crest) प्रशिखर; अग्र शिखर; ऊर्ध्वक चर्वक की अनुप्रस्थ अग्र शिखर।

protomala–(Gk. *protos*, first; L. *mala*, cheek) प्रमाला; सहस्रपादियों (myriapods) का एक मैन्डिबिल (mandible)।

protomerite–(Gk. *protos*, first; *meros*, part) प्रोटोमेराइट; प्रीमाइट; प्रौढ़ ग्रिगेराइन्स (gregarines) में मज्जा जीवद्रव्य का अग्र भाग।

protomitosis–(Gk. *protos*, first. *mitos*, thread) पुरा विषम विभाजन; प्रसूत्री विभाजन।

protomonostelic–(Gk. *protos*, first; *monos*, alone; *stele*, column) प्ररंभी (तना या जड़)।

protomont–(Gk. *pro*, early; *tome*, cutting; *onta*, beings) प्रोटोमोन्ट; होलोट्राइका (Holotricha) के जीवन चक्र में पोषक और स्योति विभक्ति स्थितियों के मध्य अस्थिर अवस्था।

protonema–(Gk. *protos*, first; *nema*, thread) प्रसूत्र; प्रथम तंतु। मॉस (moss) का सूत्रीय थैलस जिससे मॉस का पौधा अंकुरित होता है।

protonematoid–(Gk, *protos*, first; *nema*, thread; *eidos*, form) प्रथम तंतुवत; प्रथम तंतु सम।

protonephridial–(Gk. *protos*, first, *nephros*, kidney) प्रोत्सर्गांगिक; आदि वृक्ककी; प्रवृक्कक; पट्ट कृमि (tape worm) आदि का विसर्जन जल नलिका संस्थान (तंत्र)।

protonephridium–(Gk. *protos*, first; *nephros*, kidney; *idian*, dim) प्रोत्सर्गांग।

protoneurone–(Gk. *protos*, first; *neuron*, nerve) प्रनाड़ीकोष्ठ; एक ध्रुवीय गण्डीय कोष्ठ।

protopathic–(Gk. *protos*, first; *pathos*, feeling) प्रसंवेदक।

protopepsia–(Gk. *protos*, first; *pepsis*, digestion) प्रपचन; आमाशय में पचन से पूर्व की क्रियायें।

protophloem–(Gk. *protos*, first; *phloios*, tree bark) प्रपोषवाह (फ्लोएम); संवहन बण्डल के प्रथम पोषवाह (फ्लोएम) के तत्व।

protophyte–(Gk. *protos*, first; *phyton*, plant) आद्यपादप; प्रोटोफाइट; एक कोशिकीय [illegible] ।

protoplam–(Gk. *protos*, first; *plasma*, form) जीवनतत्व; जीवन सत्व; प्रोटोप्लाज्म; जीव द्रव्य ।

protoplasmic–(Gk. *protos*, first; *plastos*, formed) जीवन तत्वीय; जीवन सत्वीय; जीवन-तत्व सम्बन्धी; जीवद्रव्य सम्बन्धी; जीवद्रव्यी ।

protoplast–(Gk. *protos*, first; *plastos*, formed) प्ररस; प्रकण; प्रोटोप्लास्ट; पूर्वलव; जीवद्रव्यक ।

protopod–(Gk. *protos*, first; *pous*, foot) प्रपादी; आद्यपाद; अग्रपादी; अग्र खन्डों में लगे हुए टाँगों वाला ।

protopodite–(Gk. *protos*, first; *pous*, foot) आधार पादांश; आदि पादांश; प्रोटोपोडाइट ।

- **basipodite**–मूलपादांश ।
- **coxipodite**–प्रमूलपादांश ।
- **endopodite**–अन्तःपादांश ।
- **epipodite**–उपपादांश ।
- **exopodite**–बहिपादांश ।

protopile–(Gk. *protos*, first; *pous*, foot) पंखाग्र; प्रशावपिच्छ ।

protospore–(Gk. *protos*, first; *sporos*, seed) प्रथम-बीजाणु; प्रथम पीढ़ी का बीजाणु (स्पोर) ।

protostele–(Gk. *protos*, first; *stele*, column) ठोसरंभ; प्ररंभ; संवहन ऊतक का केन्द्रीय चक्र ।

protostigmata–(Gk. *protos*, first; *stigma*, pricked mark) प्राथमिक श्वास छिद्र; प्राक् प्रांगुल ।

protostoma–(Gk. *protos*, first; *stoma*, mouth) प्राथमिक मुख; आद्य मुख ।

protostylic–(Gk. *protos*, first; *stylos*, column) आद्यशूकिकी ।

prototheca–(Gk. *protos*, first; *theke*, box) प्रपिटिका; प्राथमिक पिटिका ।

prototherian–(Gk. *protos*, first; *therion*, small animal) पुरा-स्तनी; पुरास्तन पायी; अण्डजस्तनपायी ।

prototroch–(Gk. *protos*, first; *trochos*, wheel) पुराघूर्ण; आदि चक्र ।

prototrophic–(Gk. *protos*, first *trophe*, nourishment) अजैविकाहारी (वनस्पति-आहारी); सर्व संश्लेषी ।

prototype–(Gk. *protos*, first, *typos*, model) मूलादर्श; मूल प्रतिमा; आदि प्ररूप ।

protovertebrae–(Gk. *protos*, first; L. *vertebra*, vertebra) पुरा कशेरू; प्रकशेरू; आद्य कशेरू ।

protoxylem–(Gk. *protos*, first; *xylon*, wood) प्रोटोजाइलम; आद्य दारू ।

protozoaea–(Gk. *protos*, first, *zoon*, animal) प्रोटोजुइया; सन्धिपादों (arthropod) का अर्भक या लार्वा विशेष ।

protozoology–(Gk. *protos*, first; *zoon*, animal; *logos*, discourse) पुरा जन्तु विज्ञान; प्राजीव शास्त्र; एक कोशिकीय विज्ञान; आदि जन्तु विज्ञान ।

protozoon or protozoa–(Gk. *protos*, first; *zoon*, animal) पुरा जन्तु; एक कोशिकीय; अकोशिकीय प्रोटोजोआ ।

protozygote–(Gk. *protos*, first *zygone*, yoke) पुराभ्रूणकोशिका ।

protractor–(L. *pro*, forth *tractus*, drawn out) प्रोट्रेक्टर; प्रसारक (माँस पेशी); अपाकुंचक ।

protrusible–(L. *protrudere*, *pro*, forward *trudere*, to thrust) निःसरणशील; बहिसारी ।

protuberance–शोफ; प्रोदवर्ध; हड्डी के ऊपर गाँठ सम आकृति ।

proventriculus–(L. *pro*, forth; *ventriculus*, small stomach) प्रोवेन्ट्रीक्युलस; पूर्व आमाशय; ग्रंथिल जठर ।

provinculum–(L. *pro*, before; *vinculum*, bond) पुराबन्ध; आदि बहुदन्ती हिन्ज (कब्जा) ।

provitamin–(Gk. *pro*, before; L. *vita*, life; *ammoniacum*, resinous gum) प्रविटामिन; विटामिन पूर्वांग ।

proximal–(L. *proximus*, next) निकटस्थ; समीपस्थ; केन्द्र (मध्य) की ओर स्थित; निकटवर्ती ।

proximal end–(L. *proximus*, next) निकटस्थ छोर (अन्त) ।

proximity–(L. *proximus*, next) समीपता; निकटता; सामीप्य ।

prozymogen–(Gk. *pro*, before; *zyme*, leave; *genes*, producing) जाइमोजन पूर्वांग ।

pruinose–(L. *pruina*. hoar-frost) फुल्ल; श्वेत कण या गोलिका (globule) से आवृत्त ।

psalterium–(L. *psalterium*, psalter) ओमोसम; उपजठर; सालटेरियम; रोमंथशीलों (ruminants) के आमाशय (stomach) की तृतीय कोषिका ।

psammophilous–(Gk. *psammos*, sand; *philos*, loving) वालुका प्रेमी; मरुवासी; वालुकागामी; रेगिस्तान में समृद्ध होने वाला ।

psammophore–(Gk. *psammos*, sand; *phora*, carrying) वालुधारी; वालुकावाही ।

psammophyte–(Gk. *psammos*; sand; *phyton*, plant) वालुपादप ।

psammosere–(Gk. *psammos*, sand; L. *serere*, to put in a row) वालुपादप संतति ।

pseudambulacrum–(Gk. *pseudes*; false; L. *ambulare*, to walk) छद्म वीथी क्षेत्र ।

pseudannual–(Gk. *pseudes*, false; L. *annus*, year) छद्म वर्षीय; ऐसे पौधे जो अपनी वृद्धि को वर्ष में पूरा कर लेते हैं पर अगली पीढ़ी हेतु कंद (bulb) आदि छोड़ देते हैं ।

pseudapogamy–(Gk. *pseudes*, false; *apo*, away; *gamos*, marriage; छद्म अपयुग्मन ।

pseudaposematic–(Gk. *pseudes*, false; *apo*, form; *sema*, sign) मिथ्याभ्रमकारी ।

pseudapospory–(Gk. *pseudes*, false; *apo*, away; *sporos*. seed) छद्म बीजाणुकता; (१) द्विगुणित बीजाणु (diploid spore) से युग्मकोद्भिद (गैमीटोफाइट) का उद्भिद होना; (२) अगुणिता (haplosis) के बिना ही बीजाणु निर्माण ।

pseudaxis–(Gk. *pseudes*, false; *axis*, axle) कृत्रिमाक्ष; छद्माक्ष ।

pseudepisematic–(Gk. *pseudes*, false; *epi*, upon; *sema*, sign) छद्म अधिबोधक; मिथ्या अधिबोधक; प्रलोभक चिन्हों या वर्णों का प्रदर्शित करना ।

pseudhaemal–(Gk. *pseudes*, false; *haima*, blood) कृत्रिम रक्तीय; छद्म रक्तीय ।

pseudboloptic–(Gk. *pseudes*, false; *bolos*. whole; *optikos*, relating to sight) कूट नेत्रता; डिप्टरा (Diptra) में संयुज नेत्रता (boloptic) और पृथक् नेत्रता (dichoptic) के मध्य की दशा ।

pseudimago–(Gk. *pseudes*, false; L. *imago*) छद्मप्रौढ़; उपप्रौढ़; कूट प्रौढ़; कूट पूर्णक ।

pseudoalveolar–(Gk. *pseudes*, false; L. *alveus*, hollow) छद्मगर्तक; कूट गर्ती ।

pseudoaposematic–देखिए pseudaposematic ।

pseudoaquatic–(Gk. *pseudes*, false; L. *aqua*, water) छद्मोदक; आर्द्रवासी ।

pseudoblepheroblast–(Gk. *pseudes*, false; *blepharis*, eye lash; *plastos*, formed) छद्माधोपिण्ड; मिथ्या-अधोपिण्ड ।

pseudobrachium–(Gk. *pseudes*, false; *brachion*, arm) मिथ्याबाहु; स्यूडो ब्रेकियम ।

pseudobranch–(Gk. *pseudes*, false; *brangchia*, gills) मिथ्यागिल, छद्मगिल ।

pseudobulb–(Gk. *preudes*, false; L. *bulbus*, bulb) छद्म शल्क कंद; आभासी शल्क कद, कूट कन्द ।

pseudobulbil–(Gk. *pseudes*, false; L. *bulbus*, bulb) छद्म पत्र-प्रकलिका; कुछ फर्न की प्रभिवृद्धि ।

pseudobulbous–(Gk. *pseudes*, false; L. *bulbus*, bulb) कूट कंदीय; छद्म कंदीय; छद्म कंद द्वारा मरूद्भिदी (xerophytic) जीवन के उपयुक्त होना ।

pseudocarp–(Gk. *pseudes*, false; *karpos*, fruit) आभासी फलिका; कूट फल; मिथ्या फल; ऐसा फल जिसमें अण्डाशय के अतिरिक्त अन्य भाग फल बनाते है ।

pseudocellus–(Gk. *pseudes*, false; L. *ocellus*, little eyes) छद्माक्षिका ।

pseudocentrous–(Gk. *pseudes*, false; L. *centrum*, centre) मिथ्या केन्द्री; कूट कशेरुकायी ।

pseudocilia–(Gk. *pseudes*, false; L. *cilium*, eye lid) अस्थाई तंत्र; छद्मतन्त्र; अस्थाई प्ररस सूत्र; आभासी पक्ष्माभ ।

pseudocoel–(Gk. *pseudes*, false; *koilos*, hollow) मिथ्या कोटर; छद्म कोटर; कूट गुहा; कूट प्रगुहा ।

pseudoconch–(Gk. *pseudes*, false; *kongche*, shell) मिथ्याकर्पर ।

pseudocone–(Gk. *pseudes*, false; *konos*, cone) मिथ्यायौगिक नेत्र; छद्मयौगिक नेत्र; कूट शंकु नेत्र ।

pseudoconjugation–(Gk. *pseudes*, false; L. *cum*, with; *jugum*, yoke) कृत्रिम संयोगता; कूट संयुग्मन।

pseudocostate–(Gk. *pseudes*, false; L. *costa*, rib) कृत्रिम पर्शुक; कृत्रिमशिरायुक्त; कूट शिराल।

pseudocyst–(Gk. *pseudes*, false; *kystis*, bladder) कृत्रिम स्योति; कूट पुटी।

pseudodeltidium–(Gk. *pseudes*, false; Δ delta; *idion*, *dim*) कूट त्रिकोणिका; छद्म (कूट) विवर पट्ट।

pseudoderm–(Gk. *pseudes*, false; *derma*, skin) छद्माच्छद्; विच्छद्; कूट चर्म।

pseudodont–(Gk. *pseudes*, false; *odous*, tooth) शृङ्गदन्ती; कूट दन्त।

pseudofoliaceous–(Gk. *pseudes*, false; L. *folium*, leaf) कूट पर्णी; पत्तियों (पर्ण) जैसे फैलाव वाला।

pseudogamy–(Gk. *pseudes*, false; *gamos*, marriage) कृत्रिम निषेक; आभासी युग्मन।

pseudogaster–(Gk. *pseudes*, false; *gaster*, stomach) कृत्रिम आमाशय; कूट जठर।

pseudogastrula–(Gk. *pseudes*, false; *gaster*, stomach) छद्म गैस्ट्रूला; छद्म-द्विस्तर; कूट कन्दुक।

pseudogyne–(Gk. *pseudes*, false; *gyne*, woman) छद्म मादा; कूट जाया।

pseudoheart–छद्म हृदय; एकाइनोडर्म का अक्षीय अंग।

pseudolamina–(Gk. *pseudes*, false; L. *lamina*, plate) छद्म पत्रक; पर्णाभवृन्त (phykode) का फैला हुआ शिखरस्थ भाग।

pseudolegs–कैटर पिलर के धड़ पर पाये जाने वाली असन्धिक पाद।

pseudomanubrium–(Gk. *pseudes*, false; L. *manubrium*, handle) छद्म-मुष्ठिक; कूट हस्तक।

pseudometamerism–(Gk. *pseudes*, false; *meta*, after; *meros*, part) छद्म खण्डता; कूट विखण्डता।

pseudomitotic–(Gk. *pseudes*, false; *mitos*, thread) कूट खण्डी।

pseudomixis–(Gk. *pseudes*, false; *mixis*, mingling) कृत्रिम सम्मिश्रण; आभासी जनन।

pseudomonocotyledonous–(Gk *pseudes*, false; *monos*, alone; *kotyledon*, cup-like hollow) आभासी एक बीजपत्रकी; कूट एक बीजपत्री; दो बीजपत्रक परन्तु दानों इस प्रकार मिले हुए कि वे एक ही दिखाई देते हैं।

pseudomonocyclic–(Gk. *pseudes*, false; *monos*, alone; *kyklos*, circle) आभासी एक चक्री; कूट एक चक्री।

pseudonavicella–(Gk. *pseudes*, false; L. *novicella*, small boat) आभामी नौकाभ; छद्म नौकाभ।

pseudonucleoli–(Gk. *pseudes*, false; L. *nucleus*, kernel) छद्मोपाष्टि; छद्म-उपाष्टि; कूट उपकेन्द्रक।

pseudonychium–(Gk. *pseudes*, false; *onyx*, claw) कृत्रिम नख।

pseudo-osculum–(Gk. *pseudes*, false; L. *osculum*, small mouth) छद्म निर्गमद्वार।

pseudoparenchyma–(Gk. *pseudes*, false; *para*, beside; *engchyma*, infusion) आभासी मृदूतक; आभासी पैरेन्काइमा।

pseudopenis–(Gk. *pseudes*, false; L. *penis* penis) मिथ्याशिश्न; छद्म शिश्न; कूट शिश्न।

pseudo-operculum–(Gk. *pseudes*, false; L. *operculum*, lid) कृत्रिमछद्; क्षणिकछद्; कूट प्रच्छद्।

pseudoperianth–Gk. *pseudes*, false; *peri*, round; *anthos*, flower) आभासी परिदल; किन्हीं लिवरवट्स में स्त्रीधानी को घेरे हुए आवरण।

pseudoperidium–(Gk. *pseudes*, false; *peridion*, small wallet) आभासी इसीडियोस्पोरच्छद।

pseudoplasmodium–(Gk. *pseudes*, false; *plasma*, form) कृत्रिमप्लासमोडियम; कूट (आभासी) प्लैजमोडियम।

pseudopod–(Gk. *pleudes*, false; *pous*, foot) क्षणिकपाद; अस्थिरपाद; मिथ्यावाद; अस्थाईपाद; पादाभ।

pseudopodiospore–(Gk. *pseudes*, false; *pous*, foot; sporos; seed) अमीबक; अमीवाणु; अमीबाकार स्पोर समूह जो क्षणिक पाद से गति करता है; बीजाणु अमीनाभ।

pseudopodium–(Gk. *pseudes*, false; *pous*, foot; *eidos*, form) क्षणिकपाद; अस्थाईपाद; मिथ्यापाद, कृत्रिमपाद; अस्थिरपाद; कूटपाद; पादाभ।

pseudopore–(Gk. *pseudes*, false; *poros*, channel) क्षणिक छिद्र; कूट छिद्र।

pseudopregnancy–(Gk. *pseudes*, false; L. *prae*, before; *gignare*, to beget) कूटगर्भावस्था; मिथ्या-गर्भ; निषेक बिना सहायी उत्पादक अंगों का बनना, जिससे वास्तविक गर्भ की दशा उपस्थित हो जाती है।

pseudopupa–(Gk. *pseudes*, false; L. *pupa*, puppet) अर्धप्यूपा; कूटकोशित; कूटप्यूपा।

pseudoramose–(Gk. *pseudes*, false; L. *ramus*, branch) मिथ्याशाखीय।

pseudoramulus–(Gk. *pseudes*, false, L. *ramulus*, small branch) कृत्रिमशाखा; किन्हीं शैवाल (algae) की कृत्रिम शाखा।

pseudoraphe–(Gk. *pseudes*, false; *rhaphe*, seam) आभासी सन्धि (सीवन); कुछ डायएटम (diatoms) में चिकना अक्षीय क्षेत्र।

pseudorhabdites–(Gk. *pseudes*, false; *rhabdos*, rod) छद्मशलाकायें।

pseudosacral–(Gk. *pseudes*, false; L. *sacer*, sacred) छद्मसैक्रल।

pseudoscolex–(Gk. *pseudes*, false; *skolex*, worm) छद्मग्रीवा सिर; कूट मूर्ध।

pseudosematic–(Gk. *pseudes*, false; *sema*, sing) छद्मभ्रमी; छद्मभ्रमोत्पादकी।

pseudoseptate–(Gk. *pseudes*, false; L. *septum*, division) छद्म व्यवधानी; आभासी पटी।

pseudosessile–(Gk. *pseudes*, false; L. *sedere*, to sit) आभासी आवृन्ती; सामान्य रूप से वृन्त उदरीय कीट, पर जब वृन्त (petiole) इतना छोटा हो कि वृक्ष व उदर बिल्कुल पास-पास दिखाई देवें।

pseudosperm–(Gk. *pseudes*, false; *sperma*, seed) छद्म बीज या अंडप (carpel)।

pseudospore–(Gk. *pseudes*, false; *sporos*, seed) छद्म स्पोर।

pseudostele–(Gk. *pseudes*, false; *stele*, pillar) रंभाभ; आभास रंभक जैसे पर्ण की मध्य शिरा।

pseudostoma–(Gk. *pseudes*, false; *stome*, mouth) छद्म मुख; क्षणिक मुख।

pseudotrachea–(Gk. *pseudes*, false; L. *trachea*, wind-pipe) आहार संग्राहक-नाली; छद्म श्वास-नलिका; कूटवातक; कूटश्वास नली।

pseudovarium–(Gk. *pseudes*, false; L. *ovarium*, ovary) छद्म डिम्ब ग्रन्थि।

pseudovum–(Gk. *pseudes*, false; L. *ovum*, egg) मिथ्या डिम्ब; कूट अण्डाणु।

pseudozoaea–(Gk. *pseudes*, false; *zoon*, animal) स्यूडोजुइआ; छद्मजुइआ अर्भक विशेष।

psoas–(Gk. *psoa*, loins) सोआस; प्सोआस; जंघासा की दो मांसपेशीय, वृहत् और लघु।

psorosperms–(Gk. *psora*, itch; *sperma*, seed) (१) सूक्ष्मपरजीवी अंगी। (२) स्पोरोजोआ प्रत्याघात स्योतिक अवस्थायें।

psychogenetic–(Gk. *psyche*, soul; *genesis*, descent) मनोद्भव।

psychon–(Gk. *psyche*, mind) नाड़ी या तंत्रिका संगम; मानसिक।

psyclophysics–(Gk. *psyche*, mind; *physikos*, physical)–मनो-भौतिक शास्त्र; भौतिक उत्तेजना और संवेदनाओं का पारस्परिक गुण और परिमाण सम्बन्धी अध्ययन।

psychophysiology–(Gk. *psyche*, mind; *physis*, nature; *logos*, discourse) मानसिक क्रिया विज्ञान; मनो-व्यापार शास्त्र।

psychosomatic–(Gk. *psyche*, mind *soma*, body) देह-मस्तिष्कीय; देह-मस्तिष्क।

psychozoic–(Gk. *psyche*; mind; *zoon*, animal) मानव प्रधान (भूगोलिक युग)।

psychrophil–(Gk. *psychros*, cold; *philein*, to love) शीतरागी; शीतप्रेमी—जैसे कुछ एक बैक्टीरिया।

psychrophyte–(Gk. *psychros*, cold; *phyton*, plant) शीतप्रेमी पादप।

pteralia–(Gk. *pteron*, wing) पक्ष संयोजक; पक्ष-कंठिका।

pteregrate–(Gk. *pteron*, wing; *grates*, worker) अपंखीय पिपीलिका।

pteridology–(Gk. *pteris*, fern; *logos*, discourse) फर्न विज्ञान; वनस्पतिशास्त्र की वह शाखा जिसका सम्बन्ध फर्न (fern) के अध्ययन से होता है।

pteridophyte–(Gk. *pteris*, fern; *phyton*, plant) टेरीडोफाइट; इसके अन्तर्गत ट्रैकियोफाइटा (वाहिनी ऊतक वाले पौधे), साइलोप्सिडा, लाइकॉप्सिडा (क्लब मॉस); इक्वीसीटम और टिरौप्सिडा (फर्न) सम्मिलित रहते हैं।

pteric–(Gk. *pteron*, wing) पंखवर्ण।

pterins–(Gk. *pteron*, wing) टेरिंज; किन्हीं तितलियों के पंखों के वर्ण।

pterion–(Gk. *pteron*, wing) टेरियोन; त्रिअस्थि संन्धिक विन्दु; पैराइटल, फ्रन्टल और स्फीनोइड के पक्ष की सन्धि का विन्दु।

ptero–पक्ष; पंख।

pterocardiac–(Gk. *pteron*, wing; *kardia*, heart) टीरोकारडियक; पिच्छोपम अस्थिक क्रशटेशिया (crustacea) की जठर चक्की के आनत छोर युक्त अस्थिक (ossicles)।

pterocarpous–(Gk. *pteron*, wing; *karpos*, fruit) पिच्छ-फल; पिच्छ-फल वाला; सपच्छ फल।

pterodium–(Gk. *pteron*, wing) सपच्छ फल; समारा (Samara); इस प्रकार के फल एक या द्विबीजी होते हैं—फलभित्ति पक्ष बनाती है। उदाहरण—चिलबिल (elm); पुतली (maple); एसर (Acer)।

pteroid–(Gk. *pteron*, wing; *pteris*, fern; *eidos*, form) पंखोपम; पंख सदृश।

pteropaedes–(Gk. *pteron*, wing; *pais*, child) टीरोपेडीज; ऐसा शिशु पक्षी जो अण्डे से निकलते ही उड़ने के योग्य होता है।

pteropegum–(Gk. *pteron*, wing; *pege*, source) पक्षाधार।

pteropodial–(Gk. *pteron*, wing; *pous*, foot) पक्षपदी; टीरोपोडा (ptreropoda) या सागर तितलियों (sea-butterflies) में मध्य-पाद (mid foot) के पक्षोपम पालि।

pteropodium–(Gk. *pteron*, wing; *pous*, foot) पंखपाद; पक्षपद।

pterospermous–(Gk. *pteron*, wing; *sperma*, seed) पक्षबीजी।

pterostigma–(Gk. *pteron*, wing; *stigma*, mark) पंखविन्दु; पक्षविन्दु।

pterotheca–(Gk. *pteron*, wing; *theke*, case) पंखकोष; पक्षावरक।

pterotic–(Gk. *pteron*, wing; *ous*, ear) टेरोटिक पंखोपम कर्णास्थि; पक्ष कर्णिका।

pterygial–(Gk. *pteron*, wing) पंखीय; पंख सम्बन्धी।

pterygiophore–(Gk. *pterygion*, little wing; *pherein*, to bear) लघुपक्षधर; कोई एक उपास्थिक फिन किरण (पख अर) जो फिन को सम्हाले रहती है।

pterygium–(Gk. *pterygion*, little wing) टेरीजियम; पंखक; पक्षक।

pterygobranchiate–(Gk. *pteryx*, wing; *brangchia*, gills) पंखोपम गिलें; पंखाकार श्वास छिद्री।

pterygoda–(Gk. *pteryx*, wing; *eidos*, form) उपपक्ष; कीटों के टेगुली (tegulae)।

pterygoid–(Gk. *pteryx*, wing; *eidos*, form) टेरीगॉइड (अस्थि विशेष); त्र्यंगिका।

pterygomandibular–(Gk. *pteryx*, wing; L. *mandibulum*, jaw) टेरीगॉइड और मैन्डिबुलर सम्बन्धी।

pterygomaxillary–(Gk. *pteryx*, wing; L. *maxilla*, jaw) टेरीगॉइड और मैक्सिला सम्बन्धी; स्फीनोइड (sphenoid) के टेरीगॉइड प्रवर्ध और मैक्सिला के मध्य का विदर (fissure)।

pterygopalatine–(Gk. *pteryx*. wing; L. *palatus*, palate) टेरीगॉइड और पैलेटाइन सम्बन्धी।

pterygopodial–(Gk. *pteryx*, wing; *pous*, foot) टेरीगो-पोडियल; पंखपादी (श्लेष्म ग्रन्थि); उपास्थि मत्स्यों में आलिंगकों से सम्बन्धी श्लेष्म ग्रन्थियाँ।

pterygoquadrate–(Gk. *pteryx*, wing; L. *quadratus*, squared) टेरीगो-क्वाड्रेट—मत्स्यों में चिवुक वलय (mandibular arch) की एक उपास्थि।

pterygospinous–(Gk. *pteryx*, wing; L. *spina*, spine) टेरीगो-शूलीय; पार्श्व टेरीगॉइड पलेट और

स्फीनोइड के शूली प्रवर्ध के बीच का पेशीबन्ध (लिगामैन्ट)।

pterylae–(Gk. *pteron*, wing; *hyle*, wood) पिच्छ क्षेत्र; पक्ष क्षेत्र; पक्षी के शरीर के वह क्षेत्र जिन पर पंख लगे रहते है।

pterylosis–(Gk. *pteron*, feather; *hyle*, a wood) पक्ष विन्यास; पिच्छ विन्यास।

ptilinum–(Gk. *ptilon*, feather) टिलिनम; निर्गम-कोष; षटपादों या कीटों (insects) में शिशु षटपाद के सिर पर आगे की ओर स्थित एक फूली हुई थैली।

ptyalin–(Gk. *ptyalon*, saliva) टाइलिन; टायालिन माड़ी-पाचक क्षोभक; थूक (saliva) में पाया जाने वाला क्षोभक रस।

ptyxis–(Gk. *ptyxis*, fold) किसलय-वलन या टिक्सिस अर्थात् वाल पत्तियाँ कली में किस ढंग से लिटपी रहती हैं। यह कई प्रकार का होता है—

reclinate–अवनत या रेक्लिनेट जैसे क्रोटन, लोकाट।

conduplicate–मध्य शिरा-वलित जैसे कचनार, अमरूद।

plicate–वलित या प्लिकेट, जैसे ताड़।

crumpled–अनियमी वलित, जैसे पातगोभी।

circinate–कुण्डलित या सर्सिनेट, जैसे फर्न।

convolute–संवलित या कोनवोल्यूट, जैसे केला।

involute–प्रति केन्द्रज या इन्वोल्यूट, जैसे कमल।

revolute–कोर कुंचित या रिवोल्यूट।

puberty–(L. *pubertas*, adult state) यौवन; प्रौढ़ दशा; यौवनारम्भ।

puberulent–(L. *pubes*, adult) लोमश; सूक्ष्मरोमिल।

pubes–(L. *pubes*, adult) प्यूबीस; वस्ति प्रदेश; प्यूबिक प्रदेश।

pubescence–(L. *pubesecere*, to become mature) रोमी; प्रौढ़ता; रोमिल; रोमश।

pubescent–(L. *pubescere*, to become mature) प्रौढ़; रोमावृत; रोमिल।

pubic–(L. *pubes*, mature) प्यूबिक; जघन; जघन-अस्थि।

pubis–(L. *pubes*, mature) प्यूबिस; (१) जघनास्थि का अग्रभाग। (२) श्रोणि वलय का अग्र-अवर भाग।

pudendal–(L. *pudere*, to be ashamed) योनि क्षेत्रीय; योनि स्थली।

pudendum–(L. *pudere*, to be ashamed) योनि; वाह्य मादा जननेन्द्रिय।

puffing–फूत्कार; उच्छून। एक साथ बहुत से बीजाणु का निःसारण।

pullulation–(L. *pullulare*, to sprout) जेमोद्भवन (gemmation) जैसे यीस्ट (yeast) कोशिकाओं का मुकलन वनस्पतिक उत्पादन।

pulley–(L. *pullanus*, pull) घूर्ण; घिरनी; घिर्री।

pulmobranchia–(L. *pulmo*, lung; Gk. *brangchia*, gills) गिल-फुफ्फुस; पुस्तकीय फुफ्फुस; मकड़ी आदि जन्तुओं का श्वासांग; फुफ्फुस क्लोम।

pulmonary–(L. *pulmo*, lung) फुफ्फुसीय; फुफ्फुस सम्बन्धी; फुफ्फुस।

pulmones–(L. *pulmo*, lung) फुफ्फुस–।

pulp–(L. *pulpa*, fruit pulp) गुदा; मज्जा; लुगदी।

pulsating vacuole–संकुचनशील स्थल; स्पंदमान।

pulse–(L. *pulsus*, driven) नब्ज; धमनी स्फुरण (स्पन्दन); दाल।

pulsellum–(L. *pulsare*, to beat) पश्च कशाभिका।

pulvillar–(L. *pulvillus*, small cushion) नखोपधान।

pulvilliform–(L. *pulvillus*, small cushion; *forma*, shape) नखोपधानोपम।

pulvillus-(L. *pulvillus*, small cushion) नखोपधान; पादतलव; पादतल्प।

pulvinar–(L. *pulvinus*, cushion) उपधानोपम; पर्ण-वृंततल्पी।

pulvinate–(L. *pulvinus*, cushion) उपधानी; उपधान युक्त; तल्पयुक्त।

pulvinulus–(L. *pulvinus*, cushion) नखोपधान।

pulvinus-(L. *pulvinus*, cushion) पलवाइनस; कोशिका स्फीति; कुछ पत्तियों में पर्णाधार फूल कर कुछ मोटा हो जाता है, जिसे पेलवाइनस कहा जाता है—जैसे छुई-मुई; अमलतास; गुलमोहर आदि।

punctate–(L. *punctum*, point) चिन्हित; चिह्नाकार; विन्दुकित।

punctulate–(L. *dim*, of *punctum*, point) लघु छिद्री; लघु चिन्हित।

punctum–(L. *punctum*, point) पन्कटम; सूक्ष्म विन्दु।

puncture–(L. *punctara*, prick) भिद्; चोभ।

pupa–(L. *pupa*, puppet) प्यूपा; पिटिका; कोशित; कोषावृत्ति; षटपाद या कीटों (insects) के जीवन वृत (life-cycle) की तृतीयावस्था।

pupal–(L. *pupa*, puppet) प्यूपीय; प्यूपा सम्बन्धी।

puparium–(L. *pupa*, puppet; *forma*, shape) पिटिका कोष; प्यूपा कोष; कोशितावरण।

pupiform–(L. *pupa*, puppet; *forma*, shape) पिटिकोपम।

pupigerous–(L. *pupa*, puppet; *gerere*, to bear) प्यूपाधारी; प्यूपायुक्त; कोशितधारी।

pupil–(L. *pupilla*, pupil; of eye) प्यूपिल; तारा; कनीनिका; पुतली।

pupillary–(L. *pupilla*, pupil o*j* eye) कनीनिका सम्बन्धी; पुतली सम्बन्धी।

pupiparous–(L. *pupa*, puppet; *parere*, to beget) प्यूपाजन; कोशितज; प्यूपास्थिति तक बने हुए बच्चे जनने वाला।

purines–(Gk. *pyren*, nucleus) प्यूरिन्स; वे रसायन जिनमें कार्बन, हाइड्रोजन तथा नाइट्रोजन होता है, जैसे एडीनाइन (adenine) और ग्वानाइन (guanine) जो उपापचय में होते हैं।

Purkinje, cells of–(*J. E. purkinje*, Bohemian physiologist) परकन्जे की कोशिकायें—प्रमस्तिष्क में फ्लास्कनुमा कोशिकायें जो प्रमस्तिष्क वल्कल (कॉर्टेक्स) में पाई जाती हैं।

pustule–(L. *pustula*, pimple) स्फोट।

pusule–(L. *pusula*, blister) असंकुचनशील स्थली; प्रधानी।

putamen–(L. *putamen*, shell) पुटामन; कर्पर कला। (२) गुठली, अष्ठि।

pycnic–(Gk. *pyknos*, thick) घना; स्थूल।

pycnidiophore–(Gk. *pyknos*, dense; *iodon. dim*; *pherein*, to bear) पिकनिडियोफोर; पिकनिडिया उत्पादी कोनिडियोफोर।

pycnidiospore–(Gk. *pyknos*, dense; *idion*, *dim.*, *sporos*, seed) पिक्नीडियोस्पोर; पिक्नीडिया द्वारा बीजाणु का उत्पादन।

pycnidium–(Gk. *pyknos*, dense; *idion*, *dim*) पिक्नीडियम; (१) पुट ग्रीवा श्रंग या पुमणुजन (गोधूम रस्ट (wheat-rust) में; (२) फन्जाई और लाइकिन्स में वर्तिक (सूचि) बीजाणु (stylospores) पात्र।

pycnosis–(Gk. *pyknosis*, condensation) कोष्ठापकर्षता; प्रघनन; पिक्नोसिस।

pycnotic–(Gk. *pyknosis*, condensation) कोष्ठापकर्षी; पिक्नोसिस सम्बन्धी।

pygal–(Gk. *pyge*, rump) पाइगल; वर्यान्त; पृष्ठ-पश्चान्तर।

pygidiai–(Gk. *pygidion*, narrow rump) पृष्ठ-पश्चान्तरी; पाइजिडियल।

pygidium–(Gk. *pygidion*, narrow rump) पुच्छ पट्टिका; अन्त्यपटिका; पाईगीडियम; पाइजिडियम।

pygochord–(Gk. *pyge*, rump; *chorde*, cord) पृष्ठपश्चान्तर मेड़ प्रवर्धन; पुच्छ-रज्जु।

pygostyle–(Gk. *pyge*, rump; *stylos*, column) पाईगोस्टाइल; पुच्छ कूषकास्थि; फालक; पुच्छ-फाल।

pylangium–(Gk. *pyle*, gate; *anggeion*, vessel) पाइलेंजियम; पीलंजियम; पश्च धमनी कांड।

pylocyte–(Gk. *pylon*, gateway; *kytos*, hollow) छिद्र कोशिका; छिद्र कोपिका; निर्गमाणु।

pylome–(Gk. *pyloma*, gate) पुरा मुख; प्रजीव मुख; द्वारक; पाइलोम।

pyloric–(Gk. *pylors*, gate-keeper) पाइलोरिक; पक्वाशयिक; जठर निर्गम।

pyloric constriction–पाइलोरिक सिकुड़न।

pylorus–(Gk. *pyloros*, gate-keeper) पाइलोरस; आमाशय निम्नद्वार; जठर निर्गम।

pyramid–(L. *pyramis*, pyramid) पिरैमिड; त्रिकोणाकृति; सूच्याकार या शुंडाकृति।

pyrene–गुठली।

pyrenin–(Gk. *pyren*, fruit stone) पाइरेनिन; उपकेन्द्रक का पदार्थ—पैरा-न्यूक्लियेन।

pyrenocarp–(Gk. *pyren*, fruit stone; *karpos*, fruit) (१) अष्ठिल फल; गुठली युक्त सरस फल। (२) एक प्रकार का ऐस्कोकार्प (ascocarp)।

pyrenoid–(Gk. *pyren*, fruit stone; *eidos*, form) पैरेनॉइड; केन्द्रक कण; . निम्न पादपों के रंगहीन प्ररसकण (plastid)।

pyrenophore–(Gk. *pyren*, fruit stone; *pherein*, to bear) केन्द्रकधारी; साइटोप्लाज्म का वह भाग जिसमें न्यूक्लियस (केन्द्रक) होता है।

pyretic–(Gk. *pyretis*, fever) तापवर्धक।

pyridoxin–पाइरीडोक्सिन, विटामिन बी-६; एडरमाइन (adermine)।

pyriform–(L. *pyrum*, pear; *forma*, shape) पाइरीफोर्म; सेवोपम; नाखरूप; सेव (pear) के आकार की कौशेय ग्रन्थि (silk gland) आदि।

pyritic–माक्षिकी; पाइराइटी।

pyxidium–(Gk. *pyxis*, box; *idion*, *dim*) अनुप्रस्थ-स्फुटीफल; पिक्सीडियम; सम्पुटीफल जो अनुप्रस्थ फूटता है जैसे चौलाई और कुल्फा के फल।

pyxis–(Gk. *pyxis*, box) पिक्सिस; प्रवृंत विवृत; लाइकिन्स में प्रवृंत (podetium) का विवृत (dilatation) भाग।

Q

Q-disc–"A" बिम्ब या विषमदैशिक (anisotropic)।

quadrate–(L *quadratus*, squared) क्वाड्रेट; हनुसंधिका।

qurdratojugal–(L. *quadratus*, squared, *jugum*, yoke) क्वाड्रेटो-जुगल; हनुसंधिगंडिका।

quadratomandibular–(L. *quadratus*, squared; *mandibulum*, jaw)) क्वाड्रेट-मेन्डिबिल-सम्बन्धी।

quadratus–(L. *quadratus*, squared) क्वाड्रेटस।

quadricarpellary–(L. *quattuor*, four; Gk. *karpos*, fruit) चतुष-अंडपी।

quadriceps–(L. *quattuor*, four; *caput*, head) क्वाड्रीसेप्स (पेशी)।

quadrifarious–(L. quadrifarious-fourfold) चार पंक्तिक; चतुष्पंक्तिक।

quadrifid–(L. *quattuor*, four; *tindere*, to cleove) चतुष्खण्डित; चार भागों में बटा हुआ; चतुर्भाजित।

quadrifoliate–(L. *quattuor*, four; *foluim*, leaf) चतुष्पर्णी; चारपर्णकी।

quadrigeminal bodies = corpora quadrigemina–चतुष्पिण्ड।

qnadrijugate–(L. *quattuor*, four; *jugum*, yoke) चार युगल पिच्छकी; चार युगल पर्णक।

quadrilocular–(L. *quattuor*, four; *loculus*, small space) चार कोष्ठवी; चतुर्कोष्ठकी।

quadrimaculate–(L. *quattuor*, four; *manula*, spot) चतुर्बिन्दुक।

quadripinnate–(L. *quattuor*, four; *penna*, wing) चतुर्पखी; चार पंख वाला; चतुष्पिच्छकी।

quadritubercular–(L. *quattuor*, four; *tuberculum*, a small hump) चतुर्गुंड; चार ट्युबर्किल (गड्) वाले दांत।

quadrumanous–(L. *quattuor*, four; *manus*, hand) चतुर्हस्त।

quadrupedal–(L. *quattuor*, four; *pes*, foot) चतुष्पद; चतुष्पाद; चतुष्पाद।

quadruplex–(L. *quadruplex*; four fold) चार प्रमुख जीनी।

qualitative inheritance–गुणात्मक वंशागति; ये वह वंशागति होती है जिसमें किसी एक विशिष्ट लक्षण की अभिव्यक्ति (expression) प्रजाति के व्यक्तियों में अत्यधिक भिन्नता प्रदर्शित करती है जिसे असंतत विभिन्नता (discontinuous variatiun) कहते हैं जैसे लिंग (sex) कुछ जीन के वृहत् प्रभाव पर निर्भर होता है।

quantitative inheritance–मात्रात्मक वंशागति; ये वह वंशागति होती है जिसमें किसी एक लक्षण की अभिव्यक्ति शनै-शनै एक स्थिति के बाद दूसरी क्रमशः प्रदर्शित होती है इसे संतत विभिन्नता (continuous variation) कहा जाता है—जैसे मानव का डील डौल (stature)—कई जीन के सह प्रक्रिया से बनता है, जिसमें जीन प्रत्येक अपना आंशिक प्रभाव डालते हैं।

quaternary–(L. *quaterni*, four each) चतुर्थ; चतुर्थ महाकाव्य।

quarter–(L. *questus*, fourst) चतुष्क; चतुर्दली।

quaternate–(L. *quaterni*, four each) चार अस्त मन।

queen–(A. S. *cwen* queen), रानी।

queen bee–(A. S. *cwen*, queese) मक्ष रानी; रानी मक्षिका।

quiescent–शान्त अवस्था; शांत।

quill–(O. Fr. *quille*, a peg) क्विल; कुइल; पिच्छ-मूल; शल।

quill feathers–क्विलदार पंख; पर्ण-पिच्छ; पंख पिच्छ।

quinary–(L. *quini*, five each) पंचक; पंचकभागी सममिति।

quinate–(L. *quini*, five each) पांच सपत्रक; एक ही विन्दु से पाँच पत्रक (leaflets) निकलते हुए।

quineuncial–(L. *quinque*, five; *uncia*, twelfth part) पंच विन्यासी।

quincunx–(L. *quinque*, five; *uncia*, twelfth part) पंचरचनक; पांच पर्ण या दल का इस प्रकार विन्यास कि दो बाहर, दो अन्दर और पाँचवां कुछ अन्दर और कुछ बाहर।

quinquecostate–(L. *quinque*, five; *costa*, rib) पंच शिरी पर्ण।

quinquefarious–(L. *quinque*, five; *jariam*, in rows, पंच दिशी; पंचदिक्की।

quinquefid–(L. *quinque*, five; *tubese*, to cleave) पंचखण्डित; पाँच भागों में बंटा हुआ।

quinquefoliate–(L. *quinque*, five; *folium*, leaf) पंच पर्णी।

quinquepartite–(L. *quinque*, five; *partitus*, divided) पंच विभाजी; पंच विभक्तिक।

quinquetubercular–(L. *quinque*, five; *tuberculum*, a small hump) पंचगड्ड; पाँच ट्यूबर्किल गड्ड वाले (दांत)।

R

Rabbit–(M. E. *rabet*, dim. of a form seen in old dutch *robbe*) खरगोश; शशक; [नोट-खरहा शब्द hare के लिये प्रयोग करना चाहिये]।

race–(F. *race*, race, family) नस्ल; नसल, प्रजाति; जाति।

racemation–(L. *racemus*, bunch) द्राक्षोपम गुच्छता।

raceme–(L. *racemus*, bunch) रेसीम (पुष्पक्रम); एक प्रकार का पुष्प संवृन्त असीमाक्षी पुष्प क्रम; इसमें एक बढ़ी हुई रेकिस पर सवृन्त पुष्प अग्राभिसारी क्रम (acropetal succession) में लगे रहते हैं—उदाहरण—मूली, सरसों, लाइनेरिया इत्यादि।

racemiferous–(L. *racemus*, bunch; *ferre*, to carry) रेसीमधारी।

racemiform–(L. *racemus*, bunch; *forma*, shape) रेसीमरूपक।

racemose–(L. *racemus*, bunch) गुच्छीय; असीमाक्षी (पुष्प क्रम); द्राक्षगुच्छाभ।

racemule–(L. *racemulus*, small bunch) असीमाक्षक; लघु गुच्छीय, लघु रेसीम।

racemulose–(L. *racemulus*, small bunch) लघु असीमाक्षक।

rachial–(Gk. *rhachis*, spine) रेकिस सम्वन्धी; प्राक्षीय।

rachidial–Gk. *rhachis*, spine) प्राक्षीय।

rachidian–(Gk. *rhachis*, spine) रेकीडियन; रेकिस के समीप या रेकिस पर।

rachiform–(Gk. *rhachis*, spine; L. *forma*, shape) रेकिस सदृश :

rachilla–(Gk. *rhachis*; spine) संक्षिप्त रेकिस।

rachiodont–(Gk. *rhachis*, spine; *odous*, tooth) कूटदन्ती; ऐसे सर्प जो अण्डे (eggs) खाते हैं और जिनके अग्रवक्षक (anterior thoracic) कशेरूओं (vertebrae) के अधः प्रवर्धन कूटोपम होते हैं और दाँतों की तरह का काम देते हैं।

rachiostichous–(Gk. *rhachis*, spine; *stichos*; sow) फिनाक्ष; क्षेपणी-अक्ष।

rachis–(Gk. *rhachis*, spine) रैकिस; प्राक्ष; सुषुम्ना स्तम्भ; पक्ष दण्ड; डण्ठल।

rechitomous–(Gk. *rhachis*, spine) रेकीटोमस; संयुक्तांगी कशेरू; वह कशेरू जो भिन्न टुकड़ों के मिलने से बनते हैं।

[देखिये—temnospondylous–टेमनोस्पोन्डाइलस]

radial–(L. *radius*, ray) अरीय; अर–; अर सम्बन्धी।

radial canal–अर नलिका; अरीय नाल।

radial symmetry–अर समांशता; अरीय सम्मित; अरीय सममिति।

radiale–(L. *radius*, ray) रेडियल; पोरू की हड्डी।

radiate–(L. *radius*, ray) अरसमांशी; विकिरण करना।

radiatiform–किरणानविकोपम; किरणानविक तटी रश्मि पुष्पक युक्त; (with radiating marginal florets)।

radicivorous–(L. *radix*, root; *tvorcare*, to devour) जड़भोजी।

radical–(L. *radix*, root, मूलजाभासी; मूलज।

radicant–(L. *rndicari*, to take root) (१) स्तम्भ मूल; ऐसी जड़ युक्त जो तने से विकसित होती है। (२) मूलन (rooting)।

radicel–(*Dim*, of L. *radix*, root) लघु मूल।

radiciflorous–(L. *radix*, root; flos, flower) मूल-पुष्पी; मूलज पुष्पी।

radiciform–(L. *radix*, root; *forma*, मूल रूपी; जड़ सदृश।

radicivorus–(L. *radix*, roo1; *colere*, to inhabit) जड़-वासी; जड़ प्रेमी।

radicle–(L. *radix*, root) मूलांकुर; लघुमूल; छोटी जड़; मूलांकुर और प्रांकुर (plumule) युक्त केन्द्रीय अक्ष का निम्न भाग, भ्रूणिक।

radicolous–(L. *radix*, root; *colere*, to inhabit) जड वासी; जड़ प्रेमी।

radicose–(L. *radix*; root) दीर्घ मूलक।

radicular–(L. *raaix*, root) लघु मूलक।

radicule–(L. *radix*, root) मूलिका (rootlet)।

radiculose–(L. *radix*, root) बहुमूलिकीय।

radiobiology–विकिरण-जैविकी।

radio-carpal–(L. *radius*, ray; *carpus*, wrist) रेडियो-कारपल; त्रिज्या-कर्मास्थिक।

radiole–(L. *radiolus*, small shuttle) कूटक।

radiolysis–विकिरण अपघटन।

radioreceptor–(L. *radius*, ray; *receptor*, receiver) अन्त्यांग ग्राही (ज्ञापक)।

radiosymmetrical–(L. *radius*, ray, Gk. *syn*, with; *metron*, measure) अरसमांशी; समसमांशी।

radioulnar–(L. *radius*, ray; *ulna*, elbow) रेडियो अलनर; रेडियस और अलना सम्बन्धी; प्रकोशिकास्थियों सम्बन्धी; रेडियो अल्नर; अन्तरा प्रकोष्ठिका।

radius–(L. *radins*, ray) रेडियस (१) वहिप्रकोष्ठास्थि; त्रिज्या; ह्यूमेरस (humerus) और कारपल (carpal) के मध्य में स्थित प्रकोष्ठास्थि (२) षटपादों या कीटों (insects) के पक्ष (wing) की एक नस (vein)।

radix–(L. *radix*, root) मूलांक; उद्गम विन्दु; किसी संरचना जैसे आयोटा (aorta) का उद्गम विन्दु (point *of origin*।

radula–(L. *radere*, to scrape) रेडुला; आरीयन्त्र; रेती जिव्हा, घर्षित्र; गैस्ट्रोपोड (gastropod), घोंघा आदि के मुख के अन्दर पाई जाने वाली एक पट्ट के आकार वाली बनावट जिसके ऊपर सख्त काइटिन (chitin) की बनी हुई पंक्तियों की कतार रहती है।

radulate–(L. *radere*, to scrape) रेड्यूलेट; घर्षकांग; आरीयन्त्री।

raduliform–(L. *radere*, to scrape; *forma*, shape) रेड्यूलोपम; घर्षकोपम; घर्षकाकार; आरी नुमा (सदृश)।

rainey's corpuscles–(G. *rainey*, english morphologist) रेने-कण;. [रेने वैज्ञानिक का नाम] (१) आयत (elongated) स्पोरोजोन (sporozoan) या रेने-कण जो कि ऐच्छिक मांस पेशियों (voluntary muscles) के रेशों (fibres) में पाये जाते हैं। (२) सरकोसिस्टिस (sarcocystis) के स्पोर। (रेने कण)।

ramal–(L. *ramus*, braneh) शाखोद्भव; शाखीय; शाखा सम्बन्धी।

ramate–(L. *ramus*, branch) शाखान्वित; शाखीय।

ramellose–(L. *ramus*, branch) लघु शाखीय।

ramentaceous–(L. *ramenta*, shavings) तनु शल्की; रैमेन्टेशियस।

ramentiferous–(L. *ramenta*, shavings, *ferre*, to carry) तनु शल्कधारी; रैमेन्टमधारी।

ramentum–(L. *rementa*, shavings) रैमेन्टम; तनुशल्क। (१) फर्न पत्तियों पर पाई जाने वाली भूरी शल्कोपम संरचनायें (आकृतियां), (२) आयात कला—रोम अविच्छद् अभिवृद्धियां।

rameous–(L. *ramus*, branch) शाखीय।

remicolous–शाखावासी।

ramicorn–(L. *ramus*, branch; *cornu*, horn) विभक्त स्पर्शक; शाख शृंग; ऐसे षटपाद या कीट (insects) जिनके स्पर्शक या स्पर्श तन्त्र बंटे हुए होते हैं।

ramiferous–(L. *ramus*, branch; *ferre*, **to bear)** शाखीय; शाखाधारी; शाखाधर।

ramification–(L. *ramus*, branch; *facere*, to make) शाखा न्यास; प्रप्रति शाखा; प्रशाखन; बहुशाखन।

ramiform–(L. *ramus*, brannh; *forma*, shape) शाखोपम; शाखा समान; शाखा रूप।

ramigerous–(L. *ramus*, branch; *gerere*, to carry) शाखाधारी; शाखा युक्त; शाखों वाला।

ramiparous–(L. *ramus*, branch; *parere*, to beget) शाखाजन; शाखाप्रसू; शाखा उत्पन्न करने वाला।

ramose–(L. *ramus*, branch) बहुशाखीय; बहुशाखा युक्त; शाखान्वित।

ramule–(L. *ramulus*, twig) प्रशाखा (twig)।

ramuliferous–(L. *ramulus*, twig; *ferra*, to bear) प्रशाखीय; प्रशाखाधारी।

ramulose, ramulous–(L. ramulus, twig) लघु प्रशाखीय।

ramulus, ramuscule–(L. *ramulus*; twig) लघु-प्रशाखा।

ramus–(L. *ramus*, cranch) रेमस; शाखा; १–कोई शाखोपम आकृति २–पृष्ठ दण्डियों (vertebrates) का जवड़ा (हनु)। ३–रोटीफर्स (rotifers) के चर्वण यन्त्र

का एक भाग । ४–स्पाइनल तंत्रिका की शाखा । ५–पक्षों के पिच्छक (barb) ।

ramus cummunicans–संयोजक शाखा; समवन्धक शाखा ।

ranine–(L. *rana*, frog) जिह्वा-अधतली ।

ranivorous–(L. *rana*, frog; *vorare*, to devour) मेंढ़क भोजी, मेंढ़क खाने वाला जन्तु ।

ranvier's nodes–(A. *ranyier*, french histologist) रनवियर-पर्व; मेडूलरी (medullary) तंत्रिका सूत्रों (nerve fibres) के वह स्थान जहाँ पर मेडूलरी (medullary) पिधान (sheath) या मज्जापिधान (myclin sheath) का भाग नहीं होता है, जिसके कारण उस स्थान पर पर्व या गाँठ (node) बन जाता है ।

rapaceous–शलजम रूप ।

raphe—(Gk. *raphe*, seams) सेवनी; सन्धि रेखा ।

raphides–(Gk. *rhaphis*, needle) रेफ़िड्ज़; सूचिकण; खरिक-कण; वनस्पति कोशिकाओं में पाये जाने वाले छोटे-छोटे कैलशियम ऑक्सलेट (Calcium oxalate) के कण जो उपापचय प्रक्रिया के उत्पाद होते हैं ।

raphidiferous–(Gk. *rhaphis*, needle; L. *ferre*, to carry) सुचिकण युक्त ।

raptatory–(L. *raptere*, to rob) भक्षी; मोषी ।

raptorial–(L. *raptere*, to rob) मोषक; भक्षक; प्रराह पक्षी ।

rat–(A. S. *raet*, rat) चूहा; मूषक; मूसा; उन्दुर ।

rat snake–मूषाक सर्प ।

rasorial–(L. *radere*, to scratch) निघर्षणी; निघर्षणक; क्षुरण; खुरण ।

rassenkreis–(Ger. *Rasse*, raee; *kreis*, circle) वहुप्ररूपक जाति ।

rastellus–(L. *radere*, to rasp) चंगुलांग दंत समूह; अष्टपाद (arachnid) के चंगुलांग (chelicera) का एक दंत समूह ।

rate-gene–गति प्रभावी जीन; गतिकारक; वर्धन प्रक्रिया की गति प्रभावक जीन ।

Rathke's pouch–(M. H. *Rathke*; German anatomist) रेथके-प्रसेव (स्यूत); १–कशेरूकों में मौखिक वाह्य चर्म की अंधवर्ध (diverticulum) । २–पूर्व पीयूष ग्रन्थि (prepituitary gland) निर्माण प्रारम्भ ।

ratitae or ratite–(L. *ratis*, raft) रेटीटी; दौड़ने वाले पक्षी ।

rattle–(M. E. *ratelen*, to clatter) रेटिल; शिंज; खड़खड़ाहट पैदा करने वाला अंग; झन्कारोत्पादक अंग ।

rattle sanke–रैटिल सर्प; अमेरिका में पाया जाने वाला एक सर्प विशेष जिसके कि दुम में तीन चार सख्त खड़खड़ाहट उत्पन्न करने वाले टुकड़े लगे रहते हैं, जिनको कि रेटिल (rattle) कहते हैं ।

rauber's layer–(A. *rauber*, estonian anatomist) रौवर स्तर; कोशिकघिच्छद-प्रावृत्त ।

ray–(L. *radius*, ray) १–रे—एक प्रकार की मत्स्य (मछली) विशेष । २–कण्टक धारियों (echinoderms) की एक वाहु या भुजा; ३–किरण रश्मि; ४–पाद । (५) पख-अर । [देखिये aktis]

ray florets–रश्मिपुष्पक; कम्पोजिटी फूलों के वाह्यतम (outermost) रश्मिपुष्पक (florets) ।

reaction–प्रतिक्रिया ।

reaction time–प्रतिक्रिया समय; उत्तेजना और प्रतिक्रिया समय; उत्तेजना और प्रतिक्रिया के मध्य का समय अवकाश ।

read–एवोमेसम; अश्वीयानी; रोमथशीलों (ruminants) के आमाशय का चतुर्थ भाग ।

realm–परिमण्डल ।

rearrangement–पुर्नन्यास; पुर्नविन्यास ।

recapitulation theory–पुनरावलोकन वाद (मत); पुनरावर्तन सिद्धान्त; रीकैपीटुलेशन थ्योरी; प्रत्येक प्राणी वृद्धिक्रम में अपनी जाति के विकास में पाई जाने वाली अवस्थाओं को फिर दुहराता है । यह मत पुनरावलोकन वाद कहलाता है इसको वोनवेयर (von baer) का कानून या वायोजेनेटिक नियम (biogenetic law) के नाम से भी कहा जाता है ।

recent–आधुनिकयुग; अभिनव युग ।

recent (epoch) era–अभिनव महाकल्प ।

receptacle–(L. *recepire*, to receive) आशय; पात्र; धानी ।

receptaculum–(L. *recipere*, to receive) पात्र; गृहीत; अण्डाधान।

receptaculum chyli–(*thoracic duct*) काईली पात्र; वसालसीका धान; ओरस प्रणाली (thoracic duct) के निचले भाग में स्थित कोटर (cavity)।

receptaculum ovorum–डिम्बग्राही, डिम्बगृही; केचुए (earthworm) आदि में अण्डे या डिम्ब एकत्रित करने वाला पात्र (अंग)।

receptaculum seminis–वीर्याणुग्राही; मादा में वीर्याणु गृहण करने वाला अंग।

receptive spot–प्रवेशांक; वीर्याणु प्रवेश स्थान; अण्डे में वह बिन्दु या स्थान जहां से वीर्याणु प्रवेश करता है।

receptor–(L. *recipere*, to receive) ज्ञापक; वेदनाग्राही; संग्राहक; ऐसा ज्ञान कोष्ठ या कोशिका जो बाहरी उत्तेजना को ग्रहण करता है। ये विभिन्न प्रकार के होते हैं तथा प्रत्येक ज्ञापक एक ही प्रकार की संवेदना ग्रहण करने की क्षमता लिये होता है जैसे ताप (theamoreceptor); प्रकाश (photoreceptor); दबाव (thigmoreceptor) आदि। जब प्रयाप्त मात्रा में उत्तेजना ज्ञापक पर पड़ती है, तब उस उत्तेजना को ज्ञापक तंत्रिका द्वारा तंत्रिका कोशिकाओं तक प्रेरित कर देता है जिससे जन्तु को उसका अनुभव होता है।

recess–(L. *recessus*, withdrawn) विविक्त स्थान; रिसेस।

recessive–(L. *recessus*, withdrawn) संवृत; अप्रभावी।

recessive character–संवृत लक्षण; अपसरण शील लक्षण; अप्रभावी लक्षण।

reciprocal hybrids–मिथसंकर; द्विप्रसंकर; व्युत्क्रमसंकर; व्यतिसंकर; ऐसा संकर जो किसी एक उपजाति के नर तथा दूसरी उपजाति की मादा से तथा एक अन्य पहले की मादा और दूसरे के नर से उत्पन्न हो।

reclinate–(L. *reclinare*, to lean) अवनत; आनती; (१) शिखर से आधार तक पीछे की ओर मुड़ा हुआ।
(२) बीजांड (ovule) बीजांड वृन्त (funiculus) से लटकता हुआ।

reclining–(L. *reclinare*, to lean) आनत; कृशांगी।

recon–पुनराणु।

rectifide spirit–शीधतसुरा; विशुद्ध मध्यसार; परिशोधितस्प्रिट।

recrudescence–(L. *re*, again; *crudescere*, to become hard) पुर्नप्रसर्षण; मलाशयिक; पुनः उद्भव।

recruitment–(O. F. *recruter*, from L. *recrescere*, to grow again) प्रवलीकृत; शक्तिवृधता; अतिरिक्त प्रेरक तंत्रिका कोशिकाओं का क्रियाशील होना जिससे अधिक प्रतिवर्ती क्रिया सम्भव होती है। जबकि एक ही मात्रा की उत्तेजना निरन्तर दी जा रही हो।

rectal–(L. *rectus*, straight) मलाशयी; मलाशय सम्बन्धी।

rectal gland–मलाशयी ग्रन्थि; मलाशयिक ग्रन्थि।

rectigradations–उपयुक्त-विकासवृति; क्रमिक विकास।

rectinerval–(L. *rectus*, straight; *nervus*, nerve) अवक्र-तंत्रिकायुक्त।

rectipetality–(L. *rectus*, straight; *petere*, to seek) स्वकीय वृत्ति।

rectirostral–(L. *rectus*, straight; *rostrum*, beak) अवक्र चंचुक; सीधी चोंच वाला; ऋजुचंचु।

rectiserial–(L. *rectus*, straight; *series*, row) सरल पंक्तिक; समरेख-क्रमिक।

rectivenous–(L. *rectus*, straight; *vena*, vein) सरल शिरायी।

rectogenital–(L. *rectus*; straight; *genitalia*, genitals) गुदा-जननेन्द्रिय; मलाशय-जननेन्द्रिय।

rectouterin–(L. *rectus*, straight; *uterus*, womb) मल-गर्भाशय सम्बन्धी; पश्च गर्भाशयिक बंध (ligament)।

rectovesical–(L. *rectus*, straight; *vesica*, bladder) मल-मूत्राशयिक; मलाशय और मूत्राशय सम्बन्धी।

rectricial–(L. *regere*, to rule) पुच्छ-पक्षीय, रेक्ट्रीसियल; दुम के पंखों सम्बन्धी।

rectrix or rectrices–रेक्ट्रिक्स; पुच्छ पक्ष; पक्षियों के दुम के पंख; पुच्छ पिच्छ।

rectum–(L. *rectus*, straight) रेक्टम; गुदा; मलाशय; अन्न-प्रणाली के अन्तिम छिद्र (पायु) से पहले का चौड़ा भाग जिसमें मल एकत्रित रहता है।

rectus–(L. *rectus*, straight) रेक्टस; मांस पेशी विशेष।

recurrent–(L. *re*, back; *currere*, to run) आवर्तक; प्रत्यावर्तिन; प्रत्यावर्ती।

recurved–(L. *re*, back; *curvus*, bent) पुर्ननयत; दुबारा मुड़ा हुआ; प्रतिवक्र; प्रतिवक्रित।

recurvirostral–(L. *re*, back; *curvus*, curved; *rostrum*, beak) पुर्ननयत चंचूक; अधिवक्र चंचु।

red corpuscle–लाल रक्त कण; लाल रक्ताणु; रक्त (खून) के लाल कण; लाल रुधिर कणिका।

redia–(F. *redi*, italian scientist) रेडिया; ट्रिमेटोडा (trematoda) का अर्भक या लार्वा (larva)।

reduced–(L. *re*, back; ducere, to lead) न्यूनित; क्षीण।

reduction–(L. *raductus*, reduced) ह्रास; क्षीणता; न्यूनीकरण।

reduplicate–(L. *re*, again; *duplicare*, to repeat) पुर्नवलित; प्रतिवलित। इस प्रकार का पुष्पदल विन्यास (aestivation) जिसमें कौरक के दल या वाह्यदल सम्पर्क विन्दु बाह्य की ओर घूमे हुए होते हैं।

reduviid–(L. *reduvia*, hanghail) उदवंघी; षटपादियों या कीटों (insects) के अण्डे जो अणुद्वार या माईक्रोपाइल (micropyle) से सुरक्षित लगे रहते हैं।

reflected–(L. *reflectere*, to turn back) परावृतित; पुनरावृत; प्रतिबिंबित।

reflex–(L. *reflectere*, to turn back) परावर्तन; प्रतिवर्त।

reflex action–परावर्तित प्रक्रिया (क्रिया), प्रतिवर्ती क्रिया, परावर्तित, कार्य, उत्तेजना का आप से आप प्रति उत्तर; ऐसा कार्य जिसमें संवेदीय (sensory) तंत्रिका द्वारा प्राप्त उत्तेजना का प्रति उत्तर मस्तिष्क अथवा सुषुम्ना से परावर्तित होकर गतिकारी तंत्रिका द्वारा सम्पन्न होता है। यह अनैच्छिक कार्य होते हैं।

reflex are– परावर्तन चाप।

reflexed–वलित; नत।

refracted–(L. *re*, back; *frangere*, to break) अपवर्तित।

refractory–(L. *refractarius*, obstinate) दुर्गलनीय; अन उत्तरदायिनी।

regeneration–(L. *re*, again; *generare*, to beget) पुनरुत्पादन पुनरुत्पत्ति; पुर्नजनन; पुनरुद्भवन; अंगी द्वारा नष्ट हुए ऊतकों या अंगों का पुन: स्थापित कर लेना पुनरुत्पादन या पुनरुद्भवन (regeneration) कहलाता है। यह शक्ति विभिन्न जन्तु समुदायों में अलग-अलग होती है। कुछ पट्टकृमियों (platyhelminthes) में एक छोटा सा टूक सम्पूर्ण शरीर का पुनरुत्पादन कर लेता है जबकि स्तनी में केवल यह शक्ति जख्म या चोट को भरने, परिधि तंत्रिका सूत्रों का पुनःरोहण और प्रति पूरक (compensatory) प्रतिवृद्धि (hypertrophy) तक ही सीमित होती है। वनस्पतियों में पुनरुत्पादन एक सामान्य लक्षण होता है जिस कारण पादप संचरण (plant propagation) मे इसका प्रयोग बड़ी मात्रा में किया जाता है।

regma–(Gk. *rhegma*, fracture) रेगमा; यह भिदुर (schizocarpic) प्रकार के फल होते हैं जो बहुअण्डपी जायांग से बनते हैं और फटने पर उतने ही भागों में विभक्त हो जाते हैं जितने कि उसमें अण्डप (carpel) होते हैं। प्रत्येक भाग को गोलाणु या कॉक्स (coccus) कहते हैं। उदाहरण जिरेनियम, एरण्ड इत्यादि।

regio-olfactoria–घ्राण प्रदेश।

region–(L. *regere*, to rule) प्रदेश।

regression filial–सन्तति परावर्तन; प्रतिक्रमण; विलक्षण दम्पत्तियों की सन्तति में अपने पितरों के असामान्य लक्षणों का कम मात्रा में प्रकट होना और इस प्रकार उनका फिर अपने जाति प्रकार की सामान्य अवस्था से सदृश्य दिखलाना अर्थात् उसकी ओर लौट जाना।

regular–(L. *regula*, rule) अरीय सममिति या त्रिज्यासममिति (actinomorphic) पुष्प आदि।

Reissner's membrane–(*E. Reissner*, German physiologist) रेसीनर कला (कर्ण में)।

rejuvenescence–(L. *re*, again; *juvenescere*, to grow young) कायाकल्प; पुर्नयौवनता; पुनर्युवन।

relax–(L. *re*, away form; *laxare*, to loosen) शैथिल्य; शिथिलन।

relaxation time–शिथिलन समय; निवृत काल; उत्तेजना के हटाने के पश्चात् उत्तेजना से निवृत पाने का समय।

relaxed condition–शिथिल-अवस्था; विश्रांत दशा; प्रमुक्त दशा।

relay cell–प्रतिसारण कोशिका; रिलेकोशिका; तंत्रिका कोशिका मध्यस्थ (interneurone) या अन्तर्वर्तिकी (internuncial)।

relict–(L. *relictus*, abandoned) विश्वस्ता; कार्य विहीन पर मूलत: यथाकाल व्यावहारिक।

Remak's fibres–(*R. Remak*, German anatomist) रिमाक सूत्र; भूरे या जिलेटीनक तंत्रिका सूत्र; विघानहीन (non-medukated or amyelinated) तंत्रिका सूत्र।

Remak's plexus–रिमाक तंत्रिका जाल; मेसेनर तंत्रिका जाल; तंत्रिका सूत्रों का क्षुद्रांत्र के अध: श्लेष्मक (submucosa) का गण्डक जाल।

remiges, remax–(L. *remex*, rower) रेमीजेस; कुइल; प्रचुद-पंख; दण्डधर पक्ष; पक्ष पिच्छ; पक्षियों के डैने के पंख।

remiges primary–प्राथमिक दण्डधर पक्ष।

remiges secondary–गौण दण्डधर पक्ष।

remiped–(L. *remus*, oar; *pes*. foot) रेमीपैड; डांडपादी; ऐसे जन्तु जिनके पांव पतवार की तरह कार्य करने के अनुकूल होते हैं।

remnant–अवशेष; अवशिष्ट।

renal–(L. *ren*, kidney) वृक्कीय; वृक्क–; गुर्दा या वृक्क सम्बन्धी।

renal portal–वृक्क-कोशिकान्तक; वृक्क निवाहिका।

renes–(L. *ren*, kidney) वृक्क।

renette–(L. *ren*, kidney) ग्रन्थिल विसर्जन कोशिका।

reniculus–(Dim. of *ren*, kidney) वृक्कदल।

reniform–(L. *ren*, kidney; *forma*, shape) वृक्काकार; वृक्कोपम।

renin–(L. *ren*, kidney)—रेनिन; एक वृक्क प्रोटीन जिसका प्रभाव वहुमूत्र प्रवाह (diuretic) तथा नलिका दाव (vasopressor) का होता है।

rennin–(A. S. *rennan*, to cause to ruin) रेनिन; दूध का दही बनाने वाला उद्दीपक रस (enzyme)।

renopericardial–(L. *ren*, kidney; Gk. *peri*, round; *kardia*, heart) वृक्कहार्दिक; वृक्क-हृदय सम्बन्धी तन्त्रयुक्त नलिका (उच्च मौलस्का में पाई जाने वाली)।

repand–(L. *repandus*, bent backwards) तरगतटी; भंगनत; तरंगित कोर।

repandodentate–(L. *repandus*, bent backwards; *dens*, tooth) अल्पतरंगी।

repent–(L. *repere*, to crawl) सृप।

replacing bone–स्थान निवेशास्थि; स्थान निवेशक-अस्थि; प्रतिस्थापी अस्थि।

repletes–(L. *repletus*, filled up) परिपूरित।

replicate–(L. *re*, back; *plicare*, to fold) द्वंघीय; प्रतिकृत।

replum–(L. *replum*, bolt) रेप्लम; आभासीपट; १–सिलिक्यूआ (siliqua), क्रूसीफेरी कुल के फल में जो आरम्भ में एक कोष्ठकी होता है परन्तु कोष्ठक के बीच में आभासीपट (replum) बन जाने से द्विकोष्ठकी हो जाता है।
२–जेर सम्बन्धी पट।

reproduction–(L. *re*, again; *pro*, forth; *ducere*, to lead) जनन; उत्पादन; उत्पत्ति प्रक्रिया; पुनरुत्पादन।

redroductive organs–जननांग; उत्पादक-अंग।

reproductive system–उत्पादन संस्थान (मण्डल); जनन मण्डल या तन्त्र; जनन तंत्र।

reptiles–(L. *reptilis*, to creep) सर्पक; सृपीशील जन्तु; सरीसृप रेप्टाइल्स।

reptilia–(L. *repere*, to crawl) सृपीशील या सर्पक वर्ग; उरग; रेप्टीलिया; सरीसृप।

reptiloid–(L. *repere*, to crawl; Gk. *eidos*, form) सर्पकोपम; सर्पक लक्षणी।

repugnatorial–(L. *repugnare*, to resist) प्रतिरोधकता; विरुद्धता।

reservoir–(L. *reservare*, to keep back) आशय; वापी।

residual air–अवशेष वायु; निश्वासन में अधिकतम वायु निकालने के पश्चात् जो वायु फुफ्फुस में अवशेष रह जाती है, उसे अवशिष्ट (अवशेष) वायु कहा जाता है।

resilifer–(L. *resilire*, to leap back; *ferre*, to carry) प्रापक संधिधारी।

resilium–(L. *resilive*, to leap back) प्रापक सन्धि; द्विकर्पर (bivalve) सीपीयों में घूमने वाली सन्धि।

resin–(L. *resina*, gum) यक्षधूप; सर्जरस।

resistant–(L. *re*, again; *sistere*, to make to stand) प्रतिरोधी; प्रतिरोधक।

respiration–(L. *re*, again; *spirare*, to breathe) श्वास; श्वास कार्य; श्वास-प्रक्रिया; श्वसन।

respiration centre–श्वास केन्द्र।

respiratory–(L *re*, again; *sporare*, to breathe) श्वासक; श्वास–; श्वसन; श्वसनी।

respiratory quotient–श्वसन-गुणांक; एक ही समय में प्रयोगित आक्सीजन की मात्रा और निष्कासित कार्बन डाइ ऑक्साइड की मात्रा का अनुपात।

respiratory system–श्वास प्रश्वास संस्थान (मण्डल)।

respiratory tract–श्वास पथ।

response–(L. *re*, back; *spondere*, to promise) प्रत्युत्तर; अनुक्रिया; प्रतिवेदन।

restiform–(L. *restis*, rope; *forma*, shape) रज्जूकार; रज्जुरूप।

restitution (L. *restitutio*, restoration) प्रत्यानयन; प्रत्यवस्थान; प्रत्यएकत्रण।
१–ऊतक के पृथक टूकों के मिलने से एक काय पिण्ड का बनना।
२–कोरक खंड (ब्लास्टोमियर)।
३–पुनरुद्भवन (regeneration)।

resupinate–(L. *resupinare*, to bend back) प्रतीपमोटन; इस प्रकार से मोटन (twisted) कि भाग अधोमुखी हो जावें।

resupination–(L. *resupinere*, to bend back) प्रतिलोमन।

resting–विराम; सुप्त।

rete–(L. *rete*, net) जाल; जालिका।

rete malpighii–मालपीजियन जाल; वाह्यस्तर का गहरा भाग।

rete mirabile–धमनी जाल; मछलियों (fishes) के प्लाविक कोषिका (swim bladder) की भित्ति पर स्थित धमनियों का जाल।

rete mucosum–मालपीजियन जाल।

retecious–(L. *rete*, net) जालोपम; जाल सदृश।

retial–(L. *rete*, net) जालिका सम्बन्धी।

reticle–(L. *reticulum*, small net) रेटिकिल; जालिका।

reticular–(L. *reticulum*, small net) रेटीकुलर; जालदार प्ररस; जाल-प्ररस; जालिका।

reticular cells–जाल-कोशिकायें; अस्थि मज्जा, स्प्लीन और लसीका ग्रंथि की मध्योतक कोशिकायें (mesenchymal cells) जो कणीश्वेताणु (granulocytes) लसीकाणु (lymphocytes) और एक केन्द्रकाणु (monocytes) को जन्म देती हैं।

reticular theory–(L. *reticulum*, small net; Gk. *theorein*, to view) जाल-मत; जाल-प्ररसमत; इस मतानुसार जीवन तत्व (protoplasm) का कम पतला पदार्थ ऐसे सूत्रों के जाल रूप में पाया जाता है जो स्वयं अनेक सूक्ष्म गोल कणों से बने होते हैं; जाल के छेदों में दूसरा पदार्थ जो अधिक द्रव होता है, भरा रहता है।

reticulate–(L. *reticulum*, small net) जालोपम; जाल सदृश; जालिका रूपी।

reticulocyte–(L. *reticulum*, small net; *kytos*, hollow) जालिकाणु; अपरिपक्व लाल रक्ताणु; जालिका कोशिका।

reticulo-endothelial–(L. *reticulum*, small net; Gk. *endon*, within; *thele*, nipple) जालिका—अन्तःस्तर।
१–विभिन्न अंगों की कोशिकायें या स्थिर पुरा रक्त कोशिकायें (histiocytes) जो प्रतिरक्षी (antibodies) के उत्पादन में भक्षक कोशिकाओं का व्यापार करती हैं या लाल रुधिर कणों को नष्ट करती हैं।
२–जालिका (reticulum), अन्त:स्तर कोशिकाओं (endothelial cells) और भ्रमरकारी पुरारक्त कोशिकाओं का तन्त्र या उपापचय यन्त्र (metabolic apparatus)।

reticulose–(L. *reticulum*, small net) जालिका युक्त।

reticulum–(L. *reticulum*, small nes) रेटीकुलम; जालिका; करंड; रोमंथ कारियों (ruminants) के आमाशय का द्वितीय भाग; २–कोशिकाओं का जालदार जीवन तत्व या प्रोटोप्लाज्म (protoplasm)।

retiform–(L. *rete*, net; *forma*, shape) जालिकावत्; जालिकाभ।

retina–(L. *rete*, net) रेटीना; नेत्रान्त्र पटल; दृष्टि पटल।

retinaculum–(L. *retinere*, to retain) उपबंधनी ।
१–एक लघु ग्रन्थिल पुंज जिस पर ऑरकिड (orchid) का परागपिंड (pollinium) स्फुटन पर अनुषक्त (adhere) हो जाता है ।
२–एक सूचक बध जो विभिन्न भागों को बांधे रखता है ।
३–सिरीपीड्स (cirripedes) में एक तनु हुकीय उभार जो अन्डावरण (eggcase) को यथास्थान रखता है ।
४–कुछ कीटों में एक आकृति जो अग्र और पश्च पंखों को साथ जोड़ती है ।
५–स्प्रिगटेल्स (springtails) में एक प्रतिवर्तित अवयव जो फुरकुला (furcula) को उदर के नीचे पकड़े रखती है ।

retinence–(L. *retina*, retina) रेटीनेन्स; अन्धकार अनुकूलित चक्षुओं में पीत दृष्टव्य (visual yellow) से निर्मित कैरीटीन युक्त दृष्टि पटल (रेटीना) वर्ण [

retinal–(L. *rete*, net) रेटीनल; नेत्रान्त्र पटल; नेत्रांत पटल सम्बन्धी; दृष्टि पटलीया ।

retinerved–(L. *rete*, net; *nervus*, sinew) तंत्रिका जालीय; शिरा या नाड़ी या तंत्रिका जाल युक्त ।

retinoblasts–(L. *rete*, net; Gk. *blastos*, bud) दृष्टिपटल कोरक; दृष्टिपटल की अविच्छद् कोशिकायें जो तंत्रिका कोशिकाओं (neuroblasts) और अविच्छद् भ्रूणिक कोशिकाओं (spongioblasts) को जन्म देती हैं ।

retinophore–(L. *rete*, net; Gk. *pherein*, to bear) स्फाटिक कोशिका; आर्थोपोडा में उपनेत्रिका (ommatidium) की एक स्फुटिक कोशिका (crystal cell) ।

retinula–(L. *rete*, net) रेटीनुला; आपात वर्णक कोशिकाओं का समूह जो उपनेत्रिका का अन्र्ततम तत्व बनाता है ।

retort-shaped organ–भभका रूपी अंग; हैमिप्टरा में मैक्सीलरी सूचिकाओं (maxillary stylets) के समीपस्थ छोरों पर स्थित ग्रन्थिल ऊतक विशेष ।

retractile–(L. *retractus*, withdrawn) संकुचनशील; संकुचक; आकुंचनशील; सिकुड़ने वाला; ऐसा अंग जो अन्दर की ओर खींचा जा सके ।

retractor–(L. *retrahere*, to draw back) रिटेक्टर; प्रत्यागामी; आकुंचक; निवर्तनक; संकुचन पेशी अंग या आकृति को भीतर की ओर खींचने वाली मांस पेशी ।

retrobulbar–(L. *retro*, backwards; *bulbus* ball) अक्षिगोलक पश्च ।

retrocaecal–(L. *retro*, backwards; *caecus*, blind) अन्ध्र-नलिका पश्च; सीकम पश्च ।

retrofract–(L. *retro*, backwards; *fractus*, broken) अधोकोणनत ।

retrogression–(L. *retro*, backwards; *gradus*, step) अपकर्षता; अधोगमन; प्रतीप-गमन; विपरीतगमन गति; प्रतिक्रमण ।

retrogressive–(L. *retro*, backwards; *gradus*, step) अधोगामी; प्रतिक्रमणी ।

retrogressive evolution–अधोविकास ।

retrolingual–(L. *retro*, backwards; *lingua*, tongue) जिह्वा पश्च; अधोजिह्वा ।

retromorphosis–(L. *retro*, backwards; Gk. *morphe*, form) अधोनिर्माण; अपकर्ष निर्माण; विपरीत वर्धन (परिवर्धन) ।

retroperitoneal–(L. *retro*, backwards; Gk. *peri*, round; *teinein*, to stretch) पर्युदर्या पश्च; उदरास्तर पश्च; उदरास्तर के पीछे; उदरास्तर और मेरुदण्ड के बीच की दूरी ।

retropharyngeal–(L. *retro*, backwards; Gk. *pharyx*, pharynx) अधोकण्ठीय ।

retropubic–(L. *retro*, backwards; *pubes*, mature) श्रोणि पश्च; प्यूबिक पश्च; प्यूबिक समवाय (symphysis) के पीछे स्थित वसा ऊतक का एक पुंज (गद्दा) ।

retrose–(L. *retro*, backwards; *vertere*, to turn) परानत; अधोनत; पश्चमुखी ।

retroserrate–(L. *retro*, backwards; *serra*, saw) पश्च दन्तुरिक; पश्चदंती ।

retroserrulate–(L. *retro*, backwards; *serrula*, small saw) लघु-परानतदंती ।

retrouterine–(L. *retro*, backwards; *uterus*, womb) गर्भाशय पृष्ठक ।

retroverse–(L. *retro*, *versus*, turned backwards) पश्चनती; परानत ।

retroversion–(L. *retro*, backwards; *vertere*, to turn) प्रत्यावर्तन; पुनरावर्तन ।

retuse–(L. *retusus*, blunted) भंग अधिकोणक; (पत्ती या कवच) इसमें अग्रक चौड़ा तथा मध्य में चौड़ी उथली भंग लिये होता है ।

revehent–(L. *renehens*, carrying back) प्रत्यागमी, वृक्क निवाहिका तंत्र में वे रक्त नलिकायें जो उत्सर्जन अंगों से रक्त को वापिस ले जाती हैं ।

reversed–(L. *reversus*, turned back) व्यस्तक ।

reversion–(L. *re*, back; *vertere*, to turn) विपर्ययण; प्रत्यावृत्ति; पैतृक-पुनरावृत्ति; पुनरुदभव; प्रत्यावर्तन ।

reversionary–(L. *reversio*, turning back) पैतृकावर्तनीय ।

revert–(L. *re*, back; *vertere*, to turn) पैतृक-पुनरावृत्तिक ।

rhabdite–(Gk. *rhabdos*, rod) शलका (१) शलकाकार पिण्डक । (२) मैथुन प्रवर्धन (gonapophysis) । (३) यष्टिका ।

rhabditiform–(Gk. *rbabdos*, rod; L. *forma*, shape) शलोपम; रेबडीटीफॉर्म; यष्टिका रूप; सूत्र कृमियों (round worms) का अर्भक या लार्वा विशेष ।

rhabditis–(Gk. *rbabdos*, rod) रेबडीटिस; रैब्डाइटिस; शलिस; सूत्र कृमियों (round worm) का अर्भक या लार्वा ।

rhabdocrepid–(Gk. *rhabdos*, rod; *krepis*, foundation) रेब्डोक्रेपिड; एक अक्षीय दीर्घ दृढ़ा पर संस्थापित स्पंज स्पीक्यूल ।

rhabdoid–(Gk. *rhabdos*, rod; *eidos*, form) शलोपम; शलकाकार ।

rhabdolith–(Gk. *rhabdos*, rod; *lithos*, stone) खरिकशल; कुछ एककोशिकीय (protozoa) में पाई जाने वाली खरिक मय शल जिससे उसकी दीवारें मजबूत; रहती हैं ।

rhabdome–(Gk. *rhabdos*, rod) यष्टिका; शलखण्डों से निर्मित परावर्तिनी शलका (यष्टिका) ।

rhabdomere–(Gk. *rhabdos*, rod; *meros*, part) शलखण्ड; रेवडोमियर; रेटीना (retina) का परावर्ती (refracting) तत्व ।

rhabdopod–(Gk. *rhabdos*, rod; *pous*, foot) शलालिंगक; यष्टिपाद; नर षटपादों या कीटों (insects) के आलिंगक अंग (clasper) का एक टूक (भाग) ।

rhabdosphere–(Gk. *rhabdos*, rod; *sphaira*, globe) खरिकशल पुंज ।

rhabdus-(Gk. *rhabdos*, rod) शलकूट ।

rhachis–(Gk. *rhachis*, spine) । [देखिये–rachis]

Rhaetic–(L. *Rhaetia*, Grisons and Tirol) रहीटिक; रेटिक (जीवाश्म) ।

rhagon–(Gk. *rhax*, berry) रेगोन (जन्तु विशेष) ।

rhamphoid–(Gk. *rhamphos*, beak; *eidos*, form) चंचोपम; चंचुकाकार ।

rhamphotheca–(Gk. *rhamphos*, beak; *theke*, case) रेम्फोथीका; चंचुच्छद, पक्षियों के चोंच के ऊपर का दृढ़ आवरण ।

rheobase–(Gk. *rhein*, to flow; *basis*, ground) न्यूनतम विद्युत उत्तेजना; अलिपष्ठा विद्युत प्रेरणा; अलिष्ठ धारा ।

rheo-receptors–(Gk. *rhein*, to flow; L. *recipere*, to receive) धारा-ज्ञापक; विद्युत-ज्ञापक ।

rheotaxis–(Gk. *rhein*, to flow; *taxix*, arrangement) धरा-न्यास; विद्युत-न्यास ।

rheotropic–(Gk. *rhein*, to flow; *trophe*, turn) विद्युतवेदी; विद्युत उत्तेजीय; बिजली या विद्युत उत्तेजना (stimulus) का प्रति उत्तर (response) करने वाला ।

rheotropism–(Gk. *rhein*, to flow; *trophe*, turn) धारावृत्ति; धारावेदना; धनात्मक (positive) या ऋणात्मक (negative) जल, वायु या धारा (water or air current) का प्रभाव ।

rhesus factor–आर एच कारक (Rh factor); रीसस कारक; मानव और रीसस कपी के रुधिर में पाया जाने वाला प्रतिजन (antigen); उन व्यक्तियों में जिनमें यह कारक नहीं होता है rh प्रतिरोधी (antibody) से समूहनित (agglutinalid) करता है और मैन्डल प्रभावी Mendelian dominant) लक्षण की तरह वंशानुगत होता है ।

rhexis–(Gk. *rhexis*, a breaking) क्रोमोसोम या परम्परा सूत्र खण्डन।

rhinal–(Gk. *rhis*, nose) नासकीय; घ्राण-; नासा-; नासा सम्बन्धी।

rhinal fissure–घ्राण दरार।

rhinarium–(Gk. *rhis*, nose) नासा क्षेत्र।

rhinencephalon–(Gk. *rhis*, nose; *engkephalos*, घ्राण-मस्तिष्क; मस्तिष्क का घ्राण दल (lobe)।

rhinion–(Gk. *rhis*, nose) नासा सम्पर्कांग : वह विन्दु स्थल जहाँ नासा-नलिकाएँ मिलती हैं।

rhinocoel–(Gk. *rhis*, nose; *koilos*, hollow) घ्राण कुहर; राइनोसील।

rhinopharynx–(Gk. *rhis*; nose; *pharyngx*, pharynx) छिद्र-कण्ठ।
[देखिये—nasopharynx अनुवन्ध कण्ठ]

rhinophore–(Gk. *rhis*, nose; *pherein*, to bear) घ्राण प्रक्षेप; घ्राणधर। किन्हीं मौलस्का (mollusca) में आँख के पीछे की ओर पाया जाने वाला प्रक्षेप या प्रवर्धन (process) जिसका कि कार्य घ्राण सम्बन्धी माना जाता है।

rhinocerus, rhinoceros–(Gk. *rhis*, nose; *keras*, a horn) गैंडा।

rhinotheca–(Gk. *rhis*, nose; *theke*, case) चंचु-आवरण; जम्भावरक।

rhipidate–(Gk. *rhipis*, fan) वीजनोपम; तालपत्रोपम पंखेनुमा।

rhipidium–(Gk. *rhipis*, fan; *idion*; dim) वीजनोपम; जन्तु-मुकुलों (zooids) का वीजनोपम संघ।

rhipidostichous–(Gk. *rhipis*, fan; *stichos*, row) वीजनाकार फिन।

rhizanthous–(Gk. *rhiza*, root; *anthos*, flower) मूलजपुष्पी; जड़ का आना और उससे सीधा फूल (पुष्प) का निकलना।

rhizautoicous–(Gk. *rhiza*, root; *auks*, self; oikos, house) पुंस्त्रीघानी संहती।

rhizine–(Gk. *rhiza*, root) मूलाभास; मूलोपम; मूलाभ।

rhizocaline–(Gk. *rhiza, root*; *kalein*, to summon) राइज़ोकैलिन; मूलोत्पादी; मूलवर्धक। कुछ पौधों के पराग और पत्तियों में तथा जन्तुओं के मूत्र में उपस्थित पदार्थ जो मूलोत्पत्ति को वृद्धि प्रदान करता है।

rhizocarp–(Gk. *rhiza*, root; *korpos*, fruit) राइजोकार्प; बारहमासी शाक।

rhizocarpous–(Gk. *rhiza*, root; *karpos*, fruit) राइज़ोकार्पस; बारहमासी जड़ और वर्षीय स्तम्भ युक्त।

rhizocaul–(Gk. *rhiza*, root; L. *caulis*, stem) प्रमूल काण्ड।

rhizocorm–(Gk. *rhiza*, root; *kormos*, log) घनकंद या कार्म; उदाहरण जिमीकंद, केसर, वण्डा या घुइयाँ आदि।

rhizoganic, rhizogenous–(Gk. *rhiza*, root; *genos*; descent) मूलज; मूलजनक।

rhizoid–(Gk. *rhiza*, root; *eidos*, form) मूलाभास; राइज्वाएड; (१) थैलस की जड़ सदृश अभिवृद्धियाँ जैसे मॉस, लिवरवर्टर्स, फर्न, एलगी आदि में।
(२) प्रोथैलस के अधरस्थ तल पर नीचे की ओर निकलते हुए एक कोशिकीय रोम।

rhizomatous–(Gk. *rhizoma*, root) प्रकंदी; मूलाभास; मूल सदृश; मूलोपम।

rhizome–(Gk. *rhizoma*, root) राइज़ोम; प्रकंद; मोटा स्तम्भ जो आंशिक रूप से भूमि पर तथा आंशिक रूप से भूमि के अन्दर रहता है और जिससे प्रारोह ऊपर की ओर तथा जड़ नीचे की ओर निकलती हैं।

rhizomorph–(Gk. *rhiza*, root; *morphe*, form) तन्तु-जटा; किन्हीं फन्ज़ाई में हाइफ़ा (कवक तंतु) के जड़ समान मोटे-मोटे सूत्र (जटायें)।

rhizomorphous–(Gk. *rhiza*, root; *morphe*, form) जड़समान; तन्तु जटा सदृश; जड़ सदृश।

rhizodermis–मूलीय त्वचा; मूल त्वचा।

rhizophagons–(Gk. *rhiza*, root; *phagein*, to eat) जड़भोजी; मूलाहारी।

rhizophore–(Gk. *rhiza*, root; *pherein*, to bear) राइज़ोफोर; एक नग्न शाखा जो भूमिगत बढ़कर शिखर पर जड़ निकालती है।

rhizophorous–(Gk. *rhiza*, root; *pherein*, to bear) मूलधारक।

rhizoplasts–(Gk. *rhiza*, root; *plastos*, moulded) राइज़ोप्लास्ट; कशाभीयों (Flagellata) में अनुमूलक (पैरा-

ब्लास्ट) या अधोपिण्ड (blepheroblast) और न्यूक्लियस (nucleus) को जोड़ने वाले तन्तु (fibrillae)।

(२) अक्ष सूत्र (axonemes) का अन्तःकोशिका द्रव्य (intracytoplasmic) भाग।

rhizopodium–(Gk *rhiza*, root; *pous*, foot) सूत्र-क्षणिक पाद; जटा पाद।

rhizosphere–(Gk. *rhiza*, root; *sphaira*, ball) मूल मण्डल; पौधे की जड़ को घेरे हुए मिट्टी।

rhizotaxis–(Gk. *rhiza*, root; *taxis*, arrangement) मूल विन्यास; जड़ विन्यास।

rhodophane–(Gk. *rhodon*, rose; *phainein*, to appear) लालक्रोमोफेन।

rhodophore–(Gk. *rhodon*, rose; *phainein*, to appear) रोड़ोफोर; क्रोमोफोर; पक्षी (birds) सर्पक (reptiles) तथा मत्स्यों (fishes) आदि के रेटीना (retina) में पाया जाने वाला लालतैल्य गोलिका (oil globule)।

rhodophyll–(Gk. *rhodon*, rose; *phyllon*, leaf) लालवर्णक; लाल शैवाल (एल्गी) का लाल वर्णक।

rhodopsin–(Gk. *rhodon*, rose; *opsis*, sight) लाल-पीत वर्ण; रोडोप्सिन; दृष्टि-पीत; दृष्टिपटल शलाकाओं (retinal rods) का अस्थाई लाल-पीत वर्ण।

rhodoxanthin–(Gk. *rhodon*, rose; *xanthous*, yellow) रोडोजेन्थिन; कैरोटिनॉयड वर्ण; $C_{40}H_{50}O_2$।

rhombencephalon–(Gk. *rhombos*, wheel; *engkephalos*, brain) पश्च मस्तिष्क; तृतीय आद्य कोशिका।

rhombic–(Gk. *rhombos*. wheel) समचतुर्भुजी; विषमलंबाक्ष; मस्तिष्क के समचतुर्भुजाकार खात (fossa) पर ओष्ठ (lip) और खाँचें (grooves)।

rhombogen–(Gk. *rhombos*, wheel; *genos*, offspring) चक्रज; मीसोजोआ (mesozoa) के जीवनवृत की पैतृकावस्था की एक स्थिति, जिससे इन्फूजोरोफोर्म (इन्फ्यूसीमाकार) भ्रूण या नर उत्पन्न होता है।

rhomboid–(Gk. *rhombos*, wheel; *eidos*, form) समचतुर्भुजाकार; समान्तर असम चतुर्भुज।

rhomboideus, major and minor–रोम्बोइडियस, दीर्घ और लघु (पेशी); स्कैपुला (स्कन्दास्थि) और थोरेसिक कशेरूक (वक्ष कशेरु) को जोड़ने वाली एक समान्तर पेशी।

rhomboid-ovate–रोम्वाइड और ओवल (अण्डाकार) स्वरूप वाली।

rhopalium–(Gk. *rhopalon*, club) रोपेलियम; गदोपम; डिस्कोमेडूसी (discomedusae) के तट पर स्थित गदोपम (club-shaped) वेदनांग (sense organs)।

rhynchocoel–(Gk. *rhynchos*, snout; *koilos*, hollow) प्रोथोत्सर्गक; शुण्डगुहा; निमर्टिया (nemertea) का वह कोटर जो सिकुड़ कर प्रोथ (porboscis) को बाहर की ओर निकाल देता है।

rhynchodaeum–(Gk. *rhyngchos*, snout; *hodaios*, *pert*, away) रिन्कोडियम; शुंडमार्ग, निमर्टियां (nemertine) का पूर्व प्रमस्तिष्कीय क्षेत्र।

rhynchodont–(Gk. *rhynchos*, snout; *odous*, tooth) छिन्न-चंचुक।

rhynchophorous–(Gk. *rhyngchos*, beak; *pherein*, to bear) चंचुक।

rhynchostome–(Gk. *rhyngchos*, snout; *stoma*, mouth) प्रोथद्वार; थूथन-मुख।

rhythm–(Gk. *rhythmos*, measured motion) लय; ताल।

rhythmical–(Gk. *rhythmos*, measured motion) ताल वद्ध।

rib–(A. S. *ribb*, rib) पशुका; पसली; शिरा।

rib, false or floating–स्वतन्त्र या मिथ्या पसली।

Ribaga's organ–रिवागा अंग; रिवागा मार्ग; वर्लेसी अंग (साइमेक्स (cymex) में पाया जाने वाला) को जाती हुई विवृति (opening) या मार्ग।

reboflavin–(L. *ribes*, corrent; *flavus*, yellow) रिबोफ्लेविन; विटामिन बी$_2$ या वृद्धिकारक जी (G); ऑक्सीकरण प्रक्रिया के हेतु परम आवश्यक; लेक्टोफ्लेविन, $C_{17}H_{20}O_6N_4$।

rictal–(L. *rictus*, mouth aperture) बांक; जृम्भ; पक्षियों के मुँह की वांक (mouth gape) या मुँह का खुला भाग।

ridge–(A. S. *hrycg*, ridge) मेड़; मुंडेर; कटक।

rigor–(L. *rigor*, stiffness) काठिन्य; अशैथिल्य; निष्ठुरता।

rigor mortis–मृत्युपश्च दृढ़ता; मृत्युज काठिन्य; मृत्यु-परांत परिवर्तन; मृत्यु होने के पश्चात् मायोसीन (myosin) के कारण शरीर का कड़ा होना।

rima–(L. *rime*; cleft) दीर्ण; विदर; दरार।

rimate–(L. *rima*, cleft) विदरज।

rimiform–(L. *rima*, cleft; *forma*, shape) दिदरा-कार; दीर्णाकार।

rimose–(L. *rima*, cleft) बहु दीर्णज।

rimulose–(L. *rimula*, small cleft) लघुदीर्णी।

rind–(A S. *rinde*, bark) वाह्यपर्त; छिलका।

ring canal–मुद्रा नलिका; वलय नाल; हाइड्रोजोआ वंशज प्राणियों में गोलाकार नलिका जो तट के समान्तर पाई जाती है।

ring cell–वलय कोशिका; फर्न की बीजाणुधानी वलय, की एक मोटी भित्ति वाली कोशिका।

ring gland–वलय ग्रन्थि; डिप्टूरा (Deptera) में कायान्तरण हार्मोन उत्पादी ग्रन्थियाँ जिन्हें वीजमैन ग्रन्थि (Weismann's gland) भी कहा जाता है। यह ग्रन्थि आयोटा (aorta) के इर्द-गिर्द होती हैं।

ring vessel–परिधि नलिका; वलय वाहिनी; वलय-वाहिका।

ringent–(L. *ringi*, to open mouth) ओष्ठीय (दल या कपाट)।

riparian–(L. *ripa*, river bank) नद तटवासी।

risorius–(L. *risus*, laughter) रिसोरियस; कपोल माँस पेशी।

rivinian–(A. Q. *Rivivus*, German anatomist) रेवीनियन; (१) अधः जिह्वी ग्रन्थि व नलिकाओं सम्बन्धी। (२) आनन कला को घेरे हुए अस्थि वलय पर का एक दतुर (notch)।

rivose–(L. *rivus*, stream) सीता या खात युक्त।

rivulose–(L. *rivulus*, rivutet) संकीर्ण रेखित।

rod epithelium–रेखित कोशिकाओं का बना अधिच्छद (एपीथीलियम)।

rod fibre–रेटीना शलाका से सम्बन्धित सूत्र।

rod fructification–शलाका स्फीती।

rod granule–शलाका सूत्र का न्यूक्लियस (केन्द्रक)।

rodent–(L. *rodere*, to gnaw) रोडेन्ट; कृन्तक प्राणी; कुतरने वाले जन्तु जैसे चूहा, गिलहरी, खरगोश आदि।

roding–पक्षियों का क्षेत्र रक्षणार्थ पलायन (flight)।

rods and cones–रोड और कोन; शलाका तथा शंकु; दण्ड और शंकु; रेटीना के कोष्ठ या कोशिकायें।

rolandic–(L. *Rolando*, Italian anatomist) रोलेंडिक (दरार)! प्रमस्तिष्क गोलार्ध (cerebral hemisphere) का दरार या केन्द्रीय सीता।

root–(A. S. *wyrt*, root) जड़; मूल!

root borer–मूल वेधक।

root cap–मूल छत्र; मूल गोप।

root cell–मूलकोशिका; एल्गा का वर्णहीन आधार।

root climber–आरोही जड़ें; मूल रोहिणी।

root hairs–मूल रोम।

root nodules–मूल ग्रन्थिकायें।

root parasite–मूल परजीवी।

root parasitism–मूल परजीविता।

root pocket–मूल पिधान।

root pressure–मूल-दाब; मूलीय दाब; वह दाब जिसके कारण पानी पौधों की अक्षीय रंभ में बढ़ता है।

root process–मूल-प्रवर्ध।

root sheath–मूलांकुर चोल।

root stalk–राइज़ोम; प्रकंद।

root tubercles–मूल गंड; मूलगुलिकायें।

rootlet–मूल प्रशाखा; मूलिका।

root of tongue–जिह्वा मूल।

root of tooth–दन्त मूल।

rosaceous–(L. *rosa*, rose) गुलाब सदृश; पाँच दलों का गोलाकार विन्यास।

rosellate–(L. *rosa*, rose) पुष्पाकार।

Rosenmuller's organ–(J. C. *Rosenmiiller*, German anatomist)–रोजनमुलर-अंग; एपूफोरोन (अवशिष्ट अंग) भ्रूण के वुल्फियन पिण्ड के अवशेष—उपांड (epididymis) का समजात (homologous)।

rosette–(F. from; L. *rosa*, rose) रोजेट; स्तव; पुष्पाकार पुंज; वोरोन (boron) या जस्त (zinc) की न्यूनता से उत्पन्न एक पादप रोग।

rostel–(L. *rostellum*, dim; of rostrum, beak) थूथन; थूथड़ी।

rostellar–(L. *rostellum*, small beak) थूथनीय; थूथड़ी सम्बन्धी; तुण्डक।

rostellate–(L. *rostellum*, small beak) तुण्डकी ।

rostellum–(L. *rostellum*, small beak) रोजटिलम; तुण्डक; मांस पट्ट; पट्टकृमियों (tape worm) में गद्दीनुमा मांस पट्ट जिस पर हुक लगे रहते हैं ।

rostral–(L. *rostrum*, beak) थूथनीय; चंचुक; चंचु सम्बन्धी; तुण्डीय ।

rostrate–(L. *rostrum*, beak) चंचुक; तुण्डी ।

rostriform–(L. *rostrum*, beak; *forma*, shape) चंचुकोपम ।

rostrulate–(L. L. *rostrulum*, small beak) लघु चचुकोसम ।

rostrulum–(L. *rostrulum*, small beak) लघु चंचुक ।

rostrum–(L. *rostrum*, beak) रोस्ट्रम; चुंड; चंचुकाकार प्रवर्धन या चंचु (१) क्रेफिश के चक्षुओं के मध्य का निकला हुआ प्रवर्धन । (२) सिरीपीडिया में उपांड (capitulum) के आधार पर स्थित मध्य अधरीय पट्ट (mid ventral plate) । (३) गिरीगैराइन का अग्र भाग जो एपीमेराइट (epimerite) बनता है । (४) अग्रघ्राण क्षेत्र (५) वेसीस्फीनाइड का अग्र संलग्न भाग ।

rosular, rosulate–(L. *rosa*, rose) पुष्प विन्यासी ।

rot–(A. S. *rotian*, to rot) सड़ना; गलना; विगलन ।

rotate–(L *rota*, wheel) घूर्ण; भ्रमक ।

rotator–(L. *rota*, wheel) घूर्णनक; भ्रमणक (चक्राकार मांस पेशी) ।

rotiform–(L. *rota*, wheel; *forma*, shape) भ्रमकोपम; भ्रमकाकार ।

rotula–(L. *rotula*, small wheel) रोटूला; रोटयुला; चपनी ।

rotular–(L. *rotula*, small wheel) लघुचक्रोपम; छोटे पहिये की शक्ल का ।

rotuliform–(L. *rotula*, small wheel; *forma*, shape) चक्रीकार ।

rotundifolious–(L. *rotundus*, round; *folium*, leaf), वर्तुलपर्णी ।

rouget cells–(A. D. *mouget*, french physiologist) रोगेट कोशिकायें, रूजे कोशिकायें ।

rouleaux–(F. *ronleau*, rell) रोल्यु; पुञ्जक; सिक्कों की तरह एक के ऊपर एक लगे हुए जैसे रक्त कण ।

rubiginose, rubiginous–(L. *rubigo*, rust) जंगवर्णी; भूरा-लाल वर्णक; मोरचे (जंग) के रंग का ।

rubrospinal–(L. *ruber*, red; *spina*, spine) रूबरोस्पाइनल; सुषुम्ना में लाल केन्द्रक के अक्ष सूत्रों का तंत्रिका पुंज ।

ruderal–(L. *rudus*, debris) कूड़ावासी ।

rudiment–शेषांश ।

rudimentary–(L. *rudimentum*, first attempt) अर्ध विकसित; अपूर्ण विकसित; अल्प विकसित ।

rudimentary organ–अर्ध विकसित अंग ।

ruff–(A. S. *reafah*, to reave) लोमांचल । गर्दन पर लोम अथवा पंखों की झालड ।

Ruffini's organ–(A. *Ruffini*, Italian anatomist) रूफीनी-अंग; उँगलियों के अधोत्वचीय ऊतकों में तंत्रिका तंत्रों की संमिश्र शाखाओं को लिये हुए अन्त्य पिण्ड (end bulbs) ।

rufinism–(L. *rufus*, reddish) लाल वर्णता ।

ruga–(L. *ruga*, wrinkle) रूगा; सिलवट; बलिभ; वलि ।

rugate, rugose, rugous–(L. *rugare*, to wrinkle) बलिभीय; सिलवटी ।

rugulose–(L. *ruga*, wrinkle) सूक्ष्म बलिभीय ।

rumen–(L. *rumen*, throat) रूमेन; पिचिंड; रोमंथशील (ruminants) के आमाशय का पहला भाग ।

ruminant–(L. *rumen*, throat) रोमन्थ शील (जन्तु); रोमन्थी; रूमिनैन्ट ।

ruminate–(L. *ruminare*; to chew the end) रूमिनेट; जुगाली करना; चर्वित्ताभ ।

rumination–(L. *rumination*, chewing of cud) रोमन्थन; चर्वितताभन; निदिध्यासन ।

runcinate–(L. *runcina*, plane) अधरनती; पिच्छकी पर्ण (pinnatified leaf) जिसके विभाजन आधार की ओर झुके हों—जैसे डेन्डेलियन (dandelion) ।

runner–(A. S. *rinnan*, to run) विसर्पी या रेंगने वाले तने; इन तनों की पर्व सन्धियों या नोड्स पद जड़ें निकलती

हैं और कक्ष कलिकायें नये वायवी पौधों को जन्म देती हैं।

rupestrine, rupicolime, rupicolous–(L. *rupes*, rock; *colere*, inhabit) चट्टानवासी; शैलवासी।

ruptile–(L. *rumpere*, to break) अनियत स्फूटी।

rust–(*A. S. rust*, redness) जंक; मोरचा; जंग-फिट्ट–घासों का एक रोग।

rut–(M. E. *ruiten*, to rut) मद; मदकाल; ऋतु; पुंमद।

S

Sabuline–(L. *sabulum*, sand) मरुत; रेतीला; वालुक; वालुकोद्भव; वालु या रेत में उगने या वढ़ने वाला।

sac–(L. *saccus*, sack) कोश; थैली; तरल या द्रव कोश; गोणी।

saccate–(L. *saccus*, sack) कोशीय; सपुट; थैली युक्त।

saccharose–(Gk. *sakchar*, suger) सैकरोज; शर्कराघु, गन्ने की चीनी; शर्करा।

sacciferous–(Gk. *saccus*, sack; *ferre*, to bear) कोषधारी; कोषिक।

sacciform–(L. *saccus*, sack; *forma*, shape) कोषोपम; कोषाकार; कोष रूप।

sacculate–(L. *sacculus*, small bag) कोषिकामय।

sacculus–(L. *sacculus*, small bag) (१) सेकूलस; कर्णाघो-कोषिका (२) कोपिका (३) अणुकोश (४) गोलिका, गोणिका।

sacculus rotundus–गोलान्त कोपिका।

saccus–(L. *saccus*, sack) सेकस; थैली; कोष।

sacral–(L. *sacer*, sacred) सैक्रल; त्रिकी; त्रिक सम्बन्धी; सेक्रमी।

sacral index–त्रिकसूत्र; त्रिकास्थि के अग्र भाग की लम्बाई को आधार पर की १०० गुना चौड़ाई से भाग देने पर जो अङ्क आता है, वह त्रिकास्थि की इकाई कहलाती है।

sacral ribs–सैक्रल-पुर्शक।

sacrocaudal–(L. *sacer*, sacred; *cauda*, tail) त्रिक-पुच्छी; सैक्रम पुच्छी।

sacrococcygeal–(L. *sacer*, sacred; Gk. *cokkyx*, cuckoo) त्रिक-कॉक्सोजियल; सैक्रो-कॉक्सोजियल; सैक्रम-पुच्छास्थिक (पेशी)।

sacrolumbar–(L *sacer*, sacred; *lumbus*, loin) सैक्रो-लम्बर; त्रिक-कटि।

sacrospinal–(L. *sacer*, sacred; *spina*, spine) सैक्रो-स्पाइनल; त्रिक-सुषुम्नीय; त्रिकमेरु।

sacrovertebral–(L. *sacer*, sacred; *vertebra*, joint) सैक्रो-कशेरूक; सेक्रम कशेरुक।

sacrum–(L. *sacre*, sacred) सैक्रम; त्रिकास्थि; वस्ति कशेरू; वह कशेरू जिनसे श्रोणि-वलय (pelv... girdle) जुड़ी रहती है।

sagitta–(L. *sagitta*, arrow) सेजीटा; आयती; शराशमक; सैजिटा; वाणाकार (१) वाणाकार कृमि विशेष (२) अस्थि-मत्स्य (teleosts) के कर्णाधो कोषिका (sacculus) के आयत कण।

sagittae–(L. *sagitta*, arrow) वाणिक; सेजिटी; हाई-मेनोप्ट्रा (hymenoptera) में आन्तरिक जननेन्द्रिय कपाट (genital valve)।

sagittal–(L. *sagitta*, arrow) सममितार्धी; अग्रपश्चकाट, मध्य समांतर तल; खड़ी लम्बकाट (कर्तन)।

sagittocyst–(L. *sagitta*, arrow) वाण-स्योति शरपुटी; तर्कुपुटी।

sagittate–(L. *sagitta*. arrow; Gk. *kystis*, bladder सेजीटेट; वाणाकार; वाणसिरोपम; तीर की नोक के सदृश आकृति।

saliva–(L. *saliva*, spittle) थूक, राल; लाला लुग्राव: लार; मुँह के अन्दर स्थित राल ग्रन्थियों (salivary glands) से निकला हुआ श्राव (secretion) जिसमें टाइलिन (ptyalin) नामक क्षोभक रस होता है और जो माढ़ी (starch) को शक्कर (sugar) में बदल देता है।

salivary–(L. *saliva*, spittle) राल—; राल सम्बन्धी; लार— ।

salivary gland–लालाग्रन्थि; राल ग्रन्थि ।

salivation–(L. *saliva*, spitile) लार का मुँह में बहना ।

salmon–समान; मत्स्य विशेष ।

salpingian–(Gk. *salpingx*, trumpet) तूर्यन; कर्ण या फैलोपियन नलिका सम्बन्धी ।

salpingopalatine–कर्ण नली और तालु सम्बन्धी ।

salpinx–(Gk. *saipingx*, trumpet) तूर्य; सैल्पिंक्स; (१) कर्ण नली । (२) फैलोपियन नलिका ।

salsuginous–(L. *salsngo*, saltness) क्षारमृत्तिको- [illegible], [illegible] युक्त मिट्टी में उगने वाले ।

saltation–देखिये mutation–उत्परिवर्तन ।

saltatorial–(L. *saltare*, to leap) प्लवगी; वल्गी; कूदने के लिये व्यवस्थित; कूदने वाले कीटों की टाँगें ।

saltigrade–(L. *saltare*, to leap) प्लवग; वल्गेचारी; कूदकर चलने वाले जन्तु जैसे कुछ कीट ।

samara–(L. *samara*, seed of elm) समारा; सपक्ष फल; यह द्विबीजीफल होते है, फलभित्ति फैलकर दो पक्ष (wings) बनाती है। उदाहरण—मधुलता, चिलबिल (indian elm), पुतली (maple), एसर (acer) आदि ।

samaroid–(L. *samara*, seed of elm; Gk. *eidos*, form) समारा समान; सपक्षफल सदृश ।

sanguicolous–(L. *sanguis*, blood; *colere*, to inhabit) रक्तवासी, रुधिर वासी ।

sanguiferous–(L. *sanguis*, blood; *ferre*, to early) रक्तवाहिनी ।

sanguivorous–(L. *sanguis*, blood; *vorare*, to devour) रक्ताहारी; रुधिर भोजी; रुधिराहारी ।

sanidaster–(Gk. *sanidion*, panel; *aster*, star) अंतराल कंटकी; स्येयकंटकी; दंडतारक; सैनिडेस्टर ।

santorini's cartilage–G. D. *santorini*, italian anatomist) सेन्टोरिनि-उपास्थि; शृङ्गोपास्थि । नाद कोष को बनाने वाली एक उपास्थि ।

santorini duct–सेन्टोरिनि नलिका; सहायी क्लोम नलिका ।

saphena–(Gk. *saphenes*, clear) सफीन; टाँग की एक उत्कृष्ट शिरा ।

saphenous–(Gk. *saphenes*, clear) सफीनस; (१) आन्तरिक या वाह्य सफीना सम्बन्धी; (२) फैमोरल (femoral) की एक शाखा ।

sapro–उपसर्ग जिसका अर्थ "गलना या सड़ना" है ।

saprobic–(Gk. *sapros*, rotten; *bios*, life) गलितोपजीवन; पूति जीवता; मृत जीवनता ।

saprobiont–(Gk. *sapros*, rotten; *bion*, living) गलितोप जीव ।

saprogenic–(Gk. *sapros*, rotten; *genes*, producing) गलितजन ।

sapropelic–(Gk. *sapros*, rotten; *pelos*, mud) पूतिपंकी ।

saprophage–(Gk. *sapros*, rotten; *phagein*, to eat) गलिताहारी, मृत भक्षी; पूति भक्षी ।

saprophagous–(Gk. *sapros*, rotten; *phagein*, to eat) भूतोपजीवी, मृत भक्षी ।

saprophyte–(Gk. *sapros*, rotten; *phyton*, plant) गलितोपवृक्षी; वनस्पति गलितोपजीवी; मृत पादप जीवी ।

saproyhytism–(Gk. *sapros*, rotten; *phyton*, plant) गलितोपवृक्ष-वृत्ति ।

saprozoic–(Gk. *sopros*, rotten; *zoon*, animal) गलितोपजीवी; जन्तु-गलितोप जीवी; मृत जन्तु जीवी ।

saprozoite–(Gk. *sapros*, rotten; *zoon*, animal) गलितोप जीव; मृत भक्षी ।

sap-weod–मृदु काष्ठ ।

sarc–(Gk. *sarx*, flesh) सार्क; सौम्य ।

sarcenchyma–(Gk. *sarx*, flesh; *engchyma*, infusion) कणी मृदूतक ।

sarcocarp–(Gk. *sarx*, flesh; *karpos*, fruit) मांसल फल भित्ति; फल का गूदे वाला भाग ।

sarcocystin–(Gk. *sarx*, flesh; *kystis*, bladder)

सारकोसिस्टिन; एक प्रकार का विष जो सारकोस्पोरीडिया से प्राप्त होता है।

sarcocyte–(Gk. *sarx*, flesh; *kytos*, hollow) सौम्य कोशिका; माँसल कोशिका; माँस पेशी कोष्ठ; वाह्य सत्व (ectoplasm) की मध्य तह।

sarcode–(Gk. *sarx*, flesh) मांसली; प्रदैहिकतत्व; निम्न जन्तुओं या वनस्पतियों का जीवन तत्व।

sarcoderm–(Gk. *sarx*, flesh; *derma*, skin) मांसा त्वक; मांसल पर्त।

sarcodic–(Gk. *sarx*, flesh) माँसोपम; माँसलोपम; प्रदैहिक तत्व सदृश।

sarcodictum–(Gk. *sarx*, flesh; diktyon, net) द्वितीय प्रदैहिकतत्व क्षेत्र; रेडियोलेरिया (Radiolaria) में द्वितीय या जलीय प्रदैहिक तत्व क्षेत्र।

sarcogenic–(Gk. *sarx*, flesh; *genes*, producing) मांसोत्पादक, मांसज।

sarcoid–(Gk. *sarx*, flesh; *eidos*, form) माँसोपम; मांसलवत्; सार्कोइड।

sarcolemma–(Gk. *sarx*, flesh; *lemma*, skin) मांसलाच्छद; सार्कोलिम्मा; पेशी चोल; सोर्कोलिमा; मांसाच्छद; मांस सूत्रों के ऊपर की पारदर्शक लचीली झिल्ली।

sarcology–(Gk. *sarx*, flesh; *loggs*, discourse) माँस विज्ञान; पेशीविज्ञान।

sercolyte–(Gk. *sarx*, flesh; *lyterios*, loosing) पेशी कोशिका; मांसकोशिका।

sarcoma–(Gk. *sarx*, flesh) शोफ; मांसार्बुद।

sarcomatrix–(Gk. *sarx*, flesh; L *matrix*, womb) चर्तुप्रदैहिक तत्व क्षेत्र (रेडियोलेरिया का) पाचन और समीकरण का स्थल।

sarcomere–(Gk. *sarx*, flesh; *meros*, part) मांस-खण्ड; पेशीखण्ड; सार्कोमियर; पिशितांश।

sacrophagous–(Gk. *sarx*, flesh; *phagein*, to eat) मांसाहारी।

sarcoplasm–(Gk. *sarx*, flesh; *plasma*, mould) मांससत्व; मांसमध्यी प्ररस; सार्कोप्लाज्म; पेशीद्रव्य।

sarcosoma–(Gk. *sarx*, flesh; *soma*, body) मांस-पिण्ड; सौम्यपिण्ड।

sarcosperm–(Gk. *sarx*, flesh; *sperma*, seed) मांसगुट्ठ; मांसगांठ।

sarcostyle–(Gk. *sarx*, flesh; *stylos*, pillar) मांसशलाका; सार्कोस्टाइल; पिशतदंडिका।

sarcotesta–(Gk. *sarx*, flesh; L. *testa*, shell) सौम्य चोलांश; चोल का मुलायम, मांसल वाह्य भाग।

sarcotheca–(Gk. *sarx*, flesh; *theke*, box) मांस-पिधान।

sarcous–(Gk. *sarx*, flesh) मांसीय; पेशीय।

sarmentaceous–(L. *sarmentum*, twig) विसर्पी; भूमि पर रेंगने वाले तने युक्त।

sarmentum–(L. *sarmentum*, twig) विसर्पी तना; विसर्पी आरोही।

sardine–सारडाइन; सारडीन; एक प्रकार की मछली।

sarothrum–(Gk. *sarothron*, broom) सारोथ्रम; पराग कूंची; भ्रमर मधुमक्खी आदि में पाया जाने वाला वढ़ा हुआ रेशेयुक्त गुल्फीय सन्धि जिससे पराग सिमटता है।

sartorius–(L. *sartor*, tailor) सारटोरियस; पेशी-विशेष, जानु श्रोणि आकोचनी पेशी।

satellite–(L. *satelles*, attendant) अनुषंगी; अनु-यायिन, अनुगामी; सैटेलाइट।

saurian–(Gk. *sauros*, lizard) गोधिका; छिपकली सदृश या सम्बन्धी; सरीसृप–।

saurognathous–(Gk. *sauros*, lizard; *gnathos*, jaw) गोधिका हन्व; गोधिका हनुयुक्त; गोधिका या छिपकली (lizard) के सदृश जवड़े की हड्डियों से युक्त।

sauroid–(Gk. *sauros*, lizard; *eidos*, form) गोधि-कोपम; गोधिकाकार।

savanna–(Sp. *sabana*) सवाना (घास के मैदान); ऊष्ण कटिबन्ध के ऐसे घास के मैदान जिनमें शुष्क वनस्पतियाँ तथा विक्षिप्त (scattered) वृक्ष भी होते हैं।

saxicavous–L. *saxum*, rock; *covus*, hollow) शिलावेधक; शैलवेधी।

saxicoline–(L. *saxum*, rock; *colere*, to in-habit) शिलावासी; शैलवासी।

scaberulous–(L. *scaber*, rough) अल्पादस; रुद्री।

scabrate–(L. *scaber*, rough) रूक्ष; लोम; शल्क

या अन्य इसी प्रकार की आकृतियों से ढके होने के कारण खुरखुरा होना।

scala–(L. *scala*, ladder) सोपान-नलिका; निश्रेणी; नसैनी; स्केला; कर्ण शंकु (cochlea) की तीन में से कोई सी एक सीढ़ीनुमा नलिका।

scalariform–(L. *scala*, ladder; *formo*, shape) सोपानोपम; सीढ़ीनुमा।

scale–(A. S. *seala*, shell, husk) शल्क; वल्कल; खड़पल्ला; प्राणियों के चमड़े के ऊपर की परत।

scaly–(A. S. *sceala*, shell, husk) शल्की।

scalene–(Gk. *skalenos*, uneven) स्केलीन; विषम कोणिक पेशी।

scalp–(M. E. *scalp*) टाँट; मस्तक त्वचा; शिरोवल्क।

scalpel–स्केलपेल; लछुरिका; अस्त्र चिकित्सक (surgeon) का चाकू (नश्तर)।

scalpella–(L. *scalpellum*, small knife) स्केलपिला; द्विपक्ष (diptera) षटपादों (insects) के मैक्सिला (maxilla) का एक भाग।

scalpriform–(L. *scalprum*, chisel; *forma*, shape) रूखानी रूप; रूखानी (छेनी, टाँकी) सदृश।

scalprum–(L. *scalprum*, chisel) छेदकदन्त तट; छेदक दन्त (कीले) का काटने वाला किनारा।

scamdent–(L. *scamdere*, to climb) आरोही (१) स्तम्भ-मूल या प्रतान से आरोही पौधे; (२) जमीन पर घिसटता हुआ अथवा शाक आदि पर फैला हुआ तना।

scansorial–(L. *scandere*, to climb) वल्लरी।

scape–(Gk. *skapos*, stalk) स्केप; प्रवृन्त: ईषा; द्विपक्षियों (diptera) के स्पर्श तन्त्र के दो मूल खण्डों द्वारा निर्मित आकृति; पुष्प दंड।

scapha–(L. *scapha*, boat) उडुप; प्रसीता।

scaphium–(Gk. *skaphe*, boat) उडुप-प्रवर्द्धन।

scaphocephalic–(Gk. *skaphe*, boat; *kephale*, head) उडुपसिरी।

scaphocerite–(Gk. *skaphe*, boat; *keras*, horn) उडु शृङ्ग।

scaphognathite–(Gk. *skaphe*, boat; *gnathos*, jaw) उडुप-हनु।

scaphoid–(Gk. *skaphe*, boat; *eidos*, ferm) ऊडुपोपम; नौकाकार; नौकारूपी; नौकाभ।

scapiform–(Gk. *skapos*, stalk; L. *forma*, shape) ईषाकार; ईषोपम; नावाकार।

scapose–(Gk. *skapos*, stalk) ईषोपम।

scapula–(L. *scapula*, shoulder blade) स्कैपुला; स्कैप्युला; अंसफलक।

scapular–(L. *scapula*, shoulder blade) अंसफलकी; अंसफलक–; अंसफलक सम्बन्धी।

scapus–(L. *scapns*, stem, stalk) ईसा; पंख या बाल का डण्डल; लोमकण्ड; पिच्छकाण्ड।

scarfskin–A. S. *sceorfa*, scurf) त्वगावरण वाह्यत्वक्।

scarious–(F. *scarieux*, membranous) शल्की; झिल्लीनुमा।

scavengar–अपमार्जक।

schindylesis–(Gk. *schindylesis*, fissure) विदीर्णपच्चड़ी।

schistocytes–(Gk. *schizein*, to cleave; *kytos*, hollow) विदीर्ण कोशिका विरक्त कोशिका अणुरक्ताणु; खंडरक्ताणु; खंडाणु।

schizocarp–(Gk. *schizein*, to cleave; *karpos*, fruit) भिदुर (दीर्ण) फलपत्र; दो शुष्क बीज पत्र जो सूखने पर या अधिक एक बीजी अण्डपों में अलग-अलग हो जाते हैं।

schizocarpic–(Gk. *schizein*, to cleave; *karpos* fruit) दीर्णफल; भिदुरफल, यह फल बहुबीजी होते हैं तथा परिपक्व होने पर ये अनेक अस्फोटी टुकड़ों में विभक्त हो जाते हैं–इन टुकड़ों को फलांशक (mericarps) कहते है। फलांशक में एक या एक से अधिक बीज होते है। फलभित्ति के सड़ने पर ही बीज मुक्त होते है। उदाहरण : लोमेन्टम; क्रेमोकार्प; कार्सेरूलस; समारा; रेग्मा।

schizochroal–(Gk. *schizein*, to cleave; *chros*, body surface) स्फोटकोनिक नेत्र; विदीर्ण कोनिया तथा पृथक ताल युक्त नेत्र।

schizocoel–(Gk. *schizein*, to cleave; *koilos*, hollow) विदारज।

schizogamy–(Gk. *schizein*, to cleave; *gamos*, marriage) लिंग स्फोटता; दीर्णयुग्मकता; लिंग भंजनता; मुकुल (zooid) के लिंगी (sexual) और अलिंगी (asexual) कोशिकायों का पृथक् होना।

schizogenesis–(Gk. *sehizein*, to cleave; *genesis*, descent) स्फोटता; भंज्जनोत्पादनता; खण्डजननता; विखंडनीय-जनन।

schizogenetic–(Gk. *schizein*, to cleave; *genesis*, descent) स्फोटीय।

schizognathous–(Gk. *schizein*, to cleave; *gnathos*, jaw) छिन्न तालु; दीर्णहनु।

schizogony–(Gk. *schizein*, to cleave, *gonos*, offspring) स्फोट-जनन; खण्ड विभंजन; विखंडनी जनन।

schizokinete–(Gk. *schizein*, to cleave; *kinetos*, movable) स्फोट-कृमि; विदीर्ण-कृमि; दीर्णयुग्मज।

schizont–(Gk. *schizein*, to cleave; *onta*, beings) स्फोटी; शाइजोंट; दीर्णक; परजीवी स्पोरोजोआ (sporozoa) के जीवन में भक्षकाणु (trophozoite) के बाद की स्थिति।

schizontoblast–(Gk. *schizein*, to cleave; *onta*, beings; *blastos*, bud) विदीर्णज; दीर्णकोरक।

schizontocyte–(Gk. *schizein*, to cleave; *on*, being; *kytos*, hollow) स्फोट-कोशिका; दीर्णकाणु स्फोटी कोशिका।

schizopelmous–(Gk. *schizein*, to cleave; *pebma*, sole of foot) स्फोटीरज्जुक; विदीर्ण पादतली रज्जुक।

schizophyte–(Gk. *schizein*, to cleave; *phton*, plant) स्फोटी पादप; ऐसे पादप जो पूर्णरूप से भज्जन द्वारा ही उत्पादन करते हैं। जैसे बैक्टीरिया, यीस्ट; नीलहरीत शैवाल आदि।

schizopod stage–स्फोटपाद स्थिति; दशपादी कैंकडावंशी (decapod crustacean) के वर्धन में वह वर्धनावस्था जो प्रौढ़ माइसिस (Mysis) से समस्त वक्षावयव में वहिपादांश (exopodite) और अन्तपादांश (endopodite) भाग युक्त होने में समानता लिये हुए होती है।

schizorhinal–(Gk. *schizein*, to cleave; *rhis*, nose) विदीर्णनासी; खंडनासीय; ऐसे नासा छिद्रों वाले जिनके पश्च तट कोणाकार (angular) या दरार (slitlike) सदृश हों। [देखिये holorhinal]

schizostele–(Gk. *schizein*, to cleave; *stele*, post) स्फोटीरंभ; कई रंभ बन्धों में से एक बंध जो स्तम्भ के रंभजन (plerome) के विभाजन से बनता है।

schizostely–(Gk. *schizein*, to cleave; *stele*, apost) स्फोटीरंभता; स्तम्भ की वह दशा जिसमें रंभजन (plerome) कई बंधों को जन्म देता है तथा प्रत्येक में एक संवाहन पुल होता है।

schizothecal–(Gk. *sehizein*, to cleave; *theke*, case) विदीर्ण पट्टक; खण्डावरक।

